कवि दत्त ग्रन्थावलि

सम्पादक
प्रोफैसर गौरी शंकर,
एम. ए., बी. लिट् (आक्सन)

ललितकला, संस्कृति व साहित्य अकादमी,
जम्मू व कश्मीर, जम्मू।

अथ

कवि दत्त ग्रन्थावलि

जिस में कवि दत्त

कृत

वीर विलास (१८१८ से १८२३ विक्रम तक लिखा गया)
द्रोणपर्व का हिन्दी पद्यानुवाद, ब्रजराज पंचासिका और
बारामाह तथा परिशिष्टादि समालोचनात्मक
भूमिका सहित प्रकाशित हुए हैं।

सम्पादक

प्रोफैसर गौरीशंकर,

एम. ए., बी. लिट् (आक्सन)

प्रकाशक

ललितकला, संस्कृति व साहित्य अकादमी,

जम्मू व काश्मीर, जम्मू।

सन् १९६५-६६

प्रकाशक :—सचिव, ललितकला, संस्कृति व साहित्य अकादमी,
जम्मू व कश्मीर, जम्मू ।

मुद्रक :—क्रान्ति प्रैस, जम्मू ।

प्रथम बार : — ५००

मूल्य : — १२.००

COMPLETE WORKS OF POET DATT

Comprising :

THE VIR VILAS (Written between 1761 and 1766 A. D.);
(A verified version of Dronaparva in Hindi)

THE BRAJ RAJ PANCHASIKA
(The Kangra campaign of Brajraj); and,

THE BARAMAH (The Twelve months).

WITH A CRITICAL INTRODUCTION AND APPENDICES, ETC.,

BY

PROFESSOR GAURI SHANKAR,
M. A , B. LITT. (OXON).

PUBLISHED BY

J & K Academy of Art, Culture & Languages,
Jammu.
1965—66

Complete Works of Poet Datt: Edited by Prof. Gauri Shankar.
Published by J&K Academy of Art, Culture & Languages, Jammu.

Price
Rs. 12/-

Printed at :
Kranti Press, Jammu.

विषय सूची

क्रम संख्या		पृष्ठ
१.	प्राक् कथन (अंग्रेज़ी)	i-vi
२.	,, (हिन्दी)	i-vii
३.	वीरविलास के एक हस्तलिखित प्रति के एक पत्र का चित्र यह मूल पुस्तक कवि दत्त के वंशजों से भल्लड ग्राम (कठूआ) से प्राप्त हुई थी।	viii
४.	भूमिका	३-८०
	(i) वीरविलास की हस्तलिखित प्रतियें	३
	(ii) दत्त कवि का समय......एक अध्ययन	७
	(iii) साहित्यिक अनुवाद और उस में दत्त की गणना	१४
	(iv) प्राचीन हिन्दी साहित्य और महाभारत की महत्ता	२३
	(v) प्राचीन काल के महाभारत के हिन्दी अनुवाद जो मुद्रित हो चुके हैं	२६
	(vi) महाभारत के हिन्दी अनुवाद जो अभी मुद्रित नहीं हुए	२७
	(vii) आधुनिक युग	३१

क्रम संख्या | विषय सूची | पृष्ठ

(viii) हिन्दी साहित्येतिहास का दत्त कवि ३१

(ix) वीरविलास की द्रोणपर्व से तुलना ३३

(x) दत्त कवि का जीवन चरित्र ३६

(xi) दत्त कवि के गुरु और वंश परम्परा ४०

(xii) दत्तकृतग्रन्थसूचि ४४

(xiii) दत्तकृत काव्य की लोक प्रियता के कतिपय उदाहरण ४५

(xiv) वीरविलास के कतिपय अवतरण जिन से कवि की काव्य कला तथा अनुवाद कुशलता का प्रमाण मिलता है ४६

(xv) वीरविलास की भाषा ७०

(xvi) वीरविलास के छन्द ७३

(xvii) आभार प्रकाशन ७७

५. (i) **अथ ब्रजराज पंचासिका.....एक अध्ययन** ८१

(ii) अथ ब्रजराज पंचासिका (मूल) ८७

(iii) ब्रजराज पंचासिका का ऐतिहासिक विवरण ९५

६. (i) **अथ दत्तकृत बारामाह.....प्रस्तावना** ११५

(ii) अथ बारामाह (मूल) ११७

७. **अथ दत्त कृत वीरविलास (मूल)** १२३-५२८

८. **परिशिष्ट** .....

(i) अकारादि क्रम से ब्रजराज पंचासिका में आए प्रमुख शब्द ५२९

क्रम संख्या	विषय सूची	पृष्ठ
(ii)	अकारादि क्रम से बारामाह में आए प्रमुख शब्द	...... ५३१
(iii)	अकारादि क्रम से वीरविलास में आए डोगरी भाषा के कुछ शब्द	...... ५३२

TABLE OF CONTENTS

1. Preface in English — i-vi
2. Preface in Hindi — i-vii
3. Facsimile of a page from the Manuscript of the Vir Vilas obtained from the descendants of the author. — viii
4. INTRODUCTION. — 3—80

   (i) Manuscripts of Vir Vilas: Their relative importance. — 3

   (ii) The age of Datt : a historical background of his works — 7

   (iii) The role of translation in the realm of literature and Datt as a Translator. — 14

   (iv) Popularity and Importance of the Epic Mahabharat. — 23

   (v) The printed translations of the Epic : Important works being those of Sabal Singh Chauhan and Gopi Nath. — 26

   (vi) Hindi translations of the Epic not yet printed and scattered over Northern India. — 27

   (vii) Modern Hindi Translations of the Mahabharat. Their Value. — 31

(viii) The name 'Datt' in Hindi Literature and the poet Datt, the author of Vir Vilas 31

(ix) Comparison of the original Drona Parva in Sanskrit with its Hindi versified version by Datt. 33

(x) A biographical account of Datt and his family. 36

(xi) His teacher and lineage. 40

(xii) A list of works said to have been written by Datt. 44

(xiii) A literary appreciation of Datt's poetry with illustrations. 45

(xiv) Glimpses from the Vir Vilas—instances of Datt's Art of poetry, his style and imagery including specimens of his Translation in comparison with the original. 49

(xv) Language of Datt 70

(xvi) Metres used by Dutt in the Vir Vilas 73

(xvii) Acknowledgements 77

5. (a) A study of Brajraj Panchasika. 81

(b) The Text. 87

(c) Historical analysis of the poem. 95

6. (I) Datt's poems of yearly Seasons—Introduction 115

(II) The Text. 117

7. The Text of the Vir Vilas 123-528

8. APPENDICES :

(i) A word Index to the Braj Raj Panchasika 529
(ii) A word Index to the Baramah. 531
(iii) A word Index to Dogri words occurring in the Vir Vilas. 532

PREFACE

This edition of the complete works of Kavi Datt, the poet of Ranjit Dev's time has a long tale to tell. It takes us as far back as 1928, when the first manuscript of the poet's chief work, the Vir Vilas, a versified version of the Drona Parva of the Mahabharat was sent to me by Pandit Dhurjati of Pirah (Batote) in Jammu through the kind intercession of Shri Ishwar Dass Dubey, now a retired Municipal Engineer, Jammu. That was the beginning of this great and long undertaking. Four more manuscripts came to light through ceaseless effort continued for three years.

In 1930 and 1931, two articles were contributed by the present writer to the Oriental College Magazine of Lahore on Datt and his writings, based on the study of the five manuscripts of his work so far discovered. In one of the articles Datt's ballad poem on Kangara campaign, led by Prince Braj Raj Dev as also his poem on Seasons appeared. Again, a paper on "Mahabharat in Hindi Translations' was contributed by me to the proceedings of the All India Oriental Conference in 1930 at its Patna session. In that paper, Datt's translation of Drona Parva, i. e. the Vir Vilas was also discussed. Later in 1943, the first critical edition of the Vir Vilas was published by the well-known Hindi Bhavan, Lahore under the editorship of the present author.

Then came the fateful partition of the Punjab, and with it the Manuscript material of Datt's works, which was lying with me at Lahore, and the published copies of the same in the stock of the Hindi Bhavan, also were lost as these could not be taken to a place of safety during the disturbances that preceded and followed the 15th of August, 1947.

Then years passed by in anguish and remorse following upon the irretrievable loss of my personal collection of books and manuscripts. It was an act of Divine Grace that early in 1962, I was called upon by the Jammu and Kashmir Academy of Arts, Culture and Languages to read a paper on poet Datt before a session of the Academy held during the festival of Jammu that year. I agreed to pay my homage to the memory of the author on whom I had worked three decades of years ago. But to find material for the said paper was a problem for me. I started research for it. Fortunately, to my great surprise and satisfaction, I recovered at Jammu the copies of Datt's works from the collection of my revered father to whom I had made a present of these while at Lahore. This recovery was a God-given gift. I engaged myself once again to re-discover Datt and revise what I had said about him several years earlier. This was a very pleasant task. The paper for the Academy was contributed to its session as desired. This was a happy event in my life, that gave me good cheer after the fateful partition of the Punjab which had rendered me a complete refugee in the realm of my library which I had lost. I was rehablitated in the literary world once again. That was my great fortune to be called upon to study Datt once again.

It seemed that a little but lively interest had thus been aroused among the people of Jammu and Kashmir in the poet of their land, for after some time, I received an invitation from the Academy to prepare an edition of the complete works of Datt to be published in one Volume by the Academy with a critical introduction and indices, etc. I set upon this task with renewed enthusiasm, supported by literary experience gained during thirty years when I first wrote on Datt. Every thing was recast, revised and re-orientated in the light of requirements of the Academy.

Now, in the Introduction, besides the topics dealt within my previous treatment of Datt and his age quite a new chapter has been added on the role of Translators and Translations in the Republic of letters, both Arts and Sciences Place of Datt as a Translator and his technique have been discussed therein. Historic background of Datt's works finds special mention, to which is added a linguistic study of the author in detail. In this volume, the Text of Datt's three books as scientifically edited is presented at one place.

It remains my pleasant duty to offer my sincere thanks to the owners of Manuscripts of Datt's work who placed them at my disposal for study. I must pay my homage to them individually and severally. I owe a deep debt of gratitude to :

(i) Pandit Dhurjati of Pirah (Batote) Jammu, whose Manuscript of Vir Vilas initiated me into the study of the author which started in 1928 with the discovery of Vir Vilas.

(ii) Pt. Prem Nath and Pandit Duni Chand, brothers and sons of revered Pandit Sant Ram ji Dogra of Bhaddu of renowned memory. They obtained for my use the most reliable and authentic Manuscript of Vir Vilas from the descendants of the author in his sixth generation and now residing in Bhallar (Kathua). A facsimile of a page from this manuscript appeares as frontis piece.

(iii) Pandit Vishamber Nath Magotra of Jammu of revered memory.

(iv) Pt. Ram Chander Kushal, M. A., M. O. L, Shastri of Oriental College, Lahore. He belonged to Dada-Siba-(Kangra). His Manuscript

of Vir Vilas contained also Bara Mah of Datt as an appendix.

(v) Thakur Kahan Singh Balawaria, the famous historian of Rajput Hill States of Punjab. Besides Vir Vilas he placed at my disposal the Manuscript of Braj Raj Panchasika which belonged to him.

(vi) Pandit Shri Chander Tarkatirth, Vice-Principal, Raghunath Pathshala, Jammu, to whom belonged the Manuscript of Braj Raj Panchasika, which was returned to him after use.

(vii) Pandit Kripa Ram ji Shastri of Raghunathpura, Jammu, my revered father, who preserved the presentation copies of Datt's works while I had lost everything of my Library and other possessions in the holocaust, carnage and incendiarism at Lahore before and after August 15, 1947. But for the recovery of Datt's works from my father's collection, this volume could not have been produced. This recovery is a re-discovery of Datt, so to say, it is his second incarnation, i. e., Punar-Janma. Paternal care in all my affairs has been my life's privilege and I owe much more to my father than any words can express. Even after his demise in 1959, his valuable literary collection came to my aid He is the true saviour of Datt's works I could not help giving this personal note for which I seek the reader's indulgence

The above-mentioned noble persons are no longer with us or else they would have rejoiced to see Datt's works in print in this Academy edition.

I owe a great obligation also to Professor Narain Datt Raina, M. A., Shastri of D. A. V. College, Hoshiarpur, and to Pandit Jagan Nath Vasishth of Samba, Jammu, who transcribed the Vir Vilas for 1943 edition and for the present edition respectively. Both of these gentlemen did the arduous task for me in preparing the copy of the Vir Vilas for the press covering more than 400 pages. Principal Ghana Shyam, M. Sc., of G. G. M. Science College, Jammu came to my help in seeing through the transcription work of Pt. Jagan Nath Ji as noted above.

Acknowledgement is also due of my indebtedness to the illuminating History of the Punjab Hill States in two volumes written by J. Ph. Vogel and published by the Punjab Government in 1933 at Lahore. I have most advantageously drawn on this excellent history book for all the historical references in my introduction to this volume, which nearly contains all that was necessary for me to say, or I could say regarding Datt and his works.

In the end I take this opportunity to acknowledge my deep gratitude and profound regards that I owe to the Jammu and Kashmir Academy of Art, Culture and Languages which has enabled me to revise my study of Datt and present my results thereof in the form of this volume. I thank the Academy for agreeing to publish the complete works of Datt and for the encouragement that I received from the Secretary of the Academy to discover Datt. I am equally thankful to Professor Ram Nath Shastri of Dogri Sanstha for his active interest in the academic contribution which Datt's work will make to the cultural and linguistic history of Jammu. His *dream of Datt has come true. Datt has come and will stay. I am thankful to Prof. Ram Nath Shastri for his translation of this Preface into Hindi which appears in this volume.

*** See in the Magazine 'Tawi' of the G. G. M. Science College Volume VI No. 2, the Article on Datt contributed by Professor Ram Nath Shastri.**

Before I close, I must in all humility pay my venerable adoration to Poet Datt himself whose study inspired me to fulfil this task which I started as early as 1928. Datt was a true and illustrious son of the soil, every son of which should take pride in him and his Muse. He was a representative poet of his age, for the age of Datt was both "the culmination and beginning of the end of the old state of things". Raja Ranjit Dev of Jammu (1735-1781 A. D.) was the patron of Datt. He was a man whose qualities as a ruler are spoken with the highest respect. He was a strong, wise and tolerant administrator. With his death then began changes in the principality of Jammu due to interference from outside which ended when in the year 1846. the ruler of Jammu became tributory to the East India Company and Jammu lost its independence. After Ranjit Dev when Datt flourished, Muse of the land too became silent; for poetry flourishes in Freedom. Like the lotus poetry blooms in the sublime sunshine of Liberty. With the dawn of Freedom in India and the advent of Nationalism, we find once again the dormant spirit of the people rising in effervescent resurgence in the land of Datt's Jammu, where he sang of heroic themes in the later part of the eighteenth century. It is a miraculous coincidence that it was so ordained by that unseen power that the people of Jammu under the auspices of the Academy will hear of Datt only during the Celeberations Festival of Jammu after two centuries of the writing of Vir Vilas. May Datt's Muse influence that spirit of Freedom which he himself breathed and with which his poetry is saturated. May the Muse of the land sing evermore in service of the people and the country under the kind care and guidance of the Cultural Academy of Jammu and Kashmir.

May 12, 1963.
544-Sector 16
Chandigarh.

GAURI SHANKAR

अथ

प्राक्-कथन

प्राक्-कथन

जम्मू के महाराजा रणजीत देव के समकालीन कवि दत्त की प्रमुख तीन रचनाओं के इस संस्करण की भी एक लम्बी कहानी है। इस कथा का प्रारम्भ १९२८ ई० में हुआ, जब कि जम्मू प्रान्त के अन्तर्गत 'पीढ़ा' (बटोत) के निवासी पं० घूर्जटि ने श्री ईश्वरदास दुबे, (अब अवकाश-प्राप्त म्युनिसिपल इन्जीनियर) की प्रेरणा से, कवि दत्त के प्रमुख ग्रंथ महाभारत के द्रोणपर्व के ब्रजभाषा पद्यानुवाद 'वीर विलास' की एक पांडुलिपि मुझे भेजी। इस लम्बे तथा महत्त्वपूर्ण कार्य का श्री गणेश उसी से हुआ। इसके बाद तीन वर्ष के लगातार प्रयत्न के फल स्वरूप इस ग्रन्थ की चार पांडुलिपियां और उपलब्ध हुईं।

इन पांच पांडुलिपियों के अध्ययन के फल-स्वरूप मैंने, १९३० ई० तथा १९३१ ई० में ओरियण्टल कालेज लाहौर की पत्रिका में क्रमशः दो लेख प्रकाशित करवाए। इन में से एक लेख में कविदत्त रचित खण्डकाव्य "ब्रजराज पंचाशिका" (जम्मू के राजकुमार ब्रजराज देव के नेतृत्व में कांगड़ा-अभियान की पद्य-बद्ध गाथा) तथा उनकी ऋतु सम्बन्धी कविता "बारहमाह" का सम्पादन किया गया। इसी के साथ १९३० ई० को पटना में हुए आल-इंडिया ओरियण्टल कांफ्रेंस के अधिवेशन में मैं ने "महाभारत के हिन्दी अनुवाद" शीर्षक से एक निबन्ध पढ़ा। इस लेख में कविदत्त द्वारा किए गए माहाभारत

के द्रोणपर्व के अनुवाद "वीर विलास" की भी चर्चा की गई थी। अन्ततः १६४३ ई० में 'हिन्दी भवन' लाहौर नामक प्रसिद्ध प्रकाशन-संस्थान ने मेरे द्वारा सम्पादित 'वीर विलास' का प्रथम संस्करण प्रकाशित किया।

इस के बाद पंजाब के विभाजन की वह दुर्भाग्य पूर्ण दुर्घटना घटित हुई जिसमें दत्त की रचनाओं की पांडुलिपियों की अमूल्य निधि तथा हिन्दी भवन द्वारा प्रकाशित 'वीर विलास' की समग्र प्रतियां, जिन्हें १५ अगस्त १६४७ के पूर्व तथा अनन्तर होने वाले उपद्रवों से बचा कर निकालना सम्भव नहीं हुआ था, नष्ट हो गईं।

पुस्तकों तथा पांडुलिपियों के अपने महत्त्वपूर्ण संग्रह के विनाश की वेदना तथा दुःख में वर्ष बीतते चले गए। मैं इसे एक ईश्वरीय अनुग्रह ही मानता हूं कि १६६२ ई० के प्रारम्भ में जम्मू व कश्मीर अकादमी ने जम्मू-फेस्टिवल के सम्बन्ध में आयोजित एक साहित्यिक अधिवेशन में मुझे कवि दत्त के जीवन और साधना के सम्बन्ध में एक निबन्ध पढ़ने के लिए निमन्त्रित किया। मैं ने अपने प्रिय कवि की पुण्य स्मृति में यह अभिनन्दन प्रस्तुत करना स्वीकार कर लिया परन्तु इस निबन्ध के लिए सामग्री की उपलब्धि एक कठिन समस्या बन गई। मैं ने इस के लिए खोज की। सौभाग्य वश मुझे अपने श्रद्धेय पिता जी, स्व० पं० कृपाराम शास्त्री, के पुस्तकालय से दत्त की रचनाओं की सभी प्रतियां, जो मैंने उन्हें लाहौर में रहते समय दी थीं, प्राप्त करके मुझे अपूर्व हर्ष तथा विस्मय हुआ। इस उपलब्धि में मैं भगवत्कृपा की ही लीला का चमत्कार मानता हूं। इस सामग्री को पाकर मैं कविदत्त के विषय में नए अनुसन्धान करने तथा कई वर्ष पूर्व लिखी एतद्विषयक सामग्री की, नए रूप में, आवृत्ति करने के लिए, प्रयत्नशील हो गया। यह अत्यन्त मधुर काम था। अकादमी के उस अधिवेशन के लिए मेरा निबन्ध प्रस्तुत हुआ। पंजाब-विभाजन में अपना पुस्तकालय खोकर तथा पूर्णरूप से शरणार्थी होने के बाद, इस अनुसंधान कार्य ने पहली बार मुझे गहरा सन्तोष प्रदान किया। इस से साहित्य साधना के जगत् में मानो

मुझे पुनर्वास प्राप्त हुआ ।

जम्मू कश्मीर अकादमी के साहित्यकों तथा साहित्यानुरागियों में अपनी धरती के इस यशस्वी कवि के लिए रुचि तथा अनुरक्ति बढ़ती जा रही थी, क्योंकि कुछ समय के अन्तर ही अकादमी की ओर से कवि दत्त की सम्पूर्ण ग्रंथावली का विवेचनात्मक सम्पादन करने के लिए मुझे निमन्त्रित किया गया । गत ३० वर्षों के इस परिश्रम से प्रोत्साहित हो कर मैं ने, नए उत्साह से इस काम को करना स्वीकार कर लिया । मैं ने अकादमी की अपेक्षाओं को सामने रखते हुए सारी सामग्री का नए सिरे से आयोजन, और सम्पादन किया ।

अब, इस ग्रंथावली की भूमिका में मैंने दत्त विषयक विविध अंगों की चर्चा में, साहित्य जगत के कला तथा विज्ञान दोनों क्षेत्रों में अनुवादों तथा अनुवादकों के महत्त्वपूर्ण योग पर एक नया अध्याय लिखा है जिसमें दत्त के अनुवादक रूप की तथा उसकी अनुवाद-प्रणाली की भी चर्चा की है जिसमें कवि साधना की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि के साथ साथ उसका भाषा-शास्त्रीय अनुशीलन भी विस्तार के साथ प्रस्तुत किया गया है । इस ग्रन्थ के रूप में कवि दत्त की तीनों प्रमुख उपलब्ध रचनाओं का विवेचनात्मक ढंग से सम्पादित संस्करण प्रस्तुत किया गया है । जिन महानुभावों से मुझे कविदत्त की रचनाओं की पांडुलिपियां उपलब्ध हुई थीं उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन मेरा विनीत कर्तव्य है । मैं उनके प्रति, व्यक्तिगत रूप तथा समष्टिगत रूप में आभार प्रगट करता हूं । जिनके प्रति मेरा यह कृतज्ञ आभार प्रस्तुत है वे हैं :–

(१) पीड़ा (बटोत) निवासी श्री पंडित धूर्जटि जिन से मिलने वाली 'वीर विलास' की प्रथम पांडुलिपि ने १९२८ ई० मुझे इस कवि के सम्बन्ध में अध्ययन करने में प्रवृत्त किया ।

(२) भड्डु निवासी ख्यात-कीर्ति श्री पंडित सन्तराम जी डोगरा के आत्मज-युगल श्री पं० प्रेमनाथ तथा पं० दुनीचन्द, जिन्हों ने मेरे लिए कठुआ ज़िला के अन्तर्गत 'भल्लड़' ग्राम में रहने

वाली कवि दत्त के वंशजों की छटी पीढ़ी से 'वीर विलास' की प्रमाणिक पांडुलिपि प्राप्त को। इस लिपि के एक पन्ने की फोटो कापी, इस ग्रंथ के प्रारम्भ में समन्वित है।

(३) जम्मू के स्मरणीय श्री विश्वम्भर नाथ मगोत्रा।

(४) ओरियण्टल कालेज, लाहौर के श्री पं० रामचन्द्र कुशल एम-ए०, एम-ओ-एल, शास्त्री जो कांगड़ा प्रान्त के अन्तर्गत डाडा-सीबा ग्राम के निवासी थे। इन से प्राप्त होने वाली 'वीर विलास' की पांडुलिपि के साथ परिशिष्ट रूप में 'बारह-माह' भी संलग्न था।

(५) पंजाब की पहाड़ी रियास्तों के प्रसिद्ध इतिहास लेखक, श्री ठा० काहनसिंह बलौरिया, जिन्हों ने, 'वीर विसाल' की एक हस्तलिखित प्रति के साथ 'ब्रजराज पंचाशिका' की एक प्रति भी मुझे अनुसन्धान कार्य के लिए दी।

(६) श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय, जम्मू के उपाध्यक्ष श्री पं० श्री चन्द्र जी तर्क तीर्थ, जिन से 'ब्रजराज पंचाशिका' की एक और प्रति मुझे प्राप्त हुई थी, जो बाद में उन्हें लौटा दी गई थी।

(७) रघुनाथ पुरा जम्मू के वास्तव्य, मेरे आदरणीय पिता स्व० श्री पं० कृपाराम जी शास्त्री, जिन्हों ने कवि दत्त की रचनाओं की प्रतियों को १९४७ की उस भीषण विनाश-लीला और दुर्दान्त अग्निकाण्ड में मेरी अन्य महत्त्वपूर्ण साहित्यिक-निधि के साथ नष्ट होने से बचा कर सुरक्षित रखा था। पिता जी के संग्रह से इन प्रतियों की उपलब्धि के बिना इस ग्रंथ का सम्पादन एक असम्भव कार्य होता। कवि दत्त की रचनाओं की उपलब्धि मानों कविदत्त के ही पुनर्जन्म के रूप पुनर्मिलन के समान है। अपने जीवन में पिता जी से मिलने वाला यह अनुराग, मेरे जीवन का असाधारण

सौभाग्य रहा है, और मैं इस कृतज्ञता को शब्दों में व्यक्त करने में नितान्त असमर्थ हूं। १९५९ ई० में उनके देहान्त के बाद भी उन के बहुमूल्य पुस्तक संग्रह से मैं ने लाभ उठाया है। वे ही वस्तुत: दत्त की रचनाओं के वास्तविक संरक्षक सिद्ध हुए हैं। मैं उनके प्रति यह आभार प्रदर्शित करने के लोभ का संवरण नहीं कर सका, जिसमें मैं ने अपने पाठकों को भी साथ ले लिया है।

ऊपर निर्दिष्ठ सभी महानुभाव आज हमारे में नहीं हैं, अन्यथा उन्हें कविदत्त की रचनाओं को 'अकादमी-संस्करण' में प्रकाशित देख अवश्य प्रसन्नता होती।

मैं डी० ए० वी० कालेज होशयारपुर के प्रो० नारायण दत्त रैणा, एम० ए० शास्त्री, तथा जम्मू प्रान्त की तहसील साम्बा के निवासी श्री जगन्नाथ वसिष्ठ दोनों का भी आभारी हूँ जिन्होंने १९३३ ईस्वीय तथा वर्तमान संस्करणों के लिए क्रमश: "वीर विलास" की 'प्रेस कापी' त्यार की। दोनों बार यह प्रेस कापी प्राय: ४०० फुलस्केप के पन्नो में समा सकी। यह कार्य काफी परिश्रम साध्य होता है। जी० जी० एम० साईंस कालेज जम्मू के प्रिंसीपल श्री घनश्याम जी ने वर्तमान 'प्रेसकापी' को पं० जगन्नाथ जी वसिष्ठ द्वारा प्रस्तुत कराने के कार्य में मेरा हाथ बटाया है।

श्री J. Hutchison तथा J. Ph. Vogel द्वारा लिखत, और पंजाब सरकार द्वारा १९३३ ई० में लाहौर से प्रकाशित History of the Punjab Hill States, के दोनों भागों से भी मुझे इस कार्य में जो महत्त्वपूर्ण सहायता उपलब्ध हुई है, उसे भी मैं कृतज्ञता पूर्वक स्वीकार करता हूं; इस ग्रन्थ की भूमिका में कवि दत्त के सम्बन्ध में जो कुछ कहना आवश्यक था, अथवा जो कुछ मैं प्रस्तुत कर सकता था, उस समस्त सामग्री की उपलब्धि के लिए मैंने इस अत्यन्त उपयोगी ऐतिहासिक ग्रन्थ से सहायता ली है।

अन्त में, मैं जम्मू व कश्मीर अकादमी के प्रति अपनी हार्दिक

कृतज्ञता और गहरी आदर भावना निवेदन करता हूँ जिससे मुझे कवि दत्त सम्बन्धी अपने अध्ययन की आवृत्ति करने तथा परिणाम स्वरूप इस ग्रंथ को प्रस्तुत करने का सुयोग प्रदान किया है।

इस ग्रंथ को प्रकाशित करना स्वीकार करने के लिए जहां मैं अकादमी को धन्यवाद देता हूं वहां मैं इसके मन्त्री महोदय के प्रति भी आभारपूर्ण हूँ जिन्होंने मुझे इस काम के लिए उचित प्रोत्साहन दिया। मैं डोगरी संस्था के साधक प्रो० रामनाथ शास्त्री के प्रति भी समान रूप से धन्यवादी हूं जिन्होंने जम्मू की सांस्कृतिक तथा भाषा-सम्बन्धी बरासत में, कवि दत्त की रचनाओं के साहित्यिक योग को प्रकाश में लाने का स्तुत्य प्रयत्न किया है। उनका कवि दत्तु सम्बन्धी (साईंस कालेज की पत्रिका तवी Volume VI, No. 2 में प्रकाशित लेख में चित्रित) 'स्वप्न' यथार्थ होने जा रहा है। कवि दत्त दुबारा जम्मू में प्रकट हो रहे हैं, और अब वे वहां स्थायी रूप से बने रहेंगे। मैं प्रोफैसर रामनाथ शास्त्री जी का आभारी हूं जिन्होंने मेरे अंग्रेज़ी में लिखे इस पुस्तक के प्राक्कथन का यह हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया।

समाप्त करने से पहले मेरा कर्तव्य है कि मैं कवि दत के प्रति अपनी विनीत श्रद्धा प्रकट करूं जिसके जीवन और कृतित्व सम्बन्धी यह कार्य जिसे मैंने १९२८ ई० में प्रारम्भ किया था, अब सम्पूर्ण कर सका हूं। कवि दत्त इस धरती का तेजस्वी पुत्र था जिसकी साधना तथा व्यक्तित्व पर इस धरती के वास्तव्यों को सदा सच्चा गर्व रहेगा। कवि दत्त अपने समय का सच्चा प्रतिनिधि कवि था। वह ऐसे समय में उत्पन्न हुआ था जब पुरानी धारा के अवसान से एक नई जीवन-धारा जन्म ले रही थी। जम्मू के महाराज रणजीत देव (१७३५-१७८१ ई०) कवि दत्त के संरक्षक थे। इस शासन की योग्यता और बुद्धिमता की इतिहास-कारों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। वह प्रतिभावान् शूर तथा सहनशील व्यवस्थापक था। उसकी मृत्यु के साथ ही जम्मू राज्य में बाहरी हस्तक्षेप होने लगे और अन्ततः परिणाम स्वरूप जम्मू राज्य अपनी स्वतन्त्रता खो बैठा।

कविदत्त के इस संरक्षक के अस्त होते ही इस धरती की साहित्य-साधना में भी शैथिल्य आ गया, क्योंकि काव्य-कुसुम तो स्वतन्त्रता की बसन्त में ही खिलते हैं। काव्य-कमलों के विकास के लिए स्वाधीनता-भानु का प्रकाश नितान्त आवश्यक है। भारत वर्ष में स्वतन्त्रता की ऊषा के मुस्कुराते ही राष्ट्रीय-चेतना के प्रबोध के साथ ही साथ कवि दत्तु की जन्म-भूमि में भी, जहां उसने १८वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में वीर गथाओं का गायन किया था, नये साधक अपनी साधना से सांस्कृतिक तथा साहित्यिक पुनर्जागरण के व्रत को चरितार्थ कर रहे हैं। यह आश्चर्यजनक संयोग की ही बात थी कि 'वीर विलास' की रचना के ठीक २०० वर्ष बाद कश्मीर अकादमी के तत्त्वावधान (१९६२) में स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले समारोह के अवसर पर कवि दत्त की चर्चा का श्रीगणेश जम्मू के साहित्यानुरागियों में प्रथमवार हुआ। हमारी यही कामना है कि कविदत्त की काव्य-साधना के प्रचार से देश में पुनः वैसा ही स्वतन्त्रता-प्रकाश फैले जैसा दत्तु को अपने जीवन काल में प्राप्त था। रियासत की अकादमी के नेतृत्व में इस प्रदेश की काव्य-साधना, एक बार फिर देश तथा जन-मन की आराधना का पवित्र व्रत सामने रख कर विकास-पथ पर अग्रसर हो।

५४४—१६-D-Sector
चण्डीगढ़
मई १२, १९६३।

गौरी शंकर

भें मुनिविधिकेवेनधंधुपरसन्नभयोहे हूँ सनमुषहस्विप्रीतिसुरनकौतोषदयोहे
पुलेमाइम्ब्रभुजनुरनभयोसिगरेक्रमलाइक तानेअरजनवडोदेवजानरूपभुनाइ
क सववहीरूपवहुधाकियेदेषिपरनकछुजोजगन त्रिवगुनअनंननतिहिंकहत
फनि पकेजीभवरसहिंलगन २५ दो० गुनअनंन भगवंनकेकर्मजन्मजगमांहि
वेतियुगयघ्रपघनैमोपेकहेनजांहिं २६ हरनवहीग्रहपीरकोअघतेलेतछुराइ पा
वनहेवडुभांनसुषैस्व परैप्रारनजोईआइ २७ नूप्योवाँछितदेनवहरूप्योछ निहरिते
त हेविभूतिसवनाहिकीसुरपतिआदनिकेन २८ अरजनअर्थसमेनजुनिनाकेसु
नअभिधान जोभ्रानतरुद्रिपरुअकोस्रुतिमेकह्योवषान २९ सवविधपारतपसु

भलड़ ग्राम से प्राप्त मूल पुस्तक का एक पृष्ठ

अथ

भूमिका

भूमिका

वीर विलास की हस्तलिखित प्रतियें

वीर विलास महाभारत के द्रोण पर्व का हिन्दी पद्यानुवाद है जिसे दत्त कवि ने १८१८ संवत् से १८२३ संवत् तक पांच वर्षों में सम्पूर्ण किया। वीर विलास का संपादन मैंने पांच हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर किया है जिनका विवरण नीचे दिया है। यह प्रतियां मुझे समय समय पर प्राप्त होती रहीं। मैं उन सब सज्जन महानुभावों का अनुगृहीत हूं जिनके प्रयत्न से ये संपादन सामग्री उपस्थित हो सकी, जिसके बिना महामना दत्त कवि का काव्यग्रन्थ विस्मृति के गर्भ से बचना असंभव नहीं कठिन तो अवश्य था।

1. *पहली प्रति*—हमें दत्त कवि के वंशजों से स्वर्गीय प्रिय सम्बन्धी पण्डित प्रेमनाथ तथा दुनीचन्द जी भड्डु निवासी भाईयों के परिश्रम से प्राप्त हुई, इस के खुले पत्रे हैं। कुल संख्या में २१८ पत्र हैं। १५७ पत्र १० इंच × ५ इंच के हैं और ६२ पत्र ८ इंच × ३ इंच के हैं। इस प्रति के पाठ अति शुद्ध हैं। और इसीलिये इसी को संपादित वीर विलास का मूलाधार माना है। दत्त के वंशज भल्लड़ (कठूआ) निवासी पण्डित गिरधारी जी से पता लगा कि दत्त कवि इसी मूल प्रति से अपने वीर विलास की कथा किया करते थे। सम्भव है कि यह प्रति कवि की

[भूमिका

अपने हाथों लिखी हुई हो। यदि उसके अपने हाथों की लिखी हुई न भी हो, उसकी समकालिक (१८१८ संवत् की) तो अवश्य होगी। इसमें लिपि संवत् नहीं दिया गया है, प्रत्येक पृष्ठ पर दस पंक्तियां हैं। लिपि प्रान्तीय है काश्मीरिक नहीं। एक पत्र का प्रतिरूप दिया गया है जो कि मुख पृष्ठ पर मिलेगा। यह प्रति पाठ व्यवस्थापन में अति सहायक सिद्ध हुई। इस में ग्रन्थकार और उसके आश्रय दाता के परिचायक पद्य ग्रन्थ के प्रारम्भ में मिलते हैं।

२. *दूसरी प्रति*—सजिल्द हमें ठाकुर काहनसिंह बलौरिया रिटायर्ड पोलिस सर्विस जम्मू से प्राप्त हुई। इसके १७२ पृष्ठ हैं। प्रत्येक (११ इंच×६ इंच) पृष्ठ पर २३ पंक्तियां लिखी हुई हैं। इसका लिपिकाल सं० १८४२ है। लिपि सुन्दर है और कागज स्यालकोटी। लिपिकार काश्मीरिक है। इस प्रति में लेखक ने आरम्भ में अपना और अपने अभिभावक का परिचय दिया है।

३. *तीसरी प्रति*—ओरिअण्टल कालिज लाहौर के प्रधान अध्यापक पण्डित रामचन्द्र जी कुशल शास्त्री एम० ए० एम० ओ० एल० की कृपा से मिली। वे डाडा सीबा (कांगड़ा) वासी थे। इस सजिल्द प्रति का लिपिकाल सं० १८६१ है। प्रत्येक पृष्ठ (१० इंच×८ इंच) पर २४ पंक्तियां हैं। पर इस प्रति के ८१ वें पृष्ठ से लेकर अंतिम पृष्ठ तक दीमक ने प्रत्येक पृष्ठ का मध्यभाग नष्ट कर डाला है। फिर भी इस प्रति की उपयोगिता इस बात में है कि इसके अन्तिम रिक्त पृष्ठों पर दत्तकृत 'बारह माह' लिखा हुआ मिला। कागज़ स्यालकोटी है और लिपिकार काश्मीरिक है। श्रीयुत पहारसिंह जसवाल के लिये यह प्रति लिखी थी।

४. *चौथी प्रति*—सजिल्द है और इसकी प्राप्ति का इतिवृत्त रोचक है। वास्तव में इस प्रति की उपलब्धि ही इस दत्त

ग्रन्थ के सम्पादन का श्रीगणेश कराने वाली है। हम ने सुन तो चिरकाल से रखा था कि दत्त या दत्तू कवि ने द्रोणपर्व का अनुवाद किया हुआ है पर उनकी कोई भी पुस्तक हमें हस्तगत नहीं हुई थी। जहां तक कि हम भड्डू ग्राम जो दत्तू कवि का जन्म स्थान था और जहां निजी सम्बन्ध था, वहां भी इनकी कोई पुस्तक प्राप्त नहीं हुई वहां के पण्डित बलदेव शास्त्री कभी २ फुट कर दत्तकृत दोहे और सवैये सुना दिया करते थे। भाग्यवश १९२८ सन् के ग्रीष्मावकाश में अपने प्रिय सम्बन्धी महोदय पण्डित ईश्वरदास जी दूबे के पास जाने का अवसर प्राप्त हुआ। वे उन दिनो पीढ़ा पड़ाव बटोत के समीप पी० डब्ल्यु० डी० के महकमें में सड़क बनवाने और उसके देख रेख के काम में नियुक्त थे। वहां पण्डित धूर्जटि जी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आप वयोवृद्ध प्रगल्भ पण्डित थे। उनका निवास स्थान उधमपुर के पास एक ग्राम में था, उन्होंने भी दत्त के कतिपय कवित्त सवैये सुनाये। हमें उत्कण्ठा तो पहले ही थी। हमने उन से प्रार्थना की कि यदि उन के पास द्रोण पर्व का अनुवाद दत्तकृत वीर विलास हो तो अवश्य दिखाने की कृपा करें। उन्होंने कृपा पूर्वक पण्डित ईश्वरदास जी द्वारा उन की प्रेरणा से मेरे लौटने पर पुस्तक डाक द्वारा लाहौर मेरे पास पहुँचा दी। उनकी यह उदारता अतीव स्तुत्य थी। उनकी इस देन से मेरे इस संपादन कार्य का बीजारोपण हुआ। मैं उनका अतीव कृतज्ञ हूँ।

इस प्रति का लिपिकाल १८९४ संवत् है और यह प्रति चौधरी दूलो नग्योतरा के लिये लिखी गई थी। लेख बड़ा सुन्दर है। पत्र संख्या ३०४ है। प्रत्येक पृष्ठ (९ इंच × ६ इंच) पर १८ पंक्तियां है, लेखक काश्मीरिक है और कागज़ स्यालकोटी। इसी पुस्तक की प्रति लिपि पहले पहल पण्डित नारायण दत्त जी रैणा शास्त्री एम० ए० द्वारा हुई थी, जो कि पश्चात् प्रथम संस्करण के मुद्रण

के लिये आधार बनी थी।

५. *पांचवीं सजिल्द प्रति*—हमें स्वर्गीय पूज्य सम्बन्धी पण्डित विश्वम्भरनाथ जी मगोत्रा से प्राप्त हुई। इसकी पृष्ठ संख्या २५६ है। प्रत्येक पृष्ठ (१२ इंच × ६ इंच) पर २० पंक्तियां हैं। लिपिकाल नहीं दिया गया। लेखक काश्मीरिक है और कागज़ स्यालकोटी।

मैंने मूलपुस्तक (१) को वीरविलास के प्रथम संस्करण का आधार रक्खा था, क्योंकि यह सर्वश्रेष्ठ प्रति थी। पाठ निर्धारण तथा संशोधन काल में शेष चारों प्रतियों के पाठ से तुलना करता गया। ऐसा कोई भी कहीं भी भेद न मिला जो उल्लेखनीय हो, फिर भी दूसरी और पांचवीं प्रतियें तीसरी और चौथी प्रतियों की अपेक्षा मूल पुस्तक की प्रथम प्रति से अधिक मिलती हैं। इतना भेद लिपि कारों में देशकाल के भेद के आधार पर होना स्वाभाविक है। ये प्रतियें विभिन्न संप्रदाय की प्रतियें नहीं कही जा सकती।

यह है वार्त्ता आधार सामग्री की। इस अधिष्ठान पर महाकवि दत्त के वीर विलास का प्रथम संस्करण निर्धारित किया गया था जो कि हिन्दी भवन लाहौर ने १९४३ सन् में प्रकाशित किया। ऊपर वर्णित सारी सामग्री हस्तलिखित पुस्तकों के रूप में मेरे पास रखी थी जो १९४७ में देश विभाजन के उग्र उपद्रव में लाहौर में मेरे मकान में रह गई, मैं उसे न बचा सका। इस की मुझे अति गहरी मानसिक चोट है, जिसका वर्णन नहीं हो सकता।

भाग्यवश अपने स्वर्गीय पूज्य पिता जी के पठनार्थ मैंने दत्त कवि कृत वीर विलास की एक मुद्रित प्रति भेंट की हुई थी जो उन्होंने मेरे जम्मू पहुँचने पर प्रत्यर्पण कर दी। ये उनका अचूक उपकार था और यही पैतृक निधि इस नवीन संस्करण का आधार बन पाई है।

जम्मू कश्मीर गवर्न्मैंण्ट की भाषा कला संस्कृति संस्था द्वारा आयोजित किये जाने पर यह दत्त ग्रन्थावलि प्रकाशित हो रही है।

जम्मू प्रान्त के एक मात्र हिन्दी प्रतिनिधि कवि श्री दत्त जी जनता के सम्मुख इस नवीन परिधान में वीर विलास ब्रजराज पंचासिका तथा बारामाह लेकर आ रहे हैं। जम्मू प्रान्तीय १८वीं शताब्दी का एक मात्र दत्त कवि मिलता है। पर "एकश्चन्द्रो तमो हन्ति न च तारा-गणोऽपिच" चन्द्रमा एक ही होता है जो असंख्य ताराओं को मात करता है। "तमसो मा ज्योतिर्गमय" वाली बात है। डुग्गर के काव्य अन्धकार को केवल एक मात्र ज्योति ने दत्तकवि के रूप में दूर करना है। दत्त ने कर भी कमाल दिया। वीर काव्य लिख कर काव्य सरणि की नींव डाली। उसके उपरांत यदि इस पर प्रौढ़ काव्य प्रासाद खड़ा न हो पाया तो इस का उत्तरदायित्व दत्त के उत्तराधिकारी पीढ़ियों पर है। यह बड़े खेद का विषय था कि दत्त का उत्तराधिकारी कवि न हो पाया। काव्य क्षेत्र का स्रोत सूख गया। काव्य भूमि ऊषर पड़ गई। राज ने पलटा खाया। कविता पनपती है स्वतन्त्रता के समय। नहीं तो दबाई गई शाखा के समान पीली पड़ जाती है। यदि सूख नहीं जाती तो इस में अनोखी ही बात है। रणजीत देव के जमाने के बाद जम्मू की वह स्वाधीनता न रही कि अन्य वीर काव्य लिखा जाता। इस कवि के उपरान्त जम्मू में कविता का पादप राष्ट्रियता की लहर में १६२० के उपरान्त ही कुछ पुनरारोपित सा अंकुरित होता दीखता है और १६४७ के बाद तो उसे कोपलें, चलदल, कुड्मल और पुष्प भी कहीं कहीं विकसित होते दीखते हैं। डोगरी संस्था और अन्य डोगरी काव्य मंच पर कवि अपना अपना राग अलापना प्रारम्भ करते हैं।

(क) प्राचीन इतिहास में जम्मू

दत्त कवि का समय एक अध्ययन

राजतरंगिणी में जम्मू या डुग्गर प्रान्त का वर्णन नहीं आता। बब्बपुर का उल्लेख आया है। आधुनिक बबोर उसी का वाचक है और बबोर के मन्दिरों और महलों के खंडरात इसी बात का प्रमाण है कि यह नगर किसी समय राजधानी रहा

होगा, यह भग्नावशेष तवी नदी के तट पर जम्मू से पूर्व की दिशा में १७ मील पर मिलता है। एक मन्दिर की दीवार पर एक शिलालेख मिलता है जो कि शारदा लिपि में है, जिसके अक्षरों का आकार उन्हीं शारदा लेख के अक्षरों से मिलता है जो बैजनाथ मन्दिर (कांगड़ा) में है और जिस का समय ११२६ शक (१२०४ सन्) है। एक पुराना सिक्का भी बबोर के खंडरात में मिला है जो कि कश्मीर के राजा का है जिसका राज्य काल १०६३ से १०८९ सन् तक का है।❀

बब्ब पुर के तीन राजाओं का नाम राजतरंगिणी में आता है। कीर्ति धर, वज्रधर और उमाधर जो कि १०८७, १११४–१११८, ११०१ सन् में यथा क्रम कलश, सुस्सल और हर्ष के सम्बन्ध में उल्लिखित है। यह समय वही है जब मुसलमानों के आक्रमण भारत पर प्रारम्भ हो गये थे। और संभव है दुर्गर प्रान्त की राजधानी जम्मू या बाहु दुर्ग से हटकर बबोर जैसे सुरक्षित स्थान पर आ बसी हो। देखिये—राजतरंगणी VII ५८७–९० :–

"एवं वशीकृतभुवो भूपते र्नयवेदिनः
समये वाष्टभूपाला स्त्रिषष्ठेऽब्दे ऽविशन्पुरम् ।
कीर्ति र्बब्बपुराधीशश्चाम्पेयो भूभृदासटः
तुक्कात्मजस्तु कलशो बल्लापुरनरेश्चरः ॥

बब्बरपुर के साथ ही बलावर के राजा का भी ज़िकर है। कीर्ति धर पहाड़ के और आठ राजाओं के साथ कलश के पास श्रीनगर शरद् ऋतु में उपस्थित था।

आगे चल कर बब्बपुर का राजा बज्रधर उन पांच राजाओं में कुरुक्षेत्र में सम्मिलत था जब वे सूर्यग्रहण पर गये हुए थे। वहां

❀ देखो History of the Punjab Hill States Vol II. page 514 ff, इसी प्रकार अन्य ऐतिहासिक उल्लेखों के लिए यही ग्रन्थ देखें।

कीर्तिधर ने कांगड़ा, बिलावर, चम्बा और बतुंल के राजाओं से मिल कर काश्मीर नरेश सुस्सल पर चढ़ाई की ठानी थी। देखिये राजतरंगणी VIII ५३८-५४०

"उपरागे नवे सज्जे पार्वतीया स्त्रयो नृपाः
चाम्पेयो जासटो वज्रधरो बब्बापुराधिपः
राजा सहजपालश्च वर्तुलानामधीश्वरः
युवराजौ त्रिगर्तोर्वौ बल्लापुरनरेन्द्रयोः
वल्ह आनन्दराजश्च पंच संघटित्ताः क्वचित्
प्रस्थानार्थकृतपणाः कुरुक्षेत्रमुपागताः ॥

हर्ष के साथियों में उमाधर का नाम राजतरंगिणी में आया। (VIII, १५१२):—

जासटो नृपति हर्ष भूभर्तुर्मातुलात्मजः।
उमाधरमुखाश्चान्ये राजनो यत्र च त्रयः॥

इन तीन प्रकरणों के अतिरिक्त जम्मू प्रान्त का वर्णन राजतरंगणी में और कहीं नहीं मिलता। कीर्तिधर और वज्रधर के नाम जम्मू राज वंशावलि में भी उसी समय के लगभग मिलते हैं, जिस समय का उल्लेख राजतरंगणी में है।

बब्बपुर किस प्रान्त की राजधानी थी यह पता चलना कठिन है। बब्बपुर बबोर और बल्लापुर (बिलावर) नगर वाची राज्य हैं। चम्बा के दो ताम्र पत्रों में (१०५३ सन्) एक उल्लेख मिलता है कि दसवीं सदी में कीरों और सौमन्तकों के साथ मिल कर दुर्गर जाति के लोगों ने चम्बा पर आक्रमण किया था। दुर्गर, डुग्गर, गुर्जर, गुज्जर शब्द ध्वनि साम्य रखते हैं, द्विगर्त तो त्रिगर्त का अनुकरणात्मक शब्द है। डुग्गर लोगों का निर्गम या पुराणा इतिहास हमें उपलब्ध नहीं हो सका।

जम्मू नगर की प्राचीन काल में स्थापना कब से हुई और जम्मू

राज्य कैसे बना इस का विशष वित्ररण History of the Punjab Hill States ह्याचीसन और फोगलकृत या काहन सिंह बलौरिया के जम्मू कश्मीर राजपूतों की रियासतों के इतिहास में देख सकते हैं। कहा जाता है कि राजा अग्निवर्ण अयोध्या से चल कर नगरकोट (कांगड़ा) होता हुआ पड़ोल (कठूआ) आ बसा। उसके वंश में बाहुलोचन और जाम्बूलोचन दो भाई हुये। बाहुलोचन ने बाहु का दुर्ग स्थापित किया और जाम्बूलोचन ने जम्मू। जम्मू पुरानी मण्डी उसी पुरानी राजधानी की स्मारक है और यहीं राजाओं को राजतिलक दिया जाता रहा है। एक अनोखी बात जम्मू के विषय में यह है कि बाहु का दुर्ग है और जम्मू नगर है, जम्मू का कोई दुर्ग नहीं। संभव है, इसी की दक्षिण और पश्चिम की ओर घने जंगल, पूर्व की ओर तवी नदी जिस के उस पार बाहु का दुर्ग स्थित है, और इसके उत्तर में घने जंगल जम्मू नगर को स्वयं दुर्ग बनाते हैं। जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है राजा कीर्तिधर १०७० सन् तक बबोर में राज करता था। जिस का उल्लेख राजतरंगिणी में भी आया कि वह १०८७-८८ की शरद् ऋतु में श्रीनगर था। उस के उपरान्त राजा वज्रधर का नाम राजतरंगणी में मिलता है। १११२ सन् में वह कुरुक्षेत्र था। इन के उपरान्त बब्बपुर का उल्लेख राजतरंगिणी में नहीं मिलता। संभव है काश्मीर शासन का प्रभाव पहाड़ी राज्यों पर न रहा हो।

वज्रधर के उपरान्त सूर्यदेव हुआ। यह पहला राजा था जिसने अपने नाम के साथ देव की उपाधि लगाई जो कि १८१६ तक चलती रही। इस के पश्चात् भुजदेव ने ११५०-११७५ तक राज्य किया। इस के ही घराने से मनकोट और जसरोटा का राजवंश चला। मानक देव ने मनकोट का दुर्ग बनाया और जयदेव ने जसरोटा की राजधानी की नींव डाली।

(ख) मुस्लिम काल या मध्ययुग में जम्मू।

ऐतिहासिक उल्लेख जम्मू का तिमूर (१३१८-८६ सन्)

आक्रमण में मिलता है। इस से पहले जब मुसलमानों के आक्रमण ११०१ से प्रारम्भ हुये जम्मू के राजा भी मुकाबला करते रहे होंगे। मुसलमानों ने पंजाब अपने अधीन कर लिया, पर पहाड़ी राजा बहुत हद तक स्वतन्त्र रहे। इन राजाओं में जम्मू का राजा मालदेव प्रसिद्ध है। जिसने पुरानी मण्डी के पुराने राजमहल खड़े किये। वह १३७० के लगभग राज करता रहा। प्रतीत होता है कि इसी के काल में बव्बपुर से बदलकर जम्मू राजधानी बनी।

१३६८ में तिमूर का जम्मू पर आक्रमण हुआ। उस समय भीमदेव राज करता था। तिमूर नगरकोट कांगड़ा को जीतता हुआ जम्मू पहुँचा और शहर में लूट मार की। राजा पकड़ा गया। तिमूर की लूट के उपरान्त जम्मू का राज चलता रहा। परस्थिति डाँबाँडोल होती रही और कोई विशेष उल्लेखनीय घटना नहीं मिलती। १५६० के लगभग जगदेव राज करता था। जगदेव का भाई सामिल देव था। इन्हीं दो भाईयों में राज बाँटा गया। जगदेव बाहु में राज करता रहा और सामिलदेव जम्मू में आ बैठा और राज करने लगा। तवी दोनों राज्यों की सीमा थी। इसी समय से सामिलदेव के वंश की उपाधि जमवाल हो गई। १०० वर्ष तक बाहु और जम्मू के राज्य पृथक् पृथक् चलते रहे। १५८५ में बाहु में परसरामदेव और जम्मू में संग्राम देव राज करता था। १५८८-८६ में सब पहाड़ के राजाओं ने मुगल बादशाह अकबर के विरुद्ध विद्रोह किया। अकबर को राज करते ३५ वर्ष व्यतीत हो चुके थे। सतलुज से चिनाब तक के राजा विद्रोह में उठ खड़े हुये। जिन में कांगड़ा, जम्मू, मनकोट, बलौर, बसोहली, जसरोटा, लखनपुर, नूरपुर, जसवां, कल्हूर, बिलासपुर, डडवाल, भड्डू आदि के राजे सम्मिलित थे। अकबर ने जैनखां कोका भेज कर विद्रोह दबा दिये। सब ने देहली पहुँच कर क्षमा याचना की और अकबर ने क्षमा कर दिया। तभी से अकबर ने यह नीति चलाई कि सब पहाड़ी राजाओं के युवराज या और कोई सम्बन्धी बन्धक के रूप में देहली में रहें। कहते हैं कि जहांगीर के राज की बागडोर सम्भालते समय ऐसे ९२

युवराज दिल्ली में बन्धक के रूप में रहते थे कि वह कभी भी विद्रोही न हो सकें।

१५६४-६५ में फिर विद्रोह उठा। पर फिर दबाया गया। १६६० में कृपालदेव बाहु का राजा था। ,६५०–७५ से हरिदेव जम्मू का राजा था। उस के उपरान्त यह वंश उखड़ गया और जम्मू का राज घराना ही चलता रहा। १६१६–१७ के लगभग संग्रामदेव जम्मू का राजा था।

कपूर देव का वंशवृक्ष

कपूरदेव १५६० के लगभग

जगदेव (बाहु) १५६० लगभग	सामिल देव (जम्मू) १५६०
परसरामदेव —१५८५	संग्रामदेव १६१६–१६२५
कृष्ण देव —१६१०	भूपतदेव १६२५–१६५०
अजमतदेव —१६३५	हरिदेव १६५०–१६७५
कृपालदेव —१६६०	गजैदेव १६७५–१७०३
अनन्तदेव —१६७५	ध्रुवदेव १७०३

(या तो बाहुवंश बाहु से निर्वासित् किया गया या स्वयं राजपाट उन्होंने त्याग दिया)

हरि देव के राज्य काल में बाहु वंश समाप्त हुआ और बाहु का राज्य जम्मू में ही सम्मिलित कर दिया गया। तदुपरान्त ध्रुवदेव का समय महत्त्व रखता है। औरंगजेब का शासन समाप्त हुआ। मुगलराज्य में गड़बड़ी मच गई। अशक्त बादशाह दिल्ली के सिंहासन पर बैठे। सब सूबे बिगड़ गये और स्वतंत्र होते चले गये। मरहट्टे उठ खड़े हुये। सिक्खों ने झंडा ऊंचा कर दिया। नादिर शाह और अहमदशाह दुर्रानी के आक्रमणों ने मुगल राज्य की जड़ और भी हिला दी। पंजाब १७५२ में अहमदशाह दुर्रानी की भेंट हुआ।

(ग) दत्त का समय

ध्रुवदेव (१७०३-१७२५) का शासन काल जम्मू राज्य विस्तार के लिये प्रशंसनीय है। पंजाब में अराजकता थी। उधर से मुसलमान शासकों का कोई भय नहीं था। जम्मू, बसोहली और भड्डू ने मिल कर गुलेर पर आक्रमण किया। उस समय चम्बा का राजा उदयसिंह (१६९०-१७२०) हुआ, गुलेर की रानी के कहने पर चम्बा, सीबा, कल्हूर मण्डी के राजाओं ने मिल कर आक्रमण कारियों को परास्त किया।

जम्मू के राजा ध्रुवदेव के चार बेटे थे। रणजीत देव, घनसार देव, सूरतसिंह और बलवंत सिंह। रणजीत देव का शासन जम्मू के लिये बड़े महत्व का है। १७३५-१७८१ का शासन जम्मू के लिये वैभव, समृद्धि और अभ्युदय का था। इन के शासन में पंजाब की अपेक्षा जम्मू में अधिक शान्ति और सुरक्षा थी। इसलिये वाणिज्य व्यापार जम्मू में भली प्रकार प्रफुल्लित हुआ। जब अहमदशाह दुर्रानी ने पंजाब अपने अधीन कर लिया, तब रणजीतदेव ने इस परिस्थिति से लाभ उठा कर स्वतन्त्रता का जयघोष किया। अपने चारों तरफ की रियासतों के राजाओं पर अपनी धाक जमाई और पुराने चक्रवर्ती राजाओं की तरह जम्मू की बृद्धि की।

रणजीत देव बड़े योग्य और नीतिकुशल चरित्रशाली और शासनप्रिय राजा हुए हैं। राजगद्दी संभालने पर उन पर पंजाब के सूबा ज़कारिया खां से अनबन हो गई। मुगल सरकार रुष्ट हो गई और रणजीत देव को पकड़ कर लाहौर में नज़र बन्द कर दिया। १२ वर्ष वह लाहौर नज़र बन्दी में रहे और उनकी अनुपस्थिति में उन के भाई घनसार देव ने राज्य की बागडोर संभाल रखी। पंजाब के सूबा जकारिया खां का देहान्त १७४७ में हुआ और उसी समय के लगभग रणजीत देव ने छुटकारा पाया और वह भी जालन्धर के सूबा अदीनावेग के कहने सुनने पर, अदीना वेग की घमण्ड चन्द कटोच और रणजीत देव के साथ मित्रता थी। वह स्वयं बड़ा

बुद्धिमान् शासक था। उसने पंजाब में घने उथलपुथल देखे थे। वह बड़ा व्यवहार कुशल था। नादिरशाही, अहमदशाही हमलों और मरहटों और सिक्खों के उत्थान का उसे अनुभव था। १७५८ सन् में उसकी मृत्यु हुई। उसी के नाम पर गुरदासपुर के समीप आजकल दीना नगर बसाया हुआ मिलता है। अदीना बेग खां का नाम ब्रजराज पंचासिका में भी मिलता है।

महाराजा रणजीत देव का समय हमारे दत्त कवि का समय है। यह समय है जब क्षात्र शक्ति अपने बाहुबल पर भारत के कोने कोने में रण चण्डी की उपासना कर रही थी। रणजीत देव साहसी वीर राजपूत था। उस के दरबार में दत्त कवि से महापुरुष ही वीर काव्य का गायन कर सकते थे। शृंगारी कविता की आवश्यकता नहीं होती जब देश अपनी सत्ता रक्षा के लिये जाग उठा हो। ऐसे काल में वीर विलास जैसे काव्यों की ही रचना होती है। दत्त कवि अपने समय का प्रतिनिधि कहलाता है।

साहित्यिक अनुवाद और उस में कवि दत्त की गणना

अनूदित साहित्य उतना ही पुराना है जितना कि मौलिक साहित्य। भारतीय संस्कृति में वैदिक साहित्य सब से पुराना माना जाता है। वैदिक मन्त्रों की व्याख्या शाखा प्रशाखाओं में उन उन मन्त्रों के अर्थ भेद या प्रवचन भेद की परम्परा द्वारा होती चली आई। इन सब अर्थभेद का आधार शब्दों का पृथक पृथक अनुवाद ही माना जाना चाहिये। वाक् और अर्थ परस्पर सम्बद्ध होते भी विभिन्न विभिन्न सम्प्रदायों में उन्हीं शब्दों को तोड़ मोड़ कर विभिन्न विभिन्न अर्थ किये जाते हैं। जैसे कि गीता के श्लोकों को अद्वैत विशिष्टाद्वैत, भक्ति, ज्ञान, कर्म योग के मतमतान्तरों में प्रवृत्त किया जाता रहा है। यह वाणी की ही महिमा है। विद्वान लोग मनोयोग से शब्दार्थ निकालने में अति निपुण होते हैं। जैसा कि वेद वाक्य में लिखा है :—

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा
वाचमक्रत । अत्रा सखायः सख्यानि
जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि ॥

ऋग्वेद ८-२-२३

ऐसे शब्दार्थों में भेद एक ही भाषा के साहित्य में होता रहता है। जैसा कि संस्कृत साहित्य का संस्कृत में। संस्कृत साहित्य का अनुवाद प्राकृत में न हुआ, क्यों कि महान् युग परिवर्तन भाषा की दृष्टि से भगवान बुद्ध ने किया, पर उन्होंने वैदिक संस्कृत को छोड़ कर पालि में अपने मत का प्रचार किया, उन्हें वेद मन्त्रों को पालि भाषा में अनुवाद करने की आवश्यकता ही प्रतीत नहीं हुई, वैसे ही जिन महावीर ने प्राकृत अर्धमागधी को अपनाया और उसी में अपने विचारों का प्रचार किया। जैन बौद्ध धर्मावलम्बियों ने कुछ काल के अनन्तर संस्कृत में भी और धार्मिक ग्रन्थ लिखे। पर वैदिक धर्मावलम्बियों के ग्रन्थों का अनुवाद नहीं किया। इसलिये भारत में अनुवाद करने की प्रणाली नहीं चली। योरप में इस से भिन्न प्रथा चली। सब से पुरानी धार्मिक साहित्य की भाषा इबरानी थी जिस में कि बाइबल मिलती है। महात्मा ईसा की भाषा भी इबरानी थी और उन से पहिले आए हुए पैगम्बरों की भाषा यही थी। जब ईसाइयत का प्रचार इबरानी भाषा भाषियों के अतिरिक्त दूसरी भाषा भाषियों में किया जाने लगा तो बाइबल का अनुवाद करने की प्रथा चली। जैसे जैसे प्रचार बढ़ता गया और देश देशान्तरों में ईसाइयत फैलती गयी, बाइबल का अनुवाद उन उन देशों की भाषा में होता गया। प्रचारक पादरी लोग इतनी लगन वाले होते हैं कि जिस किसी जाति या प्रान्त में ईसाई मत का प्रचार करना है और ईसा का सन्देश सुनाना है तो पहिले उस देश प्रान्त और जाति की भाषा सीखते हैं, और फिर उस भाषा में बाइबल का अनुवाद प्रस्तुत करते हैं। कई बार तो जंगली जातियों में जिन का साहित्य होता ही नहीं, बाइबल ही पहली बार अनुवाद रूप में उस भाषा की प्रथम साहित्यिक पुस्तक पादरीयों द्वारा रची जाती है। यह उन

का प्रयत्न साहित्यक दृष्टि से अतिस्तुतिकर है। इस प्रकार बाइबल का अनुवाद संसार की प्रायः सभी भाषाओं में मिलता है। यह बात वैदिक धर्म में नहीं मिलती। अनुवाद की ओर रुचि थी ही नहीं। मूलश्रुति प्रमाण समझी जाती थी। और मूल रूप में ही उदाहृत या उद्धृत की जाती थी। दूसरा भारत से बाहिर वैदिक धर्म का प्रचार ही नहीं था। यह धर्म संस्कृत जन्य भाषा भाषियों में ही सीमित रहा। बौद्ध काल में बौद्ध ग्रन्थों का अनुवाद चीनी और तिब्बती भाषा में हुआ। कई सूत्र ग्रन्थ चीनी भाषा में अनुवाद रूप में प्राप्त होते हैं और मूल ग्रन्थ अप्राप्य हैं।

भारत में अनुवाद की प्रथा इस लिये भी चालू नहीं हुई कि आर्येतर मतावलम्बियों से पाला नहीं पड़ा था। अनुवाद की आवश्यकता तभी प्रतीत होती है जब कोई भाषा समझने वाले की समझ में न आती हो। भारत में वैदिक काल के लोग संस्कृत अच्छी तरह समझते थे। संस्कृत के साथ साथ प्राकृतें भी समझी और बोली जाती थीं जैसा कि हमें संस्कृत नाटकों से पता चलता है। संस्कृत प्राकृत में बड़ी समता है। उच्चारण में भेद आ गया था और कुछ ध्वनि परिवर्तन हो गये थे, नहीं तो संस्कृत प्राकृत में नाम रूप रचना तथा क्रिया पद रचना प्रायः एक सी चल रही थी। संस्कृत प्राकृत खूब समझी जाती थी और दोनों बोलचाल में प्रचलित थीं। साहित्य भी दोनों में रचा जाता था।

कालान्तर में प्राकृत भाषाएं अपना रूप बदलती आईं जो कि स्वाभाविक था और संस्कृत से परे हटती गईं। जहां तक कि अपभ्रंश पुरानी हिन्दी और आधुनिक हिन्दी में पर्याप्त अन्तर पड़ गया। कुछ एक शब्द जूँ के तूँ संस्कृत हिन्दी में तत्सम रूप में दिखाई देते हैं पर शब्द रूपरचना में महान् अन्तर आ गया है जिस से हिन्दी बोलने वाले को संस्कृत समझने के लिये प्रयास करना पड़ता है। ऐसी अवस्था में संस्कृत के ग्रन्थों का अनवाद होना आवश्यक हो जाता है और संस्कृत अध्ययनाध्यापन में अनुवाद एक अंग बन जाता

है जिस के विधिविधान शिक्षा शास्त्रियों ने बनाये हुए हैं।

रही बात अन्य देश वासियों की जो संस्कृत सीखना चाहें या भारतीय अपने विचारों का प्रचार करना चाहें। यह तब होता है जब दो देशों का यातायात व्यापार व्यवहार तथा मतसिद्धान्तों का आदान प्र दान चल रहा हो। प्राचीन काल में व्यापार व्यवसाय से सम्बद्ध काम द्विभाषियों द्वारा चलता ही होगा। ऐसे लोग मिल जाते हैं जो यह व्यावसायिक सम्बन्ध द्विभाषी होने के नाते स्थापन कर देते हैं पर वे साहित्य नहीं रचा करते। वे काम चलाऊ अनुवाद करते हैं, साहित्यक कोटि में वे नहीं आसकते।

अति प्राचीन काल में भारत का सम्बन्ध पश्चिम देशों से रहा। पञ्च-तन्त्र नामक नीतिकथा संग्रह अति रोचक ओर प्रसिद्ध है। सबसे अधिक इसका प्रचार लोगों में था। बाहर के लोग भी इस से प्रभावित होते थे। ईरान के बादशाह खुसरो अनुशीरवान् (५३१-५७९ सन्) ने इसका अनुवाद पहलवी में कराया। सीरिया की भाषा में इसी का रूपान्तर कलीलग दमनग के रूप में हुआ और कालान्तर में अरबी में इसी का अनुवाद कलीलह दिमनह के नाम से किया गया।

युनान से संपर्क

एलेग्ज़ैण्डर के भारत पर आक्रमण के अनन्तर भारत को अवसर मिला था कि यूनान के बहुत से दार्शनिकों और महाकवियों के ग्रन्थों का अनुवाद भारतीय भाषाओं में हो जाता पर ऐसा न हुआ। क्यों कि हमारा साहित्यिक क्षेत्र विशाल और उच्च था और यूनानियों का इस क्षेत्र में प्रभाव न पड़ा, उस काल में यदि होमर प्लेटो और अरस्तू के ग्रन्थों का अनुवाद भारतीय भाषाओं में हो जाता तो साहित्यियक धार्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण में अन्तर आता और नई सूझ बूझ का सूत्रपात होता। तारतम्यात्मक भावना से ही ज्ञान वृद्धि होती है। पर ऐसा न हुआ और हम तारतम्यात्मक

पठनपाठन अध्ययनाध्यापन से वंचित रहे। ज्योतिष वैद्यक शास्त्र में कुछ एक सिद्धान्त विनिमय अवश्य हुए होंगे। जैसे कि रोमक सिद्धान्त या ताजिकनीलकण्ठी नाम बताते हैं।

मुसिलम काल

मुसलमानों के साथ गहरा राजनैतिक सम्बन्ध लगभग एक हज़ार सन् से प्रारम्भ होता है जब कि मुहम्मद गौरी के आक्रमण भारत पर हो रहे थे। ये लोग मुस्लिम धर्म प्रचार और लूट खसूट के लिये आये। अरबी फारसी साथ लाये। धार्मिक भाषा अरबी और शासन की भाषा फारसी। जैसे जैसे मुसलमानों का राज्य दृढ़ होता गया और फैलता गया इनका साहित्यक क्षेत्र भी विस्तृत होता गया। अरबी फारसी का अध्ययन-अध्यापन मसज़िद मदरसों में मौलबी मुल्लाओं द्वारा खूब हुआ। भारतीय साहित्य का अनुवाद क्या होना था, अरबी फारसी के प्रचार द्वारा भारत को एक नई भाषा और लिपि मिली जिस का नाम उर्दू रखा गया। वास्तव में ये मुस्लमानों की अपनाई हुई भारत की भाषा थी जो फारसी अक्षरों में लिखी गई। दाराशिकोह ने उपनिषदों और गीता का अनुवाद भी फारसी में कराया। भागवत और महाभारत का अनुवाद भी फारसी में मिलता है पर इनका प्रचार मुस्लिम जनता में न हुआ, वहां तो कुरान शरीफ की ही पढ़ाई प्रचलित थी। मुसलमानों की सब से बड़ी देन भारत को उर्दू भाषा लिपि और साहित्य था।

आधुनिक काल

अंग्रेज़ों के ज़माने में अनुवाद कला की अभिवृद्धि हुई। यह जाति विद्याव्यसनी थी। इनका, अपना युरोप का इतिहास इस बात का साक्षी था कि किस प्रकार इब्रानी, अरबी, यूनानी, लातीनी और यूरोप की बोली जाने वाली भाषाओं ने शिक्षा विस्तार प्रचार और पद्धति पर प्रभाव डाला था। यहां भारत में आकर उन्हें संस्कृत एक ऐसी दिव्य निधि प्राप्त हुई थी कि जिस के आधार पर तारतम्यात्मक

भाषा विज्ञान, धर्मशास्त्र और दर्शनशास्त्र का नवीन पद्धित पर अध्ययन अध्यापन प्रारम्भ हुआ। यह कार्य वेदवेदाङ्गों का अनुवाद दर्शनशास्त्रों का अंग्रेज़ो में उल्था, काव्य इतिहास पुराणों के अनुवादों द्वारा प्रारम्भ हो गया। यह अनुवाद युग है। भारत साहित्य के अनुवादों ने अंग्रेज़ी साहित्य भरपूर कर दिया। अंग्रेज़ी के भी कुछ ग्रन्थ भारतीय भाषाओं में अनूदित हुए, पर बहुत कम। यह है अनुवाद प्रथा का भारत में इतिहास। पर भारत में योरप के सदृश अनुवाद कला को शिक्षा साधन नहीं बनाया। इंगलेण्ड में युनानी और लातीनी के महान् लेखकों के अनुवाद करना एक साहित्यक परिपाटी हो गई थी।

मुस्लिम काल के मध्य युग में भारत वर्ष में अपने धार्मिक ग्रन्थों के प्रचार के लिये टीका टिप्पण, भाष्य आदि लिखने का प्रचार दिखाई देता है। जितने भारत में आचार्य हुए हैं सब ने अपने अपने सिद्धान्तों के प्रचार के लिये अपने मतानुसार मौलिक संस्कृत ग्रन्थों की व्याख्या की है। इसे हम व्याख्यात्मक अनुवाद कह सकते हैं यथा शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य आदि। भक्ति सम्प्रदाय के व्यवस्थापकों ने साकार निराकार की उपासना निमित्त अपने अपने समय की लोक भाषाओं में ग्रन्थ लिखे हैं यथा कबीर नानक। ज्ञानेश्वर ने गीता का अनुवाद महाराष्ट्री में किया। अंग्रेज़ी राज्य में ही प्रान्तीय भाषाओं का भी अभ्युदय होना प्रारम्भ हो गया था, और बहुत से ग्रन्थों का अनुवाद विशेषकर गीता का अनुवाद प्रदेशीय भाषाओं में मिलता है।

अनुवाद वह अमृत सेतु है जो देश और काल के अन्तर को जोड़ता है। यह वह पुल है जिस से वर्तमान और भूतकाल जुड़ जाते हैं। नदी नाले पहाड़ खाड़ी समुद्र को पार करने में जैसे कई एक साधन होते हैं वैसे ही अनुवाद एक साधन है जो साहित्यक परिधियों और सीमाओं को पार करने में सहायक होता है। जाति-जाति के अन्तर को, देश-देश के भेद को मिटाने के लिये अनुवाद एक मात्र उपाय

हैं। जैसे दो समुद्रों को मिलाने के लिये आबनाए (जलडमरूमध्य) होती है या दो महाद्वीपों को जोड़ने के लिये खाकनाए (भूडमरूमध्य) होती है वैसे ही दो साहित्यों को मिलाने का काम अनुवाद करता है। यह वह पगडण्डी है जिस पर चल कर मनुष्य एक साहित्यक्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जा पहुँचता है। यह वह खिड़की है जिस में से हम दूर की दुनियां को झांक सकते हैं। विविधभाषा भाषी संसार के व्यक्तियों को एक दूसरे की बात समझने के लिये अनुवाद ही एक मात्र सरल युक्ति है जिस से हम संसारी जीव एक दूसरे के निकट आ सकते हैं। अनुवाद द्वारा संसार की मानसिक निधियाँ, प्रतिभा की ज्योति, वाणी का वैभव, और कल्पना का रसायन, मानव जगत् को आनन्दविभोर करने में समर्थ हुए हैं, नहीं तो शेक्स्पीअर, गेटे, दांते और कालिदास अपनी ही परिमित सीमा में रह जाते और मनुष्य उस मानसिक आनन्द और उसके विकास से बञ्चित रह जाता। उपनिषत्कारों की अनुभूतियें या बाईबल के संत्तों की उक्तियें या साईन्सदानों की कला संसार की समृद्धि को कैसे बढा सकतीं यदि अनुवाद कला का उपयोग न होता। अनुवाद की उपादेयता अनिर्वचनीय है।

आज का युग मशीन का है। अनुवाद भी मशीन द्वारा किये जाने लगे हैं। शब्द ब्रह्म को भी पृथ्वी अप् तेज वायु की तरह मशीन द्वारा मानवीय कार्य क्षेत्र में उपयोग में लाये जाने का प्रयत्न किया जा रहा है। गुणन विभाजन की प्रक्रिया तो बड़े बड़े व्यवहार गणनालयों में देर से मशीन द्वारा की जाती थीं। रोबोट जो मशीनमय मनुष्य का कलेवर है वह अब भाषाओं का अनुवाद भी मशीन द्वारा ही करेगा। मशीन से निकले हुए अनुवाद का साहित्यक मूल्यांकन करना अभी कठिन है। पर यु० एन० ओ० और युनैस्को आदि जो अन्तर् राष्ट्रिय संस्थाएं हैं उन में ऐसे अनुवाद साधनों का बड़ा महत्त्व होगा क्यों कि ऐसी संस्थाओं में बहुभाषी जनता एक दूसरे को इन यन्त्रों द्वारा सुगमता से समझ सकेगी। अनुवादक विशेषज्ञ तो हैं ही, जो कि बहुभाषाविज्ञ होने के कारण ऐसी अन्तर्

राष्ट्रिय संस्थाओं की बैठक में एक महत्त्व का कार्य करते हैं अर्थात् भाषा विभिन्नता में अनुवाद के माध्यम द्वारा एकता स्थापन करते हैं और अनेकता में एकता लाते हैं। राज दूतावासों में विभिन्न २ देशों में बहुभाषाविज्ञ व्यक्ति पर्याप्त संख्या में प्राप्त होते हैं। आज के इस युग में जब संसार एक होता जा रहा है वेदबाणी "समानो मन्त्रः समितिः नः समानी व आकूतिः" तभी चरितार्थ हो सकती है जब प्रत्येक देश में देशान्तरों की भाषाओं को पढ़ने पढ़ाने का क्षेत्र विस्तृत होता जाय। भारत को कोई एक शताब्दी से ऐसा साधन अंग्रेज़ी से मिला है। पर अभी तक भारतीय साहित्य ही इने गिने रूप में अंग्रेज़ी में अनूदित हो पाया है। भारत के बाहिर का साहित्य अभी भारतीय भाषाओं में कम ही अनूदित हुआ है। भारत भारती का भण्डार विदेशी साहित्य के अनुवादों से भर पूर अभी होना है। यह तभी होगा जब भारत को भाषा स्वातन्त्र्य प्राप्त होगा। अभी तो राजभाषा अंग्रेज़ी है।

अनुवाद एक कसवटी है जिस पर इस बात की परख की जा सकती है कि अमुक ग्रन्थ कहां तक साहित्य बनने योग्य है। कहां तक अमुक लेखक का प्रभाव मनुष्य के मन पर रहा है। कितनी अवधि तक किसी विचारधारा ने मानव समाज का साथ दिया है। कितनी पीढीयों तक किसी लेखक की प्रतिभा ने मनुष्य जाति का हित किया है। देश और काल की परिधि से पार पहुँचाने की यदि कोई साहित्यक शक्ति है तो वह अनुवादमात्र है। अनुवाद द्वारा ही साहित्य में अमर पदवी प्राप्त हो सकती है। चिरंजीवी साहित्यकार वह है जिस के ग्रंथों का अनुवाद अपने देश में ही नहीं दूर के देश देशान्तरों में भी होता रहे। वाल्मीकि और व्यास कालिदास और पाणिनि केवल भारत के ही साहित्यकार नहीं रहे, अब तो वे विश्वसाहित्य के निर्माता हैं। दांते, गेटे, शेक्सपियर, टालस्टाय, टरजिनीव, प्रेम चन्द, टेगोर और प्रेस्टरनक अब अनुवाद द्वारा विश्व साहित्यकार हो चुके हैं। उन के विचारों की छाप युग युगान्तरों तक लगती रहेगी। यह सब अनुवादकारों की महिमा है।

महाभारत के अनुवादक और दत्त

व्यासकृत द्रोणपर्व का अनुवाद दत्त ने दिया। कविता का अनुवाद कविता में हुआ। अनुवादक भी मूल लेखक की तरह उत्पादक होता है। उनकी कृति भी नई मानसिक सृष्टि होती है। कवि ही काव्य का मर्म जानता है। द्रोणपर्व का पठन, मनन और भावग्रहण के अनन्तर ही मनोयोग से दत्त ने हिन्दी वाग्धारा में काव्य का आश्रय लेकर द्रोणपर्व का निदिध्यसन किया। स्वान्तः सुखाय ही यह अनुवाद किया गया। दत्त कथा वाचक थे। महाराज रणजीत देव का समय १७३५-१७८१ देश के इतिहास में बड़ी उथल पथल का था। मुगल राज्य अन्तिम सांस ले रहा था। अहमदशाह दुर्रानी का आक्रमण हो चुका था। पंजाब उसको भेंट किया गया था। जम्मू प्रान्त की छोटी छोटी रियास्तें अपनी स्वाधीनता बनाये रखी थीं। युद्धकलकल और रणकोलाहल चारों ओर सुनाई पड़ता था। वीर अपनी तलवारें ताने रखते थे। विलास का समय नहीं था। वीर काव्य में ही अभिरुचि थी। राज दरबार और राजकवि भूषण के पक्ष में थे न कि विहारी के रीति शृंगार के। हमारे कवि दत्त ने भी महाभारत का उपजीव्य ग्रन्थ रूप में आश्रय ले कर वीर विलास लिखा। यह अनुवाद मूल से कई अंशों में अधिक उपादेय था। एक तो एक तिहाई आकार और हिन्दी की विविध छन्दावलि और सब से बढ़कर जब दत इस अपने ग्रन्थ की स्वयं कथा करते होंगे तब तो समय बंध जाता होगा। राजा वज़ीर प्रजागण तथा अन्य श्रोतावृन्द कथा की लय झूमते होंगे। दत्त कवि का हिन्दी पर कितना उच्च अधिकार था इसका अनुमान इसके मूल और अनुवाद के तुलनात्मक विवेचन से लग सकेगा जो कि आगे दिया गया है। संस्कृत काव्य को हिन्दी काव्य रूप में वैसे का वैसा रख देना कवि की कुशलता पर ही निर्भर है। यह वह कायाकल्प है जिस में दो शरीरों में एक ही आत्मा के संचार की चमत्कृति होती है। उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो जायगी कि कैसे दत्त संस्कृत का मनन कर के हिन्दी में मनोयोग द्वारा उसी मनन का सार निदिध्यासित करते हैं। कहीं कहीं तो मूल से

भी अधिक काव्यरस का आनन्द अनुवाद से मिलता है, यह बात आगे दिये गये नवें, तेहरवें और चौदहवें प्रकरणों में स्पष्ट की गई है।

अनुवाद तो कलापक्ष से अत्युत्तम हुआ है, संस्कृत के संस्कृत में संक्षेपकारों में काश्मीरक क्षेमेन्द्र का नाम प्रातः स्मरणीय है। इन्हों ने संस्कृत के वृहत्काय ग्रन्थों का संस्कृत में ही संक्षिप्त कर दिया यथा रामायण मञ्जरी, भारत मञ्जरी, वृहत्कथा मञ्जरी। संक्षेप करने के नाते दत्त क्षेमेन्द्र से कुछ अंश तक साम्य रखता है। जहां क्षेमेन्द्र ने सम्पूर्ण ग्रन्थों का अनुवाद किया दत्त ने द्रोण पर्व का गुरुपर्व का बहुत ही प्रेम भक्ति से श्रद्धापूर्वक काव्यात्मक अनुवाद हिन्दी में किया। समय की परिस्थिति यही थी कि वीर काव्य रचा जाय। जैसे रामायण महाभारत वीर काव्य हैं वैसे ही पृथ्वीराज रासो वीर काव्य है। तथैव वीर विलास भी वीर काव्य का ही समकक्ष है।

काव्य गुरु की महिमा काव्य शिष्य गाते चले आये हैं। विना गुरु के काव्य में गति विधि कठिन होती है। कई जन्मसिद्ध कवि होते हैं और कई कविता सीख कर काव्य कहते हैं, गुरु का आशीर्वाद उन के लिए प्रेरक होता है। ऐसे शिष्यों में हमारे दत्त कवि हुए हैं। कवि के तीन गुणों प्रतिभा, व्युत्पत्ति और अभ्यास में से पहिले दो यदि उन में कम ही मात्रा में विद्यामान हों, अभ्यास की उन में कमी नहीं थी और इसी अभ्यास का परिणाम स्वरूप ही यह वीर विलास लिखा जाने पर हिन्दी साहित्य की अभिवृद्धि कर पाया। दत्त ने बार बार कहा कि यह प्रताप उन के गुरु श्री सूर्य नारायण जी का है जिन के प्रसाद से ही दत्त कवि काव्य मार्ग में पदार्पित हुए।

प्राचीन हिन्दी साहित्य और महाभारत की महता

महाभारत को हिन्दू जाति की संस्कृति और सभ्यता का बृहत्कोश कहना चाहिये। कौन सा ऐसा हिन्दू संस्कृति का अंश है जिसका वर्णन महाभारत में न मिले। महाभारत में हमारे पूजनीय पूर्वपुरुषों की दिगन्तव्या-

पिनी कीर्ति का कीर्तन है। इस में हमारे धीर वीर पराक्रमी और तेजस्वी पुरुषों का चरित है। इस में हमारे पुराने कलाकौशल, ऐश्वर्य, प्रभुत्व और एकाधिपत्य का इतिहास है। इस बृहत्काय ग्रंथ ने भारतवर्ष पर कितना गहरा प्रभाव डाला यह केवल एक भगवद्-गीता से ही पता चलता है। श्री शंकराचार्य से लेकर लोकमान्य तिलक तक गीता का गुणानुवाद होता चला आया है। प्रत्येक काल में महाभारत को आदर की दृष्टि से देखा गया। परन्तु गीता के इस मान ने ग्रन्थ के शेष अंश को पीछे कर दिया। महाभारत में प्रधान नायक श्री कृष्णचन्द्र हैं। एक ओर उनकी गीता का मधुर गायन सुनाई पड़ता है तो दूसरी ओर श्रीमद्भागवत उनके जीवन का आनन्द स्रोत प्रवाहन करने में व्यापृत है। इस लिये भगवद्गीता और श्रीमद्भागवत ने महाभारत के वीररसात्मक भाग को ग्रसित कर लिया है। इस का कारण हमें देशकाल की परिस्थिति में ढूंढना चाहिये।

रामायण की कथा को भारतवर्ष में विशेषत: उत्तरीय भारतवर्ष में गोस्वामी तुलसीदास ने अमीर से निर्धन तक, मूर्ख से लेकर पंडित तक पहुँचा दिया। उस में वह भक्तिरस प्लावित हुआ था जिसका प्रभाव भारत की जनता पर अभी तक विद्यमान है। कई संस्कृत कवियों ने रामायणीय कथाओं पर नाटक और प्रबन्ध काव्य लिख डाले। भास, कालिदास, भवभूति, मुरारि प्रभृति आदि महाकवियों ने रामायण को अपना आधार बनाया। इधर भक्त शिरोमणि तुलसीदास और केशव ने रामचरितमानस और रामचन्द्रिका लिखकर हिन्दी साहित्य को उन्नत किया। रसिक प्रेमी सूरदास ने भगवद्भजन में लीन हो कर गोकुल मथुरा और द्वारिका के कृष्ण को अपने काव्य का आधार बनाया। उनके पास न तो समय था और न ही समय आज्ञा देता था कि वह कृष्ण की आवेश भरी स्फूर्ति उत्पन्न करने वाली गीता की झांकी को जनता के समक्ष उपस्थित कर सकते। कौन उनको सुनता। शासक इतने उदासीन तथा उदार तो थे नहीं कि लोगों में युद्ध कलकल का वर्णन और वीर रस का प्रचार

खुल्लमखुल्ला होने देते। बांसुरी की धुन में मस्त, संसार के धंधों से उन्मुक्त, जगत् के झंझटों से असम्पृक्त भक्त लोग अपने पृथक् पृथक् मण्डपों में आने वाले अवतार का मार्ग जोहते रहते थे। उस कृष्ण की किसे याद थी जो कहता "क्लैब्यं मास्म गमः पार्थ नैतत्त्वयि उपपद्यते।" समय ने काव्य को अपने अनुकूल कर रखा था। विदेशीय आक्रमणों से दुःखित जाति अपने आप को बचाने के उपाय में लगी हुई थी। वीरता के गीत कौन सुनने देता और कौन सुनाने का प्रयत्न तथा साहस करता।

इस लिये हम देखते हैं कि कर्मयोगी कृष्ण का दर्शन अर्जुन के अतिरिक्त बहुत कम लोग कर पाये। 'रामभक्ति' 'कृष्णाराधना' और 'निर्गुणोपासना' का प्रचार भारत में उस समय हुआ था जब कि विजेता पराजितों पर अत्याचार करने में भरसक प्रयत्न कर रहे थे। दमन का प्रतिकार शमन बतलाया जा रहा था जिससे शक्तिशाली शासक से निर्बल प्रजा संघर्ष में आ कर सदा के लिये धराशायी न हो जाये। संकुचित होना ही नीतियुक्त था। 'अष्टछाप' के कवियों ने भी कृष्ण-लीलाओं का हृदय खोल कर वर्णन किया है। इन कृष्णभक्तों के सामने प्रेमोन्मत्त गोपियों से घिरे हुए कृष्ण हैं। कृष्णभक्ति सम्प्रदाय के कवि अपने रंग में मस्त रहने वाले जीव थे।

इधर हिन्दी कविता प्रौढावस्था को पहुँच रही थी। रीति ग्रन्थ लिखे जाने प्रारम्भ हो गये थे। हिन्दी के कवि इस माध्यमिक काल में ऐसे ग्रन्थों की रचना में लगे हुए थे जिन में काव्य अलङ्कारों के लक्षण और उदाहरण भरे पड़े थे। साथ ही नायक-नायिका भेद की भी पर्य्याप्त पूँछतांछ थी। इन कविताओं में शृंगार रस प्रधान होता था और अन्य रस तो उपेक्षित ही होते थे। कहीं कहीं षट्ऋतु वर्णन या बारहमासे लिखे प्राप्त होते हैं।

इस काल के प्रतिनिधि कवि केशव, मतिराम, बिहारी, देव, दास, पद्माकर ही हैं। रीतिकाल के कवियों ने राधा कृष्ण के प्रेम को शृङ्गार रस में इतना रंगा कि कृष्ण भी राधा के रंग में रंगे गये।

कृष्ण का अपना व्यक्तित्व इन कवियों की दृष्टि में लुप्तप्राय हो गया। मानुषिक वासनाओं और लालसाओं का आरोप कृष्ण पर किया गया। गोपियों की रासलीला में कृष्ण के कलोलों में कविलोग आनन्द लेने लगे। नायकनायिका का भेद में कान्ह-कन्हैया की खूब गत बनने लगी, मानों कि राधा के प्रेम निर्वाहन के अतिरिक्त कृष्ण को और कोई काम ही न था। कवि लोगों ने कृष्ण को दिन भर राधिकारमण बनाये रक्खा। विलास की सामग्री का भी वर्णन किया गया। कवि की परोक्षदृष्टि संकुचित होती गई। शृङ्गार ने इतना आधिपत्य जमा लिया था कि :—

तिय कटि कृसता कौ कविनु नित बखान नव कीन।
वह तो छीन भई नहीं पै इन की मति छीन॥

संकीर्णता बढ़ती गई, यहां तक कि महाव्यक्ति पूर्णयोगी परमनीतिज्ञ कृष्ण को भी इन कवियों ने सीमाबद्ध कर दिया। कृष्ण जीवन के अप्रधान अंग को इन्हों ने मुख्य बना कर कृष्ण के उद्देश्य को धूल में मिला दिया। जहां तहां हमें महाभारत के कुछ चिनगारे चमकते दिखाई देते हैं जिन में कृष्ण का लीला वर्णन गौण है। युद्धों की झनकार सुनाई पड़ती है पर बहुत धीमी।

प्राचीनकाल के महाभारत के हिन्दी अनुवाद जो मुद्रित हो चुके हैं

प्रबन्ध काव्य की उन्नति रीतिकाल में कुछ विशेष न हो पाई। महाभारत के सम्बन्ध में केवल लेखकों के अनुवाद में कविता का यथेष्ट आकर्षण पाया जाता है।

सबलसिंह चौहान औरंगजेब के समकालीन थे। इन्हों ने सारे महाभारत की कथा दोहे चौपाइयों में लिखी है। इन का महाभारत एक बड़ा ग्रन्थ है जिसे इन्होंने १७१८ से १७८१ सं० के बीच पूरा किया।

गोकुलनाथ, गोपीनाथ और मणिदेव इन तीनों महानुभावों ने

मिल कर महाभारत का अनुवाद अत्यन्त मनोहर विविध छन्दों में पूर्ण कवित्व के साथ किया है। कथा प्रबन्ध का इतना बड़ा काव्य हिन्दी साहित्य में दूसरा नहीं बना। पहला भाग दो हज़ार पृष्ठों में समाप्त हुआ है। इतना बड़ा ग्रंथ होने पर भी न तो इस में कहीं शिथिलता आई है और न ही रोचकता और काव्य गुण में कमी हुई है। छन्दों का विधान इन्हों ने ठीक उसी रीति से किया है जिस रीति से इतने बड़े ग्रन्थ में होना चाहिये। जो छन्द उठाया है उसका कुछ दूर तक निर्वाह किया है। केशवदास की तरह छन्दों का तमाशा नहीं दिखाया है। छन्दों का चुनाव भी बहुत उत्तम हुआ है। रूपमाला, घनाक्षरी, सवैया आदि मधुर छन्द अधिक रखे गये हैं। बीच बीच में दोहे और चौपाइयां भी हैं। भाषा प्रांजल और सुव्यवस्थित है। इस ग्रंथ के बनाने में लगभग ५० वर्ष लगे होंगे। १८३०–१८८४ संवत् के बीच में उसकी रचना काशी नरेश महाराज उदित नारायण सिंह की आज्ञा से हुई। इस साहित्यिक अनुसन्धान का श्रेय इन्हीं महाराज को है। उपर्युक्त दोनों ग्रन्थ छप चुके हैं। एक तीसरा ग्रन्थ खण्डकाव्य के रूप में मिलता है जिस का नाम वीरविनोद है। यह ग्रन्थ चारण पद्मसिंह का किया हुआ कर्ण पर्व का अनुवाद है।

महाभारत के हिन्दी अनुवाद जो अभी मुद्रित नहीं हुए

महाभारत के कई खण्डानुवाद किये गये। जिन का उल्लेख नागरी प्रचारिणी सभा की हस्तलिखित पुस्तकों की सूची में ही मिलता है। कभी न कभी शायद इन का भी मुद्रण हो ही जाएगा। काल क्रम के अनुसार इन का विवरण दिया जाता है।

१. लक्ष्मीधर उपनाम 'लाल कवि' ने सम्वत् १७२७ में जयपुर नरेश के अभिभावकत्व में विराट, वन, और उद्योग पर्व का दोहा छन्द में अनवाद किया। उन्होंने पुस्तक का नाम 'भारत सार' रक्खा।

२. दिग्गज कवि ने १७६६ सम्वत् में महाभारत का संक्षेप किया जिसका नाम 'भारत विलास' रक्खा।

३. दत्तकवि ने सं० १८१८ में जम्बूपति महाराजा रणजीतदेव के राजकुमार ब्रजराज देव के कहने पर द्रोण पर्व का कवितात्मक अनुवाद किया। यह अनुवाद पांच वर्ष में समाप्त हुआ।

दत्तकवि ने वीरविलास के पहले अध्याय के १६वें दोहे में लिखा है :—

संवत् वसु ससी वसु ससी शुक्ल पक्ष मधु मास।
वीर वार तिथि पंचमी वरन्यो वीरविलास। १, १६॥

अर्थात् वीर विलास का प्रारम्भ वृहस्पतिवार चैत्र शुक्ल पंचमी सम्वत् १८१८ को हुआ। इण्डियन इफेम्रिस (Indian Ephemeris) के अनुसार ९ अप्रेल वृहस्पतिवार शुक्ल पंचमी सन् १७६१ आता है। ग्रन्थ की की समाप्ति पर लिखा है :—

बिक्रम संवत् रामहग बसु धरनी तप मास,
सित गिरिजा तिथि वार रवि पूरयो वीरविलास।

अर्थात् सम्वत् १८२३ माघ महीने में यह ग्रन्थ पूर्ण हुआ (१२ जनवरी सन् १७६६) इन्होंने अपनी पुस्तक का नाम वीरविलास रक्खा। इनकी कविता सरल, सरस और प्रांजल भाषा में मिलती है। प्रबंध काव्य की यह एक उक्चकोटि की पुस्तक कही जा सकती है। इस का सविस्तार वर्णन आगे चलकर दिया जावेगा। (सूचना:— १९४३ में पहली वार लाहौर मुद्रित हुआ)।

४. पाडेय मनसाराम ने सं० १८६४ में महाभारत का पद्यात्मक संक्षेप किया जिसका नाम 'भारत प्रबन्ध' रक्खा।

५. लखनसेन ने सं० १८७० में महाभारत के पांच पर्वों का पद्यात्मक अनुवाद किया।

६. आगरा के रहने वाले कवि कुलपति ने १८७२ में द्रोण पर्व का पद्यात्मक अनुवाद किया और इसका नाम संग्रामसार रक्खा।

७. चेतराम ने १८८५ सं० में भारतसार नामक पद्य प्रबंध लिखा।

८. नवलसिंह झांसी के रहने वाले थे। समथर रियासत के दर्बार में इन का पर्य्याप्त मान था। इन की कविता का क्षेत्र बड़ा विस्तीर्ण प्रतीत होता है। इनके छोटे बड़े ग्रन्थ मिलाकर ३३ के लगभग मिलते हैं।

इन्हों ने रामायण और महाभारत का ही आश्रय लेकर प्रायः अपनी रचना की। इन के महाभारत सम्बन्धी ये ग्रन्थ मिलते हैं :—"मूल भारत सतपर्वी" "भारतवार्तिक" "भारत कवितावली" "भारत सावित्री"। भारत सावित्री कवित्तों में लिखी गई।

९. बीरविलास के लेखक दत्तकवि के वंशज कवि त्रिलोचन ने १९१५ सं० में शान्ति पर्व का पद्यात्मक अनुवाद किया। इस पुस्तक का नाम नीति विनोद रक्खा। जम्बू काश्मीर नरेश महाराजा श्री रणवीरसिंह जी की आज्ञानुसार यह ग्रन्थ रचा गया।

१०. पंजाब यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी में हस्तलिखित पुस्तकों के भण्डार में कृष्ण लाल कृत महाभारत के कई एक पर्वों का हिन्दी गद्यानुवाद भी मिलता है।

अतः ऊपर के व्योरे से पता चलता है कि महाभारत में से सम्प्रदाय की दृष्टि से बाल कृष्ण चरित को ही भक्तिकाल के कवियों ने अपनाने का प्रयत्न किया। रीति काल के कवियों ने अपने काव्य ग्रन्थों के कई एक लक्षणों को उदाहृत करने में कृष्ण के शृंगारमय जीवन की पर्य्याप्त छानबीन की। कहीं कहीं मतवाले कवियों ने तो लोक-मर्य्यादा की भी हत्या कर डाली। राधाकृष्ण की प्रेम लीला की ओट में अश्लील वर्णन भी कहीं कहीं पाये जाते हैं।

रीतिकाल की कुछ फुटकर कविताएं मिलती हैं जिनमें महाभारत के आंशिक अनुवाद हुए हैं। प्रायः अठारहवीं उन्नीसवीं शताब्दी में ही महाभारत के अनुवाद पाये जाते हैं। भारत वर्ष में उन्नीसवीं शताब्दी एक बड़े महत्व का युग है। इस युग में भारतवर्ष में राज्य क्रांति ने प्रचण्ड रूप धारण किया। एक ऐसी जाति का राज्य स्थापित हो चला था जो अपने पौरुष पराक्रम के बल कई हज़ार मीलों की जल यात्रा करके वाणिज्य का अनुसंधान कर रही थी। राज्य तो आनुषंगिक ध्येय था। इधर भारतवर्ष में मुसलमानी राज्य की इति श्री का गणेश मनाया जा रहा था। अकबरी लोरियों से सुलाया हुआ भारत औरंगज़ेब के थपेड़ों से चौंक पड़ा था और भयभीत हुआ इधर उधर अपनी रक्षा की राह टटोलने लग गया था।

वीर रसात्मक काव्य तब ही लिखे जाते हैं जब कि उन्हें तात्कालिक सामग्री मिले या भूतपूर्व वीरों का गुणानुवाद करने के लिये प्रोत्साहन प्राप्त हो। उस समय कवि लोग अपना कर्तव्य समझते हैं :—

लै बल विक्रम बीन कवि किन छेड़त वह तान।
उठें डोलि जेहि सुनत ही धरा मेरु अरु भान॥

साहित्यिक क्रांति विचारगत ही हुआ करती है। हिन्दी का प्रादुर्भाव भी वीर गाथाकाल के कवियों की आंतकभरी बाणी द्वारा ही हुआ था और प्रौढावस्था को प्राप्त हो कर बृद्धावस्था के उच्छास भी वीर रसात्मक काव्य रूप में लेती रही। इस युग के उपरान्त गद्य का युग प्रारम्भ होता है। कविता भी अवने भाव भाषा और परिधान को बदलती है। नये रंग और नये हाव भाव साहित्य क्षेत्र में विचरते दिखाई पड़ते हैं। गद्य-प्रसिक्त-साहित्य-सरिता उपन्यास नाटक काव्य कहानी के रूप में प्रवाहित हो उठती है।

उन्नीसवीं शताब्दी में दक्षिण में मरहटे स्वतन्त्रता का नाद बजा रहे थे तो उत्तर में सिक्ख अपने बन्धनों को काट छांट कर स्वच्छन्द

विचरण करने के लिये भरसक प्रयत्न कर रहे थे। संयुक्त प्रांत, बंगाल और बिहार में राजकीय आंतक बहुत कम रह गया था। इसी लिये हम देखते हैं कि इसी युग में महाभारत के अनुवाद किये गये जब कि लोग भारत वर्ष के अभ्युदय के आकांक्षी हो रहे थे। प्राचीन वैभव, ऐश्वर्य, मान, प्रतिष्ठा, शूरवीरता के सच्चे उदाहरण जैसे हमें महाभारत में मिलते हैं दूसरे ग्रन्थों में नहीं मिलते।

आधुनिक युग

आधुनिक काल में अंग्रेज़ी और योरुपीय भाषाओं में तो महाभारत सम्बन्धी विशद साहित्य की सृष्टि हुई है। जिम में प्रशंसनीय कार्य हरमन याकोबी, डहलमेन, हापकिन्स और सी० वी० वैद्य महोदय का है। महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सचित्र महाभारत लिख कर आज कल की हिन्दी जानने वाली जनता का बड़ा उपकार किया है। भण्डारकर रिसर्च इन्स्टियूट ने समस्त महाभारत के संशोधित संस्करण के छापने का भार लिया है। इधर सात्वलेकर महोदय महाभारत का संस्कृत मूल भाषानुवाद सहित निकाल रहे हैं। महावीर प्रसाद का सचित्र महाभारत प्रसिद्ध और उपयोगी ग्रंथ रहा है। इण्डियन प्रेस, प्रयाग से भी चित्र सहित महाभारत का गद्यानुवाद निकला है। यह अध्यवसाय प्रशंसनीय है। सी० वी० वैद्य की महाभारत मीमांसा उल्लेख योग्य पुस्तक है। इसी सम्बन्ध में बाबू मैथिलीशरण गुप्त का 'जयद्रथ बध' एक बड़े महत्त्व की पुस्तक है। इधर गीता प्रेस गोरखपुर ने भी महाभारत मूल हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित किया है।

हिन्दी साहित्येहास का दत्त कवि

हिन्दी साहित्य के इतिहास में ऐसे चार कवि मिलते हैं जिनके नाम में दत्त शब्द आता है। ये कवि अपने काव्यों में 'दत्त' या 'देव' ही लिखते हैं क्यों कि यह शब्द उन के नाम का संक्षिप्त वाचक है।

१. एक दत्त जाजमाऊ निवासी का उल्लेख मिलता है। इनकी

लिखी अलँकार विषयक पुस्तक 'लालित्यलता' मिली है। कहते हें पद्माकर और ग्वाल कवि की और इनकी परस्पर कविता विषयक नोक झोंक रहती थी। इनका रचना काल १७६१ सम्वत् है। 'लालित्यलता' के मंगलाचरण में गणेश की स्तुति की हुई है। लिपिकाल १८०२ सम्वत् है। इस के विषय विवरण के लिये १६०३ की हिन्दी पुस्तकों की खोज तथा मिश्र बन्धु विनोद पृष्ठ ६८७ देखो।

२. दूसरा कवि दत्त प्राचीन गयावासी के नाम से उल्लिखित मिलता है। इनके ग्रंथ 'सज्जन विलास' 'वीरविलास' और 'ब्रजराज पंचासिका' लिखे गये हैं। इन में से 'सज्जन विलास' का पता १६०३ की खोज में मिला था। मंगलाचरण में गणेश की स्तुति है और यह कवित्त वही है जो (१) दत्त कृति लालित्यलता के प्रारम्भ में है। रचना काल १८०४ है। पुस्तक का विषय अलंकार है। कवि ने अपना परिचय देते हुए लिखा है कि यह ग्रंथ कुमार फतेसिह टिकारी (गया प्रांत) के राजा की आज्ञा से लिखा। (देखो मि० वि० पृष्ठ ७०१)

३. एक और कवि देवदत्त के नाम से लिखा मिला है। इन का ग्रंथ वीरविलास है। कविताकाल १८१८ है। इन का पता १६०६ की खोज से मिलता है। जम्बू के महाराजा रणजीतदेव के राज कुमार ब्रजराज की आज्ञा से यह ग्रंथ लिखा गया। रचना काल १८१८ से १८२३ है। (देखो मि० वि० पृष्ठ ७६६)।

४. विख्यात नामधेय सुप्रसिद्ध महाकवि देवदत्त देव के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनका जीवनकाल १६७३–१७५४ तक का है। यह तो कविता कामिनी वल्लभ रसिकप्रिय हैं। उनके ग्रंथ जाति विलास, रसविलास, प्रेमचन्द्रिका प्रसिद्ध हैं।

इन व्योरे से (१) और (२) दत्त के विषय में इतना सन्देह पड़ता है कि सम्भवतः ये दोनों व्यक्तियें एक हों क्यों कि लालित्य-

लता और 'सज्जन विलास' में कई एक बातें मिलती हैं जिन से ये दोनों ग्रन्थ एक ही कवि की कृति प्रतीत होती हैं। सम्भव है कि जाजमऊ निवासी 'दत्त' कुंअर फतेसिंह के कहने से गया प्रांत में उस राज्य में चले गये हों और वहां जाकर 'सज्जन विलास' लिखा हो। नम्बर दो देवदत्त के वीरविलास और ब्रजराज पंचासिका के संबन्ध में यह जान पड़ता है कि दोनों ग्रंथ दत्त (३) के लिखें गये हों क्योंकि (३) दत्त ने द्रोण पर्व का उपनाम स्वयं प्रत्येक अध्याय के अन्त में "वीरविलास" लिखा है। (३) दत्त ने ही ब्रजराज पंचासिका भी लिखी जिस में ब्रजराज देव की कांगड़े पर चढ़ाई का वर्णन है।

इस विवेचन से पता चलता है कि दत्त उपनामक तीन कवि ही हुए। इस लेख सम्बन्धी दत्त की रचित हमें ब्रजराज पंचासिका और बारह माह भी मिले थे जिनका प्रकाशन ओरिअण्टल कालेज मेगज़ीन १९३० जनवरी के अंक में किया गया था। जब हमें दत्त की जन्म भूमि में जाने का अवसर प्राप्त हुआ तो हमने बारहमाह पण्डित वासुदेव जी सुकराला वाले से कण्ठस्थ सुना। वीरविलास के कई सवैये उन्हें याद हैं। १७५ वर्ष का अन्तर पड़ने पर भी दत्त की प्रान्तीय लोकप्रियता वैसी की वैसी बनी हुई है।

वीर विलास की द्रोणपर्व से तुलना अर्थात् मूल पुस्तक का अनुवाद से मिलान

द्रोणपर्व के २०३ अध्यायों को दत्त कवि ने हिन्दी काव्य के ६७ अध्यायों में अनूदित किया। द्रोणपर्व की सारी श्लोक संख्या निर्णय सागर संस्करण में १००१२ मिलती है। इस वीरविलास में सारे पद्य ३३८० के लगभग हैं। दत्त कवि ने अपनी पुस्तक को दो भागो में विभक्त किया है। पूवार्द्ध में १ से लेकर ३६ अध्याय पर्यन्त विषय है और उत्तरार्द्ध में ३६ से ६७ तक। पूवार्द्ध का विषय अभिमन्युवध है और उत्तरार्द्ध का जयद्रथवध।

द्रोणपर्व में आठ उपपर्व हैं और उनकी अध्याय श्लोक संख्या का ब्योरा यूं हो सकता है :—

द्रोण पर्व			वीर विलास	
अध्याय संख्या		श्लोक संख्या	अध्याय संख्या	पद्य संख्या
द्रोणभिषेक पर्व	१६	७००	३	२०६
संसप्तकवध पर्व	१६	८२१	५	३४६
अभिमन्युवध पर्व	३१	१०७४	७	३७१
प्रतिज्ञा पर्व	१३	५६४	४	२०१
जयद्रथवध पर्व	६१	३७७८	२६	११०१
घटोत्कचवध	३१	१७६६	११	५४२
द्रोण वध	६	५२५	४	२२६
नारायणास्त्रमोक्ष	१०	७७४	७	३८८
	२०३	१००१२	६७	३३८७

मोटे हिसाब से वीर विलास के प्रत्येक अध्याय में द्रोण पर्व के तीन अध्यायों का विषय आ गया है और प्रत्येक पद्य में प्रायः तीन श्लोकों का विषय समाविष्ट है। सारांश यह है कि दत्त कवि ने द्रोण पर्व का आकार हिन्दी कविता में एक तिहाई कर दिया है।

दत्त कवि को द्रोणपर्व का सार खींचने में प्रायः बड़ी काँट छाँट करनी पड़ी। परन्तु इस कार्य में वह बहुत सफल हुआ है। वीर विलास में द्रोण पर्व का कोई भी महत्त्वपूर्ण अंग नहीं जो छूट गया हो। जितनी प्रधान प्रधान घटनायें हैं सब ले ली गई हैं। सारांश यह कि वीर विलास में सारी प्रयोजनीय बातों का समावेश हुआ है।

वीर विलास में कवि ने भाषा ओजस्विनी और परिमार्जित प्रयुक्त की है। रीति काल के कवियों के प्रिय छन्द कवित्त और सवैया ही रहे। कवित्त तो शृंगार और वीर दोनों रसों के लिये समानरूप से उपयुक्त माना गया था। वास्तव में पढ़ने के ढंग में थोड़ा विभेद कर देने से उसमें दोनों के अनूकुल नाद सौन्दर्य पाया जाता है। सवैया

शृंगार और करुण इन दो कोमल रसों के बहुत उपयुक्त होता है। यद्यपि वीर रस की कविता में भी इसका व्यवहार कवियों ने यहां तहां किया है। दत्त कवि ने दोहा सोरठा चौपाई सरल छन्दों के अतिरिक्त सवैया कवित्त छप्यय हरिगीतिका त्रिभंगी आदि का भी पर्याप्त प्रयोग किया है। ४१वां अध्याय भुजंग प्रयात में रचा, ४२वां सवैयों में। इसी प्रकार जिस छंद को लिया है उसका कुछ दूर तक व्यवहार किया है न कि छन्दों का मदारीपन दिखाया है।

दत्त कवि द्वारा द्रोणपर्व के अपनी कविता के लिये चुने जाने में भी कोई भेद था। द्रोणपर्व महाभारत में एक विशेष महत्त्व रखता है। द्रोण के सेनापतित्व में जितनी घटनाये हुईं उतनी भीष्म, या कर्ण, या शल्य के सेनापतित्व में नहीं हुईं। घटना चक्र का सवेग संक्रमण तथा कार्यकारण सान्निध्यता जितनी हम द्रोण पर्व में पाते हैं उतनी दूसरे पर्वों में नहीं पाते। कृष्ण के भानजे का मारा जाना कृष्ण के लिये कैसे सह्य हो सकता था जब कि उसकी बहिन सुभद्रा फूट फूट कर विलाप कर रही हो। इस लिये दत्त ने ऐसा विषय चुना जिसमें घटना बाहुल्य हो और नाटकीय क्रिया क्रम हो जिस से पाठक या श्रोतागण पढ़ते सुनते उसके काव्य ग्रंथ से उकतावें नहीं। दत्त अपने समय के अच्छे कथा वाचक थे। इस से संभव है कि उन्हों ने अपने इस प्रबन्ध काव्य की अवश्य लोगों के सामने कथा की होगी।

दत्त कवि के अनुवाद से प्रतीत होता है कि उसने द्रोणपर्व का अनुवाद करते हुए मूल का पूर्ण आश्रय लिया। मूल का त्याग करना आत्मवंचना होती है। सच्चा अनुवाद पाण्डित्य की अपेक्षा रखता है और कवि की भावुकता और उसके भाषा पर अधिकार का परिचय देता है। जिस अनुवाद में अनूदित ग्रन्थ का केवल प्रतिबिम्ब ही लिया हो वह अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सकता है। अनुवाद ऐसा होना चाहिये कि जिस के पढ़ने से मूल पुस्तक पढ़ने की आवश्यकता ही न रहे। सारी घटनाएं यथातथ्य से वर्णन की गई हों। प्रधान अंगों की उपेक्षा न की गई हो, और न कवि ने अपनी ओर से उस में कुछ मिलाया हो जिस से मूलभाव अन्तर्हित होते हों।

ये सारे गुण हमें दत्त के वीरविलास में मिलते हैं। 'दिग्दर्शन' के लिये कतिपय उदाहरण दिये जायेंगे।

दत्त कवि ने अनुवाद करने के लिये महाभारत के किस संस्करण का प्रयोग किया? इस प्रश्न के उत्तर देने में कोई संदेह नहीं पड़ता उन के अनुवाद की दाक्षिणात्य महाभारत के (निर्णयसागर संस्करण) संस्करण के साथ तुलना करने से प्रत्यक्ष जान पड़ता है कि दत्त कवि ने औतराह (कलकत्ता) संस्करण का अनुसरण किया। यह बात द्रोणपर्व के १०६, १४३, १४७-४८वें अध्यायों की वीरविलास के २७, ४२, ४४वें अध्यायों से यथाक्रम तुलना करने से स्पष्ट हो जाएगी।

दत्त कवि का जीवन चरित्र

दत्त कवि गौड़ पुरोहित भड्डु के रहने वाले थे। इनका निवास ग्राम जम्मू से पचास मील पर पूर्वोत्तर कोण में है। आज कल रेलवे स्टेशन पठानकोट से ३० मील पर है। भड्डु भडवाल राजपूतों की राजधानी थी और आजकल भी वहां पुराने प्रासादों के भग्नावशेष मिलते हैं। महाराज गुलाबसिंह ने इस वंश को अपनी राजधानी से तिलोकपुर ज़िला कांगड़ा में भेज दिया और इन का राज्य जम्मू रियासत में सम्मिलित कर लिया। भडवाल वंश के राजाओं की समाधियें अब भी भड्डु ग्राम में हैं, जिनकी पूजा वहां के गौड़ पुरोहित आज तक करते हैं।

दत्त कवि को तत्प्रान्तीय लोग दत्तू कहते हैं और दो हस्तलिखित पुस्तकों में प्रत्येक अध्याय के अन्त में दत्तू ही आता है। परन्तु इन्हों ने अपनी कविता में कविदत्त और देवदत्त भी लिखा है। इन के वंश की एक शाखा के लोग आजकल भल्लड़ ग्राम जिला कठुआ जम्मू राज्य में रहते हैं और दूसरी शाखा के सुकराला में। इन के वंशजों में से पंडित गदाधर जी ने अपने प्रपितामह दत्त जी के सम्बन्ध में मुझे एक संक्षिप्त विवरण लिख भेजा था जिस की प्रतिलिपि यूं है :—

"श्री दत्त कविराज का मैं प्रपौत्र हूँ। श्री दत्त जी का भड्डु में जन्म हुआ और मरण तक भड्डु में रहे। उन की आयु ८८ वर्ष हुई। अब उनका वंश भल्लड़ ग्राम में है जो जसरोटे के पास है। श्री दत्तू जी के बनाए हुए ग्रंथों के नाम ये हैं:—रघुचन्द्रिका, विष्णुमहिमन्, द्रोणपर्व भाषा उपनाम वीरविलास, ज्योतिषप्रकाश, ब्रजराज पंचासिका, दत्तसंग्रह, कमलनेत्रादि। इन में से कई हम लोगों के घर में हैं, ब्रजराज पंचासिका श्री महाराजा रणजीतदेव जी की आज्ञा से लिखी।

श्री दत्त जी का आचार व्यवहार :—वह श्री यंत्र का पूजन करते थे। उनके गुरु महाराज श्री सूर्यनारायण जी दक्षिण देश के थे। मिथिला नगरी के रहने वाले थे। इस देश में २५ वर्ष रहे।

सुकराला में महाकाली का यंत्र स्थापित किया। घगवाल में नृसिंह जी का यंत्र स्थापित किया। श्री दत्तू जी की जिह्वा पर बीज मंत्र लिखा। जिस से बुद्धि तेज हुई और तब ग्रंथ बनाने लगे।

श्री दत्तू जी की जाति गौड़ पुरोहित गोत्र वृहस्पति, माध्यन्दिनी सूत्र, कात्यायनी प्रवर है। श्री दतू जी महाराज रणजीत देव के आश्रित रहे। जम्मू में २८ वर्ष कथा करते रहे। श्री दत्तू जी के वंश में अब तक कविता करते हैं।"

यह पत्र मुझे पंडित श्रीचन्द्र जी तर्कतीर्थ की कृपा से प्राप्त हुआ था। इस पत्र से यह पता चलता है कि दत्तू कवि शक्ति के उपासक अवश्य होंगे। क्यों कि उनके गुरु सूर्यनारायण जी ने सुकराला में श्री यंत्र की स्थापना की। एक हस्तलिखित पुस्तक में जिस में तीर्थों की उत्पत्ति के विषय में लिखा हुआ है, लिखा मिला है कि सूर्यनारायण जी सम्वत् १८११ में सुकराला आये। इसलिये कविदत्त और सूर्यनारायण जी के समकालीन होने में कोई भी संदेह नहीं। साथ ही यह बात भी निश्चित ही है कि सूर्यनारायण जी दत्त के गुरु भी रहे होंगे क्योंकि सुकराला दत्त कवि के निवासस्थान भड्डु से

छः सात मील की दूरी पर है। ऊपर के पत्र में सूर्यनारायण को मैथिल और दाक्षिणात्य लिखा है। इस में लिखने वाले की भौगोलिक ज्ञान की त्रुटि जान पड़तीं है या परम्परा से ही ऐसी जनश्रुति प्रसिद्ध हो। हमारे विचार में वह मैथिल ही होंगे।

सुकराला भगवती क्षेत्र ही कवि क्षेत्र हो गया।

सुकराला भगवती का मन्दिर भड्डु से दस मील के फासले पर एक छोटी पहाड़ी के शिखर पर विराजमान है। सुकराला भगवती के नाम पर उस ग्राम का नाम पड़ा हुआ है। इसकी स्थापना चम्बा के राजा उमेदसिंह (१७४८–१७६४ सन्) ने की थी। सुकराला की उत्पत्ति (हस्तलिखित) में लिखा मिला कि बलौर के पाधे मलूक ने हरिपर्वत (श्रीनगर, काश्मीर) में शारिका भगवती से वर प्राप्त किया था कि मैं तेरी चौथी पीढ़ी में तेरे घर आऊंगी। मलूक के तीन पुत्र हुए। त्रिलोचन कवि हुआ, बदरी पण्डित बना, और जयदेव वैद्य प्रसिद्ध हुआ। त्रिलोचन का पुत्र महादेव और महादेव का शिवनन्दन। शिवनन्दन के समय उमेदसिंह चम्बे का राजा बलौर की तरफ शिकार खेलने आया। जिस स्थान पर आज कल सुकराला का मन्दिर है वहां इस ने कई जंगली जीव (पिज्जड़) मारे। भगवती के पवित्र स्थान पर इस हत्या के कारण राजा को दैवी दण्ड मिला। उसे लौटती बार रात को बलौर के समीप पेट में दर्द शुरू हुआ। राजा को कोई औषध भी आराम न दे सकी। उस समय शिवनन्दन पाधा बलौर से बुलाया गया जिस ने अपनी तन्त्र विद्या से राजा को नीरोग किया और भगवती सुकराला का मन्दिर राजा से बनवाया और राजा से प्रतिज्ञा करवाई कि अब फिर कभी इस पवित्र देवस्थान के समीप हत्या न करेंगे। कहते हैं कि इस मन्दिर के बनाने का मसाला चम्बे से ही लाया गया था। हीरू ठक्कुर ने भी देवी की आराधना की थी और राजा को सहायता दी थी। आज कल भी हीरू बंशज सुकराला भगवती के चेले कहे जाते हैं और वे आवेश में आ कर नाचते हैं और दैवज्ञ का काम भी

करते हैं। कालिका के सहस्र नाम में 'कराल' शब्द आया है और 'सु' उपसर्ग उसकी प्रशंसा में है। 'कराल बदना' 'घोरा' कालिका के ध्यान में भी लिखा है। कराल शब्द का अर्थ दन्तुर है। भगवती की सुकराल में अंगुष्ठ मात्र जो प्रतिमा है वह दन्तुर है। इस लिये यह अन्वर्थ संज्ञा है।

सुकराला को मल्लभवानी भी कहा जाता है। संस्कृत में लिखा हुआ 'मल्लाविर्भाव' काव्य है। पर हमारे दृष्टिगोचर नहीं हुआ। कहते हैं सुकराला के उपाध्याय नंदराम जी के पास वह पुस्तक है। सुकराला का एक स्तोत्र पण्डित गंगा राम कृत भी कहा जाता है पर अभी तक हमें तो अप्राप्य ही है। आजकल सुकराला भगवती की पार्वतीय प्रान्त (जम्मू कठूआ ज़िला) में बड़ी महिमा है। दूर दूर से यात्री जाते हैं। चावलों के भिगोए हुए चूर्ण से सारे मार्ग में चक्र बनाते आते हैं। यह चक्र शायद भगवती की अनन्त महिमा का चिह्न मात्र हों। कई मनौतीयें चढ़ाते हैं। इस स्थान पर कई बकरों की बलि दी जाती है। जिस भगवती ने अपने आपको जीवहत्या पर कुपित हो कर प्रकट किया था क्या वह बकरे की जीवहत्या से प्रसन्न होगी, कभी नहीं। यह प्रथा बाद में तांत्रिक लोगों ने या पांचमकार सेवियों ने चलाई जान पड़ती है। ऐसे पवित्र स्थान में जीवहत्या शोभा नहीं देती।

सुकराला के पुजारी शिवनन्दन पाधा के वंशज चले आते हैं। राजा की ओर से पर्याप्त अग्रहार इस मन्दिर के साथ लगा हुआ है, जिस से कई कुटुम्बों का भरणपोषण होता है।

पं० वासुदेव उपाध्याय ने अपनी वंश परम्परा का एक कवित्त सुनाया था।

बड़े जो हमारे पाछे कविता में प्रवीण भये,
सारदा भवानी जू सों ऐसो वर धारो जू।
प्रिथम त्रिलोचन जाके कवि महादेव भये,
कविता के ग्राम जानो कवियन भारो जू॥

तीजो सिवनन्दन जगत में परसिद्ध भये,
जाके गणराज नाम अम्बा के उचारो जू।
आज के जमाने किम्मत कविता की जानें कोऊ,
कौन हूँ के आगे जसजाय मैं पुकारौं जू॥

दत्तानुज पुत्र शिवराम कृत एक पद्य है

जेहैं बरदाती मनमाती रहें नित प्रति,
दयारसराती दुति कोटि दिनेसै दी।
जिन्हें सेवी माई पाई तिन्हें रिद्ध सिद्ध,
तिन्हें आवता चुगाई सनें देवते सुरेसें दी॥
जित्थे जित्थे सौंरे कोई होनिये सहाई जाई,
जियां महाराज सुनि कूक गजेसै दी।
करना कैं चिन्ता सिबरामा मनै बिच्च,
कट्टग कलेश तेरे प्यारी महेसै दी॥

सुकराला मन्दिर का वर्णन सुनिये

घोर परी रहैं बाजन की सुकराहला भौन विराजत रानी,
झांजर फेर नफीर बजें वर देत विचित्र सब है जग जानी।
आवत संत हुलास भरे बर देत अतै तुमही धन मानी,
कामनी गावत शैल खरी वर देत मनोरथ मल्ल भवानी।

ऊपर लिखे उल्लेख से पता चलता है कि भगवती का क्षेत्र ही कवि क्षेत्र है। जो उसकी अर्चना करता है उसकी बुद्धि कविता में अग्रसर हो उठती है। दत्त का वंश शायद भगवती चरणकमलों की कृपा से ही कवि वंश हो गया। दत्त कवि पर श्री सूर्यनारायण द्वारा भगवती की विशेष कृपा हो गई थी जिस कारण वह अपना नाम अमर कर गये।

दत्त कवि के गुरु और वंश परम्परा

कहा जाता है अर्जुन और दत्तू भड्डू के रहने वाले ब्राह्मण थे। दत्त गौड़ अर्जुन घरैड़च ब्राह्मण था। दोनों सूर्यनारयण के शिष्य

थे। अर्जुन कुशाग्रबुद्धि था पर दत्तू मन्दबुद्धि। अर्जुन थोड़े काल में विद्यानिपुण तथा शास्त्र पारगंत हो गया। दत्तू विचारा मारा मारा गुरु के पीछे फिरता रहा। एक बार अर्जुन ने अभिमान वश गुरु की अवज्ञा की जिस से उसे विद्या निष्फल होने का शाप मिला। दत्तू द्वारा गुरु जी से बुलाये जाने पर उस ने दत्तू को उत्तर दिया था कि अब गुरु जी के पास है ही क्या जिसके लिये मैं उनके पीछे जाऊं। सूर्यनारायण जिस समय अपने देश को लौटे तो दत्तू भी साथ हो लिया। दत्तू की दृढ़ भक्ति और गुरु प्रेम से प्रसन्न हो कर सूर्यनारायण जी ने उनकी जिह्वा पर बीजमन्त्र लिखा जिस से उनकी प्रवृत्ति कविता की ओर अग्रसर हुई। स्थान स्थान पर दत्तू ने गुरु महिमा का उल्लेख किया है। वीर विलास के प्रथम अध्याय का तृतीय कवित्त है।

पिङ्गल मैं पंगू अंग भाषा कौ न जानत हौं,
बड़े गूढ ग्रन्थनि के पंथ में थकत हौं।
बैठयो न समाज कविराजन के ताकी पुनि,
सुनी है न मीठि बानी ऐसो मंद मतहौं।
एक है अधार गुरु सूरज नरायन जी के,
चरनन की धूरि पूर शीष में धरत हौं।
देव देव मानी ऐसी तीन लोक रानी जू की,
कृपा हुते भारत कहानी उचरत हौं।

दत्त कवि के प्रपौत्र त्रिलोचन कवि ने नीतिविनोद की भूमिका में भी इस कवित्त की छाया लेकर लिखा है :—

पिंगल न जानौं नहीं जानौं रसराज हूं को,
रसिक पियारी विहारी सों टरत हौं।
भाषा कौ न लेश ना प्रवेश कविरायन में,
चार अपगुन के फल सौं डरत हौं।

एक जगदम्बा गुरु सूरजनारायण के,
चरन कंज धूर निज शीष पर धरत हौं।
पाई कै निदेश श्री नरेश रणबीर जू की,
राजन के हेत राजनीति ग्रन्थ करत हौं।

इन अवतरणों से जान पड़ता है कि श्री सूर्यनारायण जी को इन्होंने ने कुल गुरु माना है। इन की सुसंगति और शिक्षा से दत्तकवि की प्रखर बुद्धि ने व्रज भाषा को ही अपनी काव्य भाषा बनाने में प्रोत्साहित किया। व्रजराजपंचासिका के प्रारम्भ में लिखते हैं :—


पूजौं श्री गुरु देव सकल देव मूरति विमल,
जा प्रसाद कछु भेव पायो दत्त कवित्त को।

वीर विलास के प्रारम्भ में लिखा है :—

चरन कमल गुरुदेव के विमल ज्ञान की खान,
निसिदिन दत्त हियै बसैं करत दुरित की हान।
तिंहि प्रसाद कविता करौं अपनी मत अनुसार,
शब्द अर्थ चूकै तहां कोविद लेहु सम्हार॥

दत्त कवि का वंश आजकल भल्लड़ ग्राम और सुकराला ग्राम में रहता है। सुकराला के पण्डित वासुदेव उपाध्याय जी से मिलने का अवसर हुआ। उन्होंने दत्त का बारह माह भी सुनाया जोकि उन्हें कण्ठस्थ था। वीर रिलास के प्रसिद्ध प्रसिद्ध सवैये और कवित्त इनको जिह्वाग्र थे। दत्त के वंश के और लोग भी कविता किया करते थे जिन के अनेक पद अभी तक लोगों में श्रुति परम्परा से चले आते हैं।

दत्त कवि का वंश-वृक्ष यूं दिया जा सकता है।



उन ग्रन्थों को सूची जो दत्तकृत कहे जाते हैं

(१) वीरविलास :—द्रोण पर्व का अनुवाद ।
(२) व्रजराज पंचासिका :—यह वीर खण्ड काव्य है ।
(३) बारामाह :—विप्रलम्भ शृंगारात्मक महीनों का रस प्रसिक्त वर्णन ।
(४) दत्त संग्रह :—विविध विषयों पर दत्त की कविताओं का संग्रह है ।
(५) भूप वियोग :—बलावर के राजा भूपतिपाल की मृत्यु पर शोक स्तबक ।
(६) अमृत वियोग :—बलावर के राजा अमृतपाल की मृत्यु पर शोक स्तबक ।
(७) रघुचन्द्रिका :—इस पुस्तक की हस्त लिखित प्रति जो हमें प्राप्त हुई है, उसमें रघुवंशीय राजाओं का चरित्र संस्कृत कविता में संक्षेप से वर्णित है ।
(८) कृष्णमहिम्न स्तोत्र :—इस में ३१ श्लोक शिखरिणी छंद में कृष्ण भक्ति विषयक हैं ।
(९) कृष्णाष्टक : संस्कृत श्लोक बद्ध ।
(१०) सायं पंचक :—संस्कृत श्लोक बद्ध ।
(११) ज्योतिष प्रकाश :—ज्योतिष सम्बन्धी ग्रन्थ है ।
(१२) ऋतु वर्णन ।
(१३) गोपी वियोग और कमलनेत्र स्तोत्र ।

इन में से पहिले तीन इस ग्रन्थावलि में प्रकाशित हो गये हैं। क्रमांक ८ पर दी गई पुस्तक संस्कृत में थी । वह क्रमांक ७, ९ और १० पर आंकित पुस्तकों के साथ ही निजी पुस्तक संग्रह में लाहौर रह गई । शेष हमारी दृष्टिगोचर नहीं हुई ।

यदि भूप वियोग भूपतिपाल की मृत्यु पर शोक स्तबक है तो यह भूपतिपाल १५९८-१६३५ सन् तक रहा और यह समय दत्त से अतिपूर्व का है । संभव है यह भूपवियोग दत्त के समकालीन राजा अमृतपाल

के देहावसान पर ही लिखा गया हो और भूपतिवियोग और अमृत वियोग एक ही पुस्तक के दो नाम हों। अमृतपाल का समय १७३६ से १७७६ तक का है। अमृतपाल ने रणजीत देव की लड़की से १७५९ में शादी की थी और जम्मू से इस प्रकार इसका बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध रहा। भड्डु उस समय पृथ्वी पाल के अधीन था, जिस का राज्य-काल सन् १७५६ से प्रारम्भ होता है। पृथ्वीपाल अमृतपाल का समवयस्क था। दत्त कवि पृथ्वीपाल के राज पुरोहित थे।

दत्तकृत काव्य की लोक प्रियता के कतिपय उदाहरण

दत्त कवि संस्कृतज्ञ भी थे इनका विष्णुमहिम्न स्तोत्र लिखा हुआ हमें मिला है उसका एक श्लोक उद्धृत करते हैं।

भ्रमद्भूभृद्वेगोन्मथितजलधेर्निःसृतसुधा-
समादोने वादोऽभवदमरदैत्यैर्गुरुतरः।
स्वभक्तानां श्रेयः समभिषलता तत्रभवता,
प्रभो ! योषिद्रूपं धृतमखिललोकैकरमणम्।

दत्त के कई एक कवित्त रुचिकर और लोकप्रिय होने के कारण लोगों को याद हैं। जिनमें से कई एक हमें पण्डित वासुदेव जी ने सुनाये। वे ये हैं :—

हैं हंकार कलंक गुनीन को पहाड़ के पंथ कलंक है घोड़ा।
सूर को आप सराहि कलंक जु नीर के साथ कलंक है पोरा।
धीर के साथ है मूढ कलंकरु साध के साथ कलंक है चोरा।
दत्तहि भात के साथ मखीर अरु खीर के साथ कलंक भठोरा।

इस पद्य में देशज शब्द भी लाये गये हैं, यथा पोरा (जल जीव) मखीर (मधु), भठोरा (खमीर वाली रोटी)

डोगरी भाषा में इनका एक पद है :—

किल्लेए बत्तना छोड़ि दिता, इब्भै साथै कनै भरी ल्यानीयां पानीं।
लोक बुरा इस गंगथा दा अनदोसीया की दोस दिंदा है जानीं।

किंयां कुसै कनैं हस्सनां बोलनां किंयां कुसै कनैं गल्ल गलानीं।
सिक्ख दियां मिकी देवी दता हुन सस्स ननान किंयां समझानी।

गंगथ पठान कोट के समीप है।

दत्त कवि से एक बार जसरोटे के राजा ने पूछा था, महाराज आप कोई सुवर्ण भूषण नहीं पहिरते, तो कवि ने उत्तर दिया :—

सार सुत सारो ही हमारो कण्ठ भूषण,
अमर तबीत गल रत्न ही जड़ायौ है।
कंकण कुमार कर पौंची रघुबंस लसै,
मेघदूत अंगद सों बाहु छविछायो है।
कुंडल किरात माघ सोभत हमारे,
कान नैषध मुकुट गुरुदेव पहिरायो है।
कंचन के भूषन को दूषन अनेक लागैं,
दत्त ऐसे भूषन को साज मन भायो है।

राज कुमार ब्रजराजदेव ने एक बार एक स्त्री को सती होते देखा। उसके माथे पर लाल टीका था। दत्त से पूछने लगे आप ने कभी विधवा स्त्री के माथे पर लाल टीका देखा है ? दत्त ने उत्तर दिया :—

प्रीतम साथ चली जरनै को जू हार सिंगार लगाई कै नीको।
छोडि दिये धन धान्य कुटुम्ब जे प्यारे बिना सब लागत फीको।
होरि रहे कर जोरि सब मोहि लागति नाहिं हट्यों हठ नीको।
दत्त लख्यो पुर मण्डल मैं विधवा के ललाट सुहाग को टीको।

प्रतीत होता है दत्त कवि के समय भी कहीं कहीं सती की प्रथा चलती रही हो।

दत्त कृत बाराह माह हम ने ओरियण्टल कालेज मैगजीन (जनवरी १९३०) में प्रकाशित किया था। इन्होंने ऋतुवर्णन भी किया है। वर्षा और बसन्त पर इनकी उक्ति है :—

लाग रही झरिहि चहुं ओर जे घेरत पौन महासुखदाई।
ऊपर भौन विछौन कियो अति सोभत चीरन की रसनाई।
कोकिला मोरहि चातक दादर सोर करें चपला सुखदाई।
दत्त अनन्द भयो मन मैं पिआ पास रहौ वर्षा ऋतु आई ।।१।।
आई बसन्त हसन्त सखी घर कन्त नहीं किसै पाओं सन्देसा।
जा दिन के विछड़े पिआ नन्दन ता दिन ते सुख सोयो न सेजा।
स्याम विजोगन होई गई रंग राज की सेज भई रंग रेजा।
पिआ पिआरे को आनि मिलावहु जु आई मिलै नहीं मो कहु लेजा।

कहते हैं कि जसरोटे के वास्तव्य हीरासिंह के गुरु सिक्ख इतिहास में प्रसिद्ध जल्हा पण्डित ने दत्त पौत्र विद्यानिधि को एक समस्या पूर्ति करने को कहा था। समस्या थी 'स्रावन की झरी देख लागी भरन घड़ीयां।' विद्यानिधि ने नीचे लिखा कवित्त पढ़ा जिस पर प्रसन्न हो कर उन्हें ५००) रुपया पारितोषिक मिला। सहृदयों की गुणग्राहकता का यही प्रमाण हुआ करता है।

प्रीतम विदेस पयान जब करन लागै,
प्यारी के कपोल चूम बातां यह करियां।
हूजै न उदास आस राखौ मन पावस की,
सुनत जह बात बूंदा पलकन ते ढरियां।
सम्वत् समान दिवस निसी बीत गये,
अबधिहूँ ते चूक परी ताते हौं डरियां।
कहत कवि विद्यानिधि विरहों की सताई,
नार स्रावन की झरी देख लागि भरन घड़ीयां।

विद्यानिधि के पौत्र वामदेव कचहरी की कार्यवाही से तंग आकर लिखते हैं :–

दै हमैं अरजी जसरोटा की बजारत सों,
तीन बरस गुजारे सर्यो नहीं काम है।
दौर दौर थक हम जम्बू जसरोटा सों,
कागद अस्टाम लेते छीन लिया दाम है।

पूंछत बंधु अरु मित्र सब भाई मेरो,
कौन देखो न्यां तुम बैठो जाई ग्राम में।
कहत कवि वामदेव श्री महाराजा प्रतापसिंह,
दालत के हाकम जे करते कौन काम हैं।

इन के वंश में त्रिलोचन कवि हुए जिन्होंने १६१६ संवत् में शान्तिपर्व का अनुवाद किया जिसका नाम 'नीतिविनोद' रक्खा। इसका सविस्तार वर्णन पृथक् लेख में किया जाना था। इन्होने अपनी पुस्तक के प्रत्येक अध्याय के समाप्ति सूचक वाक्य में यूं लिखा है :—

"इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मभाषायां कवि देवदत्तानुज नंदरामात्मज शिवराम तत्सूनुत्रिलोचनविरचिते नीतिविनोदे प्रथमोऽध्याय:" यह पुस्तक अभी मुद्रित नहीं हुई। हमें इसकी एक ही प्रति पण्डित पद्मनाभ जी रघुनाथ पुरा जम्मू वालों से प्राप्त हुई थी और वह भी लाहौर में रह गई।

दत्त के पौत्र विद्यानिधि ने कर्ण पर्व का हिन्दी पद्यानुवाद किया और पुस्तक का नाम 'वीरविनोद' रखा। इस पुस्तक की हस्त-लिखित प्रति अधूरी ही हमें मिली थी।

दत्त के प्रपौत्र रुद्रदत्त का एक पद्य डोगरी भाषा में मिला है। रुद्रदत्त जम्मू के महाराजा रणवीरसिंह का समकालीन था। यह त्रिलोचन का भाई था। उसने महाराजा से विनति की थी कि आपके राजदरबार में सब का मान होता है मुझ जैसे देशीय अल्पज्ञ पर आप का अनुग्रह होना स्वाभाविक है। उसने कहा :—

आउंदे बपारी घोड़े आनदे कंधारी मुल्ल पादे सैओ भारी
जन्दा कोई नईओं सक्खना।
केसर दुसाले जवाहर जरी कीन खाव,
मोती अमोल आपूं चली आउंदे दक्खना।
जम्मुवां दा राजा भूपति सुलक्खना,
अपना बपारी जान त्रंगड़ माल रक्खना।।

इस ऊपर के विवेचन से पता चलता है कि दत्त कवि के वंश में कविता परम्परा से होती चली आ रही है। परं लब्ब ख्याति तेजस्वी कवि दत्त और त्रिलोचन ही हुए।

दत्त कवि के फुटकर पद्यों में से कृष्ण भक्ति के दो पद्य उद्धृत करते हैं :—

तान परी जब कानन में सुध भूल गई जु भई हूँ अजानी,
भात में हिंगु बसार मिलाबत दाल में डार दिया भर पानी।
लौन परयौ न कहूँ कविदत्त जु खीर में डारत दाड़िम छानी,
नंद कुमार करौं मनुहार रसोई समे मुरली न बजानी।

और भी सुनिये :—

प्रीतम मांगत भात जवै तब डार दई दरबी भर पानी,
दाल के मांगत भात दियो पिया पूछत है मन में रिसयानी।
नींदहु के मिस सों पयको समझाय कहो मन मांहि लजानी,
दत्त कृपा करि नंद के लाल रसोई समे मुरली न बजानी।

दत्त की आर्थिक दशा कोई इतनी अच्छी नहीं जान पड़ती। वास्तव में सरस्वती और लक्ष्मी का वैर नैसर्गिक है। दत्त कहता है :-

आधो शरीर तियो हरि को हर आधो दियो गिरराज की जाई,
ज्यों विधि शंभु अभाव भयो लखि देव नदी उदधी उठि धाई।
चंद्रकला गई अन्बर मांहि पाताल गयो पुनि पन्नग राई,
ज्ञान प्रभूत गयो नृपहून को भीष रही कविदत्त के आई।

वीरविलास के कतिपय अवतरण जिनसे कवि की काव्यकला तथा अनुवाद कुशलता का प्रमाण मिलता है

स्थान स्थान पर मूल और अनुवाद का तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया है और कई बार मूल श्लोक भी उद्धृत किये गये हैं।

वीरविलास का आरम्भ भीष्मपतन और द्रोणाभिषेक से होता है। भीष्मपतन के सम्बन्ध में कवि सरल सानुप्रास भाषा में कहता है :—

सुरसरिसुत जब सर तलप पर्यो सूर सिरमौर।
तव तुअ्र सुत पांडव सहित गये सकल उहि ठौर ॥१।३॥
संतनु सुत को पतन लषि विमन भई तुअ्र सैन।
अलि आवलि जनु मधुप गये धरत न चित महि चैन ॥१।८

जैसे दुजराज विन राजत न रैन जैसे,
विन भरतार बरनार दुति फीकी है।
आपगा विहीन आप सोहत न जैसे पांच,
बदन बिहीन जैसे कंदरा गिरी की है॥
हने कालसार हूँ के वीभि ज्यों कुरंगन की,
देषियत वाहिनी ज्यों बांधी तब लीकी है।
पांडु सुत ग्रसी आई तैसेई निहारी नृप,
भीषम विहूनि फौज लागत न नीकी है॥

ब्रजभाषा में कोमल पदावली का होना कवि के भाषा अधिकार का परिचय देता है। द्रोणाभिषेक वर्णन में कवि भावव्यंजना का अच्छा उदाहरण दिया है। शब्दों के चुनाव में दृश्यों के वर्णन में आयास नहीं दिखाई देता। भाषा विदग्धता अच्छा उदाहरण है, वाग्धारा स्वयं स्फुरित होती दीखती है :—

बाजत हैं संख और बजंत्र घने ठौर ठौर,
बाढ़त विनोद पुंज तन न समाने हैं।
देत हैं असीस वेदपाठी सब वेद पढ़,
बंदीजनगीत सुर लागत सुषाने हैं॥
बोले जय शब्द द्विजराज कुरु राजन कौ,
तैसे वारनार नृत्य लागत सुहाने हैं।
सेनापति भयो द्रोन देखि तुअ्र सुत हूनै,
तृन के समान सबै कुंति सुत जाने हैं ॥२।४६

ऊपर के कवित की मूलधार श्लोकों के साथ तुलना करने से पता चलेगा कि दत्त ने कहां तक सत्यानुवाद किया है, इस अनुवाद से दत्त कवि की संस्कृत और हिन्दी भाषा की प्रगल्भविद्वत्ता का पता मिलता है। श्लोक ये हैं :—

ततो वादित्रघोषेण शंखानां च महास्वनैः
प्रादुरासीत् कृते द्रोणै हर्षः सेनापतौ तदा
ततः पुण्याहघोषेण साशीर्वादस्वनेन च
संस्तवैर्गीतशब्दैश्च सूतमागधवन्दिनाम्
जयशब्दैर्द्विजाग्र्याणां सुभगानर्तितैस्तथा
सत्कृत्यविधिना द्रोणं मेनिरे पाण्डवांजिताम् ।।७।७।६।।

मूल और अनुवाद के कतिपय तुलनात्मक उदाहरण और दिये जाते हैं :—

वीरबिलास

क्यौं वह रन महि हारिहै कृष्णदेव जिहि मीत।
हितकारी सब लोक गुरु नारायण निरभीत ।।३।१८।
चमके आयुध रैन भूषण मनि कंचन जरे।
भूपति भारत सैन भई भगन जुत गगन ज्यौं ।।४७।४५।
बाहुज सूरे भुजनसों विप्र वचन बल भूरि।
अर्जुनसूरो धनुषसों करन मनोरथ सूर ।।५०।१०।
पावस घन जनु सूर जनु गरजत है धरि धीर।
बीजांकुर जनु तुरतफल देत छोरि जलतीर ।।५०।१२।

द्रोणपर्व

येषां च पुरुषव्याघ्रः शार्ङ्गधन्वव्यपाश्रयः
हितार्थी चापि पार्थानां कथं तेषां पराजयः १०।७५
ततः सा भारती सेना मणिहेमविभूषिता
द्यौरिवासीत्सनक्षत्रा रजन्यां भरतर्षभ १५५।२८

बाहुभिः क्षत्रियाः शूरा वाग्भिः शूरा द्विजातयः ॥
धनुषा फाल्गुनः शूरः कर्णः शूरो मनोरथैः १५६।२३

शूरा गर्जन्ति सततं प्रावृषीव बलाहकाः ॥
फलं चाशु प्रयच्छन्ति बीजमुप्तमनूषरे १५६।२५॥

द्रोणपर्व के १८५वें अध्याय के ४७–५५ श्लोकों में चन्द्रोदय रम्य वर्णन किया है। दत्त ने भी मूलभाव के आधार पर दोहे लिखे हैं :—

ततः कुमुदनाथेन कामिनीगण्डपाण्डुना ।
नेत्रानन्देन चन्द्रेणमाहेन्द्रीदिगलंकृता ॥४७॥

दशशताक्षककुब्दरिनिःसृतः
किरणकेसरभासुरपिञ्जरः ॥
तिमिरवारणयूथविदारणः
सुमुदियादुदयाचलकेसरी ॥४८॥

यथा चन्द्रोदयोद्‌धूतः क्षुभितः सागरोऽभवत् ।
तथा चन्द्रोदयोद्‌धूतः क्षुभितश्च बलार्णवः ॥५६॥

देखिये दत्त क्या कहता है :—

उग्यो नैन आनन्दकर चन्द उदैगिरि आइ ।
प्राची दिस भूषित भई भूप महाछवि पाइ ॥
उदयाचल गिरि ते निकसि चल्यो गगन बनवीच ।
अन्धकार बारन हनत बिधुहरि सटा मारीच ॥
सीत सीतकर कर लगत जागि उठे दल दोइ ।
भयो छोभ जनु सिंधु मैं उदित छपा कर जोइ ॥५७।४४॥

दोनों भाषाओं में उपमा अच्छी जंची है ।

माघकवि जैसा चन्द्रोदय वर्णन हुआ है। तुलनात्मक उदाहर और देखिये ।

भूप ! सूत सुत भीमसौं द्विजवरसौं कपिकेत ।
लर्‍यो समरमहि यमनिसौं तुअ सुत अनुजसमेत ॥५६।१०॥
दुर्योधनः सह भ्रात्रा यमाभ्यां समसज्जत ।
वृकोदरेण राधेयो भारद्वाजेन चार्जुनः ॥१८८।३४॥

द्रोणयुद्ध निपुणता का वर्णन संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओं में देखिये। द्रोण ने जब चढ़ाई की तो :—

प्रयाते सत्यसन्धे तु समकम्पत मेदिनी ।
ववुर्वाताः सनिर्घातास्त्रासयाना वरूथिनीम् ॥१६३।१७॥
पपात महती चोल्का आदित्यान्निश्चरन्त्युत ।
दीपयन्ती उभे सेने शंसन्तीव महद्भयम् ॥१६३।१८॥
जज्वलुश्चैव शस्त्राणि भारद्वाजस्य मारिष ।
रथाः स्वनन्ति चात्यर्थं हयाश्चाश्रूण्यवासृजन् ॥१६३।१६॥

इन तीनों श्लोकों का अनुवाद दत कवि ने एक पद्य में किया है।

कियो गौन जब द्रोन अरिन पर कांपि उठी नृप धरनी ।
वहै बात निरघात सहित ही छयो धूर सौ तरनी ॥
परी उल्क रवि मण्डल हूँ ते डरी सकल तुअ सैना ।
उठी अगन हथयारन मांही डर्‍यो सलिल हरि नैन ॥६१।१४

दत्त की अनुवाद शैली का यही क्रम है और यही रीति है। दत्त ने बाणों तक की गिनती यथार्थ कर दी है। अश्वत्थामा ने युद्ध में—

ततोऽर्जुनं षड्भिरथाजघान
द्रोणायनिर्दशभिर्वासुदेवम् ।
भीमं दशार्धैः युवराजं चतुर्भिः
द्वाभ्यां द्वाभ्यां मालवं पौरवं च ॥२०१।८२॥
सूतं विद्ध्वा भीमसेनस्यषड्भि-
र्द्वाभ्यां विद्ध्वा कार्मुकं च ध्वजं च
पुनः पार्थं शरवर्षेण विद्ध्वा
द्रौणिर्घोरं सिंहनादं ननाद ॥२०१।८३॥

दत्त कवि ने दोनों श्लोकों का अनुवाद बड़ी निपुणता और पाण्डित्य से एक सवैये में किया है :—

पारथ कौ षट् माधव कौ दस भीम को पांच नराच लगाए
भूप ! षरे युवराज को चारहि चहूनिसों मालव पौरव धाए।
भीम को सूत विंध्यो षटसों धनुकेतु दुहूनिसौं भूमि गिराए
केहरि नाद कै कै पुनि भीम के ऊपर बानघने बरसाए ।।६६।६।।

युद्ध भूमि का वर्णन कवि ने ऐसा लिखा है जैसे कि कवि ने युद्ध स्थल लड़ाई में आंखों देखा हो। दत्त कवि ब्रजराज देव के साथ चढ़ाइयों पर जाया करते थे। वर्णन सजीव और प्राकृतिक है। यथा :—

भीरुन कौं भयदायक है अरु सूरन को अति ही सुषदाई
साइक बारि तरंग तुरंग मतंगज नक्रनि के गन छाई
मीन भए करवाल सुकच्छप भेर मृदंग सरौघ सुहाई
यौं विध सोणित की सरिता यम के पुर को द्विजराज बहाई ।।५,२७
कुंडल माल सने सिर भूषन भूषित बाहू समूह छई है
साइक वार हजारहि हार करीट सुचामर छत्र मई है
योध धुजा हरि सारथि वारन स्यंदन की इक रासठई है
सोणित पूरन सों भरपूर सुभूरि भयानक भूम भई है ।।१२,१०।।

अन्तिम पंक्ति में अनुप्रास का आस्वादन भी कराया है। वीर बालक शिरोमणि अभिमन्यु की प्रतिज्ञा रोमांच करने वाली है। कवि के शब्द भी आवेश के अनुकूल ही चुने हैं। कवि अभिमन्यु से कहलाता है :—

आज दुहूँ कुल को हित काज करौं सब को निज जोर दिषावौं।
बालक एक लरौं रन मैं बहु सूरन को करि धूर उडावौं ।।
जायो नहीं वसुदेव सुता अब जीवित जो रन सें भगिआवौं।
जौ न करौं सब कौरव काइर तौं न अरज्जन पूत कहावौं ।।६।४६।।

इस सवैये के मौलिक श्लोकों की ओर देखो :—

तत्कर्माद्य करिष्यामि हितं यद्वंशयोर्द्वयोः
मातुलस्य च यत्प्रीतिं करिष्यति पितुश्च मे
शिशुनैकेन संग्रामे काल्यमानानि सद्विषः
द्रक्ष्यन्ति सर्वभूतानि द्विषत्सैन्यानि वै मया
नाहं पार्थेन जातः स्यां न च जातः सुभद्रया
यदि मे संयुगे कश्चिज्जीवितो नाद्य मुच्यते ।

द्रोण प०, ३५, २५, २८

वीर अभिमन्यु की युद्ध स्थली का वर्णन भी ओजपूर्ण है ।

सर छिन्न भये भुज देषि परै वर भूषन भूषित भूतल में
धनु सायक धाम कृपान हजारहि टूट परैं रन मंडल में
नरवीर सरीर सकुण्डल सीस परे वर माल लसै गर में
हत मानव वारनिघोरन सों तब दारुन भूम भई पल में ।११, २०।

इस प्रकार का युद्धभूमि का वर्णन महाभारत में स्थान स्थान पर मिलता है । धृष्टद्युम्न की युद्धस्थली भी वीर रसोत्सुक के लिये निवर्णनीय है ।

पतित दुरद रत्थ वीर सस्त्र जल जंतु अपारहि
घोष दुषित जन सारे सूर तरु बहत हजारहि
रुधिर पलल घन कीच फेन धुजचीर बिराजै
गिद्ध काग गन घोर हंस सारस पद साजै
पुनि कमल वीर पागहि लसै मज्ज मेद सैकत मही
इहि भांति भूप सौणित नदी प्रेतराजपुर को बही ।।५६, ६।।

यह वर्णन मूल श्लोकों से कहीं अधिक बढ़ चढ़ कर है । कवि ने चमत्कृति भर दी है और वर्णन में काव्यत्व की छाप लगा दी है । दत्त मूल से कई स्थानों पर अधिक रुचिकर तथा ललित हो गया है ।

वीर अभिमन्यु के अतुल पराक्रम की ओर ज़रा निहारिये :—

ताहि सो मोहित कै तिनको तन सूरन को सिर भिन्न करे हैं
चाप तुरंगम सूत धुजा सिर ताहि के पारथ पूत हरे हैं

प्रान गए पर लोकन में धरनी तल केवल देह परे हैं,
बालक एक हनै बहु योधन देष तबै तुग्र भूप डरे हैं ॥१२।२३

वीर अभिमन्यु की वीरोचित गति का वर्णन भी मर्मविशी शब्दों में मिलता है। महारथियों से मर्माहत होने के पहले का वर्णन पढ़िये।

सोणित धार अपार चलै तनचीर सबै इकरंग भए हैं,
थाल कराल चढ़ी भृकुटी अतिकोप तें केहर नाद किए हैं,
सूर बड़ो अभिमान भर्‌यो बलवान सबै जिन जीत लियो हैं,
सोहत पारथ पूत षरो सब राजन मैं वह तेज छयौ हैं, १२।७७।

दुःशासन द्वारा गदाभिहत वीर अभिमन्यु का वर्णन देखिये :--

यौं विध सों जुरि के सब वीरनि एक अरज्जन बालक मारयो,
भूप विराजत भूमि परयो जनु सारद पूरनचंद निहारयो,
कौरव चित्त प्रसन्न भयो अरु पांडव सोक बड़ो उर धारयो,
देषनिहारनि ताहि विलोकि विलोकि विलोचन को जल डारयो, १३।६

इस क्रूर पापकर्म के उपरान्त युधिष्ठिर सुभद्रा आदि का विलाप भी पठनीय है। तदनन्तर अर्जुन प्रतिज्ञा सुनिये :—

जो बिन सैंधव के हने, सूर अस्त ह्वै जाय।
तो यह ठौर परौं तुरत, जलत अग्न में जाई ॥१६।६०॥

नाग पुरेस जलेस धनेस सुरेस जो आइ सहाइ करेगो,
यद्यपि किन्नर यक्ष पिशाच सुगंध्रप पन्नग ओघ अरेगो,
जो ये दुरै धरती धरनीतल व्योमनि जाइउपाइ धरैगो,
तद्यपि काल्ह हमारोई बान जयद्रथ राइ के प्रान हरेगो ॥१६।६२

कृष्ण के सुभद्रा को आश्वासन के वचन सुनिये :—

तूँ पुनि जननि वीर की, वीर सुता कुल जात।
वीर तिया अरु वीर की, भगिनी क्यों पछतात ॥१७।४३॥

कृष्ण अपने प्रियतम भक्तश्रेष्ठ अर्जुन के लिये कैसे भाव भरे वचन प्रयुक्त करते हैं :—

पुत्र दार अरु सुहृदगन, ज्ञाति बन्धु जग जोइ।
सुन दारुक अर्जुन बिना, मोहि न प्यारो कोइ ॥१८।१२॥

शंकर के पास कैलास पर्वत पर अर्जुन का पशुपत अस्त्र की प्राप्ति के लिये जाना और वहां भव्य मूर्ति शिव का दर्शन कैसे मनोहर शब्दों में उल्लिखित है :—

भूधरसुता समेत हेतकरि बैठ्यो तहां,
सोहत विभूत भूत भूपति निहार्‌यो है।
सूरज सुहंस ज्यों प्रकासमान तेज दिये,
राजत जटानजूट सूल कर धार्‌यो है।
धवल सरीर लसैं चीर भुज पातनि के,
अजिनल पेट लांक अतिहि सुधार्‌यो है।
रीझैं बार बार दोनों दण्डलौं प्रनाम कै कै,
ताको हसि तीन नैन बैनयों उचार्‌यो है ॥ १८।३५

अर्जुन युद्धनिपुणता का दिग्दर्शन कीजिये :—

अगन सदा गति बज्रसों, जरत उडत अरु चूर।
गेह मेह गिरिलौं तबै, परे धरनि गज भूर ॥ २१।१०

मौलिक श्लोक है :—

चूर्णिताक्षिप्तदग्धानां बज्रानिल हुताशनैः।
तुल्यरूपा गजाः पेतुः गिर्यग्राम्बुद वेश्मनाम् ॥
द्रोण पर्व ॥६१।१६॥

दुर्योधन ने कई बार द्रोण को उपालम्भ दिये थे और उसे अविश्वास की दृष्टि से देखा था। जब अर्जुन के तीखे तीरों के आगे उसकी सेना उसे भागती दीखती थी तो द्रोण पर उपालम्भों की बौछार प्रारम्भ हो जाती थी।

जानत हों तुमरी जिय की हितचाहत हौ नितही उनही को,
पूरन वृत्त दई तुम को बहुभांत प्रसाद करौ तव जी को।
सो तुम नेक न मानत हो मम बैरिन सों तुमरो हित नीको,
सो हमैं जान्यो हुतो यह द्रोह तो देत जवाब जयद्रथ ही को ।।२२।११

इस प्रकार जयद्रथवध प्रकरण में दुर्योधन ने द्रोण को कई बार उलटी सीधी सुनाई। दुःखित हो कर द्रोण भी जली कटी सुनाने में नहीं चूकता। दुर्योधन उपालम्भ देता है कि तुम अर्जुन के साथ मिले हुए हो पर द्रोण उत्तर देता है कि यह सब कुछ तेरे नृशंस कर्मों का दुष्परिणाम है। ४६वें अध्याय में लिखा है :—

तुम्है प्रथम ही कपट कमायो, सकुनि द्यूत नृप धर्म खिलायो।
जो उन अच्छ सभा महि डारे, सोउ ह्वै लगे बान अनयारे ।।४०।।

तो को विदुर रह्यो समुझाई, दई सीष उन अति सुषदाई।
भूप तुम्है सो कान न धरी, सो अपनीत तोहि को परी ।।४१।।

सुहृद वचन जो मूढ़ न मानै, कर हठ अपनोई मत ठानै।
सो नर तुरत परम दुष पावै, सिमरि मीत बचननि पछतावै ।।४२।।

सब गुन भरी द्रुपद की बेटी, पुष्पवंत इक वस्त्र लपेटी।
पकर तुरत पंचन में आनी, करत पाप कछु भीत न मानी ।।४३।।

ता को भूप तुम्है फल पायो, मुए आप अरू लोक मरायो।
जो अधर्म को फल नहि होई, तो जग मांहि करे सब कोई ।।४४।।

यह तो हुई जयद्रथवध के उपरान्त की बात।

घटोत्कच के मरने के उपरान्त जब अर्जुन ने कौरव सेना को बुरी तरह लिया तो फिर दुर्योधन ने द्रोण को पहिले का सा ही उपालम्भ दिया कि यह तो गुरु शिष्य की मिली भुगत है। द्रोण स्पष्ट वक्ता तेजस्वी ब्राह्मण थे। वृत्ति के अधीन वे दुर्योधनानुयायी बने हुए थे। ५८ वें अध्याय के नीचे के संदर्भ पठनीय हैं :—

है बलवान बड़ो कपि केतन तासम और हमें नहि जान्यौ।
राक्षस जक्ष सुरासुर गंध्रप युद्ध में याते पराजय मान्यौ।

जीति सुरेस को षांडव जारि कै पावक को अति ही हित ठान्यौं,
और कहा बल ताको कहौं तुम्हैं घोष में जात भली विध जान्यौं ।।७।।

जाई सहाई करयो जिन इंद्र को भूप निवात कवच्च संहारे,
हेमपुरी बस मान घने जिन दानव मारि महीतल डारे।
ताहि को जीत सकै रन क्योंकर याते सबै तिहु लोक में हारे,
देखत ही सब कैं इत आइ कै भूप घने जिन सूरहि मारे ।।८।।

यह सुन कर दुर्योधन जल उठता है, कहता है आचार्य जी रहने दीजिये आप। हम स्वयं दुःशासन, कर्ण और शकुनि मिलकर पाण्डवों से निपट लेंगे। इस पर द्रोण कटाक्ष करते हैं।

काहू की परतीति न तो कौं करे सबनिते संका,
करत सुजन परतीतिहि जग में कहा राइ कहा रंका।
तू पुनि है छत्री अभिमानी लरहु जाइ अरजन सौं,
द्यूत निपुन तुअ मातुल सकुनी क्यों अब टरहै रन सों ।।५८,११

तुम्हैं भूप कीनी परतज्ञा जो धृतराष्ट्र सुनत हीं,
मारिहिंगे हम पांडु सुतन को तात ! धीर धरि चित ही।
सो निज बचन सांच अब कीजै पांडुपूत हनि रन मैं,
भलो मरन भूपति अब जानहु कीरति होत भुवन मैं ।।५८,१२

राज भोग चिर कालहि कीने दिये दान बहु भांतिहि,
पढ़े वेद रिन सकल उतारे भ्यो जस जग अवदातहि।
दुर्योधन तू भयो कृतारथ अब कछु डर मत करिए,
जीत हार दोनों गति नीकी जाइ अरिन सौं लरिए ।।५८-१३

दत्त कवि के सम्वाद बड़े रसीले होते हैं। अनुवाद में मूल की अपेक्षा अधिक सजीवता टपकती है। ऐसे सम्वादों में सात्यकि भूरिश्रवाः सम्वाद, और धृष्टद्युम्न अश्वत्थामा सम्वाद बड़े जोरदार शब्दों में लिखे गये हैं। आशा है पाठक इन प्रकरणों में रुचि कर कविता देखेंगे। दत्त की कविता वीर विलास के उत्तरार्द्ध में पूर्वार्द्ध की अपेक्षा अधिक निखरी हुई हृदयहारिणी और सुसंस्कृत है।

भीम का सात कौरवों से युद्ध का वर्णन सुनिये :—

तजत भीम को बान भूप तब यों सर दरसैं,
ज्यौं पावस चहुं ओर जलद परबत पर बरसैं।
कर कर सातहि रोस भीम सर पीडित कीनो,
प्रलय काल मिलि सात षचर बिधु ज्यों ग्रस लीनो।
तब भीमसैन अति कोप करि हाथ धनुष दृढ कर लियो,
तज सात बान तुअ सुतन को भूमि सयन ताछिन दियो ॥४०।३६॥

विदुर के वचन दुर्योधन को स्मरण आते हैं :—

कपट द्यूत कर प्रथम तुमहि सरबस हर लीनो,
कहि कहि बचन कठोर सबन उन को दुष दीनो।
दुःसासन गहि केस द्रुपद भूपत की बेटी,
आनी संसद मांहि दुषित इक बसन लपेटी।
दुष घने और तिन को दिए ताको फल पाग्यो अबै,
पुर हूत भवन तुव पूत लरि भीमहूसों जैहैं सबै ॥४०।४२॥

सात्यकि का वध करने के लिये उद्यत हुई हुई भूरिश्रवाः की भुजा को अर्जुन ने द्वन्द्वयुद्ध के नियमों के विरुद्ध स्वयं तीर चला कर काट गिराया। उस समय भूरिश्रवाः ने अर्जुन को अच्छी खोटी खरी सुनाई जिससे अर्जुन के कर्ण कुहर खुल तो अवश्य गये होंगे, वह लिखता है :—

भूपति पास कहोगे कहा हम क्यौं करि भूरिश्रवा हरि लीनो,
सांचि कहो कपिकेतन ए उपदेसन यों तुमको किन कीनो।
इंद्रहु ने कि सदाशिव हूने कि द्रोनहुने किरपा करिदीनो,
जानत हो तुम शस्त्र धरम्म को यौं विध क्यों हमरो भुज छीनो ॥४२।४६
भीत प्रमत्त अभैपद जाचक स्यंदन हीन औ घाइल भारो,
आयुध हीन लरै अरु आन सों दूत जो आवन जावन वारो,
मान धनी इनको रन मैं न प्रहार करै जग जानत सारो,
काम हुतो यह नीचन को तुम्है कैसे कियो पुनि आप बिचारो ॥४२।५०

संगत को गुन होत कहै सब सो तुम मांहि हमैं अब जान्यो,
तेरो नहीं कछु दोस अरज्जन तो संग ए मत माधव ठान्यो।
कौन करे हरि मीत बिना ऐसो काम जो निन्दित वेद बषान्यो,
यादव नीच गने जग क्यों तुम्हैं ताहि को बैन प्रमान कै मान्यो ।।४२।५१

शूर सात्यकि का उतर भी उपपन्न है। वह आवेश भरी भाषा में कहता है कि मैंने भूरिश्रवा के सिर काटने में कोई अन्याय नहीं किया।

मोहि कहै मत मारहु जू मत मारहु जू करि निंद हमारी,
बाल हन्यो अभिमन्न तुम्हैं तब कौन धरम्म की रीति विचारी।
मैंतो धरयो व्रत जो हमरे हिय लात धरै करि कै रिस मारी,
जयद्रथ होइ महारिष तद्यपि ताहि करौं जमलोक बिहारी।

संजय धृतराष्ट्र को सात्यकि के अपराजित होने के कारण वर्णन करता है :—

नित बोलत सांच न डोलत है कबहूँ गुरु ब्राह्मण के धन मैं,
पुनि पूजित देव धरासुर सेवक दीन उधारन लोगन मैं,
बस राषत इंद्रिन को पर नार विचार न आवत है मन मैं,
नृप याहि तें यादव है बलवान न हार लहै कबहूँ रन में ।।४३।१७

कर्ण जब भीम से युद्ध करता करता थक जाता है उस समय दुर्योधन को आर्त वाणी में कहता है।

सांच कहों तुम सों दुर्योधन मैं हौं महारन मैं अति षीनो,
दारुन बान लगे अति भीम के तासों भयो हमरो तन छीनो।
लाज ते ठाढ़ो रहौं रन में मम अङ्ग हलै न चले बलहीनो,
तद्यप युद्ध करौं तुव कारन जीत औ हारहि दैव अधीनो ।।४३।३४।

युद्ध भूमि का वर्णन है :—

उठ्यो धूर को पूर भई चहुं ओर अन्धेरी,
भई दीन दृग हीन सैन व्याकुल नृप तेरी।

भिन्न सरन सों मर्म वीर इत उत ही दौरे,
गिरि गिरि परत अनेक सिथल तन कर कर सोरैं।
रन भयो घोर अति प्रलय सम रुधिर सरित ता छिन वही,
बर तुरग यान नर करनि सों लई छाइ सिगरी मही।।४४।२०।।

जयद्रथ के मारे जाने पर कर्ण बड़ी ही वीरता से लड़ा। कृष्ण को शंका हुई कि यदि अर्जुन इस समय इसका सामना करे तो संभव है कि अमोघशक्ति इस पर छोड़ दे। जब तक कर्ण के पास अमोघशक्ति रही कृष्ण निश्चिन्त न हुए थे। इस बार उन्होंने भीमतनुज घटोत्कच को फुसलाया और कहने लगे।

याहि ते बाप सपूतन को नित चाहत हैं जु दुरग्ग ते तारे,
सो तुम तारहु बंधुन को अब बूडत हैं रन सागर भारे।
रच्छन को बल बाढत हो निस जानत हौं छल भूरि तिहारे,
तातें हनी तुम एक करन्न को जानहु और सबै पुनि मारे।।५४।५।।

अलंबुष और घटोत्कच का युद्ध भूमि को कंपा देने वाला था।

ह्वै पुरहूत बली घन पावक पन्नग भूप षगेस भए हैं,
ह्वै वर वारन वारण वैरि दिवाकर राहु सो रोस छए हैं।
ह्वै नभ वारिद वात प्रचण्ड महासनि भूधर रूम ठए हैं,
यौं छल ठानि दुहूनि घने हथियारनि सौं पुनि वार किए हैं।।५४।२०।

घटोत्कच का रथ देखिए कितना विशाल और आतंक-उत्पादक था। उस का आक्रमण सेना को त्रस्त करने वाला था।

आठ घण्ट युत रथ पुनि ताकौ चौसत कर परमाना,
गज सम काल वर्ण जब धारत ताहि बहत किक्याना।
केतु छुवत जनु अंबर ऊंचो दारुन गीध विराजै,
विकृत नैन मुष सारथि ताकौ भूप अरुन छबि छाजै।।५४।२६।।
घोर घोष जनु इन्द्र असनिकौ द्दढ गुन कनक जराहीं,
दीह चाप बर द्वादस अरतनि लियो किष्कु परिणाहीं।

चढि रथ भूप निशाचर ऐसे तुरत करन को धायो,
करत धनुष टंकार सुदारुन तुम्र दल सकल डरायो ।।५४।३०।।

घटोत्कच का मायायुद्ध कवि ने बड़ी ओजभरी भाषा में लिखा है। ५४ वां अध्याय ही बड़ा रोमांचकारी और वीररस से भरा है।

भूप नील नीरद भयो है पुनि भीम पूत,
व्योम पुरहूत चाप संयुत निहार्‌यो है।
बरसत उपल भारे सूत सुत ऊपर हीं,
उन तजि बात बान बारिद बिदार्‌यो है।
हसि पुनि यातु धान माया इकु और करि,
साइक समूह चहुं ओर हूंते धार्‌यो है।
देषत ही लोकन निमेष महि नाना भांत,
निसचर निकर ठाढो व्योम ते उतार्‌यो हैं ।।५४।५०।

जब कर्ण राक्षस से लड़ कर थक गया और सैनिकों ने शस्त्र डाल दिये तब उसे लाचार हो कर अमोघशक्ति छोड़नी पड़ी।

भीमतनय सर पूर परत ही सूर सकल रन कूर भए,
तब धरत करन की सरनि करनि ते सरनि धनुष पुनि छोर दिए।
षरो करन रन डीठ परत इक ओर मूरछा आनि छए,
तब तजि शक्ति करि कोप करन तिहि लगत असुर असु छूटि गए
।।५६।७।।

ऊपर के छन्द में अनुप्रास का भी अच्छा प्रयोग है। घटोत्कच के मारे जाने पर धृतराष्ट्र बड़े उदासीन भाव से पूछता है कि कर्ण ने वह शक्ति अर्जुन पर क्यों न छोड़ी।

सूतधरी नित पूज कै कै जुकेतिक बार सिलान सौं जोरी,
राषि अरज्जन के बध चाहत जा के चितै परतीत न थोरी।
जो सिरजी सुर नाइक आपुही काहु पै नैकु मुरै नहिं मोरी,
क्यौं रविनंदन अरजन को वह वासव दत्त सकत्त न छोरी ।।५७।१।

जानि हुती सबहू निहचै बरछी इकु वीर बिदारन हारी,
क्यों न हंकारी करन्नहु ने रन में कपिकेतन को वह डारी।
जान्त हौं निहचै हमरो सुत है विधहीन बड़ो अहंकारी,
सूर सहाइ घने पुनि ताहि कै कोउ नहीं रन में हितकारी ।।५७।३।।

कौरव पाण्डव सेनाएं लड़ते लड़ते थक गई तो अर्जुन ने युद्धावहार की आज्ञा दी। युद्ध भूमि में सब के सोने पर निस्तब्धता छा गई। सब आराम के खुराटे भरने लगे। कवि अतिशयोक्ति करता है कि उनके श्वासों से भूतल भी शीतल हो गया।

आसिष अनेक भांत देत कपिकेतन को,
भूपति अनीक दोऊ नींद बस आए हैं।
घोरनि पै एक एक सूर पुनि याननि में,
एक गज कांधनि मैं अंधतम छाए हैं।
ठौरि ठौरि भिन्न भिन्न बद्ध हथियार सबै,
सोई गए याते षेद द्यौस निस पाए हैं।
नींद मद माते ठाढे घूमत तुरंग नाग,
ताकै दीह स्वासन तै भूतल सिराए हैं ।।५७।४२।।

द्रोण ने प्रचण्ड रणाग्नि में घोर पराक्रम दिखाया। जब किसी ओर झपटता था तो उस का तेज असह्य होता था। द्रोण की मुख-कान्ति का वर्णन सुनिये।

लषि ताहि प्रचण्ड दिवाकर ज्यौं कुरू भूपति पांडव लोक डरे,
मुष पीरे भए पुनि एकन के इकु कांपत भीत ह्वै दूर षरे।
इकु पीसत हाथ सौं हाथनि कौ इकु चाबत ओठनि कोप भरे,
इकु भागि गए रन ते अभिमान भरे इकु ताहि सौं जाइ अरे ।।५८।३१।।

द्रोणार्जुन युद्ध द्रोणार्जुन युद्ध ही था। गुरु और शिष्य क्या अनोखा द्वन्द्व ! ब्राह्म और क्षात्रतेज का संघर्ष। देखने वाले कहते हैं :-

देषे हमै रन दैवत आसुर मानुष और अनेक हिं भारे,
ऐसो न देष्यौ सुनयौ न कहूं गुरु शिष्य जहां लरहै अनहारे।

देषि परै न विसेष कछू उन को सर छोरत ही अनियारे,
कौन सके इन की समता करि जो रन जाइ कहुं नहि हारे ॥५६।३३॥

करि कै तन दोइ सदाशिव जो रन मैं पुनि आप सों आप लरैं,
उपमा इनकी तब होइ संपूरन लोक में और कही न परे।
धनु वेद को भेद भली बिधि जानत क्यौं इन सों अरि और अरे,
यह चाहे तो एक घरीमहि लील सों तीन हि लोक संहार करे ॥५६।३४॥

कृष्ण ने धोखा देकर द्रोण को मरवाया। अश्वत्थामा के मारे जाने की झूठी खबर सुन कर द्रोण विरत हो गया। बल है पर साहस नहीं। शस्त्र हैं पर आसक्ति नहीं। वत्सलता की वीररस पर विजय हुई। यह मनोविज्ञान के सिद्धांत के अनुसार ही हुआ। देखते ही धृष्टद्युम्न इकलोते पुत्र के मारे जाने पर शोकविधुर और निःशस्त्र द्रोण पर कूद पड़ा। द्रोणसमाधिस्थ थे। उन्हों ने योगद्वारा अपने प्राण त्याग दिये। यह घटना बड़ी नृशंस्य थी।

धरि ध्यान हिये पर पूरष हूंकौ रह्यो द्विजराज समाधि लगाइ कै,
करिकै थिर इंद्रिन कौ दृग भीलत आनन नेकु धरयो है उठाइ कै।
इक अक्षर ब्रह्म ओंकार उचारत नाक चढयो अति आनंद पाइ कै,
द्विज पुंगव के मुषतै उठि अम्बर ज्योति गई हमको बिसमाइ कै।६१।२६।

वास्तव में भीष्म पतन, अभिमन्युवध, भूरिश्रवाः हनन, और द्रोणद्रोह ये घटनाएं बड़ी दारुण तथा अन्याय सी खटकती हैं।

अश्वत्थामा ने क्रुद्ध हो कर अपने पितृवध का बदला लेने के लिए नारायणास्त्र छोड़ा। पांडवों की सेना व्याकुल हो उठी। युधिष्ठिर अधीर हो गये। बचाव का उन्हें ढंग न सूझा। इस अस्त्र से बचने का उपाय कृष्ण को छोड़ और किसी को भी पता न था। युधिष्ठिर मुग्ध हुए अर्जुन को उपालम्भ देने पर उतारू हो गये। द्रोण का छल से मारना उसके दिल को खटकता था। यह पाप का भार उन के सिर पर था। पश्चात्ताप करता है पर उपालम्भ पूर्ण है—आक्षेपयुक्त भावना है।

राषे नहीं हम जात अरण्य कौ देषि सभा जिन द्रूपद जाई,
पाप सौं पूत हन्यौ कपिकेत को दीनि पंचाल की फौज बहाई।
दिव्यहि बान अजानत ऊपर छोरि घनी जिन सैन जराई,
पर उपकार किए जिन मोपर ताबध मोको भयो दुषदाई ।।६४।३१

अश्वत्थामा के नारायणास्त्र का प्रभाव सारी दिशाओं में फैल गया पर कृष्ण की युक्ति से मोघ हो गया। फिर अश्वत्थामा ने अमर्षान्वित हुए रुद्र अस्त्र छोड़ा जिस से सारी दिशाएं आग उगलने लगीं और हाहाकार मच गया। जल थल के जीव व्याकुल हो गये। पांडवों की सेना असंख्य गणना में धराशायी होने लगी।

बानन की बरषा पुनि व्योम ते टूटि परे उलका भयदाई,
छाई रही दसही दिस तेजसौं अगन अरज्जन को लिपटाई।
दानव जक्ष पिसाच निसाचर एकत है रनधूम मचाई,
बात प्रचण्ड बहे अति दारुण सूरज कौ भई सीतलताई ।।६६।२२

और क्या हुआ! इतना प्रचण्डवेग किसी जीवधारी के लिये भी असह्य था।

तीनहु लोक तपै जुर सौं जनु नाग छयै भुग्र चैन न पावै।
त्यौं जल जीवत ए जल मैं निरघात बड़े अति तेज बढ़ावै।।
पांडव चौविध सेन परै भुग्र सूर घने रन मैं अकुलावै।
भूतनि को भयो भूप युगांत में पांडव सैन को आग जरावै ।।६६।२३

पर अर्जुन से ब्रह्मास्त्र छोड़े जाने पर अश्वत्थामा का रुद्रास्त्र शान्त हो गया। अश्वत्थामा को बड़ा विस्मय हुआ। वह इस उधेड़बुन में फंस गया कि यह हो क्या गया। ऐसी घटना तो उस की सम्भावना में भी न आ सकती थी। वह बड़ा दु:खित हुआ और अस्त्र फैंक कर चल पड़ा। रास्ते में व्यासदेव से भेंट हुई, प्रश्न पर प्रश्न करते चले गये।

सांच कहौ यह है छल काहू को कै कछु है यह भूल हमारी।
जीवत छूट गए अरिजात सु जान हूँ काल की है गति न्यारी।।

देव अदेव पिसाच निसाचर गंध्रप यक्ष बड़े अहंकारी।
कोई न वारि सकै इहि अस्त्र को सो इन सैन अषुहन मारी॥६६।३८॥

बीस बिसै अरि पुंज हनै यह यौं हमैं जान अरीन को छोर्यो।
मो को प्रतीत बड़ी हुती याहि की जो यह जात न काहु पै होर्यो॥
क्यौं न जरे हरि पारथ याहि सौं याते न आग भले झुक झोर्यो।
रुद्र कौ अस्त्र अमोध वड़ो पुनि ए मुनिराज कहो किन मोर्यो॥६६।३६।

व्यासदेव ने समझाया कि कृष्णार्जुन नर नारायण के अवतार हैं इस लिये आपको खिन्न नहीं होना चाहिये। वह अजेय हैं, शोक न कीजिये। यह सुन अश्वत्थामा को सन्तोष हुआ। वह अपने शिबिर लौटा और सेनावहार हुआ।

इस प्रकार द्रोणचार्य्य की समाप्ति होती है। इस प्रकरण के अन्त में शतरुद्रीय का पाठ है जिस में शिव के शतनाम और प्रधान २ आचरणों का वर्णन है। यह अध्याय कविदत्त ने भक्ति में लीन होकर लिखा है। भावों का उद्रेक और उनका स्पष्टीकरण बड़ी सरल भाषा में हुआ है। अर्जुन व्यासदेव से पूछते हैं कि मैंने अपने आगे २ एक पुरुष विशेष को चलते देखा है जो सेना संहार में व्यापृत था। व्यास जी ने कहा कि वह स्वयं शंकर हैं जो देव देव हैं, जो तेरे लिये सेना संहार करते हैं। इन का गुणानुचर्णन दत्त में १५ छप्पय छन्दों में बड़ा ही मनोहर किया है। इन में से एक दो का उल्लेख करके हम इस अवतरणिका को समाप्त करते हैं।

दक्ष यज्ञ का वर्णन यूं है:—

ताके पुनि गुन कर्म विजय तुअ साथ बषानौ,
अति अदभुत जो सुनें कहत अति ही सुष मानौ।
कियो दक्ष वरयाग भाग शिव को नहिं दीनौ,
उन पुनि करि कोप सशर धनु कर महिं लीनौ।
भयो सकल जग क्षोभ अति हि तम दसदिस छायो,
सुर गंध्रप मुनि यक्ष मनुष मन अधिक संतायो।

तजि दिव्य बान हनि दक्ष को यज्ञ नाश पल मैं कियो,
तब डरत सुरनि सिब पूजि कै यज्ञ भाग ताको दियो ।।६७।१६।।

त्रिपुर नाशन का वर्णन बड़ा ही मनोहर हुआ है । तारक, कमलाक्ष और विद्युन्माली तीन असुर लोह रजत और स्वर्ण के बनाए हुए तीन पुरों के स्वामी थे। ब्रह्मादि देवता पीड़ित हो कर रुद्र की स्तुति करने लगे। रुद्र ने प्रसन्न हो कर तीनों असुरों पर चढ़ाई करने का निश्चय किया।

करयो धरन रथ चारु सारथि विरंचि बनायो,
चाप धरन-धर-राई चक्रशशि सूर सुहायो,
किये वंश धुज विध्य गंध माधन धरनी धर,
यूप मलय अवनाह तहां पुनि तक्षक विषधर,
श्रुतिचार चपल घोरे किए उपवेदनि पल्यन करि,
सुर और साज रथ के किये छरी प्रणव शरतीष हरि ।।६७।१९।।

वास्तव में चराचर विश्व उस नियन्ता के ऋत और सत्य के नियमों के अनुसार ही प्रगति शील होता है। क्या ही अच्छी रूपकयोजना की है। ऐसे रथ पर चढ़ कर रुद्र ने त्रिपुरासुर बध किया।

फिर एक समय रुद्र ने पंचवक्त्र कुमार भवानी के गोद में बैठा हुआ देखा। इन्द्र ने अपमान किया और उस पर बज्र छोड़ना चाहा। इन्द्र का हाथ राजा दिलीप की तरह स्तम्भित हो गया। रुद्र स्तुति से इन्द्र की बांह स्वस्थ हुई। अन्त में व्यासदेव कहते हैं :—

हरत वही ग्रह पीर कौ, अघ तै लेत छुराइ ।
पावत है बहु भांत सुष, परे सरन जो जाइ ।।६७।२७।।

हमने यहां पाठकों का ध्यान महाभारत के द्रोण पर्व के वीर-विलास नामक हिन्दी अनुवाद की ओर विशेष करके दिलाया है। अनुवाद में कहां तक मूल का भावानुवाद करने में कवि सफल हुआ है यह तुलना से पता लग सकता है। यह केवल दिग्दर्शन है। आशा

है सम्पूर्ण वीरविलास की मूल से तुलना करके अधिक जानकारी पाठक प्राप्त करेंगे।

सुभाषित रूप में काल की महिमा और भाग्यवाद और पौरुष के महत्त्व विषयक संस्कृत मूल श्लोकों का दत्त ने बड़ा ही हृदय हारी सरल और सरस अनुवाद किया है, यह प्रकरण उन्हीं अवतरणों से समाप्त करते हैं। यथा—जब मनुष्य प्रयत्न करने पर भी सफल नहीं होता तो अपने वह भाग्य को कोसता है और विफलता का कारण दैव को ही ठहराता है। द्रोण पर्व में कौरवों को कई बार हताश होना पड़ा। वीरों की करुणा भरी उक्ति उन की भाग्य हीनता ही को प्रमाणित करती है। दत्त ने बड़ी सरल तथा करुणा भरी पदावलि में ऐसे स्थलों का अनुवाद किया है।

धृष्टद्युम्न द्वारा द्रोणाचार्य के मारे जाने पर धृतराष्ट्र कहता है।

व्यक्तं हि दैवं बलवत् पौरुषादिति मे मतिः।
यद्द्रोणो निहतः शूरः पार्षतेन महात्मना ॥९।१६॥

पौरुष ते दैव ही बड़ो मैं जान्यौ सुन सूत।
द्रोन सूर सिरताज जो हन्यो द्रुपद के पूत ॥३।२॥

आगे चल कर धृतराष्ट्र फिर द्रोण के मरण पर विलाप करता है :—

अन्यथा चिन्तिता ह्यर्थाः नरैस्तात मनस्विभिः।
अन्थैव प्रपद्यन्ते दैवादिति मे मतिः ॥११।५०॥

चाहत हैं कछु और नर देव करत कछु और।
जो कछु देव करैसु तो कोऊ सकै न मोर ॥३।३४॥

भाग्यवाद के कुछ एक और उदाहरण मूल सहित दिये जाते हैं।

युक्त एव हि भाग्येन ध्रुवमुत्पद्यते नरः।
स तथा कृष्यते तेन न यथा स्वयमिच्छति ॥२४।५॥

दैव बिना कछु होत नहीं सब जग दैव प्रधान ।
पुरुषकार कछु ना करे होत भाग जब हीन ।।६।२।।

अनतिक्रमणीयोऽयं कृतान्तस्याद्भुतोविधिः ।।८६।३।।

क्यों हू भूप टरै नहीं जो कछु होवन हार ।।२०।२१।।

दैममेव परं मन्ये धिक् पौरुषमनर्थकम् ।।१३५।१।।

सूत ! दैव बलवान निहचै कर जान्यो हमैं ।।४०।१।।

यत्कर्तव्यं मनुष्येण व्यवसायवता तदा ।
तत्कार्यमविशकेन सिद्धि दैवे प्रतिष्ठिता ।।१५३।३१।।

अपने बस कछु नाँहि तद्यपि यतन न छांडियै ।
बिन उद्यम जग मांहि दोस सबै नर को धरे ।।४७।१७।।
कालोहि दुरतिक्रमः—काल पलट कछु कह्यो न जाई ।

वीरविलास की भाषा

ऊपर के अवतरन पढ़ने से पता लगेगा कि वीरविलास में कवि ने ब्रज भाषा का ही प्रयोग किया है। साहित्य की भाषा उस समय ब्रजभाषा ही थी और काव्यभाषा के लिये विशेष उपयुक्त थी। शैली बड़ी सरल और भावविशद है। ब्रजभाषा के व्याकरण के नियमों का पालन किया गया है। मात्रापूर्ति के लिये कहीं वर्णव्यत्यय वर्णलोप या वर्णागम किया है। एक अक्षर की जगह छंद के लिये द्वित्व पढ़ा गया है यथा गंध्रव (गन्धर्व) क्रम (कर्म) इन्द्रयुद्ध (५।६५) इन्द्रायुध, आतअताई (३६।५०); दुरग्ग, दुर्ग, कवच्च कवच (३६-५८) अरज्जन अर्जुन, सर्वनामों में से उहि (उसने) ए, ई (यह) ता (उस का) ता (उसने) उहि (वहां) तैं (तू) या मैं (इतने में) तुम्हैं (तुमने) इहि हेत (इसलिये) का प्रयोग हुआ है। उल्लेखनीय विशेषण ये हैं :— विहाल, सूधो, दून, षरे, (तेज) सवाई, सवायो सभ–सब, बहुते।

अव्यय जो कवि ने साधारणतया प्रयुक्त किये हैं तदप (तद्यपि यद्यपि (के अनुकरण पर) जु (जद्) फेरि (फिर), क्यों हूँ (कभी) कै (या) सने (साथ), सु (तो) लों (तक), पुनि (फिर), फिरि (फिर) यौं (तक), ज्यौं क्यौं (जैसे कैसे)।

क्रिया वाचक शब्द पुस्तक में जो प्रयुक्त हुए हैं उन में से कुछ एक के उदाहरण ये हैं भो, भ्यो, भौ, (भयो), रिस्यो, जाइगो, होनलग्यो, मुए, गोग्यो, (गया) कै कै (करके), सरे (बने), आहि (था), छार (भस्म करके) कोपन कै (कोप करके) हुजै, कीजै (कीजिए), हनौं (मारूं) चावत (चबाता हुआ) जोहै (दिखाई देता है), हुता (था), जैवो, फुरहै अनषाइ, जीतहिगो, हैगो, मोहितके, होइगो, राषहौ, नादकै (नाद करके) करव, हनैगो, धुनैगो, पतीजै।

फ़ारसी भाषा के बहुत थोड़े शब्द कवि ने प्रयुक्त किये हैं। भाषा में विदेशी शब्द मिश्रण बहुत कम हुआ है। कुछ एक ये हैं :—बिहाल खुसाल, (खुशहाल) आराम, जोर, जहान, सरत (शर्त), सरदार हिरान, रंगरेज, अचेन (बेचेन), असमान (आसमान), हमगीर, हजार, सरीक (शरीक), असान (अहसान), सिरताज, चुग़लषोर, एन, फील, सोर, करार (इकरार) कायल, फौज, बाक, तमाशा, सुमार (शुमार) समसेर, लायक। इन शब्दों के सूचीपत्र परिशिष्ट के रूप में तय्यार किये जायेंगे। ऊपर लिखे शब्दों में देशीय उच्चारण के अनुकूल इन के आकार में कवि ने भेद कर दिया है।

बहुत से देशी भाषा के शब्द भी इस पुस्तक में घुस गये हैं क्यों कि कवि की अपनी भाषा काव्यभाषा से पृथक् थी इस लिये ऐसा होना स्वभाविक था। डोगरी भाषा के शब्दों के कतिपय उदाहरण ये हैं जो वीरविलास में प्रयुक्त हुए हैं :—पराया (शत्रुपक्ष), केरो, केरव, (कौरव) खरोई (खड़े हो कर), लान लगे (लगाने लगे), पनारे (धारा), सारत (इशारा) सहस (सहस्र), पल्यन (खलीन स०), नकारे (अयोग्य), परछी (पकड़ली), नेरे (नज़दीक), मरूकरि (मरकर), मसोसत (अफसोस करता हुआ), आने (लाये), संसा

(संशय), झिगरे (नीचे), बटाई (विनिमय), बीस विसे (अवश्य— मुहाविरा है) उलेर (देर), करतूत (कर्तव्य), पैना (तेज़) उनीदे (जागरण किये हुए), छुरकाइ (छुड़ाई), राखी (रक्षा), कितेक (कितने एक) तै (फिर), छड़ी (छोड़ी, पटक दी) डाढो (सखत) पिछाहं (पीछे), नीठहिं (नीचे) थौनी (अमानत), सने सनै (साथ), ताड़े (गाड़ दिये) पलेस (पेच), ताते (इस लिये), सुरत (होश), अवेर (देर), सरे (काम बने)।

इस पुस्तक में जो विशेष हिन्दी के शब्द प्रयुक्त हुए हैं उन में से कई एक ये हैं: अछेह, नीक, कर्णवान, अरन (अरण्य), पुष्पवन्त (रजस्वला) कूर (कूट), किक्यान (घोड़ा), कूबर, प्रासन, पुराए परसुध (प्रश्वधाः) तचै, बिहंडी, बसमान, सौंचत, सन्नहि, समिति प्रमिति, समा (वर्ष) अपारनि, विपाठ, नालीक, साध, श्रद्धा, निम्मित (निर्मित), पांत (पंक्ति) संधी (शक्ति), जेह (ज्याः) साल(शल्य), षग्ग (खग), षग्गी (ईर्षी), दछ (दक्षिण), समोधी (सम्बोधन), हथेल (हस्तावाप) नद्यौ (नद्ध), सिराए (शीतल), गूढचरन (सर्प) तुर (त्वरा), बिलम (विलम्ब), कर (अश्वरश्मि), साछात (साक्षात) औरण (उत्रृण), पाषी (पक्षकः), कांष (कक्षा), सम्मर (शंवरो), धुजनी (सेना), रागस (राक्षस), जात (समूह), छतीस (क्षितीश), अनी (सेना), सुरण (सुवर्ण), दाढे (दग्ध), सभसाची (सव्य साची), बरात (समूह), परितरन (परित्राण), निहचै (निश्चय), दुहकर (दुष्कर), सामुह (सन्मुख), जोत (योक्त्र), जोतक (ज्योतिष)।

यह सूचिएं बढ़ाई जा सकती हैं। इन सब शब्दों का विशेष विवरण परिशिष्टों में किया जायगा। कवि ने मूल संस्कृत के शब्दों को तोड़ मोड़ कर कई नये शब्द बनाने की भी ठनी हुई प्रतीत होती है। मूल पुस्तक की तुलना करते हुए हमने द्रोण पर्व के अनूदित श्लोकों की गणना भी अनुवाद के साथ दी है जिस से पाठक को मूल पुस्तक की जांच करने में कठिनाई न हो।

वीरविलास के छन्द वीरविलास में दत्त कविने भाषा पर अधिकार चमत्कृति दिखाते हुए छंद रचना भी पर्याप्तरूप में प्रकट की है। साधारण छन्द दोहा से लेकर कवित्त तक छन्द प्रयुक्त किये हैं। विषय के अनुसार छन्द रचना हुई है। जिस वर्णन में जो छन्द जँचा है उसी का उपयोग किया गया है। छन्दों की गणना का व्योरा साथ के कोष्ठक में दिया है। इस के देखने से पता चलेगा कि ४५, ४६, ४७, ४८ और ४९वां अध्याय दोहा, चौपाई, सोरठा हरिगीतिका छंदों में रचा। ५४ वें अध्याय में छन्द क्रम बड़ा रोचक है। अन्तिम अध्याय में १५ छप्पय बड़े अनुपम हैं। संक्षेप से छन्दों का विवरण यूँ दिया जा सकता है :—

नाम छन्द	**पद संख्या**
दोहा	१४३९
सोरठा	४९३
चौपाई	७३५
सवैया	३१५
कवित्त	७७
हरिगीतिका	२१८
छप्पय	६५
भुजंगप्रयात	२८
छन्द	१०
अरिल	२
कुंडलिया	१
त्रिभंगी	१
जोड़	३३८४

[भूमिका

अत: बारह प्रकार के प्रधान छन्दों में दत्त कवि ने वीरविलास की रचना की।

अध्याय संख्या	दोहा	सोरठा	सोरठा चौपाई	सवैया	कवित्त	हरिगीतिका	छप्पय	भुजंगप्रयात	छन्द	अरिल	त्रिभंगी	कुंडलिया	पूर्ण संख्या
१	१८	२	२	४	५	–	–	–	–	–	–	–	३१
२	४७	९	१०	९	३	–	१	–	–	–	–	–	८१
३	६७	८	८	९	३	–	१	–	१	–	–	१	९८
४	५३	६	१५	९	१	–	–	–	–	–	–	–	८४
५	६७	५	७	७	१	–	–	–	१	–	–	–	८८
६	४७	१	२०	९	१	–	–	–	–	–	–	–	७८
७	२०	५	११	४	१	–	१	–	१	–	–	–	४३
८	४०	२	४	८	३	–	–	–	–	–	–	–	५७
९	४७	२	४	५	१	–	१	–	–	–	–	–	६०
१०	४२	९	–	३	–	–	–	–	–	–	–	–	५४
११	२०	५	१५	३	१	–	१	–	–	–	–	–	४५
१२	४२	७	२०	५	–	–	२	–	–	१	–	–	७७
१३	१६	१	१०	४	–	–	–	–	–	१	–	–	३२
१४	२१	१६	५	–	–	–	–	–	–	–	–	–	४२
१५	८	१०	१२	–	–	–	–	–	–	–	–	–	३०
१६	२८	११	१९	४	–	–	–	–	–	–	–	–	६२
१७	२६	११	७	४	–	–	–	–	–	–	–	–	४८
१८	२२	५	८	२	१	–	–	–	–	–	–	–	३८
१९	३५	६	६	५	–	–	१	–	–	–	–	–	५३
२०	२४	४	१५	७	२	–	–	–	–	–	–	–	५२
२१	३०	३	९	११	१	–	–	–	–	–	–	–	५४
२२	२४	१२	८	४	३	२	–	–	–	–	–	–	५३
२३	२०	३	९	९	२	–	–	–	–	–	–	–	४३

अध्याय संख्या	दोहा	सोरठा	चौपाई	सवैया	कवित्त	हरिगीतिका	छप्पय	भुजंगप्रयात	छन्द	अरिल	त्रिभंगी	कुंडलिया	पूर्ण संख्या
२४	१६	—	९	१	—	—	—	—	—	—	—	—	२६
२५	२३	२	१३	४	—	—	—	—	—	—	—	—	४२
२६	१८	—	५	४	३	—	१	—	—	—	—	—	३१
२७	२३	३	१०	२	२	—	—	—	—	—	—	—	४०
२८	३०	७	—	४	२	—	—	—	—	—	—	—	४३
२९	१४	८	१०	२	१	—	—	—	—	—	—	—	३५
३०	१९	१०	८	२	१	—	—	—	—	—	—	—	४०
३१	१४	१९	१३	१	२	—	—	—	—	—	—	—	४९
३२	१४	१२	२१	१	१	—	—	—	—	—	—	—	४९
३३	१७	१२	९	१	१	—	—	—	—	—	—	—	४०
३४	२७	९	१३	२	१	—	—	—	—	—	—	—	५२
३५	११	१८	११	—	१	—	—	—	—	—	—	—	४१
३६	७	१८	९	१	१	—	—	—	—	—	—	—	३६
३७	३६	—	—	—	११	—	—	—	—	—	—	—	४७
३८	१६	—	३०	५	४	—	—	—	—	—	—	—	५५
३९	—	—	५२	६	—	—	—	—	—	—	—	—	५८
४०	—	२९	—	—	—	—	२८	—	—	—	—	—	५७
४१	४	—	—	—	—	—	—	२८	—	—	—	—	३२
४२	१७	—	—	४८	—	—	—	—	—	—	—	—	६५
४३	३४	—	३०	१	१	—	—	—	—	—	—	—	६६
४४	—	२१	१९	—	१	—	१	—	—	—	—	—	४२
४५	७४	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	७४
४६	—	—	४९	—	—	—	—	—	—	—	—	—	४९
४७	—	४९	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	४९
४८	—	—	—	—	—	६०	—	—	—	—	—	—	६०

अध्याय संख्या	दोहा	सोरठा	चौपाई	सवैया	कवित्त	हरिगीतिका	छप्पय	भुजंगप्रयात	छंद	अरिल	त्रिभंगी	कुंडलिया	पूर्ण संख्या
४९	३६	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	३६
५०	३३	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	३३
५१	१०	—	—	४२	—	—	—	—	—	—	—	—	५२
५२	१	—	—	७	—	३९	—	—	—	—	—	—	४७
५३	४	४	४	४	४	३१	४	—	—	—	—	—	५५
५४	९	८	८	८	७	१२	८	—	—	—	—	—	६०
५५	२३	१२	१६	२	—	—	—	—	—	—	—	—	५३
५६	४	२	२३	११	२	१	—	—	४	—	१	—	४८
५७	७	८	४	३	१	२५	—	—	—	—	—	—	४८
५८	—	२२	१४	४	१	५	—	—	—	—	—	—	४६
५९	१६	—	१८	३	—	—	—	—	३	—	—	—	४०
६०	१५	—	१४	—	—	२३	—	—	—	—	—	—	५२
६१	१६	—	—	३	—	२०	—	—	—	—	—	—	३१
६२	७	—	४१	—	—	—	—	—	—	—	—	—	४८
६३	३	—	४८	—	—	—	—	—	—	—	—	—	५१
६४	२	२४	१०	२	—	—	—	—	—	—	—	—	३८
६५	—	४५	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	४५
६६	३४	८	—	१५	—	—	—	—	—	—	—	—	५७
६७	३८	—	—	१	—	—	—	—	—	—	—	—	३९
पू० सं०	१४३९	-४९	३-७३५	३१५	७७	२१८	६५	२८	१०	२	१	१	३३८४

आभार प्रकाशन

१९२८ में दत्त कवि का हमने प्रथम दर्शन किया। वह पहली झांकी थी कि हमें वीर विलास की हस्तलिखित प्रति प्राप्त हुई। तव से अब तक कितने परिवर्तन हुए यह समय का इतिहास बतायेगा। १९३०–३१ में दत्त कवि के ग्रन्थों का परिचय लाहौर ओरिअंटल कालिज की मैगज़ीन के लेखों द्वारा कराया गया। १९४३ में हिन्दी भवन ने वीर विलास का प्रथम संस्करण निकाला।

१९४७ में देश में विप्लव हुआ। क्रान्ति हो गई। कई पुस्तक भंडार नष्टभ्रष्ट हुए। उन में हिन्दी भवन और मेरी निजी लाइब्रेरी भी थी। दत्त कवि मेरी ओर से लुप्तप्राय ही हो गया।

अभिनव संस्करण

१९६२ के प्रारम्भ में अकस्मात् ही मुझे जम्मू काश्मीर कलचर अकादमी से निमन्त्रण मिला कि मुझे उसी वर्ष के स्वतन्त्रता दिवस के समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विद्वत्परिषद् में दत्त कवि पर परिचयात्मक निबन्ध पढ़ना होगा। कैसे लिखा जाय ? क्या लिखा जाय ? इस समस्या की पूर्ति कठिन प्रतीत होने लगी। मूल पुस्तक सामग्री तथा मुद्रित वीर विलास लाहौर नष्ट हो चुके थे।

सौभाग्यवश प्रातः स्मरणीय पूज्य पितृवर श्री कृपाराम शास्त्री जी के जम्मू में पुस्तक संग्रह से मुझे दत्त की सारी कृतियें प्राप्त हो गईं जो मैं उन के छपने पर समय समय पर लाहौर से पठनार्थ भेजता रहा। यह एक अलभ्य लाभ था और दिवंगत पिता जी का हमारे पर आभार था, यह वह देन थी जिस से उऋण होना लेखक के लिए जन्म-जन्मान्तर में भी अशक्य है। बिना इस सम्पत्ति के मेरे लिये दत्त पर लिखना असम्भव था। यह भगवत्कृपा का प्रसाद था। लेख प्रस्तुत किया गया और २६ जनवरी, १९६२ के

समारोह में पढ़ा भी गया। प्रतीत होता है कि इस से अकादमी के सदस्यों में दत्त में रुचि जागृत हुई और कुछ समय उपरान्त मुझे अकादमी से आदेश मिला कि दत्त ग्रन्थावलि का सम्पादन मुझे करना है जिसमें दत्त कृत समस्त ग्रन्थ हों। भूमिका परिशिष्ट आदि भी साथ हों। मैंने उत्साहपूर्वक यह कार्य भार उठाया और परमात्मा का परम धन्यवाद है कि यह ग्रन्थावलि पूर्ण करके अकादमी को प्रस्तुत कर सका हूँ जो कि उन्होंने मुद्रित करने का निश्चय किया हुआ है।

दत्त अपने समय के प्रतिनिधि कवि हुए। उन्होंने वीर काव्य लिखा। महाराजा रणजीतदेव का समय था। अठारहवीं शताब्दी का चौथा चरण चल रहा था। अभी जम्मू नरेश बाहर के प्रभावों से छू नहीं गया था। ऐसे स्वतन्त्रता के समय में काव्यकुसुम विकसित होता है। ठीक तदुचित काल में ही दत्त की हृत्तन्त्री गूँज उठी। स्वातन्त्र्य प्रेमी राजा महाराजा और प्रजाप्रवरों ने दत्त की झनकार सुनी, यह समयानुकूल ही था।

रणजीतदेव के उपरांत जम्मू राज्य परवश हो गया। पराधीनता की जंजीर कड़ी हो गई। इधर कविता की देवी ने भी मौन धारण कर लिया। पराधीन लोगों को काव्य रस नहीं भाता या यूँ कहें नहीं सुहाता। उनकी रुचि चाटुकारिता में अधिक हो जाती है। ऐसे काल में काव्य के वक्ता, श्रोता दुर्लभ हो जाते हैं। इसी लिए दत्त के उपरान्त जम्मू प्रान्त काव्य सौरभ से शून्य हो गया। काव्य किंजल्क के लिए ऊषर प्राय हो गया। १९४७ में भारत स्वतन्त्र हुआ और साथ ही जम्मू काश्मीर भी। उसी समय से उस दिवस के स्वागत रूप में जम्मू में कविता की लहर फिर से उमड़ आई है। कलचरल अकादमी और अन्य संस्थाओं की छत्रछाया में जनता और देश की सेवा में कवि फिर से सजग हो उठा है।

इस ग्रन्थावलि को प्रस्तुत करने से पूर्व मैं यह अपना परम कर्तव्य

समझता हूं कि उन सब महानुभावों को कृतज्ञता प्रकट करूं जिनकी उदार सहायता के बिना यह कार्य हो ही नहीं सकता था। सब से पहले दत्त ग्रन्थों के अधिपतियों का हार्दिक धन्यवाद है जिन्होंने अपनी साहित्यिक सम्पत्ति दत्त की पांडुलिपियों के रूप में सम्पादक को प्रदान की। पीढ़ा निवासी पंडित घूर्जटी जी ने १९२८ में वीरविलास की हस्तलिखित प्रति भेज कर लेखक को दत्त ग्रन्थों के अध्ययन में दीक्षित किया। भड्डु निवासी पंडित प्रेम नाथ तथा दुनीचन्द दोनों सगे भाइयों ने दत्त के वंशजों से दत्तकृत्त वीरविलास की बड़ी प्रामाणिक प्रति प्राप्त कराई। पंडित विश्वम्भर नाथ जी मगोत्रा जम्मू निवासी से एक अन्य प्रति वीरविलास की उपलब्ध हुई। पंडित रामचन्द्र जी कुशल, शास्त्री, एम. ए. एम. ओ. एल. जी की वीरविलास की प्रतिमें परिशिष्ट रूप में बारामाह भी लिखा था। ठाकुर काहन सिंह बलावरिया जी ने वीरविलास के अतिरिक्त ब्रजराज पंचासिका की प्रति भी प्रदान की। पंडित श्रीचन्द्र जी तर्कतीर्थ, उप प्रधानाध्यापक, रघुनाथ पाठशाला, जम्मू वालों ने ब्रजराज पंचासिका की प्रति प्रदान की जो कि मिलान करने के अनन्तर उन्हें लौटा दी गई। अन्त में पूज्य पितृवर पंडित कृपाराम शास्त्री जी ने १९४७ की देशविभाजन की दुर्घटना के अनन्तर अपनी संचित पुस्तक सामग्री में से दत्त की मुद्रित पुस्तकें दीं जो कि दत्त ग्रन्थावलि को प्राणदान था जिनके बिना यह सारा कार्य हो ही नहीं सकता था।

उपरि सम्मानित महानुभाव हमारे बीच में नहीं वरन् अकादमी द्वारा यह ग्रन्थावलि देखकर बहुत आनंदित होते।

यह वक्तव्य समाप्त करने के पूर्व मैं महानुभाव हचिसन और फोगल कृत पंजाब पहाड़ी राज्यों के इतिहास का उल्लेख किये बिना नहीं रह सकता। यह बड़ा लाभकारी ग्रन्थ है और मैंने एतिहासिक उल्लेखों में इस से पूर्ण सहायता ली है।

जम्मू काश्मीर कलचरल अकादमी का अनुगृहीत हूं जिन्हों ने

[भूमिका

मुझे यह सुअवसर प्रदान किया और मुझे दत्त ग्रन्थों का पुनरध्ययन करने में प्रोत्साहित किया ।

"इदं कविभ्यः पूर्वेभ्यो नमो वाकं प्रशास्महे"

॥ इति शुभं भूयात् ॥

पुनश्च—यह पुस्तक १९६३ में छपने जा रही थी । तब से अब तक के अन्तराल में हमें 'वीरविलास' की एक और हस्त लिखित प्रति का पता चला जोकि श्रीनगर (काश्मीर) की रिसर्च लाईब्रेरी में मौजूद है । इस खोज का श्रेय श्री रामनाथ शास्त्री जी को है। वह लिखते हैं कि यह रिसर्च लाईब्रेरी वाली प्रति १९२८ संवत् की लिखी है और इसमें हमारी पांच प्रतियों से कोई नवीनता या विभिन्नता प्रतीत नहीं होती ।

५४४—१६-डी-सैक्टर
चण्डीगढ़
मई १२, १९६३ ।

गौरी शंकर

अथ

ब्रजराज पंचासिका

(BRAJRAJ PANCHASIKĀ TEXT)

अथ

ब्रजराज पंचासिका

एक अध्ययन

अनादिकाल से सभी जातियों में भिन्न भिन्न घटनाओं को लेकर गीत बनाए गये और गाये जाते हैं। ऐसे गीतात्मक काव्यों में कवि का मुख्य उद्देश्य उत्तेजक भाषा में नायक की कृतियों का वर्णन करना होता है। ऐसे गीतात्मक काव्यों में कभी कभी ऐतिहासिक घटनाओं को कवि अपनी कविता का आधार बना लेता है। प्रायः प्राचीन काल में भारत वर्ष में प्रत्येक राजा के दरबार में कई एक कवि हुआ करते थे और वे अपने अभिभावक राजा की प्रशंसा में अपनी कवित्व शक्ति का प्रयोग करते थे।

हिन्दी भाषा में तो आदि काव्य होने का सौभाग्य ऐसे ही एक वीर काव्य को प्राप्त है। पृथ्वीराज रासो चन्दबरदाई का वीर कथात्मक महाकाव्य है। यह तो हुआ महाकाव्य का उदाहरण। ऐसे लघुकाव्य या खण्ड काव्य भी लिखे जाते थे। कवि, चारण, भाट तथा वैतालिक लोग राजा की किसी एक घटना को ले कर कृति कर डालते थे। ऐसी ही एक कृति महाकवि दत्त ने अपने अभिभावक श्री राजा रणजीत देव के राजकुमार ब्रज देव के जीवन इतिहास के सम्बन्ध में लिखी।

महाराजा रणजीत देव का समय जम्मू रियासत में एक महत्व पूर्ण काल है। इनका राजकाल १७८२ से १८३८ सम्बत् तक है। इन्होंने ५६ वर्ष बड़ी योग्यता से शासन किया। इन्होंने द्विगर्त और त्रिगर्त देश के बाईस पहाड़ी राजाओं को जम्मू राज्य के झण्डे के नीचे किया। इन्हीं के समय से जम्मू के राजवंश को महाराजा की पदवी मिली।

ब्रजराज पंचासिका में दत्त कवि ने ब्रजराज की कटोचों पर जय प्राप्ति का वर्णन किया है। एक दिन चम्बा के राजा राए सिंह ने महाराजा रणजीत देव को लिखा कि हमारा पठयार दुर्ग कांगड़ापति घुमण्डचन्द कटोच (१७५१-७४ सन्)ने बलात् छीन लिया है। इस पर महाराजा रणजीत देव ने अपने राजकुमार ब्रजराज देव को पर्याप्त सेना तथा सरदार दे कर इस काम के लिये नियुक्त किया। इसी चढ़ाई में अज़मत देव, शमशेर चन्द, अमृतपाल, रत्न देव, जयसिंह सम्मिलित थे। सेना ने जम्मू से चल कर पहला डेरा हर मन्दर किया। वहां से दूसरे दिन रावी के किनारे जा रहे। सवारों ने घोड़ों पर और पदातियों ने किश्ती पर दरिया पार किया। वहां से माछीभौन में जा कर डेरे लगाए, इस जगह नूरपुर का राजा पृथ्वीसिंह आ मिला। वहां से चल राजतालाब पर डेरा किया, वहां राजा गुलेरिया गोवर्धन चन्द उपस्थित हुआ और अधीनता स्वीकार की। वहाँ से गुलेर की राजधानी हरिपुर में आए। यहां से कांगड़ा प्रान्त की सीमा प्रारम्भ हुई। पठानों की सेना ने जो ब्रजराज देव के साथ थी कांगड़ा प्रान्त को लूटना प्रारम्भ किया। मुलक जलाया गया, लोग भाग निकले, उस समय राजा राएसिंह चम्बा आ मिला। कांगडा लूट जला कर बिआस पार किया और ज्वाला मुखी जा कर डेरा डाला। वहां राजा गोपी चन्द भी हाज़िर हुआ, राजा कटोच नदौन से भाग कर कलेश्वर आ गया। ब्रजराज देव ने चनौर, गुहासन कलेश्वर, नदौन आदि नगर जला दिये। इसी प्रकार कांगडा प्रान्त जीतकर अपने साथी राजाओं में बांट दिया। चनौर वा गुहासन गुलेर से, पालम तथा पठयार चम्बा से, महल मौरियां कल्हूर से लगाया

और नदौन में अपना सरदार नियुक्त किया। फिर कलेश्वर हो कर कोटलेहड़ पर धावा किया और वह इलाका भी कल्हूर के साथ लगाया। फिर सीबा का मुलक लिया जिस के राजा नारायण चन्द ने आधीनता स्वीकार की, सीबा से पृथ्वीपुर ले कर राजा गोविन्द चन्द डढवाल को दिया। वहां से गुहासन के राह होते गोपीपुर डेरा किया और राजा अभिरार्यसिंह को जिसके मुलक में राजा घुमण्डचन्द चला गया था पत्र लिखा कि या तो घुमण्ड चन्द को अपने नगर से निकाल दो या युद्ध करो। राजा अभिराय सिंह स्वयं उपस्थित हुआ। श्री ब्रजराज देव ने उसका बड़ा आदर किया, फिर राजा घुमण्ड भी उपस्थित हुआ और अधीनता का प्रार्थी हुआ। इस प्रकार जालंधर का इलाका जीत कर ब्रजराज देव लौटा और डेरा गोपीपुर आ कर कांगडा प्रान्त के राजाओं को विदा किया और स्वयं जम्मू रवाना हुआ। यहां पंचासिका समाप्त होती है।

ब्रजराज पंचासिका की ऐतिहासिक उपादेयता तो इसी से सिद्ध है कि इस में कितने ही तात्कालिक राजाओं और रजवाड़ों के नाम आते हैं और विशेष कर जम्मू राज्य की प्रधानता दिखानी तो कवि के लिए विशेष रुचिकर थी। यह वृत्तान्त एक ऐसी ऐतिहासिक घटना का है जिसका कोई भी इतिहास लेखक उल्लेख किये बिना नहीं रह सकता। भाषा वैज्ञानिकों के लिए भी इस में प्रचुर विवेचनीय सामग्री है। विशेष ध्यान योग्य कांगड़ा और जम्मू प्रान्त की उस समय की भाषा के कवित्त हैं जो बड़े रोचक हैं। (देखिये कवित्त नं० १८ और ४९ ब्रजराज पंचासिका)

ब्रजराज पंचासिका की एक हस्तलिखित प्रति मुझे पं० श्री चन्द्र तर्कतीर्थ उपप्रधानाध्यापक श्री रघुनाथ पाठशाला जम्मू से प्राप्त हुई जिस की मैंने स्वयं प्रतिलिपि की। दूसरी प्रतिलिपि ठाकुर काहन सिंह बलौरिया ने प्राप्त कराई। इन दोनों के मिलाने से शुद्ध पाठ प्राप्त करने का प्रयत्न हम ने किया है।

ओरिअण्टल कालिज के अध्यापक पण्डित हरिचरण शास्त्री और

पंडित राम चन्द्र शास्त्री जी ने पाठ के शुद्ध करने में जो सहायता दी थी उस के लिये धन्यवाद है। फिर भी पंचासिका के चौथे छन्द की पाठ शुद्धि न होने के कारण उसकी एक पंक्ति ही लिखनी पड़ी जब तक शेष तीन पंक्तियां शुद्ध नहीं की जा सकतीं तब तक यह छन्द अधूरा ही रहेगा।

ब्रजराज पंचासिका की भाषा ब्रज है। कहीं कहीं देशीय भाषा की पुट अवश्य दिखाई देती है। एक विशेष बात यह है कि १८वां कवित्त ठेठ कांगड़ा की डोगरी में है और ४६वां ठेठ जम्मू की डोगरी में। ब्रजराज पंचासिका के अन्तर्गत अकारादि क्रमानुसार शब्द संग्रह के लिये परिशिष्ट देखें।

इस में प्रयुक्त छन्द वही हैं जो वीर विलास में आए हैं।

अथ
ब्रजराज पंचासिका
(मूल)

सोरठा— पूजीं श्री गुरुदेव सकल देव मूरति विमल ।
जा प्रसाद कछु मेव पायो दत्त कवित्त को ।। १ ।।

भूपति पति रनजीत साईं जम्बू नगर को ।
पीत वसन सौं प्रीत धरत रहो चिरजीत ही ।। २ ।।

रघुकुल नीरधि चन्द ता नंदन ब्रजराज दे ।
यदु नंदन जगबंद बंदित रहो अनंद सों ।। ३ ।।

बड़ो रीझवार सिरि राजा रनजीत देव ।
जानें सम मेव श्येन साधन में रत है ।। ४ ।।

अथ उद्योग मूल वर्णनम्

दोहा— एक दिवस चंबयाल को दूत पुकारयो जाइ ।
वाको दुर्ग पठ्यार को लियो कटोच छिनाई ।। ५ ।।

सो०— यों सुनि उठ्यो रिसाइ साईं जम्बू नगर को ।
ता छिन लियो बुलाइ लाइक सुत ब्रजराज दे ।। ६ ।।

कह्यो बचन समुझाइ महाराज ब्रजराज सों ।
दूर करो तुम जाइ बाढ्यो गर्व कटोच को ।। ७ ।।

दो०— अजमत दे मनकोटिआ सम्सेर चन्द हन्ताल ।
दत्त बलावर को धनी मीआं अमृत पाल ।। ८ ।।

रतन दे जसरोटिआ अरु जयसिंह बंद्राल ।
इन भूपन को साथ लै करहु गमन ततकाल ।। ९ ।।

स०—कोप किये ब्रजराज चढ़्यो तब ही महाराज की सासन पाइकै ।
साथ लिये नृप डुग्गर के पुनि हाथ धरे हथयार बनाइकै ।।
राखि भरोसो बढ़ो कविदत्त चले यदुनाथ को माथ नवाइकै ।
देस ही देस में हूल उठी जब डेरे किये हरिमंदर जाइकै ।।१०।।

आगे प्रताप चल्यो तिहिं पाछें हरौल मियां बलवंत सिधार्‌यो ।
ताहि के पाछे बड़ो दल आवत सागर लौ कविदत्त निहार्‌यो ।।
सूझत सूर न धूर छयो जब तूरज घोष अकास पसार्‌यो ।
पाछे चल्यो पुनि मीआं रतन दे जो रन जाइ कहूं नहिं हार्‌यो ।।११

दो० - आयुध भूषन तुरग पट सभको समहिं सुहात ।
दत्त मोरछर पखन सों भूप पछान्यों जात ।।१२।।

सो०— आगे चलत नसान मत्त मतंगज मूरचे ।
जनु साहान की सान देषि दत्त हुलसत हिये ।।१३।।

स० - द्वै असबार खरे सरदारहि राजकुमार की ओर हि झांके ।
राखत पाइ रकेब मिआं ब्रजराज सबै अति ही छवि छांके ।।
तूरज संख बजे डफ दुन्दुभि भेरि चले पुनि चारु पताके ।
ताहि समै कविदत्त भने मुहि लागत नोकि नकीव की हांकै ।।१४।।

दो०— करत कूच दर कूच पुनि चले वीर धरि धीर ।
वेगहि पहुँचे जाइकै ऐरावति के तीर ।।१५।।

स०—पार गए असवार पगारहि पाइक नाव चढाय लंघाए ।
वेग चले न कहुँ ठहरात रिसात समै माछिभौन में आए ।

आइ मिल्यो पृथिसिंह महीपति काज सरे जिन के मन भाए।
साथ लिये सिगरे दल साजि कै राज के ताल निवेस लगाए।१६।

दो० — आयो दल जैब्वाल को यौं सुनि लहैं न चैन।
बोलें लोग कटोच के देवदत्त यह बैन।।१७।।

क० तद्धांही वझूरा असां जहलू चंब्यालवला।
खुस्सया पठ्यारा मत्त कीती जी गुआलांदी।।
गाहने ही लंघी बुत्त नदी षरी भारी हण।
माछी भौण आइ बुंदे फौज जमुआलांदी।।
अज्जे कल्लेमंझ मिली लैह्ण सां गुलेरिआं जो।
पौसौ हुण चाल उन्हां कन्ने डडुआलांदी।।
बप्पड़े सिबेए बड़ा जोर पाए मिली जांधे।
बोल्या बुत्त रहसी क्या चैड़ जसुआलांदी।।१८।।

स० — राज के ताल में दूत पठाइ के संधि कियो लियो देस बचाई।
श्री ब्रजराज हूँ सो मिलिवै को उलेर करी न गुलेर के सांई।।
यों सुनि कांगड़ा देस नरेस के आनन आन परी पिअराई।
कूच कियो खबली थल तें फुनि ठाढे भये हैं नदौन में जाई।।१९।।

दो० — एक दिवस डेरे किये हरिपुर में ब्रजराज।
मीत जानि अनुकूल ह्वै पूरन लाज जहाज।।२०।।

स० — छोरयो दत्त गुलेर को देस तबै कछु हद्द कटौंच की आई।
लूटवे को चहुँ ओर तकै करि सोर पठान की छूट पठाई।।
देखि परे दसहीं दिस धूम हि आग दवानल ज्यों छवि छाई।
श्री ब्रजराज प्रचंड प्रताप तें भागत ठौर लहै न लुगाई।।२१।।

सो० — राज सिंह महाराज सांई प्रबल पहार को।
दौरी निज दल साज आइ मिल्यो जमुआल सो।।२२।।

दोहा— लूटि जारि वा देस को गए वियासा तीर।
तुरत जाइ गाहन कियो काहन सिंह धरि धीर ॥
किये जाइ ज्वालामुखी डेरे जुरि सम भूप।
आइ मिल्यो डढुआल तहां गोपी चन्द अनूप ॥२४॥

स०— छोरि नदौन कटोच तवै जसुआल समेत कलेसर आयो।
क्यों हुन लंघि सकै जमुआल यही जिय जानि घनो हुलसायो ॥
फौज पठाय कछूक गुहासन रात मैं आप तहां पुनि आयो।
सूरन को समुझाई भले ततकाल कलेसर हूँ को सिधायो ॥२५॥

दोहा— देषि जरत निज देस को लोक बडो डर पाइ।
घर घर ऐसे कहत हैं आपस में अकुलाइ ॥२६ ॥

कवित्त— भए हो निभीत रनजीत देव भूपति सों,
बांध्यो तुम्हें बैर जो नरेश सरदार सों।
छोड्यो है पठानियो गुलेर डढवाल,
तुम्हैं सरयो कौन काज मेल कीनों जसवाल सों ॥
देश को जरायो और लुटाइ के खराब करयो,
दत्त मनें कौन फल पायो पठ्यार सों।
कौन समुझावै इस मूरख घमण्डाजू कों,
कोश करि खण्डा मिल भूपति कुमार सों ॥२७॥

कीनों न विचार पठ्यार जो छिनाय लीनों,
वैर इहि काल चंब्याल सों जगायो है।
वैरी है गुलेर तेरो मेल न पठानिआं सों,
एक अभिराज सिंह तेरे साथ आयो है॥
कहा अब कीजै तन छीजै धूम देषत ही,
बैठि कै नदौन सारे देश को जरायो है।
कहै एक रानी दत्त बानी जो घमण्डाजू को,
कौन के भरोसे रनजीतदे रुसायो है ॥२८॥

दोहा— उत्त पुनि होत प्रभात हीं श्री ब्रजराज कुमार।
साथ सकल असुवार लिये गयो विआसा पार ।।२६।।

स०— दूर ते धूम निहार कोऊ जन चार कलेसर जाइ पुकार्यो।
सोए कहा उठि भागो सबै जमुआलन को दल लंघि सिधार्यो।।
यो सुनि कोउ न काहु को पूछत भागत ना मग जात सम्हार्यो।
भागि गए जसवाल कटोच तैव कछु और न मन्त्र विचार्यो।।३०।।

अथ जसुआल कटोचों का भागन वर्णनम्

स०— राषि रही करवार कुमान तुणीरहुँते कढि तीर न सांधे।
पाइ बनाइ बनात के कोस बन्दूक भरो (इ) त धरी रहो कांधे।।
कोश रही तरवार सभी कुलनार पई जनु लाज के फांधे।
दत्त कटोच हुँ ने हथयार बनाइ कै भूषन हेतहि बांधे।।३१।।
डारि कै सज्ज सभै धरणी ततकाल तुरंग पै दीन फिराकी।
पाइक पाई बडो दुख दौरत दौरि थकाए तुरंगम राकी।।
छोरि कै लाज भगे दोऊ भूपति आह तजी धन प्रान धरा की।
भागत जोर जगी गरमी तब वाय तकी ठंडी राजपुरा की।।३२।।

स०— जारि चनौर गुहासन को तब श्री ब्रजराज कलेसर आयो।
लूटत जारत देश हि ता छिन छूट पठाई नदौन जरायो।।
जानि कै मीत खरो अपनो तत्काल कल्हूर को भूप बुलायो।
कांपि उठै मण्डयाल जवै ब्रजराज निवेश नदौन में आयो।।३३।।

क०— थोरि आनमान रहे साह पातसाहन की पीठ,
जिन देखि है दीना बेग खां की।
मंडीयै कल्हूर आइ दाखल हजूर भए,
छोरि कै गरूर सूरबीर कै गुमान की।।
प्रसर्यो प्रताप ज्यों पुआध महाराज हूं को,
कौन हू न ठानी मत मीआं सो मिलान की।

देवदत्त भूप रनजीत देव ऊपर ही,
हुतो सब देखी है तुठाई भगवान को ।।३४।।

स०— बांटि दियो सब देस कटोच को भूपन को ब्रजराज कुमारहीं।
लायो चनौर गुहासन साथ गुलेर सों चांगर देवल हारहीं।।
पालम देस दियो चंबयाल को आगे हुतो उन को पठ्यार हीं।
और दियो किलेदार को देस नदौन धरै अपने सरदार हीं ।।३५।।

दोहा— दीन्हों देवीचन्द कौ मैल्हमौरिआं देस।
लै धन किए किसान ज्यौं सकल पुआध नरेस ।।३६।।

सो०— बडभागी ब्रजराई बाटि कांगडा देस को।
करी कलेसर जाई कुटलैहड पर छूटी पुनि ।।३७।।

स०—हारि रहे सब भूप कल्हूर के जाके लिये बहुती धन लायो।
हारे पठान उठान सबै पुनि जो गढ कैसे कै हाथ न आयो।।
जा लग कैद भयो दैविचंद जो दै धन श्रीरनजीत छुडायो।
सो कुटलैहड सिरि ब्रजराज प्रसाद हूँ ते बिन खेद हिं पायो ।।३८।।

दोहा— कूच कलेसर तैं कियो सैना चली अपार।
लूट जारि छिन मैं कियो सीबा मुलष उजार ।।३९।।

सो०— सीबापुर को राइ नाम नारायनचंद पुनि।
आइ मिल्यो अकुलाइ भूपति भूप कुमार सों ।।४०।।
श्री ब्रजराज कुमार जीति सवैया भूप कों।
गांव पृथीपुर सार दीनों गोबिंदचंद कों ।।४१।।

दोहा— जोति सवैया भूप को गए गुहासन फेर।
गोपीपुर डेरे किए राजपुरा मग हेर ।।४२।।

क०— कागद पठायो अभिराजहुँ को ब्रजराज,
ऐसे लिषि देवदत्त दूत समुझाइ कै।
होते आदमीत जसुआल जमुआल जातें,
कहौं एक सीष जाको जानों चित लाइ कै ।।

पापिन को भूपत घमण्डा कौ निकारि दीजै,
लीजै सभ बाको देस गोपीपुर आइ कै।
नातर तिआर हूजै भूपन सों लरिवै को,
आवत हैं सुरवीर अतिहि रिसाइ कै ।।४३।।

सो०— पढि कागद अभिराइ हित कर मानी सीष वह।
जानि मीत ब्रजराइ आइ मिल्यो ततकाल ही ।।४४।।

क०— पंचनमें मानिकै बुलाओ अति आदर सों,
दीनों बहु देस चित आनन्द बढाय कै।
जाके हेत कीनो है अकाज ब्रजराज देव,
लीनों कुटलैहड़ जो रानी सों छिनाय कै ।।

तदपि न खुल्यो चित कपट न बाको गयो,
आयो घर देवीचंद स्वारथ मनाइ कै।
नेकहुँ न मान्यो उपकार दत्त मीतन को,
अपनी भलाई सब दीनी है बहाइ कै ।।४५।।

सो०-- आइ मिल्यो जसुआल देवीचंद विदा भयो।
लागी करन सिंगार यौं सुनि नार गुलेर की ।।४६।।

कुं०— देवीचंद विदा भयो आइ मिल्यो जसुआल।
यों सुनि नार गुलेर की लागी करन सिंगार ।।

लागी करन सिंगार कंतघर आवत जानी।
सरे सकल अभिलाष रैन दिन यों मन ठानी ।।

देवदत्त चित लाइ जान वर दायक सेवी।
सो तूठी जगमाइ संत सुष दाइक देवी ।।४७।।

हरिपुर की तरुनीन को बाढ्यो अमित अनंद।
आवत है घर को सुनयो भूप गोवर्धनचंद ।।
भूप गोवर्धनचंद सकुन सब होवन लागै।
लषि आवत घर कंत विरह दूसन सभ भागै ।।

दत्त फुरैं दृग वाम उरज वामी भुज फरकी।
घर घर करत सिंगार चारु नारि हरिपुर की ॥४८॥

क० — ठंडे ठंडे पाणी जिन्है पीते बरफानी भलो,
तौहिया दा पानी हुन चेतैं कुस आउंदा।
मिट्ठे चूपे जिन्है अंब छैल पंजलैदे,
कुत्थे खरबूजा हुन तिद्धे मन भाऊंदा॥
लिषि लिषि थक्के नैन पक्के राह दिक्खि २,
दत्त भनें नौएं सैल छोडी कुण आऊंदा।
पई बरसांत फिरी उंधे मन सांत भलो,
असैं बखी कैसकी तुसाडा मन आउंदा ॥४९॥

दो०— काहू मीत कटोच को लिषि पतिआं यही बात।
दत्त न और विचार कछु यही मिलन की बात ॥५०॥

स०—देस विदेस निदेसहिं मानत हैं इनके सिर नाइकै।
जो करि प्रीत मिल्यो इनसों सो रह्यो निरभीत सिरी थिर पाइकै॥
श्री यदुराय कृपा करि दत्त रह्यो इनको यश भूतल छाइकै।
ताते कटोच संकोच करो मत वेग मिलो ब्रजराज सों आइकै ॥५१॥

दोहा— पढि कागद यह मीत कौ मिल्यो घमण्डा आई।
मीयां को जयदेव करि बेठ्यो सीस निवाइ ॥५२॥

स०—दे पुनि राज घमंड को तूठी किसान ज्यों धान उखारि लगाइ कै।
जीति जलंधर को ब्रजराज चल्यो घरको जसखंभ गडाइ कै॥
सोहत सान समेत नसान जो फेर धरे हैं नदौन जलाइ कै।
भूपत वे अपने घरहुँन को कीने विदा सभ देहरे आइ कै ॥५३॥

इति श्रीमत् प्रवलपुंडीर भडुआल पुरोहित कविदत्त विरचिता
श्री ब्रजराज पंचासिका समाप्ता।

ब्रजराज पंचासिका

का

ऐतिहासिक विवरण

दत्त कवि के समय का विवरण करते हम ऊपर लिख आये हैं कि महाराजा रणजीत देव (१७३५-८१ सन्) दत्त के अभिभावक थे। रणजीत देव ने रावी, चिनाव के मध्य की रियास्तों पर अपनी धाक जमाई, चम्बा तक उसने अपनी सत्ता स्थापित करने का यत्न किया। वहां की राज माता संभवत: रणजीत देव की बहिन थी। चम्बा का युवराज राज सिंह अभी ९ वर्ष का ही था कि उस के पिता का देहान्त १७६४ में हो गया। उस की किशोरावस्था में कांगडा के राजा घुमण्ड चन्द ने पठयार का किला चम्बा से छीन कर उस इलाका में अपना अधिकार जमा लिया। इस विपत्ति के समय राजसिंह की माता ने जम्मू के राजा रणजीत देव से सहायता मांगी। रणजीत देव उसका भाई था। रणजीत देव ने अपने युवराज को इस मुहिम पर भेजा, इसी मुहिम का वर्णन दत्त ने ब्रजराज पंचासिका में किया हुआ है। इस मुहिम में कौन किस के साथ था इस का विवरण दिया जाता है।

महाराजा रणजीत देव १७३५ सन् में गद्दी पर बैठा। घुमण्ड चन्द १७५१ में कांगडाधीश बना। राज सिंह १७६४ में चम्बा की गद्दी का उत्तराधिकारी बना। उस समय वह ९ वर्ष का था। १७६४ के लगभग

ही घुमण्ड चन्द ने पठयार का दुर्ग चम्बा राज से छीन लिया और पालम का इलाका अपने अधीन कर लिया। राजसिंह की माता रणजीत देव की बहिन थी, उसने रणजीत देव से सहायता मांगी, रणजीत देव ने अपने पुत्र युवराज ब्रजराज देव के साथ कुमक भेजी और कांगड़ा पर चढ़ाई हो गई।

ब्रजराज के साथ जम्मू से अजमत देव मनकोटिया, शमशेर चन्द हिंताल, अमृतपाल बलावंरिया, रतन देव जसरोटिया और जयसिंह बंद्राल चले। नूरपुर में पृथ्वीसिंह साथ आ मिला। यूँ सेना इकट्ठी हो कर कांगड़ा की ओर बढ़ी। राजा घुमण्ड चन्द नदौन के पास कलेसर डेरे डाले बैठा था। राजा गोवर्धन चन्द गुलेरिया ने अधीनता मान ली। राज सिंह चम्बा से भी आ मिला। गोपी चन्द डढुआल ने भी हार मान ली और ब्रजराज की सेना से आ मिला। घुमण्ड चन्द भाग निकला और अभिराज सिंह जसवाल की शरण में उसकी राजधानी राजपुरा में पहुँचा। देवीचंद कल्हूरिया नारायण चन्द सिबैया और गोंविन्द चन्द दातार पुरिया सब परास्त हुए। घुमण्ड चन्द को भी पत्र भेजा। अमिराज सिंह पहले ही आ मिला था। घुमण्ड चन्द से पठयार का इलाका ले कर चम्बा को दिया और उसे फिर से कांगड़ाधीश रहने दिया। इस प्रकार ब्रजराज देव विजय पताका फहराता जम्मू लौटा।

रावी के पूर्व में ११ पहड़ी रियास्तें थीं और रावी के पश्चिम में ११ गिनी जाती थीं, इन २२ रियास्तों में पश्चिम में जम्मू और पूर्व में कांगड़ा प्रसिद्ध हैं। महाराजा रणजीत देव ने जम्मू की छोटी छोटी रियास्तों को तो अपने अधीन कर ही रखा था, पर इस मुहिम में रावी के पूर्व की रियास्तों पर भी अपना आतंक जमाया।

जम्मू प्रान्त की डुग्गर की रियास्तें ये थीं:-

जम्मू, बसोहली, भड्डु, मनकोट, बंदरालता, जसरोटा, साम्बा, चनैनी, किश्तवाड़, भद्रवाह, लखनपुर।

कांगड़ा प्रान्त में रावी से पूर्व का ११ रियास्तें :–

चम्बा, नूरपुर, गुलेर, दातारपुर, सीबा, जसवां, कांगड़ा, कुटलेह, मण्डी, सुकेत, कुल्लु।

महाराजा रणजीत देव ने जम्मू प्रान्त को संगठित करने का काम प्रारम्भ कर ही दिया था जो आगे चल कर महाराजा गुलाबसिंह ने कश्मीर को भी साथ ले कर और विस्तृत कर दिया और जम्मू की सीमा रूस, चीन, तिब्बत और अफगानिस्तान से जा मिलाई थी।

जिन जिन राज्यों और राजाओं का उल्लेख इस ब्रजराज पंचासिका में मिलता है उनका विवरण नीचे दिया जाता है।

(१) रणजीत देव

(१७३५-१७८१) यह जमवाल वंश का प्रसिद्ध महाराजा हुआ है। गुलाब सिंह से दूसरा स्थान इसे ही मिलता है। यह जमवाल वंश बहुत विख्यात हुआ। जम्मू कांगड़ा की २२ रियास्तों में १० पर जमवाल वंश के लोग राज करते थे, यथा जम्मू, कलीठ (भाऊ) दलपतपुर, साम्बा, जसरोटा, तिरिकोट, लखनपुर, मनकोट, भोती, अखनूर ये सब जम्मू के प्रायः अधीन थी। ये तेहरवीं सदी के लगभग स्थापित हुई। फोस्टर साहिब १७८३ में जम्मू आये उन्होंने अपनी यात्रा के वर्णन में जम्मू का विवरण दिया है।

(२) राज सिंह

(१७६४-१७९४) चम्बा का राजा। इस की माता रणजीत देव की बहिन थी। अभी यह ९ वर्ष का था कि इस के पिता का देहान्त हो गया। इस की किशोरावस्था में राज माता ने शासन की बागडोर सम्भाले रखी। घुमण्ड चन्द कटोच ने पठयार का इलाका उन्हीं दिनों छीन लिया। तब राज माता ने अपने भाई रणजीत देव से सहायता मांगी। उसने अपने युवराज ब्रजराज देव को कांगड़ा की मुहिम पर भेजा जिसका वर्णन ब्रजराज पंचासिका में दत्त कवि ने किया है।

(३) घुमण्ड चन्द कटोच

(१७५१-१७७४) कांगड़ा का वीर राजा संसार चन्द से पहिले यही प्रसिद्ध राजा हुआ है। जसवाल अभिराज सिंह के साथ इसका मेल था। उसी के बलबूते पर इसने पठयार ले लिया था, पर ब्रजराज के सामने न ठहर सका और फिर उस के बलविक्रम के सामने नतमस्तक हुआ जैसा कि ब्रजराज पंचासिका में वर्णित है।

(४) अजमत देव मनकोटिया

मनकोट को आजकल रामकोट कहते हैं। जम्मू के राजाभुज देव (११५० सन्) के वंशज मानक देव ने यह छोटी सी रियास्त १३०० सन् के लगभग स्थापित की और मानकोट दुर्ग बनाया। १८२० में सिक्ख राज्य में सम्मिलित की गई। १५८८-८९ में अकबर के विरुद्ध विद्रोह में यहां का राजा प्रतापदेव भी १३ पहाड़ी राजाओं में शामिल था और जिस ने जैन खां कोका की अधीनता स्वीकार की और दिल्ली राज दरवार में अकबर से क्षमायाचना की। रणजीत देव का समकालीन अजमत देव था। रणजीत देव का आतंक अपने पड़ोसी छोटे राज्यों पर पर्याप्त था। कांगड़ा की मुहिम में अजमत देव ने ब्रजराज का साथ दिया। इस वंश में स्थापना से लेकर १८२० तक २३ राजा हुए। जब मनकोट राज्य १८४४ में गुलाबसिंह के अधीन हुआ तब यहां का राज वंश सलांघड़ी (कांगड़ा) में जा बसा। मनकोट का नाम परिवर्तन अभी अर्वाचीनकाल में ही हुआ। सिक्ख राज्य में सम्मिलित होने के उपरान्त यह इलाका बंदराल्ता, साम्बा और भड्डु के साथ ही राजा सुचेतसिंह को महाराजा रणजीतसिंह ने दिया और जिस की मृत्यु पर १८४४ में जम्मू में सम्मिलित हो गया।

(५) शमशेर चन्द हिंताल

(१७६०-६१) यह राजा चिनैनी था। चिनैनी का पुराना नाम हिमता या हयूंता था और यहां के शासकों ने हिन्ताल का उपनाम अपने साथ जोड़ा। हिमता का अर्थ है बर्फानी मुलक हिम से हिमालय और हेमन्त।

यह राजवंश चन्द्र वंशज है। परम्परा से कहते आये हैं कि चन्देरी के राज वंश में से नवीं सदी में वीर चन्द ने बिलासपुर राज्य स्थापित किया। उसके भाई गम्भीर चन्द ने चन्हेनी का राज्य स्थापित किया। नालागढ़ भी इसी वंश में से एक सेना नायक ने स्थापित की। चिन्हैनी की वंशावलि में ४५ राजाओं की गणना मिली है, जिन्होंने स्थापन काल से ले कर १८२२ तक राज्य किया। तवी के किनारे राजधानी चक थी जिस का पुनः नामकरण चन्देरी हुआ जोकि कालान्तर में चन्हैनी में बदला। १५८८-८९ और १५९४-९५ के मुगलशासन के विरोधी पहाड़ी राजाओं में यहां का राज्य भी सम्मिलित रहा होगा।

सुद्धमहादेव का प्रसिद्ध तीर्थ चिनैनी के समीप १० मील ही है। चिनैनी राज्य के दो प्रसिद्ध इलाके हैं एक तवी की घाटी में दूसरा चिनाब की घाटी में, बीच में लद्धे की धार आती है।

शमशेर चन्द हिताल प्रसिद्ध राजा हुआ है। इसकी रणजीत देव के साथ मित्रता थी और मुहिमों में साथ देता था। कांगड़ा की मुहिम से पहिले भी अहमदशाह दुरानी के कहने पर १७६४ में रणजीत देव ने जब काश्मीर पर चढ़ाई की उस समय भी शमशेर चन्द जम्मू की सेना के साथ अपनी सेना ले कर काश्मीर की मुहिम में शामिल था।

कांगड़ा की मुहिम के बाद ही इस का देहान्त हुआ। शमशेर चन्द के उपरान्त का चिनैनी इतिहास जम्मू से सम्बद्ध है।

(६) अमृतपाल बलावरिया

(१७५७-१७७६)। इस राज्य को बसोहली राज्य भी कहते हैं। इस की प्राचीन राजधानी बलावर थी। राज तरंगिणी में इसका नाम वल्लपुर आता है और यहां के राजा कश्मीर के राजाओं के हां आते जाते थे।

ऐतिहासिक दृष्टि से कुल्लू, बलावर (बसोहली), भड्डु और भद्रवाह के राजवंश एक ही घराने के हैं। परम्परागत आस्था है कि

यह वंश प्रयाग से सम्बन्ध रखता है।

अमृतपाल १७५७ में गद्दी पर बैठा। जब इसके पिता का देहान्त हुआ तब यह १२ वर्ष का था। उसने रणजीत देव की लड़की १७५९ में व्याही। जम्मू राजवंश का बसोली राज्य पर बड़ा गहरा प्रभाव था और अमृतपाल प्रायः जम्मू ही रहा करता था। रणजीत देव के कहने पर अमृतपाल ने १७७४ में चम्बा पर आक्रमण किया, पर राजसिंह चम्बा के राजा ने सिक्खों की सहायता से यह आक्रमण परास्त किया।

अभी राजसिंह किशोरावस्था में ही था, तब घुमण्ड चन्द से पठायार छीने जाने पर ब्रजराज देव के साथ अमृत पाल कांगड़ा की चढ़ाई पर गया था। जैसा कि ब्रजराज पंचासिका में वर्णन मिलता है। बसोहली के महल अमृत पाल ने ही बनाये थे। बसोहली की कलम भी चित्रलेखा में प्रसिद्ध है।

(७) रत्न देव जसरोटिया

भुजदेव जम्मू का राजशासन ११५०-७५ तक करता रहा। उसके तीसरे पुत्र करणदेव ने जसरोटा राज्य की नींव डाली। ११९५ में जसदेव ने जसरोटा नगर बसाया। जसदेव भुजदेव का पौत्र था। इस के पिता का नाम औतार देव था। १८३४ तक यह राज्य चलाता रहा और स्थापना से लेकर तब तक २७ राजाओं ने राज्य किया। यही राज्य दो भागों में विभक्त हुआ। उज्झ नदी को मध्य सीमा रखा गया। इस के पूर्व में लखनपुर और पश्चिम में जसरोटा का राज्य निश्चित हुआ। इन दोनों रियास्तों पर जसदेव के वंशज दो भाई प्रताप देव और संग्राम देव क्रमशः राज करते थे।

१५८८-८९ के विद्रोह में जम्मू से जस्सवां तक के राजे अकबर के साम्राज्य के विरुद्ध समिलित हुए। १५८५ में कांगड़ा में बिधिचन्द कटोच राज करता था। जसरोटा में राए भाबु। उस बार विद्रोही जैन खां कोका से परास्त हुए। ६ वर्ष उपरान्त फिर विद्रोह हुआ।

इस बार जसरोटा का राय भाबु प्रमुख था, पर इस बार भी विद्रोही सफल न हुए और सब ने अकबर की अधीनता स्वीकार की ।

जसरोटिया राजा रत्न देव जमवाल रणजीत देव का समकालीन था । अहमदशाह दुरानी के आक्रमण पर पंजाब जब उसकी भेंट हुआ तो पहाडी रियास्तों में स्वतन्त्रता की लहर उमड आने पर जसरोटा भी बसोहली के सदृश जम्मू के आतंक में हो गया । कांगड़ा की मुहिम में रत्न देव जसरोटिया रणजीत देव के कहने पर ब्रजराज देव के साथ हो लिया ।

(८) जयसिंह बंदराल

पुराने समय की बंदरालता रियासत का नाम आज कल राम नगर कहलाती है । कोई सौ वर्ष हुए जब यह जम्मू में सम्मिलित की गई । यह रियासत चनैनी के दक्षिण में स्थित थी । इस के पूर्व में भद्रवाह, उत्तर में मनकोट, पश्चिम में ऊधमपुर । चम्बे के एक सेना नायक ने इसे १०००-२० सन् के करीब स्थापित किया था । १८२२ तक यह राजवंश चला । जब यह रियासत सुचेतसिंह को दी गई । रणजीत देव का समकालीन जयसिंह बंदराल था ।

भड्डु देश

रावी से पश्चिम की रियास्तें जिन का उल्लेख ब्रजराज पंचासिका में है उनका विवरण संक्षेप से दिया है इनमें से भड्डु का वर्णन विशेष रूप से देना उचित है, क्योंकि यह नगर भडवाल राज पूतों की राजधानी थी । और हमारे कविवर दत्त की जन्मभूमि थी ।

भड्डु के उत्तर और पूर्व में बलावर, दक्षिण में जसरोटा और पश्चिम में मनकोट (रामकोट) । भड्डु राजधानी थी जो कि भीनी नदी पर स्थित है जोकि उज्झ में गिरती है । १५८८-८९ और १५९४-५ के अकबर के विरुद्ध पहाड़ी राजाओं के विद्रोह में भड्डु राज्य भी सम्मिलित था । पुराना सुमबड़ता भी भड्डु के समीप ही है । यहां के लोग चम्बा के १०वीं शताब्दि में ताम्र लेखों में सौमन्तक कहे गये हैं ।

जिन्होंने दुर्गर जाति के लोगों से मिलकर चम्बा पर आक्रमण किया था।

भड्डु राज्य बलावर राज्य की शाखा थी। ये राजवंश मायापुरी हरिद्वार से आया कहा जाता है। १०२८-४१ तक बल्लपुर का राज्य नहीं बांटा था। भड्डु राज्य की नींव १०४१-१०५५ के लगभग डाली गई थी। और यह राज्य १८४० तक चला। २२ राजाओं का नाम इस वंश की वंशावलि में मिलता है। राजा तोषपाल इसका पहला राजा हुआ और बलावर के राजा का भाई था।

राजा पृथ्वीपाल (१७५६ सन्) भड्डु का राजा रणजीत देव जमवाल का समकालीन था। बलावर के राजा अमृत पाल ने भड्डु राज्य को राज कर से मुक्त किया। मुगल राज्य के पतनकाल में पहाड़ी राजाओं पर रावी के इधर जम्मू और रावी के उसपार काँगड़ा राज्य ने अपना शासन प्रभाव अपनी पड़ोसी रियासतों पर बढ़ाया। ध्रुवदेव (१७०३-१७३५) के समय ही यह विस्तार करने की नीति चालू हो गई थी। ध्रुव देव के बेटे रणजीत देव ने चिनाव से रावी तक और उधर भद्रवाह तक भी अपना प्रभाव जमा लिया था। अमृतपाल का पिता जितपाल (१७३६-१७५७) राजा ध्रुवदेव की सहायता करता ही था। अमृतपाल प्रायः जम्मू ही रहा करता। कई चढ़ाईयों पर वह रणजीत देव के कहने पर गया विशेष कर चम्बा (१७७४) पर चढ़ाई में शामिल था। भड्डु का राजा भी अवश्य अमृत पाल के साथ रहा होगा। और कांगड़ा की चढ़ाई पर अवश्य साथ हुआ होगा।

राजा पृथ्वी पाल भड्डुवाल की मित्रता रणजीत के युवराज ब्रजराज देव से थी। उस समय भड्डु में दत्ता नामक भडवाल वंश का राज पुरोहित हुआ जिसने वीर विलास नामक काव्य लिखा और ब्रजराज पंचासिका लिखी। वीरविलास की भूमिका में लिखते हैं :-

भड्डु देश नरेस है पृथीपाल अभिधान।
ब्रजवासी दासी भई जाकी मत जुत ज्ञान॥

लाज दया गुनरूप निधाना राषत गुरू लोकन की आना।
राजनीति उतम अति राषै कटुक वचन कबहू नहिं भाषै ।।

चिरंजीत रणजीत नृप जंबू नगर नरेश।
जिन गोपाल प्रसाद तें जीते लियो सब देश ।।

ज्यौं शिव को गनराज ताको सुत ब्रजराज दे।
सूर बड़ो युवराज चिरजीवो गुनगण भर्यो ।।

भई सरस ब्रजराज सों पृथी पाल की प्रीत।
गोसट वेद पुरान की करत सुनत नृपनीत ।।

कह्यो वचन दुहुन मिलि वचन पुरोहित पास।
द्रोन पर्व भाषा करहु ग्रन्थ सुवीर विलास ।।

ताकी सासन पाइकै रच्यो द्रोण संग्राम।
श्री भडुवाल पुंडीर को पुरोहित दत्तू नाम ।।

इस प्रकार वीर विलास का प्रारंभ हुआ। ब्रजराज पंचासिका में भी मंगलाचरण में भी इसी प्रकार कवि लिखता है :–

पूजों श्री गुरुदेव सकलदेव मूरति विमल,
जा प्रसाद कछु भेद पायों दत्त कवित्त को।

भूपति पति रनजीत साईं जम्बू नगर को,
पीत वसन सों प्रीत धरत रहो चिरजीत ही ।।

रघुकुल नीरधिचन्द ता नंदन ब्रज राज दे,
यदु नंदन जगबंद बंदित रहो अनंद सों।

पृथीपाल के समय के उपरान्त बसोहली और भड्डु में सिक्ख शासन का हाथ बढ़ता गया। १८२० के उपरान्त सुचेत सिंह बंदरालता के इलाके का शासक बना और राम नगर इस की राजधानी थी। रामकोट और भड्डु इसी के अधीन थीं। बसोहली और जसरोटा ध्यानसिंह के पुत्र राजा हीरासिंह की जागीर थी जो महाराजा रणजीत सिंह ने उसे दी हुई थी। १८४४ में सुचेत सिंह

और हीरासिंह के मारे जाने पर इनकी जागीरें जम्मू में सम्मिलित की गईं।

१८४६ में अमृतसर की संधि के अनुसार रावी और सिंध के मध्य का इलाका महाराजा गुलाबसिंह को दिया गया। भड्डु का राज वंश कांगडा में तिलोक पुर में बसता है। इस राज घराने के राजपूत अपने आप को भड्डुवाल कहते हैं। और इन के पुरोहित गौड़ पुरोहित दत्त के वंशज अभी भी हैं जो भल्लड़ ग्राम कटुआ जिला में रहते हैं। दत्त ने अपने आप को पुंडीर लिखा है।

पठानकोट और नूरपुर के राज वंश अपने आपको पुंडीर कहते हैं, अर्थात् पांडवों के वंशज और बसोहली, कुल्लु, भडडु, भद्रवाह मण्डी सुकेत वाले भी अपने आपको पुंडीर ही कहते हैं। ये चन्द्र बंशी राजपूत हैं और दिल्ली के तोमार राजाओं से अपना सम्बन्ध रखते हैं। यह दिल्ली का राज वंश पृथ्वीराज चौहान के दिल्ली की राजगद्दी संभालने पर ११७६ सन् में समाप्त हुआ।

पुरोहित दत्त जो वीर महाकाव्य वीरविलास और वीरखंड काव्य ब्रजराज पंचासिका का रचयिता हुआ पांडव वंशजों का पुरोहित था इस लिये अपने आपको "प्रवल पुंडीर भड्डुआल पुरोहित" लिखता है।

अब कांगड़ा की रियास्तों का विवरण दिया जाता है जो इस मुहिम में ब्रजराज की संयुत सेना का मुकाबिला न कर सकीं।

(१) कांगड़ा

इस प्रान्त: का पुराना नाम त्रिगर्त है जिस में जालन्धर दोआबा और सतलुज बिआस के मध्य का साथ मिलता पहाड़ी इलाका शामिल है। मुसलमानों के आक्रमण के उपरान्त मैदानी इलाका तो त्रिगर्त से छूट गया और केवल पहाड़ी इलाका ही त्रिगर्त कहलाने लगा।

त्रिगर्तराज सुशर्म चन्द्र कौरव सेना में होकर महाभारत युद्ध में

लड़ा था। जालन्धर और त्रिगर्त पर्यायवाचीशब्द हैं।

"जालन्धराः त्रिगर्ताः स्युः। पाणिनि ने आयुधजीवि सघों में छे त्रिगर्तसंघों का नाम लिया है। जैसा कि काशिका में लिखा है :—

आहु स्त्रिगर्तषष्ठांस्तु कौण्डोपरथदाण्डकी।
क्रौष्टकिज्जालिमानिश्च ब्रह्मगुप्तोऽथ जानकि॥

इस में शायद बह्मगुप्त संघ का चम्बा के बरम्होर से सम्बन्ध रखता हो। व्यास सतलुज के बीच की तराई भूमिको त्रिगर्त कहते थे क्यों कि इस भूमि में व्यास में उसकी सहगामिनी तीन नदियें मिलती थीं यथा वानङ्गगा, कुराली, नयगुल, इन का संगम हरि के पत्तन पर होता था। या त्रिगर्त सतलुज, विआस, रावी का वाचक हो। और इसी साम्य पर रावी चिनाब के बीच की भूमि को द्विगर्त कहने लगे, द्विगर्त से डुग्गर।

त्रिगर्त का उल्लेख राजतरंगिणी में कई बार आया है। कांगड़ा या नगरकोट पर महमूद गजनवी ने १००९ में आक्रमण किया और किला जीत कर वहां अपनी सेना की टुकड़ी बैठा दी जो कि १०४३ तक वहां अपना अधिकार जमाय रखीं।

१०६० में कांगड़ा के राजपूत राजाओं ने फिर से नगरकोट अपने अधीन कर लिया और तब से ३०० बर्ष तक उनके अधीन रहा। यहां के कटोच राजा महाभारत के समय के सुशर्म चन्द्र के वंशज़ हैं और चन्द्रवंशी हैं। जालन्धर का इलाका तो मुसलमानों ने अपने अधीन कर लिया, पर पहाड़ी प्रान्त कांगड़ा के राजाओं के अधिकार में रहा।

मुहम्मद तुगलक (१३२५) से लेकर कांगड़ा मुसलमान सुलतानों और मुगलबादशाहों के सम्पर्क में आया और पंजाब सूबा और दल्ली के आधिपत्य में रहा।

राजा घुमण्ड चन्द (१७५१-१७७४) रणजीत देव का समकालीन था जिस का विवरण पहले हो चुका है।

हचिसन और फोगलकृत हिस्टरी आफ दी पंजाब हिल स्टेट्स भाग १ पृष्ठ १७६ में लिखा है :—

"Ghumand Chand was a strong ruler, under whom the Kangra State was restored to its ancient limits and to much of its former prestige. Sujanpur, on the Beas above Nadaun, usually called Tirah Sujanpur, this residence of his descendants was founded by him and embellished with many fine buildings".

इतिहास के उसी भाग के ३१४ पृष्ठ पर चम्बा राज्य के विवरण में लिखा है :—

"Raj Singh (1764-1794) was only nine years old at the time of his father's death. Ghumand Chand of Kangra taking advantage of Raj Singh's minority, seized the fort of Pathiyar and drove the Chamba troops out of Bir-Bangahal.

आगे चल कर द्वितीय भाग के पृष्ठ ५८१ पर वर्णन चलता है :—

But the Queen regent a sister of Ranjit Dev of Jammu appealed to her brother for help in recapturing the fort, which was at once forthcoming.

Ranjit Dev then summoned contingents from other States dependent on Jammu. These were Shamsher Chand of Chanheni; Azam Chand of Mankot; Amritpal of Basohli; Ratandeva of Jasrota

and Jai Singh of Bandaralta.

The Command of the army was entrusted to Brajraj Dev, son of Ranjit Dev and on arrival at Nurpur it was joined by Prithvi Singh of that State and in Kangra by Govind Chand of Datarpur and Raj Singh of Chamba. Raja Ghumand Chand was encamped at Kalesar, and seeing such a muster of the opposing forces, he fled without offering any battle, and the Pathiar fort was surrendered and the Ilaqa returned to Chamba. (Compare Chamba Gazetteer also at page 98.)

यह उद्धारण विस्तृत इस लिये दिया गया है क्योंकि इस में ब्रजराज पंचासिका का संक्षिप्त रूप में सार आ गया है। दत्त कवि ने इसी इतिवृत्त को वीर काव्योचित पद्धिति में कहा है। पर ध्यान रखने योग्य यह बात है कि दत्त ने कहीं भी अतिशयोक्ति या अनावश्यक शब्दाडम्बर नहीं किया। वह यथार्थवादी था और मंजा हुआ ऐतिहासिक कवि था द्रोणपर्व का पद्य-अनुबाद करना कोई सहजकार्य तो न था। इस कांगड़ा की चढ़ाई का वर्णन वीरकाव्य के रूप में बड़ा यथार्थ हुआ है।

"नामूलं लिख्यते किञ्चित्, नानपेक्षितमुच्यते"

वाले सिद्धान्त का प्रतिफल स्वरूप यह एतिहासिक पंचासिका आप के सामने खण्ड वीरकाव्य के रूप में आई है। संभव है कि दत्त कवि ने आंखों देखा हाल कहा हो। अमृतपाल बलावरिया के साथ भडवाल पृथ्वीपाल भी साथ गया होगा और हो सकता है दत्त ने भी अपने भडवाल राजा का साथ किया हो।

कांगड़ा प्रान्त के और राजे जो इस कांगड़ा की चढ़ाई से सम्बन्ध रखते हैं उनका संक्षिप्त विवरण यूँ है :—

[ब्रजराज पंचासिका

नूरपुर :—

यह बड़ी पुरानी रियासत है। इसका पुराना नाम धमेरी है जिसका सम्बन्ध औडुम्बर से बताया जाता है। इसकी राजधानी पठानकोट या पैठन थी। अकबर के समय नूरपुर राजधानी बना। और यह नाम जहांगीर के समय नूरजहां के नाम पर रखा गया। १०० बर्ष ईसा से पूर्व यहां के राजा धरघोष का एक सिक्का मिला है। १५८९-९० के राज विद्रोह में १३ पहाड़ी राजा शामिल थे और राजा बसु माऊ का था, माऊ इसी रियासत का पुराना नाम था, जिसकी राजधानी धमेरी थी। धमेरी शब्द का सम्बन्ध औडुम्बर से है औडुम्बर ही यहां के शासक थे। पठानकोट और नूरपुर के राजा अपने आप को पुण्डीर कहते हैं और इसमें वे बसोहली, कुल्लु, भड्डु, भद्रवाह, मण्डी, सुकेत से मिलते हैं। ये चन्द्रबांसी राजपूत हैं और अपना पूर्वज दिल्ली के तोमर राजा बतलाते हैं जिनका वंश ११७६ में पृथ्वी राज चौहान के दिल्ली लेने पर समाप्त हुआ।

जम्मू के महाराजा रणजीत देव का समकालीन नूरपुर का राजा पृथ्वीसिंह था (१७३५-१७८९) जिसने कांगड़ा की चढ़ाई पर ब्रजराजदेव की सहायता की थी जब उसकी सेना रावी पार कर के माछी भौन आ पहुँची थी।

जसवां

यह राज्य ११७० के लगभग कटोच वंश के एक सेना नायक पूरबचंद ने स्थापित किया। वह कांगड़ा के राजा का भाई था। इस की राजधानी राजपुरा थी। जसवां का राजा भी अकबर के विरुद्ध विद्रोहों में शामिल था। २७ राजाओं का नाम यहां की वंशावली में आता है। घुमण्ड चन्द का समकालीन अभिरायसिंह था जिस का ज़िकर ब्रजराज पंचासिका में आता है। अभिरायसिंह के पास ही घुमण्ड चन्द चला गया जब नदौन पर ब्रजराज की सेना

का आक्रमण हुआ। तदुपरान्त अभिराय सिंह ने भी ब्रजराज की अधीनता स्वीकार कर ली और घुमण्ड चन्द ने भी उसीका अनुसरण किया।

देवी चन्द

१७४१-१७७८ कल्हूर रियासत का राजा रणजीत देव का समकालीन था। कल्हूर का नाम विलासपुर भी था। ये चन्द्र बंशी राजाओं और चन्हैनी नालागढ़ के राज वंश भी इसी के साथ समान एक ही चन्द्र बंश घराने की शाखा थे।

गोबिन्द चन्द

यह दातारपुर के राज वंश का राजा रणजोत देव का समकालीन था। यह राजवंश सीबा की शाखा थी।

नारायण चन्द

सीबा का राजा। सीबा राज वंश गुलेर की शाखा थी। १४५० के लगभग सिबरन चन्द ने इस राज्य की स्थापना की। गुलेर वंश में यह चौथी पीढ़ी में हुआ। इस वंश में २५ राजा हुए। राजा नारायन चन्द रणजीत देव का समकालीन था और इसी का नाम ब्रजराज पंचासिका में आता है। इसकी राजाधानी डाडा थी।

कोटलेहर :—

यह जसवां की पहाड़ियों में छोटी सी रियासत थी। चालीस पीढ़ियां यहां के राजवंश ने राज्य किया। कहते हैं इस राज्य की स्थापना ब्रह्मण वंश वसंत ने की जो कि पश्चात राजपूत वंश ही गिना जाने लगा और शादियें भी राजपूतों में ही होने लगीं। कुटलैहर की रानी का ज़िकर ब्रजराज पंचासिका में आया है जो रणजीत देव की समकालीन थी।

गोवर्धन चन्द :–

यह गुलेर का राजा था। गुलेर का शब्द सम्बन्ध गोपाल या ग्वालियर से बताया जाता है। यह राज्य भी कांगड़ा की शाखा है। १४०५ के लगभग हरि चन्द कटोच ने इसकी स्थापना की। हरिपुर इसकी राजधानी थी। जसवां से गुलेर, सीबा और दातारपुर कांगड़ा के कटोच वंशकी ही शाखाऐं थीं। गोवर्धन चन्द रणजीत देव का समकालीन था जिस का नाम ब्रजराज पंचासिका में आता है।

उपसंहार :–

कांगड़ा की मुहिम हो ली। रणजीत की धाक कांगड़ा प्रान्त पर जम गई। चम्बा को पठयार मिल गया। घुमण्ड चन्द का घमण्ड टूट गया। वास्तव में देखा जाय यह समय ही भारत इतिहास में महत्त्व का है। मुगल राज्य की नींव खोखली हो चुकी थी। नादिर का हमला १७३९ में हो लिया था। अहमदशाह अबदाली (दुरानी) बार बार हमले कर रहा था। १७४८ में उसने पहला हमला किया। और अन्तिम १७६७ में। भारत स्वतन्त्रता के स्वप्न ले रहा था। सिक्ख, मरहटे और जाट जाग उठे थे।

पंजाब के उत्तर की पहाड़ियों के राजे भी सोए नहीं रहे। यही समय रणजीत देव और घुमण्ड चन्द का था। इसी उथल-पुथल में ही जाति की आत्मा जाग उठती है। और वीर काव्य लिखे जाते हैं। ठीक इस समय का प्रतिनिधि कवि दत्त कहा जा सकता है। जिस ने वीर काव्य लिख कर समय की नबज़ को समझा और चन्द्रवरदाई के सदृश चाहे छोटे परिमाण ही सही वीर विलास और ब्रजराज पंचासिका में वीरों के खून को खौलाने वाली कविता भर दी। यह इनकलाब का जमाना था। युग बदल रहा था। समय बड़ी तेजी से बदलता है। उसको समझना और उसकी बागडोर सम्भालनी बलवान और बुद्धिशाली दूरदर्शी लोगों के हाथों में होती है।

मुगल राज्य के विध्वंस पर जम्मू कांगड़ा के राजाओं ने कैसे नीति-कुशलता और बहादुरी से अपने आप को संभाला यह रणजीत देव और घुमण्ड चन्द और उनके अनन्तर गुलाब सिंह और संसार चन्द का इतिहास बताता है। इस कांगड़ा की चढ़ाई में ब्रजराज देव ने जो रास्ता लिया उसकी रूप रेखा दिये गये पंजाब और जम्मू कश्मीर के मान चित्र से स्पष्ट हो सकेगी।

अथ

बारह माह

बारह माह

प्रस्तावना

दत्तकविकृत तीसरी पुस्तक बारह माह है। यह रचना द्रोण पर्व की हस्तलिखित तीसरी मूल प्रति के अन्तिम खाली पृष्ठ पर लिखी मिली। एक और प्रतिलिपि भी एक इष्ट मित्र से प्राप्त हुई। कई जगह दोनों प्रतिलिपियों के मिलाने से इस रचना को यथा शक्ति संशोधन कर के लिखा गया है।

इस रचना की भाषा कोई इतनी उत्कृष्ट नहीं और भाव भी इतने उच्च नहीं कहे जा सकते। परन्तु विषय के अनुकूल अवश्य हैं। यह पद्य या गीत जिस में बारह महीनों की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन किसी विरही या विरहिनी के मुँह से कराया जाता है उसे बारह माह या बारहमासा कहते हैं। प्राकृतिक समय विभाग को ले कर कवि प्रतिमास की विशेषता को सम्मुख रख कर विरही या विरहिनी के भावोद्गार रूपी रचना रच कर अपना मनोरंजन करता है और दूसरों के लिये मन बहलाने के साधन उपस्थित करता है।

इस प्रकार की कविता करने की प्रथा अतिप्राचीन प्रतीत होती है। प्रकृति निरीक्षण मनुष्य का स्वभाविक गुण है और कविता इस गुण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इंग्लिश साहित्य में इस प्रकार की कविता को गोप काव्य (Pastoral Poetry) के नाम से पुकारा

गया है और स्पेन्सर महोदय का (Shepheardaes Calender) इस प्रथा का पोषक है।यूनानी और फ्रांसीसी प्राचीन कवि भी इस प्रकार की गोप कविता (Pastorol Poetry) लिखने के अनुयायी थे। इस प्रकार की कविता को ऋतु काव्य भी कहा जा सकता है। और कालिदास कृत ऋतु संहार काव्य मिलता है। आधुनिक भारतीय भाषाओं में से पंजाबी में तो कई बारह मिलेंगे जिन में से कवि मोती राम कृत अति प्रसिद्ध है। दत्त कवि कृत बारह माह का भी पाठक रसास्वादन करें।

काव्य की दृष्टि से यह रचना इतनी उच्चकोटि की नहीं कही जा सकती। पर है यह दत्तकृत क्यों कि इस में देशीय डोगरी भाषा के शब्द मिलते हैं जो कि दत्त ही प्रयोग कर सकता था। विशेष जानकारी के लिये परिशिष्ट में बारामाह अन्तर्गत अकारादिक्रमानुसार दिये गये शब्द संग्रह को देखें। छन्द वही हैं जो वीर विलास में आये हैं।

अथ बारह माह

मूल

चेत में हेत बढ़े अति ही पिय सो नित वाग बिहारहि भावें,
बीन नवीन बसन्त के फूलन अंकरची सुख सेज सुहावें।
गुंजत हैं अलि पुंज निकुंजनि कोकल बोल अमोल सुनावें,
गौन करो मत दत्त विदेस एह ब्रे स गई पुन हाथ न आवें ।।१।।

काम विशेख बढ़े तिअ लेखते तिअ संदेश महासुख पैएं,
फूल गुलाब करीर की माल गले परिहाई सुगंध लगैएं।
होत हुलास चढ़े नव दोल विलास करें पिय साथ झुलैएं,
दत्त सरैं अभिलाख समै जो भिलाख मिलैं तो विसाख न जैएं ।।२।।

जेठ में बैठ रहो घर आपने जाहु किते मत धूप है भारी,
सीतल भौंन विछौन करों छिरकाय गुलाब चढ़ाय के बारी।
बीज न बाइ लगैं सुखदाइक केलि करौं भुज मेलिकै प्यारी,
दत्त सुजान कहा कहि हौं तुम नागर हो अति आप बिहारी ।।३।।

अति उन्नत चारू बिचान तन्यो रवितात निवारक ताहि तरें,
जल भीग्यो उसीर कुटीर लसै चहुँ ओर सो नीर की बूंद ढरें।
मृदुसीर समीर सुगन्ध लसैं बरनार अपार सिंगार धरें,
करि ये कविदत्त बिहारहिं हार पहारहु में परदेस परें ।।४।।

फूल कदंबनि के विगसें रंग बूदन को अब होत सवायो,
इन्द्र सरासन त्यों चमके चपला रंग बीच घने रंग छायो।
केकन के घर में भयो मंगल दादर सोर करे सुख दायो,
आवत हैं घर दत्त सभै पिअ जाओ नहीं अब सावन आओ ॥५॥

छूटत पौंन विछौंन हैं उज्जल उन्नत भौन निवासहिं कीजें,
घोर घटा चहुँ ओर जगी निसिद्यौसु गरज्जन सोर सुनीजैं।
दामिनी की दमनी दमकें सुर चापन को लखि आनन्द भीजें,
भादर जोर है बादर को कवि प्रोहत बाहिर पाओं न दीजै ॥६॥

कीजे सराधु भली विध सों बहु भोजन के परकार बनावौं,
पूजै भले उपचारन सौं नवरातन में दुरगा को मनावों।
लेपिके आंगन जौन्ह के बीच चबेली के फूल की सेज बिछावौं,
दत्त असूज उदास न होहु बिलास घनें घर मांहि दिषावौं ॥७॥

रैन बढ़े चित्त चैन जगे अरू भौन धुले सिगरे जु जुन्हाई,
फूल चमेलिन के विगसे अरू केलि सहेलिन सों मन भाई।
दत्त प्रसिद्ध गनी यह बारह मासन माहिं बहार सुहाई,
कातक जेवै की बात कहे सो कहावहुगे जग माहिं सुदाई ॥८॥

नभ मंडल आइ कै छाइ रहे बिरले घन धुंधरू सार उगानो,
दिन हीं दिन छीन परै गरमी तिहि भांति हि सीत जगै अधिकानो
पहिरों पट दत्त भरे रंग तूलऽति मीठो लगै जो अंगीठि को ठानो,
पिअ प्यारी समेत है सैर मधैर में है अति गैर विदेश पयानो ॥९॥

सुखदाई तुलाई बिछाई तरै पुनि ऊपर लेफ सुरंग धरें,
दर छादन छन्न कबार लगें धुखहैं अगरे जुं बखारी जरें।
कोऊ केते उपाय करें तरनी उर लागै बगैर न शीत टरें,
कवि प्रोहत पोह में तात कहो कबु बाहर जेवै की बात करें ॥१०॥

सेत पहार भए हैं तुषार सों शीतल पौन छुटे दुखदाई,
जोर जगी सरदी निसि बासर बादर घोर रहे झर लाई।

बैठ अंगीठी के पास विलास करे बरनारिन सों चित लाई,
माहं में छोरि बिदेश की चाह को दत्त रहो घर में सुख पाई ॥११

आपस में नर नार सुकुंकुम नीरभरी पिचकारिन पेलें,
दौरि के दत्त हुलास भरी पुनि मूठि गुलाब अंबीर की ठेले।
गावत राग बसंत रिझावत कंतन सो मिलिकै द्दग मेलें,
भाग बड़े जिनके जग में निज भाभिनि सों मिलि फाग हि खेलें ॥१२

इति बारह माह सम्पूर्णम्।

इन सवैयों के अतिरिक्त इसी कवि का लिखा वर्षा ऋतु पर एक कवित्त अधोलिखित है।

पावस नरेश घर आयो पर देसहुते,
आदर सों बादर नगारची पठाये हैं।
मोर सरन्हाई करनाल रची भेक तहां,
झिल्लीगन आछ नरसीगे ही बनाए हैं।
बिद्दयुत बारनार नाचत अनेक भांत,
कैकै सनमान द्विज सारंग रिझाए हैं।
भूमि पटरानी हरषानी पिय आवन में,
सावन के घोष घन सुख सो बिहाए हैं।

अथ

वीरविलासः

ॐ स्वस्ति श्रीगणेशाय नमः

अथ वीरविलासः

अथवा

महाभारत-द्रोणपर्व-हिन्दी-पद्यानुवादः

पहला अध्याय

भूमिका

दोहा— चरण कमल गुरु देव के विमल ज्ञान की षान।
निसि दिन दत्त हियै बसैं करत दुरित की हान ॥१॥
तिहि प्रसाद कविता करौं अपनी मत अनुसार।
शब्द अर्थ चूके तहाँ कोविद लेहु सम्हार ॥२॥

कवित्त—
पिंगल में पंगु अंग भाषा कौ न जानत हौं,
बडे गूढ ग्रन्थनिके पंथ मैं थकत हौं।
बैठ्यो न समाज कविराजन के ताकि पुनि,
सुनि है न मीठी बानि ऐसो मंदमत हौं।
एक है अधार गुरु सूरजनारायण जू के,
चर्नन की धूर पूर सीस मैं धरत हौं।
देव देव मानी ऐसी तीन लोकु रानी जूकी,
कृपा हूँ ते भारत कहानी उचरत हौं ॥३॥

दोहा— जिन न सुनी भारत कथा जन्म अकारथ तास।
ताते सुनिये चित्त दै कौरव पाण्डु विलास ॥४॥

जद्यपि कविता दत्त की है गुन भूषण हीन।
तद्यपि सुनि सुक वचन लौं हुलसै क्यौं न प्रवीन ॥५॥

भड्डु देस नरेस है पृथीपाल अभिधान।
ब्रजवासी दासी भई जाकी मत जुत ज्ञान ॥६॥

चौ०— लाज दया गुन रूप निधाना, राषत गुरुलोकन की आना।
राजनीति उत्तम अति राषै, कटुक वचन कबहूं नहि भाषै ॥७॥

दोहा— चिरंजीत रनजीत नृप जम्बू नगर नरेस।
जिन गोपाल प्रसाद तैं जीत लियो सब देस ॥८॥

कवित्त— राषै उपकारि अपकारि सो निकारि डारे,
जो तो हितकारी तासौ राषी रीत प्रीत की।
मीतन को दीनी थिर संपद अनेक भांति की,
संपा के समान कीनी संपद अमीत की।
डुग्गर जलंधर के भूप नतकधंर ह्वै,
मानत निदेश जानी प्रभुता परीत की।
बल्लब किसोरी जन बल्लभ दया तैं दत्त,
देश देश दौरी है दरोही रनजीत की ॥९॥

चरन सरोज दुन्द राधिका रमन जू को,
पूजत इकाग्र मन सुनत पुरान है।
ज्ञान को निधान आन मानै गुरुदेवन की,
लाज दया पारावार गुन हूं की षान है।
राषै राज नीति करै सज्जन सों प्रीति धरै,
बडयन की रीति यातै सब नृपमान है।
राजन को राजा महाराज रनजीत देव,
देवदत्त जाको जस गावत जहान है ॥१०॥

सोरठा— ज्यों शिव को गनराज ताको सुत ब्रजराज दे।
सूर बडो युवराज चिरजीवो गुनगन भरयो ।।११।।

स०—जाप करै नंदनंदन को नित दीन दुषीन को ताप मिटाइक
प्रीति करै गुनि लोगनि सौं मृदु बैन कहै अति ही सुखदाइक।
चारु विचार धरै मन मैं रन माँहि अदीन अरीन को घाइक
दत्त भनै करि प्रीति चितै चिरजीत रहो रनजीत को लाइक ।।१२।।

दोहा— भई सरस ब्रजराज सों प्रिथीपाल की प्रीति।
गोसट वेद पुरान की करत सुनत नृप नीति ।।१३।।
कह्यो मधुर तिन दुहन मिलि बचन पुरोहित पास।
द्रोणपर्व भाषा करहु ग्रंथ सुवीर विलास ।।१४।।
ताकी सासन पाइकै रच्यो द्रोन संग्राम।
श्री भडवाल पुंडीर को प्रोहित दत्तू नाम ।।१५।।
संवत् वसु ससि वसु ससी सुक्लपक्ष मधुमास।
वीरवार तिथि पञ्चमी वरन्यो वीर विलास ।।१६।।

इति भूमिका

वैशम्पायन उवाच

सो०— संजय समय निहारि नागनगर आयो निसा।
पूछत रन विवहार चितातुर धृतराष्ट्र नृप ॥१७॥

धृतराष्ट्र उवाच

कवित्त— सूरन को वैरि वाहिनी को चूर करै,
पूरन प्रतिज्ञा जानी होत रहै नित्तही।
जीत्यौ जिन राम जाकौ जग में प्रसिद्ध नाम,
पिता हूं के हेत जो न राख्यो काम चित्तही।
ग्रीषम दिवाकर ज्यों परयो जब बानसेज,
भीष्म सिषंडी सर पीडित ह्वै अतिही।
वंश दुषदायक सुभायक गरब जाको,
लायक हमारो सुत कीनी कौन मत्तही ॥१८॥

सञ्जय उवाच

दोहा— सुरसरि सुत जब सर तलप परयो सूर सिर मौर।
तब तुअ सुत पाण्डव सहित गये सकल उहि ठौर ॥१९॥
क्षत्र धर्म निंदित करत ताकौ करै प्रनाम।
तीषन सर सज्या रची भीषम के हित काम ॥२०॥
धरि रषवारे ताहि ढिग करि प्रदच्छिना जोध।
युद्ध लिये क्षत्रिय चले बहुरो धरि उर क्रोध ॥२१॥
किधौं काल प्रेरित किये कहि आपस में बात।
कोप लाल लोचन लसै हरष बढावत गात ॥२२॥

स०— तूरज भेरन की धुनि सौं उठि कै दल द्वै रन हेत सिधाये।
हाथ लिये हथयार अपारहिं चारु सबै रन साज बनाये॥

काल के फास फसैहि तवै न जु भीषम के मनमै न बसाये।
तो सुत मोहु हुतै जनु कौरव आदर दै यमराज बुलाये ॥२३॥

दोहा— संतनुसुत को पतन लखि विमन भई तुअ सैन।
अलि आवलि जनु मधु गये धरत न चित महि चैन ॥२४॥

कवित्त— जैसे दुजराज बिन राजत न रैन जैसे
बिन भरतार वरनार दुति फीकी है।
आपगा विहीन आप सोहत न जैसे पांच-
वदन विहीन जैसे कंदरा गिरी की है॥
हने कालसार हूँ के वीथी ज्यौं कुरंगन की,
देषियत वाहिनी ज्यौं बांधी तव लीकी है।
पांडुसुत ग्रसी आई तैसेई तिहारी नृप,
भीषम विहूनी फौज लागत न नीकी है ॥२५॥

दोहा – करत करन सिमरन सबै भीषम सम तिहि जानि।
अस्तुति कर कौरव तबै कहन लगे यह बानि ॥२६॥
राधा-सुत आनौ इहां बाधा हरे अपार।
जो न लरचो दस दिवस लगि भीषम सौं रिसधार ॥२७॥

स०—आधरथी कै गन्यो रविनंदन वीर रथातिरथी गनना मैं।
तां तै कियौ अतिकोप करन्न महारथ ते सरसे गुन या मैं॥
भीषम सौं यह बात कही तुम जौं लौं लरो रन के अंगना मैं।
तौं लौं रहौं घर ही महिं बैठिकै आयुध नेकु धरौं कर ना मैं ॥२८॥

जो तुअ बाननि सौं तजि प्राननि पांडव आनि परै धरनी मैं,
तो दुरजोंधन की अनुसासन लै करिहौं तप जाइ बनी मैं॥
कै भुअमंडल मैं तुमरो तन देखि परयो सर की सरनी मैं,
एकहि यान चढै हरि पारथ पांडव लोप करौं धरनी मैं ॥२९॥

सञ्जय उवाच

चौं०—ऐसे मन्त्र परस्पर थटै । कौरव करन करन करि रटै ॥
सूर सहित सिगरे तव पूत । मन में ध्यावत हैं सुत सूत ॥३०॥
भारत भाषा दत्त बनाई । पढत सुनत अति लगै सुहाई ॥
पहिलो ध्याय संपूरन भयो । करन सरन कौरवदल गयो ॥३१॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि कविसेवकानुसेवकदत्तविरचिते वीरविलासे कौरवमन्त्रणो नाम प्रथमोऽध्यायः ।

दूसरा अध्याय

सञ्जय उवाच

सो०— सुन्यो करन रनमाहिं भीषम परचो परेत ह्वै।
जानी वारिध माहिं बूडत तुअ सेना तरी ॥१॥
ताके तारन काज सोदर ज्यौं अति सोक करि।
करन सूर सिरताज ज्यौं मलाह आयो तहां ॥२॥

कर्ण उवाच

स०— या महि धीरज बुद्धि पराक्रम तेज सु आन सबै गुन भारे।
भेद लह्यो धनुवेदनि कौ जिन बाननि सौं अरि पुंज सिंहारे॥
ताहि हन्यौं सुनि कै निहचै करि जानत हौं सब कौरब मारे।
या जगमैं न कछू थिर है विधि लेष लिषेसु टरै नहिं टारै ॥३॥

दो०— ह्वै उदास ऐसे कह्यो असुवां चले अपार।
सुनि तब सुत सब नृप सहित विलपत हैं दुषभार ॥ ४ ॥

चौ०— ताके हर्ष बढावन हेत। कह्यो करन इक वचन सुचेत॥
सुनो सवै नृप ह्वै निरभीत। यह जग है बारू की भीत॥ ५ ॥

दो०— भीषम देषत ही तुम्हैं परचो सैल सम सार।
तरुलौं अर्जुन सरिन तै मानहुगे तुम हार॥ ६ ॥
हम कौ तो राष्यो चहै दुरजोधन दल दीन।
मो सिर भार परचो बड़ो कारज दैव अधीन ॥ ७ ॥

कै पाण्डव सिर सर हनौं बाढ़ै जस अवदात।
कै भीषम पदवी लहौं वासर पीडित गात ॥८॥

सत्यसंध नृप धर्मसुत अयुत हस्तिबल भीम।
सूर धनुष धारी बड़ो अरजन गुननि न सीम ॥९॥

जम जम सम बल रन लसै जहाँ कृष्ण युयुधान।
ताके सम्मुख रन गयो को आवै धरि प्रान ॥१०॥

तद्यपि मो मन मैं बढ़ै तासौं लरत हुलास।
जीति आज तिन सवनकौ करौं पराक्रम नास ॥११॥

मो पै सह्यो न जात यह मित्र द्रोह करि प्रीति।
संपद् मैं सब मिलत हैं आपद् मिले सु मीत ॥१२॥

यों कहि सूत तनूज फुनि कही सूत सों बात।
बाँधहु कवच बनाइ कै मो तन कनक सुहात ॥१३॥

सो०— धनु तरकस तरवार, खड्ग चर्म भारी गदा।
आयुध और अपार, आनौ सबहिं संवारि कै ॥१४॥

कवित— जोरि कै तुरंग सेत रंग वायु वेग भले,
चंचल अमोल चाल चलत विराजिकै।
ऊंचो धुज मांडि नील नीरज समान तैसे,
रतन अनेक हेममाल छबि छाजिकै ॥
संगर के साजबान बारन अनेक भांति,
पनच सरास बान सिला में सुमांजि कै।
सागर समान सबै रन के समान पाइ,
नीके सूत आनिए हमारो रथ साजिकै ॥१५॥

दोहा—चल्यो सूत ठाढे जहां पांडव सब रन हेत।
ताहि हनौं अथवा मिलौं भीषम सौं परि षेत ॥१६॥

स०—सूत सपूत चल्यो चढिकै अति उत्तम यान मनै रिस धारै।
भानु समान बिराजत तेज कृसानु सिषा सम चाप सुधारै ॥

बान सयान जहां हुतो भीषम तीषन पांडव के सर जारै ।
याननि ते उतर्यो लषि ताहि दोऊ करजोरि कै बोल उचारै ।।१७।।

दो०—गद गद बैन कहे तबै पर्यो चरन महि जाइ ।
राधा कौ सुत करन हौं कह्यो बचन सुखदाइ ।।१८।।

दीजै मोहि असीस सुभ देषहु अंब्रत डीठ ।
तो विन कौरव राइ को जीवन लगत न मीठ ।।१९।।

स०—आजु तैं पारथ केहरि ज्यौं करि कोपहिं कैरो कुरंग हनैगो ।
पाइ बड़ो डर गाँडिव कौ सुनि घोष सुजौंधन सीस धुनैगो ।।
त्रास भर्यो दल कौरब को हरि पांडव संष निनाद सुनैगो ।
तो विन कौन धरे अब धीरज वीरन की अति पीर लुनैगो ।।२०।।

गावत है तुमरो जस लोक अमानुष काम कितेक किये हैं ।
भेवलह्यो सब वेदन को फुनि देवन सौं वरदान लिये हैं ।।
जीत्यो है राम पराक्रम सौं बहु वीरन को परलोक दिये हैं ।
सो तुम ऐसे हुते पहिले अब पारथ बान सयान लिये हैं ।।२१।।

सो०—मो पै सह्यो न जाइ कर्यो जु अरजन करम यह ।
तुमरी सासन पाइ ताहि हनौं पल एक महि ।।२२।।

सञ्जय उवाच

दो०—करन बचन सुनि यों कहे भीषम बचन विसेष ।
मान हान करि अरिन की करन मीत सुख देष ।।२३।।

निज भुज बल सौं राषियौ कौरव ज्यों हरि देव ।
कीने काम बडे तुम्हैं जानत हौं तुअ भेव ।।२४।।

क०—जीते हैं कंबोज वै कलिङ्ग सु तिलङ्ग तुम्हैं,
भूपति विदेह ओ गंधार बलधारिकै ।
जीते हैं किरात हिमगिरि के निवासी बस-
कीने हैं निषाद तीषे बाननि विदारिकै ।।

बहुते नरेस देस देस के करन तोपै,
हारे हैं अमानुष पराक्रम विचारिकै।
तैसे अब चाहि दुरजोधन की जीत युद्ध,
कीजै निरभीत मीत कोप उर धारिकै ।।२५।।

दो०—दैहौं तोहि असीस सुभ, लरहु अरिन सों जाइ।
कौरव को सिक्ष्या करौ ज्यौं दुरजोधन राइ ।।२६।।
ज्यौं नाती धृतराष्ट्र सुत ज्यौं जानत हौं तोहि।
ज्यौं दुरजोधन जानई त्यौं तुम जानसु मोहि ।।२७।।

चौ०– यों सुनि बैन सुषद पुनि करना। बंदत ह्वै भीषम के चरना।
गयो जहां कौरव रन ठाढे। ताहि देष तिन को सुष बाढे ।।२८।।

दो०—सिंहनाद करि करि उठे करत धनुष टंकार।
रन में आवत करन लषि पूजा करैं अपार ।।२९।।
दुरजोधन अति मुदित ह्वै कह्यो बचन कर प्रीति।
तुम सो सेन सनाथ अब जानत हौं चित मीत ।।३०।।
मोहि बतावो करन अब जो कछु भलो विचार।
यों सुनि तुअ सुत के बचन बोल्यो करन उदार ।।३१।।

सो०—तो पैं कौण प्रवीन जो मत कहौ सु अति भलो।
सुमत तिहारी झीन तुअ अधीन सब नृप रहै ।।३२।।

दुर्योधन उवाच

दोहा—भीषम सेनापत भयो सकल गुननि को धाम।
मारे शत्रु अनेक जिन दस दिन करि संग्राम ।। ३३ ।।
सो अब दुषकर करम करि गयो पुरंदर लोक।
कौन सेनपत कीजिए हरै हमारो सोक ।। ३४ ।।
जैसे नाउ मलाह बिन ज्यों रथ सारथि हीन।
सेना सेनापति बिना त्यौं ठहरात घरी न ।। ३५ ।।

सो तुम सिगरे सूर लषि कहु नाइक निरधार।
जा को कहौ बिचारि कै ताहि करौं सिरदार ॥ ३६ ॥

कर्ण उवाच

दोहा—सेना नाइक जोग है सब्बै सूर गुन पूर।
जामैं सबते अधिक गुन सो नाइक नृप सूर ॥ ३७ ॥

द्रोन धनुषधारी बड़ो याते कौन विसेष।
यह सेनापति कीजिए अरिजन हने निसेष ॥ ३८ ॥

यौं सुन बैन करन्न के दुरजोधन हितमानि।
द्रोन अचारज सों कही आदर सों यह बानि ॥ ३९ ॥

दुर्योधन उवाच

दोहा—उत्तम है तुअ वरन कुल वेद वेस मति धीर।
चतुराई सब गुन सहित तो सम और न बीर ॥ ४० ॥

चौ०—ता तें कुरु सेनापति हूजे, आस हमारी सगली पूजे ॥
तुअ अधीन सब सैन हमारी, हनहु सत्रु बहु व्यूह सुधारी ॥४१॥

सो०—करत धनुष टंकार बिजय धनुषधारी बड़ो।
आगे तुमहि निहार करै प्रहार न नेकु वह ॥ ४२ ॥

दो०—निहचै तप सुत को हनहुँ अनुजन सेन समेत।
जो तुम सेनानाथ ह्वै लरो हमारे हेत ॥ ४३ ॥

सञ्जय उवाच

चौ०—ऐसे नृप जब बचन उचारे। जय जय करत नृपति गुन भारे ॥
सिंहनाद करि हर्ष बढ़ावे। द्रोन सयोधन सुनि सुख पावे ॥४४॥

स०—द्रोन कहे दुरजोधन को नृप वेद समेत षडंग हौं जानौं।
भेद सरासन बेदहुँ कौ बहु भांत हि बान प्रयोग बिधानौ ॥

जे जे गनै गुन मेरे तुम्है सब योधनि सौं लरिताहि बषानो।
सांचि यौं बात सुनो हमरी सुनिकै कुरुराई बुरो मत मानौ ॥४५॥

सो०—मो पै हन्यो न जाई धृष्टद्यु मन पंचाल यह।
जो बिधि रच्यो बनाइ मेरे ही बध करन कौ ॥ ४६ ॥

दो०—जोधनि सौं रनमैं लरौं मारौं घने पंचाल।
मो सों लरै न पांडुसुत हर्षित ह्वै भुअपाल ॥ ४७ ॥

सञ्जय उवाच

चौ०-द्रोन बचन जब यों कहि दीन्हो। नृप बहुमानि सैनपति कीन्हो।
फुनि दुरजोधन आदि नरेसा। करयो द्रोन अभिसेक सुवेसा ॥४८॥

क०— बाजत हैं संष औ बजंत्र धने ठौर ठौर,
बाढ़त विनोद पुंज तन न समाने हैं।
देत हैं असीस वेदपाठी कै विधान तव,
बंदीजन गीत सुरलागत सुषाने हैं॥
बोले जय शब्द द्विजराज कुरुराजन कौ,
तैसे बारनार नृत्य लागत सुहाने हैं।
सेनापति भयो द्रोन देषि तुअ सुतहूनै;
तृन के समान सब कुंतिसुत जाने हैं॥ ४९ ॥

स०— तो सुत साथ लिए करि व्यूह,
चल्यो धुजनीपति ह्वै द्विजराई।
सैंधव और बिकर्न कलिङ्ग-
प भये दक्षिण भागहि जाई॥
ताको प्रपछ भयो सकुनि
असवार गंधार लिये अतताई।
तीषन सांग धरे कर जो
लरि हैं करीकै रनमांहि रुषाई ॥ ५० ॥

दो०— चित्रसेन कृतवर्म कृप वीविंसति गुन भार।
दुःसासन एते भये बामभाग रषवार॥ ५१॥

यवन सुदच्छिन सहित सब पुनि कंबोज असवार।
ताको करत प्रपच्छ यह आयुध धरत अपार॥ ५२॥

और सबै सेना चली सूरज सुत के साथ।
सूर सकल हर्षित भये कहत विजय की गाथ॥ ५३॥

स०— सूरज के सुत को लषि सूरहु भीषम को दुष दूर गयो है।
गावत सूत-सुपूतहु के गुन जानै अरज्जन जीत लियो है॥
पूजत है करि के जु सराहि उछाह बड़ो जिय मांहि छयो है।
साज सबै रन साज चलै द्विजराज जबै सिरताज भयो है॥५४॥

दो०— सकट व्यूह द्रोन हि रच्यो दुरजोधनि बल जोरि।
क्रोंच व्यूह पांडव रच्यो सरस धनुर्धर कोरि॥ ५५॥

ताके आगे लसत अति बानर केतु विसाल।
बासुदेव अर्जुन दोउ ठाढ़े रथ अरि साल॥ ५६॥

सूरन में अर्जुन बड़ो गांडिव धनुषनि मांहि।
बड़ो सुदरसन चक्र में जीवन को हरिनाहि॥ ५७॥

सो०— सेत तुरग-रथधारि चार धाम ठाढ़ो भयो।
अरिजन ताहि निहारि काल चक्र सम जानई॥ ५८॥

चौ०—तो सेना मुष करन विराजै। उतहि धनंजय केहरि गाजै॥
क्रोधहि भरे परस्पर देषै। क्रूर दृष्टि करि वैर विसेषै॥५९॥
रन में गौन द्रोन जब कर्यो। आर्तनाद भूतल थरहर्यो॥
धूर पूर सो अंबर छयो। सूर बिंब तामै छपि गयो॥६०॥
होन लगे उत्पात डराने। जो जो जोतक ग्रंथ बषाने॥
ता छिन जुद्ध परस्पर लाग्यो। बडो वैर आपस में जाग्यो॥६१॥
द्रोन बेग तीछन सर छंडै। पांडव सैन चतुरविध षंडै॥
देष द्रोन को तेज अपारा। तजे पांडुसुत सर जल धारा॥६२॥

दो०— द्रोन बान पीडित भये पांडव सहित पंचाल ।
धृष्टद्युम्न फुनि द्रोन की कीनी अनी विहाल ।।६३।।

छं०— ढीटदुमन सर बारि बान द्रौननि के आवे,
परत विषम अति पैन कुरुन की सैन नसावे ।
द्रोन देष फुनिताहि द्रुपदसुत ऊपर धायो,
बान बरब दुरधरष करन हिय क्रोध बढायो ।
द्रोन बान पीडित भये पांडव सृंजय सबै,
हरि देख दूर जैसे भगै हरिन पुंज भागे तबै ।।६४।।

सञ्जय उवाच

दो०— भजत तजत जिय देखि कै अपनी फौज विहाल ।
धृष्टद्युमन हरि सूत को कहे धरम भुअपाल ।।६५।।
देषहु कैसे हनत है कुंभज फौज हमार ।
तातें दूर निकारिये जुरि भूपति इहिवार ।।६६।।
यौं सुनि अरजन पृषत सुत और सबै सिरदार ।
राषत है निज वाहिनी करि करि करम उदार ।।६७।।
लषि राषी पांडव चमू करयो कोप द्विज राज ।
हय गज रथ नर मारई किधौं कुपित जमराज ।।६८।।

स०— आवत यौं लषि द्रोन सबै सरदार भये अति ही भय भीनै,
घोरहि सोर भयो तिनको धरनी अरु अंबर पूरन कीनै ।
बृद्ध जुवा सम ह्वै द्विज काल समान फिरै सब ही ग्रसिलीनै,
सूने किये रथ सूरन के भुज भूषन भूषित औ सिर छीनै ।।६९।।

दो० - सिंहनाद तब ही कियौ सुनिकांपे सब योध ।
बान बेग पीडित भये ह्वै नहि सकै समोध ।।७०।।
हय गजपत्ति समेत तब पांडव बल पांचाल ।
अतिथि भये जमराज के पाइ द्रोन सरजाल ।।७१।।

रुधिर कीच भुव देखिये बान जाल चहुँ ओर।
द्रोन केतु ता मैं लसै चपला ज्यों घन घोर ।।७२।।

द्विजवर लै कर सर धनुष पांडव दल पर दौर।
लावै षर सर द्रुपद को द्विपद हने चहुँ ओर ।।७३।।

चौ०-अर्जुन भीम द्रुपद सुत तब ही, सैव कासिपति सातकि सिविहीं।
तजि तजि सर सिगरे पचिहारे, द्रोन छेद तिनकै सर डारे ।।७४।।

दो०— हय कुंजर नर रथनि सौ छई धरनि छवि देत।
ज्यौं अकास कारे जलद सुरपति धनुष समेत ।।७५।।

सो०— अभिमन द्रुपदु विराट और सूर बहुते हनै।
निरजर नगर कपाट षोलि द्रोन तिन को दियो ।।७६।।

स०-योध घने जु हनै तिन को न गनै फुनि चौविध सैन सिंहारचो।
बासर पांच महारण राज कै कौरव सौ अपनो व्रत पारचो ।।
ढीठदुमन्न प्रहारहि पाइकै आतम जोग भलै मन धारचो।
द्रोन अचारज कारजकै बहु भीषम की पदवी को सिधारचो ।।७७।।

दो०— भूत खरै जो गगन मैं सैनक जो रन मांहि।
पाण्डव को धृग धृग कहै मारचो द्विज वर जाहि ।।७८।।

सिंहनाद सब ही करचो पारथ निज जय पाय।
तातें कांप्यो भूमितल भयो संपूरन ध्याय ।।७९।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि कविदत्त विरचिते वीरविलासे
द्रोणयुद्धसंक्षेपवर्णनो नाम द्वितीयोऽध्यायः।

तीसरा अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

स०-सांच कहो तुम संजयजू धनुभंग भयो कि निषंग हि षूटचो ।
जोर घटचो द्विज के सिर मौर को हारे तुरंग कि यानहि टूटचो ॥
भूलिगयो धनुवेद को भेद की मत्त भयो श्रुत को दृग फूटचो ।
द्रुपत हुँ के सुत सों लरि क्यों करि द्रोन अचारज को तन छूटचो १

दो०— पौरष ते दैवहि बड़ो मैं जान्यो सुन सूत ।
द्रोन सूरसिरताज जो हन्यो द्रुपद के पूत ॥२॥
अस्मसार मम दृढ हियो सबतें निष्ठुर जान ।
द्रोन गौन सुरभौन सुनि जो छिन छुटे न प्रान ॥३॥
द्विज बाहुज सुत जिहि भजे गुण गाहक पढि वेद ।
अस्त्र शस्त्र में निपुन ह्वै क्यौं भ्यो तिहि तन छेद ॥४॥
सोषन ज्यौं जल रासि को सूर्य पतन ज्यौं होइ ।
जैसे चलन सुमेरु को द्रोन मरन तिमि जोइ ॥५॥
दुष्टन को निग्रह करै सज्जन कै हित कार ।
मंद हमारे पूत हित डोल्यो समर मंझार ॥६॥

स०—कंचन जाल छये अति छैलन ये तन शोण समीर ज्यौं दौरे ।
नेकु न पीर प्रहार ते जानत धीरहि चंचलता रस बोरै ॥
साधु चलै रन ढीठ रहै सुनि सोर घने मुख नेकु न मौरे ।
क्यौं न तरी तब पारथ-सागर नाउ उदार दरोन के घौरै ॥७॥

दो०— जान्यो द्रोन हन्यो तबै मिलि पांडव पांचाल ।
व्याकुल करि जैसे अमित हनत पिपिलिका व्याल ।।८।।

चौ०—राषत कौन द्रोन को आगै । कौन पृष्ठ अरु दच्छिन भागै ।।
बाम चक्र रखवारो को है । रन में लरै कौन ह्वै सो है ।।९।।

स०—बैरिन को रन मैं कब हूँ जिनिभीत ह्वै नेकुन पीठ दिषाई ।
वेद षडंग पढ़े सब ही सु कही न परै रन मैं निपुनाई ।।
ब्राह्मन है सब को गुरु देव बड़ो जिहि सेवत रंक ओ राई ।
संजय ताहि को मारत पारथ क्यों मन मैं करुना नहि आई ।।१०।।

दो०— अब मत बोलो सूत सुत हम को आवत मोहि ।
फेरि सुरत जब आवई तब मैं पूछों तोहि ।।११।।

वैशम्पायन उवाच

दो०— यों संजय को पूछि कै रही सुरत कछु नाहिं ।
तजि आशा सुत विजय की नृपति परचो भुअ माहिं ।।१२।।

स०-देषि परचो भुअ भूप सबैं तिय लै कर-बीजन बीजन लागीं ।
सीतल नीर उसीर सनै छिरकै चहुँ ओर षरी अनुरागी ।।
एक उठाइ बिठावति आसन आंसुन की जु झरी दृगलागी ।
पूछत है पुनि संजय को नृप कांपत ही जब मूरछ भागी ।।१३।।

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— उदित दिवाकर ज्यौं लसै हरत शत्रु तम रास ।
तप सुत ऐसे द्रोन तें किन राष्यो तजि त्रास ।।१४।।
अयुत नाग बल विपुलतन करै जु करम उदार ।
भीमसैन आवन तबै रोक्यो किन सिरदार ।।१५।।
गहि गांडिव कर यान चढ़ि हरि सारथि कपिकेत ।
आवत लषि अरजुन भयो कैसो मो सुत चेत ।।१६।।

जो जो जिन जिन सौं लरै भिन्न भिन्न कहु तास।
सूर सकल गुन गुन भरे स्वामी हित हिय जास ॥१७॥

क्यौं वह रन नहि हारि है कृष्ण देव जिहि मीत।
हितकारी सब लोक गुरु नारायण निर भीत ॥१८॥

सो०— ताके करम उदार पंडित जन जिन को कहैं।
भगत चित्त महि धारि धरम हेत तिन को कहौ ॥१९॥

किये करम जो कृष्ण तिन नर कर सकै न और।
गोपन के कुल मैं वसत प्रथित कियो भुज जोर ॥२०॥

हरे प्रान अघ असुर के हन्यो असर बक नाम।
वृषभ रूप धर दनुज हनि राख्यो गोकुल ग्राम ॥२१॥

कवित्त—कानन-कृसान-पान गोप हित जानि करचो,
हन्यौ है प्रलम्ब कंस केसी जिन मारचो है।
कोप के सुरेस जबै गोपन के नास हेत,
डारी है मुसलधार सैल तब धारचो है॥
हाथ गह्यो भीषम सुता को नृप जीति सबै,
जरासंध यापै रन बार बार हारचो है।
भौम भुअ डार नार षोडश हजार आनी,
असुर सिंहारी भार भूमि को उतारचो है ॥२२॥

दो०— आन्यौ सुरपति जीति कै सुर तरु अपने धाम।
सकल लोक बिसमै भये मुदित भई सतभाम ॥२३॥

और अमानुष करम जो किये कृष्ण जग माहिं।
जुग बीतै रसना थकै तदपि कहै न जाहिं ॥२४॥

सुन संजय पाण्डव लिये लरे कृष्ण रन माहिं।
ता सम और सुभट कोड देषि परत जग नाहिं ॥२५॥

जो सब पांडु तनूज कौं कौरव करें सिंहार।
तौ हरि कुंती सिर धरै इक-छत्र कौरव मार ॥२६॥

कौरव जीत न देखिये करे जु बहुत उपाय।
तदपि सूत मोसो कहौ सकल जुद्ध को भाय ।।२७।।

अरजुन है जिय कृष्ण कों कृष्ण जिष्णु जिय होइ।
अर्जुन मैं नित जय बसत कीरत हरि मैं जोइ ।।२८।।

सो०— दुरजोधन अज्ञान फस्यो काल के पास मैं।
अरजन कृष्ण न जान नर नारायण देव यह ।।२९।।

दो०— जो चाहै छिन मैं हनै कृष्ण सकल गुरु से न।
हनत न मानुष भावते ऐसे करत बनै न ।।३०।।

किधौं बिपर्जय काल को भयो मोह जनु चेत।
जो बध भीषम द्रोन को लरत भयो कुरु षेत ।।३१।।

ब्रह्मचर्य श्रुतिपाठ पुनि सस्त्रकर्म कछु और।
राषि सकै नहि मीचतें किये उपाय करोर ।।३२।।

कपट कियौ पहले हमै राज सिरी लषि तास।
ताको फल पायो अबै भयो जु वीर बिनास ।।३३।।

चाहत हैं कछु और नर देव करत कछु और।
जो कछु देव करै सुतौ कोऊ सकै न मोर ।।३४।।

ताते सूत कहो कथा कीजै कहा विलाप।
होइ न जो बस आपने ताको कहा संताप ।।३५।।

सञ्जय उवाच

सुनहु भूप सब कहत हौं जो देष्यो रन बीच।
मिलि पंचाल पांडव कियो ज्यौं द्विज बर बस मीच ।।३६।।

कुं०— सेनापति ह्वै यों कह्यो दुरजोधन को द्रोन।
कुरुपति कहो बिचारि कै काम सवारों कौन ।।
काम सवारों कौन नौन की सरत दिषावौं।
ढीठ दुमन तजि और सबनिकरि छार उडावौं ।।

कहै द्रोन सों राइ मुदित सुनि मधुरै बैना।
गहौं जियत जमपूत जीति इनकी सब सैना ॥३७॥

चौ०—बड़ो काम याही हम जानौ। गहि भूपति हमरे ढिग आनौ।
यौं सुनि द्विजवर वचन सुनायो। सकल सैनको हरष बढायो।
धन्य धन्य कुंती सुत राजा। जाके मारन तैतू भाजा।
जो अजात रिपु जगत वषान्यो। आज हमैं सो निहचै जान्यो।
अथवा निजकुल राष्यौ चहै। जीति राज दै प्रीति निबहै।
जबै द्रोन यह बचन उचारयो। तब तुअ सुत चितभाव निहा

स०—द्रोन सुनो निहचै हमरी जय होत न पारथ भूप के मारे।
देषि अरज्जन भूप हन्यो सब कौरव कौ छिन माहिं सिंहारे॥
कौन हनै सिगरे तिनको जिनतैं सब देव अदेव हिं हारे।
जो कोउ सेष रहै उनको रन में हम कौ सो असेषकै डारे ॥४

दो०— जो गहि आनौ धरम सुत सत्य प्रतिज्ञा तास।
द्यूत जीति पुनि सबनि कौ देहौं बिपनि निवास ॥४२॥
आचारज ऐसे किये राज करौं चिरकाल।
तांते बध चाहौं नहीं चहौं गह्यो भूपाल ॥४३॥

सो०—कपट भरयो जिय जान ताकौ द्रोन अचारज हीं।
दीनो यह बरदान करि बिचार अंतर सहित ॥४४॥

स०—राषै नहीं जो अरज्जन भूप को जानहु तो अपने बस आन्यो,
जीति सकौं न धनंजय कौ सुरदानव याते पराजय मान्यो॥
ताछिन मंत्र प्रकास कियो सुनि वीर प्रमोद हियै सरसान्यो,
पारथ राइ सों चार कह्यो मत तो सुत सों जु अचारज ठान्यो।

दो०— सुनि हितकर चर बदन तें नृपति युधिष्ठिर वीर,
सब अनुजनि कौ इकतकरि कहै बचन रनधीर ॥४६॥

सुन अर्जुन जो वर दियो दुरजोधन को द्रोन,
ऐसी नीति बिचारिये सांच न दीजै होन ।।४७।।

तुमरो अंतर पाइकै पकरचो चाहत मोहि ।
करव युद्ध ज्यों द्रोन सों कुरुपत काज न होहि ।।४८।।

अर्जुन उवाच

ज्यौं मोको गुरु देव वध क्योंहु न करबे जोग ।
त्यौं तुअ त्याग न कर सकौं यह जाने सब लोग ।।४९।।

प्रान तजौं गुरु देव सों ह्वै न सकौं प्रतिकूल ।
चाहत भूप तुम्हैं पकर दुरजोधन मति भूल ।।५०।।

ताको वांछित ना सरै या जग में सुन राइ ।
तोकों पकरि सकै नहिं कोट जु किये उपाइ ।।५१।।

टूटि परे नभ नषत युत षंड षंड भुअ होहि ।
द्रोन तुम्है नहिं गहि सकै जग में जीवित मोहि ।।५२।।

कबहूं झूठ न मैं कह्यो हौं रन हारचो नाहिं ।
परतज्ञा झूठी कबहूँ मैं न करी जग माँहि ।।५३।।

कुंती तनय निबेस बजे संष भेरी मुरज ।
धनु धुनि करत नरेस सिंहनाद तल शब्द करि ।।५४।।

सुनि धुनि पांडव संष की तुमरे शिवर मंझार ।
सिंहनाद सबहुनि करचो बादित बजै अपार ।।५५।।

ता छिन द्वै दल ब्यूह करि हिये हरष उपजाइ ।
मंद मंद रन लगि भये षरे बरोवर आइ ।।५६।।

भूपति लाग्यो तुमुल रन मिलि पांडव कुरु सैन ।
द्रोन द्रुपद सुत सों लरत कोऊ लरत भजै न ।।५७।।

दोनों द्वै दल राषईं इत द्विज उत हरि पूत ।
जीति परस्पर न सकै रन कोविद रजपूत ।।५८।।

चौ०-रथ चढ़ि द्रोन फिरत रन मांहि, डरत जोधगन निकट न जाहि।
बान परत चहुँ ओर दुराने, मारि पांडु दल भूमि विलाने ॥५९॥

दो०— दिन करि जनु दिन मध्य मैं द्विज कौ देषि सकैन।
ताछिन रन में पांडु-सुत तेजहि मुकुलित नैन ॥६०॥

मोहित करि सब सैन को बान चहूँ दिस छाइ।
धृष्टद्युमन की फौज पर परयो द्रोन पुनि जाइ ॥६१॥

ठौर ठौर पुनि फिरत हीं हनी अनी भयभीत।
सुनि धनु धुनि जनु बज्र की कांपत परत अमीत ॥६२॥

बरस बान पषान ज्यौं मेघ बढावत त्रास।
पांडु तनय दल को तबै द्रोन क्रियो पुनि नास ॥६३॥

कवित्त— कुंजर तुरंग तीर रुधिर सुनीर लसै,
बीरन की पागैं ऐन फेन दरसाई हैं।
केस है सिबाल नील पंकज कबच ता मैं,
सीस है पषान यान कछ सरसाई हैं॥
मास कीच मेद मज्जा सेकत ये देषि परै,
झष है कृपान गीध कागनि सों छाई है।
बहत अनेक सूरवीर तीर तरु ऐसी,
द्रोन काल भौन को तरंगिनी बहाई है ॥६४॥

दो०— देखि हनत यों द्रोन बल योध युधिष्ठिर आद।
दौरे सब तब द्रोन पर हरत अनीक विषाद ॥६५॥

सो सब तुमरै योध हूँ लीने आगे आइ।
रोम हरष संगर भयो घोर न वरन्यो जाइ ॥६६॥

सुबल सूनु सहदेव को दौरि लगाये बान।
पीड़ित नृप अति ही भये धुज सारथि किक्यान ॥६७॥

सो०— धुज हय सूत सरास हरि ताके सहदेव पुनि।
बान लगाये तास तीछन साठ सुकोप करि ॥६८॥

दो०— शकुनि उठ्यो कर लै गदा अपने रथ को छोरि।
करि प्रहार पांडव हिये दियौ यान तब तोरि ॥६९॥
दोनोई कर गहि गदा करत युद्ध बल फैल।
पेलत रन में देषिषै श्रृंग सहित जनु सैल ॥७०॥

स०—द्रोनहुँ के दस बान लगै द्रुपदातम ताहि षरे सर लावै।
भीम बिबिंसति कों सर विंसति तीषन वेधि तकै हरषावै ॥
ताहि कर्‌यो बिरथी पुनि भीमगदा हूँ सो वाहि को जान नसावै
ह्वै रथहीन बिबिंसति वै पुनि भीमहूं को असिचाम लै धावै ॥७१

दो०— सल्य नकुल को हसत ही तीषन लायै बान।
ताके हय छत सूत धनु तोरे नकुल निसान ॥७२॥
धृष्टकेतु कृप सर कटे तजि षर सपतति तीर।
ताकों कृप सर वरष सों बारत है रनधीर ॥७३॥
सातकि उर कृतवर्म को नाराचन सो भेदि।
सपतति सर पुनिलावई भयो ताहि तन छेदि ॥७४॥
लर्‌यो करन बैराट सों सूरन कौ सिरमौर।
द्रुपद नृपति भगदत्त सो कर्‌यो जुद्ध अति घोर ॥७५॥
सूर सिषंडी सौं लर्‌यो सोमदत्त सुत आइ।
लरें अलम्बक भीत सुत बहु माया दरसाइ ॥७६॥
चेकितान अनुबिंद सौं अभिमन पौरव साथ।
रथ चढ़ि चंचल तुरग जुत लरत लिये धनु हाथ ॥७७॥
पौरव पारथ-पूत कौ त्यौं बरसै सर जाल।
अभिमन पुनि ताके किये धनु छत केत बिहाल ॥७८॥

स०—पौरव को सर सात लगाइ कै पांच हि सो हय सारथि मारै।
लेकर पौरव नासन बान जबै हरि पूत सरासन धारै ॥
छोरत ही तब तोरि दियो धनुवान समेत ही भोज के नारे।
छिन्न सरासन छांडि लियो समसेर सुचाप लसै बहु तारे ॥७९॥

चौ०-मंडल करत षडग भरमावै। लोगनि को लघ हाथ दिषावै॥
कूदि पौरव रथ ऊपर आयो। पकरि केश तिह सीस निवायो॥८०
पाइ लाइ पुनि सारथि मारचो। षडग छेदि धुज भूतल डारचो।
देषतह्वै सब ताहि नरेसा। गह्यो वृषभ ज्यों बेगि मृगेसा॥८१॥

दो०-- पौरव अभिमन वस परचो देषि जयद्रथ राइ।
षडग चर्म कर लै उठचो बेगि पहूंच्यो धाइ॥८२॥
आवत ही अर्जन तनय देषि जयद्रथ राज।
ताहि छांडि रथ कूदिकै परयो गगन जनु बाज॥८३॥

सो०-- षडग चरम लै हाथ ताके सनमुख ह्वै गयो।
ज्यौं कुंजर मृगनाथ दोनों आपस मैं लरैं॥८४॥

स०-देखि परै न बिसेष कछू रन मैं तिहि फेरत चाम कृपाना।
मंडल के बहु भांत दोउ लरहैं जु सपक्ष पहार समाना॥
षग्ग जयद्रथ को कपि केत तनूज के चाम पै लागि बिलाना।
टूटि परचो लषि षग्ग तवै नृप कूदि गयो पुनि अपने याना॥८५॥

दो०-- देषि छुटचो अभिमन्न तवै बैठचो निज रथ मांहि।
घेरि जयद्रथ राय तब राष्यो सब नर नाहि॥८६॥
ताहि छांडि बहुबल हन्यो अर्जुन तनय सुबेस।
आग सिषा ज्यौं सकति तिहि डारी सत्य नरेस॥८७॥

छ०-- सकति परत छिन देष षग्ग तब म्यानहि पायो।
उछलि हाथ गहि ताहि सबनि को छोह दिषायो॥
फेर जोर करि छोर ताहि सों सारथि मारचो।
तिनहि भुजग ज्यों लागि सल्य रथ तैं भुअ डारचो॥
अभिमन नरेस पूजै सबै, साधु साधु कहि कहि जबै।
नृप डरी सैन तुअ उनहि पुनि सिंहनाद कीनों तबै॥८८॥

सो०— सहि न सके तुअ पूत भयो जु बैरिन को विजय।
बरसत ज्यों पुरुहूत गिरि पै सर अभिमन्न कौ ॥८९॥

दो०— जानि अनादर आपनो सल्यकोप उर आनि।
दोरचो पुनि अभिमन्नु को तुरत गदा गहि पानि ॥९०॥

कवित्त— बेगहूँ सो आयो भीमसेन गदा भारी लैके,
कंचन सुधारी तब बज्र के समान है।
आवो तुम आवो जू समुद्र राज हूं को ऐसे,
बोलत गदा ले हाथ दौरचो अभिमान है॥
जतन अनेक कै निवारचो बहु भीम हुँ ने,
गदा जुद्ध हूँ मैं वे तो अति ही सुजान है।
तैसे पुनि मद्रराज देषि भीम सैन जू को,
धायो ज्यौं मतंग पै मृगेश बलवान है ॥९१॥

चौ०—गदा जुद्ध मैं दोऊ प्रबीना। ता सम और कोऊ नहिं चीना॥
मंडल करत फिरत रन मांही, अंतर ताहि लषे कोऊ नाहीं ॥९२॥
शल्य वृकोदर तेज अपारा, करत परस्पर गदा प्रहारा।
भीम गदा पै गदा चलाई, ताते शल्य गदा सिथिलाई ॥९३॥

दो०— भीमसेन जू को गदा शल्य गदा परहार।
पाय लसत पावस मनो तरु युत जुगनु हजार ॥९४॥

सो०— लगी परस्पर जाय, वै दल तापै अगनि सों।
ज्यौं फनि सुता रिसाय, अनिल ज्वार मुखते तजै ॥९५॥

छं०—यों विध शल्य पवन सुत दोनों गदा युद्ध बहु भांत भयो।
शोणित भूरि चलत लषि परि है गदा अग्र तन छेद भयो॥
लरत लरत भुअ परत दोऊ जन शल्य मूरछा आन छयो।
पुनि भोज तुरत अपने रथ ऊपर तिहि चढ़ाइ लै दूर गयो ॥९६॥

सो०— भीम उठ्यो तिहि काल यों ही हाथ लिये गदा।
कौरब भयो बिहाल देषि बिमुख नृप सल्य को ॥६७॥

दो०— जीत तिहारी फौज कौ हिये हरष उपजाइ।
सिंह नाद पांडव करै घने वजंत्र बजाइ ॥६८॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि कविदत्त-विरचिते वीरविलासे
कौरव-पराजयो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥

चौथा अध्याय

सञ्जय उवाच

स०—पीडित भागत कौरव की लषि सेन तबै वृषसैन ही आयो।
बान दसो दिस ही पसरै नरवीरन को परलोक दिषायो॥
देषि परै सर सूरज कै कर ज्यौं उषमागम लोक सतायो।
कंजर वै रथ पुंज तुरंगम मानुष सों धरनी तल छायो॥१॥

दो०— ताहि देषि सुत नकुल कौ शतानीक अभिधान।
दौरि गयो वृष सेन पर दस हि लगाए बान॥२॥
ताको फुनि वृषसेन धुज तोरयो तुरत सरास।
द्रुपदसुता सुत आइ तिहि राषत है चहुँ पास॥३॥

सो०-- साइक छोरि अपार करयो अट्टसु तिन्ह करन सुत।
तव तुमरे सरदार राधत है वृषसेन कौ॥४॥

चौ०-द्रोपदि पूत बान सों छाये, पुत्र हेत तब पांडव आये।
यौं विध हठहिं परस्पर लर हैं, तेज तपत नीठहिं लषि परहैं॥५॥
पांडु पूत तुअ सैन भगाई, ताहि देषि बोल्यो द्विज राई।
सुनो सूर तुम भागि न जावहु, युद्ध जीति उज्जल जस पावहु॥६
यौं कहि द्रोन कुपित चढ़ि जाना, लसै चार रद दुरद समाना।
कुंतीसुत नृप ऊपर धायो, नृप कों तीषन बान संतायो॥७॥

दो०— नृप पर आवत द्रोण कौं द्रूपद के सरदार।
बेला ज्यों दधि धारई चक्ररक्ष सुकुमार ।।८।।

बारयो देषि कुमार तें द्रोण सूर सिरताज।
साधु साधु सब कहत हैं रन केहर लौं जाग ।।९।।

स०- साइक लाइ कुमार तबै द्विजराज हियै जनु केहरि गाजै।
ताहि निबारि कै बान अनेक कुमार तजै अति ही सुबिराजै॥

सैन के मध्य षरो भयो द्रोन तबै तुअ सेन को राषन काजै।
बेग चहूं इिस दौरत है द्विज तीषन बान सरासन साजै ॥१०॥

बारह बान सिषंडिन कौ अरु उत्तम ओज कौ बीस लगाए।
सात लगे सहदेव हियै अरु पांच नकुल्लहुँ को दुषदाए॥

द्वादस पांडव राजन को द्रूपदी सुत तीन सु तीन सौं धाए।
सातकि पांच सों विद्ध कियो दसबान बिराट हियै उरझाए ॥११

सो०-- यों बिध बान लगाइ द्रोन भूप गहिबो चहैं।
भयो निकट फुनि आइ रोक्यो तबै युगधारहिं ।।१२।।

दो०-- द्रोनहु नै सर तीष सों बेध्यो पांडव नाह।
योध युगंधर भल्ल सों डार दियो भुअ मांहि ।।१३।।
व्याघ्रदत्त पंचाल अरु सिंह सेन बलवान्।
राषत है नृप कौ द्रूपद अरु बिराट् युयुधान ।।१४।।
रोकि रहे मग द्रोन कौ बरसत बान संधान।
व्याघ्रदत्त सर तीष सों बेधि द्रोन को गात ।।१५।।
सिंह सेन फुनि द्रोन कौ बेधि कियो अतिहास।
ताहि मुदित अति देषि कै बढ्यौ अरिन कौ त्रास ।।१६।।
द्रोन किये दृग अरुन फुनि गयो ताहि पर दौर।
ताछिन तीछिन भल्ल सों, दीनो ता सिर तोर ।।१७।।
व्याघ्रदत्त धरनी परयो सिंह सैन अरु सूर।
और सूर सरपूर सों कियो द्रोन सब चूर ।।१८।।

स०—ठाढो भयो द्विज पुंगव जाइकै मीच ज्यौं भूपति के रथ नेरे।
सोक बढ्यो उन के दल मैं द्विजराज को राजनि के ढिग हेरे॥
कांपत दूर षरे जु डरे सब सूरहि आइ सकै नहिं नेरे।
भूप गह्यो हठ सों अब दोननि सैनक यों सब ही तब टेरे॥१६॥

दो०— आज कृतारथ होइगो दुरजोधन कुरुराइ।
पांडव बल छिन एक मैं द्रोन हनेगो आइ॥२०॥
यों सब सैनिक कहत हीं अरजुन निकस्यो आइ।
बान बरष दुरधरष सों दियो दरोन चलाइ॥२१॥

स०—लेत निषंग हुते धनु जोरत छोरत नेकु न देखि परयो है।
भूतल आठहिं आस अरज्जुन बाननि सों असमान भरयो है॥
फैलि रह्यो तम पुंज तबे कोउ मीत अमीत न जानि परयो है।
देखि अरज्जुन को भुज बीरज कौरव को सब लोग डरयो है॥

दो०— ताहि समै सूरज लष्यो परत पथोनिधि मांहि।
अंधकार दुगनो भयौ लोग न जाने जांहि॥२३॥
देषि दिवाकर अस्तगत द्रोन सुजोधन राइ।
कियो सेन अवहार तब रह्यो रैन तम छाइ॥२४॥
तैसे अपनी सैन को अर्जुन कियो बहार।
सोहत आवत सिबर कौ अर्जुन सहित मुरार॥२५॥

सञ्जय उवाच

दो०— द्वै दल निज निज सिबर मैं जाइ कियो बिसराम।
ठौर ठौर सब सोबई गई रैन जब याम॥२६॥
सैननि को अवहार करि द्रोन लह्यो नहिं चैन।
लाग्यो कहन सलज्ज ह्वै दुरजोधन सों बैन॥२७॥
यह तो पहले ही हमैं कह्यो हुतौ कुरु राइ।
जो अरजुन रन में रहै तो नृप गह्यो न जाइ॥२८॥

भूपति संक न कीजिए मो बच झूठ न होइ।
रन में पारथ कृष्ण को जीति सकै नहिं कोइ ।।२९।।

जो अरजुन कछु योग सों अनत युद्ध तें जाइ।
तो तुम अपनो बस भयो जान हु पांडव राइ ।।३०।।

जो कोइ ताहि बुलाइकै आन देस रन हेत।
नहिवै, तिहि जीते बिना फिरै न वारन केत ।।३१।।

ऐसे अंतर पाइ जो रन तें भगै न दूर।
गहौं युधिष्ठिर भूप कौ देखत ही सब सूर ।।३२।।

सञ्जय उवाच

दो०-- यों सुनि बचन दरोन के कह्यो त्रिगर्त नरेस।
हमरो जगत प्रसिद्ध है बड़ो बैरि गुडकेस ।।३३।।

सो०-- कियो जु तिनि अपकार, आवत सों मन मै जबै।
हिये अगन की ज्वार, उठै नैन नींद न परत ।।३४।।

चौ०-- भली भई रन पारथ आयो, देषि हमें नैननि सुष पायो।
आजु काम पूरन सब भयो, पारथ सो हमरो रन ठयो ।।३५।।

सो०-- काज सरत है दोइ तुमरो अति हित हेत है।
अरजुन कीरत होइ, मेरी अरजुन के हनै ।।३६।।

दो०-- रन ते बाहर काढ़ि के अर्जुन को भुअ डारि।
करों मनोरथ आपनो अरु तुमरो हितकारि ।।३७।।

आजु भूमि अर्जुन बिना कै त्रिगर्त बिन होइ।
झूठ न कब हूं मैं कह्यो जानत है सब कोइ ।।३८।।

यौं कहि कै फुनि सत्यरथ सत्यबरम रनधीर।
सत्यब्रत अरु सत्यसर सत्यकरम नरवीर ।।३९।।

पांच सहोदर सहित ह्वै अयुत महारथ साथ।
चले सुसरमा अमित बल प्रस्थल पुर कौ नाथ ।।४०।।

सो०— और बहुत सरदार अयुत अयुत बल सों चले।
पूजे बिप्र अपार होम कियो पुनि अगन में ॥४१॥

चौ०-कबचनि साजि धनुष शर धर है, अरजुन वध परतिज्ञा कर है।
सुन हु लोग सब बचन हमारे, जो गति होत बिप्र के मारे ॥४२
सुरापान तें जो गत जोई, गुरु तिय मैथुन करै जु कोई।
गांई हनै बाहमन धन चोरै, अपनी तिय रितुकालहि छोरै ॥४३॥

दो०— गुप्त प्रगट पातक बड़े जो जग होत अपार।
वेद पुरान वषानई जो पातक निरधार ॥४४॥
बिन मारे अर्जुन फिरौं कै अर्जुन सों हार।
तो यह पाप हमै लगै कहे पुकारि पुकारि ॥४५॥
जो रन मैं अर्जुन हनौ इष्टलोक गति होइ।
ऐसे कहि रन मैं चले देषत है सब कोइ ॥४६॥
अर्जुन बेग बुलाइकै चले पितर दिस ओर।
संसपतक गन रन लिये सकल सूर सिर मौर ॥४७॥
कहत तवै नृप धरम को अर्जुन बचन सुचेत।
मोहि बुलावत चलत हैं संसपतक रन हेत ॥४८॥

चौ०-जानत हौ मैं जो ब्रत धारयो, कबहूँ न फिरौं समर हँकारयो।
तातें मो कहुँ दीजै आज्ञा, सत्य करौं अपनी परतज्ञा ॥४९॥

दो०— मारयौ जान सुसर कौ साथ सहोदर सैन।
भूपति झूठ न मानिवे सांचे हैं मम बैन ॥५०॥

युधिष्ठिर उवाच

तात सुनो तुम जो कह्यो चाहत है द्विजराज।
ऐसे जतन बिचारियै सरै न ताको काज ॥५१॥

अर्जुन उवाच

राषहिगो तुम को इहां सत्य जीत पंचाल।
ताहि लरत नहिं गहि सकै दोन तुम्हें भुअपाल ॥५२॥

जो द्विजवर सर सो परै सत्यजीत रन माहि।
तौ तब सूर समेत ही भागि भूप तू जाहि ॥५३॥

सञ्जय उवाच

अर्जुन को आज्ञा करी भूपति गरै लगाई।
देष्यौ फुनि अति प्रीत कै आसिष बहुत सुनाई ॥५४॥

चौ०— यौं विध समर चल्यो कपि केता, संसपतक ऊपर अरिजेता।
छुधित सिंह जनु मृग पर जावै, सूरन के हिय सोक बढ़ावै ॥५५॥

सञ्जय उवाच

भयो मुदित दुरजोधन राई, बिन पारथ अब करो लराई।
द्वै दल मिले परस्पर आई, ज्यौं सुरसरि सरजू बरषाई ॥५६॥

सञ्जय उवाच

दो०— संसपतक गन ब्यूह करि षरे भये सम ठौर।
अर्जुन आवत देषि कै हसत करत अति सोर ॥५७॥

ताहि देखि अति मुदित मन करि अर्जुन मृदुहास।
कह्यो बचन श्री कृष्ण को तिनको जानि बिनास ॥५८॥

देख कृष्ण इन मूढ को हसै जु रोदन काल।
मोहि बुलावै लरन को ह्वै है सबै बिहाल ॥५९॥

अथवा आजुहिं जोग है इन को हास मुरार।
जा गत दुर्लभ नीच को सो पावै इह वार ॥६०॥

यों कहि अर्जुन कृष्ण को देवदत्त जलजात।
बेग बजायो ताहि धुन सुनत डरे अरिजात ॥६१॥

पाहन ज्यौ थिर ह्वै रही तब त्रिगर्त की सैन।
बाहन कान उठाबई डरते फेरत नैन ॥६२॥

सुरत पाइ फुनि सूर सब अर्जुन को इकबार।
छोरे सर अरजन कटे आबत बान हजार ॥६३॥

चौ०—एक एक सर पांच लगावै, अर्जुन आवत ताहि नसावै।
पुनि द्वै द्वै शर अर्जुन लाए, बहुत लोक परलोक पठाए ॥६४॥
संसपतक गण क्रोध बढायो, कृष्ण सहित अरजुन सरछायो।
बरस बूंद ज्यौं सर मैं परई, ता उपमा अर्जुन रथ धरई ॥६५॥

स०—तीषन तीस सुबाहु शिलीमुखसों कपि केत किरीट जरचो है।
पारथ ताहि लगै पुनि कंचन सेषर सूर सरूप धरचो है॥
पांडव बान कटचो जु सरास सुबाहु के हाथ ते भूमि परचो है।
साइक पूर बलाहक लौं बरसाइ सुबाहु को देह भर्यो है ॥६६॥

दो०— फिर सर तिनकौ लाइकै कटे सबन के केत।
विजय सुधनु धनु तोरि के हय हनि डारे खेत ॥६७॥
सुरथ सुसर्म सुधर्म पुनि सुधनु सुबाहु सुयोध।
दस दस सर लावै षरे अर्जुन को करि क्रोध ॥६८॥

स०—पारथ बान लगाइ सुबाहु को काटि के सीस महीतल डार्यो,
कोप किये जनु सूर दियै सर छांडि त्रिगर्तन को बल मार्यो।
मोह सो छाइ रह्यो कछु सैन कछू दुरजोधन सैन सिधार्यौ,
ऊँचे सुनाइ त्रिगर्त को राइ तवै यह सैन कौ बोल उचार्यो ॥६९
भागो नहीं भय दूर करौ सब सैनि के बीच करी बहु सोहैं,
भागि के जाय सुयोधन के दल कैसें के देखहुगे तिहिं सोहै।
होइगो हास बडो जग में इह भांत भगे अपमान बड़ो है,
यों सुनि सूर फिरे सिगरे करि केहरि नाद भये फुनि सोहै ॥७०॥

सञ्जय उवाच

दो०— संसपतक फुनि फिरत लखि कह्यो विजय तिहि वार।
तुरत कृष्ण इन सामुहै पेल हु तुरग हमार ॥७१॥
चौ०—यह जीवत अब जुद्ध न छोरे, मरन बांधि मों सों मुह जोरे।
देखि अस्त्र बल घोर हमारो, गांडिव को अरु भुज को न्यारो ॥७२

आज सवनि इन भूतल डारौं, पुनि दुरजोधन सैन संहारौं।
यौं सुनि हसि हरि ताहि सराहै, पेल्यो रथ जहँ अरजन चाहै ॥७३॥

दो०— नारायण अति कुपित ह्वै तजै बान सरसाइ।
कृष्ण सहित साइक छयो अर्जुन लष्यौ न जाइ ॥७४॥

चौ०— ताहि देषि कपिकेत रिसायो, बाहुजोर तब द्विगन बढ़ायो।
गांडिव तुरत हाथ मैं लीनो, देवदत्त धनु पूरन कीनो ॥७५॥
त्वष्ट्र अस्त्र पुनि तज्यौ अनूप, भयो सबनिको अरजुन रूप।
अर्जुन जानि परस्पर लरै, करि प्रहार मोहत ह्वै मरै ॥७६॥

सो०— फूले किधौं पलास, रन मैं योधे लषि परै।
कर्‌यो ललित्थ विनास, अर्जुन तीषन बान सों ॥७७॥

दो०— संसपतक गन कोपकरि, बरसे बान बरात।
फसै काल के फांस मैं, रन मैं भागिन जात ॥७८॥

स०— डीठ परै न अरज्जुन केसव यान धुजा बहु बान सों छाये।
मारे अरज्जन केसव यों कहि वीरन हूँ नृप चीर भ्रमाए।
भेर मृदंग अनेक बजै अरु केहर नाद कै संष बजाए,
खेदहि पाइ बडौ तब केसव पारथ को यह बोल सुनाए ॥७९॥

दो०— अरजुन डीठ न परत हौ जीवत हौ किहि ठौर।
यौं सुनि अरजुन ने लिये पवन अस्त्र धनु जोर ॥८०॥
दूर भई सरबरष तब, उडै तहां नरवीर।
संसपतक पत सूक लौं, लगे प्रचंड समीर ॥८१॥
अर्जुन तबै त्रिगर्त को, व्याकुल कर इह भांति।
तीषन बाननि सों कियो, अमित सेन को घात ॥८२॥

क०— परे हैं पहार ज्यौं हजार मदमाते नाग,
देषियत घोरे यान तीष सर तोरे हैं।
छेदे गये गात भुअ सोवत पदात घने,
तीष तीर लागे निज आनन मरोरे हैं॥

लागै सेत बाहन के बान तन छोरे जिन,
ताको सिर नाइ कै सुरेस कर जोर हैं।
छई रन भूमि नर बारन तुरंगन सों,
पारथ के यान को कबंध उठि दौरे हैं ॥८३॥

सञ्जय उवाच

दो०-- जानि त्रिगर्तन सों अरयौ अर्जुन तबे दौरन।
कीनो सुपरन ब्यूह करि धर्म नृपति पर गौन ॥८४॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्त विरचिते वीरविलासे
त्रिगर्तयुद्धं नाम चतुर्थोऽध्यायः

पाँचवाँ अध्याय

सञ्जय उवाच

चौ०--धर्मराज लषि द्रोन बनायो, सुपरन व्यूह सूर सायो।
अर्धचन्द्र वरव्यूह सुधार्यो, व्यूह युगम सब लोक निहार्यो।।१

क०-- बदन दरोन सीस ईस कुरुदेसन को,
क्रप क्रत बर्म ऐन नैन दरसाए हैं।
सिहल कलिंग सक यवन कंबोज मद्र,
केकय दरद ग्रीवा ठौर ठहराए हैं।।
भूरिश्रव सल्य सोमदत्त दछ पच्छ भये,
बिंद अनुबिंद बाम पंषनि सुहाये हैं।
पूँछ मैं करन सुत बांधव समेत भयो,
सैंधव नरेस भीम जान उर आये हैं।।२।।

स०--सोहत है उहि व्यूह के बीच चढ्यौ भगदत्त मतंगम मातै,
देषि परे उदयाचल मैं जनु सूरज बिंब उग्यौ परभातै।
सारद चन्द समान लसै छत झूम रहो मुकताफल यातै,
साथ पहार के भूप लिये रन मैं दुति दुनी धरे मघवातै।।३।।

दो०-- ब्यूह देषि भूपति कह्यौ, ढोठ दुमन सों बैन।
ऐसो जतन सुकीजिये, ज्यों दुज मोहि गहै न।।४।।

धृष्टद्युम्न उवाच

दो०-- करो जतन केते तउ द्विज गहि सके न तोहि।
भूपति निहचै जानिए रन मैं जीवत मोहि।।५।।

सञ्जय उवाच

स०--यौं कहि छांडत बान घने सुत द्रूपद को द्विज ऊपर धायो।
आवत देषि अनीठ सु ढीठदुमन्न दरोन हिये भय छायो॥
ताहि को देषि दुरम्मुष तो सुत द्रोनहुँ को हित चित्त बसायो।
ढीठ दुमन्न को दौरि मिल्यो रन हेत तबै मन माँहि रिसायो॥६॥

दो०-- ढीठदुमन दुरमुष दुहुँनि भयो तबहि रन घोर।
द्विज दुरमुष कौ द्रुपद सत सरबर से चहुँ ओर॥७॥
पीडित देषि दरोन को दुरमुषबान बरात।
लाए ढीठदुमन्न को अति तीषन बहुभांत॥८॥
दोनो जुद्ध जुरे जबै द्विजबर तबै रिसाइ।
तप सुत बल चहुँ ओर तें तजि सरदियो बहाइ॥९॥

स०--बारन बारन को नर को नर घोरेइ घोरनि मारन लागे।
सूर जुरै न मुरे रन तें अरु कायर लोग चहूं दिस भागे॥
ठौर हिं ठौर परै तरफै तन छूटत ही अति शोणित पागे।
देषि परे रंगरेज सवै तब फूल रहे जनु किंसुक बागे॥१०॥

दो०-- मोहित कै इह भांत बल, पांडव को द्विज राइ।
दौरयो धरम नरेस को, कोप हिये उपजाइ॥११॥
नेरे आवत द्रोन को देषि जुधिष्टिर राइ।
धर धीरज ठाढो भयो बान बरष बरषाइ॥१२॥
लषि भूपति ढिग द्रोन कों सत्यजीत पंचाल।
राख्यो चाहत भूप को दौरि गयो तत्काल॥१३॥

चौ०-सत्यजीत द्विज को सरलायो, पांच बान सों सारथि घायो।
दस दस बान तुरंगनि लाये, पीठ रक्ष तन बान गडाये॥१४॥
ताको चरित देषि द्विज राइ, सत्य जीत लीनो सर छाइ।
साइक सहित तुरत धनु तोर्‍यो, तिनफुनि और धनुष कर जोर्‍यो

दो०— बिध्यो तीष सर तीस सों, सतजितहुँ द्विजराइ ।
ग्रस्यौ देषि द्विज को गयो, बृक पंचाल हि धाइ ॥१६॥

चौ०–द्विज के उर सर साठ लगाए, देषत लोक सकल बिसमाए।
छ्यो द्रोन सर बरष अपारहि, कोप कियो दृग घोर उघारहि॥१७

दो०— कटे सरासन दुहनि के, षट बानन सों द्रोन।
सारथि तुरग समेत ही बृक पठयो सुर भौन ॥१८॥
सत्यजीत फुनि आन धनु, लैकर छोरे बान।
बिद्ध किये द्विजराज अरु, सूत केत किक्यान ॥१९॥
सहि न सक्यो पंचाल को, विक्रम बिप्र नरेस।
हय धुज धनु तजि सर कटे, सूत पठ्यो सुर देस ॥२०॥
सत्यजीत पंचाल के, तोरे बहुत सरास।
अर्धचंद्र को द्विजहु ने, सीस कट्यो पुनि तास ॥२१॥

सो०— सत्यजीत पंचाल, परयो भूमि जब मृतक ह्वै।
भाग्यो धर्म भुअपाल, तबै द्रोन भयभीत ह्वै ॥२२॥
और सकल सरदार, दौरि गए रन द्रोन को।
भूपति के हितकार, फुनि सब हारे द्रोन तें ॥२३॥

दो०— ताछिन अनुज बिराट को, अति तीछन सर लाइ।
सारथि तुरग समेत ही, बिद्ध कियो द्विज राइ ॥२४॥

सो०— शतानीक अभिधान, गाज्यौ अनुज विराट को।
द्रोन चलायो बान, गाजत ही सर भुअ परयो ॥२५॥

स०—केकय चेद करूषनि मच्छ सु और सबै रन द्रोन तें हारे।
जेह निनाद सुन्यों दस ही दिस बीर घने धरनीतल डारे।
छोभ किये बल पांडव के जु अमीतन कों दुष देत हैं भारे।
मति हियै हुल सै करि केहरि नाद बजावत भेरि नगारे ॥२६॥

भीरुन कौ भय दायक है अरु सूरन को अति ही सुषदाई।
साइक बारि तरंग तुरंग मतंगज नक्रनिके गन छाई ॥
मीन भये करवाल सुकच्छप भेर मृदंग सरौघ सुहाई।
यौं विधि सोणित की सरिता यम के पुर कौ द्विजराज बहाई ॥२७

दो०— देखि द्रोन ज्यों जम हनत सैन सबै सिरदार।
फिरै धरम सुत आदि फुनि बरसत बान हजार ॥२८॥

स०—पांचहिं पांच गडे बसुदान सिषंडि हुने द्विजराज हियै।
फुनि उत्तम ओज सिलीमुष तीन तजे सत सातकी कोप कियै ॥
धरनीपति बारह बान तजे द्विजराजन ने अँग अँग छियै।
फुनि आठहि बान युधामनु द्रौन को लाए तबै हरषाइ जियै ॥२९

कोप क कँ भुवदेव तबै द्द्ढ सेन सुषेन महीतल डारै।
सेनन बीच फिरे चहु और सिषंडिन को तजि द्वादश मारे ॥
एकहिं भल्ल सिली मुष सों बसुदान पठाइ दियो जम द्वारे।
क्षत्र धरम्मनिहूं कौ असीत सुबान लगे अति ही अनियारे ॥३०॥

दो०— क्षत्र देव पुनि भल्ल सो, पर्‌यो भूमि तल जाइ।
चौसठ सर युध मन्नु को, लीने तुरत लगाइ ॥३१॥
यों विध सब को बेधि कै, दौर्‌यो द्विज नृप हेत।
गुरु ते पवन तुरंग सों, भग्यो भूप तज षेत ॥३२॥
जीत भई तुमरी तबै, भगी पांडु सुत सैन।
ताहि भजत लषि करन को, कहै सुयोधन बैन ॥३३॥

दुर्योधन उवाच

छंद— देष करन पंचाल चलत हैं लगे द्रोन के बान षरे,
यूथ हरन के अरन बीच जनु भजत सिंह के त्रास भरे।
चहुँ ओर दौरि मगडिगत मत्त जनु भये बिकल रन देखि परै,
मम बुद्ध कहत भागे दुजबर तें पांडुपूत नहिं फेरि लरै ॥३४॥

सो०— हौर्‌यो हमरे सूर, भीम सेन क्रोधी बड़ो।
भयो जुद्ध में क्रूर, मो कों हरष बढावई ॥३५॥

दो०— आज जुधिष्ठिर राज की, अरु जीवन की आस।
तज है सब जग द्रोन भय, देषत भर्‌यो तरास ॥३६॥

कर्ण उवाच

दुरजोधन मत जानई, पांडव गये पलाइ।
जीवत रन छाँडे न हीं, या को यही सुभाइ ॥३७॥

सिंहनाद पांडव सहै, नहि भूपति जिय जान।
पांडव भजें न जुद्ध तें, सूर वीर बलवान ॥३८॥

द्यूत क्लेश विष अगन दुष, सिमरत पाँडव क्रुद्ध।
मो मति कहि बनबास दुष, सिमरत तजै न युद्ध ॥३९॥

भीम हनेगो युद्ध मैं उत्तम उत्तम योध।
केकय मत्सपंचाल युत हिये धरत अति क्रोध ॥४०॥

भार अचारज पर पर्‌यो, ता कहुँ राष्यो जाइ।
पाँडव कोकन ज्यौं हनै, महानाग द्विज आइ ॥४१॥

सञ्जय उवाच

राधा सुत के बचन सुनि, दुर्जोधन कुरुराइ।
अनुज सहित पुनि द्रोन ढिग तबै पहुँच्यौ धाइ ॥४२॥

तहां सोर पांडव करै, एक द्रोन बध हेत।
नाना रंग तुरंग चढ़ि, फिर आए रन हेत ॥४३॥

धृतराष्ट्र उवाच

द्रो० — भिन्न भिन्न कहु सबनिकै, रथ लच्छन सुबिचार।
जिहिं चढ़ि आये द्रोन पर, पुनि पांडव रिसधार ॥४४॥

सञ्जय उवाच

दो०-- ऋक्ष वरन हय भीम के, दंत बरन सित केस।
तुरग युधिष्ठर राइ के, रथ में लसत सुबेस ॥४५॥

रजत बरन सातकि तुरग, मानो उडत बिहंग।
सोहत हैं युधमन्न के, सारंग रंग तुरंग ॥४६॥

अति हरषित घन बरन हय, उत्तमोज के यान।
सुन्दर तनु सुक बरन रंग, पवन नकुल किक्यान ॥४७॥

स्यामल तीतर बरन हय, दौरत पवन समान।
बाहन है सह देव को, सोहत जोरे यान ॥४८॥

ढीठदुमन के तुरंग फुनि, पारावत सम रंग।
छत्र देव हय जान जिय, पद्म पत्र निभ अंग ॥४९॥

महाराज नृप द्रुपद के, तुरग ललाम बषान।
वाहन राज बिराट के, पाटल पुष्प समान ॥५०॥

सत्वर तनय बिराट को, हरिद बरन हरि ताहि।
केकय सोदर पांच के, इन्द्र गोप सम वाहि ॥५१॥

दिव्य तुरंग सिषंडि के, आमपत्र सम रंग।
जो तुंबरु गंध्रप दिये, अति सुन्दर अंग अंग ॥५२॥

उपजे देस कंबोज मैं, चित्र बरन हरियान।
धृष्टकेतु चेदीस को, बहत लगाए यान ॥५३॥

पद्म पत्र मल्लिक नयन, उपजे बाल्हिक देस।
क्षत्र देव को बहत है, भूषन सहित सुवेस ॥५४॥

छये रजत के जाल सों, हय कौसेय समान।
धीरे रन में बहत है, सेना बिन्दु समान ॥५५॥

काश्य पुत्र सुकुमार के, कौंच बरन हय राइ।
जो रे यान बिराजई, दौरत है जनु बाइ ॥५६॥

श्वेत तुरग प्रतिविंध्य के, स्याम ग्रीव के बार।
भाव लहै असुवार कै, चाल चलै सुषकार ।।५७।।

अरजुन-सुत सुत-सोम को, धरत तुरग रन मांहि।
माष पुष्प सम बरन वर, कोकरि सकै सराहि ।।५८।।

बाहन नकुल तनूज को, शतानोक जिहि नाम।
साल पुष्प समबरन हरि, तरुन तरनि सम छाम ।।५९।।

घोरे जोरे रथ लसै, मोर नारि सम रंग।
धारत है स्त्रुतकरमको, हेम जोत्र के संग ।।६०।।

द्रोपदि सुत स्त्रुत कीरतहि, बाहन पवन तुरंग।
चाष पत्र जिम बरन रन, पारथ ज्यौं अरि भंग ।।६१।।

जाको अर्जुन कृष्ण के, तुल्य कहे सब कोइ।
हरिवर ता अभिमन्यु के, रंग पिसंग हि जोइ ।।६२।।

शतधृत के घोरे अरुन, चंचल गति रनधीर।
हेम पृष्ठ हय धरत है, काशिराज नरवीर ।।६३।।

चेकितान किक्यान फुनि, कौसय बभ्रु समान।
हेम माल धर रन लसैं, करैं न चित्त मलान ।।६४।।

इन्द्र जुद्ध सम बरन हरि, जो उपजें सुभ ठौर,
कुंति भोज पुनि ताहि पर, चढ़ि आयो रन दौर ।।६५।।

चित्र बरन तन श्याम पद, छाए सुबरन जाल।
जरासंध-सुत के तुरग, सह देवनि अरिसाल ।।६६।।

कमल नाल सम बरन हरि बेग उडत जनु सेन।
धारत भूप सुदाम को, बैरन को दुष दैन ।।६७।।

सैंधव सरषप कुसुम सम, बरन लसै रन ढीठ।
बाहन है जन्मेज कौ, पांचालन धरि पीठ ।।६८।।

माष बरन उंचे जवन, धरत कनक की माल।
चित्र वर्ण दधि पृष्ठ हरि, धारत द्रुत पंचाल ।।६९।।

पुहकर केसर सम बरन, दण्ड धार हरि नीक।
रन मैं आवत ताहि लषि, भागत वैरि अनीक ।।७०।।

एक बरन सब धुज कवच, धनुष तुरग पुनि सेत।
आयो है अति कोप करि, शुक्ल नाम रन हेत ।।७१।।

चंद्रसेन के तुरंग फुनि, जान चंद सम रंग।
नील कमल सम बरन सों, सोहत सैन्य तुरंग ।।७२।।

एक रंग धुज कवच धनु, रथ अरु तुरग सुनील।
धीर बड़ो रन नील नृप, आवत लसत सलील ।।७३।।

छए नील मनि जाल सों, चंद किरन सम रंग।
सूरवीर नृप पांड्य कौ, बाहन जबन तुरंग ।।७४।।

बरन अनेक स्वरूप अरु, आकृत बदन बषान।
सोहत असुर घटोतकच, तुरग लगाये यान ।।७५।।

और बहुत सब सैन मैं, तुरग अनेक हि भांत।
भिन्न भिन्न सिगरे कहत, ग्रन्थ बहुत बढ़ि जात ।।७६।।

देष्यौ सोन कमंडलू, कृष्णाजिन द्विज केत।
भीम केत फुनि नीलमनि, राजत सिंह समेत ।।७७।।

केतु कनक मय मैं लष्यौ, तप सुत के रथ माहिं।
जा में बिपुल मृदंग द्वै, जन्त्र बजावै ताहि ।।७८।।

चौ०—नकुल केत फुनि सरभ बिराजै, कनक पृष्ठ देषत भय साजै।
रजत हंस सहदेव पताकहि, भये भीत अरि देषि न साकहिं ।।७९

द्रोपदि सुत धुज लसत अपारा, धरम पवन हरि अश्वकुमारा।
अभिमन धुज सारंग बिहंगा, देषि परै चामीकर अंगा ।।८०।।

दो०— गीध केत हैडंब को, रन में लसत विसेष।
ताके रावन लौं तुरग, कामयान अवरेष ।।८१।।

धनुष युधिष्ठर राइको, नृप माहेन्द्र सुदिव्य।
भीम सरासन दिव्य पुनि, भयो भूप बाइव्य ।।८२।।

चौ०—तीन लोक के रच्छन काज, जो बिध सृज्यौ धनुष सिरताज।
दिव्य अजर वह अरजन हेत, ता गहि अरजन जीते षेत ॥८३॥
नकुल धनुषवर विष्णु बनायो, अश्विन धनु सहदेव सुहायो।
धनु पौलस्त्य दिव्य भयदायक, धरत भीम सुत राषसनाइक ॥८४॥

दो०— रुद्र अग्नि अरु धनदके, जम ईसान सरास।
पांचौ द्रौपदि सुत गहै, लषि पावत अरि त्रास ॥८५॥

जो पायो बल देव हूँ, दिव्य रुद्र धनु रूप।
तूठि दियो अभिमन्नु को, हल धर धनुष अनूप ॥८६॥

एते यह अरु बहुत है, धुजवर कनक सुहात।
सूरन कै रन देषिये, अरिजन हरषन सात ॥८७॥

चित्र सार जनु ह्वै रही, द्रोन सेन कुरु राइ।
युद्ध स्वयंबर लौं तबै, पांडव पहुँचे धाइ ॥८८॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि कविदत्तविरचिते भाषायां
पांडव-पराजय-रथध्वजवर्णनं नाम पञ्चमोऽध्यायः॥

छठा अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— संजय पांडव सैन ये, जीते समर सुरेस।
जो फिरि आयो युद्ध कौ, लहै न श्रम को लेस ॥१॥
दैव विना कछु होत नहिं, सब जग दैव अधीन।
पुरुषकार कछु ना करै, होत भाग जब हीन ॥२॥

दो०— कर्‌यो जुधिष्ठिर भूप हुं, चिरकालहि बनवास।
कीने नगर बिराट कै, दुरिकै विविध विलास।
सो अब पाइ सहाइ दृढ, जीत लेत कुरु वीर ॥३॥
भाग भर्‌यो नर जग बढै, घटै अभाग शरीर ॥४॥
जो जीत्यो छल द्यूत सों, सब कछु लियो छिनाइ।
भाग हुते ताते लह्यो, फुनि जिन सजन सहाइ ॥५॥

चौ०— कोसल केकय काशिक मेरे, चेदिबंग हमरे सब चेरे।
न्याय भरे धरनी हम लहै, ज्यों मूरष दुरजोधन कहै ॥६॥

दो०— होत दुषित मेरो हियो, सुनत कुरुन की हार।
तद्यप सूत सुनाइये, फुनि रन को व्यवहार ॥७॥
कौन कौन रन मैं लरै, हरै कौन को प्रान।
कौन भगे भय भीत ह्वै, को थिर रहे दलान ॥८॥

संसप्तक गन सों भयो, कैसे अरजुन जुद्ध।
कहु संजय निरधार कर, बड़ी तिहारी बुद्ध ॥९॥

सञ्जय उवाच

दो०— फिर आये पांडव जबै, हम को भौ भय भूर।
बान छ्यो लषि द्रोन फुनि, ज्यों पावस घन सूर ॥१०॥

स०— धूर उठै दृग पंथ रुक्यो, तब क्रूर भई सब सैन हमारी।
मानत है रन द्रोन हन्यौ, लषि ताहि सुजोधन बानि उचारी।
पांडव के सरदार निबारहु जुद्ध करो रन में रिसधारी।
मान भरे सकुलीन बड़े अब भागि गये जग निंद है भारी ॥११

दो०— यों सुनि बचन नरेस के, लरन लगे तुअ योध।
दुरमरषन सुत तब लरै, भीमहु सों करि क्रोध ॥१२॥
सातकि को कृत बरम फुनि, दोरि लगाये बान।
दोऊ रन में लरत हैं, मत्त मतंग समान ॥१३॥
छत्र बर्म अरु सिंधुपति, लरन लगे रन दोइ।
कटे युयुत्सु सुबाहु के, षर सर सों भुज दोइ ॥१४॥
मद्रराज नृप धर्म सों, करत जुद्ध रिस मान।
धर्मराइ फुनि ताहि के, मरम लगाए बान ॥१५॥
गाजै शल्य लगाइ कै, नृप को चौसठ बान।
गाजत ही ताके कटे, भूपति धनुष निसान ॥१६॥
सहानीक बहलीक नृप, लर्‌यो द्रुपद सों आइ।
दुहुनि भयो रन घोर तब, सेना सहित रिसाइ ॥१७॥
सतानीक रन मे लर्‌यौ, भूत करम के साथ।
नकुल पूत हुँ ने कट्यौ, भूत करम भुज माथ ॥१८॥
बीबिंसति श्रुत सोम कौ, रोकि रह्यो शर लाइ।
शर तजि बिध्यो बिंविशति, श्रुत सोमहि रिस पाइ ॥१९॥

चित्रसेन सुत श्रुतकरम, लरत दोऊ तुव पूत।
चाहत है बध परसपर, लावत शर शिल धौत ॥२०॥

द्रोन पुत्र प्रति बिंध्य को, तीष लगाये बान।
ताको पुनि प्रतिबिंध्य हूं, छोरे सर रिस मान ॥२१॥

चौ०—अरजुन सुत श्रुतकीरत संगा, लह्यो दुसासन पूत निसंगा।
ताको श्रुत कीरत सर छोरे, सारथि हन्यौ धनुष धुज तोरे ॥२२

दो०— लाग्यो लरन सिषंडि सों, तब सुत बिकरन आइ।
द्रुपद पूतहुँ ने लियो, पुनि बिकरन सरछाइ ॥२३॥

रन दुरमुष पुर जीत को, भयो बान सरसाइ।
पुरुजित दुरमुष भौंह में, दियो न राच गडाइ ॥२४॥

चौ०—ताहि लगे दुरमुष मुष सोहै, नाल सहित पंकज दुत टोहै।
फुनि केकय पांचहि रन आए, आवतही रवि सुत सर छाए ॥२५

वह फुनि बरसै बान करन कौ, करन बान बहु बरसत उनकौ।
तबै पांच वह भ्रात सुहाए, देषि परे नहि बाननि छाए ॥२६॥

बारध षेमि कृप दोउ लरै, क्षुद्र बान आपस मैं परै।
ताहि लरत यों लोग निहारै, सो अपने सब काम बिसारै ॥२७॥

भूरिश्रवा मणिमंत नृपति कौ, रोकि रह्यौ आवत संयति कौ।
भूरि कर्म ताके धनु केत, सूत छत्र डारे कटि षेत ॥२८॥

दो०— द्रौन द्रौन मुष सों रटे, देषे और न दूज।
रन मैं नाम घटोतकच, आयो भीम तनूज ॥२९॥

चौ०—गदा परिघ पट्टिस तरवारे, तोमर पाश भसुंडी डारे।
भिंडिपाल अरु मुसल कुठार, मुदगर चक्र और हथियार ॥३०॥

धूर बात जल अग्न पषान हि, रूष परत नभते अरु बानहि।
कौरव कौ सब सेन डरायो, ताको देष अलंबुष आयो ॥३१॥

ताको युद्ध भयो फुनि तैसो, संवरु अमर राज को जैसो।
यों बिध गज हय नर के भये, दुन्द अनेक जुद्ध में ठए ।।३२।।

ऐसो रन कहुँ सुन्यो न देष्यो, मो पै कह्यो न जात बिसेष्यौ।
यही चित्र यह रौद्र सुघोर, या सम जुद्ध लष्यौ नहिं और ।।३३।।

सञ्जय उवाच

स०—लैकर नाग अनीक सुयोधन युद्ध लिये फुनि भीम पै दौरचो।
बेग सों धाइ षरे सर लाइकै भीमहु ने गज को बल तोरचो।।
नाग भये मद हीन तबै सर पीड़त ह्वै सब ही मुष मोरचो।
सोहत बान हने गज ज्यौं नभ सूरज के करतें घन फोरचो ।।३४।।

दो०— देषि सुजोधन भीम को, करत नाग बल छीन।
क्रोध किये ढिग आइकै, लावै बान अदीन ।।३५।।
भीम सैन फुनि अरुन दृग, नृप को लावत बान।
दोऊ जन रन मैं लरै, मत्त मतंग समान ।।३६।।
भीम भूप को धनुष धुज, भल्लसों कटचो सलील।
आयो पीडित भूप लषि, अङ्गनाथ चढ़ि फील ।।३७।।

स० –आबत अबुद सो मद गाजत ता इभ कुम्भ नराच लगायो।
देह को भेद धस्यो भुव बान पर्‌यौ गज ज्यौं गिरि वज्र नसायो।।
ता छिन भीम कटचो इक भल्ल सों अंग नरेस को सीस सुहायो।
ताहि परचौ लषि कौरव को दल ह्वै भयभीत चहूँदिसि धायो।।

चौ०—सत्य संध भगदत्त नरेसा, कुंजर चढ़ि रन कियो प्रबेसा।
बानन की बरषा अति करई, संक्रंदन सोभा रन धरइ ।।३९।।
भीभ सेन पर कुंजर पेल्यो, भीम सेन पुनि ता संग षेल्यो।
तुरत भीम रथ चूरन कीनो, भयो पादगति भीम अदीनो ।।४०
अंजलिकाभेदहिं वह जानै, कुंजर तें कछु भीत न मानै।
जंघन बीच जाइ कर तारै, ताहि षिलावत भीम न हारै ।।४१।।

दो०— जैसे चक्र कुलाल को, भ्रमन लग्यो गज नाथ ।
लाघव सों नेरे फिरत, भीम न आवै हाथ ।।४२।।

स०—कैसे कै आगेंहि आइ गयो तब भीम मतंगहु नैं गहिपायो ।
पाइ पलेस गरे कर को धरि जानु तरै भुअ मांहि धसायो ।।
चाहत है गज ताहि हन्यो तब छूटि गयो जब देह भ्रमायो ।
जांघन बीच गयो फुनि धाइकै लोगन को निज छोह दिषायो ।४३

दो०— भीमसेन इह भांत तब, करी करी सों षेल ।
भीम भग्यो पुनि बेग सों, नेक न हारचो फील ।।४४।।

सो०— डरी करीसों सैन, भागी पांडव की तबै ।
धरत नहीं चित चैन, गई भीम ठाढो जहां ।।४५।।

दो०— भीम सैन कुंजर हन्यौ, जानि युधिष्ठिर राइ ।
दौरि गए भगदत्त पर, लै पंचाल सहाइ ।।४६।।

स०—कुञ्जर को करकै रथ बैठ चहूँ दिस बान सबै सरसावै ।
आवत ही तिनके सब साइक अंकुस सों भगदत्त नसावै ।।
पांडव और पंचालनि के बल कुञ्जर पेल कै दूर भगावै ।
देष्यो तबै भगदत्त पराक्रम वृद्ध जबान दसा दरसावै ।।४७।।

दो०— भूप दसारन देस को, चढ़ि बारन हमगीर ।
दौरिगयो भगदत्त पर, बरसत सर रन धीर ।।४८।।
परबत पक्ष समेत जनु, लरत दोउ गजराइ ।
भगदत्त गजहूने तुरत, वै गज दियो गिराइ ।।४९।।
सूरज किरन समान ही, तोमर सात लगाइ ।
तब भूपति भगदत्त हूँ, हन्यो दसारन राइ ।।५०।।
धर्मराज रथ सेन सों बैठचो फुनि गज राइ ।
बन युत परबत अगन लौं, गज गत भूप सुहाइ ।।५१।।

चौ०—मंडल मिलत किये चहुँ ओर, बरसत रथी बान अति घोर।
तबै भूप भगदत गज राई, पैल्यो सातकि रथ पर आई ॥५२॥

स०—लेकर सातकि को रथ बेग उठाइके भूतल मांहि पछारचो।
ता छिन कूद गयो युयुधान तजै रथ लाघव लोग निहारचो ॥
सूत गयो प्लुत सौ भुअ में छिन बाजि उठाइकै यान सवार्यो।
वेगहि सो चढ़ि यान गयो तब सूत जहां युयुधान पधार्यो ॥५३॥
ताहि समै रथ मंडल तें फुनि ता मग पाइ करी निकर्यो है।
डारत सैन धनी भुव में तब पाँडव के दल त्रास भर्यो है।
एक वहै गज राज फिरै रन नागनि कौं सत जानि पर्यो है।
नाग चढै भगदत्त हुँ ने इम काइर पांडव सैन कर्यो है ॥५४॥

सो०— भागत ही तिनको भयो, घोर सोर रन मांहि।
भीमसैन फुनि कोप करि, दौरि गयो रन तांहि ॥५५॥
सनमुष आवत भीम के, तुरग डारि कर वार।
कुंजर दियो भगाइ कै, गए भीम रथ धार ॥५६॥

क०— द्रुपद सुता जू के सुत अरु चेकितान,
फुनि अभिमन्न बेगि धाइ गज राज कौ।
बान बरसाव अति तीषन अनेक भांत,
चाहत है मार्यो वै मतंग सिरताज कौ ॥
अंकुस अंगूठा पाइ लाइ करि पेल्यो नाग,
हाथ को पसारि दौर्यो सूरनि समाज कौ।
काननि उठाइ घोर लोचन दिषाइ हनै,
दाहने और बामे वै मतंग नर बाजि कौ ॥५७॥

स०—भागत घोरनि कुंजर मानुष सोर तबै अति घोर भयो है।
पूरि रह्यौ धरनी तल में धुन आठ दिसानि अकाश गयो है ॥
ता पर नाग हूं सो भगदत्त छिनै उन को बल गाहि लयो है।
जीत भई तुमरी कुरु राइ तबै उन के मन सोक छयो हैं ॥५८॥

सञ्जय उवाच

दो०— जो तुम पूछो मोहि को, कहा अरज्जन कीन।
ता रन को अब कहत हौं, सुनहु भूप परबीन ॥५९॥

सोर सुन्यो अर्जुन तबै, कही कृष्ण सों बात।
यह कुंजर भगदत्त को, करत सैन को घात ॥६०॥

धूर उठी रन देषिये, सुनियत फुनि रन सोर।
बृंहित कर कर मारई, बल गज वहै न और ॥६१॥

जो गज योधन में बड़ो, धरनी तल परसिद्ध।
इन्द्र तुल्य भगदत्त नृप, गजगति कोविद वृद्ध ॥६२॥

द्विरद बहै अति सरस है, सहै सस्त्र गन पात।
षेद न जानै अगन सौं, जरै न ताको गात ॥६३॥

सो अब मारत कुपित ह्वै, सगरी सैन हमार।
मो विन कोऊ और रन, सकै न ताहि निवार ॥६४॥

तातें कृष्ण चलो तहां, जहां हनत बल भूप।
आज वाहि नृप को करौं, सुरपति अतिथि अनूप ॥६५॥

ऐसे अर्जुन बचन तें, कृष्ण चल्यो तिहि ठौर।
जहां द्विरद भगदत्त को, हनत पांडुदल दौर ॥६६॥

चौ०—अर्जुन कृष्ण चलत लषि पाए, संसप्तक गन पीछे धाए।
अर्जुन को रन मांहि बुलावत, अयुत एक सब सूर सुहावत ॥६७
देषि प्राग जोतिष बल मारत, संसप्तक फुनि युद्ध हंकारत।
अर्जुन के मन दुबधा भई, कहा कियै उपजे सुष दई ॥६८॥

कै फिर जुद्ध इनहिं सों कीजै, कै उहि जाइ भूप सुध लीजै।
ऐसे अर्जुन करत बिचार, ताकी गत फुनि परम उदार ॥६९॥

संसप्तक वध भल्यो विचार्यौ, फुनि अर्जुन उनसों रन धार्यौ
संसप्तक रन परम उदार, बरसत अर्जुन को सरधार ॥७०॥

अर्जुन कृष्ण तुरग अरु याना, देषि परै न छए अति बाना।
कृष्ण देव को मूरछ आई, तातें अरजन उठ्यो रिसाई ॥७१॥
ता पर ब्रह्म अस्त्र फुनि छोर्‌यो, बहुबिध संसप्तक गन तोर्‌यो।
कटे हाथ सर धनुष समेत, परे तुरग धुज सारथि षेत ॥७२॥

दो०— पारथ बान हने धने, द्विरद सनै असवार।
टूटि गए कुथ देषिये, ज्यौं भुव परे पहार ॥७३॥

स०— पारथ बान मथे हय यान सने असवार दलान परे हैं।
हाथ लिये हथियार अपारहि, सूरन के भुज बान हरे हैं॥
बाल दिनेस निसाकर कंजन से नर सीस सुकाटि धरे हैं।
कोप किये कपि केत तजै सर पावक सों जू त्रिगर्त हरे हैं ॥७४

दो०— बासव लौं कपिकेत को, करम अमानुष देष।
विस्मित ह्वै कर जोरि हरि, कहै सुबचन विसेष ॥७५॥
पारथ हरि जम धनद से, करि यह कर्म सकै न।
जो कीनो तुमहीं अबै, दुहकर करम सुषै न ॥७६॥
संसप्तक सत औ सहस, अर्जुन एकै बार।
देषे भूमि परत हम, तुव सर छिन्न लिलार ॥७७॥

सञ्जय उवाच

दो०— यों बिध अर्जुन जीति कै, संसप्तक की सैन।
वेग चल्यो भगदत्त पर, कहे कृष्ण सों बैन ॥७७॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
भगदत्तयुद्धं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥

सातवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— कृष्ण देव यह बचन सुनि, वायुवेग किक्यान।
हांक्यो द्रोन अनीक को, बेगि अरज्जन यान ॥१॥

सो०— अर्जुन चलत निहारि, नृपति सुसरमा अनुज जुत।
रन की इच्छा धारि, धायो पीछे विजय के ॥२॥

चौ०—सेत तुरग हरि को फुनि कहै, मोहि बुलावै सुसरमा यहै।
उतहि सैन अति पीडित भई, यातें मो मन दुविधा ठई ॥३।

जो तुम कहो त्रिगर्तन मारौ, कै अपनो दल मरत उवारो।
जिह विध कुसल होइ सोकरिये, कृष्ण विचार भलो चित धरिये।

यों सुनि कृष्ण विजय रथ हांक्यों, चल्यो बेग कबहूं नहिं थाक्यो
बिध्यौ सुसरमा सात सरनि सों, विजय कटे धुज धनुष छुरनसों

दो०— पारथ षट सर लाइकै, तब सुसर्म को भ्रात।
सारथि तुरग समेत ही, मार लियो कटि गात ॥६॥

क०— सकति सुसरमहु तीष तजी पारथ को,
वासुदेव जू को एक तोमर चलायो है।
तोरे तीन तीर हूं सों आवत विजय हूं ने,
सकती तिहुँ बाननि सों तोमर तुरायो है।
फुनि तिहि काल लाइ बानन के जाल षरे,
नृपति सुसर्म हूको मोह उपजायो है।

ऐसी भांत मोहित कै विजय त्रिगर्त हू को,
फुनि द्विजराज की अनीक पर धायो है ।।७।।

छ०—आइ अरज्जन सेन सबनिकौ बान वर्ष सों वेढ़ कर्यो है।
द्विरद गमन भगदत्त नृपति को गरुड पात ज्यौं दौरि पर्यो है ।।
धनुष धनुषवर कर महिं धारत देषि देषि तुव सेन डर्यो है।
तव क्षुभित सैन सब फूट गयो जनु तरी जाहि गिरिराज अर्यो है

स०—त्रास करै न कछू हिय मांहि सिली मुख सों गुरु भार उतारै।
पारथ भार को धारन हार हजार सुवीरन को छिन मारै ।।
ज्यौं सरसी रुह षंड मलै गज साठ समा लगि वैस जो धारै।
त्यौं नृप कोप किये कपि केत चमू तुमरी कहुँ भूतल डारै ।।९।।

दो०— लषि अर्जुन के बान सों, मथित भई तुव सैन।
दौर गयो भगदत्त नृप, गज चढ़ि सोणित नैन ।।१०।।
आयो अरजन यान चढ़ि ताके सनमुष दौर।
ता छिन कुंजर यान को, जुद्ध भयो अति घोर ।।११।।
अर्जुन को भगदत्त नृप, बरसे बान अपार।
फुनि अर्जुन भगदत्त सर, कीने टूक हजार ।।१२।।

चौ०-बान कुपित कपि कैत चलावै, आवत ही भगदत्त नसावै।
अर्जुन कृष्ण देह सरलाए, फुनि छिन दोइ सरनि सों छाए ।।१३।।
पेल्यो दुरद दुहूं वध हेतहि, ताहि देषि जनु परत परेत हिं।
बाम भाग रथ कृष्ण चलायो, या विध सों गजराज भुलायो ।।१४

दो०— अर्जुन हूँ ने फिरत गज, यद्यप लह्यौ सु मार।
तद्यप हन्यो न भूप युत, अपनो धर्म विचार ।।१५।।

सञ्जय उवाच

दो०— जुद्ध जुरे भगदत्त सों, ता छिन हरि हरि पूत।
लषि अंतक मुख में परै, जानत हैं सब भूत ।।१६।।

बान भूप भगदत्त के, छोरे अति हि रिसाइ।
वासुदेव तन भेद कै, धसे धरनि तल जाइ ॥१७॥

तब अरजुन भगदत्त को, छेद्यो तुरत सरास।
लालहि नैन नरेस कर, करत जुद्ध तजि त्रास ॥१८॥

छ०— तरन किरन समतेज तीष तोमर पुनि चोदस।
तजे नृपति भगदत्त प्लवगधुज को अति करकस ॥

ताहि परत कपि केत टूक द्वै द्वै करि डारे।
तोरि तुरत गज बरम ताहि मरमनि सर तारे ॥

तब लसै नागगिरिराज सों मेघ रहित जलधार युत।
फुनि तजी सक्ति नृप कृष्ण को कटी वेगि सुरराइ सुत ॥१९

दो०— केतु छत्र भगदत्त के, काटि दिए गुड़केस।
हसत हसत दस सरनि सों, बेधित कियो नरेस ॥२०॥

तोमर अर्जुन सीस मैं, डारे नृप अति विद्ध।
चलत भयो कछु तिहि लगै, अर्जुन मुकुट प्रसिद्ध ॥२१॥

चौ०-तब अरजुन निज मुकुट बनायो, भूपति कौ इक वचन सुनायो।
नृप अब लोग भलो लषि लीजै, दीह निंद भुव मैं फुनि कीजै ॥२२

सुनि भूपति अर्जुन को बैना, लै धुनु हाथ अरुन करि नैना।
छोरत है तीषन सर धारा; बेध्यो अर्जुन सहित मुरारा ॥२३॥

अर्जन कृष्ण दोऊ रन ढीठ, बैरन लषी न जिन की पीठ।
पाइ पीर भगदत्त सरन तें, मूरछ लहै न उकसैं रन तें ॥२४॥

दो०— अर्जुन फुनि भगदत्त के, तोरे धनुष निषंग।
द्वै सप्तति सर तज नृपति, बेध्यो करि अभिषंग ॥२५॥

स०—पीडित ह्वै भगदत्त तवै कर अंकुस लै हरि मंत्र उचार्‍यो।
कोप किये अति वेगहिं सों कपिकेतन कै उर में वह डार्‍यो ॥

अंकुस देषि अमोघ बड़ो हरि पीछे कै पारथ को वह धार्‍यो।
ह्‌वै सरसी रुह माल पर्‍यो हरिके गरमें सब लोगु निहार्‍यो ॥२६

दो०— देषि कर्म यह कृष्ण को, कहै विमन हरि पूत।
जो तुम कह्यो न मैं लरौं, गहौ तुरग ह्‌वै सूत ॥२७॥

सो क्यों नहिं राष्यो तुम्हें, माधव अपनो बोल।
अजो व्यसन मोकों नहीं, रन मैं लरौं अडोल ॥२८॥

जो लौं हौं रन में लरौं, धनुष बान गहि पानि।
ऐसो करम न कीजिए, तौलों कृष्ण सुजान ॥२९॥

चौ०—कहत कृष्ण सुनिए कपिकेत, तुम नहिं जान्यौ हमरो हेत।
पूरब वृत्त हमसों सुनि लीजै, पाछे दोस मोह को दीजै ॥३०॥

मूरत है जग चार हमारी, जगहित हेत हमै वह धारी।
ता मैं इकु तप करत बिसेषै, पुण्य पाप जग दूसर देषै ॥३१॥

मानुष करम तीसरी करै, चौथी नींद सहस सम धरै।
उठत सहस बरस जब बीतै, भगतन को वर देत सुप्रीतै ॥३२

सो०— ताछिन धरनी जान, मोसों वर मांग्यो यहै।
मार न सकै जहान, मो सुत को सुर असुर गन ॥३३॥

यौं सुन धरनी बात, ता सुत को वर मैं दियो।
निज अस्तर अबदात, फुनि अमोघ ताको दियो ॥३४॥

नरकासुर तिहि पाइ, भयो जगत में दुरधरष।
प्राग्ज्योतिष को राइ, तातें पायो अस्त्र वह ॥३५॥

दो०-- तासों नृप भगदत्त हने, मानुष देव अदेव।
व्यर्थ करचो तेरे लिये, मैं जान्यो उहि भेव ॥३६॥

अस्त्र हीन भगदत्त अब, हनिये सुष सों मीत।
ज्यौं पहले हम हूं असुर, नरक सुरग को नीत ॥३७॥

गोबिंद बचन पियूष को, यों अरजन करि पान।
तुरत भूप भगदत्त को, बरसाए बहु बान ॥३८॥

स०—पारथ मत्त मतंगज कुंभनि बीचहिं एक नराच लगायो।
पन्नग ज्यों बलमीक धसै तिम पुंष सनै तन मांहि समायो ॥

मानै न भूप कह्यो धनहीन तिया जनु माग चलै न चलायो।
थांभित कै निज गात सबै फुनि दंतन सों धरनी तल आयो ३९॥

दो०-- सबद करचो अति पीरतें, जब लाग्यो वह बान।
भूप भूप भगदत्त के, कुंजर तजै परान ॥४०॥

सो०— नैन उधारन काज, जो नृप बांध्यो सीस पट।
विजय सूर सिरताज, छिन्न कियो हरि बचन तें ॥४१॥

स०--दृटि परचो वह चीर जबै तब सैल नरेस भयो दृग हीनो।
ताछिन भिन्न कियो हिय आध निसाकर साइक लाइ नवीनो॥
छूट परे करतें धनु साइक नाक पयान महीपत कीनो।
भूप गिरचो गजतें गिरितें जनु किंशुक व्याल परचो सरछीनो ॥४२

दो०-- इन्द्र मीत भगदत्त को, हनि पारथ करि क्रोध।
जौ चाहत तब जीत कौ, हने और बहु योध ॥४३॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
भगदत्तवधो नाम सप्तमोऽध्यायः।

आठवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०-- वृषक अचल गंधार नृप सुत अर्जुन ढिग आइ ।
ह्वै आगे पीछे दोऊ, लरत बान बरसाइ ।।१।।

सौबल वृषक तुरंग धनु, छत्र सूत रथ केत ।
कीने तीषन सरनि सों, षंड षंड कपि केत ।।२।।

कीने अरजुन सरनि सों ब्याकुल सकल गंधार ।
मार लिये छिन पांच शत, फुनि तिन के सरदार ।।३।।

मृतक तुरग रथ छांडिकै, चढयो सहोदर यान ।
वृषक सुबल सुत करनि गहि, और धनुष बलवान ।।४।।

चौ०-वृषक अचल फुनि दोनों भाई, चढे एक रथ करत लराई ।
भूपति हारे है वह स्याल, बरसे अर्जुन को सरजाल ।।५।।

दो०-- मिलत अंग इक रथ चढ़ै, सोदर द्वै कपि केत ।
साइक एक लगाइ कै, डारे रथ ते षेत ।।६।।

लषि मातुल मृत भुव परै, आंसु तजै तव पूत ।
ताहि देषि माया रची, सकुनि सुबल के पूत ।।७।।

अर्जुन ऊपर परत हैं, दस दिस तें हथियार ।
महिष ऊंट षर सिंह मृग, व्याघ्र रिच्छ भयकार ।।८।।

गीत सर्प कपि छुधित अति, रागस गन बहु भांत ।
दौरि अर्जन को परै, विविध विहंग बरात ।।९।।

चौ०—दिव्य अस्त्र के जानन हार, अर्जुन माया घोर निहार।
बान जाल छोरत अनियारे, मारि तोरि सब भूतल डारे ॥१०॥

दो०— प्रगट भयो फुनि घन तिमर, अर्जुन रथ चहुँ ओर।
अर्जुन को तर्जन करै, ताते वाच सुधोर ॥११॥

अर्जुन जोतिष अस्त्र सों, दूर कर्यो अंधकार।
प्रगट भये जल पुंज फुनि, भयदायक जलधार ॥१२॥

अदित अस्त्र शोषित कियो, अर्जुन सलिल अपार।
या विध सो अर्जुन हरि, माया बहुत प्रकार ॥१३॥

करी अकारथ पार्थ ही, लषि माया करि त्रास।
भग्यो जवन तुरंग सों, तजि सकुनी जय आस ॥१४॥

अस्त्रनि फुनि अर्जुन हनी, तुव धुजनी अकुलाइ।
शरन परी कछु द्रौन कों, कछु तव सुत को जाइ ॥१५॥

अर्जुन देषि परै नहीं, धूर उठी चहुँ और।
ता छिन गांडिव घोषतें, सुनियत सोर न और ॥१६॥

क०— पारथ को साइक अकारथ न होत कोऊ,
दूसरो न छोरे सर सूरन के गन में।
देषियत घोरे तीष बाननि सों तोरे नाग,
भागे मुह मोरे सुणि मानत न रन में॥
बापुन कौ छोरे पूत बापु पुनि पूतन कौ,
मीतन कौ मीत प्रीत राषै आप तन मैं।
छोरि छोरि वाहन को दौरत दरेर दै दै,
एक डिग परैं तामैं ताउरी डगन मैं ॥१७॥

धृतराष्ट्र उवाच

दो०-- सूर भगन अर्जुन किये, तुरत भगे जब सूत।
कैसे मन सब के भये, कहा कियो मम पूत ॥१८॥

सञ्जय उवाच

स०--तद्यप वीर सुजोधन को हित चाहत द्रौनहु के ढिग आए।
राष्यो चहै रन मैं अपनो जस हाथन सों हथयार उठाए॥
द्रौन हनौ अरु राषहु द्रौन को यों दुहुँ सैननि बैन सुनाए।
घोर अपूरब जुद्ध करै कुरु पांडव आपस मांहि रिसाए॥१९॥

तीषन बाननि सों फुनि द्रोन अजात सरीक अनीक भगाई।
देषि तबै धुजनी पति आपही दौरि गयो द्विजको दुषदाई॥
जुद्ध अभूत भयो तिन को उपमा कछु भूप कही नहिं जाई।
ता छिन बीरन के भर सों अतिकंपत ह्वै धरती अकुलाई॥२०॥

दो०--- नील नाम नृप अनल पुनि, शर चिनगी धनु ज्वार।
दगध करत कुरु सेन तृन, रन भुव विपन मँझार॥२१॥

तालषि दहत अनीकनी, द्रोन पुत्र बल मात।
हसत चहत रन ताहि सों, कही तबै यह बात॥२२॥

सुनहु नील इनसों लरै, सरे न तुमरो काज।
करहु जुद्ध अति क्रुद्ध ह्वै, एक मोहुँ सो आज॥२३॥

स०-यौं सुन कै नृप नीलहु ने सर तीषन सों द्विज नंदन छायो।
तीनहिं भालन सौं धनु केतु कट्यौ छत नील को द्रोन रिसायो॥
ताछिन यान तें नोल उठ्यो गहि पान कृपान सुचाम सुहायो।
चाहत सीस लियो द्विज पूत को श्येन ज्यों तीतर ऊपर धायो॥२४
आयो जबै तरवार उठाइ तबै द्विज एक ही भल्ल लगायो।
कुंडल साथ महीपत नील को सीस पर्‌यो भुव मांहि सुहायो॥
भूमि पर्‌यो लषि नील तबै बल पांडव को अति ही अकुलायो।
सैन को घात न देषि सकै करि कै तब क्रुद्ध वृकोदर आयो॥२५॥

दो०--- साठ बान गुरु देव को, दश रवि सुत को लाइ।
भीम सेन कीनों तबै, हरि रव अति दुष दाइ॥२६॥

सो०-- ताको फुनि रिसपाइ, जीवन हर तीषन घने।
बान मर्म दुष दाइ, द्रो लगाए कोप कै ॥२७॥

दो०-- द्रोन करन अरु द्रोन सुत, दुरजोधन कुरु राइ।
षट विंशति द्वादश सप्त, षट शर दिये गडाइ ॥२८॥

चौ०-भीमसेन फुनि द्रोन करन को, दुरयोधन अरु द्रोन-सुतन को।
पंचाशत दश द्वादश आठै, लाए बान सबद करि हाठै ॥२९॥

दो०-- देष युधिष्ठिर भीम को, रन में तजत परान।
योधन को आज्ञाकरी, राषहु भीम सुजान ॥३०॥

सासन पाइ नरेस की, पहुँचे भीम समीप।
योधे सातकि आद वै, माद्रो सुत कुल दीप ॥३१॥

द्रौन अनीक हनी चहै, जुरि आए सब वीर।
आवत तिन सो लरत है, द्रोन अचारज धीर ॥३२॥

चौ०-निरमरजाद घोर रन भयो, शस्त्र पात रनमंडल छयो।
खड्ग जुद्ध राच्यौ नरवीर, देषि भये कायर तन सीर ॥३३॥

क०-- कुन्जर तुरंगन ते परत अनेक बीर,
तीर सितलागे नेक मांगत न नीर हैं।
रथ तें रथिनहुँ के परत समूह तै से,
पाइक हजार गिरे ताकी रन भीर हैं ॥
मीत की न मीतन कौ भ्रात की न भ्रातन कौ,
बाप की न पूतन कौ न बाप पूत पीर हैं।
आपने पराए तीष बाननि सौं छाये रन,
उठे धूर पूर तातें लोचन अधीर है ॥३४॥

हाथी वै प्रमाथी एक लैके नरमुण्ड हाथ,
कुंडल समेत थान तोरे ताहि छोरि कै।
षडग समेत बाहु हाथ और कुन्जर लै,
घोरन को तोरि नर मारत मरोर के ॥

सोनित प्रवाह चल्यो धूर भई दूर तात,
कातर परे हैं मूरछा सों धनु छोरिकै ।
ताही समै सैनापति पांडव सों कहे बात,
द्रोन जीत लीजै इह काल रन दौरिकै ॥३५॥

दो०— सैनापत की सासना, ताछिन पांडव पाइ
द्रोन यान ऊपर परे, ताकी सैन नसाइ ॥३६॥
पुत्र सहित फुनि द्रोनकृप, करन जयद्रथ राइ ।
सल्य बिंद अनुबिंद अरु, तासों लरत रिसाइ ॥३७॥
द्रोन कोप करि कै तबै, छोरत बान बरात ।
पांडव चेदि पंचाल को, कदन कियो बहु भांत ॥३८॥
ज्यातल घोष दरो न कौ, सुन्यो तबै चहुँ ओर ।
जीत त्रिगर्तनि ता समै, आयो अर्जुन दौर ॥३९॥

सो०— संसप्तक गन मारि, आवत देषि पर्यो तबै ।
रुधिर समुद अपार, तरत अरज्जन वेग सों ॥४०॥

सो०— संसप्तक दधि सोख कै, अर्जुन प्रबल दिनेस ।
सरकरि तजि फुनि कुरुन कौ, लाग्यो करन असेस ॥४१॥

स०—कुन्जर यान तुरंगनिकै असवार अरज्जन बाननि छाए ।
छोरि परान परे धरनीतल केस खुले रज सों लपटाए ॥
योध धरम्म को जानि अरज्जन भागत को नहिं बान लगाए ।
हाहा करन करन्न पुकारत एक तबै रन छोरि पलाए ॥४२॥
सोर बड़ो सुनिकै तिन को भय छांड़हु यों तब ही कहि दीनो ।
कोप किये कपि केतन ऊपर बेग गयो रवि सूनु अदीनो ॥
पावक बान तज्यो अति दारुन पारथ वै सरसों सम कीनो ।
पारथ के सर काटि कै साइक छोरत नाद करे भय हीनो ॥४३

दो०— धृष्टप्युमन युयुधान फुनि, भीम सेन रन धीर ।
वेग लगावै करन को, तीन तीन सित तीर ॥४४॥

अस्त्र अरज्जुन को हरचो, करन बान बहु छोरि।
तीन सरन सों तीन के, दिये धनुष पुनि तोरि ॥४५॥

छिन्न धनुष फुनि तीन वह, निरविष भुजग समान।
तीन हिं सकति करन्न को, छोरो करि हरि ध्यान ॥४६॥

तीन तीन शर तति कटी, तीनों सकति सुघोर।
करन बान बरषा करी, गाजत अर्जुन ओर ॥४७॥

फनि कपि केतन करन को, साइक सात लगाइ।
तीन अनुज फुनि करन को, लीने बाननि छाइ ॥४८॥

हठ करि मारचो शत्रु जय, हरचो विपाटि शरीर।
अनुज और इक करन कौ, मारचो अर्जुन धीर ॥४६॥

उठचो भीम षगराज लौं, रथ तें गहि करवाल।
पक्ष पांच दस करन के, ता सों किये बिहाल ॥५०॥

फुनि अपने रथ आइकै, लियो चाप दृढ और।
दस सर तज बेध्यौ करन, पांचहि सारथि घोर ॥५१॥

धृष्ट द्युमन असिचर्म लै, मार लियो निषधेस।
फुनि अपने रथ जाइ कै, लीनो धनुष सुबेस ॥५२॥

सिंहनाद करि करन कौ, तिन सत लाये बान।
करन बिध्यौ सर चौसठहि, फुनि लै धनु युयुधान ॥५३॥

काट लियो धनु करन कौ, छोरि भल्ल सर दोइ।
बेधे फुनि तिन सरन सों, करन वक्ष भुज दोइ ॥५४॥

स०--द्रोन सयोधन सिंधु नरेस तबै तुअ चौविध सैन सिधारचो।
सातकि भीम पंचाल समुद्र में बूड़त पूत को सूत उबारचो॥
त्यौं फुनि पांडव के सरदारहि आइ तवै रन सात्यकि पारचो।
ऐसे भयो नृप युद्ध भयंकर जैसे कहूँ न सुन्यो न निहारचो ॥५५

गज सों गज बाजि सों बाजि रथी रथि सों नर सों नर युद्ध करै
क्रम युद्ध भयो इह भांत तबै पुन छांडि सबै मरजाद लरै।

लषि शोणित मास अपार निसाचर गीध पिसाच हुलास धरै।
बन फूले पलासन के जनुता छिन भूपति द्वै दल देषि परै ॥५६॥

दो०— सूरज अस्त भयो तबै, ताहि करत संग्राम।
द्वै दल निज निज सिबर मैं, जाइ कियो बिसराम ॥५७॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते कौरवपराजये
भाषायां द्वितीयदिवसो नाम अष्टमोऽध्यायः ॥

नवां अध्याय

सञ्जय उवाच

स०—पाइ पराजय पारथ सों तब पूत हिये अवहार हि भायो।
लोक हँसै सब कौरव हूँ को बड़ो जस पांडव को जय छायो॥
सोच करै अति दीन ह्वै कौरव लागत नेकु कछू न सुहायो।
मोघ भयो द्विजराज मनोरथ पांडव भूपति हाथ न आयो॥१॥
बीति निसा परभात भयो तब द्रौन को कौरव भूपकह्यो है।
चाहत हो हमरे वध को तुम जो ढिग तें नृप नाहि गह्यो है॥
कौन छुटै तुमरे दृग पंथ पर्‍यो जो तुम्है गहिबे को चह्यो है।
दै वरदान कियो फुनि झूठ हमै द्विजराज न जात सह्यो है॥२॥

दो०— आसा भंग न कीजिए निज जन की द्विजराइ।
ऐसे नृप के बचन सुनि, बोल्यो द्विज इम भाइ॥३॥
तेरो हित नित करत हौं, यौं मत कहो नरेस।
अर्जुन रक्षित नृपति कौ, गहि न सकै अमरेस॥४॥
करता हरता जगत कौ, जहां कृष्ण दल नाथ।
तहां कौन को बल चले, भूप बिना पशुनाथ॥५॥
सुनहु भूप सांची कहौं, क्यौं हू झूठ न होइ।
आज एक इन को बड़ो, हनौं महारथि कोई॥६॥
भूप बनावत हौं बड़ो, चक्रब्यूह दुर भेद।
जा को भेदत असुर सुर, पावत है बहुखेद॥७॥

कीजे कौनहु जोग सों, रन तें अरजुन दूर।
जानत है सब भेद यह, रन साधन भरपूर ।।८।।

चौ०—द्रोन जबै यह बचन उचारचो, तब त्रिगर्त अर्जुन हंकारचो।
पाछे दछ दिस अरजुन गयो, तासो घोर समर पुनि भयो ।।९।।

सो०— ब्यूह रच्यो द्विजराइ, भूप दिवाकर ज्यौं लसै।
नृप की सासन पाइ, अरजुन सुत भेदित कियो ।।१०।।

क०-- जीत कै अमीत ब्यूह भीतर सिधारचो नेक,
कहूं न निवारचो धारे सोभा सतमन्न की।
कौटि तोरि डारे सिर सूर सिर मौरन के,
हाथ लघुताई ज्यौं दिखाई अरजुन की।।
हारे हैं महारथ कै सारथ कुमार हू तें,
परी जब धार अति तीछन सरन की।
कही हूं न जाइ निकाइ तीन लोक हू मैं,
कहां लौं वषानौ मै ढिठाई अभिमन्न की ।।११।।

दो० - कीनो दुषकर करम जिन, मारे बीर हजार।
दुःसासन सुत बस परचो, षट् योधन सों हार ।।१२।।
परम हर्ष हम को बढचो, उन को सोक अपार।
हन्यो जबै अभिमन्न तब, कीनो पुनि अवहार ।।१३।।

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— संजय कहु कैसे भयो, अर्जुन सुत सो षेत।
सुन हनिवो अभिमन्न को, फूटत है मम चेत ।।१४।।
क्यौं धर्मज्ञ हूं ने करचो, छत्र धर्म यह क्रूर।
बालक मारचो है जहां, राज लोभ तै सूर ।।१५।।
क्यों करि कै षट सूर मिलि, ताकौ कियो प्रहार।
क्यों न मन हि करुना भई, कहु संजय निरधार ।।१६।।

सञ्जय उवाच

चौ०—कहौं भूप सुनिये चित लाइ, ज्यों अर्जुन सुत करी लराई।
चक्र व्यूह जैसे उन भेद्यो, कौरव सेन चतुर्विध छेद्यो ॥१७॥

कृष्ण समान और नर कोई, पीछै भयो न आगे होई।
पांडव पांच सकल गुन पूरे, सत्यसंध रन मैं अति सूरे ॥१८॥

दो०— जेते गुन तिन सबनि मैं, भूप बषानै लोक।
तेते गुन अभिमन्न महि, सब गुन धारन जोग ॥१९॥

चौ०—चक्र व्यूह द्विजराज बनायो, हरिसम भूपत पुंज सुहायो।
सूरबीर चहुँ ओर बिराजैं, आयुध भूषन बसननि साजैं ॥२०॥

दो०— राजकुमार हजार दस, रन मैं परम उदार।
ठाढे ह्वै लषमन सहित, सोहत व्यूह मंझार ॥२१॥

अरुन बसन भूषन धुजा, धारे हेम की माल।
दौरत भरे सुगंध सों, युद्ध हेत तत्काल ॥२२॥

दुष सुष साहस बुद्धिबल, एक सबनिको देष।
चाहत है हित परसपर, सब रन लरत बिसेष ॥२३॥

दुर्योधन बल मध्य मैं, ठाढ़ो सुभग सुबेस।
दुःसासन कृप करन जुत, सोहत ज्यो अमरेस ॥२४॥

रथ में धरयो बनाइ कै, स्वेत छत्र छवि देत।
भूप दिवाकर ज्यौं लसै, चामर व्यजन समेत ॥२५॥

सोहत कंचन शैल ज्यों, चक्र व्यूह के द्वार।
षरो जयद्रथ सिंधुपति, रन कोविद गुन भार ॥२६॥

भूरिश्रवा सकुनी कितव, द्रोन पुत्र बलवान।
त्रिसति तव सुत त्रिदस सम, सल्य महारथ आन ॥२७॥

एते सब ठाढे भये, सिंधुराज के पास।
सोहत है अत हीं तबै, रन मैं धरत हुलास ॥२८॥

युद्ध करन लागे तबहिं, द्वैदल भरे हुलास।
सूर वीर रन में लरैं, तजि जीवन की आस ॥२९॥

सञ्जय उवाच

दो०— भूप वृकोदर आदि वै, सिगरे पांडव योध।
चाहत रन द्विजराज सो, दौर दौर करि क्रोध ॥३०॥

ढिग आवत लषि ताहि को, सावधान द्विजराइ।
तीषन सर बरषा करी, दारन कोप दिषाइ ॥३१॥

जैसे दुरभिद शैल को, अटके जल समुदाइ।
पांडव द्विज सर विद्ध त्यों, सके न ताहि चलाइ ॥३२॥

लषि आवत अति कुपित द्विज, रन में धरम नरेस।
सकै न ताहि निवार कै, मन मैं धरत कलेस ॥३३॥

देष्यौ भूप विचार कै, सरै न और उपाइ।
एक सुभद्रा पूत सों, द्विजवर जीत्यो जाइ ॥३४॥

अर्जुन कृष्ण समान बल, मारत बैरि बरात।
यों बिचार अभिमन्न को, भूप कही यह बात ॥३५॥

सो०— जैसे अरजुन आइ, हम को नहिं निंदित करै।
तैसे करहु उपाइ, चक्रव्यूह के भेद मैं ॥३६॥

दो०— क्यौं हू हम जानत नहीं, चक्रव्यूह को भेद।
पुत्र ताहि तुम भेद कै, हरु हु हमारो षेद ॥३७॥

तुम अरु अरजुन कृष्ण पुनि, परदूमन इहचार।
तीन लोक परसिद्ध यह, व्यूहहिं भेदन हार ॥३८॥

तो पैं मांगत हौं अवै, पुत्र यहै वरदान।
सब हूं को हित जानि कै, करहु द्रोन बलहान ॥३९॥

अभिमन्यु उवाच

दो० – मैंहि हनौं छिन द्रोनबल, चाहत तुमरो जीत।
तात पिता की सासना, क्यों करिये विपरीत ॥४०॥

पिता हमारे मोहु कों, कीने यहै संदेश।
रच्छा करिये भूप की, छिन मत तजो नरेस ।।४१।।

युधिष्ठिर उवाच

दो०— द्वार करो इक पुत्र तुम, द्रोन अनीक बिदार।
तब पाछे यह सब चलै, रच्छा करन तिहार ।।४२।।

जा मग सों तुम जाहु गे, हम सब जावैं ताहि।
अरजुन सम तुम कों गनौं, और वीर को नांहि ।।४३।।

भीम कहै अभमन्न तुम, भेद करो इक ठौर।
फुनि हम हनि हहिं दलन कौ, दर करि हैं बहु ठौर ।।४४।।

अभिमन्यु उवाच

दो०— दुरधर द्रोन अनीक मैं, तुमरी सासन पाइ।
करौं प्रबेस पतंग लौ, ज्वलन अगन में जाइ ।।४५।।

स०—आज दुहूं कुल को हित काज करौं सब को निज जोर दिषाबौं।
बालक एक लरौं रन मैं बहु सूरन को करि धूर उडावौं ।।
जायो नहीं वसुदेव सुता अब जीवत जो रन तैं भगि आवौं।
जो न करों सब कौरव काइर तौ न अरज्जन पूत कहावौं ।।४६

युधिष्ठिर उवाच

दो०— बाढ़ो बल तुम को तनय, ऐसो कहत अदोन।
घोर द्रोन दल दलन कों, याते उद्यम कीन ।।४७।।

सञ्जय उवाच

दो०— यों भूपति को वचन सुन, कहे अरज्जन पूत।
पेलहु द्रोन अनीक पर, तुरग हमारे सूत ।।४८।।

कहे सूत फुनि ताहि को, सुनिये राज कुमार।
पांडव हूं ने अति बड़ो, डारचो तुम सिर भार ।।४९।।

तूँ वालक सुष सों बढ्यो, कबहुँ न कीनो षेद ।
द्रोन धनुष धारी वडो, जानत सब रन भेद ॥५०॥

तातें सुमन बिचारि कै, जुद्ध जुरो युवराइ ।
यों सुन पारथ पूत हसि, कह्यो बचन सुषदाइ ॥५१॥

छप्पै—विप्र कौन यह द्रौन सकल यह भूपति मंडल ।
समर अमरगन साथ मोहुतें भगै अषंडल ॥
लरौं रुद्र के साथ हाथ जिन गह्यो सूल वर ।
लरत कृष्ण नर साथ मोहि आवत न नेकु डर ॥
सुनि के सुमित्र मेरो वचन झूठो करि मत मानिये ।
द्विजराज सेन ऊपर अबै तुरग चपल गत ठानिये ॥५२॥

स०—यों सुनि सारथि सोचत हीं तब हांकि तुरंगन बेग चलाए ।
पांडव पाछे चले अभिमन्न के हाथ लिये हथियार सुहाए ॥
वेग सों आवत देषि सबै कुरुवीर तवै तिह ऊपर धाए ।
पारथ पूत मृगाधिप ज्यौं बहु बारन आवत ही अटकाए ॥५३॥

दो०— कर्णकार सम उच्चधुज, कंचन कवच सुहाइ ।
अरजुन सम अभिमन्न तब, लरयो कुरुन सों जाइ ॥५४॥

तब प्रहार अभिमन्न को, लगे करन कुरु योध ।
सागर में जनु गंग को, भयो मुहूरत रोध ॥५५॥

फुनि दारुन रन होत ही, पारथ सुत कुरु राइ ।
भेद व्यूह भीतर गयो, देषत ही द्विज राइ ॥५६॥

स०—भूप सुनौ अभिमन्न जबै छिन व्यूह को भेदि कै भीतर आयो ।
सोर करै सब कौरव दौरि चहूं दिस वेधि किये सर छायो ॥
ताहि कौ लाघव सों सर लाइकै मारत है अभिमन्न रिसायो ।
आयुध हाथ सुभूषन साथ परेत परेत महीतल छायो ॥५७॥

दो०— सूरन के भुज देषिए, परे धरन मैं टूट ।
भूषन पाग समेत ही, देषि परै सिर कूट ॥५८॥

सो०— मैं देष्यौ चहुँ ओर, भूप हनत चतुरंग बल।
बानर केत किसोर, दौरत अति लाघव भरचो ॥५९॥

परे यान गज बाजि, साज सहित भूतल घने।
देषत हीं द्विज राज, मारे अभिमन बान के ॥६०॥

दो०— तात भ्रात सुत सषन को, नेह तजे सब वीर।
चपल चलत गज तुरग को, चाहत तजि चित धीर ॥६१॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्त विरचिते भाषायां
अभिमन्यु वधे नवमोऽध्यायः ॥

दसवाँ अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— भागत लषि निज सेन को, कुपित सुजोधन राइ।
अर्जुन सुत ऊपर तबै, दौरि पहुँच्यो जाइ ॥१॥

कह्यो द्रौन फुनि सबन को, राषहु नृप को जाइ।
सूर सकल निरभीत ह्वै, ज्यों नृप हन्यो न जाइ ॥२॥

तब सब सूर सुहृद बड़े, भूपति राषन हार।
राषत है कुरुराज को, तजि तजि बान हजार ॥३॥

द्रोन द्रोनसुत करन कृप, मद्रराज वृषसेन।
सकुनि बृहद्‌बल भूरिश्रव, पौरव अरिदुष दैन ॥४॥

इन सब ही सित सरनिसों, अभिमन लीनो छाइ।
मोहित कै पुनि ताहिको, लीनो भूप छिनाइ ॥५॥

हरयो ग्रास जनु वदन तें, सह्यौ न अर्जुन पूत ः
बिमुष किये सर बरष सों, सब ही हनि हरि सूत ॥६॥

सो०-- कियो पंचमुषनाद, ताको सुनि फुनि सूर सब।
द्रौन अचारज आद, आये फिर अति कोप कै ॥७॥

स०— कोट किये रथ को चहुँ ओर अरज्जुन के सुत को सर छोरे।
लाघव सों फुनि पांडव पूत अकासहि मैं तिन के सर तोरे॥
एक लरै सबहुनि के साथ को ऐसो नहीं फुनि ताहि को होरे।
दारुन युद्ध भयो कुरुभूप तबै किन हुँ मुंह नेकु न मोरे ॥८॥

दो०— दु:सासन द्वादस तजै, द्रोन सप्तदस बान।
दु:सह नव अभिमन्न को, छोरे सरप समान ॥९॥

सप्तति बिशिष विविंशती, गौतम छोरे तीन।
सात सात कृतवर्म अरु, द्रोनतनूज अदीन ॥१०॥

तजे सुजोधन भूरिश्रव, तीन तीन सर घोर।
आठ बृहद्बल शल्य षट, तजै सकुन द्वै दौर ॥११॥

कटे बान उन सबनिके, अभिमन्नहु ने आइ।
तीन तीन तिन को तुरत, लाए तीर रिसाइ ॥१२॥

तिष्ठ तिष्ठ कहि कै परचौ, अश्मक सुत पर जाइ।
अर्जुन सत अति बेग सों, तीषन दस सर लाइ ॥१३॥

डार दियो दश सरनि सों, ताको भूतल मांहि।
हसि अभिमन धुज सूत धनु, तुरग सीस भुज आहि ॥१४॥

पठ्यो जबै अभिमन्न हू, अश्मक नृप सुर भौन।
सेन भगी भयभीत ह्वै, देषत ही तब द्रौन ॥१५॥

करनादिक रनवीर फुनि, धर धीरज बलवान।
बानवर्ष अभिमन्न को, करत भरे अभिमान ॥१६॥

अभिमन ताके सर हन्यो, धर धीरज अभिमान।
तजे तीष इक करन को, परतन मर्दन बान ॥१७॥

कवच सहित तन कर्न को. भेद्यो तिन सर आइ।
पुनि पन्नग बलमीक ज्यौं, धस्यो धरन मैं जाइ ॥१८॥

सूत तनय ताके लगै, व्याकुल भयो नरेस।
चल्यो धरनितल कंपतैं, ज्यौं चलहै अचलेस ॥१९॥

दीरघ नैन सुषेन पुनि, कुंडभेद यह तीन।
अभिमन षर शर लाइके, कीने प्रान विहीन ॥२०॥

स०--देषि परै अभिमन्न तबै करपास लिये जनु अन्तक आयो।
सल्य समीपहुँ तो फुनि ताहि के ऊपर बाननि को झर लायो ॥

केहर लौ कर नाद तबै हरि चैन सबै तब सेन डरायो।
सल्य सल्यो सरतीषन यानहिमैं तब मूरछ कै बस आयो ॥२१॥

दो०— भग्यो सेन लषि सल्य को, अभिमन ते डर पाइ।
ज्यों कुरंग मृगराज तें, देषत ही द्विजराइ ॥२२।

स०--सुर चारन सिद्धसमूह सराहत देषत हैंजु आकास षरे।
अति दारुन जुद्ध अभूत भयो जब एकहिं सों बहुवीर लरे॥
दृढधीरज तें कछु पीर न जानत ताहि को यों लषि सूर डरे।
अति सोहत है घृत सिंचत पावक ज्यों अभिमन्न सुडीठ परे ॥२३

सञ्जय उवाच

दो०— देषि शल्य मूर्छित परचो, ताको अनुज रिसाइ।
धायो अर्जुन पूत पर, बान जाल बरषाइ ॥२४॥
तुरग सूतजुत विजय सुत, बिध्यो बान दस लाइ।
तिष्ठ तिष्ठ मुष सों कहै, केहर नाद सुनाइ ॥२५॥
कटे तुरग सित सरनि सों, ताके अर्जुन पूत।
सीस पानि पग धनुष हरि, यान छत्र ध्वज सूत ॥२६॥

सो०— पर्‌यो धरनि तल आइ, शल्य अनुज तब शैल ज्यों।
अभिमन सों डर पाइ, भगे अनुग ताके सबै ॥२७॥

दो०— शल्य भ्रात को घात लषि, ताके सेन संघात।
दौरे कुल अभिमान सों, बरसत बान बरात ॥२८॥
तिष्ठ तिष्ठ अभिमन्न कों, कहत करत अतिसोर।
कहै जियत छूटै नहीं, हम सों आज किसोर ॥२९॥

सो०— हस्यो सुभद्रा बाल, यों कहि आवत ताहि लष।
कीने सबै बिहाल, जो जो रन तासों लरे ॥३०॥
मैं देष्यो चहुँ ओर, धनुमँडल अभिमन्न को।
छोरत बान करोर, लष्यो न जोरत धनुष सों ॥३१॥

प्रथम लरयो मृदु होइ, पाछे अति दारुन भयो।
देषि सके नहि कोइ, ताहि सूर जनु सरद मैं ॥३२॥

दो०— छोरत सूरज किरन ज्यों, हेम पुंख खर बान।
पारथ पूत हनी अनी, देषत विप्र प्रधान ॥३३॥

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— मो मन में दोनों बढें, सूत लाज अरु तोष।
याते बल हमरो हनै, बालक एक सरोष ॥३४॥
तातें विस्तर सों कहो, संजय रन व्यवहार।
क्यों बहुवीरन सों लरयो, सो पुनि एक कुमार ॥३५॥

सञ्जय उवाच

दो०— सुन भूपति सब कहत हौं, ज्यौं रन भयो सुघोर।
बहुवीरन सों एक को, कर कर केहर सोर ॥३६॥
बरसत सर दुरधरष अति, अभिमन भरयो उछाह।
रन मैं सब पीडित करै, द्रौन आद नर नाह ॥३७॥
दस दिस मारत फिरत रन, छोरि छोरि सर पैन।
तेज भरे अभिमन्न को, लषि कांप्यो कुरुसेन ॥३८॥
ता छिन कृप सों कहत है, हरषित ह्वै द्विजराइ।
किधौं सुयोधन मर्म को, छेद करत दुषदाइ ॥३९॥
पांडव सेन प्रसिद्ध यह, आवत है कृप देष।
अभिमन पांडव योध को, हरषित करत विसेष ॥४०॥

सो०— याके सम कोउ और, मैं न गनौं तिहु लोक मैं।
सूरवोर सिर मौर, कृप निहचै कर जानिये ॥४१॥
हनै सकल कुरु सैन, जो चाहै छिन एक मैं।
किह कारन उपजै न, ऐसी मत याके हिये ॥४२॥

दो०— प्रीत सहित बचन द्रोन के, सुन दुरजोधनराइ।
करत क्रोध अभिमन्न पर, द्रौन देषि मुसकाइ ॥४३॥

कहन लग्यो फुनि करन सों, सुनत षरे सब वीर।
करन द्रोन यह सबन कों, आचारज रनधीर ॥४४॥

मूढ़ विप्र चाहत नहीं, अर्जुन सुत की मीच।
यासों रन में जम भगै, कौन और नर नीच ॥४५॥

शिष्यभाव तें राषई, द्रोन विजय सुत जान।
शिष्य शिष्य सुत होत है, प्यारे पुत्र समान ॥४६॥

बडो कहावत आपु को, अभिमन राष्यो द्रोन।
करन पठायो ताहि को, तुम सब मिलि सुरभौन ॥४७॥

सो०— दुरजोधन को बात, दुःसासन सुनि यों कह्यो।
भूप सुभद्रा जात, ग्रस्यौ जान जनु राहु रवि ॥४८॥

पांडव अरु पांचाल, देषत ही या को हनौ।
सांच कहौं भूपाल, नेक झूठ मत जानिए ॥४९॥

दो०-- हन्यौ हमैं अभिमन्न सुनि, अर्जुन कृष्ण सुजान।
निहचै करि करहै अबै, जम के नगर पयान ॥५०॥

सुनि फुनि मृतक दुहून को, पांडव सुहृद समेत।
काइर ह्वै छिन मैं सबै, भागहिंगे तज षेत ॥५१॥

तातें याही के हनै, हनै सबै अरि जात।
आसिष दीजै मोह को, हनै सुभद्रा जात ॥५२॥

यों कहि केहर नाद करि, कोप बढावत चेत।
दौरि गयो अभिमन्न को, दुःसासन रन हेत ॥५३॥

दारुन युद्ध दुहून को, भयो तबै कुरु राइ।
रथ मंडल कर कर लरै, दच्छन बाम बनाइ ॥५४॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि कविदत्तविरचिते भाषायां
अभिमन्युवधे दशमोऽध्यायः ॥

ग्यारहवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— कहै दुःसासन को तबै, पारथ सुत मुसकाइ।
भली भई तुम सों ठयो, मोको रन सुषदाइ ॥१॥

चौ०–जो तुम निठुर सभामहिं कह्यो, भूप जुधिष्ठर को तन बह्यो।
क्रूर बचन सों भीम सतायो, लोभ कियो धन हर्यो परायो ॥२
द्रौपदि पकर सभा में आनी, होनहार निज मीच न जानी।
सो तुम आजु सकल फल पैहौ, मोसों लर सुरपति पुर जैहौ ॥३
सब तें आज अरिन मैं ह्वै हौं, अपने पितरन को सुष दैहौं।
जीवत छुटै न मोपै आजु, जो न जाहिगे रनतें भाजु ॥४॥
यों कहि कपि धुजपूत रिसायो, तब सुत को इक बान चलायो।
उर को भेदि बान दुषदाइ, धस्यो धरन पन्नग की न्याई ॥५॥
षैंच कान लौं अगन समाना, छोरे पंच बीस पुनि बाना।
दुःसासन को मूरछ आई, ताके लगे पर्यो अकुलाई ॥६॥
लै रथ सूत जुद्ध तें भाज्यो, अर्जुन पूत सिंह जनु गाज्यो।
ताहि देषि पांडव सब हरषे, बान धार सावन जनु बरषे ॥७॥
पांडव योध सकल पुनि दौरै, द्रौन सैन ऊपर सर छोरै।
युद्ध परस्पर लग्यो सुदारुन, जीत हार तब भई सधारन ॥८॥

दो०— तब दुरजोधन करन को, भूप कही यह बात।
देषि करन अभिमन्न तें, भग्यो दुःसासन जात ॥९॥

केहर ज्यों मदमत्त ह्वै, आवत पांडव दौर।
राषत है अभिमन्न कों, हठ सों करि हरि सोर ॥१०॥

छप्पै— किये कोप तब करन बान तीषन बरसावै।
पारथ सुत पर दौर कुरुन को हर्ष बढावै॥
साइक सप्तति तीन करन को अभिमन लाए।
परम अस्त्र सों करन विजय सुत गात पिराए॥
करन बान पीडत भयो, अभिमन लहै न षेद मन।
पुनि काटि धनुष बहु कुरुन के कियो विद्ध तजि सरकरन ॥११

स०—बान भुजंग समान तबै करि कोप कपिध्वज को सुत छोरै।
सारथि छत्र तुरंग धुजा रविनंदन को इक वारहि तोरै॥
संकट सूत के पूत को देषि कै बाहि को भ्रात कुमार कौ दौरे।
जाइ दुहूं रथ बीचहि ठाढो भयो रन मैं मुंह नेक न मोरे ॥१२॥

दो०— करन अनुज दस सरनि सों, किये कोप अति चेत।
अभिमन भेद्यो छत्र धुज, सारथि तुरग समेत ॥१३॥

सो०— करन अनुज को सीस, अभिमन एक हि बान सों।
हसत हसत अवनीस, कट्यौ यान तें भुव पर्यौ ॥१४॥

दो०— हन्यो अनुज लषि करन कों, बाढी व्यथा अपार।
गयो करन कौ जीत कै, अभिमन समर उदार ॥१५॥
सूर और जीते घने, फूट गई कुरु सैन।
भाग्यो चंचल तुरग चढि, रवि सुत धरत अचैन ॥१६॥

सो०— दस दिस धरन अकास, छाए अभिमन सरन सों।
रन तें भये उदास, सूर सकल सैंधव बिना ॥१७॥

चौ०—तब अरजुन सुत संष बजायो, तुरत भरत को सेन भगायो।
अगन कछू जनु रिपुजन जारत, देषि परत शरजाल पसारत ॥१८

दो०— सेन चतुर्बिध मार कै, अर्जुन तनय सुबेस।
भूतल भर्‌यो कबंध सों, करि कै व्यूह प्रबेस ॥१९॥

स०—सर छिन्न भये भुज देषि परै बर भूषन भूषित भूतल मैं।
धनु सायक चाम कृपान हजारहि टूट परै रन मंडल मैं ॥
नरवीर सरीर सकुंडल सीस परे वरमाल लसै गर मैं।
हत मानव वारनि घोरन सों तब दारुन भूम भई पल मैं ॥२०॥

दो०— घोर सोर अति पीर तें, जो बहु बीरहिं कीन।
भयदायक नरवीर को, रह्यो दिसन ह्वै लीन ॥२१॥
यौं नाती पुरुहूत को, लर्‌यो कुरुन के साथ।
सैन मध्य ठाढो भयो, सोहत ज्यौं दिननाथ ॥२२॥

धृतराष्ट्र उवाच

सो०-- कहु संजय निरधार, अभिमन जब भीतर गयो।
पांडव वीर उदार, कौन कौन पीछे गये ॥२३॥

सञ्जय उवाच

दो०-- भूप युधिष्ठिर आदि वै, सब पांडव सरदार।
दौरि चले तिहि पंथ सों, जिहि पथ गयो कुमार ॥२४॥

सो०-- दौरत करत प्रहार, ताहि देषि कुरुवीर बहु।
भगे मान रन हार, सैंधव इक ठाढो भयो ॥२५॥

दो०— पांडव सब सैंधवहु नै, रोकै सकैं न जाइ।
जीत्यो गयो न सिंधुपति, कर कर थके उपाइ ॥२६॥

धृतराष्ट्र उवाच

चौ०—तुम यह अद्‌भुत बात सुनाई, ज्यौं पांडव जीते सिंधुराइ।
बडो भार सैंधव सिर पर्‌यो, क्योंकर एक बहुन सों लर्‌यो ॥२७

ऐसो भुजबल क्योंकर भयो, तप कर दान कौन तिन दयो।
अथवा जज्ञ कियो कोउ भारो, ज्यौं जीत्यो पांडव दल सारो ॥२८

कहु संजय मोकहुँ समुझाई, उन यह सक्ति कहां तें पाई।
यों सुन दूत नृपत की बानी, सिगरी सैंधव कथा बषानी ॥२९॥

सञ्जय उवाच

क०— द्रौपदी हरन समै जीत्यो भीमसेन हूं ने,
सैंधव करन लाग्यो तप अभिमान तें।
अतहीं पियारे सुष छांड दीने इन्द्रिन कै,
सही भूष प्यास दुष होत न कृसान तें॥
शंकर अराध्यो जायकै जु निसवासर ही,
तूठ्यो तब देव देव ताके तपसान तें।
सपने में आइ कह्यो सिंधुराइ मांगो वर,
भयो हौं प्रसन्न तेरी सेवा के असान तें ॥३०॥

दो०— सुनि शिव को ऐसो बचन, कहै जयद्रथ राइ।
अंजुली बाँधि अधीन ह्वै, अतिदृढ भगत दिषाइ ॥३१॥

जो तूठे हो मोहि पर, दीजै यह बरदान।
मैं जीतौं सब पांडुसुत, रन मैं अति बलवान ॥३२॥

तब हर बोले भूप सुन, बिन कपि केत उदार।
जीत हिगो तू एक ही, रन मैं पांडव चार ॥३३॥

चौ०— एवमस्तु कह भूपत जाग्यो, शंभु पदारविन्द अनुराग्यो।
तातें नृप तिन पांडव जीते, कौरव सगरे परमहि प्रीते ॥३४॥

सञ्जय उवाच

दो०— भूप जयद्रथ को अबै, सुनिये अद्भुत जुद्ध।
पांडु तनय सों ज्यौं लर्‍यो, ह्वै रन मैं अति क्रुद्ध ॥३५॥

यान जयद्रथ भूप को, सोहत सूकर केत।
श्वेत छत्र अति ही लसैं, चामर व्यजन समेत ॥३६॥

सो०— कियोधनुष टंकार बान जाल छोरे घनै ।
रोक्यो बहै दुबार, जासों अर्जुन सुत गयो ॥३७॥

दो०— तीन बान युयुधान कों, भीम सेन कों आठ ।
सैंधव नृप हू ने तजै, ढीढ दुमन को साठ ॥३८॥

फुनि बिराट दस सरन सों, बेध्यो अति हि रिसाइ ।
द्रुपद सुता के सुतन को, तीन तीन सर लाइ ॥३९॥

सप्तति पांडव भूप को, पांच द्रुपद को लाइ ।
और सबै पीडित किये, बान जाल बरसाइ ॥४०॥

फुनि तीषन इक भल्ल सों, धर्मराज करि हास ।
भूप जयद्रथ भूप को, तोर्‌यो तुरत सरास ॥४१॥

चौ०—छिन मैं और धनुष उन लीनो, तज सर दस नृप वेधित कीनो ।
तीन तीन सर तज सब और, बिद्ध कियो रन बेगहि दौर ॥४२॥

क०— लाघव जयद्रथ को देषि भीम सेन तबै,
करके अरुन नैन अति ही रिसायो है ।
तीन तीन भल्ल अति तीछन लगाए छिन,
धुज अरु चाप छत्र भूतल गिरायो है ॥
उनि फुनि और चाप सज्ज कर लीनो हाथ,
भीम के तुरंग हने कोदंड तुरायो है ।
छोर निज यान तबै भीम सैन लाघव सों,
कूद युयुधान जू के यान महि आयो है ॥४३॥

चौ०—देषि जयद्रथ कर्म उदार, भूपति हारे सब सरदार ।
परम हर्ष रन मैं तब लहै, साधु साधु सैंधव को कहै ॥४४॥

जो जो द्रोन सैन पर दौरै, ताहि ताहि सैंधव नृप मोरै ।
कैकय पांडव मत्स पंचाला, सिंधुराज सब करे बिहाला ॥४५॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
अभिमन्युवधे जयद्रथविजयो नामैकादशोऽध्यायः ॥

बारहवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— अभिमन व्यूह प्रवेसकर, मथ्यो सकल कुरु सेन ।
दौरे सब अभिमन्न को, कर कर राते नैन ।।१।।

रोक्यो बान समूह सों, ता छिन अर्जुन बाल ।
हन्यो सूत वृष सैनको, छेद्यो धनुष विशाल ।।२।।

वेधे तीषन सरन सों, ताके तुरग अचेत ।
भूप भगे रन रथ सबै, पुनि वृष सेन समेत ।।३।।

ता मगसों रथ कोट तें निकर्‌यो अरज्जन बाल ।
सिंहनाद कर सरन सों, किये अमीत बिहाल ।।४।।

ढिग आवत अभिमन्न को, कहै बचन अनषाइ ।
भूप बसाती देश को, साइक साठ लगाइ ।।५।।

जीवत छुटो न मोहुतें, जो न भगो अकुलाइ ।
अर्जुन सुत अब मोहु सों, करहु जुद्ध चित लाइ ।।६।।

बान दूरपाती तज्यौ, हरि नाती तब आइ ।
ताहि लगत छाती पर्‌यो, भूमि बसाती राइ ।।७।।

सो०— हन्यो बसाती राइ, लषि अभिमन मार्‌यो चहै ।
कौरव सबै रिसाइ, दौर गयो अभिमन्न को ।।८।।

किये बेढ चहुँ और, लरन लगे बहु भांत तब ।
जुद्ध भयो अति घोर, हारे सब अभिन्न तें ।।९।।

स०— कुंडल माल सने सिर भूषन भूषित बाहु समूह छई है।
साइक बारहजारहि हार करीट सुचामर छत्र मई है॥
योध धुजा हरि सारथि बारन स्यंदन की इक रास ठई है।
सोणित पूरन सों भरपूर सुभूरि भयानक भूम भई है॥१०॥

दो०— अर्जुन सुत को नैन भरि, देषि सके नहिं कोइ।
ज्यौं ग्रीषम दिन मध्य मैं, अति प्रचंड रवि होइ॥११॥

सञ्जय उवाच

चौ०-सक्रपोत रन करत बिसेष्यो, सर्वभूत अंतक जनु देष्यो।
ताछिन सैन कियो सब कायल, कोऊ मारे कीने कोउ घायल॥१२
लै तब हाथ सस्त्र अति भारे, अर्जुन सुतको सूर सिधारे।
कहत सकल पहले मैं लरौं, पल में बाल एक बस करौं॥१३॥
जो नर वीर ताहि ढिग गए, सो दधि जात सरित ज्यों भए।
गही ग्राह दधि बीच तरी ज्यों, कांपत है कुरुसेन डरी ज्यौं॥१४॥

सो०— तबहि सल्य सुत आइ, ताको नाम सुरुक्मरथ।
सेन नाव ठहराइ, धीवर लौं फुनि यौं कहै॥१५॥

चौ०—सुनहु योध सब बचन हमारो, छांडहु भीत भीरज मन धारो।
याकों आजु हनों पल मांही, मो पै जीवत छूटे नाही॥१६॥
यों कहि अभिमन ऊपर धायो, शल्यपूत रन मांह रिसायो।
तीन बान अभिमन उर लाए, तीन तीन भुज दुहनि गडाए॥१७

सो०— तब अभिमन्न रिसाइ, ताको सिर अरु द्वै भुजा।
तीषन बान लगाइ, काट लिये वह भुव पर्यो॥१८॥

दो०— देषि रुक्म रथ भुव पर्यो, शतनृप सुत तिह मीत।
दौरि गए अभिमन्न कौ, रन दुरमद निरभीत॥१९॥
ताल मात्र धनु कर धरत, बरसत सर चहुं ओर।
छाइ लियो नृप सुतन हूँ, तब कपि केत किसोर॥२०॥

देषि छयो सर जाल सों, अरजुन सुत कुरु राइ।
मान्यो है यमभवन गत, तुव सुत हूँ हरषाइ ॥२१॥

चौ०-जब अभिमन तीषन सर छायो, तबतिन गंध्रव अस्त्र चलायो।
तपकर गंध्रपराइ रिझायो, अर्जुन तब वह अस्त्रहि पायो ॥२२॥

स०—ताहि सों मोहित कै तिन को तन सूरन के सिर भिन्न करे हैं।
चाप तुरंगम सूत धुजा सिर ताहि के पारथ पूत हरे हैं॥
प्रान गये परलोकन मैं धरनी तल केवल देह परे हैं।
बालक एक हने बहुयोधन देव तबै तुअ भूप डरे हैं ॥२३॥

सञ्जय उवाच

दो०— दृग चंचल सूके बदन, रोम हर्ष तन खेद।
भागत विजय उछाह तजि, लषि कौरव अति षेद ॥२४॥
यौं भागत लषि कुरुन कों, द्रोनादिक सरदार।
दौर गये अभिमन्न कों, कर कर कोप अपार ॥२५॥
फुनि तिन बिमुष किये सबै, बहुधाकर कुरुराइ।
लछमन इक अभिमन्न कों, तजि भय पहुँच्यो धाइ ॥२६॥
लछमन के पीछे गयो, दुरजोधन सुत हेत।
ताहि देष नरवीर सब, मुरे दरोन समेत ॥२७॥
तब कौरव अभिमन्न कों, बरसै बान अपार।
ज्यौं बादर गिरिराज पर, बरसत हैं जलधार ॥२८॥
अभिमन पवन प्रचंड ते, मथित भये कुरुमेह।
लछमन को अभिमन्न फुनि, बरसै बान अछेह ॥२९॥
सित सर उर अरु भुजन मैं, तब लछमन कों लाइ।
अर्जुन सुत फुनि ताहि को, कह्यो बचन दुषदाइ ॥३०॥

चौ०--लषमन लोग भले लष लीजै, पाछे जुद्ध मोह सो कीजै।
देषत ही सब कौरव आज, तोहि दिषावत हौं जमराज ॥३१॥

यों कहि भल्ल बान कर लीनो, लछमन बधको उद्यम कीनो।
पन्नग लौं सर करते छोरचो, लछमन सीस सकुंडल तोरचो ॥३२

परचो सीस अवनीस धरनि मैं, हाहाकार भयो तब रन मैं।
लषि दुरजोधन अतिहि रिसायो, सूरपुत्र रन मांहि गिरायो ॥३३

कहे सूर सब याको हनो, और बिचार कछू मत गनो।
तब कृप द्रोन बृहद् बलराइ, करन द्रोन सुत हरदिक आइ ॥३४

मिल षट यान चहूं दिस घेरचो, क्रोध दृष्टि पारथ सुत हेर्‌यो।
तब तिन कौ सर तीष लगाए, लाघव से षट् यान भगाए ॥३५॥

ताहि जीत कपिकेतन जायो, सिंधु राज दल ऊपर धायौ।
ताको मग रोक्यो जु निषादहि, क्रोध कलिंग किये हरि नादहि ॥

द्विरद अनीक घनी करि आगै, अभिमन को सर वरषन लागे।
अभिमन बान द्विरद धन फोरे, क्राथ पुत्र ताको सर तोरे ॥३७॥

दो०— तब अभिमन शर पुंज सों, शर भुज धनुष समेत।
सिर रथ साज सने कटे, पर्‌यो क्राथ सुत षेत ॥३८॥

करनादिक कुरु वीर सब, ह्वै तव बिमुष विसेष।
भाग गये अभिमन्न तें, हन्यो क्राथ सुत देष ॥३९॥

सञ्जय उवाच

दो०— द्रोन करन कृतवरम कृप, द्रौणि बृहद् बल आन।
फिर आए अति कोप तें, अभिमन पर षट यान ॥४०॥

जानि जयद्रथ राइ पर, तब रन मैं गुरु भार।
सेना गई फुनि ताहि ढिग, अभिमन पर सरदार ॥४१॥

चौ०—ताल मात्र धनु लै कर धाए, सब अभिमन्न सरनि सों धाए।
द्विज को बान पचास लगाए, बीस बृहद् बल देह गडाए ॥४२॥

सो०— गोतम को सठ बान, अरु असीत कृत वर्म को।
एक करन के कान, लाए दस द्विज वर सुतनि ॥४३॥

दो०— मारि तुरग कृप के हने, सूत पीठ रथवार ।
लाए दस सर विजय सुत, ताके हृदय मंझार ।।४४।।

कुरु कीरत वधर्न हन्यो, वृन्दारक सर लाइ ।
फुनि द्विजवर सुत को रच्यो, अभिमन रन भय दाइ ।।४५।।

बान लगावै परसपर, षरे अरे रन मांहि ।
दोऊ चाह भरे लरैं, कोऊ हारत नाहि ।।४६।।

सो०— तबहिं द्रोन सतबान, लाए अभिमन कों षरे ।
आठ द्रोन सुत आन, द्वै बिसति सर सूत सुत ।।४७।।

दो०— बीसबान कृतवरम फुनि, कोसल नाथ पचास ।
गौतम दस तीषन तजे, सर कर परम हुलास ।।४८।।

अपनो अतिलाघव तबै, अभिमन दियो दिषाइ ।
एकबार तिन सबन को, दस दस बान लगाइ ।।४९।।

कोसलपति अभिमन हिये, तब हि लगायो बान ।
ताके अर्जुन सुत हने, धुज धनु सूत किक्यान ।।५०।।

बिरथ बृहद् बल हाथ लै, दौर्यो चरम कृपान ।
अभिमन सीस हर्यो चहै, मन मैं अति रिस मान ।।५१।।

अरिल— कोसल भूपति पूत हिये सर लाइकैं,
डार दियो भुव मांहि सु अतिहि रिसाइकै ।
मारि बृहद् बल राज कुमार हजार दस,
अर्जुन सुत छिन मांहि किये सब काल बस ।।५२।।

दो०— सोहत है रन मैं फिरत, मार बृहद् बल राइ ।
सूर सकल थंभित किये, बान जाल बरसाइ ।।५३।।

छप्पै— किये कोप अभिमन्न सूत सुत ऊपर धायो ।
कणिबान इकतीष कर्ण के कर्ण लगायो ।।

फुनि सर लाइ पचास कुपित राधा सुत कीनो ।
त्यौं सर कर्ण लगाए छाइ अर्जुन सुत लीनो ।।

अति रुधिर पुंज सिंचत भए पाइ घाइ दोनों घने।
तब जुरै जुद्ध भूपति लसै ज्यौं पलास फूले बने ।।५४।।

दो०— हने सचिव षट् करन के, हय धुज सूत समेत।
डार दिये अभिमन्न फुनि, और बीर बहु षेत ।।५५।।

सो०— दुःसासन सुत आइ, अभिमन बेध्यो दस सरनि।
साइक पांच लगाइ, सूत तुरग घाइल किये ।।५६।।

स०— पारथ पूत कही यह बात दुसासन के सुत को दुषदाई।
बाप तिहारो भग्यो रन छाडि कै काइर की पदवी तिन पाई।
आछि भई तुम जानत हौ रन राचिकै मोह सों कीजै लराई।
जीवत मोहिते कोऊ छुट्यो नहि बात यहै जग जानत भाई ।।

चौ०—यौं कहिबचन किये दृग लाल, दौरि गयो अर्जुन को बाल।
एक नराच ताहि को छोर्‌यो, द्रोन तीन सरसो वह तोर्‌यो ।।
फुनि नव बान सल्य को लाये, त्यौं अभिमन को सल्य लगाए।
मद्रप सूत पीठ रषवारहि, मार लिये कपिकेत कुमारहि ।।५९।।
लाइ बान षट सल्य संतायो, आन यान चढि दूर सिधायो।
पांच और सरदार सिंहारे, तजे शकुनि को सर अनयारे ।।६०।।

दो०— तबै करन द्विजराज सों, कह्यो बचन सुबिचार।
मारत है रन सबनिको, कोप्यो विजय कुमार ।।६१।।

चौ०—तातें द्रोन विलम्ब न कीजै, या की मीच तुरत कहि दीजै।
तब दरोन सब हूं सों कह्यो, या को छिद्र जात नहि लह्यो ।।६२

स०—सब देषहु धौ भरि नैननि जोरत छोरत बान न डीठ परै।
चहुँ ओर फिरै अतिलाघव सों कोऊ कैसे के याहिके संग लरै ।।
सर तीषन लाइकै मोहि संतावत तद्यप मो मन तोष धरै।
कपि केतन तें कछु अंतर नाहि न देषि परै जब जुद्ध करै ।।६३।।

दो०— फुनि अभिमन के सरन सों, बिध्यो करन दुष पाइ।
द्रोन अचारज सो कहें, यहै बचन कुरुराइ ॥६४॥

धर्मजान ठहर्‌यो रहों, मन में साहस कीन।
दारुन बान कुमार के, मोहि करत अति छीन ॥६५॥

कहै द्रोन हसि बचन इह, सुनो करन चित लाइ।
या को कवच अभेद है, क्यों हू हन्यो न जाइ ॥६६॥

दो०— जों तुम को यह सक्त है, करो करन इह काम।
पहले तो अभिमन्न को, करहु बिरथ संग्राम ॥६७॥

चौ०—पाछे या कों करहु प्रहारा, जो चाहत हो अभिमन मारा।
धनुष सहित जीत्यो नहि जाइ, जो पुरुहूत लरै रन माहि ॥६८॥

दो०— तातें अभिमन कीजिए, करन बिरथ धनुहीन।
जो चाहौ रन मैं हन्यौ, यौं तब करहु अधीन ॥६९॥

द्रोन बचन यौं करन सुन, मन मैं धरत हुलास।
कट्‌यो तुरत अभिमन्न को, षर सरलाइ सरास ॥७०॥

पीठ रच्छ अरु सारथी, फुनि गौतम हनि लीन।
भोज तुरग अभिमन्न के, किये परान बिहीन ॥७१॥

और महारथ सकल तब, लगे लगावन बान।
विरथ विधनु अभिमन्न को, मन में धरत दया न ॥७२॥

छप्पै— विरथ विधनु अभिमन्न धरम अपनो प्रतिपारहि।
षग्ग चर्म गहि हत्थ उछलि ग्यो गगन मंझारहि।,
षग जनु गिरत अकास सबन कौ त्रास बढावै।
परत ताहु पर जाइ सबन कौ ज्यों यम आवै॥
तव कट्‌यो षडग अभिमन्न को द्रोनतुरत तीषन सरनि।
रवि पूत तीष बानन कट्यो, परचो चाम छिन मैं धरनि ॥७३

दो०— कट्‌यो षडग अरुचर्म तब, तुरत धरनितल आइ।
पारथ सुत ठाढो भयो, कर सों चक्र उठाइ ॥७४॥

चक्रपानि अतही लसै, करत कृष्ण अनुकार।
डीठ परै दारुन तबै, अभिमन समर मझार।।७५।।

स०— सोणित धार अपार चलै तन चीर सबे इक रंग भये हैं।
भाल कराल चढी भृकुटी अति कोपतें केहर नाद किये हैं।।
सूर बडो अभिमान भर्‍यो बलबान सबै जिन जीत लिये हैं।
सोहत पारथ पूत षरो सब राजन मैं बह तेज छयो है।।७६।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
अभिमन्युवधे नाम द्वादशोऽध्यायः ।।

तेरहवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— पारथ सुत अतही लसै, लिए चक्रवर हाथ।
देष्यो जाइ न तेज सो, दूजो जनु जदुनाथ ॥१॥

काटि दियो तब सबनि मिलि, चक्र वहै कुरुराइ।
दौर्‌यो अश्वत्थाम पर, अभिमन गदा उठाइ ॥२॥

देषि द्रोन सुत वज्र लों, गदा विजय सुत पानि।
अति लाघव सो तीन डग, छोरि गयो निज यान ॥३॥

चौ०—यान गदा सों चूरन कियो, फुनि इक सवल पुत्र हनि लियो।
और सबै गंधार सिधारे, केकय सप्त यान भुव डारे ॥४॥

गदा पेलि कुंजर दस मारे, ता लषि कायर दूर सिधारे।
दौरि दुसासन सुत को जान, चूरन कियो सहत किक्यान ॥५॥

तबै दुसासन पूत रिसायो, तापर तुरत गदा लै धायो।
तिष्ठ तिष्ठ मुष बोल उचारत, दोनों करत गदा रन भारत ॥६

करत प्रहार परस्पर डाढे, शिव अंधक ज्यौं रन मैं ठाढे।
गदा प्रहार विद्ध पुनि दोऊ, परे भूमि देषत सब कोऊ ॥७॥

अ० छं०— उठ्यो दुसासन पूत गदा गहि हाथ मैं।
उठत सुभद्रा बाल हन्यो तब माथ मैं ॥

गदा बेग अरु षेद पाइ अभिमन्न तब।
पर्‌यो धरनि तजि प्रान बिलोकत लोक सब ॥८॥

स०-यों विध सों जुरि कै सब वीरनि एक अरज्जन बालक मार्यो।
भूप विराजत भूमि पर्यो जनु सारद पूरन चंद निहार्यो।।
कौरव भूप प्रसन्न भयो अरु पांडव सोक बडो उर धार्यो।
देषन हारनि ताहि विलोकि विलोकि विलोचन को जल डार्यो।।९

भूतहु ने जो अकास षरे तिन ऊंचे उचार कै बोल सुनायो।
बालक एक हन्यो बहु वीरन पाप यहै न किने मन भायो।।
सोहत सीस घने हथियार हजारन सों धरनीतल छायो।
कुंजर यान तुरंगम मानव पुंजनि कौ कछु अंत न पायो।।१०।।

दो०— देषि हन्यौ अभिमन्न सब, भागी पांडव सैन।
भूप जुधिष्ठिर सबन कों, भूप कह्यो यह बैन।।११।।

चौ०—स्वर्गलोक अभिमन्न सिधार्यो, सनमुष जुद्ध करत जो मार्यो।
लाइ लाइ साइक अनियारे, जिन रन सूर हजार सिंहारे।।१२।।
सोक ताहि को नेकु न कीजै, तज भय जीत सत्रुगन लीजै।
यौं कहि पांडव भूप अदीनो, निजबल सकल कर्यो भयहीनो।।१३

सञ्जय उवाज

दो०— कौरव हनि अभिमन्न को, सोणित सिंचत गात।
ता सर पीडित शिवर को, गए परी जब रात।।१४।।

स०—दारुन सांझ भई तब भूपत भीरुन को अति ही भय दाइ।
श्वान शृगाल शिवा रन मंडल दौरत है बहु सोर मचाइ।।
सोणित मत्त पिसाच निसाचर नाचें हसैं जु उठै पुनि गाइ।
दौरत हैं चहु ओर कबंधन के गन भूमि रह्यो तम छाइ।।१५।।

सञ्जय उवाच

दो०— पांडव अभिमन के मुए, सोच करत मन मांहि।
गए दुषित ह्वै सिवर को, तजे धनुष सन्नाहि।।१६।।

सो०— भूप जुधिष्ठिर पास, बैठ रहे सब शोक युत।
भूपति भयो उदास, सब ते करत बिलाप पुनि ॥१७॥

चौ०-सब अपराध हमै यह कीनो, जो बालक अंतक मुष दीनो।
सूर सकल यातें रन हारे, अस्त्र शस्त्र के बूझन हारे ॥१८॥

दुःसासन अति सत्रु हमारो, जीत्यो जिन रन माहि उदारो।
द्रोन सेन सागर जिन तर्‍यो, दुःसासन सुत सों पुनि लर्‍यो ॥१९॥

क्योंकर अर्जुन ओर निहारों, कहा बचन तिस पास उचारों।
मैंहू अहित सबनि को कीन्हो, लोभ कियो अरु दोष न चीन्हो ॥२०

दो०— दिये चाहिये जाहि को, भोजन भूषन बास।
ता अरजुन सुत को हमै, दीनो समर निवास ॥२१॥

अथवा सोक कहा करौं, अनुजन सेन समेत।
कुपित धनंजय दृग अगन, जरे परे हम षेत ॥२२॥

स०— पारथ सूत बड़ो रन मैं जिन एक हि काज अनेक सवारे।
मारे निवात कवच्च घने जिनहूँ पल मांहि पुलोम संघारे॥
भागत भीत अभीत को मांगत आवत आगे अभीत न मारे।
जा सुत राषि सकौ न हमें फल हीन भये सब कारज हारे ॥२३

दो०— लषि अर्जुन सुत रन पर्‍यो, मोहि न कछू सुहाइ।
जानौं राज अकाज अब, करौं तपस बन जाइ ॥२४॥

सञ्जय उवाच

ऐसे विलपत भूप कौ, द्वैपाइन ढिग आइ।
सोक जुधिष्ठिर को हरै, नीके बचन सुनाइ ॥२५॥

चौ०—द्वैपायन जब नृप ढिग जायो, आसन दै कर पूज बिठायो।
भ्रात-पुत्र वध सोक संतायो, कहै भूप तब बचन दुषायो ॥२६॥

दो०— तात कहा तुम सों कहों, बालक एक कुमार।
मैं पठ्यो बलवान लषि, चक्रव्यूह मंझार ॥२७॥

सैंधव हूँ ने हम सबै, रोके ता मग जात।
पुनि बहुबाल अबाल मति, लरयो समर बहुभांत ।।२८।।

सो मारयो षट सूर मिलि, कौरव कीनो पाप।
तातें मुनिवर मोह को, उपजै बडो संताप ।।२९।।

सञ्जय उवाच

यौं विलपत भूपाल कौं, कह्यो बचन मुनि व्यास।
भूप महा मतिमान हौ, सर्वशास्त्र परकास ।।३०।।

तातें तोसे धीर नर, वीर सूर सुरपोत।
कैसो व्यसन परै तऊ, नेकु न व्याकुल होत ।।३१।।

स्वर्ग सूर ऐ तो गयो, मार घने अरि जात।
मीच सबन को हरत है, क्यों हू न मोरी जात ।।३२।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
अभिमन्युवधो नाम त्रयोदशोऽध्यायः।

चौदहवां अध्याय

युधिष्ठिर उवाच

चौ०—तात कौन यह मीच कहावै, क्यों सब जग बस ताके आवै।
भूप सकल गुन भरे कुलीन, मृतक भये धरनी तल लीन ॥१॥

दो०— मोहि यहै संसो बडो, दूर करो तप धाम।
जीवत ही पुनि धरत है, क्योंकर मृत्तक नाम ॥२॥

व्यास उवाच

कह्यो अकंपन राइ सों, ज्यों नारद मुनि राइ।
कहों पुरातन तो हि सों, सो इति हास बनाइ ॥३॥

पाप हरन मंगल करन, राजन को श्रवनीय
भूप सदा याके सुने, होत पुत्र चिर जीय ॥४॥

सो०— भयो अकंपन राय, पहले कृतजुग में बड़ो।
पर्यो शत्रु बस जाइ, रन मंडल में लरत ही ॥५॥

ताको सुत हरिनाम, नारायण सम बल भर्यो।
करत घोर संग्राम, गयो पुरंदर लोक मैं ॥६॥

किये अकंपन राय, प्रेत कर्म ताके सबै।
रह्यो सोक सों छाइ, निसवासर कल ना परै ॥७॥

शोक सहित नृप जान, नारद मुनि आयो वहां।
करि ताको सनमान, कहन लग्यो भूपति कथा ॥८॥

कह्यो सकल बरतंत, रन मैं ज्यों सुतबध भयो।
बाढत सोक अनंत, पूछै पुनि मुनिराज को ॥९॥

कहु नारद निरधार, कौन मीच यह जगत मैं।
हरत सकल संसार, याको बल यह क्यों भयो ॥१०॥

कहत सबै रिषि राइ, पुत्र सोक हरनी कथा।
सुन भूपत चितलाइ, जो बरतंत सुन्यो हमैं ॥११॥

सिरजि सकल संसार, ब्रह्मा को चिंता भई।
बाढ्यो जगत अपार, क्यौं संहार याको करौं ॥१२॥

लह्यो न और उपाइ, कोप कियो अतही तबै।
उठ्यो अगन सरसाइ, दस दिस ताके कोप तें ॥१३॥

देषि भूतगनराइ, जरत चराचर जगत को।
ब्रह्म सरन मैं जाइ, परयो जगत हित के लिये ॥१४॥

दुसह तेज को धाम, कहै ब्रह्म पुनि रुद्र सों।
कहु अपनो कछु काम, क्यों सुत आयो मोहि ढिग ॥१५॥

रुद्र उवाच

दो०— तुमही सिरज्यो जगत यह, करन लग्यो तुहि नास।
मो मन आवत है दया, रच्छा करिये तास ॥१६॥

ब्रह्मोवाच

सुनो पूत या जगत को, चहौं मैं न संहार।
मो को यह प्रेरत करत, धरनी पीडित भार ॥१७॥

देख्यौ हमै बिचारि कै, सरे न और उपाइ।
तातें उपज्यो मोहि को, कोप अगन दुषदाइ ॥१८॥

रुद्र उवाच

यौं विध सब जग जरत है, करिये तेज संहार।
सब जग हरनन योग तुम, मोकों कियो सम्हार ॥१९॥

नारद उवाच

सो०— किये तेज संहार, जान चराचर जगत हित ।
प्रकट भई इक नार, ताछिन ताके तेज तें ॥२०॥

चौ०-कृष्ण पीत तन अति हि विराजैं, अरुन जीभ लोचन मुष साजैं ।
कंचन भूषन अंग सुहावै, दच्छिन दिस ठाढी मुसकावै ॥२१॥

दो०— चौमुष ताहि बुलाइ कै, लियो मृत्यु यौं नाम ।
कह्यो जगत संहार कर, यहै तिहारो काम ॥२२॥

यौं सुन बचन बिरंच को, रह्यो ध्यान गहि मीच ।
लागी रोदन करन तब, जानि कर्म अति नीच ॥२३॥

ताके आंसू कर धरे, कमलज जग हित चाहि ।
भली भांत समझाइकै, अनुनय कीनो ताहि ॥२४॥

नारद उवाच

तब मन मांहि बिलीन कर, मीच सकल दुष झोरि ।
कहन लगी अति नम्र ह्वै, कमलज कों कर जोरि ॥२५॥

मैं अति डरौं अधर्म तें, करौं न ऐसो काम ।
ह्वै प्रसन्न मो को कहो, करों तपस अभिराम ॥२६॥

ब्रह्मोवाच

यही हेत मैं तू सृजी, अब मत करो बिचार ।
मो बच झूठ न होइगो, करहु प्रजा संहार ॥२७॥

नारद उवाच

यौं सुनि कै चुप ह्वै रही, तूठ्यो कमलज आप ।
धरै न मत संहार मैं, मीच जान गुरु पाप ॥२८॥

तूठ्यो जबै बिरंच तब, भयो जगत निर भीत ।
नीच मान संहार तप, गई करन अति प्रीत ॥२९॥

सो०— दुःसह तप चिरकाल, तबै मीच बहुधा कियो।
कहि न परचो भूपाल, तूठि विरंच गयो तहां ॥३०॥

कहे वचन लोकेस, ह्वै प्रसन्न मन मीच कों।
क्यों यह तप इह देस, कियो सांच मोसों कहो ॥३१॥

मृत्युः उवाच

तो पैं बर मांगों यही, मैं न करौं संहार।
ह्वै भय भीत अधर्म तें, मैं तप करचो अपार ॥३२॥

जानत भूत भविष्य भव कहे चतुर्मुष ताहि।
तो को पाप न होइगो, कियो प्रजा क्षय आहि ॥३३॥

सो०-- क्यौं हू हमरो बैन, सुँदरि झूठ न होइगो।
तो को पाप लगे न, तजि संदेह संहार कर ॥३४॥

रोग सहित यमराज, ह्वै है तोहि सहाइ सब।
तुम मत करियो लाज, तेरो दोस न को कहै ॥३५॥

दो०— अश्रु बिंदु जो कर धरै, सगल रोग वह जान।
मीच न डरिये पाप तें, यह सब हनै जहान ॥३६॥

नारद उवाच

मीच साप भय भीत ह्वै, मान्यो प्रजा संहार।
सो यह मीच नरेस सुन, हने ककल संसार ॥३७॥

तातें भूप न कीजिये, मृत मानव को सोक।
तेरो सुत रन जूझ कै, गयो पुरंदर लोक ॥३८॥

सो०— जान विधातहि आप, सृजी मीच अति धीर नर।
नेकु न करत संताप, तातें सोक न तुम करो ॥३९॥

व्यास उवाच

चौ०—सुन यह कथा अकंपन राइ, सोक सकल सब दियो बहाइ।
नारद को कीनो परनाम, भयो कृतारथ हौं तप धाम ॥४०॥

यौं विध हर भूपत को सोक, पुनि मुनि गयो पुरंदर लोक।
तातें सुन हु युधिष्ठिर राइ, दीजै अब सब सोक बहाइ ॥४१॥

स्वर्गलोक अभिमन्न सिधारचो, जो सनमुष हथियारहि मार्यो।
धर धीरज अब पांडव राई, वीर सकल मिल करहु लराई ॥४२

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वंणि दत्तविरचिते भाषायां
युधिष्ठिर सांत्वने मृत्यु उत्पत्तिर्नाम
चतुर्दशोऽध्यायः ॥

पन्द्रहवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— धर्मराज सुनि मीच की, उत्पत छोड्यो शोक।
कहे बचन सुनि व्यास सों, भूपति धीरज ओक ॥१॥

युधिष्ठिर उवाच

दो०— कहो बात पुनि मोहि सों, सुनत नरन सुषदाइ।
कथा पुराने नृपन की, चरित समेत बनाइ ॥२॥

व्यास उवाच

चौ०—संजय नाम नृपति इक भयो, सूर बड़ो गुन पुंजनि छयो।
ताके मीत परम सुषदाई, पर्वत नारद द्वै रिषि राइ ॥३॥
एक दिवस ताके घर आए, आसन दैकर पूज बिठाए।
रहे तहां दोनो अति प्रीते, आनंद सो केतक दिन बीते ॥४॥
एक समै ता नृप की जाई, मीत सहित नृप के ढिग आई।
आइ पिता को कियो प्रनाम, आसिष दई भूप अभिराम ॥५॥
ताहि देषि परवत रिषि राई, हस बोल्यो काकी यह जाई।
चपल नैन षंजन जनु जो है, सरद चंद जैसो मुष सोहै ॥६॥
कहै नृपति यह सुता हमारी, मो पै वर मांगै गुन बारी।
नारद वचन तुरत तब कह्यो, जो नृप चाहत हौ सुभ लह्यौ ॥७॥

[वीरविलासः

तो यह कन्या मो कहु दीजे, भार्जा हेत बिलंब न कीजै।
तब नृप कहै सुतागुन भीनी, मैं नारद तो कों यह दीनी ॥८॥

तब पर्वत सुनि उठ्यो रिसाई, नारद को यह बात सुनाई।
नारद यह पहले मैं बरी, बसी हमारे मन गुनभरी ॥९॥

याते तुम यह बरी कुमारी, ह्वै है नहि गत स्वर्ग तिहारी।
कहि नारद पर्वत सुन लीजै, कबहूं ऐसो कोप न कीजै ॥१०॥

दो०— दीजै मन बच कर्म सों, कन्या कुस जल साथ।
जोरै पढि पढि मंत्र कर, गाइ गाइ श्रुति गाथ ॥११॥

लच्छन यही विवाह के, तुम फुनि लह्यो न कोइ।
कहु पर्वत यह सुन्दरी, क्यौं कर तेरी होइ ॥१२॥

सो०— यातें बिन अपराध, मोको साप दियो तुम्हें।
मो बिन सरे न साध, तेरी सुरपुर गमन की ॥१३॥

रहन लगे उहि ठौर, यो विध दोनों शाप तें।
रहत तहां द्विज और, करें याग नृप सुत लिये ॥१४॥

दो०— एक दिवस द्विज वर सबै, मिलि नारद ढिग आइ।
कहै बचन यह भूप कौ, दीजै सुत मुनिराइ ॥१५॥

चौ०—तब नारद भूपति सो कह्यो, मांगहु वर जैसो सुत चह्यौ।
हाथ जोर नृप बचर उचारचो, दीजे सुत सब गुननि सवारचो ॥

दो०— जाकोमूत पुरीष सब, स्वेद सलेषम हेम।
ह्वै है सो सुत दीजिये, जो चाहो मम षेम ॥१७॥

सो०— स्वर्णष्ठीवो नाम, नारद के बरदान तें।
भयो पुत्र अभिराम, सृंजय नृप के धाम महि ॥१८॥

बाढचो कनक अपार, भूपति के घर मैं तबै।
चोरन कियो बिचार, देषि अमित धन भूपको ॥१९॥

नृप सुत कंचन षान, जानि चोर मिलिकै सबै।
हरचो रैन तजि ज्ञान, मारचो बन मैं जाइ कै ।।२०।।

चौ०—हन्यो बाल कछु कनक न पायो, तब आपस महि जुद्ध मचायो।
लरि लरि चोर सकल भुव परे, गए नरक अति पातक भरे ।।२१

सो०— चोर हन्यो सुत देषि, भूप तबै बिलपन लग्यौ।
नारद बुद्धि वसेषि, तब नृप कों समझावई ।।२२।।

चौ०—अब कछु भूप कोक मत कीजै, मेरो बचन सांच सुनि लीजै।
बडे बडे भूपति जग भए, छोरि सकल तन सुर पुर गए ।।२३।।

क०— भूपति मरुत्त रंति-देव शशि-बिन्दु भयो,
पौरव दलीप जाको इंद्र जस गायो है।
भयो है ययाती मानधाता रामचंद जिन,
जागनि में कोर कोर बाह्मन रिझायो है।।
अंबरीष भरत भगीरथ सुहोत शिबि,
पृथु गय परसुराम चरित सुहायो है।
ताते सुन राइ कहा होत बिललाइ जो जो,
जगत में जायो सो सो काल बस आयो है ।।२४।।

दो०— तव सुत तें सतगुन अधिक, एते सब सुन मीत।
भए करम बस काल बस, यहै जगत की रीत ।।२५।।

व्यास उबाच

दो०— एते नारद बचन सुन, तज्यौ शोक नर राइ।
पुनि नारद नृप को दियो, बहै पुत्र सुष पाइ ।।२६।।

सो०— तातें पांडव राइ, तजहु शोक अभिमन्न को।
जो सनमुष सर षाइ, गयो स्वर्ग हनि शत्रु गन ।।२७।।

दो०— धर धीरज तज सोक नृप, हनो सकल अरिलोक।
जीवत नर को होत है, कहा मृतक को सोक ।।२८।।

[वीरविलासः

सञ्जय उवाच

सो०— यों नृप को समझाइ, अंतरध्यान भयो मुनी ।
तज्यो शोक नर राइ, व्यास देव के बचन सुन ॥२९॥

सुनि सुनि बचन उदार, शोक युधिष्ठिर को मिट्यो ।
पुनि मन करत बिचार, कहा कहैंगे बिजय सों ॥३०॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि भाषायां युधिष्ठिरसान्त्वन-
समापनं नाम पञ्चदशोऽध्यायः

सोलहवां अध्याय

सञ्जय उवाच

सो०— सूरवीर कपिकेत, संसप्तक गन जीत के।
आयो कृष्ण समेत, सांझ समै निज सिवर को ॥१॥

दो०— आवत मग मैं कहत है, अरजुन हरि सों बात।
कहा कृष्ण मो मन दुरचो, वचन सिथिल ह्वै जात ॥२॥

कृष्ण गगन भुव देषिए, दुष्ट सकल उतपात।
सचिव सहित नित चाहिये, भूपति कौ कुसरात ॥३॥

कहै कृष्ण कपिकेत सों, कुसली धर्म नरेस।
ह्वै है सचिव समेत ही, सत्य जान गुड केस ॥४॥

संजय उवाच

दो०— आवत देष्यो दूर तें, अर्जुन आनंद हीन।
शोक सहित अपनो सिवर, दीप रहित अति दीन ॥५॥

कह्यो कृष्ण सों बचन पुनि, अरजुन देषि निवेस।
जान हान कछु आपनी, मन मैं धरत कलेस ॥६॥

चौ०—कहा कृष्ण कछु आजु हमारे, बाजत भेरन संष नगारै।
गावत पठत हसत नाहिं कोई, सिगरो सिवर रह्यो जनु सोई ॥७

मोहि देषि जोधे मुह मोरैं, ह्वै सलज्ज जनु डीठ न जोरैं,
कुसली रहें हमारे भाई, द्रुपद विराट सकल अरु राई ॥८॥

कृष्ण सकल जन व्याकुल देषे, मोमन सुद्ध न होत विसेषे,
हसत हसत मुष अतिहि सुहायो, अभिमन आज न आगे आयो ।।९

संजय उवाच

चौ०-यौं विध कहत सिवर मैं आये, अर्जुन कृष्ण सोक सों छाये ।
दीन सकल सुत भ्रात निहारे, बिन अभिमन्न धरत दुष भारे ।।१०

दो०— देषि विमन तिन सबन को, बिन अभिमन कपिकेत ।
कह्यो बचन तुमरे बदन, मलिन भयो किहि हेत ।।११।।

अभिमन डीठ न परत है, तुम हूं बोलत नांहि ।
सुन्यो हमै द्विजवर रच्यो, चक्रव्यूह रन मांहि ।।१२।।

सो०— ताको भेदन हार, तुमरे बीच कोऊ नहीं ।
बिन अभिमन्न उदार, सो पुनि निकर न जानई ।।१३।।

दो०— पठ्यो ह्वै गो व्यूह मैं, तुम्है वहै बलवान ।
एक परचो बस बहुन के, क्योंकर धरे परान ।।१४।।

तातें तुम मोसों कहो, सकल समर बरतंत ।
क्यौं करि के अभिमन्न को, भयो जुद्ध मैं अंत ।।१५।।

चौ०—कोमल कुंचित केस बिराजै, सुन्दर बदन मदन छवि छाजै ।
हंसि हंसि मीठे बचन उचारै, गुरुजन बचन सदा मन धारै ।।१६

सोहत है दृग कमल बिसाला, दीरघ बाहु चंद जनु भाला ।
जो ऐसो सुत नाहि निहारौं, ता छिन मैं जम नगर पधारौं ।।१७

सूरवीर रन मांहि सुहावै, वैरिन को अति त्रास बढावै ।
जुद्ध करत कब हूं नहिं भूलै, मीतन साथ रहत अनुकूलै ।।१८।।

दो०— सुन्दर मौह ललाट रद, नासक दृग अरु दोइ ।
बिन देषै ताको बदन, क्यौं हिय सीरो होइ ।।१९।।

जो सोवत मृदु सेज मैं, जागै सुनि कल गीत ।
सो अब सोवत धरन मैं, सुनत सिवा के गीत ।।२०।।

श्वेत छत्र छायो रहै, जाको मुष सुकुमार।
लुठत परचो अब धरन मैं, सो रन रेणु मंझार ॥२१॥

आज दुगन छवि नाक की, ह्वै है तुम सों पूत।
तेरो मान बढाइगो, करि पूजन पुरुहूत ॥२२॥

कोऊ और न मोहि सम, भाग्य हीन जगमांहि।
जाको ऐसो सुत परचो, ज्यौं अनाथ रन मांहि ॥२३॥

सो०— कर विलाप इह भाँत, अर्जुन अति दुख सों भरचो।
कहन लग्यो यह बात, भूप युधिष्ठिर को तबै ॥२४॥

स०–भ्रात कहो तुम क्यों करि कै अभिमन्न लरचौ अरि पुंज मैं जाई।
व्यूह मैं जाइ सहाइ लिये कियो होइगो ध्यान हमारो तहांई ॥
होइ इहां अब बाप हमारो तो राषे हमैं इनको सर छाई।
जानत हौं इह भांत तबै विललात परचो रन मैं अकुलाई ॥२५॥

अथवा वसुदेव सुता पयपान कै ह्वै हमरो सुत यो न कहै।
हमरो हिय वज्र समान कठोर जो कोटिक टूट न होइ रहै ॥
दृग फूटै न ताहि कै देषै बिना अब या जग मैं दुष दूनो लहै।
अब क्यौंकर बाहि की माइ बडो दुष पाइ हिये सुत सोक सहै ॥२६

सञ्जय उवाच

दो०— यौं बिध बिलपत बिजय को, कही कृष्ण यह बात।
पारथ सोक न कीजिये, सब जग यह मग जात ॥२७॥

क्षत्रिन कौ सुबिसेष कर, रन लरि मरन पुनीत।
जो लर है शर लगत हीं, ह्वै सनमुष निरभीत ॥२८॥

पुन्यलोक अभिमन गयो, जाको चाहत बीर।
राजकुमार हजार हनि, लयि सनमुष रनतीर ॥२९॥

सूरवीर चाहत रहै, जो मीचहिं रन मांहि।
सो पाई अभिमन्न हूं, सोक न कीजै ताहि ॥३०॥

सो०— सुन अरजुन परवीन, तो कों सोक समेत लषि।
होत सकल यह दीन, भ्रात तिहारे सुहृद अरु ।।३१।।

दो०— दै धीरज इन सब को, बोल हु बचन उदार।
कहा सीष दीजै तुम्हैं तूँ सब जानन हार ।।३२।।

सो०— समझायो इह भांत, अर्जुन तब श्री कृष्ण जू।
भ्रातन को यह बात, कहै क्रोध अरु सोक जुत ।।३३।।

सकल समर वरतंत, त्यौंही चाहौं मैं सुन्यो।
सुत शत्रुन को अंत, करौं चतुर्विध बल सहित ।।३४।।

सकल पढ्यो धनुवेद, धारत हो हथियार तुम।
जानत हो रन भेद, अभिमन राष सके न क्यों ।।३५।।

दो०— जो मैं जानों सकल तुम, अभिमन राष सकौ न।
तो मैं राषो आप हीं, ता तजि करौं न गौन ।।३६।।

चौ०- कहां गयो बहुजोर तिहारो, देषत ही सुत हन्यो हमारो।
समर साज हथियार अपारा, भूषन हेत तुम्है यह धारा ।।३७।।

सभा बैठ सब सूर कहावो, जुद्ध जुरे सब ही भग आवो।
तुमरो दोस न दोस हमारो, जौ बिस्वास मैं करो तिहारो ।।३८

यौं कहि अर्जुन चुप ह्वै रह्यो, वाको तेज जाइ नहि सह्यो।
ता मुष देषि सकै नहि कोई, सुन सुन बचन उठै सब रोई ।।३९

दो०— सोक सहित कपि केत को, कहि लषि सकै न और।
अति प्यारे श्री कृष्ण बिन, बिन पांडव सिर मौर ।।४०।।

मान बडो इन दुहन को, अति हि पियारे दोइ।
तातें यह दोनों कहैं, कहै और नहिं कोइ ।।४१।।

सञ्जय उवाच

पुत्र सोक व्याकुल हृदय, अर्जुन सों सकुचात।
नृपति युधिष्ठिर कहत हैं, शोचत ही यह बात ।।४२।।

युधिष्ठिर उवाच

सो०— जब तूं अति हि रिसाइ, संसप्तक ऊपर गयो।
बडो जतन द्विजराइ, कीनो तब मम गहन मैं ॥४३॥

द्विजवर व्यूह बनाइ, आयो जब अति कुपित ह्वै ।
सब कर थके उपाइ, जीत सक्यो नहिं द्रोन पुनि ॥४४॥

तब करि हमैं विचार, कह्यो बचन अभिमन्न को।
तुम हो समर उदार, चक्रव्यूह भेदन करो ॥४५॥

हमैं हुलास बढ़ाइ, प्रेरयो चपल तुरंग लौं।
तुरत पहुँच्यौ जाइ, अभिमन व्यूह मंझार ही ॥४६॥

चौ०—हम सब अभिमन पाछे धाये, सैंधवराइ सबै अटकाये।
तिन बरदान रुद्र तें पायो, तातें हम सो लरयो सुवायो ॥४७॥

दो०— करनादिक षट सूर मिल, कियो बिरथ अभिमन्न।
तद्यप जुध दारन करै, बल वीरज प्रतिपन्न ॥४८॥

मारे आठ हजार रथि, द्वै हजार जुबराइ।
नव सत गज अभिमन हनै, अगनित पाइक आइ ॥४९॥

इह बिध हन अरि गनन कौ, हमैं बढावत सोक।
दुःसासन सुत बस परयो, अभिमन गो परलोक ॥५०॥

सो०— सुन भूपत के बैन, हा सुत हा सुत यौं कहत।
अर्जुन लहै न चैन, भर उसास भूतल परयो ॥५१॥

चौ०-सुरत मुहूरत पीछे आई, तब कपि केतन उठयो रिसाई।
हाथ हास सों मो सन लाग्यो, कहत बचन अति कोपहि पाग्यो ॥

अर्जुन उवाच

सांचो बचन सुनो चित लाई, मीच जयद्रथ के ढिग आई।
जो भय भीत न रन तैं भागै, काल्हि सोइ भुव फेर न जागै ॥५३॥

जो न परै अब सरन हमारी, तौ ह्वै है जम नगर बिहारी।
ताहि लिये जो हम सों लरै, सो पुनि ताको साथ हि करै ॥५४॥

जो ऐसो रन मैं नहिं ठानो, तो मैं करहों नरक पयानो।
जो गत मात पिता के मारे, जोपातक गुरुतल्प सिधारे ॥५५॥

जो साधन की निंदा करै, चुगल षोर अरु थौणी हरै।
जो गत गो ब्राह्मन के मारे, जो जल मूत पुरीषनि डारे ॥५६॥

गो ब्राह्मन सों पाइ छुहावै, जैसी गति गुरु निंदक पावै।
सो गत सकल हमारी होवै, जो न काल्हि सैंधव रन सोवै ॥५७॥

एकाकी जो षात मिठाई, जो गत लहै सुरारस पाई।
पाप और सब गने न आवै, गुपत प्रकट जो जगत कुमावै। ५८॥

सो सब मैं निहचै कर धारों, जो न काल सैंधव को मारों।
और प्रतिज्ञा एक हमारी, सुनहु सकल जो सब ते भारी ॥५९॥

दो०— जो बिन सैंधव के हने, सूर अस्त ह्वै जाइ।
तो यह ठौर परौं तुरत, जलत अग्न मैं जाइ ॥६०॥

स०— नाग पुरेस जलेस धनेस सुरेस जो आइ सहाइ करे गो।
यद्यपि किंनर यक्ष पिशाच सुगंध्रप पन्नग ओघ अरेगो॥
जो ये दुरे धरनी धरनी तल व्योमनि जाइ उपाइ धरेगो।
तद्यप काल्ह हमारो हिबान जयद्रथ राइके प्रान हरेगो ॥६१॥
यों कहि गांडिव हाथ लियो पुनि षैंच के दछन बामन आयो।
ताको निनाद गयो दसहीं दिस ताछिन के सब संष बजायो॥
पारथ संष बजाइ कियो तबहीं पुनि नाहर नाद सुवायो।
घोष भयो सब बादित को अरु पांडव सैन सबै हरषायो ॥६२

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्त विरचिते भाषायां
अर्जुनप्रतिज्ञो नाम षोडषोऽध्यायः ॥

सतारहवां अध्याय

संजय उवाच

स०— चारहि पारथ को बरतंत सो सैंधव राइ सों जाइ सुनायो ।
सोक सों मूढ भयो सुनि कै पुनि त्रास बडो मन में तब छायो ॥
सोचत ही मन मैं तब सैंधव कौरव राइ सभा महि आयो ।
भूपत सों यह बात कहे भयभीत भयो अति ही सकुचायो ॥१॥

दो०— दुष्ट पूत पुरुहूत को जो कहियत कपिकेत ।
बैठि सभा मैं सपथ तिन, कीने मम वध हेत ॥२॥

तातें अर्जुन सों डरौं, धरौं न मनमें धीर ।
भागत हौं अथवा सबै, मोको राषहु बीर ॥३॥

द्रोन सुयोधन कर्न कृप, मद्र राज नृप सूर ।
एते जम तें राषई, कौन अरज्जुन कूर ॥४॥

तब अपने कारज लिये, कहत सुयोधन राइ ।
तोहि जयद्रथ को हनै, भूपति गन मैं आइ ॥५॥

ताते भूप न तुम डरो, जुरि यह सकल नरेस ।
सूरवीर रन मैं निपुन, जीति सकैं अमरेस ॥६॥

सो०— ए सब सैन समेत, राषहिंगे तो कों नृपति ।
कौन एक कपिकेत, ताते डर मत मानिये ॥७॥

[वीरविलास

संजय उवाच

सो०— समझायो इह भांत, धीर कछुक मन मैं धरत।
गयो जयद्रथ राइ, सहित सुयोधन द्रोन ढिग ॥८॥

जाय तहां इह भांत, द्विजवर को पूछन लग्यो।
सांच कहो तुम तात, जानत हौ गुन सबनि के ॥९॥

दो०— अर्जुन को अरु मोह को, कहु गुरु देव बिसेष।
दूर पात दृढ भेद अरु, लाघव इन को देष ॥१०॥

द्रोण उवाच

दो०— मैं जानों सम दुहुन को, तदपि अधिक गुडकेस।
धीरज अरु दृढ योग तें, जानहु सिंधु नरेस ॥११॥

तुम पुनि अर्जुन बीर तें क्यों हू डरो नर राइ।
तो को रन मैं राषि हौं, अर्जुन सकै न आइ ॥१२॥

सो०— व्यूह बनावौं सोइ, जो अर्जुन भेद न सकै।
सावधान तुम होइ, धर्म जान रन मैं लरौं ॥१३॥

पढ्यो यथा विधि वेद, कीने याग घने तुम्हैं।
अब मत मानहु षेद, दुर्लभ है रन मैं मरन ॥१४॥

पावहुगे ुर लोक, रन मैं सनमुष लर मुए।
तजहु मरन को सोक, तातें सैंधव राइ तुम ॥१५॥

दो०— हम यह कौरव पांडु सुत, यादव सब जग और।
रन मैं कोइ न थिर रहै, किये उपाइ करोर ॥१६॥

सो०— तब सैंधव निर भीत, भयो द्रोन के बचन तें।
सुनि रन मरन पुनीत, चाहै पुनि सन्मुष लर्यो ॥१७॥

भयो मुदित कुरु सैन, सिंह नाद कर कर उठे।
कहत विजय के बैन, वादन घोष घनो भयो ॥१८॥

संजय उवाच

दो०-- सपत किये अर्जुन जबै, सैंधव मारन हेत।
कहे बचन यह भूप तब, नर सौं षगपति केत ॥१९॥

काल्ह जयद्रथ को हनौं, जो तुम करयो करार।
मोहि साथ समझे बिना, बडो उठायो भार ॥२०॥

दुरजोधन के सिबर ते, आये हमरे चार।
कह्यो हमारे साथ तिन, उन को सब व्यवहार ॥२१॥

चौ०—जो तुमहूं परतज्ञा कीनी, सो सैंधव छिन महि सुन लीनी।
जाइ सुयोधन सों तिन कह्यो, रन मैं पारथ साहस गह्यो ॥२२॥

चाहत है वध काल्हि हमारो, केहर नाद कियो पुनि भारो।
ताकी झूठ न होइ प्रतज्ञा, भागत हों नृप दे मुहि अज्ञा ॥२३॥

अथवा सूर सकल धनुधारी, नृप तुम रच्छा करहु हमारी।
तब दुर्योधन बचन उचारे, तो को कौन जयद्रथ मारे ॥२४॥

देषि निपुन रनवीर हमारे, बान पुंज छोरत अनयारे।
भूप अरज्जन ते मत डरो, युद्ध हेत सब उद्यम करो ॥२५॥

यौं बिध सैंधव नृप समझाओ, सुनियत व्यूह दरोन बनायो।
सकट व्यूह इक बडो बनायो, पद्म व्यूह तिह अंतर आयो ॥२६॥

सूची व्यूह तिहि माहि विराजै, तहां षरो नृप सैंधव गाजै।
षट रथ ताहि व्यूह के आगे, जीवत क्यौंहु न रन ते भागै ॥२७॥

दो०-- करन द्रोन सुत भूरि श्रव, मद्रराइ वृषसैन।
गौतम यह षट रथ बडे, क्यौंहूं लरत भगै न ॥२८॥

अर्जुन उहि जीते बिना, सैंधव हन्यो न जाइ।
जीते जाहिं न सकल वह, किये अनेक उपाइ ॥२९॥

तातैं अर्जन कीजिये, पुनि कछु मंत्र विचार।
सुहृद सचिव सब बूझिकै, मंत्रन जानन हार ॥३०॥

अर्जुन उवाच

दो०-- मानत हो षटयान तुम, जो उनके बलबान ।
जानहु बल उन सबन को, मो बल अरध समान ।।३१।।

सो०-- मधुसूदन तू देष, सैंधव सिर भूतल परयो ।
अरिगन हनौ असेष, देषत ही द्विजराज तब ।।३२।।

स०—देष हुगे तुम काल्ह छये चहुँ ओरन ए सरजाल हमारे ।
फूटत बारन कुंभन तें पुनि छूटत ही छत जात पनारे ।।
सूरन के सिर चूरन होत सिलोच्चय सानु ज्यौं बज्र बिदारे ।
कालहि मो भुजवीरज संपत देषहिंगे रन देषन हारे ।।३३।।
हाथ धरौं हथियार न मैं बच माधव जो कछु झूठ उचारौं ।
देषत ही सब द्रोन अनीक विदारि जयद्रथ पास सिधारौं ।।
सैंधव के रषवारन कों सर तीषन लाइ महीतल डारौं ।
जद्यव देव अदेव सबै लरहै रन तद्यप मैं नहिं हारौं ।।३४।।
गांडिव दिव्य सरासन है अरु योध हमै तुम सारथि नीको ।
कौन अजीत रहै हम सों तुम संसय दूर करो सब जीको ।।
मो बल देष सुयोधन को निज जोधन को गन लागिगो फीको ।
जानि कहा मुहि निंदत हो मधुसूदन त्रास दिषाइ अरी को ।।३५।।

दो०— काल जयद्रथ पाइगो, सुरगति परम पुनीत ।
निहचै करि जान्यो हमैं, जहां कृष्ण तहां जीत ।।३६।।

सञ्जय उवाच

दो०— यौं कहि पारथ कृष्ण को, पुनि यह कियो निदेस ।
प्रात होत ही साजिये, हमरो यान सुबेस ।।३७।।
लहत न अर्जुन कृष्ण तब, नींद भरे दुष सोक ।
नर नारायन कुपित लषि, डरे सकल दिव ओक ।।३८।।

होन लगे कुरु सैन मैं, अति दारुन उतपात।
ताहि देषि कौरव डरे, जानि बीरबर घात ।।३९।।

कह्यो अरज्जुन कृष्ण सों, समझावो बहु भांत।
जाइ माय अभिमन्न की, बधू सहित बिललात ।।४०।।

सो०-- तब अर्जुन घर आइ, सोक सहित वसुदेव सुत।
कहे बचन इमि भाइ, बिलपत दुषित सुभद्र को ।।४१।।

चौ०—करो शोक मत बहन हमारी, क्यौंहू मीच टरे नहि टारी।
जो कुलीन छत्रिन मन भायो, उचित मरन सो अभिमन पायो ।।

दो०-- तूँ पुनि जननी वीर की, वीर सुता कुल जात।
वीर तिया अरु वीर की, भगनी क्यौं पछतात ।।४३।।

सैंधव पुनि निज करम को, पावहिगो फलयोग।
कालहहि अर्जुन सर हरचो, ता सिर लष है लोग ।।४४।।

परतज्ञा कपिकेत की, क्योंहू झूठ न होइ।
तातें सोक न कीजिये, जग मैं थिर नहिं कोइ ।।४५।।

सञ्जय उवाच

दो०— वासुदेव को बचन इह, सुन पुनि भरी संताप।
रोइ सुभद्रा कहत है, तब बहुभांत विलाप ।।४६।।

चौ०—दोऊ विराट द्रुपद की जाई, रुवत सुभद्रा के ढिग आई।
तीनों बहु ऊंचे सुर रोवैं, सुनत सबन को धीरज षोवैं ।।४७।।

सो०— भली भांत समुझाइ, वासुदेव तिन सबन को।
पुनि अर्जुन ढिग आइ, विदा कियो तब सिवर को ।।४८।

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि कविदत्तविरचिते भाषायां
सुभद्रासांत्वनं नाम सप्तदशोऽध्यायः ।।

अठारहवां अध्याय

संजय उवाच

सो०— अर्जुन के घर आइ, मुष कर पाइ पषारि कैं।
मृदु कुस सेज बनाइ, उद्यम कीनो सयन को ।।१।।

चौ०–आन सकल उपचार नवीनो, दुहन तबै शिव पूजन कीनो।
कह्यो कृष्ण तब पारथ सो बहु, जात हौं मैं तुमरी सुभ होवहु ।।२

दो०— वासुदेव दारुक सहित, आयो अपने धाम।
सोयो करत विचारहीं, अर्जुन के हित काम ।।३।।

लहै न पांडव सिवर मैं, कोऊ नींद उहि रात।
अपने अपने शिवर मैं, कहन लगे यह बात ।।४।।

अर्जुन परतज्ञा करी, नेक न कर्‌यो विचार।
काल्ह जयद्रथ को हनौं, जीति सकल रषवार ।।५।।

राष्यो सकल नरेस जुरि, क्यौं बह मार्‌यो जाइ।
ऐसे क्यों निबहै दई, सरहै कौन उपाइ ।।६।।

जो कछु सुकृत कियो हमैं, जप तप दान बिसेष।
अर्जुन तिन के पुण्य सो, अरिगन हनौ असेष ।।७।।

सो०— यों विध करत विचार, बीत गई सिगरी निसा।
पुनि उहिं कृष्ण मुरार, जागि उठ्यो अध रात हीं ।।८।।

दो०-- उठकर दारुक सों कही, कृष्ण देव यह बात।
अर्जुन परतज्ञा करी, सैंधव हनों प्रभात ।।९।।

सो०-- ता सुन कौरव राइ, सैंधव के राषन लिये।
करहै बहुत उपाइ, ज्यौं वह हन्यो न जाइगो ।।१०।।

दो०-- तातें त्यौं ही करत हौं, सुन दारुक यह बात।
हने जयद्रथ राइ को, ज्यौं अरजुन परभात ।।११।।

पुत्रदार अरु सुहृदगन, ज्ञाति बंधु जग जोइ।
सुन दारुक अर्जुन बिना, मोह न प्यारो कोइ ।।१२।।

देष मुहूरत ना सकौं, यह जग अर्जुन हीन।
रन मैं अर्जुन के लिये, करौं सकल अरि छीन ।।१३।।

चौ०--देष बाहुबल काल्ह हमारो, अर्जुन हेत हनौं जग सारो,
चौ विध सेन सहित नृप घने, देष काल्हि मम साइक हनै ।।१४

सो०-- मोकों अर्जुन मीत, काल्हि सकल जग जानई।
देषि लरत निरभीत, रन में कपिकेतन लिये ।।१५।।

दो०-- जो अर्जुन के मीत रिपु, सोई हमारे जान।
दारुक मन मैं राष तूं, अर्जुन है मम प्रान ।।१६।।

तातें होत प्रभात हीं, साजहु हमरो यान।
चक्र गदादिक पाइ कै, रन के सकल समान ।।१७।।

तू पुनि कबच लगाइ कै, चलहु हमारे साथ।
देष अरज्जन सर हन्यो, सिंधु देस को नाथ ।।१८।।

जाहि जाहि को चाहिगो, जीत्यो रन कपिकेत।
ताहि ताहि को जान तूं, जीत्यो सैन समेत ।।१९।।

दारुक उवाच

दो०-- जाके तुम सारथि भये, सकल भुवन के नाथ।
क्यों ताकी होवे नहीं, जीत लरत रिपु साथ ।।२०।।

ज्यौं प्रभु तुम सासन करी, त्यौं ही करौं परभात।
जीत लिये कपि केत की, लाइ कवच वर गात ॥ २१॥

संजय उवाच

दो०-- सोयो पुनि उत सेज मैं, पारथ करत विचार।
देष्यो तिन छिन सुपन मैं, श्रीपति कृष्ण मुरार ॥२२॥

अभ्युत्थान सदाकरै, लषि जादव को राइ।
ताते उठि अरजुन मिल्यौ, तासो आगे आइ ॥२३॥

मिलि ताको आसन दियो, कियो वहुत सनमान।
बैठ अरज्जुन सों कह्यो, कृष्ण बचन सुषदान ॥२४॥

अर्जुन सोक न कीजिए, काल बडो बलवान।
करम करम करि देव बस, आनै सकल जहान ॥२५॥

काहे करत विषाद तूं, कहु मोसों समुझाइ।
जो चाहत हो काज तुम, ताको करौं उपाइ ॥२६॥

अर्जुन उवाच

चौ०—माधव मैं परतज्ञा कीनी, सो छिन दुरजोधन सुन लीनी।
सैंधव जतन बडे कर राष्यो, चाहत झूठ कर्यो मम भाष्यो ॥२७

द्रोन व्यूह दुरभेद बनायो, सैंधव ताके बीच छिपायो।
छप्यो तहां पुनि डीठ न परहै, या मैं सूर पयोनिधि पर है ॥२८॥

झूठ होइगो वचन हमारो, तातें सोक धरों हिय भारो।
ऐसे सुन अर्जुन के बैना, कहै बचन पुनि पंकज नैना ॥२९॥

अस्त्र पासपत नाम सनातन, यासौं असुर हनै पुर सातन।
पारथ जो तुम को वह फुर है, तो काल्हि हि सैंधव भुव मैं परहै

दो०-- जो न फुरै तो कीजिए मन में शिव को ध्यान।
अर्जुन ताहि प्रसाद ते, पावहिंगे वह बान ॥३१॥

यौं सुनि के अर्जुन कियो, महारुद्र को ध्यान।
ता छिन देष्यौ आप को, उडत चलत असमान ॥३२॥

स०-पारथ को भुज दच्छिद सों गहि केसव ताहि के साथ सिधार्‌यो।
केसव के पद जात पुनीत हिमाचल वै मनिमंत निहार्‌यो॥
उत्तर देस लष्यो गिरि स्वेत बिहार के हेत कुबेर सिधार्‌यो।
देष्यो देव नदी तट मैं कछु कौतक सो नहि जात उचार्‌यो॥३३॥

देषत देस बदेस मनोरम पारथ पार कछू नहिं पायो।
दौरत ठौर अपूरब देषि बिहारन मैं अति ही बिसमायो॥

आगे तें भूधर एक लष्यौ अति ऊंचौ गिरीस के तेज सों छायो।
जाइ तहां सिव संकर देषि असेष तबै तन ताप बहायो॥

क०-- भूधर सुता समेत हेत करि बैठ्यो तहां,
सोहत बिभूत भूत भूपति निहार्‌यो है।
सूरज सुहंस ज्यौं प्रकाशमान तेज दिये,
राजत जटानजूट सूल कर धार्‌यो है॥
धवल सरीर लसैं चीर भुज पातनि के,
अजिन लपेट लांक अति हि सुधार्‌यो है।
रीझैं बार बार दोनों दंड लौं प्रनाम कै कै,
ताको हसि तीन नैन बैन यों उचार्‌यो है॥३५॥

दो०-- नर नारायन कुसल है, उठो करो बिसराम।
किहि कारन आयो इहां, कहो आपनो काम॥३६॥
मो पै चाहत हौ कहा, दीजै मोहि बताइ।
काज सकल तुमरो करौं, जो तुम को सुषदाइ॥३ ॥

सो०-- यों सुन हरि कै बैन, उठे दोऊ कर जोर कै।
अर्जुन कृष्ण सुचेत, शिव अस्तुत लागे करन॥३८॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
शिवदर्शनो नाम अष्टादशीऽध्यायः।

उन्नीसवाँ अध्याय

श्री कृष्णार्जुनौ ऊचतुः

छप्पै— नमो नमो भव रुद्र सर्व शंकर वरदायक।
नमो उग्र शिव भीम भर्ग त्र्यंबक पशुनायक ॥
नमो नील घनकंठ वृषभ वाहन पुरसातन।
नमो दक्ष मष सरन शूल धर अंधक नासन ॥
जय ईस सीस रजनीस धर सकल देव वंदित चरन।
जग सृष्ट रक्ष संहार कर निज जनके संकट हरन ॥१॥

सो०— उस्तुत कर इह भांत, वासुदेव अर्जुन सहित।
कियो मुदित सित गात, चाहत अपने काम को ॥२॥

दो०— तब अर्जुन देष्यो तहां, कियोजु निस उपहार।
ह्वै प्रसन्न कर जोर के, किये प्रनाम हजार ॥३॥
बोल्यो बचन अदीन ह्वै, अजन सिव के साथ।
दीजे मोहि अभोग इक, बान कृपाकरि नाथ ॥४॥
यौं अर्जुन को बचन सुन, हसि बोल्यो पशुराइ।
जो चाहो सो देत हौं, जान्यो तुमरो भाइ ॥५॥
एक इहां सर निकट है, दिव्य पियूष निधान।
मारि सकल अरि मैं धरे, तहां धनुष अरुबान ॥६॥
तातें आनो ससरधनु, तुम हरि पारथ जाइ।
यों सुनि कै दोनों चलै, लै शिव प्रथम सहाइ ॥७॥

चौ०—जाइ तहां जल मैं इकु देष्यो, नाग सूर सम तेज बिसेष्यो।
दूजो नाग और इक तहां, सहस सीस धारत विष महां ॥८॥

स०—ताहि को देषत ही कर जोर दोऊ उहि नागन के ढिग आए।
जाप कै कै शत रुद्रन को बहु भांत तबै वृषकेत रिझाए॥
नाग वहै शिव के परताप सों देषि परे धनुबान सुहाए।
लै धनु बानन को हरि पारथ प्रीत हिये सिव पास सिधाए॥९॥

दो०— बान सहित धनु आनि कै, दीनो हर के हाथ।
दीनो मंत्र पढाइकै, अर्जुन को पशुनाथ॥१०॥
अर्जुन पुनि अति मुदित ह्वै, लियो पाशुपत बान।
चले दोइ निज सिवर को, शिव को करत प्रनाम॥११॥

चौ०—ले वरदान रुद्र ते आये, सर्‌यो काज मन मैं विगसाए।
भली भांत अस्तर शिव दीनो, अर्जुन काज संपूरण कीनो॥१२॥

संजय उवाच

दो०— हरि दारुक उत कहत हीं, बीत गई वह रैन।
प्रात होत भूपति जग्यो, सुनत मधुर पद बैन॥१३॥

स०—बाजत हैं सब साज घने पुनि होन लग्यो घन घोष सुहायो।
गावत है जस मागद सूत भली विध गाइकै गीत सुनायो॥
घोष सबै मिल एक भयो घन को जनु भूतल अंबर छायो।
प्रात समै सुष सेज मैं सोवत पांडव भूपति आन जगायो॥१४॥

दो०— उठ्यो भूप सुष सेज ते, सिमरत गुरु हरि चेत।
प्रात कृत्त करि कै सबै, गये सनान निकेत॥१५॥
तेल सुगंध लगाइ कै, धर्‌यो धौत परिधान।
सुचि सुगंध जल सो तबै, भूपति कियो सनान॥१६॥
संध्योपासन कर भले, कियो जाप चितलाइ।
नित्य होम विध सो कियो, यज्ञसाल महि जाइ॥१७॥

आयो दूसर काष पुनि, आसिष द्विजगन देत।
ताको दीने गो कनक, वसन असन करि हेत ॥१८॥

नृप पुनि तीसर काष मैं, वर आसन मैं आइ।
बैठ्यो जै जै कर मिले, परिचारक तब धाइ ॥१९॥

लिये दान सनमान सों, मागध सूत रिझाइ।
द्वारपाल तब यौं कह्यो, भूपति के ढिग आइ ॥२०॥

महाराज बाहर षरो, कृष्ण देव जदुनाथ।
चाहत है तुमरो दरस, और लोक तिहि साथ ॥२१॥

तब भूपति ऐसे कह्यो, द्वारपाल तुम जाइ।
वासुदेव जदुराइ को, आनहु तुरत बुलाइ ॥२२॥

लै सासन कुरुराइ की द्वारपाल बहि जाइ।
वासुदेव आन्यो तहां, बैठ्यो नृप ढिग आइ ॥२३॥

पूछत है नृप कृष्ण को, सुष सों बीती रैन।
त्यों ही पूछो प्रीतकर, भूपति पंकज नैन ॥२४॥

चौ०—सैन सकल जो बाहर षरी, द्वारपाल सुनिवेदित करी।
लेकर पांडव नृप को सासन, तहां सेन आनी अरिनासन ॥२५॥

दो०— भीम नकुल सहदेव पुनि, सातकि द्रुपद नरेस।
द्रोपद तनय विराट नृप, धृष्ट्रदुमन सुभ वेस ॥२६॥

आए और घने तहां, भूप सूर सिर मौर।
करि प्रणाम कुरुराइ के, बैठे निज निज ठौर ॥२७॥

तब भूपति हरि सों कह्यो, सुनत सकल नरवीर।
तब प्रसाद ते कृष्ण जू, टरै हमारी भीर ॥२८॥

ज्यौं पहले करके कृपा, किये हमारे काम।
तैसे पुनि अब कीजिए, बडो काम घनस्याम ॥२९॥

हमरो एक अधार तू, और न दूजो कोइ।
तातें अर्जुन को बचन, क्यौंहू झूठ न होइ ॥३०॥

एक दिवस नारद कह्यो, आइ हमारे साथ।
कृष्ण पुरातन पुरुष है, सकल भुवन को नाथ ॥३१॥

सो हम चाहत हैं तर्‌यो, कौरव जलधि अपार।
हूजे प्लव करिये कृपा, तुम ही तारन हार ॥३२॥

सो०— यौं भूपति के बैन, सुनि करि सूर समाज मैं।
कह्यो बचन सुषदैन, कमल नैन कुरुराइ सों ॥३३॥

सुनो धरम नर नाह, अर्जुन सम जोधा कोऊ।
तीन लोक में नाहिं, सस्त्र अस्त्र गति मैं निपुन ॥३४॥

तेज अमर्ष विसेष, जुद्ध चतुर अरु बिक्रमी।
आज महीपति देष, मारहिगो रन अरिन को ॥३५॥

मैं अर्जुन हित जान, जाइ समर त्यों ही करौं।
ज्यौं अरिजन की हान, आजु सब्य साची करै ॥३६॥

स०—भूपति आज जयद्रथ को सिर बान कट्‌यो भुव मांहि परेगो।
ताहि को मास पिशाच निशाचर को गन षाइ कलोल करेगो॥

यद्यपि ताहि लिये कपि केत सों देवन को गन आन लरेगो।
तद्यप भूप जयद्रथ आज हन्यो जमलोक विहार करेगो ॥३७॥

दो०— कृष्णदेव यौं कहत ही, आयो उत कपिकेत।
कर्‌यो प्रनाम नरेस को, मिल्यो भूप करि हेत ॥३८॥

उठ भूपति अति प्रेम सौं, अर्जुन को गर लाइ।
सूँघ सीस आशिष दई, अर्जुन को सुषदाइ ॥३९॥

स०—भूप कहै हसि आज कछू मुष देषि परै तुमरो विकसानो।
त्यौं रन मांह उछाह भर्‌यो हरि जानि परे हियरे सरसानो॥

जानि हमै निहचै करि आज जयद्रथ को जम के बस आनो।
यौं सुनिके कपिकेत कह्यो सब जो निसि देषि परो विसमानो ॥४०

दो०— केसव के परताप सों, जो कछु देष्यो रैन।
ताहि सुनत बिस्मै भये, बढ्‌यो सबन को चैन ॥४१॥

तब भूपत आज्ञाकरी, सब हूँ को रन हेत।
गये कृष्ण युयुधान तब, हित करि बिजय निकेत ।।४२।।

स०—जाइ तहां हरि पारथ को रथ जान हिये हित साजन लागै।
बानरकेत बनाइ धर्‌यो सुनिकै धुन ज्यौं घन की सुष लागै ।।
सोहत यान बन्यो अति उत्तम बाल दिवाकर सों दुति जागे।
साज भले जदुराज वहै रथ आन धर्‌यो कपिकेत के आगे ।।४३।।

तब पारथ साइक बार लगाइकै धार लिये हथियार बनाई।
वृद्ध घने रन सिद्ध विधायक आसिष देत सबै सुषदाई ।।
दान दिये बहु होम कियो, भलि भांति लियै द्विजदेव मनाई।
आन चढ्यो उहि यान कपिध्वज साथ चढै युयुधान कन्हाई ।।४४

दो०— गोविंद बैठ्यो सूत ह्वै तुरग रश्म गहि हाथ।
ता मैं पारथ लसत ज्यों, बुध सित मैं दिन नाथ ।।४५।।

देषत सूचक सकुन तब, चल्यो विजय रन हेत।
कहे बचन युयुधान को, ह्यां तुम रहो सुचेत ।।४६।।

चौ०—बडो काम सैंधव वध जैसे, जानहु भूपति रछ्या तैसे।
आजु होत रन जोत हमारी, देषि सकुन सिगरे शुभकारी ।।४७।।
तुम पुनि भूपति ढिग रहो, सब मिलि भूपति को हित चाहो।
तो बिन मोहि प्रतीत न आवै, औरन सों मन नांहि पत्यावै ।।४८
सातकि मैं तुमरो बल जानों, वासुदेव सम तुमको मानों।
तीन लोक ऐसो कोउ नाहीं, जो जीते तुम को रन माहीं ।।४९।।

दो०— जो तुम भूपति ढिग रहो, अथवा रति पति आइ।
गमन करौं निहचिंत ह्वै, हनों जयद्रथ राइ ।।५०।।

सो०— ताते भूपति पास, सावधान सब ही रहौ।
करों जयद्रथ नाश, मेरी चिंता मत करो ।।५१।।

दो०— जहां कृष्ण सारथ भयो, मैं रन जोधन हार।
सातकि निहचै जानिये, तहां न होत विकार ॥५२॥
बहुत भली यौं कहि मुरयो, सावधान युयुधान।
गयो युधिष्ठिर राइ ढिग, अर्जुन को हित मान ॥५३॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
अर्जुनप्रस्थानं नाम एकोनविंशोऽध्यायः।

बीसवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

स०— कौरव जानत है सिगरे रन पारथ को परभाव अदीनो ।
बैठ सभा महि पंचन मांहि जयद्रथ मारन को हठ लीनो ।।
सूत सुन्यो जब गांडिव घोष बडो फरक्यो कपिकेत सुझीनो ।
पारथ यों करि कोप चढयो रनदेव कहा हमरो सुत कीनो ।।१।।

दो०— जो धुन हमरे शिबर मैं, होत रहे सुषदाइ ।
आजु कहा न सुनी परै, कहु संजय समुझाइ ।।२।।

स०—चाहत संध दुहूं दल को हरि जा दिन मैं हमरे घर आयो ।
ता दिन मैं उपदेस कै कै बहु भांत सुयोधन मैं समझायो ।।
गोविंद सों प्रतिकूल रह्यो पुनि मेरो कह्यो मन मैं न बसायो ।
मोहि को छांड दिवाकर पूत दुसासन सों मिलि मंत्र पकायो ।।३

चौ०-भीषम द्रोन आद सब स्याने, द्यूत भलो कोऊ नहिं माने ।
बृद्ध बचन उर में जो धरतो, तो दुरयोधन बहु सुष करतो ।।४।।
वेद पुरान सकल यों कहैं, धर्मवंत मानुष सुष लहै ।
मधुर बचन बोले सकुलीना, क्यौं न होइ पांडव दुष छीना ।।५।।

स०— सूत कही कै सुयोधन को हम बारहि बार रहे समुझाई ।
न्याइ तें आधी मही उन को सुत दीजिए हैं तुमरे वह भाई ।।

पांडव जान परे हम सों हित चाहत है सब कौ यदुराई।
यों बहु भांत कही सब ही पै सुयोधन के मन एक न आई ॥६

दो०— सूत पूत वसुदेव को, जहां अरज्जन सूर।
तहां हार कैसे परै, सूत न समझै क्रूर ॥७॥

तुम पुनि भीषम द्रोन बध, कह्यो सूत इत आइ।
जानो मो सुत कौ मिल्यौ, बिदुर बचन फल आइ ॥८॥

ताते चाह्यो देव को, होत नहीं बिपरीत।
कहु संजय ममपुत्र की, जो कछु नीत अनीत ॥९॥

सञ्जय उवाच

सुनो भूप सब ही कहों, जो कछु देष्यो नैन।
तुमरी सकल अनीत है, निज कुल को दुष दैन ॥१०॥

व्यर्थ कहा तुम करत हो, अब बिलाप कुरुराज।
जैसे निकरे नीर कौ, सेतु बंध कित काज ॥११॥

क्यौंहू भूप टरै नहीं, जो कछु होवन हार।
तातें सोक न कीजिये, यौं विध लिष्यो लिलार ॥१२॥

स०—जो तुम होरत द्यूत हुते सुत को पुनि दै घर हूँ ते निकारो।
आन अरे रन द्वै दल होरि कै जो करतो रनहूं ते उतारो॥
भूप सम्हारत जो तब ही अब होत कहां इतनो दुष भारो।
झूठो विलाप गनों तुमरो बिष साथ मिठास ज्यौं बैन तिहारो ॥१३

दो०— सिनि सुत अर्जुन भीम से, जिन के जोध उदार।
जिन को सचिव गोपाल है, तिन की होइ न हार ॥१४॥

ज्यों तुम को सबते अधिक, जानत हुतो मुरार।
त्यौं न तुम्है मानत अबै, लषि तुव कपट अपार ॥१५॥

कहौं समर बरतंत सब, जो मुहि पूछो राइ।
कौरव पांडव ज्यौं लरैं, धरम षेत में आइ ॥१६॥

क०— भयो जब भोर तबै व्यूह के बनाइबे को,
उद्यम कियो है द्रोन सैन को सम्हारिकै।
सूर सब साजै रन साजन अनेक भांत,
केहर लौं गाजै धनु जेहन संवार कै॥
चाहत हठीले सब शत्रुन के मारिवे को,
निज जस पारबे को भारत विचार कै।
सारथ समेत वह कहां कपिकेत आज,
फेरत कृपानी सितवानी यौं उचार कै॥१७॥

दो०— जान चढयो इत उत फिरै, तुरत तुरंग चलाइ।
द्रोन बनावत व्यूह को, गहिरो संष बजाइ॥१८॥
भूप जयद्रथ को तबै, कह्यो द्रोन यह बैन।
तुम अरु मो सुत करन कृप, मद्रराज वृषसैन॥१९॥
सेन लाष असवार पुन, रथ षट अयुत सुजात।
गजदस चार हजार अरु, रन सिक्षित मदमात॥२०॥
पाइक लैकर साथ तुम, पुनि इक बीस हजार।
षरे रहो षटकोस लगि, मोसों अन्तर धार॥२१॥
तहां रहत तुमको नृपति, मार सके न सुरेस।
धीरज मन मैं राषिये, कौन मनुज गुडकेस॥२२॥
यौं सुनि धर धीरज गयो, तहां जयद्रथ राइ।
सावधान रन निपुन अति, लै बहु सूर सहाइ॥२३॥
दुःसासन दुरमरष पुनि, सिंधुराज हित मान।
अरु विकर्न ठाढे भयो, दल के आगे आन॥२४॥

सो०— व्यूह कोस चौबीस, पाछे विस्तर कोस दस।
व्यूह रच्यो द्विज ईस, चक्र सहित यौं सकट नृप॥२५॥
पद्म व्यूह तिहिं मांहि, ता मैं सूची व्यूह पुनि।
सूची के मुष मांहि, कृत्त वरम ठाढो भयो॥२६॥

गुप्त जयद्रथ राइ, राष्यौ सूची पास मैं।
ता ढिग ठाढो आइ, दुर्योधन बहुबल सहित ॥२७॥

दो०— द्विजवर आगे सकट के, क्रोधी समर उदार।
देषि परै जमराज लौं, करत धनुष टंकार ॥२८॥

मुदित भये रथ द्रोन को, देषि सकल तब पूत।
व्यूह ग्रसत है भूमि को, यौं मान्यो सब भूत ॥२९॥

व्यूह चतुर्विध बल सहित, अरि उर भेदन देष।
भूर सुयोधन राइ को, आनंद बढ्यो विसेष ॥३०॥

सञ्जय उवाच

स०—दुन्दुभि भेर मृदंग बजे तब पारथ को रथ डीठ पर्यो है।
होन लगे उतपात भयानक देषत ही सब लोक डर्यो है॥

नाकुलि ढीठदुमन्न दुहूँ मिलि पांडव को बल व्यूह कर्यो है।
द्वै दल आन अरै रन मैं नृप कोप बडौ मन मांहि धर्यो है ॥३१॥

दो०— दुर्मर्षन तब कहत है, सब को बचन सुनाइ।
आज बिजय को जीत हौं, सहित सूत जदुराइ ॥३२॥

स०—ठाढो रहो सब ही मम बान सों देषिये जू इन को बल टूट्यो।
देषहु मोहि सो आज अर्यो रन पाहन पाहन सों जनु फूट्यो॥

तेज अपारथ पारथ को कोउ आज गनौ मत मोहुते छूट्यो।
कौरव कीरत मान को चाहत यौं कहि ठाढो भयो अनषूट्यो ॥३३

क०— कोप्यो जमराज लै प्रचंड दंड हाथ किधौं,
किधौं सुरराज धरै वज्र देषियतु है।

किधौं सूल हाथ भूत नाइक सह्यो न जाइ,
किधौं नीर नाथ लिये पास पेषियतु है॥

फेरत सरास लसै आयुध सुवासतन,
पारथ महारथ वै भूप भूषियतु है।

ताहि समै तापत दिसान ज्यों प्रकास मान,
भान सेत वाहन को यान देषियतु है ।।३४।।

दो०— देवदत्त पूरन कियो, तब पारथ अनषाइ ।
घोर पंचमुषनाद कर, पंचजन्न जदुराइ ।।३५।।

स० – तब कायर लोक बडो डर पाइकै साज सजे रन भागन के ।
नृप काकेन कंप छुटचो तन मैं अरु रोम उठे भय जागन के ।।
पुनि एक अचेत ह्वै षेत परे नर एक डसे जनु नागन के ।
कुरु सेन डरी यह भांत तबै सुन संष बजै हरि फागुन के ।।३६।।

चौ०–मूत पुरीष तुरग गज तजै, दारुन धुन सुन पीछै भजै ।
बदन बिदारि सबद कपि करचो, ता सुनि भूप सकल जनु डरचो ।।
पुनि धर धीरज हम ठहराये, करि धुन घोर बजंत्र बजाये ।
मिल सब सबद भयो इक गोला, ता सुनि अरजुन करत कलोला ।।
कहे बचन हरि सों हरषानो, दुर्मर्षन पर करहु पयानो ।
हनौ प्रथम सिंधुर बल भारो, कृष्ण तुरत रथ हांक हमारो ।।३९।।
यौं सुनि हरि रथ बेग चलायो, छिन मैं दुर्मर्षन ढिग आयो ।
लग्यो होन दारुन परहारा, लरै एक सो सूर अपारा ।।४०।।
अर्जुन नीरद सो सर बरसै, लोकन को निज लाघव दरसै ।
एक हि बार सकल मिल सूरा, बानन सों अरजन रथ पूरा ।।४१।।
तब भूपति अर्जुन अनषायो, तज सित सर कुरुसेन सतायो ।
सीस रथिन के भूतल डारे, हने तुरग कुंजर मतवारे ।।४२।।
उठत कबंध धनुष असिपानहि, परे भूमिनिज सीस न जानहि ।
अगनित सीस भुजनि सों धरनी, छाइ रही नृप जात न बरनी ।।
यह पारथ पारथ है कहां, सुनियत सूर वचन यौं तहां ।
सकल सेन अर्जुन करि जानहि, कौरव युद्ध परस्पर ठानहि ।।४४।।
भगी भूप सब सैन तिहारी, छोर छोर रन दूर सिधारी ।
जिन जिन को अरजुन सर लागै, सो सोए भुव फेर न जागे ।।४५।।

दो०— लषि पीडत निज सैन कों, अर्जुन को रन हेत।
दु:सासन आयो तहाँ, भारत कोप निकेत ॥४६॥

चौ०-गज गन साथ लियो मतवारो, अरजुन पर दौरयो बल सारो।
कर उठाइ कुंजर सब धाए, पंष सहित जनु सैल सुहाए ॥४७॥

दो०— लषि आवत अति वेग सों, अर्जुन गज बल घोर।
ताको शर बरषा करी, करि दारुन हरि सोर ॥४८॥

सो०— पारथ समर उदार, छोरत अति तीषन सरन।
बारन सेन मंझार, आन पर्‌यो नृप वेग सों ॥४६॥

चौ०--लगे मर्म पारथ सर दारुन, आर्तनाद कीनो तब बारन।
अंग अंग बानन सों जरैं, पर्वत ज्यौं गज भूतल परैं ॥५०॥

गज असवार हजार हि मारे, शोणित के पुनि चले पनारे।
देष सेन अरजुन मर धायो, दु:सासन अतहीं डर पायो ॥५१॥

भाज द्रोन दल मैं नृप आयो, दु:सासन अरजन शर छायो।
ताहि जीत अरजन अनषायो, तुरत द्रोन दल ऊपर धायो ॥५२॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
जयद्रथवधे दु:सासनपराजयो नाम
विंशोऽध्याय: ॥

इक्कीसवां अध्याय

संजय उवाच

चौ०—गुरु देवन सो तजि अभिमाना, हाथ जोर अरजुन मतिमाना।
जानि कृष्ण मत बिनती करी, दे आसिष मोकों शुभकरी ।।१।।

तुव प्रसाद कौरव दल गाहौं, आजुहिं सैंधव को वध चाहौं।
द्विजवर राष प्रतज्ञा मेरी, मानौं आन समर इक तेरी ।।२।।

दो०— ज्यौं निज सुत असुथाम को, राषत हो हित मान।
तैसे राषहु मोहु कों, सेवक अपनो जान ।।३।।

यौं सुन अर्जुन के बचन, हंसि बोल्यो द्विजराइ।
अर्जुन मो जीते बिना, सैंधव हन्यो न जाइ ।।४।।

स०—यौं कहि द्रोन अरज्जन को हसि तीषन बानन के गन छोरे।
यान छयो सरजालनि सों पुनि बिद्ध किये धुज सारथि घोरे ।।

छोरि अरज्जन बान तबै सित द्रोन अचारज के सर तोरे।
साइक पाइन लाइ षरे नव बान दरोनहु के तन पोरे ।।५।।

दो०— तब पारथ सर तोरके, द्रोन भर्‌यो अभिमान।
बान अरज्जन कृष्ण को, लावै भुजग समान ।।६।।

अरजुन यौं इच्छा करी, कटौं द्रोन धनु राइ।
ता छिन अर्जुन धनुष को, कट्‌यो पनच द्विजराइ ।।७।।

चौ०-अरजुन पनच लगायो नयो, षट सत बाननि सों द्विज छयो।
पुनि शत सात बिसष अनयारे, लाइ द्रोन सैनक भुव डारे ।।८।।

दो०— साज सहित कुञ्जर तुरग, भूप मनुज अरु यान।
चूरन ह्वै धरनी परे, लागत अर्जुन बान ।।९।।
अगन सदागति वज्र सों, जरत उडत अरु चूर।
गेह मेह गिरि लौं तबै, परे धरनि गज भूर ।।१०।।
देषि अर्जुन सर हन्यो, धरनि परत निज सैन।
द्रोन बान बरषा करी, कोप अरुन कर नैन ।।११।।
अर्जुन रवि सर किरन सों, दहत कुरुन कुरु राइ।
द्रोन जलद शर वर्ष सों, लियो बेग कर छाइ ।।१२।।
पुनि अरजुन के उर गड्यो, द्रोन अमोघ नराच।
ताहि लगै छिति कंप ज्यौं, गिरि कांप्यो सबसाच ।।१३।।
धर धीरज ठाढो भयो, पुनि अरजुन रन हेत।
बान लगावै द्रोन को, सारथि तुरंग समेत ।।१४।।

स०—केसव को सर पांच लगाइकै साइक जालनि सौं नर छायो।
द्रोन अचारज को धनु मंडल देषि परे रन मांहि सुहायो ।।
यौं बहु भांत दरोन अरज्जन आपस मैं रन घोर मचायो।
ताहि को देषि महा मति माधव पारथ को यह बैन सुनायो ।।१५
पारथ होत विलंब हमें अब द्रोन को छांडि चलो तुम आगे।
और कछू मन में मत आनहु दोष कहा गुरुदेव ते भागे ।।
जाइ हन्यो न जयद्रथ आज तो आन कलंक तुम्हैं जग लागे।
जान बडो यह काम जयद्रथ आज सुयो भुव फेर न जागे ।।१६।।

दो०— यौं सुनि अर्जुन कहत है, भली कही जदुराइ।
क्यौं हमरे मन ना लगै, जो कछु तुम्हैं सुहाइ ।।१७।।
दक्षन करि गुरुदेव को, चल्यौ तुरत कपिकेत।
छोरत बान अनेक तब, अरिजन को दुष देत ।।१८।।

स०—भूपति जात अरज्जन कौ हसि द्रोन अचारज ऐसे कह्यो है।
जीते बिना न फिरौं रन तें तुम यौं विध पारथ नेम गह्यो है ।।

ताहि को छांडि कै जात कहां अब जुद्ध मैं द्रौन अजीत रह्यो है।
लोक कलंक बडो यह नूतन क्यौं करि कै तुम्हैं जात सह्यो है ॥१६

अर्जुन उवाच

चौ०—शत्रु नहीं तुम हो गुरु मेरे, कुरु पांडव सब हैं तुव चेरे।
तीन लोक ऐसो कोऊ नाहीं, जो जीते तुम को रन मांही ॥२०॥

सञ्जय उवाच

यौं विध कहत चल्यो कपिकेता, तजत बान अरिजन को जेता।
ता पाछे चक्कर रषवारे, उत्तमोज युधमन्यु सिधारे ॥२१॥

संजय उवाच

स०—भोज कंबोज श्रुतायु लिये निज सैन सुजोधन के अनुरागे।
मद्रक केकय गोप ललित्थ बसात नरायन कोपहि पागे॥
पाछे ते आन मिल्यो पुनि द्रोन अमीत घने रन याही ते भागे।
यौं सब ही मिलि कै रन मैं नृप आनि अरे कपिकेत के आगे ॥२२

दो०— मन चाहै सैंधव हन्यो, चल्यो वेग अनषाइ।
मिलि कर औषद रोग लौं, रोक्यो अर्जुन जाइ ॥२३॥
अर्जुन अरि आगे रुक्यो, पाछे द्विजवर वीर।
सबनि तपावै सरनिसों, ज्यौं बढि रोग सरीर ॥२४॥
रथ छेक्यो वेध्यो तुरग, गज असवार समेत।
छत्र अरज्जन सरनिसों, कटे परे बहु षेत ॥२५॥

सञ्जय उवाच

स०—भूप तबै इह भांत अरज्जन ताहि सों दारुन जुद्ध मचायो।
धूर उडी तम गाढो भयो कछु जानि परै अपनो न परायो॥
चाहत सैंधव को वध पारथ बानन सों कुरु सेन सतायो।
लाघव सों कपि केतन ताछिन दौर दरोन के ऊपर आयो ॥२६॥

चौ०—द्रोन पंच विसति सर दारुन, तजे जिष्णु को मरम बिदारन।
द्रोन बान गन अर्जुन तोर्‌यो, तापर ब्रह्म अस्त्र पुनि छोर्‌यो ।।२७

दो०— अदभुत विक्रम दोन को, देष्यो तब कुरु राइ।
तीषन सर अरजन्न के, करत न ताको घाइ ।।२८।।

बरसै पारथ सैल पर, द्रोन मेघ शर धार।
अरजुन बहु साइक किये, ब्रह्म अस्त्र सों छार ।।२९।।

पांच बोस सर जिष्णु को, तजे द्रोन बलवान।
सप्तति हरि उर बाहु मैं, ऊरपे भुजग समान ।।३०।।

हसि अरजुन पुनि द्रोन को तोरे बिसिष बरात।
ता को तज पुनि भोज पर, दौर्‌यो अभिमन तात ।।३१।।

क०— माधव समेत तबै भूप कृत्तवर्म हूं ने,
विध्यो कपिकेत तीष साइक लगाइ कै।
तोर्‌यो है धनुष सव्य साची कृत वर्मन को,
तीषन नराचन सों अति ही सताइ कै ।।
आन धनु लैके पुनि भोज स्वेत वाहन कौ,
पांच सर लाए कोप दारुन दिषाइ कै ।।
देष इहि भांत अरे दोऊ आन षेतहू मैं,
माधव कही ए बात कारज बताइ कै ।।३२।।

दो०— अरजन कत अटक्यौ इहां, लागत हमैं अबेर।
जीत तुरत कृतवर्म को, यादव करिमत हेर ।।३३।।

करि अमर्ष कृतवर्म तब, उठ्यो भ्रमावत चाप।
उत्तमोज जुधमन्यु सों, रन मै भयो मिलाप ।।३४।।

कियो भोज मोहित तबै, अर्जुन षर सरलाइ।
पुनि कंबोज अनीक पर, दौर पहूँच्यो जाइ ।।३५।।

स०—आबत वेग पंचालन को तब रोक रह्यो रन भोज रिसायो।
कौरव राइ दुहून के ऊपर तीषन बाननि को झर लायो ।।

कोप किये उनहूँ पुनि भोज को चाप कटयो धुज भूमि गिरायो।
या मैं गयो नर दूर दुहूँ तब ता मग जेवे को द्वार न पायो।।३६।।

दो०.- वै अटके छिन भोज सों, या मैं अरजुन सूर।
चपल तुरग रथ वेग सों, भूप गयो उठ दूर।।३७।।

अरजुन तीषन सरन सों, हनी कुरुन की फौज।
जद्यप अपने बस परचो, तद्यप हन्योन भोज।।३८।।

लषि आवत कपि केत को, सूर सुतायुधराइ।
चाप भ्रमावत वेग सों, दौरि पहुँच्या आइ।।३९।।

स०—आइ कै तीन अरज्जन को हरि को दस साठ छुरप्र लगाए।
कोप बढाइ श्रतायुध को नर त्यौं नवतो सर सान मंजाए।।
ताहि के चाप निषंग को भंग कियो उर मैं सर सातहिं लाए।
लै धनु आन श्रुतायुध बान सों, पारथ के उरबाहु पि राए।।४०।।

चौ०—बहुत बान पुनि अरजुन छोरे, सूत सहित सैंधव तन तोरे।
भूप सुतायुध तबै रिसायो, छोरि यान अरजुन को धायो।।४१।।

सञ्जय उवाज

स०—भूप श्रुतायुथ है जलनाथ को पूत नदी परनास मैं जायो।
मांग्यो है एक समै तरनी बरदान यहै पिय सों मन भायो।।
मो सुत मार सकै न कोऊ नर यौं सुन प्यारी को बैन सुनायो।
प्रीत बढाइ तबै जल नाइक बाहि की माय को बैन सुनायो।।४२।।

सो०— दिव्य एक हथियार, दैहों तो सुत को प्रिये।
जो उपज्यो संसार, सो कोउ अमर न होवई।।४३।।

दो०— सुन्दरि निहचै जानिये, आइ लरो अरि कोइ।
या हथियार प्रभाव तें, तो सुत हार न होइ।।४४।।

यौं कहि वरुन दई गदा, सुत कौ मंत्र समेत।
ताहि पाइ अरिदुरधरष, भयो श्रुतायुत षेत।।४५।।

कह्यो वरुन पुनि ताहि को, पुत्र गदा यह घोर।
जो न लरे हथियार गहि, ता ऊपर मत छोर ॥४६॥

सो०— तुम हू को यह पूत, ता पर छोरी मारई।
फसे काल के सूत, तात वचन चित ना धर्‌यो ॥४७॥

दो०— लै कर हाथ वही गदा, गोविंद ताडित कीन।
धार लई इक फूल ज्यौं, कृष्ण अंस अति पीन ॥४८॥
फिर उलटी ता पर परी, भूपति ज्यौं सगुनात।
हन्यो श्रुतायुध ताहि छिन, ज्यों कहि दीनो तात ॥४९॥

चौ०—मृतक सुतायुध जब भुव पर्‌यो, हा हा कार कुरुन तब कर्‌यो।
भग्न साष साषी जनु वन मैं, पर्‌यो लसत श्रुतायुध रन मैं ॥५०॥
सेन सकल तुमरी भय पागी, ताहि देष अर्जुन ते भागी।
तब कंबोज नृप पूत रिसायो, नाम सुदच्छन नर पर आयो ॥५१

स०—कुरु भूप दोऊ तब आपस माहिं लगाइ रहे सित बान झरी।
धनु केत समेत सुदच्छिन को कपि केत कट्यो पुनि ताहि धरी ॥
करि कोप सुदच्छिन पारथ हूँ को तजी बरछी बहु तेज भरी।
उलका समलागि अरज्जन को बहु चूरन ह्वै भुव मांहि परी ॥५२
दस चार नराचन सों सब साचि दिये हरि सूत पताक गिराइकै
युबराइ सुदच्छिन को रथचूर कियो सरतीषन और लगाइकै ॥
उरमाहि सुदच्छिन ताहि लगे तजि प्रान पर्‌यो धरनीतल आइकै
असु मोचक साइक भूप तबै इक और तज्यो कपिकेत रिसाइकै ॥

सो०— भूषन सहित विसेष, सोहत अति भूतल पर्‌यो।
हन्यो सुदच्छन देष, भगी सैन तुमरी नृपत ॥५४॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
जयद्रथवधे श्रुतायुधसुदक्षिणवधो नाम
एकविंशोऽध्यायः ॥

बाईसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

हरि गीत—तब अश्रुतायु श्रुतायु दोनो आइ अर्जुन सों अरे।
पुनि ताहि को सित बान छोरे भूप अति रिस ही भरे॥
अति सूर पारथ सहित माधव मोह कों प्रापित कियो।
पुनि लाइ तीषन सूल नर को लौन ज्यों छत मैं दियो॥१॥
अति बिद्ध अरजन रह्यो छिन गहि केतु दंड अधार ही।
करि हर्ष तुमरे सुनत जान्यो लियो अर्जुन मार ही॥
वसुदेव तनय समेत अर्जुन लियो बानन छाइ कै।
तव सेत वाहन इन्द्र अस्तर तज्यो कोप बढाइ कै॥२॥

सो०— ताते अगिनत बान, लागे लगन दुहूनि को।
परे धरन तज प्रान, छिन्न मूल तरु लौं दोऊ॥३॥

दो०— उन के पुनि सेवक सबै, मारे रथी पचास।
नर बर वीरन को हनत, चल्यौ प्रचंड सरास॥४॥
दीर्घ आयु नियुतायु अरु, जाके सुत रनवीर।
आन अरे अरजुन्न सों, छोरत तीषन तीर॥५॥

चौ०—उन को नर सर तीषन लाए, तुरत दोउ यमनगर पठाए।
मारत शत्रु चल्यो नर आगे, ताहि देषि काइर नर भागे॥६॥
हनी सेन चतुरंग तिहारी, चली रुधिर सरता भयकारी।
ता को वारि सकै नहि कोई, हार भूप तुमरी तहां होई॥७॥

सञ्जय उवाच

स०-पीडित यौं अपनो दल देषि सुयोधन द्रोन सों आय पुकारयो ।
द्रौन अरज्जन कोप भरयो, रन काहू पै आज न जात निवारयो ।।
वीर प्रसिद्ध हने हमरे सित बाननि सों बहु सेन संहारयो ।
ताते उपाइ करो अब ही कछु जैसे न जाइ जयद्रथ मारयो ।।८।।

चौ०—भूप जयद्रथ के रषवारे, जान सकल छिन मैं रन मारे ।
सूर सबन मन मैं यह ठानी, द्रौन बडो रन मैं अभिमानी ।।९।।
अर्जुन सौं यह हार न पावै, ता जीते विन क्यों नर आवै ।
सो तुअ देषत ही उठ गयो, सेन सकल मम आतुर भयो ।।१०।।

स०—जानत हौं तुमरी जियकी हित चाहत हौ नित ही उन ही को ।
पूरन वृत्त दई तुमको बहु भांत प्रसाद करौ तव जी को ।।
सो तुम नेक न मानत हो मम बैरिन सों तुमरो हित नीको ।
सो हमैं जान्यो हुतो यह द्रोह तो देत जबाव जयद्रथ ही को ।।११

सो०— द्रोन भरयो अभिमान, सैंधव को रन राषई ।
मैं मूरष यह जान, वैं घर जान दियो नहीं ।।१२।।
कैसे हूं द्विज राइ, छूटै नर यम मुष परयो ।
आइ जयद्रथ राइ, छुटै न अर्जुन बस परयो ।।१३।।

दो०— सो तुम ज्यौं सैंधव बचै, त्यौं ही करो उपाइ ।
कठन वचन मत चित धरो, जो मैं कहे दुषाइ ।।१४।।

द्रोण उवाच

क०— भूपति तिहारो बैन मैं न मन आनत हौं,
पूत के समान तो कों जानत हौं मन मैं ।
सारथी सरस बासदेव कपिकेतन को,
पौन जनु घोरे अति दौरत हैं रन मैं ।।

कोसभर बीछे देष यान हूं के आन लागे,
बान करि कोप तजै बैरिन के मन मैं।
मैं हौं पुनि बूढो ताते भूपत न दौर सकों,
परचो अरु भार आन व्यूह के अँगन मैं ॥१५॥

चौ०—दियो हमैं तुम को वरदानो, गहि भूपति तेरे ढिग आनो।
सो अब दाउ भली विध पायो, नृप तज अर्जुन दूर सिधायो ॥१६

दो०— तातें तजि मुष व्यूह को, लरौं न तासों आइ।
तुम नृप सूर सहाइ लै, लरो आप उहि जाइ ॥१७॥

दुर्योधन उवाच

दो०— जीते जिन तुम वीरवर, क्यौं हम जीतैं तास।
जिन जीते कृतवर्म से, कीने वीर विनास ॥१८॥
जीत्यो वासव वज्रधर, अर्जुन जीत सकौं न।
जानत हौ तुम आप सब, देषि विचार दरोन ॥१९॥
हौं अब तुमरे बस परचो, करि पूरन अभिलाष।
ज्यौं त्यौं अर्जुन जीत कै, कीरत हमरी राष ॥२०॥

द्रोण उवाच

चौ०-कही बात तुम भूपत सांची, है दुरधरष समर सबसाची।
तद्यप एक उपाइ बतावों, कनक कवच तो कों पहिरावों ॥२१॥
ताहि पहिर अर्जुन संग लरिये, भेद संक याकी मति करिये।
सस्त्र अस्त्र सों कटचो न जाइ, यही देष नृप कवच निकाई ॥२२॥

दो०— ताते तुम भय छाडि कै, तुरत आप उहि जाइ।
करहु जुद्ध कपिकेत को, जीतहुगे कुरुराइ ॥२३॥

सञ्जय उवाच

सो०— यों कहि कवच बनाइ, बांध्यो तुव सुत देह मैं।
तब भूपति द्विज राइ, बिधि सों पढ पढ मंत्र वर ॥२४॥

क॰— राषै ब्रह्म ब्रह्मा अरु भूमदेव भूप तो को,
राषै है विधाता राज पन्नग पताल कै।
राषै धुंधुमार नृप नहुष ययाती मान—
धाता ये भगीरथ भजैया नंदलाल कै॥
अंगिरा असित अरु कौसिक वसिष्ठ मुनि,
देवल औ कश्यप तपस्सी चिरकाल कै।
स्वाहा अरु सुधा सची इंदिरा अरुंधती औ,
राषै रनमांहि तो कों पूत पशुपाल कै॥२५॥

दो॰— दस दिस नाथ मही गगन, ग्रह गन दिग्गज चार।
तो को रन मैं राषि हैं, हरि हर विघन पहार॥२६॥

क॰— जीते रन मांहि अति विक्रम सो वृत्र हूं ने,
देव सब आन परे ब्रह्मा की सरन मैं।
कह पुनि तासो हमैं राषहु कृपा निधान,
वृत्र हूं ते बाढी है हमारे भीत मन मैं॥
केसव सहित सब देवन को लोक नाथ,
कह्यो चित चाहों मैं तिहारे सुष तन मैं।
वृत्र उपजाइबे कों पुनि विश्व कर्म हूँ ने,
कीनो तप घोर चिरकाल बैठि बन मैं॥२७॥

दो॰— विश्वकर्म निज तेज सों, शिव की सासन पाइ।
सुर असुरन को दुरधरष, लियो वृत्र उपजाइ॥२८॥
तातें शिव प्रसाद बिन, वृत्र न मारयो जाइ।
करो प्रसन्न महेस को, मंदर पर्वत जाइ॥२९॥
देव सकल मिलके तहां आए शिव के पास।
देष्यो शिव संकर बरद, बैठयो तेज प्रकाश॥३०॥

सो॰— बूझे भूत-नरेस, कहो सकल सुर कुसल है।
कौन हेत इह देस, आये हो साची कहो॥३१॥

कही देव यह बात, वृत्र तेज हमरो हर्‌यो।
देषहु सिगरे गात, बाननि सों जर जर किए।।३२।।

राषहु हमैं महेस, आन परे तुम को सरन।
यौं सुनि के त्रिपुरेस, कहे वचन तब सुरन को।।३३।।

श्री महादेव उवाच

दो०— सकल भाव लमझचो हमैं, सुनो अमर सिरमोर।
उपज्यो त्वष्टर तेज सों, वृत्रासुर अति घोर।।३४।।

ताते तुम हारे सबै, आये हो मम पास।
एक जतन मैं करत हौं, दूर होइगो त्रास।।३५।।

उपजो हमरे देह सों, दिव्य कवच सुर राइ।
पहरि यथा विध मंत्र सों, हनौ वृत्र को जाइ।।३६।।

सो०— यौं कहि वचन अनूप, मंत्र सहित हरि को दियो।
ताहि पहर सुर भूप, जाइ वृत्र रन मैं हन्यो।।३७।।

पुनि कह कवच नरेस, दियो इंद्र अंगिरस को।
कर मंतर उपदेस, उन दीनो निज पुत्र को।।३८।।

चौ०-अग्निवेस को सुरगुरु दीनो, अग्निवेस हम को पुनि दीनो।
सोइ कवच भूपति तुम धारो, जाइ जुद्ध अर्जुन को वारो।।३९।।

सञ्जय उवाच

दो०— यों कहि तो सुत देह मैं, बांध्यो कवच बनाइ।
आचारज फुनि यौं कह्यो, सुनो सुयोधन राइ।।४०।।

सो०— पहले रन मैं आइ, जैसे इंद्र उपेंद्र को।
बांध्यो कवच बनाइ, हिरन्यगर्भ ब्रह्मा हूँ ने।।४१।।

भूपति तुमरे गात, त्यौं हो बांध्यो कवच इह।
बांधि कवच इह भांत, भूप पठायो जुद्ध को।।४२।।

लिये हजार हजार, रथ कुंजर निज साथ ही।
दस लष तुरग उदार, चल्यो नृपत कपिकेत पर ।।४३।।

स०—भूप जबै दुरजोधन युद्ध को पीछे अरज्जन को उठि धायो।
ताहि समै दल पांडव को करि बेग दरोन के ऊपर धायो ।।
सोमक सूर ही वीर बडे उन द्रोनहु सों रन घोर मचायो।
युद्ध लग्यो दिन मध्य सुदारुन सो फुनि मो पै न जात बतायो ।।४४

दो०— मैं न सुन्यो देष्यो नहीं, ऐसो रन कहुँ आन।
जैसे पांडव द्रोन सों, लरे भरे अभिमान ।।४५।।
धृष्ट दुमन आदिक सबै, पांडव लै हथियार।
द्रोन सेन ऊपर तबै, कीनो सर आसार ।।४६।।

स०—तब कौरव दौर मिले उन सों रन आगे अचारज को करिकै।
बरसैं सरधार अपार दोऊ दल कोप बडो उरमैं धरि कै ।।
पुनि पांडव आवत वेग सो द्रोन रुके सित बाननि सों जरिकै।
नृप धृष्ट दुमन्न दरोन लग्यो रन दारुन आपस मैं अरि कै ।।४७।

दो०— धनुष बान बिजुरी षडग, गर्जन केहर सोर।
बरसत हैं सरधार सों, धृष्टदुमन घन घोर ।।४८।।
धृष्टदुमन के सरन सों, पीडित लहै न चैन।
भागी तीन प्रकार ह्वै, भूप तिहारी सैन ।।४९।।
आइ मिले कछु द्रोन सों, कछुक भोज सों आन।
एक मिले जलसंध सौ, रन मैं राषत प्रान ।।५०।।
एकत कर निज सेन पुनि, षरो भयो द्विजराइ।
तद्यप धृष्टदुमन्न सर, हने भगे अकुलाइ ।।५१।।
पांडव सोमक श्वापदनि, घेरे विपन मंझार।
गोप रहित अज यूथ लौं, मारे कुरु सरदार ।।५२।।

व्याधि चौर दुरभिषन सों, ज्यौं कुरु भूप को राज।
कौरव दल पाँडव सरनि, पीडित ग्यो दिस भाज ॥५३॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
दुर्योधनकवचधारणं नाम द्वाविंशोऽध्यायः ॥

तेईसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

सो०— देषि द्रोन निज सैन, फूटी तीन प्रकार ह्वै ।
करि करि राते नैन, छोरत है सर अरिन को ॥१॥

स०—भारत पांडव के दल को द्विज भूपति को मुष घोर निहारचो ।
ऐसो कोऊ न रह्यो रन में जिन तीषन द्रोन को वान न धारचो ॥
त्यों पुनि धृष्टदुमन्न सुतीषन बानन सों तब सेन संहारचो ।
यों विध भूप दोऊ दल मैं चहुँ और हि बान कृसान प्रजारचो ॥२

सो०— धृष्टदुमन अरु द्रोन कै, लागे तीषन बान ।
तद्यप दो दल ना मुरे, राषत कुल अभिमान ॥३॥

स०—आन अरे तुमरे सुत भीम सों भूपति सों नृप सल्य अरचो है ।
बिंद नुविंद बिराट के साथ सिषंडिन सों वहलीक लरचो है ॥
नाम हलायुध राकस ता छिन भीम तनूज सों कूद परचो है ।
द्वंद भये इह भांत अनेक तबै रन आई कोऊ न टरचो है ॥४॥
आपस मांहिं दुहूँ दल ताछिन भूपति दारुन जुद्ध लग्यो है ।
छोरत बान भरे अभिमान लरे तजि प्रान हियो उमग्यो है ॥
चाहत जीत सबै अपनी नर ह्वै भयभीत कोऊ न भग्यो है ।
द्वंद लरे बहु भांत तबै रन आपस में अति कोप जग्यो है ॥५॥

क०— भूपति तिहारी फौज फूटी तीन भांत ह्वै कै,
चहूँ और आन पांडु सूर सर छाए हैं।
चारों अंग आपस मैं लरे दुहूँ दल हूं के,
ताहि समै काहू की न देषि अधकाइ है।
द्रोन के तुरंगन सों मेलि निज घोरन कों,
लाल सेन ताकी दुत सुन्दर दिषाइ है।
कही हू न जाइ ये ढिठाइ ढीठ दुम्मन की,
द्रोन सों लराई ज्यौं रिसाइ कै मचाई है। ६॥

स०—यान दरोन अचारज को नृप जान तबै अपने ढिग आयो।
चाप कृपान लै ढीठदुमन्न सुकूवर के मग सों उठि धायो॥
द्रोन तुरंगनि को पुनि ता रथ जुग्ग में जाय कै षग्ग चलायो।
फेरत लाघव सों करवारनि ताहि को अंतर द्रोन न पायो॥७॥

दो०— चाहत है वध द्रोन को, कोप अरुन करि नैन।
परचो ढीठ दुमन्न तबै, मास हेत जनु सैन॥८॥

चौ०—ताहि देषि पुनि द्रोन रिसायो, सर सत धृष्ट दुमन को लायो।
धृष्ट दुमन के चाप कृपाना, कटे द्रोन तजि दस दस बाना॥९॥
चौसठ बाननि सों धुज घोरे, सूत छत्र ताके द्विज तोरे।
आन बान दारुन इक लीनो, मन मैं धृष्टदुमन बध चीन्हो॥१०॥

दो०— छोरचो धृष्टदुमन्न को, खैंच कान लौं बान।
सो पुनि चौदस बान सों, काट लियो युयु धान॥११॥
धृष्टदुमन द्विजवर ग्रस्यौ, सातकि लियो छुडाइ।
द्रोन तबै युयुधान को, लाए बान रिसाइ॥१२॥

स०—कोप महाविष को धरि कै धनु खैंच बडो मुष बांकि दिषायो।
साइक तीषन दंत लसै दृगलाल किये उर मैं हठ छायो॥

छोरत दारुन स्वास दरोन भुजंग बडो युयुधान को धायो।
ताके तुरंगन को तब वेग लष्यो पुनि मारुत हूते सवायो ॥१३॥

दो०-- लषि आवत अति वेग सों, द्विजवर को युयुधान।
कहन लग्यो हसि सूत सों, बचन भर्‍यो अभिमान ॥१४॥

चौ०-सूत हरष मन मैं तुम धारो, द्विज ऊपर रथ हांक हमारो।
यौं सुनि सूत तुरंग चलाए, बेग भरे द्विज सन्मुष आए ॥१५॥

भूप तबै यादव द्विज राइ, लगी परस्पर घोर लराई।
देषन हार सकल बिसमाए, बान जाल दस हीं दिस छाए ॥१६॥

क०-- सूझत न सूर छयो भूर सर पूरन सों,
बहै न समीर वीर धीरज घटाए हैं।
भयो अंधकार इन साइक आसार हू सों,
भारत न जानि परै आपने पराए हैं ॥
अंतर न देषि परै जादव दरोन हू को,
पन्नग समान बान लाघव सों लाए हैं।
परे हैं दुहूं के धुज छत्र छिन्न भूतल मैं,
दोऊ पुन आपस मैं सोणित भिगाए हैं ॥१७॥

स०--देषत लोक दुहूं दल के अति कौतक सों उन हूँ कि लराई।
लाग रही टक एक उते पुनि जुद्ध कि सुद्ध सबै बिसराई॥
वाजत है न बजंत्र तबै पुनि गाजत सूर कोऊ न रिसाई।
भूप कहा बरनौं युयुधान दरोनहु की रन मैं निपुनाई ॥१८॥

चौ०-सेन सबै देषत उहि ठाढी, आपस मांहि दुहन रिस बाढी।
दोउ लरत रन मैं हरषानै, अंग अंग शित बान पिरानै ॥१९॥

शस्त्र अस्त्र बहु भांत चलाए, देषनहार सकल बिसमाए।
भूप छोर पुनि तीषन बाना, कटचो धनुष द्विज को युयुधाना ॥२०॥

और धनुष द्विजराज लियो पुन, सज्ज धरत कर तोर दियो उन
यौं विध द्रोन धनुष नव सातहि, सातकि तोर दियो मुसकातहि ॥

दो०-- अति मानुष युयुधान को, देषि कर्म द्विज राइ।
यौं विचार मन मैं करत, भूपति अति विसमाइ ॥२२॥

ऐसो है बलराम अरु, अर्जुन अरिजन मांहि।
अथवा निरंजन नाथ मैं, लष्यो आन कछु नांहि ॥२३॥

स०--देषि के तोष भयो द्विजके मन मैं रन मैं युयुधान ढिठाई।
ज्यौं सुर चारन सिद्ध सराहत और तहां जु षरी ही लुकाई।
और लियो पुनि चाप अचारज यादव सों रन घात लगाई।
छोरत दिव्यहु अस्त्र तबै सिन के सुत को द्विजराज रिसाई ॥२४॥

दो०-- द्रोन अस्त्र सित सरनि सों, दूर कियो युयुधान।
ताको अद्‌भुत करम लषि, कौरव भए हिरान ॥२५॥

चौ०-तब भूपति द्विजराज रिसायो, अगन सस्त्र इक दिव्य चलायो।
द्रोन अस्त्र लषि सत्रु बिदारन, तज्यो अस्त्र तब सात्यकि बारुन ॥

दो०— दिव्य अस्त्र लषि दुहुन को, तजन अगन जलधार।
लोक सकल विस्मय भए, कर कर हा हा कार ॥२७॥

भूपति पुन पांडव सबै, सातकि राषन हार।
आन लरै द्विजराइ सों, तजि तजि अस्त्र अपार ॥२८॥

तैसे पुनि तब सैन के, बीर दुःसासन आद।
राषत हैं द्विजराइ को, भ्यो रन निरमरजाद ॥२९॥

जीतत हारत लरत अरु, भागत रन फिर जात।
भूप दिवस थोरो रह्यो, मंद भयो यम तात ॥३०॥

वासुदेव पारथ दोऊ, गए चपल गति दूर।
चाहत सिंधु नरेस बध, हनत घने तब सूर ॥३१॥

भूपति जात जहां जहां, वेग अरज्जन यान।
फूटे फौज तहां तहां, हनी इंद्र सुत बान ॥३२॥

स०--यादव भूप दिषावत है रथ बेग चलावन मैं निपुनाई।
मंडल कै कै दिषावत है बहु भांत तुरंगन की चपलाई॥
आगे अरज्जन छोरे अरीन को पीछे लगे सर कोसहिं आई।
यौं बिध बेग चल्यो रथ ता छिन देषत सैन सबै बिसमाई ॥३३॥
नृप त्यों न चलें शिव वासव वित्तप सूरनि को रथ वेग भर्‌यो।
कहूं देष्यो नहीं न सुन्यो रथ और को जो नर को रथ जात चर्‌यो
हत कुंजर यान तुरंगमषेत पयोनिधि ज्यौं छिन मांहि तर्‌यो।
पुनि भूप तृषातुर छिन्न तुरंगम रुक करि कै हरियान धर्‌यो ॥३४

सो०-- ता छिन अंतर पाइ, भ्रात बिंद अनुबिंद द्वै।
नगर अवंतीराइ, आइ अरज्जन सों अरे ॥३५॥
उनहिं छोरि सर जाल, कृष्ण सहित अर्जुन छयो।
हठ हूं सों ततकाल, सिंहनाद दारुन कियो ॥३६॥

चौ०—भल्लबान अर्जुन द्वै छोरे, तिन के केतु धनुष सब तोरे।
आन धनुष उनहूं कर लीने, अर्जुन हरि सर पीडित कीने ॥३७॥

दो०-- तब पारथ अतिकुपित ह्वै, तीषन तीर लगाइ।
कटे धनुष पुनि दुहन के, सूत तुरंग गिराइ ॥३८॥
तोर्‌यो सीस छुरप्र सों, बिंदु हूं को कपिकेत।
बात भग्न पादप मनों, पर्‌यो भूम वह षेत ॥३९॥
देषि परत निज भ्रात को, भयो कुपित अनुबिंद।
तुरत गदा सों दौरि के, सिर महिं हन्यो गुविंद ॥४०॥
तीषन षट सर लाइ कै, ताके पद भुज सीस।
दिये काट अर्जुन वहै, पर्‌यो धरन अवनीस ॥४१॥

ताके सेवक सकल हने, चल्यो वेग कपि केत।
सोहत है घन मुक्त दिन, नाइक की छबि देत ॥४२॥

भयो तिहारी सैन मैं, त्रास हरष इक बार।
अर्जुन तेज प्रचंड लषि, सैंधव दूर निहार ॥४३॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते
भाषायां बिदानुबिदबधो नाम
त्रयोविंशोऽध्याय:

चौबीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— भूपति कौरव सकल मिलि, घेर्‌यो अभिमन तात।
मंद मंद नँद नंद सों, कही तबै यह बात ॥१॥
दौरत मग सैंधव थकै, अँग अँग पीडित बान।
दूर कृष्ण सैंधव अजो, भयो मंद पुनि भान ॥२॥
माधव जो तुम को रुचै, सो अब करहु उपाइ।
तुम सम और कोऊ नहीं, जानत हो सब भाइ ॥३॥
एक विचार कहो हमै, जो हरि तुम्है सुहाइ।
षोलि तुरग मुष हौं करों, दूर शल्य अरु घाइ ॥४॥

चौ०--यौं सुनि बचन कह्यो जदुराइ, मीत तुम्है मत भली बताई।
यही बात हमरे मन भावै, जो जो शत्रु हरो ढिग आवै ॥५॥

अर्जुन उवाच

चौ०-तजौं कृष्ण साइक अनयारे, कौन सके ढिग आइ हमारे।
ह्वै निसंक निज काज संबारो, करौं इहां सर-पंजर भारो ॥६॥

सञ्जय उवाच

दो०— यौं कहि उतर्‌यो यान तै, बान धनुष कर लीन।
पर्वत लौं ठाढो भयो, अर्जुन सासन कीन ॥७॥

चौ०--छिद्र देष कौरव हरषाये, करत सोर अर्जुन को धाये।
सस्त्र अस्त्र तीषन इकवार हि, भूप सकल तिहि ऊपर डारहि ॥८

तव पारथ बल अद्‌भुत देष्यो, एक बहुन सो लरत विसेष्यो।
डीठ न परत धनुष सर जोरत, अगनत बान कुरुन के तोरत ॥९

दो०— एकाकी भूतल षरो, लरत बहुन के साथ।
तद्यप नेकुन हारई, सुरपति सुत कुरु नाथ ॥१०॥

हने अरज्जन सरनि सों, तब कौरव अन षाइ।
थके जतन बहु भांत कर, सके न नेरे आइ ॥११॥

तबै कृष्ण कपि केत सों, कही भूप यह बात।
चाहत हैं जलपान को, तुरग भरे श्रम गात ॥१२॥

यौं सुन अर्जुन ताहि छिन, इक सर भूतल मार।
उतपत सर कीनो तहां, उदर तुरग सुषकार ॥१३॥

घर जनु सर-पिंजर कर्‌यो, ता सर के चहुँ ओर।
साधु साधु हसि कै कह्यो, ता को नंद किसोर ॥१४॥

सञ्जय उवाच

चौ०-सलिल जबै अर्जुन उपजायो, कौरव को दल दूर हटायो।
बान सदन अद्‌भुत जब कर्‌यो, तवै तुरत रथ तैं हरि उतर्‌यो ॥१५

षोलि तुरग अंग अंग पिराए, कियो जतन तन घाउ मिटाए।
भली भांत पय पान करायो, षेद सकल तन दूर बहायो ॥१६॥

अरजन देष धरन तल ठाढो, कर्‌यो बेग तब सेनिक डाढो।
तब हथियार विविध इक वारहि, मिलि कौरव अर्जुन पर डारहि

अर्जुन की रन में निपुनाई, ता छिन की नृप कही न जाई।
एकाकी अरु यान बिहीना, तदपि अरिन सों लरत अहीना ॥१८॥

किये छार उनके हथियारा, छोरि छोरि सित साइक धारा।
हारि रहे ढिग सके न जाई, ता लषि सेन सकल बिसमाई ॥१९॥

दो०— लरत चलत षोलै तुरग, रन मंडल निरभीत।
वासु देव तिहि मध्य ज्यौं, सर पंजर परतीत ॥२०॥

षेद ग्लान सब हरिन की, गई दूर छिन मांहि।
अन्न षाइ जल पान करि, भए जुरत रथ मांहि ॥२१॥

जोरि तुरत पुनि यान मैं, घोरन को जदुराइ।
चढ्यो सव्यसाची सहित, चल्यो यान जनु बाइ ॥२२॥

हरषत हरियुत यान लषि, पुनि भूतल तुअ सूर।
भग्न रदन अहि लौ तजै, दीह स्वास रन क्रूर ॥२३॥

कहत सकल धृग धृग हमैं, यातें कृष्ण समेत।
जीत समर हम सबनि कौ, गयो तुरत कपिकेत ॥२४॥

स०— देषि अपूरव पारथ को बल सूर तबै यह बोल उचारे।
मूढ सुजोधन आप मर्‌यो अरु सैन समेत सबै नृप मारे॥
आज करो कुरु राज जयद्रथ प्रेत के काज जो वेद उचारे।
जानि हमैं तृनलौं हरि पारथ याहि ते जात न जात निवारे ॥२५

दो०— यौं विध सैनक कहत ही, सोच करत मन मांहि।
गयो अरज्जन बेग सों, होरि सके कोऊ नांहि ॥२६॥

सकल सेन गाहत चल्यो, मृग गन ज्यों मृगराज।
पारथ संष बजावहीं, भगै सैन सुनि गाज ॥२७॥

पारथ सर आगे तजै, पीछे लागे आइ।
चल्यो बेग रथ ताहि सों, पहुँच सकै नहिं वाइ ॥२८॥

छयो सूर रन धूर सों, मंद भयो तिहि काल।
पारथ को देष न सकै, कौरव बीर बिहाल ॥२९॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
अर्जुनरथमोचनं नाम चतुर्विंशोऽध्यायः।

पच्चीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०—   जो जो मारे लाज के, धारत कुल अभिमान।
रन अरजन सनमुष गए, तिन तिन तजे परान ॥१॥

पारथ सित सायक हने, छोरि छोरि तब युद्ध।
भगे क्लीव कपिकेत सों, बेदनि सों जनु बुद्ध ॥२॥

हरि माधव मृगराज ज्यों, लंघ गये मरु देस।
सावधान पयपान के, षोजत सिंधु नरेस ॥३॥

षोजत सैंधव मृग निकट, हरि पारथ मृगराज।
रन निपान ठाढे भये, करत सुदारुन गाज ॥४॥

वदन वरन लषि ताहि को, भूप सकल तब सेन।
जान्यो हत सैंधव तब हि, दूर गयो चित चैन ॥५॥

मुदित भये कपिकेत हरि, निकट जयद्रथ राइ।
देषि शेन जनु मास को, गहरे शंष बजाइ ॥६॥

स०—ता छिन भूप सुयोधन द्रोन सों साज अभेद कवच्च बनायो।
युद्ध लिये कपिकेतन सों अभिमान भर्‌यो चढि यान सिधायो॥
कौरव संष बजावत जंत्रन होन लग्यो हरिनाद सुहायो।
आन अर्‌यो लषि ताहि के आगेहि यों नर को हरि बैन सुनायो॥
पारथ जान कृतारथ आपको जुद्ध करो जस के धरिवे को।
देषि सुयोधन भूपत आवत क्रोध भर्‌यो तुम सों लरिवे को॥

मूल यही सिगरेई विरोध को चाहत है तुमरे परिवे को।
तीषन बान अमोघ तजो अब याही के प्रानन के हरिवे को ॥८॥

दो०— जो हिय संचि धर्‌यो तुम्है, कोप हलाहल घोर।
याही मैं तज ताहि कों, हे कौरव सिर मोर ॥९॥

चौ०-रह्यो राजमद सों नित छायो, क्लेस लेस कबहूं नहिं पायो।
तांते तुअ पौरष नहिं जानै, सूरवीर आपुन को मानै ॥१०॥
सुर नर दानव जो तिहि लोई, तो को जीति सकै नहि कोई।
भली भई कुरु राइ रिसायो, रन मैं तुव सरगोचर आयो ॥११॥

स०-पारथ मार सुयोधन को मन मैं कछु और विचार करो मत।
इन द्रोह कर्‌यो तुम सों बहु भांत लियो छल जीत धरम्म महीपत
गहि केसन सौं तुमरी तिय आन सभा मैं नगन्न करी अति रोवत
रन मैं तुम पाइकै दाउ अबै चिर लाउ नहीं सिर याही को तोरत॥

सञ्जय उवाच

दो० - एवमस्तु कहि यों कह्यो, पारथ हरि सों बैन।
बडो काज जान्यो हमैं, यही कमल दल नैन ॥१३॥
कृष्ण हांक रथ वेग सों, दुर्जोधन की ओर।
प्यारी सों अन ऋण भयो, चाहौं तज सर घोर ॥१४॥

सो०— यौं सुनि पारथ यान हरि हांक्यौ अति वेग सों।
भूप भर्‌यो अभिमान, आन पर्‌यो निरभीत ह्वै ॥१५॥
बजे बजंत्र अपार, भूप तिहारी सैन में।
हरि पारथ भयकारि, हरि करि धुन पूरे जलज ॥१६॥

चौ०—देषि कुपित अर्जुन जदुराई, हमरे वदन परी पियराई।
हन्यो हन्यो नृप यों सब कहै, बीरन को तब धीर न रहे ॥१७॥
कह्यो दीन बैनन सुन भूपत, हन्यो कृष्ण कपिकेत डरो मत।
दै धीरज इहि भांत सबन को, आप तुरत दौर्‌यो पुनि रन को॥

दो०— भूप भरोसे कवच के, लरन गयो निरभीत।
ता छिन तृन सम जानिकै, माधव माधव मीत ॥१६॥

चौ०—जाइ निकट अर्जुन हंकारयो, अरुन नैन कर वचन उचार्‌यो।
कहे लोक तुम को जस भागी, जो लौं हम सों रिस नहिं जागी ॥

स०—जो धनुवेद को भेद भलीविधि द्रोन अचारज तोहि सिषायो।
सो सब आज दिषावहु मोहु को जो तुहि पारथ पांडु को जायो ॥
यौं कहि तीन सुतीषन तीर लगाइ अरज्जन को उर घायो।
चार तजे चहुँ घोरनि को सर काटि छरी हरि बानन छायो ॥२१

दो०— तव सुत को अर्जुन तबै, छोरे चौदस बान।
लागि कवच कुंठित भये, अर्जुन भयो हिरान ॥२२॥
देषि विफल निज सरनि को, ताहि समै सबसाच।
ताको तीषन बान पुनि, तजे और नव पांच ॥२३॥
त्यौंही पुनि कुंठित भये, देषि विजय के बान।
भूप बचन तब यौं कहे, ताही को भगवान ॥२४॥
मोहि बडो अचरज लगै, देषि निफल तव बान।
अर्जुन वह भूल्यो कहा, बान प्रयोग विधान ॥२५॥
ताते तुम अब मोह सौं, सांच कहो कपिकेत।
तुमरे सर अरि देह लगि, व्यर्थ भए किह हेत ॥२६॥

अर्जुन उवाच

चौ०—द्रोन कवच याको पहिरायो, तोन लोक इहि मांहि समायो।
कवच अभेद कट्‌यो नहिं जाई, जद्यप बज्र तजै सुरराई ॥२७॥
एक द्रोन याकी विधि पाई, दूजे सुरपति मोहि बताई।
जान अजान भए तुम कैसे, जो पुनि पूछत मोको ऐसे ॥२८॥
तीन काल को ज्ञान तिहारो, कहा करत मन मोह हमारो।
या को क्यों तुम जानत नाहीं, पूरन रहत सदा सब ठाहीं ॥२९॥

कहा भयो जो कवच लगायो, इन पुनि याको मरम न पायो।
आज कृष्ण भुज वीरज मेरो, याकी पीठ सहित तुम हेरो ॥३०॥

यदपि अभेद कबच इन धार्‌यो, तदपि देष मोहू सों हार्‌यो।
यौं कहि अर्जुन साइक छोर्‌यो, अश्वथाम अस्तर सों तोर्‌यो ॥३१

दो०-- सकल अस्त्र हर अस्त्र बहु, द्रोन पुत्र को देषि।
ह्वै विसमत हरि सों कह्यो, अर्जुन वचन बिसेषि ॥३२॥

वासुदेव या अस्त्र को, बहुरो सकौं न छोरि।
फिर छोर्‌यो मो को हने, अरु मम बल को तोरि ॥३३॥

स०—ता छिन भूप सुजोधन सूत सने नर कौ नव बान लगाए।
फेर भुजंग समान षरे शर माधव पारथ को वरसाए॥

केहर नाद करे सब कौरब संष अनेक बजंत्र बजाए।
कोप किये कपिकेतन चाटत ओठ तबै दृगलाल दिषाए ॥३४॥

दो०-- राषे कवच दुराइ कै, दुरजोधन सब अंग।
एकहु डीठ न परत है, करै याहि मैं भंग ॥३५॥

तज अर्जुन सर उरग से, लिये तुरग वर मार।
पुनि दुरजोधन के हने, सूत पीठ रषवार ॥३६॥

चौ०-कट्यो धनुष रथ चूरन कीनो, भयो सुजोधन जान विहीनो।
पुनि सर करतल दुहनि लगाए, तबसुत अंग सकल सिथलाए ॥३७

कुरुजन अर्जुन बान संतायो, देष सकल तुमरो दल धायो।
चौविध सेन अरज्जन घेर्‌यो, भूप छुटत जमते जनु हेर्‌यो ॥३८॥

माधव यान सहित हरि जायो, डीठ न परत तवै सर छायो।
तोर सकल उनके सर यान हि, करी विजय तब सेन विहालहि ॥

दो०— चूरन ह्वै धरनी परे, रथ नर तुरग मतंग।
रोकै रथ कपि केत को, यदपि लहै रन भंग ॥४०॥

शर बरसत कपि केत पुनि, कर्‌यो धनुष टंकार।
सिंहनाद करि कै तवै, पूर्‌यो जलज मुरार ॥४१॥

एक सुनत धुन संष की, एक हनै सित बान।
छोरि अरज्जन को भगे, भूप परे तज प्रान ॥४२॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां

दुर्योधनपराजयो नाम पञ्चविंशोऽध्याय:।

छब्बीसवां अध्याय

संजय उवाच

स०-- बेग सों आवत पारथ को लषि भूप जयद्रथ के रषवारे।
केहर नाद कै कै सब ही तब शंष बजाइ के चाप टंकारे॥
ता धुन को सुन कै हरि पारथ नीरज नाद किये भयकारे।
पूर रही धुन भूतल मैं गिरि सागर कानन कंपत सारे॥१॥
दौर परे हरि पारथ ऊपर वेग भरे सरदार तिहारे।
सोहत है बहुभांत तुरंगम कंचन सों सब साज सँवारे॥
झांझर संष मृदंग घने पुनि बाजत गोमुष भेरि नगारे।
पारथ को चहुँ ओरहुते हथयार सबै इक बारहि डारे॥२॥

दो०— भूरिस्रव वृषसेन कृप, कर्ण सल्य सलवीर।
द्रोण पुत्र सैंधव सहित, आठ महारथ धीर॥३॥
लरन लगे कपिकेत सों, सैंधव राषन हार।
एक वार मिलकै सबै, बरसत बान अपार॥४॥

छ०— द्रोन तनय तब बान तीन सप्तति अनियारे।
कृष्ण देव उर लाइ तीन अर्जुन पर डारे॥
किये पांच सर लाइ बिद्ध अर्जुन के घोरे।
ताको षटसत बान निसित अर्जुन पुनि छोरे॥
दस बान कर्न अंगनि गडे ता सुत उर पुनि तीन सर।
कटि चाप ससर पुनि सल्य को अर्जुन सर छोरे अवर॥५॥

क०— लैके धनु आन तीन बान कपिकेतन को,
मद्र नर नाह तबै कोप करि लाए हैं।
भूरिश्रव तीन रविनन्दन बतीस तजे,
ताके सुत सात नर गातन गडाए हैं।।
भूप इह भांत कपि केत कुरु वीरन को,
लाघव सों पन्नग से साइक लगाए हैं।
तीषे तीर लाइ तबै भूपति तिहारे वीर,
पारथ प्रचण्ड पौन मेह ज्यौं उडाए हैं।।६।।

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— सूत कहो धुज सबन के, भिन्न भिन्न सुविचार।
सोहत ज्यों अति छब भरे, धारत विविध अकार।।७।।

सञ्जय उवाच

कहौं भूप धृतराष्ट्र सुन, धुजवर विविध बनाइ।
सोहत जाननि में धरै, मंद पवन फहराइ।।८।।
भिन्न भिन्न पुनि धुजन के, कहौं नाम अरु रूप।
जो देषे रन मैं हमैं, सुनो चित्त दै भूप।।९।।

स०— केहर पूछ समान महाधुज पारथ के कपिकेत विराजै।
सूरज के सुत को धुज कंचन कुञ्जर-काषनि सों छवि छाजै।।
गौतम द्रोननि के धुज बैल सजोधन के अहिराज विराजै।
सल्य महीपत के धुज कंचन मोर मतंगज राज सभाजे।।१०।।

दो०— कंचन धुज वृषसेन को, मोर लसत मनि माल।
सिंह पूछ द्विज पुत्र को, ध्वज वर लसत बिसाल।।११।।
केतु सिंधु नर नाह को, सोहत रजत वराह।
अरुन वदन रवि लौं लसै, फरकत है रन मांहि।।१२।।

ए नव केतु प्रसिद्ध जग, देषि परत उहि ठौर।
भूप लसत अगनित तहां, बिबिध नाम रंग और ॥१३॥

संजय उवाच

चा०-कहा कहौं नृप कुमत तिहारी, सेन सकल यम के बस डारी।
हरि पारथ सिगरे दल जीते, लरत बहुन सों ह्वै निरभीते ॥१४

लसत धनुष फेरत गुडकेसहि, हन्यो चहत मनु सिंधु नरेसहि।
सेन सकल अर्जुन सर छाई, भूप तिहारी लषी न जाई ॥१५॥

त्यौं मिल सबनि नर छायो, भयो ताहि छिन घोष सुहायो।
नरहरि लौं कुरु कुंजर घेर्‌यो, तजि भय लरत हमैं नृप हेर्‌यो ॥१६

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— सूत तबै सैंधव निकट, अर्जुन पहुँच्यो जाइ।
पाछे रन कैसो भयो, पुनि पांडव द्विजराइ ॥१७॥

सञ्जय उवाज

क०— कियो रन घोर द्रोन सूर सिरमोर हू सों,
पांडव पंचाल हूं ने दूने जोर पाइ कै।
कुल अभिमान भरे दौरत उठान कै कै,
यान द्विज भूपत को लीनो बान छाइ कै॥
पांडव नरेस आन लर्‌यो द्विजनाइक सों,
नकुल विकर्ण हू सों अति हि रिसाइ कै।
सोमदत्त पूत हूने द्रौपदी के पूतन सों,
दारुन मचायो रन तीषे सर लाइ कै ॥१८॥
आवत निबार्‌यो भीम रिष्यश्रृंग सुत हू ने,
दुहूं राम रावन ज्यों कीनो रन चाइ कै।
साइक लगाए सहदेव दुरमष हू को,
सातकी को व्याघ्र दंत पर्‌यो रन धाइ कै॥

लग्यो रन घोर ठौर ठौर हूं मचायो सोर,
सूर सिरमोर लरै लाघव दिषाइ कै।
पांडव नरेस हू ने ताडित कियो है दरोन,
भूप तब नब्बे सित साइक लगाइ कै ॥१९॥

दो०— द्रोन पंचविंशति विशिष, गडे भूप उर मांहि।
तेते सर पुनि ताहि को, अरपे तप नर नाहि ॥२०॥
बीस बान तीषन तजे, द्रोन कुपित अति चेत।
धर्मराइ पीडित कियो, धुज हरि सूत समेत ॥२१॥
तोरि धनुष सरजाल सों, लियो भूप पुनि छाइ।
सब जन जान्यो ताहि लषि, मार्‌यो पांडव राइ ॥२२॥
अति पीडित कुरुराज तब, छिन्न धनुष को छोरि।
और धनुष कर धार कै, दिये द्रोन सर तोरि ॥२३॥
द्विज के सब सर छार कै, भूप किये द्दग लाल।
गही सकत कर मैं तबै, कंचन दंड बिसाल ॥२४॥
ब्याली ज्यों करते छुटी, द्रोन देषि पुनि ताहि।
ब्रह्म अस्त्र परगट कियो, करी छार छिन मांहि ॥२५॥
चूरन करि नृप सकति को, ब्रह्म अस्त्र बहु घोर।
पांडव भूपति यान ढिग, भूपति पहुँच्यो दौर ॥२६॥
ताहि देषि भूपति तबै, दारुन कोप दिषाइ।
ब्रह्म बान सों ब्रह्म सर, समित कियो कुरुराइ ॥२७॥

चौ०-पांच बान द्विज को पुनि लाये, कट्यो धनुष अंग अंग पिराए।
छिन्न धनुष तज विप्र प्रधाना, गही हाथ गद बज्र समाना ॥२८
भूपति देषि गदा भयकारी, तापर तुरत गदा नृप डारी।
घसि घसि गदा परस्पर दोई, अगन लता जनु भूतल बोई ॥२९॥

दो०— भूप तबै दोनों गदा, भई लीन भुव मांहि।
द्रोन अचारज बीरबर, कर्‌यो कोप लषि ताहि ॥३०॥

स०—भूपति के हरि मार लिये चहु बाननि सों इक सों धनु तोरयो ।
एक सों केतु कटयो द्विज पुंगव तीनहु सों नृप को उर फोरयो ॥
कूद परयो धरनी तल मैं पुनि भूपति वै रथ बेग सों छोरयो ।
ठाढो भयो भुज ऊरध कै रन द्रोनहुँ सों मुह नेक न मोरयो ॥३१

दो०— द्रोण दौरि नृप को परयो, छोरत तीषन बान ।
भाग्यो पांडवराइ चढि, नकुल सहोदर यान ॥३२॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
जयद्रथवधे युधिष्ठिरपराजयो नाम
षड्विंशोऽध्यायः ।

सत्ताईसवां अध्याय

संजय उवाच

दो०— लरे भूप बहुभांत पुनि, सुभट घने रन और।
तिन को कहौं समासते, ताछिन को रन घोर ॥१॥

चौ०· बृहत् क्षत्र केकय तजि बाना, हरषे मधुर तास के प्राना।
और घने तव सैनिक मारे, छोर छोर साइक अनियारे ॥२॥

दो०— धृष्ट केत अरु बीर धनु, भूप लरे बहु भांत।
महा बेग कर कर तबैं, ज्यौं बारन मद मात ॥३॥

चौ०–अद्‌भुत जुद्ध बीर भयदायक, भयो सबन को देषन लायक।
बीर धनुष इक भल्ल चलायो, धृष्ट केतु को धनुष तुरायो ॥४॥
छोरि छिन्न धनु सकति उठाई, बीर धनुष को वेग चलाई।
तुरत आइ वरछी उर लागी, धसी उदर धरनी जनु नागी ॥५॥
बीर धनुष धरनी तल आयो, भग्यो सेन तुमरो डर छायो।
दुरमुष औ सहदेब रिसाए, लरे भूप रन मांहि सुहाये ॥६॥
छोरत बान परस्पर दोऊ, देषत हैं कौतक सब कोऊ।
दुरमुष के धुज सारथि घोरे, केतु सरनि सों पांडव तोरे ॥७॥

दो०— दुरमुष के उर पांच सर, अरपे सर्प समान।
चढ्यो जान निरमित्र के, सो पुनि तजि निज यान ॥८॥

तवै कुपित सहदेव इक, भल्लबान सित छोर।
डार्यो सिर निरमित्र को, भुज धरनी मैं तोर ॥९॥

भूप पर्यो निरमित्र जब, त्रिगरत भूप किसोर।
भूप भयो तुव सैन मैं, हा हा हाथ मरोर ॥१०॥

जीति नकुल हूं ने लियो, नृप विकर्ण छिन मांहि।
देषि सकल बिसमै भए, करम अमानुष ताहि ॥११॥

व्याघ्रदंत रिसवंत ह्वै, तज तज तीषन वान।
सूत तुरग धुज सहित ही, छाइ लियो जुजुधान ॥१२॥

पुनि सातकि सित सरनि सों, साश्व सूत धनु केत।
व्याघ्रदत्त मद मत्त वह, डारि दियो तब षेत ॥१३॥

भूपति भूमि पर्यो जबै, मागध भूप कुमार।
सातकि पर दौरे तबै, मागध सूर अपार ॥१४॥

डारे इकबारहि इन्हें, सातकि पर हथियार।
तजि तीषन युयुधान सर, किये पलक सब छार ॥१५॥

अगनित सर उन को तजै, हसत हसत युयुधान।
ताहि लगे मागध सबै, भागे तजि अभिमान ॥१६॥

कछुक हने भागे कछू, ताहि देष तब सेन।
सातकि तें डर पांइकै, भागत नेक मुरै न ॥१७॥

पांच पाँच सर लाइकै, सोमदत्त सुत धाइ।
विद्ध किये द्रौपदि तनुज, सकै न बान चलाइ ॥१८॥

सो०— नकुल पुत्र द्वै बान, सोमदत्त सुत को तजै।
फुनि सब कर अभिमान, द्रौपदि सुत तासों लरै ॥१९॥

क०— पारथ तनूज हनै घोरे सोमदत्त जू के,
भीमसेन सुत हूं ने केतु काटि लीनो है।
भूपति युधिष्ठिर के पूत सूत मारि लियो,
नाकुली धनुष तीषे तीरन सों छीनो है ॥

साइक लगाइ तीष सोमदत्त सुत हूँ को,
सीस सहदेवजू के पूत काटि दीन्हों है।
ता छिन अनेक भांत भग्यो है तिहारो बल,
ताहि हन्यो देषि के विसेष भयभीनो है ॥२०॥

स०-युद्ध लिये तव भीम के साथ अलंबुस वै रजनीचर आयो।
आपस मांहि दुहूनि रिसाइ कै तीषन बाननि को झर लायो॥
ता सर पीडित यानहि मैं पवमान को पूत तबै मुरझायो।
जाग उठ्यो करि कोप वृकोदर बाननि लाइ अलंबुस घायो ॥२१॥

दो०— बिध्यो भीम के सरनि सों, तुरत अलंबुस राइ।
कहे वचन पुनि ताहि को, दारुन रूप दिषाइ ॥२ ॥
सावधान ह्वजै अबै, भीम कुमत रन मांहि।
विक्रम हमरो देषिये, धरि धीरज मन मांहि ॥२३॥
हन्यो तुमै बक नाम जो, रन मैं हमरो भ्रात।
हों न रह्यो उहि ठौर तब, लगी तिहारी घात ॥२४॥

स०-यौं कहि भीम को भूप अलंबुष ता छिन अंतरध्यान भयो है।
तीषन साइक धार अपारनि सौं परभंजन पूत छयो है॥
भीम अदृश्य अलंबुष जानिकै बाननि सों नभ पूरि लियो है।
ता सर पीडित ह्वै रजनीचर भूतल मैं पल मांहि गयो है ॥२५॥

दो०— भूप उछल पुनि भूम तें, गयो गगन मंझार।
निसचर अदभुत करत रन, देषत देषन हार ॥२६॥

क०— अंबुद लौं गाजत है साजत अनेक रूप,
भूप कठोर बोल बोलत डराने हैं।
आयुध अकास हूं ते परत अनेक भांत,
तुरग मतंग यान मानव पिराने हैं॥
पीडित निहारि निज सैन तबै भीमसेन,
त्वाष्ट्र अस्त्र हूँ सौं सब आयुध उडाने हैं।

दूर भई माया रक्ष भग्यो भीम सैन हूँ ते,
द्रोन दल हू में जाइ प्रान ठहराने हैं ॥२७॥

सो०— भाग्यो राषसराइ, देषि मुदित पांडव भये ।
गाजत संष बजाइ, साधु साधु कहि भीम को ॥२८॥

बहुर अलंबुस राइ, अर्‌यो हिडिम्बा पूत सों ।
माया बहुत दिषाइ, दोऊ लागे करन रन ॥२९॥

चौ०-ताछिन भूप निसाचर दोऊ, माया करत टरत नहिं कोऊ ।
तीषन बान परस्पर लावै, देष राम रावन सुध आवै ॥३०॥

हैंडबी जो माया करे, छिन में ताहि अलंबुस हरै ।
पांडव ताको देषि रिसाए, वेग अलंबुस को उठ धाए ॥३१॥

यान कोट करि चौ दिश घेर्‌यो, सब सो लरत सकल जन हेर्‌यो ।
माया कर कर अस्त्र चलावै, चहूँ ओर अरि सरनि उडावै ॥३२॥

दो०— निकर पर्‌यो रथ कोट तें, पांडव सर गन तोरि ।
कुंजर जनु ठाढो भयो, दावानल को छोरि ॥३३॥

चौ०-तबहि अलंबुस समर उदारा, करत धनुष टंकार अपारा ।
पांडव वीर सकल सर घाए, कर दारुन धुन लोक डराए ॥३४॥

स०-पांडव सूर सबै मिलिकै सित सायक कोनप कै पुनि लावै ।
त्यों कर कोप हिडंब तनूज अलंबुस को बहु बान लगावै ॥

ता छिन भूप भयो रन दारुन भीरुन को अति त्रास बढावै ।
आपस माहि दोऊ रजनीचर क्रुद्ध ह्वै यौं विध युद्ध मचावै ॥३५

दो०— पांडव के सित सरनि सों, ह्वै पीडित भूपाल ।
असुर अलंबुस यान महि, मूर्छित भयो विहाल ॥३६॥

भीम तनय पुनि ताहि लषि, कूद पर्‌यो तज यान ।
गह्यो गरुड अहि राजलौं, चढ़ि वाही के यान ॥३७॥

पूरन कुंभ पषान मैं, ज्यौं डार्यो भुव मांहि ।
कूट पीस चूरन कियो, राषस राषस नाहि ॥३८॥

हरष भरे पांडव तवै, करें मृगाधिप नाद ।
ताहि हन्यो लषि कौरवनि, कीनो बडा विषाद ॥३९॥

साधु साधु कहि पुत्र को, पांडव करत सराह ।
तूरज घोष घनो भयो, मन मैं छयो उछाह ॥४०॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
जयद्रथवधे अलंबुषवधो नाम सप्तविंशोऽध्यायः ॥

अट्ठाईसवाँ अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

सो०— क्यों करि कै द्विजराइ, रोक्यो रन युयुधान हूँ।
कहु संजय समुझाइ, मोकों है अचरज बडो ॥१॥

सञ्जय उवाच

दो०— सुन भूपति चित दै कहौं, ज्यौं रन भयो सुघोर।
पांडव सातकि आद सों, लरचो विप्र सिर मोर ॥२॥

देषि सेन सातकि हन्यो, अपनो द्रोन रिसाइ।
युद्ध हेत युयुधान सों, आप पहुँच्यो जाइ ॥३॥

सो०— तब लषि विप्र प्रधान, ढिग आवत अति कुपित ह्वै।
तजे तुरत युयुधान, पांच बीस छुद्रक षरे ॥४॥

त्यों द्विज तजे रिसाइ, पंचबान युयुधान को।
धसे धरन मैं जाइ, भेद बरम उर उरग ज्यौं ॥५॥

दो०— तज अगनित सर परसपर, लरत दोऊ रन मांहि।
भौ पीडित युयुधान पुनि, रही सुरत कछु नांहि ॥६॥

द्रोन तजे साइक घने, विलष वदन युयुधान।
तब सुत देषि दुहून को, भये मुदित जय जान ॥७॥

तुब सैनिक सब हीं कर्‌यो, सिंह नाद हरषाइ।
संष भरे तूरज निनद, रह्यो गगन भुव छाइ ॥८॥

लष पीडत युयुधान को, सुनि ता धुनि पुनि घोर।
कहन लग्यो निज सैन को यों पांडव सिरमोर ॥९॥

स०–देवहु धौं युयुधान ग्रस्यौ द्विजराजहुँ ने तम ज्यौं रवि आइकै।
ठाढे कहा तुम धृष्टदुमन्न अवेर करो न लरो सब जाइ कै ॥
मानत क्यौं न बडो डर द्रोन तें जीते घने जिन जोधे रिसाइ कै।
षेलत सातकि सौं जनु बालक पंछन के गल सूत बंधाइ कै ॥१०॥

दो०— धृष्टदुमन तुम सकल मिलि, भीमादिक सरदार।
शिनि सुत लेहु छुडाइ कै, गो जम बदन मंझार ॥११॥
यौं कहि भूपति साथ लैं, सृंजय मत्स पंचाल।
सिनि सुत हेत गयो तहां, क्रोध भरचो ततकाल ॥१२॥
सबनि जाइ बरषा करी, द्विज ऊपर इक बार।
हसि द्विज बान सबै कटै, तजि तजि बान अपार ॥१३॥
द्रोन बान पीडित भए, तब सब पांडव वीर।
देषि सकैं नहि द्रोन को, सूरज लौं गति धीर ॥१४॥
ताहि समै द्विजबर हनै, पांच बीस पंचाल।
पांडव केकय मत्स पुनि, कीने सबै बिहाल ॥१५॥
द्रोन तबै सोमक हनत, ठाढो भयो रिसाइ।
ता सरमुष पुनि जुद्ध को, कोउ सके नहिं जाइ ॥१६॥

सो०—ता छिन पांडव राय, पांच जन्य निःस्वन सुन्यो।
पूरचो यादवराइ, संषराज गहरो बज्यो ॥१७॥
अरजन के ढिग घोर, कौरव सोर घनो सुन्यो।
गांडिव धुनि चहुँ ओर, ता छिन नाहि सुनी परे ॥१८॥
तब भूपत डरपाइ, चिंतातुर अति ही भयो।
रह्यो शोक चित छाइ, जान अरज्जन हान कछु ॥१९॥
अर्जुन को शुभ नाहि, यौं विचार मन में करत।
गाजत ज्यों रन मांहि, हृष्ट वैरि अरु संष हरि ॥२०॥

यौं करि सकल विचार, सोक मोह व्याकुल हृदय।
सातकि ओर निहार, भूप कहै गद्गद बचन ॥२१॥

युधिष्ठिर उवाच

दो०— और समै सब करत है, काज सकल युयुधान।
मीतन के उपकार को, यही काल जिय जान ॥२२॥

स०-देषि सबै हम सूर विचार कै तो सम और न डीठ परचो है।
तूँ पूनि मीत बडो हमरो हम सों नित प्रीत को नेम धरचो है॥
सूर अरज्जन के सम हो तुम ही कुरु सागर जात तरचो है।
ताते तुही इत कारज लाइक औरन पै नहि जात सरचो है ॥२३॥

दो०— वेद पुराण वषान है, जानत है सब कोइ।
मीत हेत रन तन तजे, भूमिदान फल होइ ॥२४॥
सुने घने जग मै हमैं, भूपति गुन गन ओक।
सकल भूमि दे द्विजन को, गए पुरंदर लोक ॥२५॥
तैसे हौं विनती करौं, तब आगे कर जोर।
भूम दान ते अधिक फल, लेहु मीत इह ठौर ॥२६॥
भ्रात वयस गुरु देव पुनि, है तुमरो कपिकेत।
ताको करहु सहाइ तुम, रन मैं जाइ सुचेत ॥२७॥

स०— तेरे घने गुन द्वैत अरन्न कहे कपिकेतन साथ हमारे।
यादव मीत सबै हमरे पुनि तूँ परसिद्ध भयो जग सारे॥
पारथ शिष्य बडो रन कोविद तेरो घनो जस लोक उचारे।
ताते अरज्जन के ढिग ता छिन तो बिन को युयुधान सिधारे॥

दो०— एक कृष्ण रन मैं तजे, पारथ लिये परान।
ताहि कों तनमन सखा, दूजो तूँ युयुधान ॥२९॥

स०—शंष सुनौं न अरज्जन को बिन गांडिव घोष सुनै तन छीजै।
केवल संष सुन्यो यदुनाथ को देषि बिना अब कैसे पतीजै॥

दीन ह्वै मांगत हौं तुमसो हम कों युयुधान यही बर दीजै।
बूडत है कुरु सागर मैं तांते वेग अरज्जन की सुधि लीजै ॥३०॥

संजय उवाच

दो०— मधुर वचन सुनि भूप को, प्रीत सहित युयुधान।
कहन लग्यो पुनि ताहि को, सासन सिर परमान ॥३१॥

सात्यकिरुवाच

क०— एक तों अरज्जन सों न्यारी है हमारी प्रीत,
सासन तिहारी दूजे मोको अति भारी है।
जीत कुरु बीरन को छिन मैं सिधारत हौं,
पारथ के पास तुम्हैं भली ए विचारी है॥
लरौं देव देवन सों रन मैं तिहार हेत,
कौन कुरुसेन मोपै वार वार हारी है।
सासन तिहारी मैं तो सिरपर धारी भूप,
तद्यप सुनीजै एक बेनती हमारी है ॥३२॥

दो०— मोकों आगे सबन के, बार बार समुझाइ।
जो अर्जुन हम सों कही, सो सुन पांडव राइ ॥३३॥
सावधान युयुधान तुम, रहो भूप के पास।
द्रोन चहत नृप को गह्यो, तातें करिये त्रास ॥३४॥
कै तुम भूपति ढिग रहो, कै परदूमन वीर।
तो सैंधव के हनन को, करौं गमन धरधीर ॥३५॥
सातकि जो हमरे गए, गहे भूप को द्रोन।
तो सैंधव नृप के हने, होइ हमैं फल कौन ॥३६॥
जो द्विज पकरै भूप को, सैंधव हन्यो न जाइ।
हम को बन जैवो परे, सरे न और उपाइ ॥३७॥
तातें नृप निक्षेप करी, धरचो तिहारे पास।
सातकि मोको होत नहि, औरन को विस्वास ॥३८॥

अर्जुन ऐसे मोह को, बार बार समुझाइ।
भूप गयो निहचिंत ह्वै, लै यदुनाथ सहाइ ॥३९॥

इक सासन गुरुदेव की, क्यौंहू लंघि सकौं न।
दूजे ह्वां हमरे गए, ह्यां तुव रच्छक कौन ॥४०॥

होइ इहां जो कृष्ण सुत, ताहि धरौं इह ठौर।
ता बिन जीत सकै नहीं, द्रोनहु को कोउ और ॥४१॥

क०— तीन लोक नाइक सहाइक है पारथ को,
आप रन लाइक सो नीके जग जानिये।
जीते कपिकेत नरदेव औ अदेवन को,
मानुष सों ताकी हार कैसे उर आनिये॥
मन मैं सम्हार गुन परम उदार घने,
भ्रात हूं कों तातैं चित भीत मत ठानिये।
मैं तो दिन रैनही तिहारो हित चाहत हौं,
भूपत हमारी बात सांची कर मानिये ॥४२॥

दो०— तातें नृप सांची कहों, मन मैं देष विचार।
तोहि छांड जावों नहीं, परे जु भीर हजार ॥४३॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि कविसेवकानुसेवकदत्तविरचिते
वीरविलासे भाषायां सात्यकिप्रवेशो नाम
अष्टाविंशोऽध्यायः।

उनतीसवां अध्याय

युधिष्ठिर उवाच

दो०— सांच कह्यो सातकि तुम्है, तो सम मीत न कोइ।
कहां कहौं पुनि मोहि यो, तद्यप सुद्ध न होइ ॥१॥

चौ०-तातें मीत विलंब न लावो, तुरत अरज्जन के ढिग जावो।
मैं अपनी रच्छा इतकरिहौं, द्रोन अचारज ते नहिं डरि हौं ॥२॥

घने वीर पुनि पास हमारे, इन मैं एक न रन मैं हारे।
भीम भीम सुत कौनपवीरा, द्रुपद विराट नृपति रन धीरा ॥३॥

द्रुपद सुता सुत केकय राइ, धृष्ट दुमन रन माँहि अताई।
ए सब हैं हमरे हितकारी, तुम चिंता मत करो हमारी ॥४॥

दो०— धृष्टदुमन यह वीर वर, द्रोन हुँ के वध हेत।
प्रगट्यो पावक कुंड तें, भूपत द्रुपद निकेत ॥५॥

सो०— तातें सुन युयुधान, जीतहिगो इह द्रोन को।
हम को निरभय जान, करो गमन निहचिंत ह्वै ॥६॥

सञ्जय उवाच

दो० — यौं सुनि वचन नरेस के, सातकि परम उदार।
अरजन तें डर मानि कै, लाग्यो करन विचार ॥७॥

जो जावों तज भूप कों, कुपित अरज्जन होइ।
नहिं जावों तो डरत है, मोहि कहे सब कोइ ॥८॥

ऐसे बहुत प्रकार कर, पुनि विचार युयुधान ।
भूपति धरम नरेस को, कह्यो वचन सुषदान ॥९॥

जो तुम रच्छा आपनी, मानत हौ भुवपाल ।
तो मैं तुमरे वचन सों, करों गमन इहिं काल ॥१०॥

सत्य भूप तुम सों कहौं, सपथ तिहारो होइ ।
बिन अर्जुन तिहुँ लोक मैं, मोहि न प्यारो कोइ ॥११॥

ताके ढिग तुमरे कहे, करों गमन महाराज ।
मेरो प्रन पांडव लिये, गनौं न काज अकाज ॥१२॥

ताते नृप जावौं तहां, तुमरी सासन पाइ ।
भीत अरज्जन ते छयो, जहां जयद्रथ राइ ॥१३॥

ह्यांते जोजन तीन है, सैंधव ढिग कपिकेत ।
तद्यप छिन मैं जात हौं, अरिजन डारत षेत ॥१४॥

स०— गाहत हौं कुरुसेन पयोनिधि भूप पराक्रम देष हमारो ।
जो तुम देषत हो यह आगेहि कुंजर पुंज षरो मतवारो ॥
याहि को पेल लरौ रन मैं अति सूर मलेच्छन को गन भारो ।
जीवत क्यौंहु मुरै न मलेछ जुरे रन जानत है जग सारो ॥१५

और नरेस तिहारेहु आगे हजार महारथ हैं रन डाढे ।
पार लह्यो धनु वेदनि को इन जुद्ध जुरै चित कै अति गाढे ॥
जानत हैं सिगरे रन भेद न षेद लहैं अतही बल बाढे ।
मानत एक करन्न की आन सुयोधन सासन मैं नित ठाढे ॥१६

दो०— मुरे करन के वचन तें, अर्जुन सौं इह सूर ।
मो को रोकन को षरे, धरै करन बल भूर ॥१७॥

इन को छिन महि जीत कै, भूपति तुमरे हेत ।
तुरत गमन करि हौं तहां, जहां गयो कपिकेत ॥१८॥

सो०— और सात सौ नाग, बरम छन्न माते षरे ।
दुरयोधन अनुराग, चढि किरात इन पर लरत ॥१९॥

जो जग धरम नरेस, अर्जुन सों भय भीत ह्वै ।
दिये किरात नरेस, चाहत अपने जीव को ।।२०।।

इन बारन तुव काज, पहले भूप घने किये ।
षरे लरन को आज, देष काल की विषम गत ।।२१।।

तज तज तीषन बान, भूप किरातन मारि कै ।
जहां भरचो अभिमान, अर्जुन है जावौं तहां ।।२२।।

देष सूर सिरमोर, चढि बारन हय रथनि मैं ।
ठौर ठौर मग वीर, ठाढे मोसों लरन को ।।२३।।

भूप तिहारे काज, जुद्ध जीत इन सबनि को ।
अपनो भुजबल आज, प्रगट करौं सब लोक मैं ।।२४।।

तातें हमरे जान, भरे समान सब चौगुनो ।
रथ कृत परम सुजान, आनहु भले बनाइ कै ।।२५।।

क०— बडे बडे बीरन सों बनी है लराई मोसों,
उत्तम तुरंग ताते जोतो मम यान मैं ।
ऐसे सुन भूपति सजायो रथ सातकि को,
दीने हैं तुरंगम जो दुर्लभ जहान मैं ।।
सिक्षित सुसील ज्यौं समीर मगजात चलै,
धीर न ए पांच ओ अघाए षान पान मैं ।
जोत के तुरंग ऐसो दारुक अनुज आन्यो,
यान फुनि जाके जय संपद निसान है ।।२६।।

चौ०-ताछिन सातकि कियो सनाना, ह्वै सुचि दै ब्राह्मण को दाना ।
कर मद पान भयो मतवारो, द्विगन तेज रवि सों उजियारो ।।२७

बंद चरन नृप के युयुधाना, सूँघ्यो सीस नृपति सुषदाना ।
ता पीछे पुनि भीम सिधारचो, चढचो यान नहि जात निहारचो ।।

देषि भीम को पाछे आवत, बोल्यो सिनिसुत प्रीति दिषावत ।
भीम सैन सुन बैन हमारो, भूपति रक्षा काम तिहारो ।।२९।।

बडो काम भूपति को राषी, बार बार अर्जुन यह भाषी।
तुम पुनि जानत हो बल मेरो, तैसे मै जानत बल तेरो ।।३०।।

भीम सेन तातें फिरि पीछे, राष नृपति जो मोहित ईछे।
यौं सुन कहै वृकोदर सूरा, जाहु मीत कर कारज पूरा ।।३१।।

बोल्यो पुनि सातकि तुम जावहु, जानि जीत हमरी सुष पावहु।
मोको भीम सकुन यौं कहै, आज जीत अर्जुन नर वर है ।।३२।।

आज जयद्रथ को हन तीन हि, हरि अर्जुन अरु मैं सुष लीनहि।
आइ धरम भूपति गर लागहि, करत सकुन सब कौ सुष जानहि ।।

दो०— चल्यो विदा करि भीम को, ऐसे कहि युयुधान।
देषत तुमरी सैन कों, भूप भरयो अभिमान ।।३४।।
सातकि करयो पयान जब, पांडव सकल रिसाइ।
दौरे द्रोन अनीक पर, ज्यौं सातकि उठि जाइ ।।३५।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि कविदत्तविरचिते भाषायां
सात्यकिप्रस्थानं नाम एकोनत्रिंशोऽध्यायः।

तीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— वेग भरयो तव सैन पर, चल्यो तजत सर जात।
सात सूर छिन मैं हनै, सातकि जात हि जात ॥१॥

भूपति नाना देस के, घने हने पुनि और।
तजि रजि अगन समान सर, सातकि करि हरि सोर ॥२॥

गजारोह गज सहित पुनि, तुरग सहित असवार।
हने महारथ रथ सहित, कीनो बडो संहार ॥३॥

जाइ सके नहिं ताहि ढिग, भूप तिहारे सूर।
पीडत ह्वै सर वरष सों, तज रन भागे दूर ॥४॥

छिन्न गात गज तुरग नर, छई धरत छवि देत।
ज्यौं अकास रित सरद मैं, तारक पुंज समेत ॥५॥

सातकि तुमरी सैन में, भूपति कर परवेस।
ता मग सों जैवो चहै, जासों ग्यो गुडकेस ॥६॥

जात चल्यो द्विज वरहु ने, सातकि रोक्यो आइ।
विध्यो मर्म फुनि भुजग सम, साइक पांच लगाइ ॥७॥

क्रोध भरयो युयुधान पुनि, द्रोनहु सों रन पाइ।
क्यौं हू नेक हटयो नहीं, रह्यो बान बरसाइ ॥८॥

स०–ताहि समै द्विजराजहुँ को सित सातकि साइक बान लगाए।
त्यों षट बान दरोन लगाइकै सातकि सूत तुरंग पिराए ॥

सातकि द्रोन को सातकि को पुनि द्रोन नराच घने बरसाए।
यौं विध आपस मांहि लरे युयुधान दरोन हटे न हटाए ।।९।।

सो०— कहन लग्यो द्विजराइ, यौं पुनि नृप युयुधान को।
काइर ज्यौं डर पाइ, तब गुरु भाग्यो मोह सों ।।१०।।
लरत मोहु सों आज, जीवत छूटेगो नहीं।
जो न जाहूगे भाग, अर्जुन ज्यों तज मोहु को ।।११।।

सात्यकिरुवाच

दो०— अर्जन की सुधि लेन, नृप सासन तें जात हौं।
ज्यौं बहु काल लगै न, त्यौं गुरुदेव दया करो ।।१२।।
ब्राह्मन है यह रीत, सिक्ष चलत गुरु पंथ मैं।
त्यौं ही मैं निरभीत, जावौं ज्यौं मम गुरु गयो ।।१३।।

सञ्जय उवाच

दो०— कहि सातकि यह बात, छांड चल्यो रन द्रोन को।
पाइ चलन की घात, कहै वचन पुनि सूत सों ।।१४।।
हमरे रोकन हेत, द्रोन जतन कर है बडो।
तातें सूत सचेत, ह्वै रथ तुरत चलाइये ।।१५।।

क०— सूत दल ठाढो आगे डाढो है अवंत्यन को,
ताके पुनि आगे दाछिनात्यन की अनी है।
ताते पुनि आगे देषि वाल्हिक की सेन षरी,
ताके ढिग घनी सूत पूत अनी कनी है।।
भिन्न भिन्न ठाढे षरे राषत है आपन को,
याके बीच बीच हीं हमारी गत बनी है।
तातें धर धीर ज्यौं समीर मंद मेरो जान,
पेलहु तिहारी निपुनाई जग गनी है ।।१६।।

चौ०-यौं कहि सारथि को युयुधाना, छोरि द्रोन को कियो पयाना।
द्रोन कुपित ताके अनुधायो, बान जाल तीषन बरसायो ।।१७।।

तद्यप नेक न सातकि मुरचो, आगहि जाइ जुद्ध मैं जुरचो।
बेग हनत तब सेन सिधायो, ताहि देषि कृतवरम रिसायो ॥१८॥

तुरत आइ रोक्यो युयुधान हि, दारुन युद्ध परस्पर ठानहि।
आवत भोजहुँ को षट साइक, सातकि अरपे अति दुष दाइक ॥१९

बेधे चहुँन सों चारों घोरे, पुनि सातकि षटदश शर छोरे।
लगे भोज के उर मैं जाई, ताको रिस पुनि बढी सवाई ॥२०॥

सातकि को इक बान लगायो, भेद कवच तव भूमि समायो।
तोरि धनुष दस बान चलाए, सिनि सुत के उर मांहि गडाए ॥२१

तब युयुधान सकत इक छंडहि, लगी भोज दच्छिन भुज दंडहि।
पुनि दृढ और धनुष तिन लीनों, भोज बान सर छादित कीनो ॥

तब इक भल्ल सूत सिर हर्‌यो, छोरि प्रान वह भूतल पर्‌यो।
तुरग सूत बिन स्वैरहि दौरे, आपहि भोज मरूकर मोरै ॥२३॥

तुरत भोज पुनि धनुष संभार्‌यो, या मै सातकि दूर सिधार्‌यो।
पुनि कृतवर्म भीम को धायो, तहां जाइ रन घोर मचायो ॥२४॥

दो०— निकर्‌यो भोज अनीक तें, वेग चलत युयुधान।
गयो कंबोज अनीक मैं, भूप भर्‌यो अभिमान ॥२५॥

सूर सकल कंबोज पुनि, होरि रहे कर जोर।
भूप हनत बल मग चलत, सातकि सक्यो न होर ॥२६॥

पांडव सब युयुधान कों, रन मैं करत सहाइ।
आवत पीछे भोज हूं, राषे मग अटकाइ ॥२७॥

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— बृद्ध न बाल दूबरो, ना अति पीन न दीन।
संजय हमरी सैन मैं, कोऊ नहीं बल हीन ॥२८॥

दुरभग क्रूर कोऊ नहीं, हमरे सूरन मांहि।
पूरन है मुष सबन को, क्लेस लेस कछु नांहि ॥२९॥

सूर वीर धीरज भरे, लघुकर समर उदार।
जानत सब हथियार धर हमरे सब सरदार ॥३०॥

लहै भेद धनुवेद कों, शस्त्र अस्त्र परवीन।
चढि जानत रथ गज तुरग, मम बल सकल कुलीन ॥३१॥

परष परष राषे सबै, सेवक हमैं बनाइ।
सूत दान सनमान सों, रहे सकल सुष पाइ ॥३२॥

यथाकाल वेतन लहै, हृष्ट पुष्ट सब कोइ।
संजय हमारी सैन मैं, निर्धन रहै न कोइ ॥३३॥

व्यूह रचे दुरभेद पुनि, सजे सकल रन साज।
तीन लोक परसिद्ध मम, सचिव चतुर सिरताज ॥३४॥

संजय ऐसी सैन को, अर्जुन गयो है मार।
ता पाछे सातकि भयो, जान देव की हार ॥३५॥

स०—वेग भरे कुरु सागर को तर पारथ लौं युयुधान सिधारे।
काहू न नेकु निवार सकै नहि सूर घने जिन सों रन हारे॥
ताहि को देष जयद्रथ के ढिग छोरत बान षरे अनियारे।
जानत हौं अब सोचत हैं रन मूढ बडे सब पूत हमारे ॥६६॥

सो०— गज रथ नर हरि सूत, हने देष भूतल परत।
सोचत है मम पूत, सिनि सुत अर्जुन सों डरे ॥३७॥

कहु संजय समझाइ, पुनि मूरष दुर्योधन हि।
कीनौ कौन उपाइ, सैंधव राषन कौ तहाँ ॥३८॥

जाइ तहां कपिकेत, सैंधव को अति गुपत लषि।
ताके मारन हेत, सूत जतन कीनो कहा ॥३९॥

कहो सकल बरतंत, संजय जानत हो भले।
क्यौं पुनि सैंधव अंत, कियो अरज्जन ताहि दिन ॥४०॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
सात्यकिप्रवेशे नाम त्रिंशोऽध्यायः।

इकतीसवां अध्य

सञ्जय उवाच

सो०— परचो परम दुष आइ, अपने ई अपराध ते।
प्राकृत लौं विललाइ, भूप कहा अब होत है ॥१॥

जो पहले मतिमान, मिल मीतन विदुरादिकहि।
कह्योबचन सुषदान, इन सों मत विग्रह करो ॥२॥

सो भूपति हित बैन, तैं न धरचो निज कान महि।
लग्यो आइ दुष दैन, कपट तिहारो रैन दिन ॥३॥

जो न सुने कुरुराइ, हित कर मीतन के बचन।
सो मूरष दुष पाइ, सोचत है तुम ज्यौं अधिक ॥४॥

तुमरे घर महि आइ, याच्यो सम श्री कृष्ण हू।
लषि तब कपट सभाइ, ह्वै उदास गोविंद गयो ॥५॥

निपट कपट तुव जान, पक्षपात निज सुतन मैं।
कुरुपति चक्कर पानि, पांडव रन उद्दम कियो ॥६॥

रह्यो जगत महि छाइ, तेरो ई अपराध सब।
कहा दोस कुरुराइ, दुरजोधन को देत है ॥७॥

सब सुनिए रन घोर, ज्यौं सुर असुरन को भयो।
तहां सूर सिरमोर, हमरे नर सातकि हने ॥८॥

क०— सातकि सिधारचो जब भूप कुरु सागर मैं,
पांडव सकल ताके पीछे उठि धाए हैं।

आवत पयोनिधि कौं वेला ज्यौं निवारत है,
तैंसे कृतवर्म हूँ ने पांडव हटाए हैं॥
अद्भुत निहार्‌यो बल ताहि समै भोज हूँ को,
याते घने सूर एक हूँ ने अटकाए हैं।
अंबुज बजाइ हरषाइ सब सूरन को,
ताको पुनि भीम तीन साइक लगाए हैं॥९॥

चौ०–भूप नकुल सहदेव रिसाए, बीस पांच सत सर तिहलाए।
द्रौपदि सुत सप्तति अरु तीन हिं, सात हिंडबा पूत अदीनहि॥१०॥

धृष्ट दुमन पुनकरि अभिमाना, तीन सरन सों फौज पिराना।
द्रुपद विराट शिषंडी वीरहि, तजे ताहि को सत सित तीरहि॥११

तजे भूप पुनि जादव लाइक, पांचहि पांच सबनि को साइक।
भीम सेन को सात लगाए, धुजा धनुष भुव मांहि गिराए॥१२॥

तजि सित सर सप्तति कृत वर्महि, विद्ध कियो मारुत सुत मर्महि।
भूतल मांहि अचल की न्याईं, कांप्यो भीम न ठहर्‌यो जाई॥१३॥

ताहि देष पांडव सब दौरे, अगिनत बान भोज को छोरे।
भीम सेन तब लियो छुडाई, या मैं सुरत भीम को आई॥१४॥

ताको भीम सक्त इक छोरी, उन पुनि बान दुहन सों तोरी।
छिन्न सकत लषि भीम रिसायो, लै धनु आन बान कर लायो॥१५

कियो भोज घायल अंग अंगनि, अरुन वसन सोहत इक रंगनि।
कुपित भोज पुनि हसत हसत तब, तज तज साइक बिद्ध किये सब

पुनि षुरप्र इकु जादव छोर्‌यो, ससर सिषंडी को धनु तोर्‌यो।
तब गहि चर्म कृपान सिषंडी, सित तरवार फौज को छंडी॥१७॥

काटि भोज को धनुष सबाना, धस्यो जाइ भुव मांहि कृपाना।
ता छिन सूर सकल तज साइक, विद्धकियो रन यादव लाइक॥१८

ता शर विद्ध भोज धनु आना, लेकर तजे सबन को बाना।
नृप पुनि भोज सिषंडी दोऊ, जुरे जुद्ध हारत नहिं कोऊ॥१९॥

तीषन बान परस्पर लावत, अति लाघव रन मांहि दिषावत।
भोजहु के सित बान सतायो, द्रुपद पुत्र मूरछ बस आयो ॥२०॥

भग्यो ताहि ले सूत सुजाना, देषि तबै पांडव बलवाना।
आइ भोज बहु ओरहि घेर्यो, लरत बहुन सों एकहि हेर्यो ॥२१॥

पांडव केकय चेदि पंचाला, भोज सरनि सों किये बिहाला।
जीत भोज सब को रन डाढो, भौ निरधूम अगनि जनु ठाढो ॥२२॥

सञ्जय उवाच

दो०— सुन भूपति मन एक कर, जो तुम पूछो मोहि।
पांडु सुतन को ताहि छिन, भयो सरन रन जोहि ॥२३॥

घोर सोर सुन सिनितनय, हरषत तुव दल मांहि।
दौर पहुँच्यो भोज को, पांडु हेत उहि ठांहि।॥२४॥

लषि आवत युयुधान कों, भोज तजे सित बान।
सातकि छोर्यो भल्ल इक, तीष बान पुनि आन ॥२५॥

कट्यो धनुष मारे तुरग, सूत पीठ रषवार।
भोज यान सातकिहु ने, कियो छिनक मैं छार ॥२६॥

बिरथ करी कृत वरम को, यौं ठानी युयुधान।
सो तुम सो सब कहत हौं, सुनो भूप धर ध्यान ॥२७॥

तरि द्विजवर बल जलधि को, हार्दिक को युध जीत।
कह्यो सातकी सूत को, चलो मंद निरभीत ॥२८॥

पुनि तुमरो बल बिपुल लषि, कहन लग्यो युयुधान।
हय गज रथ नर गन भर्यो, जहां सूत बलवान ॥२९॥

जो आगे यह देषियत, गज गन धन जनु सूत।
या को नायक रुकम रथ, है त्रिगर्त को पूत ॥३०॥

याके ऊपर सूत अब, तुरत चलावो यान।
जाइ त्रिगर्तन सौं लरो, देषत विप्र प्रधान ॥३१॥

सूत चलायो वेग पुनि, रथवर सेत तुरंग।
आवत घेरयो सूर मिलि, पेले सकल मतंग ।।३२।।

ता पर सर बरषा करी, लाघव सो युयुधान।
बरसत ज्यौं घन गिरनि पर, भूपति तप अवसान ।।३३।।

पीडित सिनि सुत सरनि सों, ता छिन मत्त मतंग।
छोर छोर रन को सबै, भगे भग्न अँग अंग ।।३४।।

तजत रुधिर मल मूत गज, पाइ निसित सर पूर।
एक परत भुव भ्रमत इक, एक भजत रन दूर ।।३५।।

यौं विध माते करिन की, अनी हनी युयुधान।
ताहि देष जलसंध नृप, आयोकरि अभिमान ।।३६।।

स०—सीस जराइ जरयो सिरपेच विराजत गात कवच्च लगायो।
बांधिके षग्ग निषंग सुचामहि भूषन की छबि सों तब छांयो ।।
वेग भरयो चढि कुंजर आवत फेरत कंचन चाप सुहायो।
भूप लष्यो जल संध तहां जनु बीजुरी साथ महाघन आयो ।।३७

सो०— लषि बारन बलबान, मतवारो आवत चल्यो।
तज साइक युयुधान, रोक्यो बेला ज्यों जलधि ।३८।।

लषि वारित निज नाग, सिनि सुत तीषन सरनि सों।
रह्यो कोप सों पागि, अरुन नैन जल संध नृप ।।३९।।

अरपे तीषन बान, यादव को जल संध पुनि।
तज्यो भल्ल इक बान, तासों काटयो धनुष तिहिं ।।४०।।

हसत हसत सित और, पांच बान युयुधान को।
गडे सूर सिर मोर, सो पुनि रह्यो अचल्ल ह्वै ।।४१।।

लै सातकि धनु आन, तिष्ठ तिष्ठ हसकै कह्यो।
तजे साठ सित वान, लागे उर जल संध के ।।४२।।

तज षुरप्र इक और, कटयो धनुष जल संध को।
तजि धनु तोमर घोर, तिन पुनि यादव को तज्यो ।।४३।।

सो माधव भुज वाम, भेद भूम अहि लौं धस्यो।
पुनि सातकि बलधाम, तीस बान ता को तजे ॥४४॥

लै कृपान अरु चाम, सत-चंद्रक जल संध नृप।
तज्यो षडग अभिराम, अति तीषन युयुधान को ॥४५॥

सो पुनि निसत कृपान, काटि धनुष सिनि पुत्र को।
पर्यो धरन मैं आन, सोहत चक्र अलात ज्यों ॥४६॥

कियो कोप युयुधान, आन धनुष कर मैं लियो।
तज षुरप्र द्वै बान, कटे बाहु जल संध के ॥४७॥

सोहत तब भुज दोइ, कटे परत गज राज तें।
पाँच सीस अहि दोइ, जैसे परवत ते परत ॥४८॥

क०— कुण्डल करीत जुत सीस जलसंध जू को,
काट्यो पुनि तीसरो षुरप्र सर लाइ कै।
ताको बर नाग अति सोनित सों पागि रह्यो,
भाग्यो युयुधान जी के तीषे सर षाइ कै ॥
देषि जलसंध हन्यो भूपति तिहारी सैन,
हाहाकार भागी सातकी सों डर पाइ कै।
या मैं द्विज राज चढि चंचल तुरंग यान,
आयो युयुधान जू के ऊपर रिसाइ कै ॥४९॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
सात्यकिप्रवेशे जलसंधबधो नाम
एकत्रिंशोऽध्यायः

बत्तीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

चौ०-भूप सकल तुअ पूत रिसाए, द्रोन सहित ताको उठि धाए।
बान जाल बरसत चहुँ ओरहि, कियो छिन्न जादव सिरमोरहि ॥१

भिन्न भिन्न तिन को पुनि साइक, ता सर छेद तजे जदु-लाइक।
दिव्य वसन भूषन तन साजे, तामहि फेरत चाप विराजे ॥२॥

दुरजोधन तुव पूत रिसाना, ता पर दौर गयो युयुधाना।
लावत बान परस्पर दोऊ, जोरत तजत लषे नहि कोऊ ॥३॥

आपस मांहि दोऊ सर छाए, भूपति ता छिन लगे सुहाए।
पुनि षुरप्र इक यादव छोरचो, तासों तुव सुत को धनु तोरचो ॥४

और बान तजि घाइल कीनो, उन पुनि पानि आन धनु लीनो।
तुरत बान शत सों युयुधाना, कियो बिद्ध करि कैं अभिमाना ॥५

करि अमर्ष तव सातकि धीरहि, पीडित कियो सुयोधन वीरहि।
ता लषि तुव सुत सकल रिसाए, तजत बान यादव को धाये ॥६

पांच पांच पुनि तीषन साइक, तजे सबन को जादव लाइक।
आठ सजोधन को सर लाए, छेदि धनुष धुज भूम गिराए ॥७॥

हने तुरग गज साइक चारहि, इक सर सों सारथि भुव डारहि।
तजे और सातकि सर दारुन, दुर्योधन के मर्म विदारन ॥८॥

ता सर बिद्ध सुजोधन भाग्यो, तब अति त्रास सवन को जाग्यो।
ता छिन कूदि सुजोधन राइ, चित्र सैन रथ बैठ्यो जाइ ॥९॥

देषि भगत सुजोधन दीनहि, हाहाकार सकल जन कीनहि।
ता धुन सुन कृतवरम रिसाना, दौरि गयो ऊपर युयुधाना ॥१०॥

फेरत धनुष जुद्ध को चहै, चल चल तुरतसूत को कहै।
देति ताहि आवत युयुधाना, कहै सूत को बचन सुजाना ॥११॥

दो०— सूत देष आवत चल्यो, भोज भरचो अभिमान।
याही के ऊपर तुरत, पेल हमारो यान ॥१२॥

यौं सुनि चंचल तुरग रथ, बेग चलायो सूत।
लगे लरन दोनो तहां, मनो वृत्र पुरुहूत ॥१३॥

दोऊ ज्वलत पावक किधौं, कुपित भए इक ठौर।
लरत मत्त वन मध्य जनु, केहर करि करि सोर ॥१४॥

तजे भोज सिनि पुत्र कों, षट विंशति सित बान।
विध्यो सूत सर पांच सों, चारहि सौ किक्यान ॥१५॥

तव सातकि कृतवर्म कों, छोरे विसिष असीत।
अर्जुन कों देष्यो चहै, यातें लरत अभीत ॥१६॥

सो पुनि सातकि सरनि सों, बिद्ध कियो कुरुराइ।
कांपि उठ्यो भूकंप तें, ज्यौं दुरधर गिरि राइ ॥१७॥

तीन साठ सर सों विधे, हरि सप्तनि सों सूत।
एक्र भुजग सम भोज को, तज्यौ बान सिनिपूत ॥१८॥

कृतवर्म ताके लगे, मूर्छित भौ रथ मांहि।
पीडत अति सित सरनि सों, आप सम्हारै नाहि ॥१९॥

चल्यौ जीत कृत वर्म को, सातकि हनत सुवीर।
ठाढो भौ उठि भोज पुन, लैकर धनु धर धीर ॥२०॥

सञ्जय उवाच

बेग चलत युयुधान को, अरचो द्रोन पुनि आइ।
भयो युद्ध दारुन दुहुन, बान जाल बरसाइ ॥२१॥

द्विजवर तीषन तीर सर, छोरे सर्प समान।
लगे जाइ युयुधान के, मस्तक लषत जहान ।।२२।।

सातकि पुनि उनके लगे, दीठ परयो अति छैल।
भूपति नाना रंग युत, तीन शृंग जनु शैल ।।२३।।

आन बान युयुधान को, द्विजवर तजे अनेक।
आबत कटे अकास मैं, ताको लग्यो न एक ।।२४।।

लषि लाघव सिनि पुत्रको, हस्यों द्रोन अवनीस।
ता को पुनि अति वेग सो, तजे तीष सर तीस ।।२५।।

पुनि पचास तीषन त्रिसिष, तजे द्रोन दुषदाइ।
निज लाघव युयुधान तें, सब तैं अधिक दिषाइ ।।२६।।

स०-बान घने युयुधान तजे द्विज को द्विज ताको घने सर लाए।
लाघव सौं पुनि आपस मैं करि कोप लरे रन दोउ रिसाए।।
ता छिन भूपति यादव लाइक द्रोनहु को नव बान गडाए।
तीषन बान तजे युयुधान को अरु सारथि के तन मैं उरझाए ।।२७।।

सो०— सहि न सक्यौ द्विज राइ, विक्रम यह सिनि पुत्र को।
दारन कोप दिषाइ, तजे बान युयुधान को ।।२८।।

सारथि बिध्यो लगाइ, बान सहत्तर सात अरु।
यादब को द्विजराइ, बिधे तीन तीन हि तुरग ।।२९।।

विध्यो एक सों केत, कट्यो धनुष इक भल्ल सों।
सातकि समर सुचेत, छोरि धनुष लीनी गदा ।।३०।।

लैकर गदा सुघोर, छोरी ऊपर द्रोन के।
सो पुनि द्विच सिर मोर, आवत ही सर सों कटी ।।३१।।

लियो आन धनु पान, छोरे सर पुनि द्रोन को।
भूप तबहि युयुधान, सिंह नाद दारुन कियो ।।३२।।

सुनि हरि धुनि द्विजराइ, करि अमर्ष युयुधान को।
छोरी तुरत रिसाइ, घोर सकत जनु काल निस ।।३३।।

सो पुनि लगी न ताहि, भेदि यान मैं धसी।
पुनि दच्छन द्विज बांह, सातकि इक सर सों बिधी ॥३४॥

सातकि धनु द्विजराइ, अर्धचन्द्र सर सों कटयो।
पुनि रथ सक्त चलाइ, सारथि डार्यो मोह बस ॥३५॥

सकल सूत के काम, भूप तबै सातकि किए।
पकरि रश्म उहि ठाम, बस करि हरि द्विज सों लर्यो ॥३६॥

पुनि सातकि कुरुराइ, हन्यो द्रोन सित सरनि सों।
त्यौं द्विज तजै रिसाइ, पांच बान सिनि सूनु को ॥३७॥

भेद कवच उन बान, ता तन को शोणित पियो।
ताहि लगे युयुधान, भयो कुपित कुरु राइ तब ॥३८॥

क०— हन्यो एक साइक सों सूत द्विज नाइक को,
बान पुनि तीषन तुरंगनिको लाए हैं।
ताहि समै सूत विन भाग्यो रथ द्रोन हूं कों,
भूपति अनेक भांत मंडल दिषाए हैं॥
दौर गह लीजिए तुरंगम दरोन जू के,
ऐसे कहि राज राजपूत उठ धाए हैं।
भागत निहारि ताको सैनक तिहारे सब,
छोरि छोरि यादव को दूर हो सिधाए हैं ॥३९॥

चौ०-द्रोन यान सातकि सर छयो, जा व्यूह दर ठाढो भयो।
राषत व्यूह तहां द्विज ठाढो, तज्यो यतन यादव मैं डाढो ॥४०॥

सञ्जय उवाच

द्रोन भोज आदिक तुअ सूरहि, जीत भूप ताछिन यदुवीरहि
हसि यों बचन सूत सों कह्यो, सब यह सेन बिजय सर दह्यो ॥४१
अर्जुन बान दग्ध कुरु सेनहि, चल्यो हनत मग सूत सुषेन हि,
यौं कहि बेगिचल्यो जदुलाइक, भूप तजत चहुँ ओर हि साइक ॥४२

घने सूर तातें रन भागे, कोऊ आइ सकै नहिं आगे।
ज्यौं प्रचंड सूरज घन अंतहि, देष्यो जादव तेज अनंतहि ।।४३।।

करि अमर्ष ता मैं कुरुराइ, भूप सुदर्शन पहुँच्यो धाइ।
ता मग रोक भयो रन ठाढो, आपस मांहि भयो रन डाढो ।।४४।।

बान सहंस सुदर्शन छोरे, सो आवत सब यादव तोरे।
सिनि सुत जो सर ता को लाए, सो उन करि करि षंड उडाए ।।

तजे तीन सर अगन समानहि, यादव को नृप सूनु युवानहि।
भेद कवच लागे अँग अंगहि, चार सरनि सौं विधे तुरंगहि ।।४६।।

ताहि देष युयुधान रिसायो, ता ऊपर बाननि झर लायो।
मार तुरग हरि नाद सुनायो, नृप सुत को इक भल्ल चलाओ ।।४७

कुंडल सहित सुदर्शन सीसहि, ताको काट दियो रथ पीसहि।
पर्‌यो भूमि भूपति सुत सोहै, ता मुष ज्यौं पूरन ससि जोहै ।।४८

मारि सुदर्शन को जदुवीरा, अर्जुन पास चल्यो धर धीरा।
ता छिन सातकि अति हरषायो, सारथि को यह बैन सुनायो ।।४९

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि कविसेवकानुसेवकदत्तविरचिते
वीरवीलासे भाषायां जयद्रथवधे सात्यकिप्रवेशे दुर्योधन
कृतवर्मद्रोणपराजयसुदर्शनवधो नाम
द्वात्रिंशोऽध्यायः।

तेतीसवां अध्याय

दो०— द्रोन सेन सागर तर्यो, सूत हमें करि जोर।
भोजादिक जीते घने, हने सूत सिर मोर ॥१॥

सूत सकुन सुभ देषिए, होत सपूरन काज।
जनौं सिंध नरेस को, हनै अरज्जुन आज ॥२॥

गांडिव धुन सुन सूत अब, रह्यो निकट कपिकेत।
मंद मंद पेलहु तुरग, चलै निहारत षेत ॥३॥

तहां किरात कंबोज सक, बरबर दरद सुवीर।
धरत विविध हथियार कर, षरे पवन धर धीर ॥४॥

ए सब मोसों लरन कों, षरे सुयोधन पास।
सनमुष ह्वै कर कोप अति, धरत न मन मैं त्रास ॥५॥

हनि इन को छिन सूत गज, हय रथ पत्ति समेत।
तारयो जान कौरब जलधि, मिल्यो जान कपिकेत ॥६॥

सूत उवाच

दो०— जो तुमरे आगे कुपित, अरे सल्य कृप द्रोन।
और महारथ ज्यौं लरै, तद्यप नेकु डरौ न ॥७॥

बर्बर दरद कंबोज सक, दंसित पवन किरात।
ताम्रलिपत आदिक तुम्है, जीते बैरि बरात ॥८॥

और घने जीते तुम्हैं, म्लेछ विविध हथियार।
तद्यप मैं न कहूं डर्यो, ठाढे रन मंझार ॥९॥

कौन तुच्छ कुरुसेन यह, तद्यप है चतुरंग।
कहु तुम सों मग कौन सो, मेलौं अर्जुन संग ॥१०॥

कियो कोप तुम कौन पर, कौन होत अब छार।
काके मन नीको लग्यो, अंतक नगर विहार ॥११॥

सात्यकिरुवाच

या मग देषि परै षरी, कंबोजन की सैन।
सूत चल्यो मग ताहि सों, पालत हौं निज बैन ॥१२॥

करि संहार इन सबन को, मिले अरज्जन साथ।
जानहिगो मम भुजन को, जोर आज कुरुनाथ ॥१३॥

मारे मुंड कंबोज लषि, अरु सब पीडित गात।
सुनि दुरजोधन घोर धुन, धुनहै सिर पछतात ॥१४॥

देषि हने मम सरन सों, दुर्जोधन नरवीर।
सूत षरो पछताइगो, नेक न धरि है धीर ॥१५॥

सञ्जय उवाच

ऐसो सिक्षित सूरवर, भूप भर्‌यो अभिमान।
लग्यो चलावन वेग सों, सेत तुरग वर यान ॥१६॥

चले तुरग युयुधान के, मनो पिवत आकास।
छिन महिं यवन अनीक सों, जाइ मिले तजि त्रास ॥१७॥

स०-आवत वेग भर्‌यो लषि जादव ठाढे भये हैं कंबोज रिसाइ कै।
सातकि छिन्न कियो चहुँ ओरहि बाननि को अत ही झरलाइकै॥

काट लियो उन के उन साइक आवत ही निज बान ललाइ कै।
भेदि कंबोजन के तन को तब सातकि बान धसे भुव आइकै ॥१८

सो०— कटे सीस भुज आइ, भूप कंबोजन के परे।
सातकि बान लगाइ, छई भूमि ता तननि सों ॥१९॥

म्लेछ तबै कुरुराइ, मारे जादव बान के।
चहुँ दिस चले पलाइ, एक छांडि तन भुव परे ॥२०॥

जीति यवन दल घोर, ता छिन तीषन सरनि सों।
नृप यादव सिरमोर, कहैं सूत को तुरत चल ॥२१॥

देषि अमानुष काम, ताको करैं सराह सब।
भगे छोर संग्राम, ता ढिग कोइ न आवहीं ॥२२॥

सातकि नर सरदूल, चाहत अर्जुन सों मिल्यो।
शत्रुन कों प्रतिकूल, चल्यो डरावत कौरवनि ॥२३॥

तुमरे सुत भुअपाल, कुपित सुयोधन आद पुनि।
दौरि गए तत काल, करि अमर्ष युयुधान को ॥२४॥

घेर लियो चहुँ ओर, घोर सोर ता छिन भयो।
लागे पवन झंकोर, पर्वत महि जनु सिंधु धुनि ॥२५॥

तब भूपति सिनि पून, सनमुष आवत ताहि लषि।
हसि बोल्यो सिनि पूत, मंद मंद रथ पेलिये ॥२६॥

दारुन धुन चतुरंग, देषि सुजोधन सेन यह।
आयो कर अभिषंग, जीत्यौ जानहु छिनक मैं ॥२७॥

आइ मिली बहु सैन, सातकि ऐसे कहत ही।
करि करि राते नैन, तिष्ठ तिष्ठ मुष सों कहै ॥२८॥

तब सातकि अनषाइ, तीषन सर तिन कों तजे।
दियो तुरंग गिराइ, त्रिसत मतंगज चार सौ ॥२९॥

सातकि समर उदार, नृप तुव सूरन सों लर्‌यो।
ताछिन तुमल प्रहार, देवासुर रन ज्यौं भयो ॥३०॥

क०— भयो है न मोघ कोऊ बान युयुधान जू को,
जाको नृप लाग्यो तिन आप न सम्हार्‌यो है।
नेक हूँ न भूलै एक लरत अनेकन सों,
ताहि समै ताको बल अद्‌भुत निहारचो है।
जहां तहां देषि परै पीडित तिहारो दल,
यादव के बाननि सों भूमि तल डारचो है।

भूप युयुधान जू को बाहुबल पारथ तें,
दूनो रन मांहि सब लोकन निहारयो है ।।३१।।

चौ०-तब दुरजोधन अति हि रिसायो, तीन सरन सों जादव घायो ।
बिध्यो सूत पुनि एकहि सर सों, विधे तुरगवर चार चतुर सों ।।

शकुनि दुसासन अति अनषाए, सर पचीस षोडश तिन लाए ।
चित्र सेन साइक पुनि पंचहि, तजे ताहि को धनु गुन षैंचहि ।।३३

बान पांच दस दुःसह छोरै, इन के सर सब सातकि तोरै ।
तीनहि तीन सबन को साइक, एक हि बार तजे जदुलाइक ।।३४।।

गाढ विद्ध करि अरिगन रन मैं, लग्यो लरन जनु स्येन षगन मैं ।
सौबल को धनु सहित हथेलहि, काटि सयोधन को सर पेलहि ।।३५

शत सर चित्र सैन को लाए, दुःसह को दशतीष लगाए ।
वीस दुसारन उर मैं बाना, लीनो पुनि सैंधव धनु आना ।।३६।।

तजे बान दस तीषन तीरहि, सातकि को सौबल धरि धीरहि ।
तजे बान सित तीन सहत्तर, दुर्योधन भूपति बलवत्तर ।।३७।।

तब तुअ सूर सकल युयुधानहि, कियो बिद्ध तज सित सित बानहि
पुनि सातकि इकु भल्ल चलायौ, दुरजोधन को सूत गिरायो ।।३८

परयो सूत जब भूतल मांहि, तुरग स्वैर गत ठहरे नाहीं ।
लै रथ भाग्यो रन ते दूरहि, ताहि देष भागे सब सूरहि ।।३९।

लषि तुव दल भागत युयुधाना, चल्यो तजत अगनित सितबाना ।
तजत बान सारथिहि चाहै, सातकि को सब लोक सराहै ।।४०।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे भाषायां
जयद्रथवधे सात्यकिप्रवेशे दुर्योधनपराजयो नाम
त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ।।

चौतीसवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— मम दल मर्दन करि जबै, चल्यो सूत युयुधान ।
अलज हमारे सुत कियो, कौन मंत्र पुनि आन ॥१॥

जीत द्रोन दुरधर समर, हनै अनेकहि वीर ।
जीत गयो पुन सबन को, धरयो सूत क्यौं धीर ॥२॥

कर्न सुजोधन द्रोन कृप, जीवत समर उदार ।
कहु संजय कैसे गयो, सातकि मो दल फार ॥३॥

मो दल सूत कपूत हैं, या को यादव एक ।
गयो समर तृन मानकै, होरि न सक्यो अनेक ॥४॥

कहा कहों उन सबनि को, जीत्यो कुपित न एक ।
ए सब संजय जानिये, दुर्योधन अविवेक ॥५॥

ऐसो अर्जुन ना लरयो, भर्‌यो कोप रनवात ।
जैसे सातकि सूत रन, हनै घने अरिजात ॥६॥

संजय उवाच

भूप तिहारी कुमत सब, अरु तुव तनय अनीत ।
सावधान ह्वै सुन सकल, कहौं समर की रीत ॥७॥

भागत पुनि कौरव फिरे, नृप की सासन पाइ ।
कर रन दारुन मति सबै, ता छिन भूप रिसाइ ॥८॥

तंगण पारद यवन सक, कुलिंद कंबोज पिसाच ।
नृप अंबिष्ट बहलीक पुनि, पर्वतीय रन राच ।।९।।

कुपित पान पाषान लै, भूप भरे अभिमान ।
दौरे सब युयुधान पर, जैसे सलभ कृसान ।।१०।।

यान हजार हजार गज, मत्त महारथ और ।
अगनित पाइक ताहि छिन दौरे सातकि और ।।११।।

द्वै हजार पुनि वर तुरग, चंचल गत रनधीर ।
दौरि पहुँचे वेग सों, और घने तुव वीर ।।१२।।

दुःसासन प्रेरित कियो, ऐसे कहि उहि वेग ।
हनहु तुरत युयुधान कों, अब मत करहु उलेर ।।१३।।

भूप दुसासन तुव तनय, लै करि कर वर चाप ।
जुद्ध हेत युयुधान को, अर्‌यो आइ पुनि आप ।।१४।।

यादव को अद्‌भुत चरित, मैं देष्यो उहि ठौर ।
एक अनेकन सों लर्‌यो, करि करि केहरि सोर ।।१५।।

सञ्जय उवाच

स०— कुंजर जान तुरंगम पाइक वै चतुरंग अनीक हनी है,
टूट परै हथियार सुभूषन सूर सरीर छई धरनी है ।
यौं लषि भूप दुःसासन ता छिन जोधन को यह बात भनी है,
भागे अनेक जो एकतें ऐसें अकीरत लोकन मांहि घरी है ।।१६

सो०— तातें धर चित धीर, धर्म जानि पीछें फिरो ।
गनहु न शर की पीर, लरो जाइ युयुधान सों ।।१७।।

यों सुनि फिरे पिछाँह, योधे सब अभिमान सों ।
करि करि लरन उछाह, जाइ अरे युयुधान सों ।।१८।।

सूर सकल अकुलाइ, मुरे एक युयुधान सों ।
बान बर्ष बरषाइ, आगे जाइ सके नहीं ।।१९।।

लषि उन को भग जात, दुःसासन अति कुपित ह्वै ।
कही भूप यह बात, पाहन योधन को तबै ।।२०।।

परबत है तुअ वास, उपल जुद्ध जानत भले ।
करि मन मांहि हुलास, लरहु जाइ सिनि पुत्र सों ।।२१।।

नहि जानत युयुधान, या पाहन संग्राम को ।
धरत बड़ो अभिमान, समर जाइ ताको हनो ।।२२।।

दौरहु डरहु न नेकु, लर निसंग सिनि पुत्र सों ।
कौन सुजादव एक, पुन पाहन रनमूढ अति ।।२३।।

यौं सुनि भूप रिसाइ, पर्वत वासी सकल वह ।
पाहन पान उठाइ, चले एक षेपन धरे ।।२४।।

घेर्यो उन छिन जाइ, कर धरि गज सिर सम उपल ।
सातकि लीनो छाइ, छोरि उपल इक बार सब ।।२५।।

उन को आवत देषि, अस्म जुद्ध कीनो चहत ।
सातकि ताहि निमेष, तजे तीन सत बान सित ।।२६।।

क०— पाहन बरष भारी डारी पारवत हूं ने,
सातकि नराचन सौं कीनो षंड षंड है ।
पाहन के चूर परे जरत अकास हूँ ते,
जैसे रित पावस मैं जुगनू प्रचंड है ।।
ताहि के परे ते बहु सेनक जरन लागे,
भूप करि हाहाकार ता मैं रन छंड है ।
सातकि सुचेत प्रति पाहन समेत तबै,
सात सत सूरन के काटे भुजदंड है ।।२७।।

चौ०-छिन्न बाहु तजि प्रान धरन मैं, परे भूप जनु पादप बन मैं ।
परे छिन्न भुज और हजारहि, लर्यो न सातकि समर उदारहि ।।
पाहन जुद्ध चतुर गिर वासी, हने घने जदुबंस हुलासी ।
ह्वै इकत्र पुनि पाहन योधी, भए भूप युयुधान समोधी ।।२६।।
करी उपल बरषा अति भारी, होइ कुपित अति सैल विहारी ।
तज नराच सातकि अनयारे, करि करि षंड उपल भुब डारे ।।३०

भज्यमान पाहन धनु घोरहि, भयो निबिड ता छिन बहु घोरहि
तातैं डरि हरि गज रथ पाइक, तज तज जुद्ध भगे कुरुनाइक ।।३१

पाहन चूर अगन ह्वै लागे, रन वारन हय दूरहि भागे।
ज्यौं नरेस भौरन के दाढे, देष बहुत हमैं दुष डाढे ।।३२।।

सातकि पीडित तुव दल मांहि, भयो घोर निस्वन उहि ठांहीं ।
सुनि वह सोर द्रोन धनुधारी, सारथि सों यह बात उचारी ।।३३।।

सारथि यह युयुधान रिसायो, सेन हनत अंतक जनु धायो ।
घोर सोर यह सुनियत जहां, मो रथ तुरत चलावहु तहां ।।६४।।

पाहन योधन सों युयुधाना, लरत निसित सर छेदि पषाना ।
यौं सुनि द्रोंन बचन चित लाई, लग्यो कहन सारथि इमि भाई ।।३५

द्रोन भघन रन कौरव सूरहि, देषि भजत चहुँ और सुदूरहि ।
ह्यां जुरि पांडव मत्स पंचाला, कर्यो चहत रन तोहि बिहाला ।।

करो यतन अब अवसर लाइक, गयो दूर उठ जादव नाइक ।
षरो होहु कै करो पयानो, जो मत भलो सोइ मत ठानो ।।३७।।

सञ्जय उवाच

या महि नृप सातकि सर घाए, भागि सकल द्विजवर ढिग आए ।
भाग दुःसासन निज ढिग आयो, देषि द्रोन यह बैन सुनायो ।।३८।।

कहा दुसासन सब तुम भागो, कच्चित दुरजोधन अनुरागे ।
कच्चित सुखी सुयोधन भाई, कच्चित जीवित सैंधव राई ।।३९।।

तूं नृप सुत यों नृप को भाई, भागत क्यों तुहि लाज न आई ।
ह्वै युवराज अकाजहि कीनो, सातकि तें भज अपजस लीनो ।।४०

दो०— द्रौपदि दासी होहु तूं, दुरजोधन कौ आज ।
द्यूत जीत लीनी हमैं, नेकुन कीजे लाज ।।४१।।

भए षंड तिल सम सकल, तुव पति दुरबल दीन ।
यौं कहि द्रौपदि को आबै, क्यों काइर मग लीन ।।४२।।

पांडव सहित पंचाल सों, कर्यो इते पर वैर ।
जो इक यादव सो लरत, भयो भीत इह वेर ।।४३।।

तैं नहिं जान्यो मूढ तब, अक्ष गहत धर ध्यान।
यही तीष सर होहिगै, दारुन सर्प समान ॥४४॥

द्रोपदि कों दुष अरु कर्‌यो, भूपति को प्रतिकूल।
उन को सकल विरोध को, तुही दुसासन मूल ॥४५॥

कहां गयो वह दरप अब, कहां तिहारो मान।
अहि लौं पांडव कुपित कर, क्यौं भाग्यो धर प्रान ॥४६॥

भूप सुजोधन सेन जुत, है अभाग कुरु जात।
तू कपूत जाको भयो, मंद दुसासन भ्रात ॥४७॥

फूटत दल राष्यो चहै, तुमहूँ के भुज जोर।
हरष बढावत अरिन को, तुहीं चल्यो रन छोर ॥४८॥

दुःसासन तुमरे भगे, बहुत अकारज होइ।
लषि पियराई तुव बदन, ह्‌वै है षरो न कोइ ॥४९॥

कैसे इक युयुधान सों, करत दुःसासन जुद्ध।
तुमरी रन महि आइ कै, भई पलाइन बुद्ध। ५०॥

कुपित भीम कपिकेत दृग, देषहुगो जब लाल।
कहा करेगो ताहि छिन, जो अब भयो विहाल ॥५१॥

जो तुम यों भागन लगे, पीर सरन की पाइ।
तो मिल धरम नरेस सों, दीजै बसुमत जाइ ॥५२॥

जो लौं अर्जुन सर निसित, लगे न तुमरे गात।
तो लौं पांडव सों मिलौ, सहित सुयोधन भ्रात ॥५३॥

स०--भीषम बारहि बार कह्यो तुअ भ्रात सुयोधन को समुझाई।
जीते न जाहिं पृथासुत कैसेहुँ काहे को ता संग रार बढाई ॥
सो हित बैन न कान धर्‌यो उन मूरष आन रची है लराई।
तांते दुसासन धीर धरो चित्त वेग लरो युयुधान सों जाई ॥५४॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
दुःशासन पराजये द्रोणवाक्यं नाम चतुस्त्रिशोऽध्यायः।

पैंतीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

सो०— द्रोन बचन इह भांत, सुन तुअ सुत चुप ह्वै रह्यो।
साथ मलेच्छ बरात, लै पुनि यादव पर चल्यो ॥१॥

लग्यो लरन उहि जाइ, दु:सासन युयुधान सों।
इत पुनि ब्राह्मनराइ, पांडव मत्स्य पंचाल सों ॥२॥

कर्‌यो कदन रन जाइ, द्रोन पंचालन को तवै।
दीने सकल भगाइ, पांडव मत्स्य समेत हीं ॥३॥

बीरकेत अभिधान, ताहि समेत सुत द्रुपद को।
धर निज कुल अभिमान, गयो लरन द्विज राज सों ॥४॥

तजे तुरत अनषाइ, उन सर पांच दरोन को।
धुज को एक लगाइ, बिध्यो सूत पुनि सात सों ॥५॥

इक भूपति उहि ठौर, मैं देष्यो अचरज बडो।
द्रोन सूर सिर मोर, ता सनमुष ह्‌वै ना सक्यो ॥६॥

ता लषि सकल पंचाल, दौर गये रन द्रोन कों।
नृप ब्राह्मन भुअपाल, घेर लियो चहुँ ओरहिं ॥७॥

तजे सबनि इक बार, द्विज ऊपर आयुध विविध।
उन सब कीने छार, सर तीषन हज्जार तज ॥८॥

तज्यौ घोर इक ओर, सूरज अगन समान सर।
वह पुनि द्रुपद किसोर, गात भेद भूतल धस्यौ ॥९॥

वीर केतु उहि काल, पर्यो भूमितल यान तें।
चंपक ज्यों भुवपाल, बात भग्न गिरि तें परत ॥१०॥

देषि हन्यो निज भ्रात, भूपत सकल पंचाल सुत।
युद्ध हेत मदमात, दौरे तुरत दरोन को ॥११॥

चित्रकेतु बलवान, और सुधन्वा नाम इक।
चित्रवर्म पुनि आन, तीनहु को मत एक है ॥१२॥

छोरी शर जलधार, जैसे सावन को जलद।
द्रोन सूर सरदार, द्रुपद पूत हूं ने बिध्यो ॥१३॥

तब हि द्रोन करि कोप, बान जाल तीषन तज्यो।
चाहत उन को लोप, षैंचत है सर कान लौं ॥१०॥

दो०— भूलिगयो कर्तव्य सब, भए मूढ रन मांहि।
लगे बान सब द्रोन के, आप सम्हारत नांहि ॥१५॥

सो०— हसत हसन द्विजराइ, सूत तुरग रथ सहित वह।
दीने धरनि गिराइ, ताहि समै नृप द्रुपद सुत। १६॥

हनि उन को द्विजराइ, फेरत धनु ठाढो भयो।
गाजत ज्यौं मृगराइ, भूप डरावत अरिन को ॥१७॥

द्रोन हने तिहि देष, धृष्टदुमन रन माहि जब।
नृप करि कोप विसेष, चल्यो चलत जल दृगनि तें ॥१८॥

लियो द्रोन सर छाइ, जाइ द्रुपद नृप सुतहुने।
परचो यान मुरझाइ, तीषन सर उर लगत ही ॥१९॥

क०— द्रोन पर्यो यान जानि पान मैं कृपान गह्यो,
कूद्यो तज यान ढौठदुम्मन रिसाइ कै।
ताहि रथ ऊपर ही ठाढो भयो जाइ तैसे,
उठ्यो है अचारज सरासशर लाइ कै॥
लागे ढिग योधी सर होत न समोधी तातैं,
द्रुपद नरेस पूत भाग्यो अकुलाइ कै।

छोरत है बान पुनि षैंच षैंच कानन लौं,
द्रोन हूँ को आपनेई बैठ्यो रथ जाइकै ।।२०।।

चौ०–तज द्विजराज निसत सर घोरहि, कियो बिद्ध पुनि द्रुपद किसोरहि
लगे लरन दारुन रन दोऊ, ता महि भूप न हारत कोऊ ।।२१।।

मंडल करत लरत रन माँही, जान विसेष परत कछु नांही ।
दिस भुव गगन सरनि सों छाए, ता लषि लोक सकल बिसमाए ।।

पुनि द्विजराज बान इक छोर्‌यो, धृष्टदुमन सारथि सिर तोर्‌यो ।
तज रन तुरग भगे बिन सूतहि, रह्यो मोरि नृप द्रुपद को पूतहि ।।

जीत मत्स पांडव पंचालहिं, गयो द्रोन निज व्यूह बिसालहिं ।
तज भय फिरत द्रोन रन मांही, होरि सक्यो उनहूँ नृप नाहीं ।।२४

संजय उवाच

उत पुनि भूप दुसासन धायो, यादव जाइ निसित सर छायो ।
ता लषि जादव अति हि रिसायो, सेन सहित बहु बाननि छायो ।।

लगे बान जब जादव वर के, भगे सकल तब मारे डर के ।
एक दुसासन ठाढो भयो, तज सित साइक जादव छयो ।।२६।।

विधे तुरग सारथि युयुधाना, चार तीन सत तीषन बाना ।
सिंहनाद पुनि दारुन कीनो, कियो कुपित युयुधान अदीनो ।।२७।।

तुव सुत रथ धुज सूत समेतहि, डीठ परत नहिं बान निकेतहि ।
ता लषि भूप सुयोधन राई, तुरतहि त्रिगरत फौज पठाई ।।२८।।

तीन हजार महारथ धीरहि, जाइ घेरि लीनो जदुवीरहि ।
कर मत एक सकल मन मांही, जतन करन लागे रन मांहो ।।२९।।

ता छिन भूप पंच सत सूरहि, यदुकुल दीप किये सर चूरहि ।
परे धरन तज प्राननि रन मैं, वात भगन पादप जनु बन मैं ।।३०।।

छिन्न दुरद रथ तुरगन छाई, भूप लगे रन भूमि सुहाई ।
देषि परत त्रिगरत उन मूले, चहूं ओर किंशुक जनु फूले ।।३१।।

दो॰— सो पुनि सातकि सर हने, सरन लहत नहिं कोइ।
पंक मगन गज पुंज सों, उन की उपमा होइ ॥३२॥

भाग गए सब द्रोन ढिग, त्रिगरत अति भयभीत।
च यो मंद युयुधान तहां, जहां कृष्ण सह मीत ॥३३॥

भूपति सातकि जात को, दुःसासन नव बान।
दौर लगाए वेग सों, धर निज कुल अभिमान ॥३४॥

उन पुनि हसि सित सरनि सों, कियो विद्ध तुम पूत।
कस्यो धनुष कीनो गमन, जहां पुरंदर पूत ॥३५॥

तबहि दुःसासन कुपित ह्वै, भूप सूर सिर मोर।
सातकि जातहिं जात को, तर्जो सकत अति घोर ॥३६॥

सो पुनि जादव षंड सत, करी निशित शर लाइ।
तब सुत लै धनु आन पुनि, षरो बान बरसाइ ॥३ ॥

तब यदुवर सर निसित अति, तजि तुव सुत हरि चार।
सारथि धनुष हथेल धुज, किये पलक महि छार ॥३८॥
छिन्न धनुष हत सूत हरि, निज रथ मांहि चढाइ।
दुःसासन कों लै गयो, त्रिगरत दलपति आइ ॥३९॥
नृप पुनि ताके हनन को, दौरि गयो युयुधान।
दुःसासन मारचो नहीं, भीम वैन उर आन ॥४०॥
जीत दुःसासन को चल्यो, अरिगन डारत षेत।
सातकि बेग भरचो तहां, जहाँ गयो कपिकेत ॥४१॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
दुःशासनपराजयो नाम पञ्चत्रिंशोऽध्यायः।

छत्तीसवाँ अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— क्यौं संजय मम सैन मैं, कौऊ महारथ नांहि।
जो इक जादव जात नहों, होरि सक्यो रन मांहि ॥१॥

सून पंथ वह होइगो, जहां गयों युयुधान।
कै सूरन बिन होइगो, अथवा मृत परधान ॥२॥

कहु संजय कैसे गयो, एक बहुत दल तोरि।
जातहि सातकि सबन मिलि, क्यौं रन सक्यो न होरि ॥३॥

सञ्जय उवाज

दो०— तुमल भयो तुव सेन को, रथ गज तुरग पदात।
हमरे या सम व्यूह की, कानन परी न बात ॥४॥

पीछे भयो न होइगो, या विध सूर समाज।
जैसो सैंधव के लिये, व्यूह रच्यो द्विजराज ॥५॥

उत पुनि पांडव द्रोन सों, लगे करन रन घोर।
भूप तहां दोउ दलन मैं, भयो भयानक सोर ॥६॥

भूप तबै उन की अनी, हनी सुयोधन राइ।
भीमादिक लषि ताहि को, दौरि पहूंचे आइ ॥७॥

स०—भूप सुयोथन को धनु मंडल डीठ परे शुच सूर की न्याईं।
जोरत छोरत जानि परै न, लिये सब पांडव बाननि छाई ॥

ताहि को चाप कट्यो तपनंदन विद्ध कियो दस बान लगाई।
तो सुत लै धनु आन सवै यह पांडव भूप को बात सुनाई ।।८।।

सो०— तिष्ठ तिष्ठ रन मांहि, अब मत भागो मोहि सों।
यौं कहि कौरव नाह, दौरचो धरम नरेस को ।।९।।

ता लषि सकल पँचाल, दौरि पहूंचे वेग सों।
राषि लियो भुअ पाल, चाहत जीत नरेस को ।।१०।।

नृप उन सों द्विजराइ, तो सुत हेत लग्यो लरन।
मो पै कह्यो न जाइ, भयो घोर रन जो तबै ।।११।।

ता छिन बडो संहार, भयो भूप दुहुँ दलन मैं।
ठौर ठौर सरदार, लरे भरे अभिमान सों ।।१२।।

पुन दुपहर उपरंत, भूपति दारुन रन भयो।
गरजे अति मदमंत, सूरवीर नर जलद लों ।।१३।।

लग्यो लरन द्विजराइ, सोमक पांडु पँचाल सों।
तीषन बान चलाइ, वर वर वीर घने हने ।।१४।।

केकय पांचहि भ्रात, बृहतछत्र तामहिं बडो।
रन कोविद मदमात, दौरि गये रन द्रोन को ।।१५।।

बरसे बान अछेह, बृहत छत्र पुनि द्रोन को।
ज्यौं गिर ऊपर मेह, बरसत पावस के समै ।।१६।।

द्रोन पांच दस बान, तीषन पुनि ताको तजै।
वै सर सरप समान, काटे उन निज सरनि सों ।।१७।।

ता को लाघव देषि, हसि द्विज पुंगव आठ पुनि।
साइक निसित निसेष दुषदायक ताकों तजे ।।१८।।

द्विजवर के वह बान, बृहतक्षत्र आवत कटे।
ता लषि भये हिरान, लोक सकल रन मैं तबै ।।१९।।

कियो प्रगट द्विजराइ, ब्रह्म अस्त्र वर ताहि को।
उन पुनि वही चलाइ, कियो समित द्विज अस्त्र वह ।।२०।।

बृहत छत्र उहि काल, विध्यो द्रोन सठ सरनि सों।
ताको द्विज भूपाल; लायो निमित नराच इक ॥२१॥

भेदि कबच तब बान, वह भुव धस्यौ उरग ज्यों।
नृप केकय परधान, भयो बिद्ध द्विज सरनि सों ॥२२॥

यौं विध आपस मांहि, बान जुद्ध अद्‌भुत भयो।
नृप पुनि केकय नाह, भ्यो व्याकुल द्विज सरनि सों ॥२३॥

सूत सहित किक्यान, ताके पांचहि सरनि सों।
हने द्रोन बलवान, कटे छत्र ध्वज विवस रनि ॥२४॥

बृहत छत्र उर मांहि, तीषन गड्यो नराच इक।
ताहि लगे कुरुनाह, वह तजि असु भूतल परचो ॥२५॥

केकय हन्यो निहार, धृष्टकेतु सिसपाल सुत।
ता छिन समर उदार, दौरि पहूंच्यो द्रोन कों ॥२६॥

क० - कौरव नरेस तबै पूत सिसुपाल जू को,
पावक दरोन कों पतंग जनु धायो है।

रथ हरि केतु साथ द्रोन सर छाइ लियो,
सोवत दरी मैं मृगराज ज्यौं रिसायो है॥

कटचो है क्षुरप्र सों द्रोन पुनि ताको चाप,
लैके उन चाप आन बान झर लायो है।

ता के पुनि द्रोन हय मारे चहुँ बानन सों,
एक हूं सो सूत सीस भूतल गिरायो है ॥२७॥

चौ०-पांच बीस साइक अनयारे, द्रोन ताहि के उर मैं तारे।
कूदि यान तें भयो पदातहि, लैकर गदा हाथ मदमातहि ॥२८॥

तजी रुषित नागन जनु कारी, गदा तुरत द्विजवर को भारी।
उन पुनि आवत तिल तिल करी, करत सोर भूतल मैं परी ॥२९

गदा परत लषि कौरव राई, धृष्टकेत अति उठ्यो रिसाई।
तोमर सहित सकत इक छंडहि, तज सर द्रोन करी षँड षंडहि॥

धृष्टकेतु उर मैं इक बाना, अरप्यो द्रोन हरे तिन प्राना।
वै पुनि रथ ते भूतल परचो, ता सुत आइ द्रोन सों अरचो ॥३१॥

हसत हसत निज बान दरोनहि, तुरत बहै पठयो जम भौनहि।
जरासंध सुत कों कुरुराई, त्यौं द्विजवर यमपुरी दिषाई ॥३२॥

और बहुत बल वीरज भारे, द्विजबर उन के बीर संहारे।
चेकितान अरु धृष्ट दुमन सुत, हने द्रोन दोऊ दल अद्भुत ॥३३॥

भए भीत पांडव पंचालहि, देषि कुपित ब्राह्मन भुअपालहि।
ठाढे द्रोन व्यूह दरवाजे, बल मृग हनत सिंह जनु गाजे ॥३४॥

पांच असीत बरस तिहि वेसहि, द्रोन बृद्ध ऊजर सब केसहि।
सूरनि सों रन लरत विसेष्यो, षोडस बरस कुमर जनु देष्यो ॥३५

अरिगन नास बहुत विध ठान्यो, द्रोन सबनि अंतक जनु आन्यो।
करि अमर्ष पुनि पांडु पंचाला, कियो आइ द्विज ऊपर हाला ॥३६

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
पांडववीरवधो नाम षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥

समाप्तश्चेदं पूर्वार्द्धम्

सैंतीसवां अध्याय

संजय उवाच

क०— बाढ्यो बल द्रोन जू को जुगांत जैसे,
दारुन समर भूप होन जब लाग्यो है।
पांडव पंचाल सबै सोमक सहित दीन,
ताहि छिन छीन भए धीर चित भाग्यो है ॥
लहत न सरन कोऊ पांडव नरेस तबै,
पायो है कलेस बड़ो एक चित्त जाग्यो है।
कहा अब ह्वै है भयो बल को विनाश बडो,
भूपति बिचार ऐसे चित्त महि पाग्यो है ॥१॥

दो०— भूपति चित चिंता बढी, हार आपनी जान।
अर्जुन को देष्यो चहै, देषन लग्यो दिसान ॥२॥

क०— डीठ न परत सेत वाहन समेत हरि,
ता के पुनि हेत युयुधान को पठायो है।
पांडव नरेस घोष सुन्यो है न गांडिव को,
ताहि समै ताको भूप सोक चित छायो है ॥
यौं बिध विचार तब मन मांहि करन लाग्यो,
लोक अपवाद हूँते महा डर पायो है।
सातकि पठाई तहां ताकी सुध लैन पुनि,
कहे लोक मोकों कोऊ और न पठायो ॥३॥

दो०— एक सोक पहलेहु तो, भो अब दूजो आइ।
जो पारथ सुध लेन कों, सातकि दियो पठाइ ॥४॥

डरौं लोक अपवाद तें, धरौं न चित में चैन।
तुरत पठावौं भीम को, अब उन को सुध लैन।५॥

क०— भीमहुँ को भूतल मैं भारो है न काम कोऊ,
जीते सब सूरन को एक ही रिसाइ कै।

जाके भुज बल हूं सों कब हूँ न पाई हार,
भाई जिन संकट ते राषे हैं बचाइ कै॥

याही के गये तें हरि पारथ सनाथ ह्वै हैं,
सातकि लरेगो रन दूनो बल पाइ कै।

ऐसी बात भूपत बिचार कर ताहि समै,
कह्यो यह बैन भीमसेन ढिग जाइ कै॥६॥

दो०— जीते जिन रथ एक सों, देव दनुज सिरमोर।
भीम तिहारे अनुज कों, सुनियत ना धुन सोर ॥७॥

ऊँचो धुज डीठ न परत, तातें मो मत मांहि।
भीम भई चिंता अधिक, अर्जुन को सुष नांहि ॥८॥

क०— सुनि भीमसेन धुन भीम पंचजन्य हू की,
माधव को सिंहनाद काननि परत है।

जानत हौं पारथ परचो है रन मांहि तातें,
मीत अभिमान भरचो माधव लरत है॥

ऐसे कहि भूप गिरि परचो भूप भूतल मैं,
दुष सो भरित चित चैन न धरत है।

सूषत बदन दुति भई है मलीन तबै,
नैनन को नीर नीरधार ज्यौं टरत है॥९॥

दो०— कह्यो भीम उठ उठहु नृप, करो कछू मत सोक।
सो कारज मोकों कहो, जो भारी तिहुँ लोक ॥१०॥

नृप पुनि नृपति सचित्त ह्वै, कही भीम सों बात।
पांच जन्य धुन श्रुत परी, कीनी कृष्ण रिसात ।।११।।

क०— सांची कर चानत हों अनुज तिहारो वह,
सूरन को सूर आज संगर में परचो है।
ताहि लषि माधव को हठ सों लरत जान,
यातें कर कोप बडो सिंहनाद करचो है।।
ताकी सुध लेन हमैं सातकि पठायो रन,
सो न पुनि देषि परै कौन साथ अरचो है।
तां ते यह सोक ओक भयो है हमारो मन,
भीम सैन भार बडो तेरे सिर परचो है ।।१२।।

दो०— मानत हौ हमरो कह्यो, जो तुम भीम उदार।
तो अर्जुन सुध लीजिए, करो न और बिचार ।।१३।।
देष भीम तिन तीन को, कुसल सहित तिह ठौर।
करियो सारत मोहि को, ता छिन करि हरि सोर ।।१४।।

भीमसेन उवाच

क०— तीन लोक नाथ जाको साथ रहे सारथि ह्वै,
जाके हाथ गांडिव सो कैसे रन हार है।
तद्यप नरेस तुअ सासन तें जावौं तहां,
गोबिंद समेत कपि केतन जहां रहै।।
मेरो सिंहनाद रन सारत समझ लीजै,
अर्जुन कुसल जान सोक सु बिडारचो है।
ऐसे कहि भीम सेन भूपति को ताहि समै,
भूप ढीठ दुम्मन को बैन यों उचारचो है ।।१५।।

दो०— ढीठदुम्मन तुम ह्यां रहो, ब्रल जुत भूपत पास।
निस दिन रह्यो जतन सों, करत द्रोन को त्रास ।।१६।।

दोऊ हमरे काम हैं, भूप रच्छ रन जान।
करो जतन तिन दुहुन मैं, ता महि एक महान ।।१७।।
भूपत रछ्या कीजिए, द्रोन अधिक बलवान।
यही काम हम को बडो, धृष्टदुमन जिय जान ।।१८।।

क० — अर्जुन करत गौन कह्यो सब हूँ के आगे,
द्रोन नृप गहिवे की कौरव सो ठानी है।
मोहु को तो परचो है अवस्य उहां जैवो अब,
सैंधव के बध हेत सौंह हमै मानी है।।
भूपति के बैनन मैं रहो सब ठाढे तुम,
सेवा ए तिहारी जग नीकी कर जानी है।
भ्रात अरु सातकि के पास मैं सिधारत हौं,
भूपति तिहारे पास थौनी हम ठानी है ।।१९।।

दो० — धृष्ट दुमन पुनि भीम को, कही भूप यह बात।
भीम गमन सुष सों करो, जहां तिहारो भ्रात ।।२०।।
चिंता धरम नरेस की, नेक न कीजै भीम।
द्रोन ताहि पकर न सकै, मुहि जीवत संग्राम ।।२१।।
तब नृप नृपति निक्षेप कर, धृष्टदुमन के पास।
भीम बंदि नृप के चरन, चल्यो अरज्जन पास ।।२२।।
दै आसिष तब सूँघि सिर, भूप लियो गर लाइ।
भीम प्रदच्छन कर चल्यो, नृप की सासन पाइ ।।२३।।

क० — माने भूम देव करि सेव आदि देवन की,
मंगल निहारे आठ कीनो मधुपान है।
बाढचो बल दूनो भीमसेन जू को ताहि समै,
नैनन की ललाई को कछू ना प्रमान है।।
दीनी है असीस तूठी ब्राह्मन अनेक सांची,
मन को उछाह तैसे जीत ही वषानी है।

सीतल सुगंध मंद बात अनुलोम बह्यो,
गात न समात तूठ्यो ढीले कवचान है ।।२४।।

दो०— पहिर कबच कुंडल विमल, अंगद अरु तल त्रान ।
चित्र वसन पुनि स्वसन सुत, चढ्यो महारथि यान ।।२५।।

कनक चित्र कारी कवच, ताके गात सुहात ।
वारिवाह बिजुरी सहित, ज्यौं भूपति बरसात ।।२६।।

सिंहनाद दारुन कियो, कर लोचन अति लाल ।
भीम नगारो दे चल्यो, जहँ अर्जुन गोपाल ।।२७।।

चलत चलत ताके तुरग, सुरग छुवत जनु पाइ ।
बस कर लिये बिसोक हूँ, सोहत अति छब पाइ ।।२८।।

क०— आवत निहार भीम सेन को उदार तबै,
भूपत कुमार तेरे वेग उठि धाए हैं ।
दुःसह सुषेन चित्र सेन सल कुंड भेद,
दुःसल सुमुष दीहनैन छवि छाए हैं ।।
सबै इकबार भीमसेन को प्रहार करैं,
तीषन अनेक भांत साइक चलाए हैं ।
लंघि उन सबहू को भूप भीम सेन चल्यो,
आगे बल बारन के बानन सों धाए हैं ।।२९।।

दो०— सुनि गर्जन जनु सरभ को, वन महि त्रसत कुरंग ।
कर भैरव रव गज भगे, बान भगन अँग अंग ।।३०।।

दौरि पर्‌यो पुनि पौन सम, द्रोन अनीकनि मांहि ।
बाढत बारधि बेल ज्यौं, बारि लियो रन मांहि ।।३१।।

द्विजवर अरप्यो भीम के, एक नराच लिलार ।
ऊरध कर दिनकर मनो, सोहत गगन मंझार ।।३२।।

यौं जान्यो जिय द्रोन तब, अर्जुन ज्यौं यह भीम ।
हमरो मान बढाइगो, है सब गुननिन सीम ।।३३।।

यातें पौन तनूज को, कही द्रोन यह बात।
भीम मोहि जीते बिना, क्यौं तुम आगे जात ।।३४।।

क०— साथ जदुराई सृव्यसाची तुव भाई वह,
मेरी आन मान गयो कौरव के दल मैं।
कैसे तूँ सिधारत हो मेरे मत माने बिन,
बीरज दिषाहु जुद्ध रंग हू के थल मैं ।।
ऐसे भीमसेन सुनि बैन गुरु देव जू के,
नैन अरुनाई आनी सांझ ज्यौं बदल मैं।
बैन प्रुन ऐसे गुरु देव को कहन लाग्यो,
काहू पै न मानी जिन भीत भूमितल मैं ।।३५।।

दो०— अर्जुन तुव मत मानि कै, गयो न ब्राह्मन वीर।
जो परबेस सुरेस दल, करै धरत चित धीर ।।३६।।
कहै पौन सुत द्रोन सुत, तव अर्जुन हरिदूज।
रन मैं मान बढाइकै, करी तिहारी पूज ।।३७।।
दयावान मुहि जान मत, बनचरकेत समान।
द्रौन तिहारो सत्रु हौं, भीमसेन अभिधान।।३८।।
तव सुत हम हमरो तुहीं, पिता बंधु गुरु मीत।
पै हम यह जानत रहै, करी तुम्है विपरीत ।।३९।।
जो हमरो अरि आपु कों, जानत हौं रन मांहि।
तो अरि लाइक काम अब, मैं कर हूं इह ठाँहि ।।४०।।

क०— सारथि तुरंग केतु साथ रथ छार भयो,
गदा के प्रहार हूँ सों ता छिन दरोन कों।
सूर सिरमोर और भूप उहि ठौर घने,
सूधो मग पाइ कै सिधारे सुर भौन कों ।।
चौबिध अनोक तबै भूतल परत देष्यो,
रूपन उषार जैसे डारे वेग पौन कों।

बैठ आन जान द्विज व्यूह दरवाजे माहि,
ठाढो जाइ भयो है विरोधी भीम गौन कों ॥४१॥

दो० – भूपति घेर्‌यो भीम पुनि, तब सुत हूँ अब आइ।
तजी दुसासन सकत इक, ता पर तीष रिसाइ ॥४२॥

सो उन आवत ही कटी, ता छिन उठ्यो रिसाइ।
हनै तिहारे पूत वह, इक इक बान चलाइ ॥४३॥

जो अभिमान भरे तहां, तुअ सुत समर उदार।
भीम सैन सनमुष गए, सो उन लीने मार ॥४४॥

भागे हत अवसेष जनु, मृगपति सों मृग जात।
तव सुत पांडव भीम सों, सित सर पीडित गात ॥४५॥

सूर तिहारे क्रूर सब, भए भगन अँग अंग।
चले समर तज भीम कों, पेलत चपल तुरंग ॥४६॥

जीत भीम उन को कियो, सिंह नाद हरषाइ।
बाहु सब्द तल सब्द कर, पर्‌यो द्रोन पर जाइ ॥४७॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
भीमसेनप्रवेशो नाम सप्तत्रिंशोऽध्यायः।

अठतीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

क०— जीत के रथिन हूँ को चल्यो भीम सेन जबै,
ताके अटकाइवै को दोन उठि धायो है।
साइक बरष भारी डारी भीम ऊपर ही,
कीनी उनि छार छिन एक हूं न लायो है॥
दौर्यो भीम भूतनाथ जैसे तुव पूतन कों,
माया फर सबहू को मोह उपजायो है।
ताहि लषि आवत नरेस तब सुतहू ने,
सूरन को संघ बडो ता पर पठायो है॥१॥

दो० – आवत सूर समाज लष, तजी गदा अति घोर।
ताके ऊपर भीम पुनि, परी करत अति सोर॥२॥
ताहि परत लषि करत ह्वै, भैरव रव तुव वीर।
ता धुनि सुनि बहुजन परे, रथ तज भुव बिन धीर॥३॥
जो विध नृप तुव रथिन को, छिन महि मार भगाइ।
षगपति जनु अतिवेग सों, गयो भीम अनषाइ॥४॥
तब द्विजवर कर कोप अति, अर्यो भीम सों आइ।
सिंह नाद दारुन कियो, बान जात बरसाइ॥५॥
दौन पौन सुत परसपर, लाग्यो समर बिसेष।
देषन हारनि होत है, रोमहर्ष जिहि देष॥६॥

लगे परन जब धरन मैं, दोन बान सो सूर।
ता छिन भीम उठ्यो तहां, ज्यौं सागर को पूर ॥७॥

क०— कूदि निजयान हूं ते भीम अभमान भर्यो,
भूप तब पाइक ह्वै दोन हूँ को धायो है।
बैल ज्यौं बरष भारी सीर शरधार धारी,
राषै मूँदि नैन चैन चित्त अधिकायो है ॥६॥

ईष सों पकर यान द्रोन को पछार्यो भूम,
तज रथ द्रोन बेग भूमितल आयो है।
वे तो चढि आन यान गयो व्यूह द्वार हूँ को,
बेग सों बिसोक यान भीम सों मिलायो है ॥८॥

भूप चढि यान बलवान तबै बेग भर्यो,
चल्यौ है वृकोदर सहोदर के पास ही।
मरदन करत तेरी सूर जुत बाहिनी को,
रूषन पवन जैसे धरत हुलास ही॥

बेग सो बिदार्यो दल भोज औ कंबोज हूँ को,
जीते हैं मलेछ सैलवासी अनयास ही।
चाहत अनुज देष्यो गयो जब आगे भीम,
लरत निहार्यो युयुधान सविलास ही ॥६॥

दो०— बेगहि आगे जायकै, भीम लष्यो कपिकेत।
करत जुद्ध अति क्रुद्ध ह्वै, सैंधव मारन हेत ॥१०॥
लषि अर्जुन को मुदित ह्‌वै, सावन ज्यौं घन घोर।
भीमसेन गाज्यौ तहां, गयो शब्द चहुँ ओर ॥११॥
गर्जन सुनि पुनि भीम को, अर्जुन कृष्ण समेत।
सिंहनाद कीनो दुहनि, ताके देषन हेत ॥१२॥
नाद सु अरजन भीम के, परे युधिष्ठिर कानि।
भयो मुदित अति सुनत ही, भैमी सारत जानि ॥१३॥

सुनि सुनि गर्जन भीम के, पुनि पुनि धरम नरेस।
हसि मन की मन सों कहै, छूटत सकल कलेस ॥१४॥

भीम दई सारत तुम्हे, बचन हमारो कीन।
जिन कौ अरि तुम भीम हौ, सो नित है जय हीन ॥१५॥

क०— बडे बडे काम जिन कीने अभिराम सबै,
कानन किरात बाम देव जू सों लर्‌यो है।

छार किए गात वै निवात कवचन हूँ के,
रन मैं सहाइ जिन देवन को कर्‌यो है॥

मोहू पैन गने जात और घने काम ताके,
जहां परी भीर तहां धीरज ही धर्‌यो है।

भली भई जीवत है प्यारो वै हमारो भ्रात,
सातकी समेत सेन सागर मैं तर्‌यो है ॥१६॥

दो०— सत्यसंध रन होइगो, निहचै अर्जुन आज।
दिन महि सैंधव को हनै, करत सपूरन काज ॥१७॥

ता हत सैंधव देषि कै, दुर्जोधन पछताइ।
सेन सकल लै मोह सों, तुरत मिलैगो आइ ॥१८॥

भीमसेन हत भ्रात लषि, और घने सिरदार।
दुरजोधन पछताइ कै, मानहिगो रन हार ॥१९॥

यों भूपति अति मुदित ह्‌वै, मन महि करत विचार।
भूपत होन लग्यो तहाँ, पुनि संग्राम अपार ॥२०॥

धृतराष्ट्र उवाच

स०-भीम महाछबि छाजत गाजत मो दल बीचहिं बीच सिधारचो।
ह्वां पुनि सूर हुते बहुते कहु सूत कहा किनहूं न निवारचो॥
क्यों करि सूत को पूत बडो रन कोविद ताछिन ताहि ते हारचो।
ताते कहौ बरतंत सबै तुब बैनिनि हूं हमरो जिय जारचो ॥२१॥

चौ०-लाइ लाइ साइक अनयारे, चुन चुन मो सुत बहुत संहारे।
और सूर सिगरन को जीतहि, गयो भीम रन मैं निरभीतहि ॥२२
पारथ ते अरु माधवहूं ते, त्यौं युयुधान कृसानुनहूं ते।
तैसो रन मुहि त्रास न आवै, जैसो मो को भीम दिषावै ॥२३॥
हनै कौन नर कौन भगाए, कौन सूर मूरछ बसा आए।
कहो सूत मोको समुझाई, किन पुनि तिन सों करी लराई ॥२४॥

सञ्जय उवाच

करन भीम गरजन सुनि दारुन, अति कर कोप कियो जु महारन।
ता पर तुरत कुपित ह्वै धायो, लागत फेरत धनुष सुहायो ॥२५॥
रोक पौनसुत को मग ठाढो, पौनहु को जनु भूरुह डाढो।
चाहत निज भुज बल दिषरायो, करन करन रन को चित लायो ॥
भीम करन रन आवत देष्यो, कोप अमित उर माँहि विसेष्यो।
छोरे तुरत सिला सित साइक, कटे परत वह रविकुल लाइक ॥२७

स०—भूप जबै रविनन्दन वीर समीर को पूत जुरे रन मांही।
देषनिहारिन के तन ता छिन कांपत देषि परै उहि ठांहीं ॥
भीम को केहरनाद बडो सुन सूरहुँ चाप तजे भुअ मांही।
बाहन भीत तजे मल मूतहिं चैन रह्यो चित काहू को नाहीं ॥२८

चौ०-ता छिन डर उतपात दिषायो, काग गीध गन अंबर छायो।
लगे परस्पर करन प्रहारा, भीम करन तजि तजि सरधारा ॥२९॥
बान करन पुनि बान सुहाए, बीस भीम उर मांहि गडाए।
कियो बिद्ध पांचहि सो सूता, तब नृप हस्यो समीरन पूता ॥३०॥
चौसठ बान करन को छंडहि, वै सर करन कियो षँड षंडहि।
काटत बान दुहुन को दोऊ, करत युद्ध हारत नहिं कोऊ ॥३१॥
भीम करन सर छाइ लियो पुनि, कट्यो करन को धनुष तुरत उनि
तब धनु आन करन कर लीनो, कर तिहिं सज्ज सिंहरव कीनो ॥

करन बान दस सान लगाए, बीर समीरन सुत को लाए।
तब करि कोप वृकोदर बीरहिं, गडे करन उर तीन सुतीरहिं ॥३३

स०—सांप समान लगे पवमान के पूत के बान करन्न की छाती।
ताहि लगे अति सोहत है जनु सैल त्रिश्रृंग मरीच को नाती॥

गैरिक धात समान तबै नृप श्रोनित धार चली अति ताती।
नेकु चल्यो उहि षेतहुँ ते अति पीडित ह्वै कपि केतु अराती ॥३४

चौ०-तब रवि सूनु तजे बहु बाना, भीमसैन को कर अभिमाना।
ता सर छन्न वृकोदर ठाढो, कट्यो करन धनु पनच सुडाढो ॥३५
करन तुरग पुनि सूत समेत हि, पौन पूत डारे हन षेतहि।
तजि रथ तुरत करन उठि धायो, सुत वृषसैन यान महि आयो ॥३६
जीत करन को भीम सुगाज्यौ, शोक जुधिष्ठिर को सुन भाज्यौ।
पांडव सूर हरष सों छाए, सिंहनाद करि संष बजाए॥३७॥
ता धुनि सुनि पुनि कौरव गाजे, बाजत भूप दुहूँ दल बाजे।
पांडव गांडिव घोष मचायो, पांच जन्य जदुनाथ बजायो ॥३८॥
भीम सोर अति घोर सुनायो, और सोर तिहि मांहि समायो।
ता छिन होन लग्यो रन दारुन, करत भीम छोरत सर धारन ॥३९

सञ्जय उवाच

जीत करन जव भीम सिधायो, दुर्जोधन तिहि देषि रिसायो।
तुरत द्रोन ढिग पहुँच्यो जाइ, कोप सहित बहु बात सुनाई॥४०॥

स०—तीन महारथ छीनत मोदल कीन अदीन मृगाधिप सोरे।
जीत गए मम सूरन को सब भीत भये किन हूँ नहिं होरे॥
लोक कहै अचरज्ज हि मानि कै तीन हूँ क्यों द्विजके सर फोरे।
मेरोई नास बन्यो रन द्रोन जो जात महारथ तैं नहिं मोरे॥४१

चौ०-तातें द्रोन गई सु गई है, रहो राच ढिग मीच ठई है।
तुरत उपाय बहुरि कछु कीजै, ज्यौं त्यौं सैंधव नृप रषि लीजै ॥४२

द्रोण उवाच

कहौं बात भूपत मैं सांची, तब मति नित्त कपट महिं राची।
द्यूत षेल पहिले तुम करी, जीत हार तब कछु नहि परी ॥४३॥

जीत हार अब होइ सु होई, करो मंत्र सौबल तुम दोई।
जो तुम अच्छ सभा महि डारे, सो इह साइक हैं अनियारे ॥४४॥

भूपति सेन दुरोदर जानो, दाउ जयद्रथ को पहिचानो।
अच्छ बान हठ सो रन पेलहु, यह रन द्यूत भूप अब षेलहु ॥४५॥

जीत हार अब सैंधव मांही, सब मिलि जतन करो इहि ठाहीं।
ह्यां पुनि रोक पांडु पंचालहि, रहौं हनत बैरन जनु कालहि ॥४६

द्रोन बचन सुन कौरव राई, चल्यौ तुरत तिहि सासन पाई।
जात ताहि छिन दल लै न्यारे, उत्तमोज युधमन्यु निहारे ॥४७॥

स०— जो रन भोज रुके पहिले बिव पारथ के रथ के रषवारे।
सो दुरजोधन सैन तें बाहर पारथ के ढिग जात निहारे॥
उत्तम ओज जुधा मनु सोदर तो सुत हूँ रन हेत हँकारे।
क्रोध सों आइके लान लगे नृप बान सुयोधन के अनयारे ॥४८

चौ०-तब भूपत युधमन्यु रिसायो, तो सुत तीस सरन सों घायो।
बीस बान सारथि को लाए, चार तुरग चहुँ सुरग पठाए ॥४९॥

दुरजोधन पुनि द्वै सर छोरे, जुधामन्यु के ध्रुज धनु तोरे।
सूत एक सों भूतल डारचो, चारहि चार तुरग तन फारचो ॥५०॥

कुपित युधामनु पुनि सर तीसहि, तजे सुयोधन को अवनीसहि।
त्यौं नृप उत्तम-ओज रिसायो, तो सुत सारथि भूमि गिरायो ॥५१

दुरजोधन तज सर अनयारे, उत्तमोज हरि सारथि मारे।
तज रथ उत्तमोज भुव आयो, चढचो भ्रात रथ तुरत रिसायो ॥

उत्तमोज पुनि बान चलाए, तुव सुत हरि जम लोक पठाए।
एक बान सों धनुष तुरायो, तब तव सुत तजि रथ भुव आयो ॥

ले तुव पूत गदा अति भारी, जाइ ताहि रथ ऊपर मारी।
तजि रथ तुरत दोउ भुव आए, आगे चढि रथ और सिधाए ।।५४

पीसि जान उन को तव पूतहि, चढचो सल्य रथ उत्तम सूतहि।
उत पुनि भीम करन मतवारे, लगे लरन कुंजर जनु कारे ।।५५।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां भीमसेनप्रवेशे दुर्योधनयुधामन्यूत्तमौजोयुद्धं नाम अष्टत्रिंशोऽध्यायः।

उनचालीसवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

स०—भीषम द्रोन सों त्यौं न डरे नृप ज्यौं डर सूत के पूत सों पायो ।
नींद परै न धरम्म नरेस को लागे है सूत कछू न सुहायो ।।
सो पुनि क्यों बलवान बडो तब भीमहु ते रथ माहि पलायो ।
जीत्यो हुतो पहले रविनंदन क्यौं पुनि भीम सों जुद्ध मचायो ।।१।।

सञ्जय उवाच

चौ०-रविसुत को तज भीम चल्यो जब, जहां हुते अरजुन अरु केसव ।
सूत पूत ताके अनुधायो, तहां जाइ साइक झर लायो ।।२।।

फूल कमल जनु बदन सुहावै, भूप करन हसि कोप जनावै ।
तिष्ठ त्रिष्ठ कहि भीम हकारचो, ताकहु यौं पुनि बैन उचारचो ।।३।।

कर्ण उवाच

कबहु न भीम मुरे तुम रन मैं, भागत क्यौं न लजात हौ मन मैं ।
बृथा दूध पारथ तैं पीयो, अब न बनत कायर मग लीयो ।।४।।

तातें मोकहु बान चलावहु, भीमसेन मत पीठ दिषावहु ।
ज्यों सुनि करन बचन अति डाढो, मोरि तुरत पांडव रथ ठाढो ।।

रन महि इकते एक सुवायो, सर झर दुहनि परस्पर लायो ।
कानन कुंजर ज्यौं मतवारे, करन भीस रन लरत निहारे ।।६।।

भीम निसत साइक पुनि छोरे, आवत करन गगन महि तोरे।
ताकहुँ बान करन पुनि तजे, हसि हसि और धनुष महि सजे ॥७

भीम सह्यो नहि हास करन को, तज्यो कोप कर जाल सरन को
छोरि करन पुनि तीर सुरंगहि, किये बिद्ध अति भीम तुरंगहि ॥८

भीम सूर रथ केत समेतहि, छयो भूप तब करन सुचेत हि।
कटे सकल सर भीम करन के, बैन तेय जनु गन भुजगन के ॥६॥

स०—कोप किये तब भीम करन्न को भूपति भल्ल बतीस चलाये।
तैसे करन्न सुतीषन तीर समीरन के सुत को पुनि लाये॥

यौं विध बारहि बार हजार तजे सर संगर मांहि रसाये।
आग मैं जैसे पतंगन के गन बान दुहून के ऊपर छाये ॥१०॥

चौ०-पहले मृदु रन करन मचायो, अति दृढ विक्रम भीम दिषायो।
करन धनुष मारुत सुत तोरचो, सात सिलीमुष सों उर फोर्‌यो॥

किए बिद्ध पुनि चारहि घोरे, बान करन को बहुविध छोरे।
भेदि करन तब बान सुहाये, गूढ चरन जनु भूमि समाये ॥१ ॥

भीम बान इक और चलायो, ताके लगे करन अकुलायो।
हत हरि यान तज्यौ अकुलाई, करन आन रथ बैठ्यौ जाई ॥१३॥

सञ्जय उवाच

चढि रथ आन करन पुनि धायो, ता लषि तुव सुत आनँद पायो।
पर्‌यो भीम पावक मुष जान्यो, तल धनु धुनि सुन रविसुत ठान्यो

भीमहु को सर वरषन लाग्यो, युद्ध दुहुन पुन दारुन लाग्यो।
देषत आपस मांहि हठीले, कर कर लोचन वीर रसीले ॥१५॥

ज्यौं बन सिंह करन बहु सोरै, बाज समान दोऊ अति दौरे।
कुपित सरभ जनु दोऊ देषै, ता छिन भूपति लरत बिसेषै ॥१६॥

पूरब दुष सब भीम विताए, जो जतुघर अरु द्यूत दिषाए।
जो दुष बिपिन विराट नगर मैं, लियो तुम्हैं हरि सर वस घर मैं॥

पुनि दुष द्रुपदी के मन आए, सभा बैठ तुव पूत दिषाए।
हठ करि केस गहे जु दुसासन, कहै बचन जनु ज्वलित हुतासन ।।
कही करन पति और हि करिये, भूप सुजोधन के बस परिए।
परे नरक पारथ नहि हांसी, द्रुपदी हूजै कौरव दासी ।।१९।।

स०—और घने तुम्हरे दुष भूपत मारुत पूतहु ने मन आने।
पैंचहि षैंज तजे सर तीषन करन को गूढ चरन्न समाने ।।
आधीरथी हसि बान चलाइ कै पारथ के सर जाल उडाने।
कोप किये नब तीषन बान वृकोदर के उर मांहि गडाने ।।२०।।

चौ०—भीम सुचेत करन को धायो, रवि सुत ताके आगे आयो।
मत्त दुरद जनु मत्त दुरद सौं, लर्‌यो करन पारथ सों मदसों ।।२१
भेजी सम जल जात बजायो, सैन सकल महि षलहल पायो।
देषि भजत नर गज रथ पाइक, तजे भीम रवि सुत को साइक ।।
रिच्छ बरन निज तुरग सुहाये, स्वेत करन हरि साथ मिलाये।
मिले तुरग अति सोहत रन मैं, ज्यौं घन स्वेत अस्वेत गगन मैं ।।२३
हा हा कार कियो रन सब हीं, देषि भीम पारथ बल तब हीं।
डरे भूप सब सूर तिहारे, कांपत देह षरे ह्वै न्यारे ।।२४।।
अद्‌भुत जुद्ध दोऊ पुनि करई, जीत हार कछु जान न परई।
छोरि दुहन सर अंबर छायो, लोकन को बल अधिक दिषायो ।।२५
छोरत बान दोऊ कुरु नाइक, भए जलद जनु देषन लाइक।
ता कर मुक्त सिलीमुष सोहै, मत्त सरद सारस मन जोहै ।।२६।।
नर गज तुरग सरन के मारे, परे धरन तज प्रान पियारे।
छई धरन उन सों छिन माहीं, मो पै जात बषानी नाहीं ।।२७।।

धृतराष्ट्र उवाच

हमैं भीमबल अचरज मान्यो, या तै जुद्ध करन सो ठान्यो।
देव असुर नर यच्छ समेतहिं, जो जीते रन मांहि सुचेतहि ।।२८।।

क्यौं तिन पांडव जीत सक्यो नहिं, तबै विविध हथियारन को गहि
बार बार सुन हार करन की, रहत सम्हार न मोकहुँ तन को ॥२६

नष्ट होत कौरव अब जानौं, जो सूरनि यौं विध रन ठानो।
पांडव सूर समर निरभीते, क्यौं हु न जाहिं करन सों जीते ॥३०॥

स०— पांडव जीते नहीं कबहूँ रविसूनु घने उन सों रन ठानै।
देव न जीत सकैं उन को रन मूरष यौं मम पूत न जानै॥
राज लियो छल सो तिन कों अपना करि ताहि सुजोधन मानै
कीनो बडो उनको अपमान समामहि बैन कहै दुःष दानै ॥३१॥

चौ०-मैं पुनि सूनु सनेह अधीनो, सूत कपट उन सों बहु कीनो।
वै पुनि अपनो धर्म निबाहैं, हम सों संधि धरम नृप चाहैं ॥३२॥
सो मो सुत असमर्थ बिचार्यो, सुहृद् बैन मन मैं नहिं धार्यो।
भीम आन चित ता दुष लरहै, जानत हौं सिगरो दल हरहै ॥३३॥
होत कहा अब के पछताए, देव करत अपने मन भाए।
तातें कहु संजय समझाइ, भीम करन ज्यौं भई लराई ॥३४॥

संजय उवाच

सुनो भूप बरतंत कहों सब, जो रवि सुत अरु भीम भयो तब।
तीस तीर तीषन पुनि करना, तजे भीम कहँ पुंष सुबरना ॥३५॥
कट्यो करन धनु ताछिन भीमहिं, तजि भल डार्यो सारथि भूमहि
करन धरत रुष अरुन द्दगन मैं, भीम सेन वध चाहत मन मैं ॥३६
कनक विचित्र दंड सुतीषी, ता छिन सकत करन क्रूर दीषी।
काल सक्त जनु सक्त डरारी, बह पुनि पारथ ऊपर डारी ॥३७॥
ता तज करन सिंह जनु गाज्यौ, ता सुनि सोक कुरुन को भाज्यौ।
सकति करन करते वह छूटी, गगनहि भीम सरनि सौं टूटी ॥३८
करि बरछी सर छीन पृथा सुत, षर सर लाइ विध्यो सांवता सुत
आन धनुष पुनि करन सम्हार्यो, षैंच षैंच साइक गन डार्यो॥

कटे बान बहु भीम करन के, सिंहनाद करि हरषन मन के।
अद्भुत युद्ध कियो पुनि दोऊ, रन महिं हार न माने कोऊ ।।४०

कर्‍यो करन को धनु हरि मारे, छोरि भीम साइक अनयारे।
लषि नृप संकट मांहि करन को, बढ्यो कोप तब दुरजोधन को ।।

स०—तो सुतहूने दुरज्जय को पुनि ऐसे नरेस निदेस कियो है।
मारहु भीम को वेगहि सौं इन तो ग्रस सूत को पूत लियो है।।
यौं सुनि दौर दुरज्जय तीषन बान सों पारथ छाइ लियो है।
सो पुनि भीमहु ने सरलाइ तबै जम भौन पठाइ दियो है ।।४२।।

चौ०–दुरजय मृतक पर्‍यो लषि रन मैं, रोयो करन धरत दुष मन मैं।
ता पर करन प्रदच्छिन करी, लगी रही नैनन जल झरी ।।४.।।
भीमहुँ ने पुनि विरथ करनकरि, घन सरबिद्ध कियो रिस करिकरि
तदपि करन नर भीम न छोर्‍यो, आगे चलत तुरत पुनि मोर्‍यो ।।

सञ्जय उवाच

चढि रथ आन करन पुनि धायो, पांडव को सित सर झर लायो।
उन सर तीष करन कों छोरे, लगे लरन दोऊ रिस बोरे ।।४५।।
भीम सरन सों बिद्ध करन तब, लषियत ता दृग कोप अरुन छब
पांडव को इक बान लगायो, भेदि गात वह भूमि समायो ।।४६।।
भीम कोप कर लोचन अरुना, गदा हाथ गहि षचित सुबरना।
तुरत करन ऊपर वह छोरी, तजत गरल नागिन जनु दौरी ।।४७।।
जाइ करन तुरगन कों लागी, बेग भरी भूपति जनु पागी।
ताके लगे करन किंक्याना, चारहि भूम परे तजि प्राना ।।४८।।
द्वै क्षुर छोर भीम अनियारे, करन केतु सारथि भुव डारे।
छोरि यान हत सूत तुरंगनि, रवि सुत ठाढो भयो रन आंगनि ।
ता छिन करन पराक्रम देष्यो, बिरथ सरथ सों लरत बिसेष्यो।
दुरजोधन लषि बिरथ करन को, कह्यो जाहु तुम दुरमुष रनको ।।

दुर्मुष देषि बिरथ रन करना, याको देहु तुरत द्वै चरना।
यौं सुनि दुर्मुष आत अताई, बेग करन ढिग पहुँच्यो धाई ॥५१॥

कोप अरुन लोचन छब छाजै, तजत बान पारथ को गाजै।
दुरमुष को लषि दास करन को, लह्यो भीम तब बांछित मन को॥

चाटत सृकनी भीम षुसालहिं, तजे करन को तीषन सालहि।
दूरमुष को रथ भूतल डार्यो, लाइ सु षर सर दुरमुष मार्यो॥

तजि असु दुरमुष भूतल परयो, ताही को रथ रविसुत धर्यो।
चढि उहि यान भानु जनु सोहै, करन मृतक दुरमुष को जोहै॥

स०—देषि दुरम्मुष को रविनन्दन को दृग ताहि समै भर आए।
दीरघ स्वास तजे अति सोक ते काज घरी कु सबै बिसराए॥

ऐसे मैं भीम नराच सुतीषन चौदस भीम करन्न को लाए।
छेदि कवच्च सने तन को वह पन्नग लौं भुव मांहि समाए ॥५५॥

चौ०-त्यौं नराच चौदस पुनि करना, तजे भीम को पुंष सुवरना।
भेद भीम भुज वाम सुहाई, धसे धरन पन्नग की न्याईं ॥५६॥

धरनि धसत साइक बहु सोहै, अस्त होत रविकर जनु सोहै।
ताहि लगे पुनि पारथ तन मैं, चल्यो रुधिर जनु झरन नगन मैं॥

त्यौं रिसाइ साइक सित तीनहिं, तजे करन को भीम अदीनहिं।
सूत सात सर लाइ गिरायो, व्याकुल ह्वै रविपूत पलायो ॥५८॥

कर धनु सोर भीम अति डाढो, आग पुंज जनु भौ रन ठाढो।
पांच बदन जनु गर्जन लाग्यो, परम हर्ष उन के दल जाग्यो ॥५६॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
कर्णपराजयो नामैकोनचत्त्वारिंशोऽध्यायः

चालीसवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

सो०— सूत दैव बलवान, निहचै कर जान्यो हमैं ।
यातें समर सुजान, करन भग्यो रन भीम तें ।।१।।

छप्पै— कही प्रथम यह बात सूत दुरजोधन मो संग ।
पृथा पूत कापूत आपु लीनो जदुवर संग ।।
ताहि सहित तिन सबन करन तें भागत जानौ ।
क्यौंहूँ न हमरी हार तात निहचै करि मानों ।।
नहि योध और कोऊ करन सम यही सांचि मन मैं धरो ।
लहि मीत करन हम जीत है उनहिं संधि तुम मत करो ।।२।।

सो०— सूत आज वह मंद, मो सुत भागत करन लषि ।
परयो काल के फंद, क्या बिचार लाग्यो करन ।।३।।

छप्पै— द्रोन तनय कृप करन मद्र भूपति धनुधर है ।
भीमहु ते डरपाइ जाइ अब क्यौं रन लर है ।।
निज भुजबल धर करन एक तासों रन कीनो ।
सो उन बारहि बार जीत छिन मैं पुनि लीनो ।।
तिहि भीमसेन कहुँ सूत नहिं सके जीत कोऊ समर ।
अब ताही सों रन हारि है लरै आइ जद्यपि अमर ।।४।।

सो०— प्रेतराज पुर जाइ, नर फिरि आवै सूत सुन ।
पारथ सनमुष जाइ, क्योंहू कोऊ न फिरत है ॥५॥

छप्पै— पवन पूत के बैंन सिमर जो कहे सभा मैं ।
देषि ताहि सों भजत करन रन के अंगना मैं ॥
जानत हौं अब सूत देषि बर बीर बिनासन ।
भ्रात सहित डर पाइ युद्ध को तजहि दुःसासन ॥
तब मूढ सुजोधन बात यह बार बार मोसों कही ।
हम करन दु:सासन तीन मिलि पांडव सों हारै नहीं ॥६॥

सो०— देषि करन कों दूर, भजत भीम तें क्या कह्यो ।
उन मो सुत पुनि क्रूर, बार बार रन में विरथ ॥७॥

छप्पै— देषि पवन सुत सरनि धरनि तल परत सहोदर ।
जानत हौं मम पूत आज पछतात भर्यो डर ॥
सूत सकल अपनीति समझ अपनी तब मन मैं ।
सोचहिगो तब हाइ हाइ कर मूरष रन मैं ॥
कहो पौनपूत पर गौन, रन कौन करत चाहत जिए ।
नहि बचत कोऊ रन पूत मम यह विषाद गाहत हिए ॥८॥

सञ्जय उवाच

सो०— अब क्यों कुरुसरदूल, सोचत हो लषि वीर मृत ।
सकल नास को मूल, तुही भूप जान्यो सबन ॥९॥

छप्पै— बडो बैर करि आप देत हो दोस सुतन कों ।
बिदुर वैन सुषदैंन मानि सिष दई न उन को ॥
कियो तुम्है भूपाल प्रथम विषपान सुदारुन ।
कुरु पुंगव फल सकल ताहि को लेहु महारन ॥
कत निंदत निज सैन को लरत जथाबल समर महि ।
सुन कहो सकल बरतंत पुनि होनहार कछु मिटत नहिं ॥१०॥

सो०— दुरधर जय अभिधान, दुरमर्षन दुर्मद दुसह।
तुअ सुत पांच प्रधान, भए कुपित लषि करन जित ॥११॥

छप्पै— तज सायक चहुँ ओर भीम उन पांचहि घेर्‌यो।
बान जाल दस दिसहि सलभ गन ज्यौं जन हेर्‌यो ॥
हसत हसत पुनि भीम सबन को बान चलायो।
छिन महि उन को बान सकल कर छार उडायो ॥
तब पूतन को लषि सूत सुत भीमसेन सों लरत रनि।
कर कोप तुरत दौर्‌यो तहां भूप तज तीषन सरनि ॥१२॥

सो०— पर्‌यो करन को धाइ, तुव सुत वारित भीम पुनि।
ता लषि भए सहाइ, मिल कौरव सब करन कों ॥१३॥

छप्पै— भीमसेन कों सबन तीर तीषन पुनि छोरे।
उनि उनके सर सकल भूप इक छिन महि तोरे ॥
पांच बोस तजिबान भीम तुमरे सुत मारे।
धुज हरि सूत समेत रथिन ते षेतहि डारे ॥
जनु वात भगन तरु फूल जुत देषि परत भूतल परे।
लषि अदभुत विक्रम भीम को सूर सकल तुमरे डरे ॥१४॥

सो०— तबहि सबनि लषि लीन, अचरज बिक्रम भीम को।
जो तुव सुत बध कीन, होरि सरन सों करन को ॥१५॥

छप्पै— देषि करन तुव सुतनि परत तब भूतल मांहि।
सब तें भयो उदास चहत निज जीवत नांहि ॥
सोचत जनु अपराध सहित आपुन को मानै।
ज्यों देषत भुव मांहि भीम तुव पूत गिरानै ॥
तब पवन तनय अति कुपित है, नृपति वैर पूरब सिमरि।
सर निसित घोर पुनि करन को, लग्यो तजन चित धीर धर ॥१६॥

सो०— तब हसि राधा पूत, तजे पांच सर भीम को।
ज्यौं बलि को पुरु हूत, तजे तीष सप्तति अवर ॥१७॥

छप्पै— लगे करन को सरनि पवन सुत पीर न पाई।
तजि सित सर नत परब करन लीनो उनि छाई॥
पुनि तीषन सर पांच ताहि को मरम लगाए।
कटचो करन को धनुष भीम तज बान सुहाए॥
पुनि आन धनुष कर करन गहि कछुक बिमन मन मैं भयो।
चहु और छोर सायक निसित भीम सेन ता छिन छयो॥१८॥

सो०— हसि परभंजन पूत, तजि तीषन साइक तबै।
हनै तुरंगम सूत, कटचो धनुष बर करनको॥१९॥

छप्पै— ता रथ को तजि करन गही पुनि गदा सुभारी।
दौर तुरत कर कोप भीम के ऊपर डारी॥
उन पुनि तज सर तीष सबनि देषत वह तोरी।
नीरद ज्यौं सर वृष्टि सूत-नंदन पर छोरी॥
तब छोरि करन सर भीम सर लिए तोरि कटचो बरम।
पुनि पांच बीस छुद्रक गडै भीम सेन जूके मरम॥२०॥

सो०— नव सर सरप सुभाइ, तजे भीम पुनि करन को।
धसै धरन महि जाइ, भेद कवच भुज दच्छ अरु॥२१॥

छप्पै— बान जाल तज भीम करन तब छादन कीनो।
भयो बिमुष रन मांहि निसित पारथ शर छीनो॥
दुरजोधन लषि ताहि नृपति यह बैन उचारचो।
लेहु राष मिल सकल करन जिमि जाइ न मारचो॥
सुन भ्रात बचन अद्‌भुत तबै भूप तुरत तेरे तनय।
रन हेत भीम ऊपर गए तजत तीष सर गन सभय॥२२॥

सो०— चित्र जुद्ध अभिधान, चित्रवर्म अरु चित्र द्दग।
चारु चित्र पुनि आन, चित्र चित्र उप चित्र पुनि॥२३॥

छप्पै— इकु इकु साइक लाइ भीम सिगरे वह मारे।
बात भग्न जनु रूष रथन तें भूतल डारे॥

हत तुव सुत लषि करन नैन नीरहिं भर आए।
बिदुर बैन सुष दैन सकल सांचै तब भाए॥
चढि आन यान पुनि सूत सुत तुरत भीम सनमुष गयो।
सर तजत निसित अति परस्पर जुद्ध दुहुनि दारुन भयो ॥२४॥

सो०— सोहत हैं उहि ठौर, दोऊ बानन के लगे।
ज्यौं भूपति घनघोर, ागे दिनकर किरन के ॥२५॥

छप्पै— भल्ल निसित छत्तीस कुपित पारथ तब छोरे।
काट करन के कवच गात सिगरे उन फोरे॥
पौन पूत को बान करन पंचास लगाए।
दोऊ भूप इह भांत समर आपस महिं घाए॥
अनि सोहत सोनित सिक्त तन पाइ घाइ डाढे सरनि।
जनु सूर चन्द्र ऊगे दोऊ देषि परत पारथ करन ॥२६॥

सो०— केहर ज्यौं बलवान, लरत लाल लोइन लसै।
दोऊ भरे अभिमान, इन्द्र विरोचन पूत ज्यौं ॥२७॥

छप्पै— गरजन धनुष टँकार, बान जल धारहिं जो है।
बरसत पारथ मेह करत गिरि ऊपर सो है॥
भीम सरन सों छन्न करन तुव पूतहि देष्यो।
हरि अर्जुन युयुधान ताहि लषि हरष बिसेष्यो॥
लषि अद्भुत भुजबल भीम को अरु धीरज तुव पूत तव।
कर त्रास आस तज जीव की भए भूप रन बिमन सब ॥२८॥

सञ्जय उवाच

सो०— भीम धनुष टंकार, सहि न सक्यौ पुनि करन तब।
जैसे विपन मंझार, मत्त दुरद प्रति दुरद धनु ॥२९॥

छप्पै— लषि भूपति तुव तनय मृतक रन करन दुषित मन।
तजत स्वास पुनि दीह उष्ण अति शोक शिथिल तन॥

बहुरी धरि अभिमान बेगि पारथ पर धायो।
तजि सायकनि रिसाइ पांडु लाइक तब छायो॥
सर छूटे धनुष तें करन के लसत भीम तन मैं धसत।
जनु बास हेत षग धावहीं तरवर को सूरज असत ॥३०॥

सो०— करन धनुष ते भूप, ईषा धुज रथ छत्र तें।
साइक जाल अनूप, तब निकरत जनु देषिए ॥३१॥

छप्पै— देष करन को बेग दुसह अरु बान निकर घन।
भीम वीर धर धीर पीर मन मैं न धरत रन॥
किए छार छिन मांहि करन के बान हजारहिं।
लियो करन तिमि छाइ छोरि साइक सित धारहिं॥
लषि अद्‌भुत विक्रम भीम को भूप सिद्ध चारन तबै।
अतहि प्रसन्न तुव वीर बर साधु कहन लागे सबै ॥३२॥

सो०— हरि पारथ जुजुधान, उत्तमोज युधमन्न अरु।
लगे करन हरि ध्यान, साधु साधु कहि भीम को ॥३३॥

छप्पै— भूरि श्रवन कृव द्रोन तनय महराज सिंधुपति।
कर कर भीम सराह घोर हरि सोर करत अति॥
सुन धुनि तुमल सुघोर तुरत दुरजोधन बोल्यो।
जाहु सकल मिल सूर करन रन मैं कछु डोल्यो॥
रष लेहु करन कों भीम तें जो न जाइ मारयो समर।
कछु करहु यतन या रषन को सकल समर तुम हो सुधर ॥३४॥

सो०— आगेहि सोदर सात, दुरजोधन के बचन सुन।
हठ करि अधिक रिसात, दौर दुरद जनु रन गए ॥३५॥

छप्पै— तजत भीम को बान भूप तब यों सर दरसैं।
ज्यौं पावस चहुँ ओर जलद परबत पर बरसैं॥
कर कर सातहि रोस भीम सर पीडित कीनो।
प्रलय काल मिलि सात षचर बिधु ज्यों ग्रस लीनो॥

तब भीम सैन अति कोप करि हाथ धनुष दृढ कर लियो ।
तज सात बान तुव सुतन को भूमि सप ताछिन दियो ॥३६।

सो०— प्रथम बैर करि याद, सातहि नृप तुव सुत हने ।
धर मनि भीम विषाद, भूप नाम तिन के सुनो ॥३७॥

छप्पै— चित्र युद्ध अरुचित्र सत्रु सह दृढ सँत्रु जय ।
चित्र सेन विकरन्न सात इन भूप लयो द्वय ॥

हने बहुत रन भीम और तुमरे सुत प्यारे ।
परचो देषि विकरन्न नैन जल भूतल डारे ॥

भनि भीमसेन यह बैन तब परतज्ञा पहले करी ।
नहि मैं मारचो विकरन्न तू राष्यो प्रन प्रीत न हरी ॥३८॥

सञ्जय उवाज

सो०— हनि तिन कों पृथपूत, सिंहनाद दारुन कियो ।
देषत हीं सुत सूत, करचो धनुष टंकार पुनि ॥३९॥

छप्पै— जय सूचक हरिनाद पवन सुत जो तब कीनो ।
सो पुनि धरम नरेस सुषद ताछिन सुन लीनो ॥

भयो अमित आनंद सकल सैनक हरषाए ।
कर कर केहर नाद संष सुभ जंत्र बजाए ॥

पुनि भूप युधिष्ठिर बेग करि गयो द्रोन ऊपर समर ।
नृप होन लग्यो रन घोर तब द्रोन पंडु सुत परस्पर ॥४०॥

सो०— दुरजोधन इकतीस, देषि अनुज रन मैं हने ।
सोचित चित अवनीस, विदुर बचन हितकर गने ॥४१॥

छप्पै— कपट द्यूत कर प्रथम तुमहि सर बस हर लीनो ।
कहि कहि बचन कठोर सबन उन को दुष दीनो ॥

दुःसासन गहि केस द्रुपद भूपत की बेटी ।
आनो संसद माहि दुषद इक बसन लपेटी ॥

दुष घने और उन को दिये ताको फल पाग्यो अबै।
पुरहूत भवन तुव पूत लरि भीमहू सों जैहैं सबै ॥४२॥

सो०— तातें कौरव राइ, अब कछु सोक न कीजिए।
क्यौंहु न मेटी जाइ, होनहार बलवान है ॥४३॥

धृतराष्ट्र उवाच

छप्पै— कह्यो साँच तुम सूत सकल अपराध हमारे।
करि एकत सब भूप हमहि अंतक मुष डारे॥
गई बीत वह बात जतन अब सरत न कोऊ।
जो आगे कर्तव्य भलो करिये पुन सोऊ॥
लषि दुरजोधन निज अनुज हत कौन जतन रन मैं करै।
पृषदश्वपूत अरु कर्ण पुनि कहु संजय कैसे लरैं ॥४४॥

सञ्जय उवाच

सो०— भूप दोऊ संग्राम, भीमसेन अरु कर्ण जुर।
जैसे नीरद स्याम, बान बर्ष वर्षन लगे ॥४५॥

छप्पै— कनक पुंष सर निसित दुहन को छूटन लागे।
पाय घाइ तन दोऊ भूप सोणित सों पागे॥
लगी परन तुव सैन धरन बानन की मारी।
छोर छोर हथियार समर तें दूर सिधारी॥
मिलि देषनिहारनि सौं रहे सूरवीर तेरे नृपत।
तब लगे कहन भयभीत ह्वै छोंरि धनुष साइक समिति ॥४६॥

धृतराष्ट्र उवाच

सो०— पांडु सुतन के हेत, देव हमै मोहित करत।
जो ह्वै परत अचेत, हमरो दल लहि भीम सर ॥४७॥

सञ्जय उवाच

छप्पै—
लगी बहन रन मांह रुधिर तटनी अतभारी।
सूरन को सुषदाइ भीरु जन को दुषकारी॥
वहत विविध हथियार विविध भूषन पट जामैं।
नर बारन रथ तुरग छिन्न अँग अंगनि तामैं॥
लषि अद्भुत कर्म दुहून को सिध घारन बिसमत भए।
नृप दोऊ हनत दल देषिये अगन पवन जनु बन ठए॥४८॥

सो०—
भयो परम रन घोर, भीम कर्न दुहू परस्पर।
नल बन जनु उहि ठौर, दुरद दुहिन तब दल मथ्यो॥४९॥

छप्पै—
बहुरो सित सर तीन भीम को करन लगाए।
घने विविध पुनि और निसित साइक बरसाए॥
लहत भीम नहिं पीर धीर धर परबत जैसे।
गढचो करन के करनि करनि सर तीषन तैसे॥
तिहि लगत कनक मोतिन जरचो परचो करन कुंडल धरनि।
जनु छीन सिसिर कर रैन महि नषत जोति जगमग किरनि॥५०

सो०—
अरु इक भल्ल चलाइ, भीम बिंध्यो उर महि करन।
हसत हसत कुरुराइ, छोरे और नराच दस॥५१॥

छप्पै—
भीम धनुष तें निकर बान वह बेग सिधाए।
मिलि आवत उहि काल लगत जनु सर्प सुहाए॥
लगे करन के माथ दसहि तीषन नराच वह।
लसे करन जनु ताहि लगत सितकमल माल सह॥
अति बिद्ध करन तिन सरनि सों तब पकरि यान कूबर रह्यो।
दृग मूँदि बिकल तन द्वै घरी पाछे पुनि चेतन लह्यो॥५२॥

सो०—
रुधिर भरे अँग अंग, उठ्यो करन करि कोप अति।
करचो चहत रन रंग, दौर पहूँच्यो भीम को॥५३॥

छप्पै— बान निसित सत एक करन पांडव को लायो।
त्यौं मारुत सुत बान जाल उहिं ऊपर छायो ॥
दोउ मनुज सरदूल लसत सरदूल लरत जनु।
छोरत सर जलधार परस्पर स्याम जलद मनु ॥
करि करि तल सबद डरावहै आपस महिं तजि बिसिष गन।
पुनि भीमसेन धनु करन को तजिसर तोरचो ताहि छिन ॥५४॥

सो०— तुरत सूत सुत आनि, लियो हाथ दृढ धनुष कर।
रह्यो समर रिस मान, लषि तुअ दल पारथ हन्यो ॥५ ॥

छप्पै— देषि मृतक भुव मांहि सेन बहुभांत तिहारो।
भयो सूत सुत देह दिपत अति तेज उजारो ॥
करचो धनुष टंकार करन हरि नाद बिसेष्यो।
भीम सैन की और नैन कर घौर हि देष्यो ॥
अति सोहत है सर तजत जनु सरद काल सूरज किरन।
नृप देषिय परे तब करन तन घोर जरित अगनित सरन ॥५६॥

सो०— सर तरकसतें लेत, जोरत धनुषहि करन तब।
षैंच स्रवन लगि नेत, छोरत अंतर ना लष्यौ ॥५७॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे भाषायां भीमसेनप्रवेशे कर्णयुद्धं नाम चत्वारिंशोऽध्यायः ॥

इकतालीसवां अध्याय

संजय उवाच

भुजङ्ग प्रयात—तबै सूत के पूत के तीर तीषे,
दिसे व्योम छाए हमैं भूप दीषे ।
छये भीम के यान ऊपर अपारा,
मनो सैल ऊपर परत बान धारा ॥१॥

तहां भीम जूको पराक्रम बिसेष्यो,
सबनतें अधिक ता समै लोक देष्यो ।
परी सिंधुलों बान की वर्ष भारी,
तुरत पौन के पूत हूने निवारी ॥२॥

कनक पीठ ठाढो धनुष लै सुहायो,
कुपित वेग सों कर्न को भीम धायो ।
लगी है दुहूं नें परस्पर लराई,
चहूँ ओर ठाढी निहारे लुगाई ॥३॥

भई है दुहुन के सरन की अंधेरी,
कछू ना सम्हारै नृपत फौज तेरी ।
सरन के घसन तें अगन कै अंगारै,
गगन ते परत जूगनू ज्यौं निहारे ॥४॥

करन भीम को तीषने बान छंडै,
तुरत भीमहू ने गगन मांहि षंडै ।
षरे हो षरे हो कहे भीम सैना,
करन को कियो कोप सो लाल नैना ।।५।।

तवै जुद्ध मैं सिंह ज्यौं भीम गाज्यौ,
सुनत सेन तेरो सकल दूर भाज्यौ ।
लगे देषने सूर दूरे षरोई,
सके भीति सों भीम आगे न होई ।।६।।

रिषी देव गंधर्व ठाढे निहारै,
दुहन को सबै साधु साधू उचारै ।
तजे भीमहू ने तबै बान तीषे,
करन के सरन सो मिलत छार दीषे ।।७।।

दो०— छोरे तुरत नराच नव, भीमहुँ को सूत सूत ।
ते ते बान चलाइ कै, कटे पौन के पूत ।।८।।

भुजङ्ग प्रयात—तज्यो भीम हूँ ने निसत एक बाना,
परयो सूत के पूत ऊपर डराना ।
करन बेग सों षेत में छार कीनो,
सरन छोर भीमै करन छाइ लीनो ।।९।।

तबै सूत के पूत को रोस आयो,
षरे बान के जाल सों भीम छायो ।
कटी भीम के चाप की जेह डाढी,
कटी है रसमि जो गही सूत गाढी ।।१०।।

कटयो जोत डाढे हने है तुरंगा,
कटे दोऊ हैं भीम जू के निषंगा ।

तजे भीम के सूत को पंच बाना,
बिध्यो सूत दौर्‌यो युधामन्नु याना ॥११॥

भयो यान को छोर कै पादचारी,
गही भीम हू ने गदा एक भारी ।
तुरत कोप के कर्न को जाइ छंडी,
परत ही दसों बान सों कर्न षंडी ॥१२॥

तबं षड्‌ग औ चाम लै भीम धायो,
षडग सूत के पूत हूं को चलायो ।
कट्यो ताहि सों चाप डाढो करन को,
लसै पीठ ताको जरायो स्वरन को ॥१३॥

तुरत पानि लीनो करन चाप आना,
लग्यो छोरने भीम को तीष बाना ।
धरम आपनो जान कै चित्त गाढो,
लरत सूत के पूत सों भीम ठाढो ॥१४॥

रथी सों लरत पाइचारी अदीनो,
कछू ना डरै जुद्ध मैं अस्त्र हीनो ।
दोऊ सामरे मेघ ज्यौं भूप गाजे,
लरत हैं दोऊ मीच के साज सजे ॥१५॥

दो०— छूटे सब हथियार तब, निज जिय राषन हार ।
भीम जाइ ठाढो भयो, रन हत दुरद मंझार ॥१६॥

भुजङ्ग प्रयात—परे शैल ज्यों स्वेत बाहन संहारे,
करो ताहि मैं यान कैसे सिधारे ।
यही जान कै दुर्ग ज्यों भीम ठाढो,
करन सों लर्‌यो है कियो कोप डाढो ॥१७॥

तवै सूत के पूत ऊपर पछार्‌यो,
द्विरद भीम हूं ने परत मैं निहार्‌यो ।

परत हीं करन बान सों छार कीनो,
भयो ता समै मारुती कोप भीनो ॥१८॥

दुरद भीम हूं ने तबैई उडाए,
गगन मैं भरे बेग दूरे सिधाए।
परे ह्वै रहै हैं महा पौन मांही,
धरन मैं परै आज लौं भूप नाहीं ॥१६॥

धरन मैं गजन के परे अंग भारे,
सोई भीम लै कर्न के सीस डारे।
गगन मैं परत ही करन चूर कीने,
जु जो भीम छोरे सु सो काट दीने ॥२०॥

तबै पौन को पूत दौर्‌यो रिसाई,
तुरत वज्र ज्यौं मूठ डाढी उठाई।
तबै कर्न को मारिवो चित्त धार्‌यो,
गुडाकेस को नेम ता छिन सम्हार्‌यो ॥२१॥

यही जान कै कर्न मार्‌यो नहीं है,
भरी बेग सों मूठ यौं ही रही है।
करन बान हुं सों लियो भीम छाई,
तबै मूरछा भीम को भूप आई ॥२२॥

बिकल मारुती कर्न हूँ ने न मार्‌यो,
बचन याद आयो पृथा जो उचार्‌यो।
बिंध्यो चाप के अग्र सों भीमसेना,
गई मूरछा कै उठ्यो लाल नैना ॥२३॥

दो०— तुरत करन के हाथ सों, लीनो धनुष छिनाइ।
बाही सों पुनि ताहि को, बिंध्यो सीस अनखाइ ॥२४॥

भुजङ्ग प्रयात—लगी कर्न को चाप की चोट भारी,
तबै भीम को बात ऐसी उचारी।

सुनो तू बरक ओदर इक बात मेरी,
करन सों लरन कों कहां सक्त तेरी ।।२५।।

जहां मूढ होवे घनो षान पाना,
वही ठौर को भीम कीजै पयाना ।
इहाँ काहि को जुद्ध मैं भीम आयो,
लरत क्रूर ह्वै सूरहूँ ते पलायो ।।२६।।

मुनी ह्वै करो जाइ कानन बसेरो,
अरिन सों लरन कों नहीं काम तेरो ।
अबै जाइकै कोप कीजै रसोई,
हनहु दंड सों सूद औ दास दोई ।।२७।।

यही भांत रूषे कहे बैन आना,
धनुष भीम को फेर तैसे लगाना ।
करन बैन रूषे कहन फेर लाग्यो,
सुने जाहि के भीम को कोप जाग्यो ।।२८।।

सुने बैन रूषे हस्यो भीम सैना,
सबन ही सुने ते कहै भूप बैना ।
कई बार तू दुष्ट मोसों पलायो,
हमै बोल रूषे न तोकों सुनायो ।।२९।।

लरै होत है जीत औ हार दोई,
कहे सूर को सूर ऐसे न कोई ।
जनम है करन नीच कुल में तिहारो,
लरत यौं कटुक बैन क्यौं ना उचारो ।।३०।।

अबै मोह सों मल्ल संग्राम कीजै,
तुरत कीचकनि के मगनि पाइ लीजै ।
सुनत ही करन भीम के बैन ऐसे,
लग्यो है कहन फेर बानी जु तैसे ।।३१।।

दो०— कटुक बचन पुनि करन के, सुने कृष्ण कपिकेत।
कह्यो कृष्ण अरजन्न हुँ, भीम छुडावन हेत ॥३२॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
भीम पराजयो नाम एकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥

बयालीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

स०-ताहि समै सिलधौत सिलीमुष सूत के पूत को पारथ छोरे।
साँप समान करन्न के गात को भूपति हंस ज्यौं कौंच को दौरे ॥
ताहि सो विद्ध भयो इकु दूसरो भीमहुँ ने बहुते धनु तोरे।
छांडि करन्न चल्यो तब भीम को बेग तुरंगन के मुष मोरे ॥१॥
भीम तबै युयुधानहि के रथ मैं चढि पारथ पास सिधायो।
ता छिन पारथ मीच समान करन्न को बान अमोघ चलायो ॥
ज्यौं षगराज भुजंगन चाहत वेगहि सों नृप ताहि को धायो।
आवत काट लियो असुथामहि मीचते ज्यौं रविपूत छुडायो ॥२॥
चौसठ बान अरज्जन ताछिन तीषन द्रोन के पूत को लाए।
कुंजर यानन के दल मैं बह भाग चल्यो अँग अंग पिराए ॥
वानर केतु कहै पुनि ताहि को कोप किये दृगलाल दिषाए।
ठाढै रहौ न भगो असुथामा इते पर तोरत बान पराए ॥३॥

दो०— ऐसे कहि अर्जुन तबै, करत धनुष टंकार।
मारत चौविध सैन तब, ठाढो समर मंझार ॥४॥

धृतराष्ट्र उवाच

स०-दिन दिन छीन परै हमरो यश सूर घने जु हने रन मैं।
पहिले कपिकेत गयो पुनि सातकि भीम मृगाधिप ज्यौं बन मैं ॥

उलटी कछु काल की रीत भई अब संजय सोचत हौं मन मैं ।
कहिये पुन कैसे लर्‌यो युयुधान हन्यो रन सैंधव तादिन मैं ।।५।।

सजय उवाच

स०-पावस के घन ज्यौं रन गाजत भूप तबै युयुधान सिधार्‌यो ।
मारत सेनन को बहु भांत रिसात चल्यो किनहूँ न निवार्‌यो ।।
ऐसे मे भूप अलंबुस ताहि सों आनि अर्‌यो रन मांहि निहार्‌यो ।
होन लग्यो रन घोर दुहूनि अपूरब मो पै न जात उचार्‌यो ।।६।।
तेरह बान परे युयुधान को बेग सों आइ अलंबुष लाए ।
भेदि कवच्च धसे तन मैं तन भेद कै भूतल मांहि समाए ।।
त्यौं चहु बानन सो युयुधान के ता छिन स्वेत तुरंगनि धाए ।
ता लषि कोप भरे अति जादव ताहि को लोचन लाल दिषाए ।।७

दो०- हने अलंबुष के तुरग, तज सातकि सर चार ।
कट्यो सूर सिर भल्ल सों, किए धनुष ध्वज छार ।।८।।

स०—सीस सों कुंडल काट लियो रजनीस के तूल अलंबुष हूँ को ।
ताहि को डार गयो रन रंग मझार तबै सरदार जदू को ।।
वेग चलै कपि केत के पास न त्रास करै कछु बैरिन हूँ को ।
ता छिन ताके तुरंगन को अति बेग लष्यो हमें ज्यौं मन हूँ को ।।९
भूप तबै तब पूत सबै अरु और घने सरदार सिधारे ।
रोकन को सिनि के सुत को मग यान घने हथियार सुधारे ।।
घेर लियो चहु और उन्हैं बह छोरि कै बान घने अनयारे ।
छोरि कै बान घने युयुधान सबै उन के सर जाल निवारे ।।१०।।
छोरि कै बान षरे उन को पुनि सूर सबै रन घाइल कीने ।
बेग तुरंग दुसासन के सित साइक लाइ किये गति हीने ।।
और घने जु हने सुन मोह पै जात गने रन मांहि प्रबीने ।
ताहि समै जदुबोर को देषि भए हरि पारथ आनंद भीने ।।११।।

दो०— जीत सकल कुरु सैन कों, ग्यो गुरु ढिग जदुवीर।
जैसे तर दरियाव को, पावत नर पर तीर ॥१२॥

स०—ताहि को आवत देषि रमापति पारथ को यह बैन सुनायो।
सेवक सिष्य सषा तुमरो वह देष अरज्जन सातकि आयो॥
जीत अनेकन को इन एकहि लोगन को निज जोर दिषायो।
द्रोन अचारज आद बडे बडे सूरन को रन घोर मचायो ॥१३॥
जानत हौं तुमरी सुध लेन को वेग सो भूपहुने पठयो है।
घास समानहि जानि सबै इन कौरव को बलवान छ्यो है॥
या सम कोऊ नहीं उन मांहि बडे नरनाहनि सों हठयो है।
मारे हैं सूर घने जल संध से और बहून को त्रास भयो है ॥१४॥
चौविध सेन सुयोधन की इन मार कै घोर नदी ज्यौं बहाई।
तोरि अनेकहि सूरन के मुषकंजनि सों धरनी इन छाई॥
और कहा वरनौं तुव साथ कही न परे रन याकी निकाई।
याको बडो हित है तुअ साथ जो बेगहि सों पहुँच्यो इत आई ॥१५

दो०— तब अर्जुन अति मुदित ह्वै, कह्यो कृष्ण सों बैन।
सिनि सुत को इत आवनो, मोको नीक लगे न ॥१६॥

स०—उत भूपत की सुध हू न कछू रन द्रोन अचारज ते डरिए।
दिन थोरो रह्यो पुन क्यौं कर कै इत सीस जयद्रथ को हरिए॥
रन राषे चहै युयुधान वृकोदर कैसे अनेकन सों लरिए।
यह भार जयद्रथ भूप लिये हरि आन परयो अब कहा करिए ॥१७
तुम देषहु भूरिश्रवा यह आवत सातकि ऊपर कोप किए।
श्रमहीन तुरंगम हैं पुनि याहि के आप रहे विसराम लिए॥
युयुधान थक्यो है तुरंग समेत जु तीरन सों अँग अंग छिए।
तुमरे परसाद सों यादव सों रन मांहि रहो सुष पाइ जिए ॥१८॥
सिंधु तरयो अब गोपद सातकि बूडो नहीं रन मांहि सुजाना।
कौरव लाइक भूरि श्रवन्न सों जुद्ध जुरयो जु धरो अब प्राना॥

जानत हौं उलटी मति भूप की ज्यों भय छाँडि पठ्यो युयुधाना।
चाहत है पकरचो द्विज भूप को तोतर को जनु सेर सिचाना ॥१९

दो०— गोविंद आनंद चाहिये, भूपति के तन मांहि।
ह्यां तुमरे परसाद तें, भार बडो कछु नांहि ॥२०॥

सञ्जय उवाच

स०—आवत देषि तबै युयुधान कों भूरिश्रवा अति बेग सों धायो।
भूपति कोप बडो करि कै दुष दैन जु ताहि को बैन सुनायो ॥
सातकि आज भली भई जो हमरे संग तू लरने को आयो।
मेरो मनोरथ पूरो भयो चिर कालहि ते मन मांहि बसायो ॥२१॥
सातकि जो न भगै इह ठौरतें तौ तुम को परलोक दिषावों।
डारि धरातल मैं तुमरो सिर आज सुजोधन को हरषावों ॥
आज षगाधिप केतु समेतहि वानर केत को सोक बढावों।
सूर तुम्है तु हनै रन मैं तिन की तरुनीनि की आसिष पावों ॥२२
तो कहुँ भूमि पर्‌यो लषि पारथ जानेगो विक्रम आज हमारो।
छूटहि गो नहिं तू हमरे दृग पंथ पर्‌यो लषि है जग सारो ॥
तेरे हने रन तें सब पांडव ह्वै है उदास करै अवहारो।
मानत हौ तुम सूर है आप को जुद्ध जुरे मत दूर सिधारो ॥२३॥

दो० - सलज भूप अब होइगो, सुन तुअ बध अति घोर।
जिन अर्जुन सुध लेन को, तूं पठयो इह ठौर ॥२४॥

स०—यौं सुनि के करि हास बडो सिनि के सुत ताहि को बैन कह्यो है।
कौरव जाइ हमै रन मैं कबहूँ न अरिन्न सों त्रास लह्यो है ॥
बोलत हौ कत बैन वृथा करतूत करो जो तो जोर बडो है।
सारिद बारिद को जनु कौरव झूठो गरज्जन तेरो न सोहै ॥२५॥
सोइ हनै हमको रन मैं जो कटे सिगरे हथियार हमारे।
मोहु को आवत हास बडो सुन त्रास विधायक बैन तिहारे ॥

जो तुम चाहत हो लरिवो तो चलावहु बान जो हैं अनियारे।
तो कौं हने बिन मैं न फिरौं अब तूँ लषि लेहु भले जग सारे ॥२६

यौं बिध तीषन बैनन सों उत ठौर दोऊ अत विद्ध भए हैं।
होइ बरोबर दोइ षरे वन कुञ्जर ज्यौं अति कोप छए हैं॥

भूरिश्रवा अरु सातकि ता छिन भूप भले रन आन ठए हैं।
छोरत बानन की बरषा हरषाइ दुहूँ सर घाए लिए हैं ॥२७॥

दो०- सोमदत्त सुत सरन सों, लियो सातकि छाइ।
अंग अंग बेधित कियो, दस सर और लगाइ ॥२८॥

स०—ताहि के बान कटे युयुधान सुदूरहि आवत अंबर माहीं।
दोऊ लगे पुन बान लगावन आपस मांहि डरे कछु नाहीं॥

दंतन सों जनु दंति लरै रन ज्यौं सरदूल षरे न पराहीं।
लोक लषे चहुँ और षरे रन घोर दुहून भयो उहिं ठाहीं ॥२६॥

कौरब जादव बंसन के अबतंस दोऊ रन मांहि रिसाए।
आपस मैं पुनि साइक लाइकै भूप तबै अँग अंग पिराए॥

छोरत गातनि के छत जात को लागत हैं उहि ठौर सुहाए।
वासित हेत लरै जनु कुञ्जर कानन मांहि महामद छाए ॥३०॥

चाप कटे हैं दुहून दुहुन्न के मार तुरंग भए रथ हीने।
पाइक ह्वै कुरुराइ रिसाइ कै चाप कृपान दुहूँ कर लीने॥

आपस मांहि बचावत लावत मंडल कै बहु भांत अदीने।
लाघव लोकन हूँ को दिषावत सोहत हैं असियुद्ध प्रवीने ॥३१॥

सो०— स्रुत आप्लुत आबिद्ध पुनि, विप्लुत भ्रांत उद्भ्रान्त।
भूप दिषावै षग्ग मग, समुदीरन संपात ॥३२॥

स०
ऐसे मुहूरत लौं लरि कै कछु भूप करै बिसराम अषीने।
षग्गनि को पुनि लागे चलावन चाम दुहून दुहूनि के छीने॥

दीरघ बाहु बिसाल लसै उर काटि कै चामनि युद्ध प्रवीने।
बाहुन सों रन आइ अरे तिहि लोक लषै कौतक अति भीने ॥३३॥

ता छिन भूप भुजानि के ताडन भूधर बज्रन के जनु जाने।
काइर दूरहि दूर भजे सुन ताहि को सूर भए हरषाने।।
बांधि भुजा सिर सों सिर लाइ कै पाई भली विध सों ठहराने।
छेप गतागत आदि दुहूननि युद्ध के अंग बतीसहि ठाने ।।३४।।
लागे है देषन लोक सबै तिन के अति लाघव जो जग माने।
धूर के पूर छए रन मैं दोऊ लागत हैं अतिहीं जु डराने।।
यौं विध भूपत जुद्ध जुरे न मुरे पुनि जोर करे अधिकाने।
ताहि मैं छीन परचो सिनि नंदन अंग तबै सबही सिथिलाने ।।३५।।

दो०— केसव अर्जुन सों कह्यो, लषि सातकि बलहीन।
लष अर्जुन सिनि तनय को, बिरथ लरत बल छीन ।।३६।।

स०—भेदि कै भारत की धुजनी यह बेग भरचो तुमरे ढिग आयो।
जीति घने सरदार कुरून के सेन घनी जनु घास जरायो।।
आवत ही रन मैं इन पारथ कौतक लोकन को दिषरायो।
ह्यां पुनि आइ थक्यो सिनिनंदन भूरिश्रबानहु के बस आयो ।।३७

संजय उवाच

स०—भूरि सुदच्छिनहूं ने तबै नृप सातकि बेग उठाइ पछार्यो।
सो पुनि मत्त मतंग पछारत ज्यौं मदमत्त मतंग निहारचो।।
ता लषि फेर अरज्जन सों यदुनाथहु ने यह बैन उचारचो।
देष अरज्जुन यादव लाइक भूरिस्रवाहु ने भूतल डारचो ।।३८।।
सातकि काम करचो है बडो पुनि ह्याँ थकि भूतल मांहि परचो है
प्रीतम शिष्य सखा तुमरो अरुतेरे लिए इत आइ अरचो है।।
सूर बडो रन भूरि किये इन एकहि कौरव सिंधु तरचो है।
तांते अरज्जुन राषिये भूरि सुदच्छन के बस आइ परचो है ।।३९।।

दो०— कहन लग्यो अर्जुन मुदित, सुन केसव के बैन।
षेलत है यदुवीर यह, देव कृष्ण धर चैन ।।४०।।

स०-बोलत ऐसे अरज्जन के नृप सैन सबै हाहाकार उचारचो।
याते धरातल भूरिश्रवाहु ने सातकि फेर उठाइ कै डारचो ।।

ताहि को षैंचत बारन को जनु केहर भूरिश्रवन्न निहार्‌यो।
केस गहे इक पानि सों ताके द्वितीय सों कोस ते षग्ग निकार्‌यो ।।

लात लगाइ कै सातकि के उनि काटन को सिर षग्ग उठायो।
दंड लगै जनु चक्र कुलान को ता छिन सातकि सीस भ्रमायो ।।

ता लषि फेर अरज्जन को नृप यौं यदुनायक बैन सुनायो।
देषहु पारथ सातकि को अब भूरि सुदच्छन के बस आयो ।।४२।।

तेरे समान धनुर्धर है यह सातकि पारथ सिच्छ तिहारो।
झूठो पराक्रम है तुमरो अब यादव को तुम जो न उबारो ।।

यौं विध देषत हो तुमरे यह यादव पावत हैं दुष भारो।
जाइ रह्यो जम के मुष मैं अब तूँही अरज्जन राषन हारो ।।४३।।

दो०— यौं सुन अर्जुन ता समै, मुदित भयो मन मांहि।
भूरिश्रवन की भूप अति, लाग्यो करन सराहि ।।४४।।

स०-ताहि को पूजित कै कपिकेतन गोबिंद सों यह बात उचारी।
लागि है और सबै कछु छोरि जयद्रथ और हि डीठ हमारी ।।

तांते न मोहु को सूझत है यह तद्यप है तुअ सासन भारी।
जादव हेत अकाज करौं जदुनाथ हमैं चित यों नित धारी ।।४५।।

यौं कहि पारथबीर तुनीर तें तीषन एक षुरप्र निकार्‌यो।
जोर लियो तब गांडिव सों उलका सम छूटत लोक निहार्‌यो ।।

भूपति सूर हुते बहुते पुनि आवत वै किनहूं न निवार्‌यो।
ताहिने कौरव को भुज अंगद षग्ग समेत अलग्ग कै डार्‌यो ।।४६।।

अंगद षग्ग समेतहि वै भुज भूप तबै भुव मांहि पर्‌यो है।
देषन हारन के मन मैं तिहिं देषत ही दुष आइ अर्‌यो है ।।

जान्यो भले रन मैं निज देह अकारथ पारथ हूँ ने कर्‌यो है।
ता छिन बैन अरज्जन को नृप भूरिश्रवाहुँ ने यौं उचर्‌यो है ।।४७

दो०— क्रूर कर्म कीनो तुम्है, यह पारथ रन मांहि।
जो अलषित ह्वै बान सों, कटी हमारी बांह ।।४८।।

स०-भूपति पास कहोगे कहा हम क्यौं करि भूरश्रवा हरि लीनो।
सांचि कहो कपिकेतन ए उपदेसन यों तुम को किन कीनो ।।
इंद्रहु ने कि सदाशिवहू ने कि द्रोनहु ने किरपा कर दीनो।
जानत हो तुम शस्त्र धरम्म को यौं विध क्यौं हमरो भुज छीनो ।।
भीत प्रमत्त अभैपद जाचक स्यंदन हीन औ घाइल भारो।
आयुध हीन लरै अरु आन सों दूत जो आवन जावन वारो ।।
मानधनी इन को रन मैं न प्रहार करै जग जानत सारो।
काम हुतो यह नीचन को तुम्है कैसे कियो पुनि आप बिचारो ।।५०
संगत को गुन होत कहै सब सो तुम मांहि हमैं अब जान्यो।
तेरो नहीं कछु दोस अरज्जन तो संग ए मत माधव ठान्यो ।।
कौन करे हरि मीत बिना ऐसो काम जो निंदित बेद बषान्यो।
यादव नीच गने जग क्यौं तुम्है ताहि को बैन प्रमान कै मान्यो ।।५१

दो०— यौं सुन पारथ कहत है, भूरि श्रवन को बैन।
ए सब झूठ कह्यो तुम्हैं, भूपति मानौं मैं न ।।५२।।

स०-नृप जानत हौ तुम युद्ध धरम्म को जाहि को सूर सबै धर है।
रन मैं सुत भ्रात पिता अरु बांधव मीत सहाइ सबै कर है ।।
इत सातकि आयो है मो हित सों पुनि क्यौं मुहि देषत ही परहै।
पुन क्यौं न अरज्जन मीत लिये रन मैं तुमरी भुज को हर है ।।५३।।
सातकि सिष्य सखा हमरो अरु प्रीत कियो हमरे ढिग आयो।
आवत एक लर्‌यो है बहून सों षेद बडो रन मैं इन पायो ।।
याहि को जानत हौं भुज तीसरी या ते लरै सबहूँ ते सबायो।
दोष कहा जु हमै अपनो भुज षड्ग सों होत अलग्ग बचायो ।।५४।।
भूपति निंदत हो हरि को अरु मोह को ह्वै करि जान अजाना।
एक पर्‌यो जब सेन समुद्र मैं कैसे रहे रन की तब आना ।।

षिन्न तुरंग समेत जर्यो अँग अंग सिली मुष सांप समाना।
कैसे छमा करिये लषि यौं बिध संकट मांहि पर्यो युयुधाना ।।५५।।

संजय उवाच

दो०— यौं सुनि अर्जुन के बचन, यूपकेतु रन मांहि।
भूप छोरि युयुधान को, बैठ्यो भूतल मांहि ।।५६।

स०-भूप भली बिधि सो उन बामहि पानि सों बान की सेज बनाई।
ताहि में बैठि के जोग जुगत्त सों त्यौं कर मौन समाधि लगाई ।।
पारथ माधव निंद करै अरु ताकि सराह करै जु लुगाई।
पारथ यौं सुनि के झझक्यो पुनि बात यहै सबहूँ को सुनाई।।५७।।
मो कहुँ निंदित हो सबही तुमहू पुनि कौन धरम्म विचार्यो।
जो बिरथी अरु आयुधहीन तुम्है बहु ते मिलि मो सुत मार्यो ।।
यौं सुन भूरिश्रवा सिर नाइकै हाथ अरज्जन ऊपर वार्यो।
ह्वै परसन्न तबै कपि केतन भूरिश्रवन्ना को बैन उचार्यो ।।५८।।
जैसी है भूप धरम्म नरेस सों जैसी है भीम सों प्रीत हमारी।
जैसी नकुल्ल सों औ सहदेव सों प्रीत घनी हिय मैं सुषकारी ।।
तैसी ए तो संग है हमरी अति प्रीत सु क्यौंहु टरै नहिं टारी।
जाहु विलास करो सुरलोक मैं नीकी भई गत आज तिहारी ।।५९।।

दो०— कह्यो कृष्ण पुनि भूरिश्रव, भूपति सुन मम बात।
जाहु तुरत बैकुंठ को, मो समान धरि गात ।।६०।।

संजय उवाच

स०-वह छूटत ही युयुधान उठ्यो नृप ता छिन हाथ कृपान धर्यो।
चित चाहत ताहि हन्यो कर वार उठाइ कै ता पर जात पर्यो ।।
सब होरि रहे कर जोर तऊ उन भूरश्रवन्न को सीस हर्यो।
कर भूरश्रवा की सराह घनी सब ही तब सातकि निंद कर्यो ।।६१

सात्यकिरुवाच

मोहि कहै मत मारहु जू मत मारहु जू करि निंद हमारी ।
बाल हन्यो अभिमन्नु तुम्है तव कौन धरम्म की रीति विचारी ।।
मैं तो धरचो व्रत जो हमरे हिय लात धरै करि कै रिस भारी ।
जद्यप होइ महारिष तद्यपि ताहि करों जम लोक बिहारी ।।६२।।
भूरि सुदच्छिन को बध जोगहु तो हम को तुम्है झूठ उचारी ।
राष लियो हमरो प्रन पारथ प्रीत घनी हम सों प्रति पारी ।।
जो भुज साथ कृपान कस्यो रन होवन हार टरै नहिं टारी ।
और सुनाइ कै बात पुरातन जो बलमोक कही सुबिचारी ।।६३।।

दो०— निंद कह्यो तैं नार बध, बानर सो न अलीक ।
अति दुष दायक शत्रु कों, जो कछु होइ सु नीक ।।६४।।

स०—यौं सुन भूप रहें चुप ह्वै सब मान लियो जुजुधान को बैना ।
भूरि सुदच्छन को वध कोऊ भलो न गनै भरि आननि नैना ।।
अध्वर बाट तुरंगम को जनु ताहि को सीस निहारत सैना ।
गयो तिहि ठौर न और कोऊ बिन पुन्न किए तह जाइ सकै ना ।।६५

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरवीलासे
भाषायां भूरिश्रववधो नाम द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ।

तेतालीसवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— द्रोन कर्ण कृतवर्म कृप, रहे जोहि सों हार।
सो सातकि क्यौं भूरिश्रव, डार्‌यो भूमि मंझार ॥१॥

सञ्जय उवाच

सुनिये भूप दुहून की, उतपत कहूँ बनाई।
भूरि श्रव युयुधान सों, यातें लर्‌यो रिसाइ ॥२॥

भयो भूप यदुबंस में, यादव सिनि यह नाम।
तेज सु कारत वीर्य सम, जिन जीते संग्राम ॥३॥

देवक दुहिता को भयो, सरस स्वयंवर भूप।
ता मे देस बदेस के, आए नृपति अनूप ॥४॥

जीत तुरत तिन सबनि को, सिनि बसुदेव हिं काज।
ल्यायो यान चढाइ कै, देवकि कौ छवि छाज ॥५॥

सहिन सक्यो अपमान बहु, सोमदत्त उहि ठौर।
आइ अर्‌यो सिनि सों तबै, लग्यो होन रन घोर ॥६॥

बाहु युद्ध दारुन भयो, तामहि सिनि बलवान।
सोमदत्त नृप भूमितल, डार्‌यो लषत जहान ॥७॥

पकर केस उर पाइ धर, लीन्हो षड्ग उठाई।
छाँड दियो करके कृपा, देषत हीं सब राइ ॥८॥

ह्वै लज्जत तब सबन मैं, कर अमर्ष तिह काल।
सोमदत्त तप घोर कर, सेव्यो संभु दयाल ॥९॥

तूठ्यो संकर ताहि पर, कह्यो मांग वर राइ।
उन पुनि मांग्यो पूत इक, भूपति यहै सुभाइ ॥१०॥

जो डारे सिनि पूत को, बहु भूपन मैं जाइ।
ऐसो सुत मोहि दीजिए, जो तूठ्यो पसु राइ ॥११॥

एवमस्तु कहि के भयो, संकर अन्तर ध्यान।
ता वरहू ते सुत भयो, भूरिश्रवा अभिधान ॥१२॥

भूपित डार्‌यो भूमितल, तातें उन सिनि पूत।
दियो पाइ उर मैं तबै, देषत ही सब भूप ॥१३॥

जो तुम पूछो मोहु कों, कह्यो सकल बरतंत।
भूपति क्यौंहु न हार है, जादव अति बलवंत ॥१४॥

पीछे भयो न होइगो, आगे अब कोउ नांहि।
यादव सम तिहुँ लोक मैं, यौं समझो मन मांहि ॥१५॥

मानत बूढन के बचन, धरत परस्पर प्रीत।
सुरनर असुरन मैं सदा, जादव रहै अजीत ॥१६॥

स०–नित बोलत सांच न डोलत है कबहूँ गुरु ब्राह्मण के धन मैं।
पुनि पूजित देव धरासुर सेवक दीन उधारन लोगन मैं॥
बस राषत इंद्रिन को पर नार विचार न आवत है मन मैं।
नृप याहि तें यादव है बलवान न हार लहै कबहुँ रन मैं ॥१७॥

दो०– मेरु उठाइ धरै कोऊ, तरै सिंधु केहि भांत।
यादव अंत न करि सकै, साँची है यह बात ॥१८॥

धृतराष्ट्र उवाच

भूरि सुदच्छिन के हने, तब सिनि पूत रिसाइ।
फेर जुद्ध कैसे भयो, कहु संजय समुझाइ ॥१९॥

सञ्जय उवाच

भूरि सुदच्छिन के हने, कह्यो बचन गुड केस।
कृष्ण तुरत रथ हांकिए, है जहँ सिंधु नरेस ।।२०।।

वचन हमारो सत्यकर, लग्यो अस्त रवि होन।
जैसे सैंधव मारि हौं, ताहि विलंब करौ न ।।२१।।

यौं सुनि केसव सेत हय, सैंधव रथ की और।
मारुत लौं प्रेरित किये, भयो ताहि छिन सोर ।।२२।।

ता लष दौरे बेग सों, कर रिस राते नैन।
सल्ल सुजोधन कर्ण कृप, द्रोन पुत्र वृष सैन ।।२३।।

ताके पीछे यान चढि, षरो जयद्रथ राइ।
देषि अरज्जन को हिये, लग्यो क्रोध अधि काइ ।।२४।।

कही सुजोधन कर्न को, नृप ता छिन यह बात।
यही काल सो युद्ध को, जो चहियत दिन रात ।।२५।।

कर्न दिवस थोरो रह्यो, ऐसो करहु उपाइ।
ज्यौं क्यौं हू कपि केत सों, सैंधव हन्यो न जाइ ।। ६।।

जो जीवत सैंधव अबै, कर्ण अस्त रवि होइ।
परै अरज्जन अगन मैं, जीत हमारी होइ ।।२७।।

बिन अर्जुन जीवैं नहीं, ताके सिगरे भ्रात।
भागहिंगे यह सूर सब, तुअ सर पीडित गात ।।२८।।

यौं विध पांडव लोप कर, करौं अकंटक राज।
भूम सैल कानन सहित, ह्वै है मम बस आज ।।२९।।

देवहु ने अर्जुन हन्यो, यही करन उर धार।
ऐसी परतज्ञा करी, जिन मूरष अविचार ।।३०।।

कीनो जतन बहून मिल, सैंधव राषन हेत।
क्यौं अब ही ताको हनै, जीत सबन कपिकेत ।।३१।।

तातै अपनो सकल बल, आज दिषावहु मीत।
सब मिल अर्जुन सों लरो, करो कछू मत भीत ॥३२॥

यौं सुन भूपत सूत सुत, दुर्जोधन के बैन।
लग्यो कहन पुनि ताहि कों, साँच वचन सुष दैन ॥३३॥

स०–सांच कहों तुम सों दुरजोधन मैं हौं महारन मैं अति षीनो।
दारुन बान लगे अति भीम के तासों भयो हमरो तन छीनो॥
लाज तें ठाढो रहौं रन मैं मम अंग हलै न चलै बल हीनो।
तद्यप जुद्ध करों तुव कारन जीत औ हारहि दैब अधीनो ॥३४॥

दो०— यौं विध भूपत कहत हीं, करन सुयोधन राइ।
हनत सैन पर सरन सौं, परचो अरज्जन जाइ ॥३५॥

चौ०–छिन मैं चौविध सैन संहार्यो, अँग अंग कट भूतल डार्या।
टूटि टूटि भूषन भुइ पर है, षंड षंड आयुध सर कर है ॥३६॥
रुधिर कीच रन बीच भयो घन, देषि परत भुव ज्यौं सायं घन।
अर्जुन बान बिषम अति लागे, भूप कोऊ ठहरत नहिं आगे ॥३७॥
हमैं भूप तुव सैन निहार्यो, घास रास जनु पावक जार्यो।
सैंधव पर नर कर्यो उठानहि, व्याकुल कर तुमरे परधानहि ॥३८
भीम सैन युयुधान समेतहि, ताहि समै सोभित कपि केतहि।
तीन अगन जनु एकत ठाढे, देषि परत नृप तेजनि बाढे ॥३९॥
ताहि देषि तुमरे बहुबीरा, लगे लरन मन मैं धरि धीरा।
कर्ण सुजोधन सल्य नरेसा, द्रोन पुत्र कृप सिंधु नरेसा ॥४०॥
अरु वृष सैन सबै महायाना, रहे घेरि नर को बलबाना।
सकल सकल रन मांहि प्रवीना, पृष्ठ भाग सैंधव करि लीना ॥४१॥
कृष्ण सहित पारथ वध चाहै, सूर अस्त लौं जुद्ध निबाहै।
अर्जुन के चहुँ औरहि धावै, रविकर ज्यौं सर जाल चलावै ॥४२॥
ताके बान छुटत अरु छोरें, द्विधा त्रिधा कर पारथ तोरे।
अपने बिसिष सबन कों लाए, लाघव देषि सकल बिसमाए ॥४३॥

सिंह पुच्छ धुज द्रौन तनूजा, अरचो आइ अंतक जनु दूजा।
बान अरज्जुन को दस लाए, सात कृष्ण अँग अंग गडाए ॥४४॥

तब मिलि सबन अरज्जन घेरयो, छुटत बान गन चहुँ दिस हेरयो
भली भांत सैंधव रप लीनो, तजि सर सबन सिंह रव कीनो ॥४५॥

तब अर्जुन को भुज बल देष्यो, अक्षय बान धनुष सविसेष्यो।
अस्त्र अस्त्र सों तुरत उडाए, नब नब बान सबन को लाए ॥४६॥

पाँच बीस सायक अनियारे, द्रोन पूत अरजन पर डारे।
तब सुत बीस सात वृष सेना, तजै सल्ल सर तीनहि पैना ॥४७॥

करन तीन सर ताहि लगाए, यौं सर जाल सबन बरसाए।
मिलत जान मंडल तब कीनो, ता महि घेर कपिध्वज लीनो ॥४८॥

करत धनुष टंकार अपारा, छोरत अर्जुन पर सर धारा।
परत बान सब अर्जुन तोरे, तज सर बदन सबन के मोरे ॥४९॥

धाइ जयद्रथ के ढिग आयो, अर्जुन ता लषि करन रिसायो।
भीम सेन सातकि ढिग देषे, तजे करन सर जाल बिसेषे ॥५०॥

क०— पारथ लगाइ दस बान सूत नंदन को,
तीन तोन भीम सेन सात की लगाए हैं।
साठ साठ बान महा जान सूत पूतहूने,
ताहि समै तीनहू के अंगनि गडाए हैं॥
भयो रन घोर तहां एक को अनेकन सों,
देषि बल कर्न जू को लोक बिसमाए हैं॥
कोप कर पारथ चलाये सत बान ताको,
ताहि लगे अंग सब शोणित सो छाए हैं ॥५१॥

चौ०-बान पचास कर्न पुनि छोरे, किये बिद्ध अर्जुन हरि घोरे।
तब करि कौप कपिध्वज ठाढो, कट्यो करन को धनुष सुडाढो ॥५२

तब सर गडे कर्न उर माँहि, उन धनु आन लियो कर मांहीं।
तजि असंष सर पारथ छायो, उन छिन बहु सर जाल उडायो ॥५३

अरजुन तब इक बान सुहायो, तुरत करन वध हेत चलायो।
द्रोन पूत वह आवत काट्यो, ताहि परत कछु भूतल फाट्यो ॥५४॥

करन सरन सों अरजन छायो, अर्जुन तापर सर झर लायो।
दोऊ बृषभ जनु गरजन करै, कर हठ कुपित परस्पर लरै ॥५५॥

मैं हौं करन तिष्ठ कपि केता, कर्न तिष्ठ हौं अर्जुन जेता।
यौं विध तरजत आपस मांहीं, करी चित्र लघु रन उहि ठाहीं ॥५६

तब कपि केत चार सर छोरे, हने कर्न के चारहि घोरे।
एक भल्ल तज सूत गिरायो, सूत पूत सर जालनि छायो ॥५७॥

हत हरि सारथि साइक छयो, कर्न ताहि छिन मोहित भयो।
षट महायान तबै इक वारहि, तज है अर्जुन पर सर धारहि ॥५८॥

अर्जुन कटे सबन के साइक, तजे सबन को निज सर घाइक।
सिमर सिमर पूरव दुष अर्जुन, लग्यो तुरत छोरन सित सरगन ॥५९

दिस भुव गगन सरन सों छाइ, परत अनेक षचर सर घाए।
नर हय कुंजर यान तिहारे, भूपति अर्जुन अगिनित मारे ॥६०॥

कर हरिनाद धनुष टंकारचो, तब यम लौं कपिकेत निहार्यो।
सुनि धनु सोर सकल तुव वीरा, भरे त्रास कछु धरत न धीरा ॥६१

तजत बान चहुँ ओर फिरत हीं, देषि परत अर्जुन जित तितहीं।
अर्जुन बान अमित अनयारे, हंस पांत जनु गगन निहारे ॥६२॥

बान लेत धनु जोरत छोरत, देषि परत नहिं अर्जुन दौरत।
दस दिस छादत कर सर धारन, व्याकुल कर तुमरे सरदारन ॥६३

अर्जुन सैंधव ऊपर धायो, चौसठ बानन सों वह घायो।
ता सर बिद्ध जयद्रथ राई, भूप सांप जनु उठ्यो रिसाई ॥६४॥

षैंच षैंच कानन लौं बाना, लाग्यो छोरन सरप समाना।
विध्यो अरज्जन कृष्ण समेतहि, तज सर आठ तुरंगम केतुहि ॥६५

अर्जुन कटि ता सर अनयारे, सूत केतु इक बारहि डारे।
सूर अस्तगिर ऊपर गयो, अरुन रंग ताको तब भयो ।।६६।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे भाषायां जयद्रथवधे नाम त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ।

चवालीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

क०— भूप तब पारथ सों माधव कहन लग्यो,
मीत सुन मेरी बात नीके चित्त लाइ कै ।
सैंधव नरेस भीत मीत मिल सब हूँ ने,
राष्यो षट यानन के बीचहि दुराइ कै ।।
क्यौं हू इन जीते बिन सैंधव न मारचो जाइ,
पारथ रह्यो है पुनि थोरो दिन आइ कै ।
तातें इह काल तेरो बोल सत्य करने को,
राष्यो एक जोग हूं सो सूरज छिपाइ कै ।।१।।

चौ०-भयो अस्त सूरज सब माने, देषहिंगे सब ह्वै हरषानै ।
देषहिगो सैंधव निरभीत, ता छिन बान चलावहु मीत ।।२।।
सूर अस्त की संक न करिये, सीस जयद्रथ को सरहरिये ।
एक और संकेत बतावों, तो कहु पूरव वृत्त सुनावों ।।३।।
वृद्ध छत्र सैंधव को तात, पारथ भयो जगत विष्यात ।
बहुत बेस जब बीतहि गयो, तब सुत एक जयद्रथ भयो ।।४।।
ता छिन भई गगन मैं बानी, नृप तब सुत यह ह्वै है मानी ।
क्षत्रिन मांहि सकल गुन पूरो, ह्वै कुल मंडन रन महि सूरो ।।५।।
यह जब जाइ अरिन सों लर है, कुपित सत्रु इक या सिर हर है ।
यौं सुन नृप सुतहित चित धारचो, ज्ञानिन को यह बैन उचारचो ।।

जो डारे भुव मैं मो सुत सिर, ह्वै सत षंड परै पुनि ता सिर।
यौं कहि निज सुत राज बिठायो, बृद्धछत्र बन माँहि सिधायो ॥७॥

सो तप करत रहत नर नाहर, या समंत पंचक के बाहर।
तज सर सैंधव सीस उतारहु, तुरत ताहि के अंक मैं डारहु ॥८॥

जो कट डारहुगे भुव मांहि, पारथ सैंधव सिर इह ठांही।
तो तुव सीस षंड सत होई, परतज्ञा जानत सब कोई ॥९॥

ताते भूप लषे नहिं जैसे, दिव्य अस्त्र धरिए कर तैसे।
तो को काज नहीं कछु भारो, राष चित्त यह बैन हमारो ॥१०॥

एवमस्तु कहि नर हरषायो, ता छिन महा तिमर उपजायो।
भयो अस्त सूरज तब जान्यो, पारथ नास कौरव चित ठान्यो ॥११

हर्षित ह्वै रवि देषन लागे, भूप सकल सैंधव अनुरागे।
ह्वै निरभीत जयद्रथ राई, देषन लाग्यो बदन उठाई ॥१२॥

तब हरि पारथ सों पुनि कह्यो, चाहत ताको बचन नवाह्यो।
अर्जुन देष जयद्रथ ठाढो, देषत है रवि तज भय डाढो ॥१३॥

यही काल या को सिर हरिये, अपनो बचन संपूरन करिये।
यौं सुनि अर्जुन परम उदारा, छोरन लाग्यो बान अपारा ॥१४॥

सल्य सुजोधन कृपवृषसेना, द्रोन पूत सैंधव अरु सेना।
तज तज बान विषम सब घाए, देषि लोक सिगरे विसमाए ॥१५॥

चाहि सबन तज जीत तिहारी, बान बरष अर्जुन पर डारी।
ता सर छन्न नृपत कपिकेता, भयो कुपित अति अर्जुन जेता ॥१६॥

लाग्यो अगनित बान चलावन, सपवन घनु जनु बरसत सावन।
अर्जुन तीषन सर जब लागे, तज सैंधव को तब सब भागे ।,१७॥

ताहि समै कोऊ नाहिं विसेष्यो, अर्जन को बल अचरज देष्यो।
सूरवीर अर्जुन सम कोई, पीछे भयो न आगे होई ॥१८॥

गज हरि रथ असवार समेतहि, डार दिये नृप अगनित षेतहि।
ऐसो तहां न देष्यो कोऊ, अर्जुन बान बिध्यो नहिं जोऊ ॥१९॥

छप्पै— उठ्यो धूर को पूर भई चहुँ ओर अंधेरी।
भई दीन दृग हीन सैन नृप व्याकुल तेरी ॥
भिन्न सरन सों मर्म वीर इत उत ही दौरे।
गिरि गिरि परत अनेक सिथल तन कर कर सोरै ॥
रन भयो घोर अति प्रलय सम रुधिर सरित ता छिन बही।
बर तुरग यान नर करिन सों लई छाइ सिगरी मही ॥२०॥

सो० — तजे समर अकुलाइ, छोर छोर हथियार सब।
छिपै करिन मैं झाइ, एक अरज्जन सों डरत ॥२१॥
यौं विध मार भगाइ, अर्जुन तुमरी सैन को।
तुरत पहुँच्यो आई, तजत बान सैंधव निकट ॥२२॥
अर्जुन लष्यो न भूप, बान लेत जोरत तजत।
निकरत बान अनूप, धनु मँडल तै देषिए ॥२३॥
छाए षट महायान, बान जाल तजि विषम अति।
अर्जुन कर अभिमान, राष्यो चाहत निज बचन ॥२४॥
छेदे धनुष रिसाइ, तुरत करन वृष सेन के।
तीषन बान चलाइ, कियो बिद्ध कृप द्रोन सुत ॥२५॥
मार सल्य को सूत, व्याकुल करि यों सबन को।
ता छिन वासव पूत, बान निकाल्यो ज्वाल सम ॥२६॥
सुरपति वज्र समान, गंध पुष्प पूजित भले।
दिव्य मंत्र पढि बान, जोर्‌यो गांडिव सों विजय ॥२७॥
तज्यो तुरत कपिकेत, कृष्ण वचन उर आनि कै।
सैंधव मारन हेत, साइक वज्र समान वह ॥२८॥
गांडिव तें वह बान, छुट्यो स्येन जनु गगन महि।
सैंधव अंग प्रधान, हर्‌यो षचर जनु रूष तें ॥२९॥
उपरि उपरि सर लाइ, अर्जुन हूँ ने सीस वह।
बाहर दियो पठाइ, तब समंत पंचक हुते ॥३०॥

ताहि समै कुरु राइ, बृद्धछत्र संध्या करै।
ताके उतसंग जाइ, सीस जयद्रथ को परयो ॥३१॥

परयो अलच्छित सीस, सैंधव को नृप अंक महि।
करि जप उठ्यो छतीस, अंकहु तें भूतल परयो ॥३२॥

जबै जयद्रथ सीस, डार दियो उन भूमतल।
तबहि भयौ अबनीस, बृद्धछत्र सिर षंड सत ॥३३॥

ताहि देष कुरुराइ, सकल लोक बिसमै भए।
धन्य धन्य जदुराइ, धन्य अरज्जुन यौं कहै ॥३४॥

वै तम लियो संकेलि, वासुदेव हनि शत्रु को।
कृष्ण देव को षेल, पीछे जान्यो तुव सुतनि ॥३५॥

भूप जयद्रथ राइ, सेन अषूहन आठ जुत।
यौं विध हन्यो रिसाइ, अर्जुन हूँ ने करि सपथ ॥३६॥

हन्यो जयद्रथ देषि, ता छिन तुव सुत दृगनि ते।
नृप जलधार वसेष, हरष सहित भूतल परी ॥३७॥

उत पुनि कृष्ण मुरार, पाँच जन्य निस्वन करयो।
त्यौं कपिकेत उतार, देवदत्त पूरन कियो ॥३८॥

हन्यो जयद्रथराइ, यौं समझावत भूप कों।
हरिसुत चित विकसाइ, गांज्यौ ऊंचे सिंह ज्यौं ॥३९॥

समुझ्यौ धर्म नरेस, महानाद सुनि भीम को।
भयो आज गुडकेस, सब ते सांचो करि सपथ ॥४०॥

हरषित मत्स्य पंचाल, लगे लरन हठ द्रोन सों।
बादित धुनि उहि काल, कर कर केहर नाद युत ॥४१॥

तब बीरन सौं भूप, पुनि अर्जुन रन घन भयो।
तब पारथ मृगभूप, जीते सब मृग पुंज जौं ॥४२॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां जयद्रथवधो नाम चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः।

पैंतालीसवाँ अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— हन्यो सूत सैंधव जबै, पारथहु ने रिसाइ।
हमरे सुत कीनो कहा, तबै कहो समझाइ ॥१॥

सञ्जय उवाच

देषि जयद्रथ को परत, गौतम अरु असुथाम।
कोप अधिक कर कै तबै, लगे करन संग्राम ॥२॥

छयो छोरि सित सर निकर, अर्जुन दुहनि रिसाइ।
गुरु गुरुसुत सुष ना चहै, यदपि रह्यो दुषपाइ ॥३॥

कटि सर सकल दुहून के, तज पुनि अपने बान।
किये बिद्ध दोनों तबै, रहे परम दुष मान ॥४॥

गौतम अति पुनि विद्ध ह्वै, रथ महि परयो अचेत।
हन्यो जान तिह लै चल्यो, ता सारथि तज षेत ॥५॥

भागत यौं कृप को निरषि, भयो मंद असुथाम।
चुप ह्वै ठाढो विमन अति, ता छिन तज संग्राम ॥६॥

तैसे भागत देषि कै, आचारज को दूर।
बिलपत अर्जुन दृगनि तें, बह्यो सलिल को पूर ॥ ॥

लग्यो कहन पुनि दुषित ह्वै, भूत तबै यह बैन।
सिमर सिमर सोचत चितै, बिदुर बचन सुषदैन । ८॥

दुरजोधन के जन्म छिन, कही बिदुर यह बात ।
नृप कुल नासक बाल है, या को करहु निपात ॥९॥

सो अब देष्यौ सांचकर, जो ब्राह्मन गुरु देव ।
करचो हमैं सर बिद्ध अति, करत सुयोधन सेव ॥१०॥

धृग बल हमरो धृग धरम, छत्रिन को यह घोर ।
करचो द्रोह द्विज सो हमैं, ऐसो करे न और ॥११॥

विद्या पढ गुरु देप को, देत दच्छना लोक ।
हमें वान पीडित करचो, तातें बाढत सोक ॥१२॥

विद्या पढ गुरु देव को, जो मारत रन नीच ।
सो अति पाप भरे तुरत, परत नरक के बीच ॥१३॥

मोहि पढावत यौं कह्यो, कृपअरजन उर धार ।
कैसे हूँ गुरुदेव को, तुम मत करो प्रहार ॥१४॥

धृग है मो को जो हमै, नहि मान्यो गुरु बैन ।
तजै कुपित ह्वै जो घने, उन को साइक पैन ॥१५॥

यौं विध विलपत ही तबै, अर्जुन करन रिसाइ ।
हन्यो जयद्रथ देषि कै, दौर पहूँच्यौ आइ ॥१६॥

लषि आवत नृप करन कों, सातकि सहित पँचाल ।
तुरत कुपित ह्‌वै ताहि सों, लरन लगे उहि काल ॥१७॥

कह्यो अरज्जन कृष्ण सौं, देष सूत सुत वीर ।
आयो हठि युयुधान पर, पाय भूरिश्रव पीर ॥१८॥

या ते सनमुष याहि के, पेलहु हमरो यान ।
सोमदत्त सुत सों मिले, जो न आज युयुधान ॥१९॥

यौं सुनि अर्जुन को वचन, कह्यो कृष्ण हित बैन ।
पारथ जानहु करन सों, सातकि लरत भगै न ॥२०॥

क्यौं पुनि सहत पंचाल यह, हारहिगो रन मांहि ।
तां ते अर्जुन याहि की, चिंत करो कछु नांहि ॥२१॥

सूत पूत सों लरन को, नहिं पारथ यह काल।
राषी तुव वध हेत इन, चिर लौं सकत कराल ॥२२॥

या को वह वासव दई, उलका सम अति धोर।
है अमोघ तांते करन, आज लरो उहिं ठोर ॥२३॥

या को मारन को समै, मैं जान्यो कपिकेत।
या मैं तुव सित सर हन्यो, कर्न परेगो षेत ॥२४॥

सञ्जय उवाच

माधव यह जानी हुती, पहिले ही कुरुराइ।
भूरिश्रवण तें हारई, सातकि रन महि जाइ ॥२५॥

याही तें रथ साज कै, दारुक लै चल साथ।
कह्यो बचन अधरात ज्यौं, दारुक को जदुनाथ ॥२६॥

सुन भूपत पुनि ज्यौं लरै, सूर पूत युयुधान।
देष्यो करन रथी तहां, जदुनँदन बिन यान ॥२७॥

ताहि देष युयुधान को, हरि रथ अपने दीन।
ना चढि दौरचो करन पर सातकि साहस कीन ॥२८।

उत्तमोज युधमन्न पुनि, तज अर्जुन को यान।
सूत पूत ऊपर गए, तुरत भरे अभिमान ॥२९॥

करन बान बरषन लग्यो, सातकि ऊपर आइ।
तैसें सर सातकि तजे, ताको अतिहि रिसाइ ॥३०॥

रन अदृष्ट पूरब दुहुन, भयो अमानुष घोर।
ताको सब देषन लगे, भूप षरे चहुँ ओर ॥३१॥

गत प्रत्यागत आदिरथ, मंडल करत विशेषि।
भूपत सब बिसमत भए, दारुक लाघव देषि ॥३२॥
लगे लरन पुनि परसपर, मत्त दुरद जनु दोइ।
बरसत सित साइक निकर, हारत है नहिं कोइ ॥३३॥

बिध्यो करन सिन सुतहु ने, अँग अँग साइक लाइ।
ताको सारथि भल्ल सों, रथ ते दियो गिराइ ॥३४॥

हने तुरग पुनि करन के, चारहि रजत प्रकास।
कटि धुज रथ छिन मैं करन, कियो विरथ अनयास ॥३५॥

भये महारथ सकल तब, भूप विमन लषि ताहि।
सल्य द्रोन औ कर्न सुत, दौर गए रन मांहि ॥३६॥

भयो करन नृप बिरथ जब, पर्‍यो सोर रन मांहि।
सकल लोक व्याकुल भए, जानत हैं कछु नांहि ॥३७॥

बिरथ करन पुनि स्वसत अति, चढ्यो सुयोधन यान।
और सकल जीते तबै, महायान युयुधान ॥३८॥

कै पारथ कै कृष्ण है, कै सातकि जग मांहि।
भूप धनुर्धर हैं बडे, चौथो या सम नांहि ॥३९॥

संजय उवाच

भली भांत रथ साज कै, सब उपकरन बनाइ।
मिल्यो तुरत दारुक अनुज, सातकि को उत आइ ॥४०॥

सातकि अपने रथ चढ्यो, अरिन बढाबत त्रास।
दारुक लै रथ भूप तब, गयो कृष्ण के पास ॥४१॥

दियो सुयोधन कर्ण को, तब अति उत्तम यान।
सूत पूत ता मैं चढ्यो, धरत समर अभिमान ॥४२॥

धृतराष्ट्र उवाच

ताहि समै रथ जीत के, हरषित समर अदीन।
अर्जुन सातकि भीम मिलि, कहु संजय कहा कीन ॥४३॥

सञ्जय उवाच

करन वचन सर विद्ध अति, भीम अमर्षित चेत।
कहन लग्यो फपिकेत को, भयो बिरथ उहि षेत ॥४४॥

मूढ तूं बरक औदरिक, मोकहु बारहि बार।
पारथ राधा सुतहु ने, कह्यो कपूत अकार ॥४५॥

जो मो कों ऐसे कहै, ताहि हनों छिन मांहि।
जान तिहारो बध्य वह, मैं न हन्यो उह ठांही ॥४६॥

यौं सूनि अर्जुन कर्ण को, कह्यो कछुक ढिग जाइ।
भूप तबै अति कोप कर, लोचन अरुन दिषाइ ॥४७॥

सूत पूत सुन रे करन, अधम अधर्म प्रबीन।
जीत हार रन होत है, काहू के न अधीन ॥४८॥

कियो बिरथ बहु वार तूं, भीमहु ने रन मांहि।
तद्यप उन तोको कह्यो, दुष्ट बचन कछु नांहि ॥४९॥

तुम हूं ने विरथी कर्यो, भीमसैन इकबार।
कहे बचन रुखे तुम्है, कर्यो न धर्म विचार ॥५०॥

सूरन को यह धर्म नहि, है नीचन कौ राह।
करै अरिन को जीत जो, आपहि आप सराह ॥५१॥

हन्यो तुम्है अभिमन्न इक, कीनो ए अघ और।
तातैं या अवलेप फल, पावहुगे इहि ठौर ॥५२॥

हाथ धरौ तरवार मैं, जो न हने तुव पूत।
धरनि परत वृषसैन को, देषहिंगे सब भूप ॥५३॥

ता पाछे तुम कों हनौ, सुत भृत बंधु समेत।
जो जग में कछु काम है, सो कर लेहु सचेत ॥५४॥

सुत समेत भूतल लुठत, तोहि सुयोधन देष।
धुन धुन सिर पऊताइगो, चित दुषपाइ बिसेष ॥५५॥

संजय उवाच

करी करन सुत हनन मैं, नृप जव पारथ सोंह।
कौरव अर्जुन सों डरे, सकल धरत मन मोह ॥५६॥

भयो मंद कर दिवस कर, होन लग्यो रन घोर।
ता छिन पारथ सों कह्यो, यौं यादव सिरमोर ॥५७॥

तुमरी परतज्ञा बडी, भई सँपूरन आज।
अरि जीते सैंधव हन्यो, सरे मीत सब काज।।५८।।

या कोरव रल तैं भगैं, वा सब दल अति घोर।
या को जीतन हार जग, तो बिन कोइ न और।।५९।।

कीनो हरि यम रुद्र सम, तुम्है पराक्रम आज।
करी प्रतज्ञा एक ही, जीते भूप समाज।।६०।।

यौं सुन अर्जुन कहत है, माधव तुव परसाद।
दुस्तर परतज्ञा तरी, जहां सुर लहत विषाद।।६१।।

तिन को जय अचरज नहीं, हो तुम जिन के नाथ।
ह्वै है तुव परसाद तें, धर्म नृपत भुबनाथ।६२।।

वासुदेव तुम हीं सदा, हौ हमरे हितकार।
सेवक अपने जानि कै, ज्यौं त्यौं राषन हार।।६३।।

सञ्जय उवाच

यौं सुनि अर्जुन को तबै, भूप दिषावन षेत।
मंद मंद रथ हांकि कै, चल्यो षगाधिप केत।।६४।।

आयो देस विदेस तें, चाहत रन जस जीत।
सोवत मैं तुअ सर हसे, घने सूर लष मीत।।६५।

अँग अँग बानन सों जरे, छिन्न पाद भुज सीस।
देष विजय धरनी लिये, धरनी गत धरनीस।।६६।।

आयुध भूषन वसन अरु, वाहन विविध अपार।
इन के अर्जुन देषिये, भूतल परे हजार।।६७।।

भूषन पट हथियार चय, छई धरन छब देत।
निरमल ज्यौं रित सरद मैं, सुर मग भगन समेत।।६८।।

कुंजर परे पहार ज्यौं, देष सकल रन चूर।
बान भिन्न अँग अंग ते, छोरत सोनित पूर।।६९।।

देष धनंजय भुव परे, घोटक हाटक साज।
यान बान चूरन भये, ज्यौं लषि परत जहाज ॥७०॥

षड्गचर्म धारी परे, पाइक अगनित देष।
एक धनुर्धर है बडो, जो रन धरे विसेष ॥७१॥

हय कुंजर नर रथ परे, रुधिर पिसित बस कीच।
अर्जुन देषि विसाच मन, मुदित फिरत रन बीच ॥७२॥

ऐसो काम तुही करै, जस वरधन जगमांहि।
पारथ मैं समझी भले, तो समांन कोऊ नांहि ॥७३॥

यौं दिषाइ कपिकेत कों, माधव षेत अनूप।
धर्मराइ सों मिल कह्यो, हन्यो जयद्रथ भूप ॥७४॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां पंचचत्वारिंशोऽध्यायः।

छयालीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

चौ०-अर्जुन सहित कृष्ण हरषायो, भूप धर्म भूप तिढिग आयो।
आइ नृपत के पाइन पर्‌यो, कहै बचन पुनि आनँद भर्‌यो ॥१॥

भली भई नृप सैंधव मार्‌यो, अनुज तिहारे निज प्रन पार्‌यो।
यौं सुन भूप परम हरषायो, दे असीस माधव गर लायो ॥२॥

आनँद पूरी बढ्यो मन मांही, द्वैक घरी कछु बोल्यो नाहीं।
यौं पुन गदगद बैन उचार्‌यो, हर्ष नीर नैनन तें ढार्‌यो ॥३॥

पंकज नैन बैन सुनि तेरो, आनँद मगन भयो चित मेरो।
बडो काज कपि केत सँवार्‌यो, जोकर सोंह जयद्रथ मार्‌यो ॥४॥

माधव जिन के तुम रषवारे, तिन को काम कोऊ नहिं मारे।
रन महि पाइ सहाइ तिहारो, कियो हमै रन उद्यम भारो ॥५॥

दुष्कर काम हुतो जदुराई, देवन पै यह कर्‌यो न जाई।
तुमरे बल सों अर्जुन ठान्यो, तैं ही पारथ जोवित आन्यो ॥६॥

गोविंद काम अमानुष तेरे, सुने मुनिन तें हमै घनेरे।
तुही तेज परब्रह्म अपारा, तैं ही सिरज्यौ यह जग सारा ॥७॥

तुही आद कारण हम जान्यो, मूढ लोक मानुष कर मान्यो।
तुही सबन को राषन हारा, तुमही सबन को करन सँहारा ॥८

सञ्जय उवाच

यौं सुन भूप धरम नृप बैना, कहै वचन पुनि पंकज नैना।
भूप धर्म तप उग्र तुम्हारो, तातें काज सर्यो यह सारो ॥९॥

यह पुनि पुरुष सिंह तुव भाई सत्रुन सों इन करी लराई।
दुस्तर सागर कौरव तर्यो, हठ करि सैंधव को सिर हर्यो ॥१०

रन परबीन बली लघु पान, अर्जुन सम नहिं जग मैं आन।
कृष्ण बचन यौं सुन तप राई, मिल्यो तुरत अर्जुन गर लाई ॥११

पौंछ बदन यौं बचन उचार्यो, भ्रात काम तैं बडो संवार्यो।
एक हि कौरव सेना तरी, निज परतज्ञा पूरन करी ॥१२॥

देवन पै जो काम न होई, और याहि कर सकै न कोई।
सोइ काम अरजुन तैं कीनो, भली भई सैंधव हन लीनो ॥१३॥

यौं कहि भूपत अत हरषायो, तब कर अरजुन पीठ लगायो।
अर्जुन कृष्ण दोऊ बड भागे, नृप को बचन कहन यों लागे ॥१४॥

क्रोध अगन तुमरो नृप डाढो, तामहि भूप जयद्रथ दाढो।
और सूर बहुते भुप परे, तुमरे क्रोध अगन सों जरे ॥१५॥

नृप तुअ कोप दग्ध रन मांही, भीषम पर्यो अजित जग मांही।
तन मन सों या पर तुम रूठे, भये सकल वाके सुष झूठे ॥१६॥

संजय उवाच

पुनि युयुधान वृकोदर आए, अंग अंग बाननि सों घाए।
कर परनाम नृपति को ठाढे, हाथ जोर चित आनँद बाढे ॥१७॥

आसिष दे उन को नृप कह्यो, तुम सों ए सब काम निबह्यो।
भली भई तुम बल अनषूटे, दुस्तर कुरु सागर ते छूटे ॥१८॥

हुते वीर सिगरे बलवाना, करन आदि अति रन अभिमाना।
जीत सबन को तज रन त्रास, गये दोउ तुम अर्जुन पास ॥१९॥

भली भई तुम कुसली आये, तुम्हैं देषि मैं सब सुष पाये।
यौं कहि भूपति कंठ लगाये, आनंद नीर नैन भर आये ॥२०॥

रह्यो सबनि को आनँद छाई, बाजत ठौर हि ठौर बधाई।
कोऊ न चाहै रन अवहार, भए सकल रन मैं हुसयार।।२१।।

सञ्जय उवाच

उत पुनि देष जयद्रथ हन्यो, निज बल व्यर्थ सुयोधन गन्यो।
जीवन ते पुन भयो उदास, तजी शत्रु जीतन की आस।।२२।।

दीन नैन जल सिंचित बदना, अत अत साह बिमन दुष सदना।
भग्नदंत पन्नग की न्याई, दीरघ स्वास तजत कुरुराई।।२३।।

उन पुनि अपनो सैन निहारयो, अर्जुन सातकि भौम संघारयो।
ता लषि दूबर गात बिबरना, भयो सुजोधन जनु बिन चरना।।२४

ता छिन भूप सुयोधन मानी, सांची सकल बिदुर कौ बानी।
तब अर्जुन को बल पहिचान्यो, ता समान कोउ और न जान्यो।।

तव सुत मन मैं करे बिचारा, सब बिध मानत अपनी हारा।
अर्जुन मो बल बहुत संघारयो, सूरन जीत जयद्रथ मारयो।।२६

क्यौंहू लरत न कौरव बचे, जद्यपि जतन अनेकहि रचे।
हुतो मीत इक कर्न हमारहि, सो पुनि जीत लियो बहुवारहि।।२७

तुअ सुत यौं विध करत बिचार, धरत सोक मन मांहि अपार।
द्रोण अचारज के ढिग आयो, कह्यो जाइ जो कछु रन ठयो।।२८

दुर्योधन उवाच

द्रोन देव धरनी पत घने, भीषम आद धरनि मैं हने।
हमरे हेत प्रान तज षरे, धर अभिमान यथाबल लरे।।२९।।

क्यौं कर इन सों ओरिन ह्वै हौं, यद्यपि तन धन प्राननि दैहौं।
मैं कपूत बहुमीत सँहारे, मिटहिं न क्यौं हू पाप हमारे।।३०।।

तातें मो को कल न परत है, मो मन नेकु न धीर धरत है।
करो सोंह सांचे तुव आगे, झूठे पाप सकल मुहि लागे।।३१।।

पाँडव सहित पँचालहिं मारों, कै निज मीम पंथ पग धारों।
सबै जीत पांडव को चाहैं, मो सों नेह न कोऊ निबाहैं।।३२।।

अपनो मरन अरज्जन भाष्यो, सिष्य जान तुम हू वह राष्यो।
द्रोन हुते जो मम हितकारी, सो सब भए प्रलोक बिहारी ।।३३।।

एक करन है मीत हमारो, ता पर भार परचो अब सारो।
मैं अब द्रोन जात हौं तहां, मीत हमारो सोवत जहां। ३४।।

जीवन सों नहिं मोको काजा, मीतन बिना होत नहिं काजा।
तुम पुनि चाहत हो उनही को, कहां पीर हमरी अब तो को ।।३५

सञ्जय उवाच

यौं सुनि नृप तुअ सुत के बैना, द्रोण चित्त कछु रह्यो न चैना।
द्वैक घरी लौं चुव ह्वै रह्यो, यौं पुन दुरयोधन को कह्यो ।।३६।।

द्रोण उवाच

कत दुर्जोधन रूषे बैना, मोहि कहत हौ अति दुष दैना।
है अजीत अर्जुन रन मांही, बार बार मैं तुम सों कही। ३७।।

तब हि सुजोधन तुम नहि जानी, मार्‌यो जबै पितामह मानी।
कौन सिषंडी रन महं क्रूर, वै राष्यो रन अर्जुन सूर ।।३८।।

भीषम सम रन सूर न कोई, अरजुन पहले मार्‌यो सोई।
तद्यप तोहि प्रतीत न आई, हठ कर उन सों करी लराई ।।३९।।

तुम्है प्रथम ही कपट कमायो, सकुनि द्यूत नृप धर्म खिलायो।
जो उन अच्छ सभामहि डारे, सोउ ह्वै लगे बान अनयारे ।।४०।।

तो को विदुर रह्यो समुझाई, दई सीष उन अति सुषदाई।
भूप तुम्है सो कान न धरी, सो अनरीत तोहि को परी ।।४१।।

सुहृद वचन जो मूढ न मानै, कर हठ अनरीई मत ठानै।
सो नर तुरत परम दुष पावै, सिमरि मीत बचननि पछतावै ।।४२

सब गुन भरी द्रुपद की बेटी, पुष्पवंत इक वस्त्र लपेटी।
पकर तुरत पंचन मैं आनी, करत पाप कछु भीति न मानी ।४३।।

ता को भूप तुम्है फल पायो, मुए आप अरु लोक मरायो।
जो अधर्म को फल नहि होई, तो जग मांहि करै सब कोई ।।४४।।

तुम सब सूर हुते उहि ठांहीं, क्यौं पुनि अरजुन जीत्यो नांही।
तुमरे मध्य अरज्जन जाई, क्यौं कर हन्यो जयद्रथ राई ।।४५।।

मैं पुनि भूप जुद्ध को जावों, जानत हों अब जियत न आवौं।
मारे सकल पंचाल न जोलौं, मैं नहिं कवच उतारों तौ लौं ।।४६

भूपत हमरे सुत सो कहियो, सत्य बचन निज धर्म निबहियो।
सोमक नास भली बिध करिये, निज जिय राष अरिन सों लरिये

ब्राह्मन की नित आसिष लीजै, ज्यौं त्यों उन को अतिहित कीजै
तूं पुनि राषहू अपनी सेन, पांडव करत आजु रन रैन ।।४८।।

मैं पुनि तुअ वच सल्य पिरानो, शत्रु सैन पर करौं पयानो।
यौं कहि द्रौण अचारज गयो, ता छिन घोर सोर पुनि भयो ।।४६।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
वीरविलासे षट्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥

सैंतालीसवां अध्याय

संजय उवाच

सो०— करि अमर्ष कुरु राइ, द्रोन बचन सुन तुअ तनय।
कहीं कर्न सो आइ, बान युद्ध मन मैं भलो ॥१॥

देष कर्न गुडकेस, रन मैं कृष्ण सहाइ लहि।
मार्‍यो सिंधु नरेस, भेद व्यूह दुरभेद पुन ॥२॥

तुम सब सूर समेत, हारि रहे कर जोर अत।
मुर्‍यो न वानरकेत, सिंधुराज आज हि हन्यो ॥३॥

जो नहि चाहत द्रोन, कैसे अरजुन जात तब।
कर्‍यो अरज़जन गौन, द्वार पाइ गुरु देव सों।४॥

अभयदान दे द्रोन, राष्यो सैंधव जात घर।
कर्ण धर्म यह कौन, दियो द्वार कपिकेत को ॥५॥

द्विज को कुटिल सुभाइ, जो हम जानत कर्ण तब।
घर को देत पठाइ, तुरत जयद्रथ राइ को ॥६॥

सरत सकल मम काज, होत न बीर बिनास यह।
मैं मूरष सिरताज, द्रोन बचन सांचो गन्यो ॥७॥

सैन अषूहन सात, सूर और बहुते हने।
छिन्न भए मम भ्रात, चित्र सैन आदिक घने ॥८॥

कर्ण उवाच

द्विजवर को कुरु राइ, निंदहु तुम मत युद्ध मैं।
लरत यथाबल पाइ, धरत न आसा जीव को ॥९॥

बिन रन बानर केत, गयो द्वार लहि द्रोन सों।
यौं मन धरि ये चेत, दोस नहीं कछु द्रोन को ॥१०॥

युद्ध कुसल लघु हाथ, दिव्य अस्त्र कर कवच धर।
सूर चतुर यदुनाथ, दिव्य अजर गांडिव लियो ॥११॥

तजत निसित सरजाल, तब अरजुन कर कोप अति।
गयो तुरत भुअ पाल, क्यों पुनि होरचो जात वह ॥१२॥

द्रोन वृद्ध बलहीन, ता सम दौर सके नहीं।
अरजन रन परबीन, ताहि लंघ छिन मैं गयो ॥१३॥

तांते दोष न कोई, दीजे मीत दरोन को।
दंव करै सो होइ, झूठो है मानुष जतन ॥१४॥

दैव बडो बलवान, निहचै कर जान्यो हमै।
जो कर कर अभिमान, राष्यो सैंधव ना रह्यो ॥१५॥

हमै आपनी ओर, पांडव मारन के किए।
कुरुपति जतन करोर, देव सकल व्यर्थहिं करै ॥१६॥

अपने बस कछु नाहि, तद्यप जतन न छाँडिये।
बिन उद्यम जग मांह, दोष सबै नर को धरै ॥१७॥

घोर मरन की त्रास, करहु जतन पुनि युद्ध मैं।
अब मत होहु उदास, दैव करे सो होइगो ॥१८॥

संजय उवाच

भूप तबै उह ठौर, सूत पूत यौं कहत ही।
पांडव दल अत घोर, युद्ध हेत आवत लषि ॥१९॥

ताहि देषि तुअ सेन, चौविध उमडी युद्ध को।
लगे लरन धर चैन, द्वै दल हठ सों परसपर ॥२०॥

रथी रथिन के साथ, सादी सादिन सों लरै।
गजपति सों गजनाथ, पत्तित सों पुनि पत्ति गन ॥२१॥

लषियत कुरु पंचाल, नाम गोत के श्रवन तें।
छुटे सघन सर जाल, दस दिस डीठ न परत है ॥२२॥

या महि अत हि रिसाइ, गयो सुजोधन समर महि।
मरन जिये ठहराइ, लरन लग्यो पुनि अरिन सों ॥२३॥

ज्यौं दुपहर को सूर, देष्यो जाइ न जेठ में।
त्यौं तुअ सुत को सूर, पांडव देष सकै नहीं ॥२४॥

तज तीषन सर जाल, पांडव सहित पँचाल सब।
छिन महि किये बिहाल, आगे ठहर सके नहीं ॥२५॥

ऐसो किनहु न कीन, तुअ सूरनि मैं घोर रन।
जैसे समर अदीन, भूप तिहारे सुत कियो ॥२६॥

लषि निज सैन बिहाल, भई सुजोधन सरन सों।
पांडव सहत पंचाल, दौर गए तुअ पूत को ॥२७॥

ताहि समै धरि धीर, लषि आवत उन सबन को।
तुअ सुत तीषन तीर, छोरे कर कर कोप अति ॥२८॥

दुरजोधन कोदंड, भल्ल बान द्वै छोर कै।
कीनो तीनहि षंड, धर्म भूप हू ने तबै ॥२९॥

भूप बान दस और, तीषन तुअ सुत को तजै।
पुंष सहित वह घोर, भेद मर्म धरनी धसे ॥३०॥

और एक दुरवार, बान तज्यौ तुअ पुत्र को।
लाग्यो हृदय मंझार, दुर्जोधन रथ मैं पर्यो ॥३१॥

हन्यो सुजोधन राइ, जान्यो सकल पंचाल तब।
गहरे नाद बजाइ, सिंह नाद लागे करन ॥३२॥

ता छिन अंतक रूप, विप्र भूप आबत लष्यो।
उठ पुनि धनुष अनूप, हरषित ह्वै तुअ सुत लियो ॥३३॥

कहत परे रहु राइ, दौरचो धरम नरेस को।
उठे पँचाल रिसाइ, ता पर नृप राष्यो चहत ॥३४॥

भयो भूप रन घोर, चहत जीत दुहुँ दलन मैं।
देष परे चहुँ ओर, सित हथियारन की चमक ॥३५॥

धृतराष्ट्र उवाच

गयो जबै द्विज राइ, मो सुत सों कहि समर को।
कहु संजय समुझाइ, कौन कौन ता संग गयो ॥३६॥

कैसे उन पुनि जाइ, करचो जुद्ध उन अरिन सों।
सूत परचो तम आइ, क्यौं प्रकास रन मैं भयो ॥३७॥

संजय उवाच

डार बहुत बल षेत, मार जयद्रथ भूप को।
नृप सों मिल कपि केत, साँझ समै रन मैं गयो ॥३८॥

तुरत धर्मनृप आप, नकुल भीम सह देव जुत।
धृष्ट दुमन को बाप, अरु बिराट निज सैन लै ॥३९॥

भीम तनय रन धीर, निज बल सहत घटोत्कच।
प्रबल प्रभद्रक वीर, धृष्ट दुमन द्रौपदि तनय ॥४०॥

नृप यह सब सरदार, अपने अपने सेन लै।
करत धनुष टंकार, जाइ जुरे रन द्रोन सों ॥४१॥

परो रैन पुनि घोर, अंधकार गाढो भयो।
भय सूचक चहुँ ओर, सिवा सब्द ताछिन सुनै ॥४२॥

भूप दुहूँ दल मांहि, सब्द करत घुग्घू फिरै।
रह्यो जु धीरज नांहि, भीरुन को सुनि ताहि रव ॥४३॥

भयो तुमल पुनि सोर, हय गज रथ चक नरन को।
बाजत ठौरहि ठौर, मुरज भेरि गो पटह तहाँ ॥४४॥

चमके आयुध रैन, भूषन मनि कंचन जरे।
भूपति भारत सैन, भई भगन जुत गगन ज्यौं ॥४५॥

गज रथ कंचन साज, देषत है इत उत फिरत।
ज्यौं बारिद कुरु राज, सावन को दामिन सहित ॥४६॥

गदा सक्ति तरवार, प्रास मुसल पट्टिस बिसिष।
परत और हथियार, ज्वलत आग सम देषिए ॥४७॥

होन लग्यो रन रैन, घोर सोर चहुँ और पुनि।
भीरुन को भय देन, वीर हर्ष वर्धन बडो ॥४८॥

पांडव सहित पँचाल, दौर द्रोन सनमुष गए।
उन सब किए बिहाल, छोर छोर सित सर घने ॥४९॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
रात्रियुद्धवर्णनं नाम सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥

अठतालीसवां अध्याय

सञ्जय उवाच

हरिगीत–भूप लरन लागे निस मुष महि पांडव तब द्विजवरसों।
उन पुन जो जो सन मुष आये छाए साइक झरसों॥
सिवी नाम इक भूपति पहले तुरत द्रौन पर दौर्यो।
द्रौन कोप कर आवत हूँ को बान दसक सित छोर्यो॥१॥

उन सर द्विज को तीस लगाए सूत भल्ल सों मार्यो।
ता को सिर कर कोप अचारज सूत सहत भुव डार्यो॥
द्रौन आचरज को दुरजोधन और सूत पुनि दीनो।
तजत बान तीषन रन दौर्यो बिप्र समर परबीनो॥२॥

तब कलिंग फौज लै अपनी कुपित भीम पर धायो।
तजे पांच सर मारुत सुत को धुज मैं एक लगायो॥
तज सर तीन बिसोक पिरानो ता लषि भीम अताई।
दौर तुरत अपने रथ हूँते ता को मुष्टि लगाई॥३॥

वज्र समान मुष्टि के लागे भए भगन अँग अंगा।
ताके भ्रातन कौ लषि ताको अधिक भयो अभिषंगा॥
भीमसेन को ता छिन भूपत तजे बान अति तीषे।
वै पुनि भीम मुष्ट के मारे भूमि परत हम दीषे॥४॥

तजी कर्न कर कोप अधिक तब भीम सेन पर बरछी।
हसत हसत मारुत सुत हू ने आवत ही वह परछी॥

[वीरविलासः

सूत पूत हूँ के पुन ऊपर भीम सेन वह छोरी।
उलक समान परत वह सक्ति तुरत सुबलसुत तोरी ॥५॥

आइ भीम अपने रथ बैठ्यो लाग्यो छोरन बाना।
तजत बान ता पर पुन दौरे तुअ सुत कर अभि माना ॥

भीम सेन उन हूँ के ऊपर सित साइक झर डार्यो।
प्रथम तुरत दुरमद को सारथ एक बान सों मार्यो ॥६॥

चढ्यो जाइ निज रथ तज दुरमद दुष्करननि के रथ मैं।
लगे लरन फुनि दोनों भाईं लिये धनुष शर हथ मैं ॥

भीम सेन पुनि उन के रथ को कीनो चरन प्रहारा।
भूपति वै रथ ताके लागे धस्यो धरनि तल सारा ॥७॥

तुअ सुत बज्र मुष्टि सों मारे गहि भुज मांहि पछारे।
हाहाकार करन सब लागे जो रन देषन हारे ॥

कहै लोग सब मारुत सुत को तब यह भीम न जानो।
भीम रूप यह रुद्र कुरुन को हनत समर जिय जानो ॥८॥

यौं कहि भूप समर ते भागे चढि चढि चंचल घोरे।
अति भय भीत समीरन सुत सों भागत पीठ न मोरे ॥

तब तुअ पूत फौज लै डाढी और भीम पर आए।
भयो जुद्ध दारुन रजनी मँहि सिवा पुंज हर षाए ॥९॥

सञ्जय उवाच

सोम दत्त कर कोप वही छिन यौं सातकि कौ भाषी।
छत्र धर्म तुम जानत हो सब क्यौं मरजाद न राषी ॥

सातकि तुम अरु रुकमनि नंदन दोउ ष्यात कुलमांहि।
होइ कुलीन मलीन कर्म तुम करत डरत क्यौं नांहि ॥१०॥

त्यक्त सस्त्र भागत रन बेमुष सातकि किनहु न मारे।
हन्यो छीन भुज भूरि सुदच्छन, धृग धृग धर्म तुम्हारे ॥

आजहि पावहिगो फल तूरन निज कृत नीच करम को।
कटि तुव सीस धरनि तल डारों करौं सपथ सुधरम को ॥११॥

जी न आज तिस तुम कों मारों परों नरक मैं जाई।
सत्य जान सातकि जो रन मैं अर्जुन रषै न आई॥

सोम दत्त ऐसे कहि कोप्यो गहरो संष बजायो।
सिंहुनाद कर दारुन वेगहि सातति ऊपर धायो ॥१२॥

कहै बचन सातकि पुनि ताको धरत कोप मन मांही।
तुम सों अरु ओरन सों क्योंहू लरत डरौं मैं नांही॥

व्यर्थ बचन कहि कौरव मोकों कहा डरावत रन मैं।
सावधान ह्वै लरिये मो सों जो चाहत हौ मन मैं ॥१३॥

मैं तुअ पूत भूरिश्रव मारयो अरु तुम को अब मारौं।
होइ बचन जो झूठो हमरो तो मैं नरक सिधारों॥

करौं सपथ श्रीकृष्ण चरन की व्यर्थ सुकृत सब मेरो।
जो रन मैं सुत बन्धु समेतहि करो बिनास न तेरो ॥१४॥

यौं कहि कोप अरुन दृग दोनों आपस मैं सर बरसैं।
कर कर बेग लरत रन कोबिद मत्त दुरद जनु दरसैं॥
लै तब साथ अयुत रथ नीको नाग सहस रन डाढो।
सोमदत्त के राषन कारन भयो सुजोधन ठाढो ॥१५॥

भूप सुबल सुत स्याल तिहारो सूर बीर वर सकुनी।
लिये साथ असवार गंधारिहि लाष सेन अरु अपनी॥
सोमदत्त कौरव को राषत षरो भयो उत आई।
तज तज बान सबन चहु औरहि लियो सातकी छाई ॥१६॥

धृष्ट दुमन लषि ताको तोडत बडी फौज लै दौरयो।
भ्यो तब सोर दुहूँ दल मांही कोऊ मुरत न मोरयो॥
सोमदत्त हूने तब साइक सिनि लाइक को लाए।
उन पुनि दस कुरु पुंगव के उर पुंष समेत गडाए ॥१७॥

सोमदत्त सातकि सर पीडित मूरछ के बस आयो।
मोहित जानि ताहि लै सारथि रन ते दूर सिधायो ॥
ताहि देषि सातकि सर पीडित द्रोन कोप उर धरि कै।
गयो दौरि सातकि वध चाहत बडो बेग तव करि कै ॥१८॥

देषि द्रोन आवत मिलि पांडव सूरहि सातकि राष्यो।
भयो घोर द्विज को रन उन सों मो पै जात न भाष्यो ॥
द्रोन तुरत पांडव की सेना तबै सरनि सों छाई।
तीषन बान सबन कों छोरे लगे अहिन की न्याई ॥१९॥

पांडव सेन द्रोन सर पीडित भगी भूप दस दिस हीं।
ताहि देष पारथ गुरु सनमुष गयो धरत कछु रिसहीं ॥
आबत पारथ को लषि बहुरचो पांडु सेन मुरि आई।
पांडव की पुनि ब्राह्मन वरसों लागी घोर लराई ॥२०॥

देषि परत ब्राह्मनवर ता छिन ज्यौं सूरज दुपहर को।
किये धनुष मंडल सर छोरत नासत हथ गज नर को ॥
जो नर गयो द्रोन के आगे सो न प्रान धर पायो।
यौं विध देषत ही कपि केतन सैन बहुत संतायो ॥२१॥

देषि भगन अपनो बल अर्जुन कहै कृष्ण सों बैना।
हांक द्रोन ऊपर रथ हमरो हनी बहुत मम सैना ॥
यौं सुनि तुरत कृष्ण रथ हांक्यो ता लषि भीम तुरत ही।
गयो दौर अर्जुन के पीछे चाहत ताको हित ही ॥२२॥

लषि दुज और दुहून को दौरत पांडव मत्स पंचाला।
तुरत सकल दोरे द्विजवर पर तजत निसित सरजाला ॥
घोरहि सोर दुहूँ दल मांही भयों लरत उहूँ ठौरे।
कर कर कोप परस कुरु पांडव आपस मैं सर छोरे ॥२३॥

सोमदत्त सुत वध सों कोप्यो द्रौणी लषि सिनि सुत को।
दौरचो तुरत हन्यौ तिह चाहत धारत बेग मरुत को ॥

ताको देषि पवन सुत नंदन भूप कोप कर धायो।
निसचर नाम घटोत्कच ताछिन भीषम सबद सुनायो ॥२४॥

गज सम वाहन यान युत सोहै ना वै तुरग न दंती।
ऊँचे दंड गृध्र नृप ता महि देषत धुजा सुहंती॥
आठ चक्र सोहत रथ लागे सकल लोह के साजा।
ता चढ निसचर सेन अषूहन लिये साथ हरि गाजा ॥२५॥

ता छिन भूप घटोत्कच देष्यौ आनन दसन कराला।
संकु करन लंबी हनु दीरघ केस नयन अति लाला॥
सीस मुकुट भूषन अँग अंगन सैल संग जनु सोहै।
भीम तनय अंतक सम रन महि भीरुन के मन मोहै ॥२६॥

ताहि देष उन्नत धनु साइक भयो छोभ तुव बल मैं।
ज्यौं परचंड पवन के लागे उठे बीचि सर जल मैं॥
सिंहनाद ताकौ सुन हय गज तजत मूत मल डर सों।
रैन अधिक बल राषस छोरी अस्म वृष्टि अंबर सों ॥२७॥

परत विबिध हथियार अपारहि लषि सब पूत तिहारे।
सेत सहित नृप दस हि दिसन को ता छिन डरत सिधारे॥
द्रोन पूत रन मैं इक ठाढा रह्यो धीर धर मन मैं।
तज सर घोर निसाचर माया करी दूर उन छिन मैं ॥२८॥

तब कर कोप घटोत्कच साइक द्रोन पूत को लाये।
ताके गात भुजग जनु भीषम भूतल माँहि समाये॥
दस सर कुपित द्रोन सुतहूँ ने पौन पूत को छोरे।
तीषन मर्म लगे निसचर को चले रुधिर के डोरे ॥२९॥

तीषन धार हजार चक्र इक मणि सत कलस जरायो।
बाल सूर जनु द्विज सुत ऊपर निसचर हूँ ने चलायो॥
द्रोन पूत वह आवत चक्कर ता छिन भूप निहारयो।
ज्यौं अभाग अभिलाष सरन सों भूमि व्यर्थ करि डारयो ॥३०

अंजन पर्व नाम रजनीचर भीम सेन सुत जायो।
तजत बान करि कोव तुरत तब द्रोन पूत पर धायो ॥
लसत जलद जनु गिरि पर बरसत तजत बान द्विज सुत पर।
भयो कुपित ता छिन असुथामा छोरन लाग्यो सित सर ॥३१॥
एक एक सो धुज धनु तोरचो जारहि तुरग चहुन सों।
छोरि तीर साइक रथ छेद्यो मारचो सूत दुहुन सों ॥
कढ्यो षड्ग पुनि तीषन सरसों विरथ निसाचर कर तें।
परचो टूट वह तुरत धरन मैं बिजुरी जनु अंबर तैं ॥३२॥
ले कर तुरत गदा अति भारी पुनि उन द्विज पर छोरी।
तज सर तीष असनि सम आवत द्रोन पूत वह तोरी ॥
तब रिस भरचो उछलि कुरु भूपति निसचर गयो गगन मैं।
माया करि द्रुम बरसन लाग्यो तब दल ऊपर रन मैं ॥३३॥
द्रोन पूत माया लषि ताको बान अमोघ चलायो।
ह्वै पुनि ता सर बिद्ध गगन मैं उतर धरनितल आयो ॥
लाग्यो लरन पुनि द्विजबर सुत सों रचनीचर चितगाढो।
कनक साज रथ चढि अभिमानी भयो जुद्ध मैं ठाढो ॥३४॥
तब द्विज सुत इक बान चलायो भीम तनय सुत उर मैं।
परचो जान ते ता सर पीडित ह्वै तजि असुर सँगर मैं ॥
लषि निज पूत परत रिस भीनो भीम तनय अभिमनी।
आइ निकट असुथामनि जू के लग्यो कहन यह बानी ॥३५॥

घटोत्कच उवाच

तिष्ठ तिष्ठ ब्रह्मन सुत तुम को जीबत जान न दैहौं।
मार तुरत तुम को निज सुत सों होइ अरिन सुष पैहौं ॥
यौं सुनि बैन कह्यो असुथामनि जाहू पूत तू छोरचो।
पूत जाइ और सों लरिये क्यौं मम ऊपर दौर्‌यो ॥३६॥

है अनीत रन पूत पिता को कै मुहि दोष न कोई।
भीम तनय आपन को मारै जंतु कुपित जब होई।।

पुत्र सोक पीडत सुन ऐसे कहै निसाचर बैना।
द्रोन तनय को ता छन भूपत कोप अरुन कर नैना ।।३७।।

मैं न बैन तुमरे सुनि डरिहौं भीमसेन सों जायो।
पितर हमारे पांडव जिन को देस देस जस छायो ।।

द्विज सुत हौं रजनी चर नायक रावन सम बल रन मैं।
करौं दूर रन साध तिहारी धारी तुम्है जु मन मैं ।।३८।।

यौं कहि कोप अरुन दृग राषस अति रन मांहि रिसायो।
द्रोन पूत ऊपर जबु केहर मत्त दुरद पर धायो।।

धनु जनु बान रैनचर बरसै द्विज सुत ऊपर तीषे।
उन पुनि कटे गगन महि आवत भूम परत वह दीषे ।।३९।।

भीमपूत करकै पुनि माया भ्यौ परवत ह्वै ठाढो।
आयुध परन गगन तें लागे भ्यो कुरु दल भय डाढो ।।

भये व्यथित तब चेत सवनि के द्विज सुत एक न डरई।
भूप तुरत माया लष ताको बान वर्ष पुनि करई ।।४०।।

दिव्य अस्त्र तज सैल उडायो जलद रूप उन धार्‌यौ।
सुरपति धमुष सहित तब अंबर जलधर रक्ष निहार्‌यो ।।
घोर वृष्टि हथियारन हूँ की द्रोन पूत पर डारी।
उन पुनि मरुत सस्त्र तज छिन महि हर्‌यो असुर जल धारी ।।

तबै भीम सुत लै कर धनुवर तुरत यान चढि आयो।
साध लिए बहु भांत रूप धर निसचर निकर सुहायो ।।
ता लषि विलष वदन दुरजोधन भयो भीत निस रन मैं।
कह्यो बचन तब द्विज सुत हू ने धरो धीर नृप मन मैं ।।४२।।

षरे रहो तुम भूप समर महि नेकुन संभ्रम करिए।
देष सकल यह भूतल डार्‌यो होत जीत चित धरिए ।।

सुन द्विज सुत को बैन सुयोधन तब यह बात उचारी।
है दृढ चित्त समर महि तेरो लरहो मम हित कारी ।।४३।।

सञ्जय उवाच

ऐसे कहि नृप द्रोन तनय सों कह्यो बचन शकुनी को।
जाहु तुरत मातुल तूँ रन मैं हनौ बैरि धुजनी को ।।
लेहु लाष असवार साथ ही साठ हजार महारथ।
धरचित धीर बीर अब लरिए करिये धरन अपारथ ।।४४।।

और सकल सरदार हमारे साथ तिहारे जै हैं।
द्रोन पूत सर घाइल पांडव तुरत पराजय पै हैं ।।
बहुत भली भूपति कहि सकुनी रन महि तुरत सिधायो।
ता छिन द्रोन तनय सो राकस निस रन घोर मचायो ।।४५।।

तजे बान दस द्रोन तनय को पन्नग सम यतुधाना।
ताहि लगे पादप जनु कांप्यो जद्यप द्विज बलवाना ।।
तज इक और अंजलिक साइक कर तें धनु कट दीनो।
द्रोन पूत कर कोप तुरत तब भूप आन धनु लीनो ।४६।।

लग्यो जलद जनु भूपर ऊपर बरसन सित सर धारा।
भीम पूत तब देषि न पर है राकस हनै अपारा ।।
द्रोन तनय सर पीडत राकस जूथ भयो तब रन मैं।
ज्यौं मृगराज नषर षर लागै मत्त दुरद गन वन मैं ।।४७।।

हनी अषूहन रेन चरन की तब असुथाम बिराजै।
भयो समर अंतक जनु ठाढो पंचानन जनु गाजै ।।
ताहि देषि कर कोप घटोत्कच कह्यो आपने दल को।
जाहु तुरत दुज सुत को मारो पीरहु कौरव दल को ।।४८।।

यौं सुन बैन रैन चर दौरे घोर रूप बहु भांते।
केहर नाद करत अति दारुन छोरत आयुध पांते ।।

ता लखि परत बिप्र सर ऊपर भए दुषित कुरु सूरा।
द्रोन पूत कछु पौर न पाई किये शस्त्र सब चूरा ।।४६।।

छोरि छोरि पावकमय सर बहुत निसाचर जारे।
जरत मरत भुअ परत रजनी चर भीम तनूज निहारे।।

द्रोन पूत को भुज बल अद्भुत ता छिन भूप निहार्‌यो।
याते घोर घनो निसचर दल एकहि तज सर जार्‌यो ।।५०।।

अश्वत्थाम भूतन को जारत प्रलय दहन जनु सोहै।
पांडव सूर डरे सब तासो कोऊ न सनमुष जोहै।।

एक भीम नंदन बिन सिगरी भगी धरम नृपसैना।
द्वै कर मोसत ओठन चाबत किए अरुन रुष नैना ।।५१।।

कह्यो बचन सारथि को निसचर सारथि यान हमारो।
पेलहु तुरत द्रोन सुत ऊपर भग्यो पांडु दल सारे।।

यौं कहि आठ घंटयुत बज्जर सुर निरमित लै धायो।
तजो तुरत द्रुज सुत के ऊपर उन आवत लषि पायो ।।५२।।

गह्यो तुरत कर कूद गगन महि फेर वाहि को छोर्‌यो।
राकस रथ तज भूतल आयो उन हय युत रथ तोर्‌यो।।

तबै देषि द्विज सुत को लाघव साधु साधु सब कहई।
उछलि बज्र आवत जो पकर्‌यो कौंन संभु बिन गहई ।।५३।।

ढीठ दुमन रथ मैं चढि भैमी ले धनु सित सर छोरे।
दोऊ द्रोन सुत को सर छोरत भूप कोप करि दौरे।।
कटे बान उन के द्विजबर सुत ताके पुनि उन तोरे।
अद्भुत जुद्ध करन तब लागे तीनहि अति रिस बोरे ।।५४।।

यान हजार तीन सत कुंजर लै षट तीन हजारा।
भीम सेन उहि ठौर सिधायो छोरत साइक धारा।।
तब अचरज द्विज पूत पराक्रम भूप सबन जन देष्यो।
जो पुनि तिन सों रन महि एकहि करत जुद्ध सुबिसेष्यो ।।५५।।

हनी रैनचर सैन चतुर्विध बूहन इक छिन मांही।
भीम आद देषत ही ठाढे रहे सकल उहि ठांही॥

साज सहित हय गज रथ मानुष परे प्रान तज धरनी।
हनी और जो राकस सेना सो नृप जात न बरनी॥५६॥

कर पुनि कोप तुरत द्विजवर सुत द्रुपद सुतनि पर धायो।
भीमादिक सूरन के ऊपर निसित बान झर लायो॥

तुरत द्रुपद सुत सात संहारे तज तज तीषन साइक।
सुरथ सुतंजय जयानीक अरु बलानीक रन लाइक॥५७॥

चंद्रदेव जय तुरग पृषंधर एते सात हि सूरे।
कुंति भोज नंदन दस छिन मैं तज दस साइक चूरे॥

भूप सुतायुत कंचन माली सत्रुंजय सर घाए।
घने और नृप नंदन ताछिन जमके भवन पठाए॥५८॥

पुनि इच बान भीम सुत के उर तीषन द्विज सुत लायो।
भेदि तुरत ताको वह साइक भूतल मांहि समायो॥

ता लषि ढीठ दुमन रथ अपनो द्रोन पूत सों फेरचो।
पांडव सेन ताहि के भागे मुरत हमैं सब हेरचो॥५९॥

जीत पाँडु दल कौ द्विज नंदन पंच बदन जनु गाज्यौ।
तुअ सुत सहित सबन उहि देषत कहि कहि साधु सभाज्यौ।

छई भूम हत रेन छरन सों भई विषम गति रन की।
देव गगन महि ताहि सराहत कर कर वर्ष सुमन की॥६०॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरवीलासे
भाषायां रात्रियुद्धे अश्वत्थामघटोत्कचयुद्धं नाम
अष्टचत्वारिंशोऽध्यायः।

उनचासवां अध्याय

संजय उवाच

दो०— द्विजसुत हत नृप द्रुपद के, रनयन को रन देषि ।
भीम धर्म नृप सातकी, भए जु कुपित बिसेषि ॥१॥

लषि सातकि को समर महि, सोमदत्त करि क्रोध ।
बडी बान बरषा करी, कियो चहूं दिस रोध ॥२॥

भीम सेन दस सर तजे, ताको सिनि सुत हेत ।
सोमदत्त पुनि भीम को, सत सर तजे सुचेत ॥३॥

सातकि हूने ताहि छिन, कर दारुन हरि सोर ।
सोमदत्त के सीस पर, तजे बान दस घोर ॥४॥

पुनि सिनि सुत बरछी तजी, छोरे पुनि सर सात ।
तज्यो भीम सिनि सुत लिये, ताको परिघ सुजात ॥५॥

पुनि सिनि सुत हूने तज्यौ, ताको सित सर और ।
इकठे ता सिर पर परे, दोऊ परघ सर घोर ॥६॥

सोमदत्त ताके लगे, पर्‌यो तुरत भुअ मांह ।
ताहि देष वहलीक नृप, दौर्‌यो सुत हित चाह ॥७॥

घनु जनु सर वरषन लग्यो, बाल्हिक करि अभिमान ।
ताको सातकि के लिये, तजे भीम नव बान ॥८॥

छोरी कुपित प्रतीप सुत, सक्ति भीम उर मांहि ।
भीम सेन ताके लगे, भयो मूरछित आहि ॥९॥

छिन मैं लहि चेतन उठ्यो, भीम गदा लै हाथ।
तुरत कोप कर कै तजी, लागी बह्लिक माथ ॥१०॥

छिन्न सीस भूतल परयो, ताहि लगे बह्लीक।
ता लष दौरे तुअ तनय, दसरथ सुत सम नीक ॥११॥

नागदत्त दृढ रथहिं मैं, बीर बाहु परमाथि।
उग्रपाद भुज बिरज अरु, कहिं सुहस्त बल हाथ ॥१२॥

ता लषि आवत कोप करि, तजे पवन सुतबान।
एक एक सरसों हरे, भूप सबन के प्रान ॥१३॥

याननि ते सिगरे परे, गए प्रान जब छूट।
भग्न पवन परचंड सौं, ज्यौं गिरि तें तरु टूट ॥१४॥

विद्ध कियो वृष सेन पुनि, भीमहु ने सर लाइ।
ता लषि भ्रात करन्न को, वृक रथ पहुँच्यो आइ ॥१५॥

भीम नराचन सों विध्यो, उन करि कोप अपार।
भीम सेन ताको तजै, तीषन बान हजार ॥१६॥

नृप पुनि भीमहु ने हने, सात रथी तुअ स्याल।
और अनुज पुनि सकुनि के, कीने तीन बिहाल ॥१७॥

ताहि समै नृप धर्म सुत, तजे अमित सित बान।
हने सूत तुमरे घने, देषत विप्र प्रधान ॥१८॥

ताहि भगावत सेन लषि, तुअ सुत प्रेरत द्रोन।
बान जाल बर सन लग्यो, ज्यौं घन स्याम सपौन ॥१९॥

वायव वारन सौर अरु, आगनेय दिब बान।
याम्य त्वष्ट्र अस्तर बडे, तजे द्रोन रिस मान ॥२०॥

छूटत हीं वै नृप हरे, छोर वही सर घोर।
नेकु न दुजवर सों डरे, षरो करे हरि सोर ॥२१॥

देषि अस्त्र सिगरे हरे, भूपहु ने द्विजराइ।
ब्रह्म अस्त्र ताको तज्यो, दारुन कोप दिषाइ ॥२२॥

अंधकार ता छिन भयो, जान परै कछु नांहि।
भूप लोक सिगरे डरे, परे भीरु भुअ मांहि ॥२३॥

ब्रह्म अस्त्र सों ब्रह्म सर, हरचो तुरत भुअपाल।
भूप सराहत दुहन को, देषन हार षुसाल ॥२४॥

द्रोन भूप को छोर के, गयो पंचालन मांह।
ता सर हने पंचाल पुन, रन मैं ठहरत नांह ॥२५॥

भीमसेन अर्जुन दोऊ, उठे तुरत अनषाइ।
साथ बडो रथ पुंज लै, द्विज ढिग पहुँचे धाइ ॥२६॥

अर्जुन दच्छन भाग ह्वै, भीम सेन ह्वै बाम।
बान द्रोन ऊपर तजै, लगे करन संग्राम ॥२७॥

सोमक मत्स षरे भए, ताके पीछे आइ।
संजय सात्वत आद सब रन मैं करत सहाइ ॥२८॥

तुअ दल अर्जुन सर हन्यो, भग्यो भूप चहूँ ओर।
कोऊ षरो न होत है, भूप रह्यो द्विज होरि ॥२९॥

दुःसह पांडव बल बढ्यो, देषि सुजोधन राइ।
ता छिन मीत करन्न सों, लग्यो कहन इम भाइ ॥३०॥

मीतन के उपकार कों, सो यह आयो काल।
राप कुरुन को करन अब, हम को लरो निहाल ॥३१॥

पांडव मत्स्य पंचाल मिल, हरषित कर हरि सोर।
सेन हनत हमरी निरष, तज तज साइक घोर ॥३२॥

कर्ण उवाच

चिंता मीत न कीजिए, मुहि जीवत रन मांहि।
तुअ देषत छिन मैं हनौं, अर्जुन को इह ठांहि ॥३३॥

बली एक इन सबन मैं, है अर्जुन बलवीर।
तज हरि दत्त हि सक्त को, हनो ताहि धर धीर ॥३४॥

भूप अरज्जन के हने, पांडव तुअ बस होहि।
कै बन मैं पुनि जाहिंगे, भूम सकल दै तोहि ॥३५॥

सोमक मत्स पंचाल दल, संजय जादव साथ।
पांडु सुतन को जीति कै, दैहौं भुअ तुअ हाथ ॥३६॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे भाषायां कौरवपराजयो नामैकोनपंचाशत्तमोऽध्यायः।

पचासवां अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— सुन सुन बैंन करन्न को, जनु सारद घन घोर।
कृप हसि कह्यो करन्न को, ऐसे कुरु सिर मौर ॥१॥

करन भलो तुम कहत हो, बडो भूप को मीत।
जो केवल सुअ वचन सों, होइ समर महि जीत ॥२॥

भूपति ढिग तुम करत हो, अपनी आप सराहि।
है तुम को इक बचन बल, देह पराक्रम नाहि ॥३॥

बार बार हारचो करन, तूँ उन सों रन जाइ।
उन को बल पुनि जान कै, कहो न बात बनाइ ॥४॥

वांध्यो जब गंधर्व ने, घोष सुजोधन जात।
तब तूँही पहले भग्यो, भूल गई वह बात ॥५॥

पुनि विराट के नगर मैं, कौरव सकल समेत।
तूँ जीत्यो अनयास ही, सानुज इक कपिकेत ॥६॥

इक अर्जुन सों लरन कों, तू न करन समरत्थ।
जीत्यो सबनि लजात नहि, बोलन बचन अकत्थ ॥७॥

व्यर्थ बचन कत कहत हो, करो करन करतूत।
बडे बडे बिन ही कहे, कारज करत सपूत ॥८॥

तो लौं गरजत हो षरो, नृप को हर्ष बढात।
जो लौं अर्जुन बिसम सर, विष सम लगै न गात ॥९॥

बाहुज सूरे भुजन सों, बिप्रबचन बल भूरि।
अर्जुन सूरो धनुष सों, करन मनोरथ सूर ॥१०॥

सुनि कठोर कृप के बचन, यों बिध करन रिसाइ।
लग्यो कहन पुनि ताहि को, सबनि सुनत इमि भाइ ॥११॥

पावस घन जनु सूर जन, गरजत हैं धरि धीर।
बीजाँकुर जनु तुरत फल, देत छोरि जल तीर ॥१२॥

सूरन को कछु दोष नहि, गर्जत रन मैं जाइ।
जो सिर मार बडो धरै, लहि इक देव सहाइ ॥१३॥

निज बल ऊपर बिप्र मैं, गर्जत हौं रन मांहि।
सैन सहित पाँडव हनौं, यौं मम चेत उछाहि ॥१४॥

तातैं पाँडव लोप कर, कृष्ण सुहृदगन साथ।
तुअ देषत अब देत हौं, भूम सकल नृप हाथ ॥१५॥

कृप उवाच

होत न करन प्रलाप सों, जीत बिना करतूत।
जो लघु जान्यो कृष्ण तुम, अर्जुन धर्म सुपूत ॥१६॥

अर्जुन कृष्ण जहां रहै, तहाँ रहत पुनि जीत।
धरम सून सब गुन भरचो, धरत सत्य नृप नीत ॥१७॥

ताके अनुज बली बडे, अस्त्र सस्त्र परबीन।
बुद्धिमान दृढ भक्त गुरु, ब्राह्मन देव अधीन ॥१८॥

संबंधी उन के बड़े, द्रुपदादिक हरि तूल।
करन लरत तजि प्रान रन, रहत सदा अनुकूल ॥१९॥

तातें निहचे जानिये, ताकी होइ न हार।
कुपित भीम अर्जुन करैं, तीन लोक संहार ॥२०॥

दहै घोर दृग अगनि सों, सब जग कोप्यो राइ।
जग नाइक या कौ सदा, श्री जदुराइ सहाइ ॥२१॥

तातैं करन अनीत यह, तुम को छाजत नांहि।
जो तुम चाहत हौ लरचो, गोविंद सौं रन मांहि ॥२२॥

संजय उवाच

यों सुन राधा सुत हंस्यो, गोतम को यह बात।
भूपत पुन लाग्यो कहन, सब जन सुनत रिसात ॥२३॥

साँच कह्यो ब्राह्मन तुम्है, पांडव बहु गुन बंत।
तद्यप निहचै जानिये, करौं समर मैं अंत ॥२४॥

एक इंद्र मो को दई, सक्त अमोघ सुतूठि।
ता सों अर्जुन को हनों, कृप मत जानो झूठ ॥२५॥

ऐसे अरजन के हने, ता बिन लहै न चैन।
ताको सोदर हरि सहित, क्यौं हू प्रान धरै न ॥२६॥

दुर्जोधन उन के मुए, लहै अकंटक राज।
तातें हौं गर्जन करौं, रन मैं गौतम आज ॥२७॥

तूँ पुनि ब्राह्मन वृद्ध अरु, छीन सक्त रन माँहि।
गूढ नेह उन सौं धरयो, मम जय चाहत नांहि ॥२८॥

ऐसे फिर मत बोलिये, ब्राह्मन अप्रिय बैन।
बोले पुनि रसना कटों, ब्राह्मन जानों मैं न ॥२९॥

नीच बिप्र तूँ अरिन की, जी इत करत सराह।
को घटि है कौरवन में, बडे बडे नरनाह ॥३०।

जीते कौरव वीर मिलि, सुर असुरन रन बीच।
दैव योग हूं ते भये, भीषमादि बस मीच ॥३१॥

सूर वीर उन के घने, हने करत रन घोर।
कहा भयो परभाव तब, पांडुसुतन को जोर ॥३२॥

यथा सक्त उद्यम करौं, दुर्जोधन के हेत।
जीत हार है दैव बस, लरत अरिन सौं षेत ॥३३॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे भाषायां कर्णकृपसंवादो नाम पञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

इकावनवाँ अध्याय

सञ्जय उवाच

स०-यौं सुनि तीषन बैन करन्न के ताहि समै असुथाम रिसायो ।
मातुल हेत कृपान उठाइ कै वेग करन्न के ऊपर धायो ।।
देषत ही दुरजोधन कै गज को जनु सिंह महामद छायो ।
भूप कोप बडो करि कै यह सूत के पूत को बैन सुनायो ।।१।।

सांचे अरज्जन के गुण गावत मातुल क्यौं हमरो तरज्यौ है ।
तूँ न लजात सराहत आप को सारद बारिद ज्यौं गरज्यो ।।
जो हुतो जोर तो सैंधव मारत पारथ क्यौं न तुम्हैं बरज्यो है ।
जुद्ध जहां जहां घोर मच्यो तहां तूँ ही भज्यो पुनि वै न भज्यो है ।।

रन मैं परसन्न कियो जिन संकर जीते घने अति सूर रिसाइ कै ।
नहि या को सुरासुर जीत सकै सब हारि रहै रन मैं अकुलाइ कै ।।
पुरषाधम तूँ पुनि ता कपिकेत कौ जीत्यौ चहै अतिही चितचाइकै
अब काटत हौं तुमरो सिर मूढ षरो रहु तीषन खग्ग चलाइ कै ।।२

सञ्जय उवाच

यौं कहि बेग सों आवत ब्राह्मन भूपति औ कृप हूँ ने निवारचो ।
ताहि को देषि बडो कर कोप करन्न तबै यह बैन उचारचो ।।
आवत देहु जु ब्राह्मन को यह चाहत है मम सीस उतारचो ।
या को गरब्ब हरौं छिन मैं भुअ सैन करै मम बाननि मारचो ।।४

अश्वत्थामोवाच

दो०— में अब सूढ छमा करी, भूपति गौरव मान।
तुरत हरेगो शक्र सुत, तेरोई अभिमान ॥५॥

दुर्योधन उवाच

स०-ह्वजे प्रसन्न कृपा करिकै अपने घर कोप नहीं करिए जू।
भूसुर नाइक लाइक हौ सब बातनि धीरज ही धरिए जू॥
जुद्ध करो रिस छोरि सबै मिलि काज बडो हमरो करिए जू।
भार परचो सबहुनि के सीस मैं पांडव सिंधु भले तरिए जू॥६॥

सञ्जय उवाच

ताहि समै नृप बेग बडो करि पांडव सेन करन्न को धाई।
बोलत बैन कठोर करन्न को गाजत केहरि लौं अतताई॥
ताहि को देष करन्न षरो भयो त्यौं धर धीरज चाप उठाई।
पांडव सेन सो सूत के नंदन आन रची तब घोर लराई॥७॥

एक कहैं वे कहां है करन्न षरो रहु एक कहैं मतवारे।
एक कहै पकरो इक मारहु एक कहैं लर साथ हमारे॥
और कहैं सिगरेई विरोध को मूल यहै इन ही सब मारे।
ता छिन भूप करन्न को पांडव सैनक सूर यौं बैन उचारे॥८॥

ताते हनो अब सूत के पूत कों यौं सव बोलत बेग सों दौरे।
सूत तनूज के मारन को चहुँ और घने सित साइक छोरे॥
देष्यो तबै लघु हाथ करन्न को एक हि बार सबै सर तोरे।
छोरि के त्रास तजे सर तीषन आवत वै चहुँ और ते मोरे॥९॥

दो०— भयो करन साइक लगै, व्याकुल तब सब सूर।
ताहि लिये अर्जुन तहां, आवत लष्यो अदूर॥१०॥

स०-देष अरज्जन को दुर्जोधन यौं अश्वथाम को बात उचारी।
देष कपिध्वज सैन लिये वह आवत है अत ही रिसधारी॥

होइगो याहि सो युद्ध करन्न को जाहु सबै तुम सैन लै भारी ।
मारचो न जाइ जो सूत को नंदन त्यौं लरिए कर प्रीति हमारी ।।११

यौं सुन सासन भूपति की उठि बेग सबै तुव सूर रिसाए ।
भूप करन्न को राषन कौ तब वै कपिकेत सनम्मुख धाए ।।

आवत ज्यौं हरि पारथ कों लषि बान समूह ज्यौं वृत्र उठाए ।
आपस माँहि रच्यौं रन घोर कै के हरि सोर सबै हरषाए ।।१२।।

आगे हि जाइ मिल्यो कपिकेत को बेग सों सूत को पूत अदीनो ।
पारथ हूं ने घने सर लाइ कै आवत बेग सों बारहि लीनो ।।

त्यों करि कोप करन्नहु ने सर छोरि अरज्जन छादित कीनो ।
तीषन तीन तजै अरु तीर लगै तिहि पारथ भ्यो रिस भीनो ।।१३

पारथ सूत के पूत कों साइक तीस षरे अवनीस लगाए ।
और नराच तज्यौ इकु तीषन कोप सों लोचन लाल दिषाए ।।
जाइ लग्यो भुज बाम करन्न के छोरि पर्‌यो धनुबान चढाए ।
लै ततकाल करन्न वही धनु पारथ कौ बहु बान चलाए ।।१४।।

दो०— दोऊ करन अरजन लगे, लरन सरनि तजि घोर ।
बासित हेत मतंग ज्यों, दंतन सों करि सोरु ।।१५।।

स०-देषि करन्न को बिक्रम ता छिन पारथ ताको कट्यो धनु ढाढो ।
चारों तुरंग हने चहुँ भल्ल सों एक सौं सूत हन्यो रथ ठाढो ।
कूदि गयो अपनो रथ छोरि कै गौतम यान मैं धीरज गाढो ।
छोरि के सायक चार विध्यो तब सूत को पूत महाबल बाढो ।।१६

भागत सूत के पूत को देषि भगे सब पारथ बान के मारे ।
ताहि को देषि सजोधन भूप नबै करि कोप यौं बैन उचारे ।
देषहु मैं अब आपहि जात हौं पारथ ऊपर क्यौं तुम हारे ।
लोक सबै पुन देषहिंगे दस ही दिस छूटत बान हमारे ।।१७।।

आज हनौं कपि केतन को तजि तीषन साइक सांच कै जानो ।
ताहि को मारि कै पांडव सोम पँचालन को अपने बस आनो ।

क्यौं हू न मेरो प्रहार सकै सहि यद्यपि पारथ हैं बलवानो।
सागर बेल न लंघ सकै जनु चंद उगे जल सों अधिकानो ।।१८।।

यों करि भूप सुजोधन साथ लै सैन बडो करि कोप सिधायो।
ता लष गौतम द्रोन तनूज को जाइ कै नेरे यौ बैन सुनायो।
देष सजोधन जान पतंग ज्यौं पारथ पावक मांहि रिसायो।
याहि को जान न दीजिए जू अब पारथ बेग बडो करि आयो ।।१६

दो०— जो हम देषत ही अबै, भूप न मार्‌यो जाइ।
सूर सकल जुरि द्रोन मिलि, त्यौं रन करहु सहाइ ।। ०।।

स०-यौं सुनि भूसर नंदन दौरि कै भूपति सौं यह बैन कह्यो है।
भूप कहा मुहि जीवत साहस ऐसे तुम्हैं रन मांहि गह्यो है।
देषो षरे हमरो बल पौरष जो धनु वेद को भेद लह्यो है।
जीति हौं पारथ कौ रन मैं अब मोको उछाह वडो उमह्यो है ।।२१

दुर्योधन उवाच

अतिनेह अचारज कौ उन सों, चित दै रन में पुनि तूं न लर्‌यो।
अथवा हमरेई अभागहुँ ते तुमरो रन विक्रम छीन पर्‌यो।
धृग मोहु कों जाके लिये बहु मीत मुए पुनि काज न एक सर्‌यो।
द्विज चाहत हो हित जो हमरो तो निबारहु पारथ वेग भर्‌यो ।।२२

लरि देव अदेव न तो सो सकै जब तूँ चित दै रन घोर रचे।
हम जानत हैं तुमरे सर गोचर आइ पँचाल न एक बचे।
द्विज पुंगव तातें करो परसाद जो पांडव साइक आग तचै।
तुमरे गुन सिद्धन के मुषतें पहले हम कान धरे निहचे ।।२३।।

सुनि यौं दुरजोधन बैन तबै द्विज नंदन ताहि सों बात कही।
नृप साँच कही तुम पांडब सों हमैं प्रीत सों प्रीत की रीत गही।
रन मैं तुमरो हित चाहत है निहचै करि कै जिय जान यही।
बिन युद्ध जुरे उनसों हमरी नृप जानहु प्रीति की रीति वही ।।२४

दो०— यथाशक्ति रन मैं लरौं, तज जीवन की आस।
देष निमेषहि मैं करौं, पांडव सैन बिनास ।।२५।।

स०-सांचि कहौं नृप पाँच पृथा सुत कैसेहु मोहु पै जीत न जावै।
तू पुनि लोभ भर्यो कपटी हमरी तुम को परतीत न आवै।
तेरे लिये तजि प्रान लरौं अब सूर घने परलोक सिधावै।
सोमक मत्स्य पँचाल हनै मम बानन सों धरनी तल छावै ।।२६।।

यौं कहि भूप सुयोधन को दुज पूत रिस्यो रन हेत सिधायो।
जाइ के मोको प्रहार करो यह बैरिन को पुनि बैन सुनायो।
यौं सुनि कोप के पांडव ता पर तीषन बानन को झर लायो।
ज्यौं घन पौन दरोन को नंदन ता छिन मैं सरजाल उडायो ।।२७।।

पांडव ढीठ दुमन्न को देषत, सात पँचाल बिहाल कै डारे।
और भगे दस ही दिस भूपत द्रोन तनूज के बानन जारे।
ता लषि ढीठ दुमन्न रिस्यो सत सूर लै साथ सबै गुन भारे।
दौर्यो दरोन के नंदन ऊपर ऐसे कह्यो कर नैन डरारे।।२८।।

होत कहा इन हूके हने अब मोहि सों मूढ भले लरिए जू।
जो है तू सूर तो आज जरूरहि मो सर एक हिये धरिए जू।
देष हनौं छिन मैं तुम को अब मोहु सों ना रन मैं टरिए जू!
मूरष विप्प भली विध सों मम सायक पावक सौं जरिए जू ।।२९।।

यौं कहि ढीठदुमन्न सुतीषन बान दरोन के पूत को लाए।
ताके लगे उर भौर ज्यौं फूल भरे तरु देषि भरे जु सुहाए।
पाइ लगे जनु पन्नग ब्राह्मन कोप सों लोचन लाल दिषाए।
लै कर एक सिलीमुष हाथ मैं यौं नृप सूनु को बैन सुनाए ।।३०।।

दो०— एक मुहूरत जुद्ध मैं, षरे रहो नृप पूत।
या मैं आदर सों तम्हे, पूजिहिंगे पुरुहूत ।।३१।।

स०-यों कहि द्रोन तनूजहुने नृप नंदन साइक जाल सों छायो।
ताछिन द्रु्प्पद पूतहु ने दुजनंदन को यह बैन सुनायो।

मोहि न जानत हौ तुम मूढ जो द्रोन के मारन हेत हि जायो।
देषि पर्‌यो भुअ मंडल द्रोन को जानहु आपनो सोस उडायो ॥३२

पांडु के पूतन सों तुअ बैर जो है जो कुरून सौं प्रीति तिहारी।
ताहि को लाइक काम करो थिर होइ भले रन साज सम्हारी॥

जीवत छूटो नहीं अब मोहि सों देषिए जू समसेर हमारी।
तेरे हने कछु दोष न काहु को ब्राह्मन होइ कृपान जो धारी ॥३३॥

यों सुनि द्रुप्पद पूत को बैन कठोर दरोन को पूत रिसायो।
लाल विलोचन सों जनु जारत ठाढो रह्यो कहि चाप उठायो॥

भूप तबैं अति लाघव सों पुनि ढीठ दुमन्न शरन्नि सो छायो।
ठाढो रह्यो अपने बल सों जनु पौन सौं सैल चल्यो न चलायो ॥३४

आपस मैं करि कोप बडो दोऊ घोर घने सर छोरन लागे।
बातिक चारण सिद्ध महारण देषि दुहून सराहन लागे॥
दोऊ लरे तजि जीव की आस को पांडव कौरव सों अनुरागे।
या महि द्रोन तनूज सरन्न सों होइ बिहाल पँचालहि भागे ॥३५॥

दो०— सोहत है अश्वथाम ज्यौं, सुनासीर हनि वीर।
ठाढो बडो परताप सो रन मंडल धरि धीर ॥३६॥

संजय उवाच

स०—ता लषि पांडव भूप वृकोदर दोऊ दरोन के पूत को धाए।
ताहि समै दुरयोधन भूप द्विजोत्तम ताके सनम्मुष आए॥
द्वै दल फेर लगे लरने हरि सोर करै रन घोर मचाए।
क्रोध बडो करि भीम तबै कुरु जोध घने यमलोक पठाए ॥३७॥

त्यौं कपिकेत घनी धुजनी जु हनी तुमरी बहु भाँति दुषाई।
मारि मतंग तुरंगम मानव सोणित की तटनी जु बहाई॥
भूमि करी कर पुंज भरी अति सौहत है धुज छत्रन छाई।
बोलत यौं हनि लेहुँ दरोन को पांडव दौरि गए जु रिसाई ॥३८॥

द्रोन तबै तजि वायव सायक पांडव ज्यौं घन घोर उडाए।
देषत भीम अरज्जन के शर तीषन लाइ पंचाल भगाए॥
दौरि गए पुनि द्रोन को पांडव भ्रात दोऊ रन मांहि रिसाए।
तालषि भूप पँचालन के गन युद्ध लिये बहुरयो फिर आए॥३६॥

दच्छिन पारथ उत्तर भींम दुहूँ तजि बान दरोन संतायो।
द्रोन के राषन हेत तबै कुरु सूरन को गन वेग सों धायो॥
आवत कौरव कौ दल पारथ तीषन सायक जाल सों छायो।
बाहन छोरि हि छोरि भगे सब नींद सों लोग षरो अकुलायो॥४०

दो०— दस दिस भागी सैन तुअ, भयो तिमर अति घोर।
मारे अर्जुन बान के, इक तरफत उहिं ठौर॥४१॥

स०-ता छिन कोप बडो करि सातकि सारथि कौ यह बैन उचारयो।
बेग चलो बहलीक के ऊपर चाहत हौं रन याहि को मारयो॥
यौं सुनि हाँकि दियो रथ सारथि कौरव ऊपर बेग सिधारयो।
आवत यौं सिनिपूत तबै बहलीक नै आगेहि आइ निबारयो॥४२

कौरव बाननि की बरषा तजि सातकि ज्यौं रविबारिद छायो।
भूप तवै युयुधानहु ने पुनि ता परि बाननि को झर लायो॥
दोउ लरै न मुरै न डरै नृप ताहि समं रन घोर मचायो।
कै कै गने रथ मंडल आपनो लोकन कौ निपुनत्व दिषायो॥४३॥

आपस माँहि दुहून दुहून के चाप कटे बहु बारहि भारे।
देषि परे सर धारनि छोरत पावस मैं जनु बादर कारे॥
बाननि सों अँग अंग जरे विव रूष लसें जनु जूगनु वारे।
सोणित सिंचत गात दोऊ नर वीर ज्यौं फूले पलास निहारे॥४४

कोप किए पुनि सातकि हूँ नै नयो दृढ कंचन दंड सुहायो।
घोर परिघ्घ तज्यो बहलीक का आवत को उनबान चलायो॥
डार दियो भुअ मैं कर टूक दो भूधर सानु ज्यौं बज्र गिरायो।
यादव कौरव कौ धनु काटिकै सूत तुरंग समेत गिरायो॥४५॥

दो०— स्वर्ण पुंष सर घोर इक, तज्यौ और युयुधान।
सोमदत्त ताके लगे, परचो धरनि तज प्रान ॥४६॥

सो०-ता लषि सूर सबै तुमरे नृप कोप कै कै युयुधान को धाये।
दौरि गए पुनि द्रोन के ऊपर पांडव संगर माँहि रिसाये ॥
पांडव भूप तबै करि कोप दरोन के सैनक दूर भगाये।
ता लषि दौरि दरोनहुँ ने करि कोप नरेस को बान लगाये ॥४७॥

भूपहु ने पुनि कोप बडो करि पांच नराच दरौन को छोरे।
ताहि सों बिद्ध दरोनहु ने पुनि भूपति के धुज को दंड तोरे ॥
लै धनु आन नरेस दरोन को बान तजे पुनि कान सों जोरे।
द्रोन परचो बस मूरछ के अति बिद्ध भए धुज सारथि घोरे ॥४८॥

मूरछ तें उठि द्रोन ज्यौं पन्नग कोप बडो करि भूप को धायो।
वायव बान तज्यौ नृप को नृप ता पर वायव बान चलायो ॥
वायव साइक सौ मिलि वायव सायक भूतल मांहि समायो।
त्यौं धनु काट लियो नृप द्रोन को आन लियो उनि चाप सुहायो ॥

ता छिन पांडव भूपति कौ यह बैन सरोरुह नैन उचारचो।
भूप जुरो न दरोन सौ आगेहि चाहत है तुम को यह धारचो ॥
जो सिरज्यौ विधि जाहि के नास कौं जाहगो ए पुनि ताहिसो मारचो
जाइ जुरो दुरयोधन सौं तुम चाहत जो कुरुसेन सँहार्‌यो ॥५०॥

दो०— भूपति कौरव भूप सौं, योग कहै सब कोइ।
तातें संगर मैं जुरौ, दुरयोधन तुम दोइ ॥५१॥

सो०—यौं सुनि एक मुहूरत पांडव भूप विचार कर्‌यो मन मांही।
लैके अनीक घनी जु गयो दुरयोधन भीमहुते जिही ठांही ॥
द्रोन पँचाल बिहाल किए इत युद्ध भयो उत घोर महां ही।
गाढ अँधेरो भयो अपनो अरु और को देष परे कछु नाही ॥५२॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां एकपञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

बावनवाँ अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

स०–सूत छयो तम गाढो जबै तब कैसे भयो रन चेत सम्हारो।
नीके कहो समझाइ दूहूँ दल में पुनि कैसो भयो उजियारो॥
कौन षरे भये हाथ प्रदीप लै ताछिन कौन कियो रन भारो।
कौन हन्यो उन के दल मैं अरु कौन हन्यो सरदार हमारो॥१॥

सञ्जय उवाच

सेन सबै हत सेष सम्हारी के फेर दुहूँ दल व्यूह बनाए।
ताहि समै तुअ पूत सुयोधन पाइक लोक सबै सिषलाए॥
ठाढो रहो सगरे रन मैं तुम हाथ प्रदीप लै तैल अघाए।
यौं सुनि ठाढे भये सब पाइक लेकर हाथ प्रदीप सुहाए॥२॥

देव रिषीगन गँध्रप चारन लैके प्रदीप भए दिब ठाढे।
भूप तबै परकास भयो तुमरे दल देषि परे बल बाढे॥
भूषन यौ चमके हथयार षरे सरदार सबै चित गाडे।
दीपन सौ तुअ पूत लसै करि व्यूह भली विध सों उहि ठाढे॥३॥

दो०– तीन तीन इक दुरद सौं, पाँच पाँच रथ साथ।
एक एक पुनि तुरग सों, जरे दीप कुरु नाथ॥४॥

स०—ले कर दीप षरे इक पाइक एक लिये कर तेल षरे हैं।
सैन के बीच दरोन लसै चमके सब साज रतन्न जरे हैं॥

भूपन यौं हथयारन मांहि प्रतीपन के प्रति बिंब परे हैं।
रैंन भई दिन जो परकास सौं देषत लोक हुलास भरे हैं ॥५॥

देषि प्रकास बडो तुमरे दल पारथ त्यौं ही प्रदीप जराए।
सातहिं सात किए इक एक मतंग के साथ प्रदीप सुहाए ॥
द्वै द्वै तुरंग सों यान सों तैसे तहां दस हीं दिस तेल पुराए।
और घने चहुँ और प्रदीप जरे सुन मोहि पै जात बताएं ॥६॥

भूप भयो परकास जबै तब द्वै दल फेर लगी है लराई।
सोर बड्यो सिगरे दल मैं सित साइक धार घनी वरसाई ॥
ताहि समै दिन मध्य ज्यौं सूरज टाढो भयो रन मैं द्विजराई।
लाघव सों तजि तीषन साइक पांडव सेन षरी ही सताई ॥७॥

भूतल व्योम प्रकास भए तब देषि परे रन रंग सुहायो।
आपस मैं सब वीरहु ने धरि धीर तबै रन घोर मचायो ॥
चौविध सैन सौं चौविध सैन लर्‌यो क्रम सों रन मांहि रिसायो।
तहि समै तुअ सेन सँहारत कोप भर्‌यो रन पारथ आयो ॥८॥

धृतराष्ट्र उवाच

हरिगीतिका--कहहु सूत पुरहूत तनय जब बडो कोपकरि धायो।
कौन विचार ताहि छिन लाइक दुरयोधन मन आयो ॥
करे कौन तासौ पुनि रन मैं कौन द्रौन रषवारे।
धूमकेतु जस ज्यौं रन सोहै जिन पंचाल संघारे ॥९॥

सो द्विज राज सकल रन को विद भयो मीच बस कैसे।
सूत सकल बरतांत सुनावहु भयो युद्ध उहि जैसे ॥
कही निपट तुम हार हमारी उन की जीत वषानी।
होन हार कछु मिटे न मैटी करत व्यर्थ श्रम प्रानी ॥१०

सञ्जय उवाच

भूप द्रोन मत जानि सुयोधन अनुजनि कौ इमि भाषी।
लर्‌यो चहत रन द्रोन आज तुम करो सकल मिलि राषी

दच्छ अक्ष राषौ कृत वरमा सल्य तनय सौ बामैं।
और सकल ठाढो रहु पीछे राषत रन अँगना मैं ॥११॥

द्रोन सकल देवन को जीतै पांडव कौन नकारे।
ढीठ दुमन उन मैं रन लाइक और द्रोन सौ हारे॥

ताते ढीठ दुमन ते राषहु तुम सब मिलि द्विजवर को।
राष्यो द्रोन हनैगो सोमक सहित पँचाल निकर को ॥१२॥

मारे द्विज सुत ढीठ दुमन को सूत पूत अरजन कौ।
मैं पुनि निहचै हनौं वृकोदर आदिक पांडु सुतन कौ।

जीत होत इहि भांत हमारी एक द्रोन को राषौ।
ताते जुरि सब राषहु द्विज कौ कर कर जतनन लाषौ ॥१३

यौं सुनि बैन भूप तुअ सुत के सूर सकल उहिंधाए।
लग्यो होन दारुन रन ता छिन देषत सब बिसमाए॥

ऐसो रन धरनी तल मांहीं मैं कहुँ सुन्यो न देष्यो।
द्वै दल लरत रैन साधारन कोउ न परत विसेष्यो ॥१४॥

सञ्जय उवाच

उत पुनि भूप धरम सुत ता छिन निज सूरन को भाषी।
जाहु तुरत तुम रन महि सिगरे द्रोन हनन अभिलाषी॥

यौं सुनि भूप धरम की सासन तुरत सूर सब धाए।
भरे वेग द्विज ऊपर आवत तुअ सूरनि अटकाए ॥१५॥

धर्म नरेस हृदिक सुत हूं ने आवत रन अटकायो।
भूरि नाम कौरव वर हूं ने सातकि सित सर धायो॥
सूत पूत सह देव हठीले लरे सुजोधन भीमा।
लरयो नकुल सौ स्याल तिहारो सकुनि सकल रन धीमा ॥१६

लग्यो लरन प्रति बिंध्य दुसासन गोतम तनय सिषंडी।
भीम तनय राकस असुथामा रन महि शत्रु बिहंडी॥

दार गयो वृषसेन द्रुपद पर सल्य विराट नृपति कौ।
चित्रसेन तुअ सुत उठि धायो सतानीक महामति कौ ॥१७

अर्‌यो अलंबुष अरजुन जू सँग ढीठदुमन दुजवर सौं।
लरे अबर तुअ सूर सुधर पुनि उनके सूर निकर सौं ॥

दुरद तुरग असवार परस्पर पाइक पाइक साथै।
लरे विविध हथियार अपारहि डारत ऊपर माथै ॥१८॥

करि करि संगर घोर धर्मसुत कृत बरमनि सौ हार्‌यो।
भूरि लरत कर कोप समर महि सिनिसुत हूँ नैं मार्‌यो ॥
ताहि परत लषि द्विजवर नंदन सातकि ऊपर धायो।
ता को आवत देषि घटोत्कच तिष्ठ तिष्ठ कहि धायो ॥१९

भीम पूत पुनि ब्राह्मन के सँग लर्‌यो बिबिध करि माया।
अचरज जुद्ध लष्यौ निसचर कौ रन महि लरत सुआया ॥
तजत बान द्विज सुत भुअ ठाढो वै राकस नभचारी।
भिरत दुहुन के बानन तें जनु जुगनु परत चिनगारी ॥२०॥

भीम पूत दस सर पुनि छोरे लगे द्रोन सुत उर मैं।
द्विज सुत मूरछ के बस आयो पर्‌यो तुरत रथ वर मैं ॥
हत असुथाम सबनि तब मानौ पांडव हरि रव कीनो।
उठ्यो तुरत तजि मूरछ द्विज सुत धनुष सज्ज पुनि लीनो ॥२१

इक सर घोर द्रोन सुत छोर्‌यो कोप किए निसचर कौ।
ताहि लगत राषस बस मूरछ गयो मानु यम घर कौ ॥
ताहि देषि मूरछ गत सारथि लै रथ रन तैं भाग्यौ।
सिंह नाद ब्राह्मन सुत कीनो हरष कुरुन को जाग्यौ ॥२२॥

जात द्रोन पर पौन तनय सौं लर्‌यो सुयोधन आपु ही।
भीम सेन तुमरे सुत हूँ के काटि दियो धुज चाप ही ॥
लै धनु आन कुपित दुरयोधन भीम धनुष बहु तोरे।
लाघव सों बिन साइक सांधे जौ उनि कर महिं जोरे ॥२३

[वीरविलासः

तब करि कोप वृकोदर बरछी मीच बहनि जनु छोरी।
आवत आगसिषा जनु तुअ सुत तुरत गगन महि तोरी॥
लै पुनि भीम गदा इक भारी तुअ सुत ऊपर डारी।
तुरग समेत भयो रथ चूरन भग्यो भूप पद चारी॥२४॥

हन्यो जानि दुरजोधन ता छिन भीम सिंह जनु गाज्यौ।
हन्यो भूप तुअ योधन मान्यो भागन को सज साज्यौ॥
पुनि सहदेव कुपित अति आवत हठि कर करन निवार्‌यो।
भयो भूप रन घोर परस्पर मैं उहि ठौर निहार्‌यो॥२५॥

तजि सर भल्ल पांच अति तीषन रिसकरि करन अदीनो।
हने तुरग अरु सारथि मार्‌यो बिरथ पाँडु सुत कीनो॥
नृप सहदेव बिरथ ह्वै ता छिन षड्ग चर्म कर धार्‌यो।
सो पुनि करन सरन तज तीषन काटि धरनि तल डार्‌यो॥२६

गदा शक्ति रथ चक्र पृथा सुत बहुरि करन पर छोरे।
सो सब परत सूत सुतहूँ ने तजि तीषन सर तोरे॥
तब सहदेव मृतक हय वारण ता पर छोरन लाग्यो।
आयुध हीन करन सर पीडित तुरत समर तजि भाग्यो॥२७

दौरि करन ताके पुनि पीछे नृप यह बात उचारी।
लरहु बाल बालन सों नीके नहिं इत शक्त तिहारी॥
धनुष अग्र सौ परसि कह्यो पुनि अरजन ढिग रहु ठाढो।
कै घर जाइ पाइ सुष करिये प्रेम तरुनि सौं गाढो॥२८॥

यौं कहि करन ताहि छिन आगे संगर हेत सिधार्‌यो।
कुन्ती बचन सुमिरि निज बस गत नृप सहदेव न मार्‌यो॥
ह्वै भयभीत करन सर पीडित तजि रन बिमन सिधायो।
उत पुनि शल्य बिराट दुहन मिलि घोरहिं समर मचायो॥२९

हनि हरि शल्य बिराट नृपति के केतु छत्र कटि डारे।
उछलि विराट भयो उहि ठाढो करत धनुष टंकारे॥

लषि रथ हीन विराट सहोदर सता नीक उठि धायो।
आवत ही तजि मद्रक साइक वै जय नगर पठायो ॥३०॥

ता रथ माहिं विराट चढ्यौ पुनि किए कोप दृग लाला।
तुरत शल्य रथ छादन कीनो तजि तजि साइक जाला॥

तब करि कोप विराट नृपत को सल्य बान सत लायो।
ताहि लगे मूरछ गत नृप को लै सारथि भगि आयो ॥३१॥

नृप नृप सल्य शरनि की मारी भगी सैन सब उन की।
लहत न चैन रैन हारी धरत सरन अरजुन की॥

ता लषि कुपित कृष्ण अरु पारथ मद्र राइ पर धाए।
आइ रैन चर राइ अलंबुष बीच आन अटकाए ॥३२॥

अष्ट चक्र ताके रथ सोहै अति विकराल बदन हय।
रिच्छ चर्म परि तरन विराजै साज सकल आपस मय॥

गिद्ध पताक लसत अति ऊँची करत जु सबद डराना।
निसचर लसत ताहि रथ ठाढो अंजन सैल समाना ॥३३॥

तजि बान निकर उन ता छिन आवत विजय निवारयो।
अद्भुत जुद्ध निसाचर नर को तब सब लोक निहारयो॥

अरजुन पुनि षट बान निमत तजि विध्यो निसाचर भीषन।
हन्यो सूत धुज भूतल डारयो बान त्रिदस तजि तीषन ॥३४॥

कट्यौ एक सौ चाप चतुर हरि चहुनि सरन सों मारे।
तजे कोप करि और अरज्ज चाप बान अनियारे॥
निसचर भूप ताहि के लागे तजि रन दूर सिधारयो।
ताहि जीत अरजुन पुनि तुमरो चौविध सैन सँहार्‌यो ॥३५॥

सञ्जय उवाच

चित्र सेन तुअ पूत नकुल सुत शतानीक पर धायो।
तजि तजि दुहनि परस्पर साइक नृप रन घोर मचायो॥

करि पुनि कोप नकुल सुत हूँ ने कर्यो बिरथ तुअ नंदन।
उछलि बेगि सों निज रथ हूँ ते चढ्यो हृदिक सुत स्पंदन ॥३६

जज्ञ सेन वृष सेन करन सुत अरे आइ पुनि रन मैं।
तजे दुहुनि साइक गन तीषे लगे दुहुनि के तन मैं॥

देषि परत किं सक जनु फूले दोऊ रुधिर सों भीने।
पुनि वृष सेन द्रुपद नृप हूँ के अंग सकल सर छीने ॥३७॥

तब करि कोप द्रुपद सुत हू ने करन पूत धनु तोर्‌यो।
उन पुनि लै दृढ आन धनुष इक बान द्रुपद को छोर्‌यो॥

ताहि लगे मूरछ बस आयो द्रुपद राज अकुलानो.
सूत करम अति निपुन सुसारथि लै कर ताहि पलानो ॥३८॥

लषि रन भागत द्रुपद नृपति कौ करन पूत भय भीने।
सोमक सहित पँचालनि दस दिस भगे निसित सर छीने॥

लष्यो एक वृष सेन सबनि महि तबै तेज भर पूरा।
तजत बान चहुँ ओर सुतीषन मध्य दिवस जनु सूरा ॥३९॥

पुनि प्रतिविंध्य युधिष्ठिर नंदन लग्यो दुसासन के संग।
अचरज युद्ध दुहनि को देष्यो बिधे दोऊ सर अँग अंग॥
तीन बान प्रतिविंध्य अलक महि गडे दुसासन तीषे।
तीन सृंग जनु पर्वत ऊपर भूप लसत जनु दीषे ॥४०॥

तब प्रतिविंध्य बान सित षोडश दुःसासन को छोरे।
तुअ सुत कोप बडो करि ताके सूत केतु रथ फोरे॥
लै धनु हाथ बिरथ नृप नंदन भयो भूप भुअ ठाढो।
छोरत बान निकर अति तीषन परी भीत चित गाढो ॥४१॥

कट्यो धनुष पुनि तुअ सुत ताको दस सर और लगाए।
भ्रात बिरथ पीडित लषि ता ढिग पांडव सुत सब धाए॥
वै स्रुत सोम यान चढि बैठ्यो लै धनु छोरत साइक।
भयो जुद्ध पुनि प्रबल दुहूँ दल भीरुन को भय दायक ॥४२॥

कुपित नकुल आवत लषि दौरचो भूपति स्याल तिहारो।
तिष्ठ तिष्ठ मुह बैन उचारत रच्यो दुहन रन भारो ॥
करि करि कोप अरुन दृग दोनों आपस मांहि निहारैं।
लोकन को निज लाघव दर सत बरसत साइक धारैं ॥४३॥

हसि तुअ स्यास नकुल के उर मैं कर्ण बान इक लायो।
ताहि लगत माडी सुत रथ महि मूरछ के बस आयो ॥
तजि ततकाल मोह उठि दौरचो नकुल कुपित जनु कालहि।
धुज धनु काटि बान तज तीषन सौबल कियो बिहालहि ॥४४॥

ताहि देषि मूरछ बस सारथि लै रथ तुरत पलायो।
करत सिंह रव माद्रि वती सुत द्रोण सनम्मुष आयो ॥
कुपित द्रुपद को पूत सिषंडी आवत कृप हि निवारचो।
भयो भूप रन घोर दुहनि कौ तब सब लोक निहार्‌यो ॥४५॥

सज्य स सर धनु गौतम हूँ को कट्यो द्रुपद सुत द्रुत ही।
उनि अति निसित सक्ति इक छोरी सो पुनि कटी परत ही ॥
लै धनु आन विप्र करि कोपहि बान जाल सित छोरचो।
ताहि लगै नृप नंदन रथ तें ह्वै उदास मुंह मोरचो ॥४६॥

देषि बिमुष ताको पुनि सोमक राषन हेत सिधाए।
उत तुअ पूत सैन लै द्विजवर राषन को ढिग आए ॥
निरमर जाद घोर रन लाग्यो दुहुँ दल आपस मांहि।
चौविध सेन परस्पर दौरत देषि परत उहि ठांहि ॥४७॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां रात्रियुद्धवर्णनंनाम द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

त्रेपनवां अध्याय

सञ्जय उवाच

हरिगीतिका – यौं विध भूप होत रन ता छिन ढीठदुमन दुजवर पर।
जुद्ध हेत करि कोप सिधायो लैकर ससर धनुषवर॥
सित सर पांच द्रोन हिय अरपै घोर सिंह रव कीनो।
उनि पुनि तजि सर निसत पचीसहि ढीठ दुमन तन छीनो॥१

तजि इक भल्ल धनुष कटि लीनो दुजवर ढीठ दुमन को।
दृढ धनु आन लियो नृप नंदन अरु सर समन अरिन को॥
तज्यौ बान बहु द्रोन हनन कौ छुटत सूरजनु देष्यो।
बचो द्रोन सुर असुर उचारे तालषि तेज विसेष्यो॥२॥

तुरत करन वह बान परत ही टूक टूक कर डारचो।
करन सरन सों छिन्न धरनि महि परत सु हमैं निहारचो॥
करन द्रोण सुत द्रोन दुसासन सौबल सल्य सुयोधन।
इन मिलि ढीठ दुमन को साइक तजे भूप करि क्रोधन॥३॥

उन पुनि तीन तीन सरतीषन तुरत सबनि को लाए।
उन ही सबन पुनि ढीठदुमन पर बान जाल बरसाए॥
या महि इक द्रुमसेन महारथ ढीठदुमन पर धायो।
तिष्ठ तिष्ठ मुष बैन उचारत निसित बान झर लायो॥४॥

तब अनषाय नृपति सुतहू ने भल्ल बान इक छोरचो।
कुंडल युत द्रुम सेन सुभट को तुरत काय तें तोरचो॥

चावत अधर सीस वह भूतल पर्यो ताल फल जैसे।
द्रोन आद सब नृप सुत हूँ ते किये बिद्ध पुनि तैसे ॥५॥

धनुष करन करते कटि दीनो छोरि भल्ल सर तीषे।
ताते नृप अति कुपित करन के अतिहिं अरुन दृग दीषे॥
करि अमर्ष पुनि वेग धनुष दृढ आन करन कर लीनो।
बान जाल तजि तजि अति तीषन नृपसुत छादित कीनो ॥६॥

देषि करन को हठ षट वीरहि मिलि भूपति सुत घेर्यो।
ताहि समै नृप मीच बदन गत ढीठ दुमन जनु हेर्यो॥
बरसत बान जाल ततकाल हि सातकि पहुँच्यो जाई।
तजि सर बिमुष बीर षट कीने नृप सुत लियो छुराई ॥७॥

तब करि कोप करन दस सायक सातकि के उर लाए।
त्यौं सिनि पूत करन को तीषन बान जाल बरसाए॥
लगे लरन युयुधान करन पुनि सब जन देषन लागे।
चाहत जीत दोऊ रन आपनी कुरु पांडव अनुरागे ॥८॥

मत्स दंत नालीक शिलीमुष कर्ण विपाठ सुतीषे।
भूप करन युयुधान समागम अगनित छूटत दीषे॥
लग्यो होन रन घोर सुदारन दुहनि वीर उहि ठांही।
अस्त्र शस्त्र परबीन सु दोऊ कोऊ हारत नांहीं ॥९॥

करि सब सूर करन को आगे लगे लरन जदुवर सौं।
उनि सर घोर सबनि के काटे तजि अपने लघु करसौं॥
पुनि युयुधान बान इक लायो करन पूत डर मांही।
ताहि लगत मूछ बस आयो रही सुरत कछु नांही ॥१०॥

हन्यो जानि रविसुत निजसुत को लग्यो निसत सर छोरन।
छिप्रहस्त भूपति सिन सुत को सोक रोस भरपूरन॥
उठि वृषसैन तुरत तजि मूरछ लिये धनुष सर डाढे।
बाप पूत दोनों सर बरसत भए समर पुनि ठाढे ॥११॥

ता छिन भूप होत रन दारुन गांडिव धुन सुन पाई।
घोर सोर पुनि अरजुन रथ को सुन्यो भीर भयदाई॥
ता सुनि करन सुयोधन हूँ को कह्यो बचन हितकारी।
सुनो भूप गांडिव धनु गहरी रथ धुन परम डरारी॥१२॥

सिंहनाद सुनियत अरजन के बजी भेरि अत निठुरी।
ठौर ठौर नृप सेन तिहारी देषि परत पुनि बिथुरी॥
भागत सूर दूर रन हूते विजय सरनि के मारे॥
आरत नाद दुषत उनहूं के सुनहुँ कान दे भारे॥१३॥

यह युयुधान अरचो पुनि हम सों ढीठदुमन द्विजवर सौं।
या तजि गौन बनतनहि हमरो युद्ध हेत अब नर सौं॥
ताते भूप काम यह करिये अबके अवसर लाइक।
र्त्वा मिलि सकल दुहुनि को मारहु अभिमन लौ कुरुलाइक॥

उतहि प्रबल दल बेग पटावहु भलीभांत समुझाई।
ज्यौं इत सिक्ष स्याल को राषन अरजुन सकै न आई॥
हनो तुरत इन कौ जुरि ताते सूर समर अभिमानी।
परी भीर सातकि पर जो लौं भूपन अर्जुन जानी॥१५॥

यौं सुनि करन बचन दुरयोधन समझ मंत्र यह नीकौ।
कह्यो बचन सनमान बडो करि यौ भूपति शकुनी कौ॥
लैकर साथ अयुत मतवारे कुंजर अयुत महारथ।
युद्ध हेत अरजुन पर जावहु कर मातुल परमारथ॥१६॥

दुःप्रधर्ष दुरविषहु द्रसासन साथ तिहारे जै हैं।
तुम सौ लरत पांडुसुत जानो तुरत पराजय पै हैं॥
भूप सुबल सुत तुअ सुत नोदित गयो सैन लै भारी।
हठ करि पांडु पूतबध चाहत दुरयोधन हितकारी॥१७॥

इत पुनि युद्ध दुहनि दल दारुन आपस मांहि मचायो।
सूर सबनि मिलि सातकि ऊपर तीष बान झर लायो॥

ढीठ दुमन पर द्विजवर दौरयो कोप अरुन करि लोचन।
षैंच षैंच धनु छोरन लाग्यो बान वैरि असुमोचन ॥१८॥

कटि कटि बान सबनि के यादव लाघव सौं धरि धीरज।
निज सरजाल सबनिको छोरे भरयो अमित बल बीरज ॥
कटे सीस अबनीस दुहनि के बाहु बहुत युत भूषन।
परे छिन्न सर भूतल ऊपर कनक छत्र जनु पूषन ॥१९॥

छयो गनन जनु तारक गन सौं रन भुअ तबै निहारी।
करत सोर सर पीडित घाइल लागत रैन डरारी ॥
लषि युयुधान बान हत निजबल ताछिन भूप सुयोधन।
बडो बेग करि आप ही दौरयो सातकि पर अति क्रोधन ॥२०

दृढ धनु सीघ्र हस्त जित षेदहि चित्र जुद्ध परवीना।
तजे बान द्वादस सिनि सुत तुअ सुत कौ समर अदीना।
करि अमर्ष तुअ सुत यदुवर कौ तीषन दस सर लाए।
उन पुनि दुरजोधन के डरमहि बान असीति गडाए ॥२१॥

तजि युयुधान बान पुनि ताके सूत तुरग हनि डारे।
कटे धनुष अँग अंगन ताके गडे बान अनियारे ॥
रथ धनु हीन कुरुन को साईं चढयो भोज रथ मांही।
ताहि मुरत लषि सातकि कुरुबल हन्यो बहुत उहि ठाँही ॥२२

जाइ तुरत उन सों बल युत लरयो भूप अर्जुन सौं।
लिये घेरि चहुँ ओर हि करि करि सोरनि यानि गजनि सौं ॥
दिव्य सस्त्र सब सूरहि छोरे अरजन पर इक वारहि।
उनि पुनिबान सबनि के आवत किये छिनक मैं छारहि ॥२३

तब हसि बान अमित अरजुन को भूप स्याल तुअ छोरे।
सावधान अर्जुन वह साइक परत गगन महि तोरे ॥
पांच बान तजि अरजन हूँ ने कियो बिद्ध तुअ स्याला।
भूप और सेनक पुनि ताके छिन महि किए बिहाला ॥२४॥

भूप उलूक अरज्जन हूं ने तीन सरन सों घायो।
तिन पुनि लेकर सर इक तीषन बासुदेव कौ लायो॥
तब कपिकेत तुरत सकुनी कौ कट्यौ धनुष हरि मारे।
साज सहित रथ चूरन कीनो सूत केतु भुअ डारे॥२५॥

चढ्यो जाइ तजि निज रथ सौबल तब उलूक रथ मांही।
पिता पूत मिलि अरजन सौं पुनि लगे लरन उहि ठांही॥
निसत सरन सौं अरजन हूँ ने किए बिमुष रन दोऊ।
और सूर सब पीडत कीनो रह्यो न सावत कोऊ॥२६॥

छोरि छोरि गज तुरँग रथनि कौ यौध सकल भय भीने।
भगे दसनि दिस मगन सम्हारत अरजन सायक छीने॥
यौं विध नृप ता छिन बिन षेदहि जीति सकल तुअ सैना।
सिंहनाद करि संष बजायो पारथ पंकज नैना॥२७॥

उनि पुनि ढीठदुमन द्विजवर को गडे तीन सर तीषन।
काट्यो धनुष उनि कोप बडो करि लियो और धनु भीषन॥
तजे सात सर ढीठ दुमन कौ पाँच सूत को लाए।
ढीठदुमन पुनि ब्राह्मन वर को बान जाल बरसाए॥२८॥

ताहि बिमुष करि नृपसुत हूँ ने भूपति सैन तिहारी।
हनी बहुत तब सोनित सरिता भई भीरु भयकारी॥
जीति समर तुअ सैन करन कौ पांडव अति हरषाने।
सिंहनाद करि संष वजावै सुनत शत्रु दुषदाने॥२९॥

सञ्जय उवाच

दो०— देखि भगत निज सैन को, कुपित सुयोधन राइ।
कहन लग्यो नृप बैन यह, द्रोन करन ढिग जाइ॥३०॥
कपट युद्ध तुम करत हो, छोरि छोरि सर पैन।
जो अब देषत हो षरे, मरत भजत मम सैन॥३१॥

स०-पहिले हम जानत जो यह द्रोह तो बैर कहा उन सौ करतो।
अँहकार बडो है सुयोधन को यह बैर घनो सिर क्यौं धरतो ॥
पुनि देस बदेस नरेसन को गन क्यौं बिन काज इते मरतो।
उनको कछु दै भुअ भाग सु मेलिकै काज बडो हमरो सरतो ॥३२॥

अब तो कछु और विचार रह्यो नहि जो कछु देव करे सु करे।
करि प्रीत लरो तु लरो नहि जाइ जुरो उन सों चित्त चैन धरे ॥
इहि भांति सुयोधन बैन छरी सों हनै जनु सांप उसास भरे।
नृप द्रोन करन्न पृथा सुत सैन सों आइ अरे हिय कोप धरे ॥३३॥

चौ०—भूप कर्न द्विजराज रिसाए, छोरत बान बेग उठि धाए।
करन द्रोन दुरयोधन राई, सातकि लियो सरन सों छाई ॥३४॥
तजि पुनि द्रोन निसत सरजाला, हने घने सोमक पंचाला।
तजि बाहन दस दिस भागे, इक निज प्राननि सौं अनुरागे ॥३५

क०— बान अनियारे कर लाघव सों छोरत ही,
ताहि समै भूमदेव पाई पाई छवी भानु की।
सोमक पँचाल सबै अति ही बिहाल भए,
बिजुरी ज्यौं देषि बल संपत जुवान की ॥
रज अरु अंधकार छाइ रहै भूतल मैं,
सबै सुध भूल गई भागत दिसान की।
बाप पूत बांधव वयस्यनि संबंधिन को,
छोरि छोरि भागी भूप सेना पाँडवान की ॥३६॥

पांडव सकल ठाढे देषत रहे हैं पास,
त्रास भरी सेना भगी दस ही दिसान कौ।
दौरि दौरि पीछे सर छोरत दरोन तीषे,
पाइक भगे हैं डारि डारि उलकान कौ ॥
देषि उहि भांत भूप भगत स्वदल हूँ कौ,
माधव कही ए बात पारथ सुजान कौ।

द्विजवर करन बान पीडत न होत षरे,
सैनिक हमारे सब राषत परान कौ ॥३७॥

सो०— द्रोन करन बलवान, बान जाल बरसत षरे।
ढीठदुमन युयुधान, इन को जीति सके नहीं ॥३८॥

करहु न मात उलेर, ताते इन सौं लरन की।
हने सकल इहि वेर, तुअ दल जो न निवारिए ॥३९॥

छप्पै— कहत कृष्ण कपिकेत भूप यौं विध उहि ठांही।
मोरि सकल निज सैन भीम आयो रन मांही ॥
ता लषि पुनि यदुनाथ कहन अरजन सों लाग्यो।
देष मीत दल साथ भीम आवत रिस पाग्यो ॥
तन रुधिर पुंज सिंचत सकल दै धीरज मोरत सबनि।
द्विजराज सेन सनमुष भयो करत घोर केहर रवनि ॥४०॥

यौं कहि हरि कपिकेत द्रोन दल ऊपर धाए।
ता लषि पांडव लोक सकल भागत मुरि आए ॥
लग्यो दुहनि दल घोर समर बहुरचो कुरुराई।
तजि दीपक तुअ सेन पांडु दल ऊपर धाई ॥
भुअ तिमर धूर छाइ अतिहि देषि परत कछु ना तबै।
निज नाम गोत कहि कहि लगे निसत बान छोरन सबै ॥४१

हरिगीतिका—देषि करन पुनि ढीठदुमन को दस सर मरम लगाए।
उनि सर पांच करन को तीषन तिष्ठ तिष्ठ कहि लाए ॥
आपस मांहि निसत सर बरषत छए भूप पुनि दोऊ।
हठ करि लरत न डरत समर महि टरत न तामहि कोऊ ॥

कर अति कोप बान पुनि तीषन ढीठदुमन को छोरे।
कटे कैतु धुज सारथि मारचो हने चपल गत घोरे ॥
भागि द्रुपद सुत पाइक ता छिन धरम सूनु ढिग आयो।
चढि सहदेव यान महि बहुरचो चहत करन पर धायो ॥४३॥

दो०— वरज्यौ धरम नृपतिहु ने, बहुरि करन पर जात।
ढीठदुमन ठाढो भयो, देषत रन की घात ॥४४॥

करयो करन केहरि निनद, शंष धनुष धुन कीन।
सुन पंचाल सोमक भए, भूपति कोप अधीन ॥४५॥

स०-सूत के पूतहुँ को बध चाहत लै हथयार सबै उठ धाए।
सोमक साथ पँचाल मुरे न मरे बिन यो रन मांहि रिसाए ॥
ता छिन सूत करन्न के यान मैं स्वेत तुरंगम आनि लगाए।
लाघव सों तजि साइक सोमक मारुत ज्यौं घन करन उडाए ॥४६॥

भूप करन्न सरन्न सों पीडित सोमक सेन भगी चहुँ औरे।
एक कटे निज गात न जानत घूमत ताहि के सनमुष दौरे।
एक डरे निज योधनि सों अति त्रास भरे रवि सूनु के भौरे।
सोमक द्रोन करन्न ते भागत होइ सके न षरे कहुँ ठौरे ॥४७॥

चौ०-यौं भागत लषि अपनी सैना, पांडव नृप को रह्यो न चैना।
तजिरन भागत भलौ विचारयौ, अरजुन कौ यह बैन उचारयो ॥
पारथ देषि करन चित गाढो, मो बल हनत काल जनु ठाढो।
तुअ देषत यह सेन मरत है, ज्यौं अनाथ अति सोर करत है ॥४९॥

क०— लाघव सों लेत सर जौरत धनुष हूँ सों,
छोरत करन नीके डीठ न परत है।
आज न बचत कोऊ पारथ हमारे यातें,
अंतक ज्यौं ठाढो मम सैननि हरत है॥
ताते इहि बेर मत कीजे जू उलेर,
ज्यौं ज्यौं होत है अबेर त्यौं त्यौं भार ही परत है।
सांची जिय जान सव्यसाची सूत नंदन के,
मारे ते हमारे सब कारज सरत है ॥५०॥

ऐसे सुनि भूपति के बैन कपिकेत तबै,
भूपति कही ए बात माधव सौ रन मैं।

भूपति डरचो है यदुनायक करन हूं ते,
रन ते उदास बास चाहत अरन मैं ॥
द्विजवर करन बान पीडित बरूथनी ए,
भागत न ठौर कहूं पावत धरन मैं।
पेलहु हमारो रथ सूत सुत ऊपर ही,
रह्यौ ना विचार अब याही सौ लरन मैं ॥५१॥

सो०— सहि न सकौं यदुराय, रन महि करन चरित्र यह।
ज्यौं पन्नग दुषदाइ, चरन परस अति विष भरचो ॥५२॥

सुनि अरजन के बैन, ज्यौं भूपति अमरष भरे।
हित करि पंकज नैन, लग्यो कहन पुनि ताहि सौ ॥५३॥

छप्पै— लष्यो करन दृग अरुन समर जनु संगर ठाढो।
अति मानुष रन करम करत चित धीरज गाढो ॥
या कौ जीतन हार और हमरे नहिं कोऊ।
पारथ तुम अरु भीम पूत समरथ है दोऊ ॥
नहिं मीत करन सौ लरन कौ प्रापत काल तुमरो यहै।
तुअ हनन काल राषी सकति इंद्रदत्त या ढिग रहै ॥५४॥

तुरत घटोत्कचवीर सूत सुत ऊपर जावौ।
भीमसेन सुत समर अधिक विक्रम पर भावौ ॥
जानत निसिचर असुर अस्त्र विन योग विधानो।
सूत तनय सो हार मीत जा की मत मानो ॥
कहि पारथ सौ ऐसे बचन तुरत बुलायो भीम सुत।
ढिग जाइ तबहि श्रीकृष्ण के भौ ठाढो सर धनुष युत ॥५५॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां रात्रियुद्धे त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

चौवनवाँ अध्याय

संजय उवाच

हरिगीतिका—करि परनाम कृष्ण के आगे राषस बैन उचार्‌यो।
मैं तुअ दास हजूरहि ठाढो कहु किहि हेत सम्हार्‌यो॥
देषि नवल घनस्याम दिपत मुष कुंडल भीमतनय को।
हसि जदुनाथ कहन नृप लाग्यौ चाहत पांडव जय को॥१॥

सुनहु पुत्र इक बात हमारी धरि परतीतहि मन मैं।
यही पराक्रम काल तिहारो को बिद हो निस रन मैं॥
लरन हार इकु तुही करन सौ आज सूर नहिं आना।
रन दधि बूडत बंधु निकर ही होहु नाव सुषदाना॥२॥

दो०— देष करन्न सरन्न सों, पीडित पांडव योध।
केहर त्रस्त कुरंग जनु, होइ सके न समोध॥३॥
या को जीतन हार पुनि, तो बिन और न कोई।
दुहुकुल लाइक काम कर, ताते बहु जस होइ॥४॥

स०—याहि ते बाप सपूतन को नित चाहत है जु दुरग्ग ते तारे।
सो तुम तारहु बंधुन को अब बूडत हैं रन सागर भारे॥
रच्छन को बल बाढत हो निस जानत हौं छल भूरि तिहारे।
तातें हनी तुम एक करन्न को जानहु और सबै पुनि मारे॥५॥

सञ्जय उवाच

केशव कौ सुनि यौ पुनि बैंन अरज्जन राषस सौं इमि भाषी।
तू युयुधान वृकोदर तीनहि मो सम हो हितु के अभिलाषी ॥
तातैं लरौ तुम पूत करन्न सों तू ही भयो सबहूनि को पाषी।
मारहु बैरि को जादव लाइक त्यौं कर है तुअ पीठ की राषी ॥६॥

घटोत्कच उवाच

चौ०–हौं समरत्थ करन सौं रन मैं, चाहत हौं द्विज सों रन मन मैं।
और सूर जो हैं धनु धारी, ता संग रन की रीझ हमारी ॥७॥
ता रन को अब मो मन चहै, जा को लोक धरन महि कहै।
मैं राषस सब सूरनि हनौ, अधर्म धर्म कछू नहि गनौ ॥८॥

संजय उवाच

क०— भूप कही ऐसे भीम नन्दन समर हू कौ,
कोप करि सूत पूत ऊपर सिधायो है।
त्रास उपजावत तिहारे सब सूरनि कौ,
ताहि समै रूप अति दारुन दिषायो है ॥
ताहि लषि आवत भुजंगम लौं कोप किए,
हसि करि करन आगे लेन हूँ को आयो है।
सूर पुनि दोऊ प्रहलाद पाक सासन ज्यौं,
हारत न कोऊ रन दारुन मचायो है ॥९॥

भीम भीमनंदन को देषि तुअ पूत हूँ ने,
ता छिन दुसासन कों सासन यों करी है।
देषहु दुसासन वै कौनप कुपित आयो,
या की सूत पूत हू सौं लराई आन परी है ॥
ताते तुम जाहु लिये सेन अति डाढी साथ,
राषो सूत पूत हूँ को भारी यह घरी है।

राकस प्रमादी ज्यौं न मारे मम मीत हूं को,
जीतन की आस हमै वाही मांहि धरी है ।।१०।।

सो०— कहत सुयोधन राइ दुःसासन सो बचन ए।
तुरत अलंबुष आइ, ता छिन यौं बिनतीं करी ।।११।।

सुनहु भूप चित लाइ, यही चाह मन मैं धरो।
तुमरी सासन पाइ, हनों तिहारे अरिन को ।।१२।।

छप्पै— ख्यात जटासुर नाम जगत महि बाप हमारो।
सो पुनि पाँडव हू ने हन्यो करि कै अबिचारौ ।।
ता सों अनरिन भयो आज आषन कों चाहौं।
मो कहुँ करहु निदेस अरिन सौं बैर निबाहौं ।।
सुन भूप अलंबुष बचन यह ह्वै प्रसन्न तुअ सुत कहो।
पहिले हिंडिब सुत को हनहु बडो काम तुमरो यही ।।१३।।

तुरत अलंबुष भूप पाइ तुअ सुत को सासन।
चल्यो समर महि धाइ रूप धरि अरिजन त्रासन ।।
जाइ निसाचर भीम तनय रन माहि हकार्यो।
बान बरस बहुभांत छिनक महि ता पर डार्यो ।।
तब करन सकल कुरु सेन अरु रैनचर अलंबुष हने।
सर छोरि छोरि भैमीहु ने जनु समीर बादर घने ।।१४।।

हरिगीतिका—अगनित बान करन पुनि छोरत कुपित रजनीचर दोऊ।
भए भूप दोनों दल पीडित ठहरि सके नहि कोऊ ।।
तब करि कोप अलंबुष दस सर भीम तनय को छोरे।
उनि पुनि सूत धनुष सर सारथि ताके तजि सर तौरै ।।१५।।

करि करि के हरिनाद सकल कुरु करनादिक सर घाए।
भागत वेग परत भुअ गिरि गिरि कौरव रन अकुलाए ।।
तब करि कोप जटासुर नंदन हत सारथि रथ हीनो।
पर्यो दौरि घटोत्कच हूं को मूठ प्रहारहि कीनो ।।१६।।

दो०— ताडित मूठ प्रहार सौ, कांप्यो कछु कछु चेत।
भीम तनय भुअ कंपते, गिरि जनु बिठप समेत ॥१७॥

हन्यो हिंडिबा सुतहु ने, वै पुनि मूठ चलाइ।
भुजनि भुजनि सों गहि परे, दौऊ धरनि पुनि आइ ॥१८॥

स०—दोऊ परे धरनीतल मैं नृप आपस मै तन पीसन लागे।
गाजत कानन केहरि ज्यौं धृत दीरघ देह महारिस पागे ॥
ताहि दुहून के जुद्ध मैं लाघव लोक सवै जुरि देषन लागे।
द्वै पुनि द्वंद्व लगे लरने दोऊ पारथ कौरव सों अनुरागे ॥१९॥

द्वै पुरहूत बली घन पावक पन्नग भूप षगेस भए हैं।
द्वै वर वारन वारण वैरि दिवाकर राहु सो रोस छए हैं॥
द्वै नभ वारिद वात प्रचंड, महासनि भूधर रूप ठए हैं।
यों छल ठानि दुहूनि घने हथियारनि सौं पुनि वार किए हैं ॥२०॥

चौ०-या महि भीम तनय बलवाना, जटासुरी वध मन माहि आना।
परचो तुरत जनु स्येन रिसाई, दियो अलंबुष भूप गिराई ॥२१

लै पुनि षग्ग भीम सुत पीनो, जटासुरी को सिर कटिलीनो।
सोणित सिक्त सीस गहिकर सौ, गयो सुयोधन के ढिगतु रसौ ॥२२

क०— द्विजवर करन आदि सूरन सों लंघि वहै,
सीस दुरयोधन के यान महि डारचो है।
घन जनु घोर सोर करि हसि कह्यो ऐसे,
भूप तुअ बंधु बडो देष यह मारचो है॥
नरपति दरस हाथ सून नहि कीजित है,
याते यह सीस तुअ आगे उपहारचो है॥
इहि बिध करन जू कौ सीस तुम देष हूंगे,
जिन तुअ साथ नेम नेह हू को पारचो है ॥२३

भूपकहि ऐसे भीम नंदन सुयोधन कौ,
सूत सुत ऊपर सिधायो कोप करिकै।

लाग्यो रन घोर चहुँ ओर अति सोर भयो,
कौन पकरत ठाढे डाढे चाप धरि कै ॥

देषन लगे है सूर वीर धरि धीर षरे,
भीरु जन भागि गए संगर ते डरि कै।

बान अनियारे अति छोरत अनेक भांति,
सिंह जनु गाजै बर बारन को हरि कै ॥२४॥

धृतराष्ट्र उवाच

सो०— कहु विस्तर सों सूत, घोर रूप अधरात मैं।
गंधवाह सुत पूत, करन साथ कैसे लर्‌यो ॥२५॥

ताके धुज धनु यान, आयुध कवच तुरंग अरु।
माया रूप विधान, ताहि समै कैसे भए ॥२६॥

सञ्जय उवाच

छप्पै— कहौं सकल बरतंत भूप सुनिए चितलाई।
ज्यौं निसचर रविसूनु रैन महि भई लराई ॥
लोहित दृग भुज दीह उदर सूषम मुह लालहि।
हरि श्मश्र हनु विपुल ऊर्ध कच कान विसालहि ॥
पुनि वडो बदन श्रुति लौं कटयो दीह रक्त रद छद रसन।
अति लंब भौह पृथुनाक अरु नील अंग तीषन दसन ॥२७॥

गिरि जनु तनु बलवान परस करकस सिर भारो।
दीह शिश्न लघु नाभि धरत सब अंग डरारो ॥
कनक कटक केयूर कंठ भूषन किरीट वर।
करनि तरनि जनु युगल रतन कुंडल सुबेस धर ॥
धृत कांस्य कवच बर माल धर भीम तनय सोहत तबहि।
कुरुराज समर आबति दिष्यो करत घोर केहर रवहि ॥२८॥

हरिगीतिका—आठ घंट युत रथ पुनि ताकौ चौसत कर परमाना।
गज सम काल वर्ण जब धारत ताहि वहत किंक्याना ॥

केतु छुवत जनु अंबर ऊँचो दारुन धीध विराजै।
बिकृत नैन मुष सारथि ताको भूप अरुन छबि छाजै ॥२९॥

घोर घोष जनु इंद्र असनिकौ दृढ गुन कनक जराहीं।
दीह चाप वर द्वादस अरतनि लियो किष्कु परिणाहीं ॥

चढि रथ भूप निशाचर ऐसे तुरत करन को धायो।
करत धनुष टंकार सुदारुन तुअ दल सकल डरायो ॥३०॥

दो०— भीषन बदन बिरूप दृग, ताको आवत देषि।
गयो दौरि सुत सूत कौ, रन महि कुपित बिसेषि ॥३१॥

राषस मनुज दुहुनि जुरि, रच्यो रैन रन घोर।
कानन मत्त मृगेसजनु, हरि वरि करि हरि सोर ॥३२॥

स०—लै धनु हाथ दुहून बडे दृढ आपस मैं सित साइक छोरे।
कांचन कास सिलीमुष बारन बान दुहूनि दुहूनि के तोरे।
ज्यौं मद मत्त मतंगज वैरि दोऊ रदपाणि जबै कर जोरे।
रैन चरन्न करन्न दोऊ रन मांहि अरे अति ही रिस बोरे ॥३३॥

बान कटे अँग अंग बिराजत सोणित सों इकुरंग निहारे।
धीर बडो सर पीडित जानत यद्यप बान लगे अनियारे ॥
ऐसे दोऊ अधिरात समै रन आन अरे भुव बीरज भारे।
दीप घने चहुँ और जराइ कै देषत हैं रन देषन हारे ॥३४॥

चौ०-लषि राषस बल बढत सवायो, करन अस्त्र इकु दिव्य चलायो।
ताहि देषि छूटत उहि घरी, कौणप अपनी माया करी ॥३५॥
प्रगट रैनचर सेन भई तब, देषि भूप तुअ लोक डरे सब।
मुदगर सूल सैल तरु धारत, तुरत कुरुन के ऊपर डारत ॥३६॥

क०— केहरी निनाद कै कै डारत पषान डाढे,
भीम सुत आद सबै कौनप रिसाए हैं।
आयुध अपार परे भूपति अकास हूँ ते,
भागे तुअ सूर अँग अंगनि पिराए हैं।

एक अभिमानी सूतनंदन न मानी हार,
लाइक हजारनि सौं कौनप उडाए हैं।
छिन मैं उडाए दई माया रैन चर हूँ की,
बान भानुनंदन के चहूं ओर छाए हैं ।।३७।।

सो०— माया अपनी देषि, छिपी करन के सरनि सौं।
अमरष करत बिसेषि, भीम सूनु सरगन तजे ।।३८।।
ताके सर पुनि जाइ, भेदि छिन्न उत करन कौ।
भूतल गए समाइ, छन छनात द्दग कान ज्यौं ।।३९।।

छप्पै— तबै करन करि कोप दौरि दस बान चलाए।
ताहि लगत कुरुराइ भीम सुत मर्म पिराए।।
सर पीडित अँग अंग अधिक करि कोप रजनीचर।
छोरचो और हजार दिव्य इक चक्र करन पर।।
लषि परत चक्र रबि सुतहुने छोरि निसित साइक हरचो।
धन हीन पुरुष अभिलाष ज्यौं होइ षाक भूतल परचो ।।४०।।
छोरि छोरि सरजाल बहुरि आपस महि छाए।
डीठ परत द्वै भानु भूप जनु घन महि आए।।
तब हि पौन सुत पूत गदा गहि ता पर डारी।
देषि परत तजि बान करन अंबर महि जारि।।
तब गयो गगन पांडव तनय सोर घोर घन लौं करत।
उहि काल सकल तुअ सैन पर बिटप वरष देष्यो परत ।।४१।।

हरिगीतिका—तब करि कोप करन सर तीषन पांडव सुत को छोरे।
करि सत षंड यान भुअ डारचो हने दुरद सम घोरे।।
जरे अंग सब बिसिष निकर सौं बच्यो ठौर कोउ नाही।
देषि न परत सूर जनु घन महि निश्चर अंबर मांही ।।४२।।
भीभ तनय पुनि बान करन के कटे सकल इक बारहि।
लग्यो लरन माया करि बहुबिध ठाढो गगन मंझारहि।।

बहु विध बदन भयंकर करि करि कौरव सकल डराए।
दिव्य अस्त्र दिन नाथ तनय के छल सौं छिनक डराए ॥४३

दो०— कबहुँ सतोदर सीस सत, गिरि जनु दीरघ बाहीं।
कबहुँ अँगुष्ठ प्रमान तनु, भ्यो असुर उहि ठांही ॥४४॥

कबहुँ धरनी तल मैं छयै, कबहुँ प्रगट ह्वै जात।
तिर्जक ऊरध रेन चर, लष्यो बढावत गात ॥४५॥

स०–माया बडी दस आस पसारिकै ठाढो भयो रथ मैं जतु धाना।
जाइ करन्न के यान समीप लग्यो करने रथ मंडल नाना ॥
बात कही पुनि एक करन्न कौ ता छिन कोप बडो उर आना।
होहु षरो अब छूटो न जीवत है तूँ बडो रन मांहि सुजाना ॥४६॥

चाह बडी रन मैं तुमरी अब दूर करो बल देष हमारो।
जो कछु जोर लगे सु लगावहु आजु भयो ढिग काल तिहारो ॥
यौं कहि कोप सों लाल बिलोचन राषस जुद्ध पराक्रम भारो।
बेगि गयो उडि अंबर मांहि कियो अति ऊंचेहि हास डरारो ॥४७

चौ०–माया करि करि साइक छोरे, करन परत अंबर महि तोरे।
सूत पूत माया जब हरी, राषस गगन छप्यो उहि घरी ॥४८॥
ह्वै गिरि तुरत जे हथियारा, करन सीस पर भूप अपारा।
तद्यपि करन कछु क्षोभ न पायो, दिव्य अस्त्र तजि सैल गिरायो ॥

क०— भूप नील नीरद भयो है पुनि भीम पूत,
व्योम पुरहूत चाप संयुत निहार्यो है।
बरसत उपल भारे सूत सुत ऊपर हीं,
उन तजि बात बान बारिद बिदार्यो है।
हसि पुनि यातु धान माया इकु और करी,
साइक समूह चहुँ और हूंते धार्यो है।
देषत ही लोकन निमेष महि नाना भांत,
निसचर निकर ठाढो व्योम ते उतार्यो है ॥५०॥

बाहन आकार हथियार हैं अनेक भांत,
कै कै हरिनाद चहुँ और हूंते धाए हैं।
भीम सुत ताके बीच भीम रूप डीठ परे,
ता छिन तिहारे सब सेनिक डराए हैं॥
पांच सर तीषन लगाए सूत नंदन को,
बान घने और ताके अंगनि गडाए हैं।
आँजलिक बान आन छोरि के सरास कटि,
सूत पूत कर हूँते देषत रिझाए हैं॥५१॥

सा०— लै कर दृढ धनु आन, करन बान तीषन तजे।
करबुर गन बलवान, बिध्यो भूप इकु वार हि॥५२॥
रजनीचर उर पीन, ता सर हत व्याकुल भए।
अच्छ बदन नष छीन, नैन रदनु जनु विपिन मही॥५३॥

छप्पै— हनि रजनीचर सेन रैन महि करन बिराजै।
तेज तपत दिन मध्य जेठ सूरज छबि छाजै॥
भूप दुहनि दल मांहि ताहि लषि सके न कोऊ।
एक भीम सुत वीर धीर धरि रह्यो षरोई॥
पुनि रच्छ दृगनि तै आनि अति उठ्यौ कोप अति ही धरे।
जनु नेह बूंद उलकानि सौं ज्वाल सहित भूतल परै॥५४॥
माया कलपित यान आन चढि राषस राई।
मोसि हाथ सौ हाथ दसन सौं दसन धसाई॥
करि भीषन अति रूप सूत सुत ऊपर धायो।
लिए हाथ इकु वज्र सूल युत लोह बनायो॥
पुनि द्वै जोजन ऊंचो रहै योजन इकु आवत प्रमति।
पृथु आठ घंट बाजत जुकत तज्यौ करन ऊपर समिति॥५५॥

हरिगीतिका—देषि परत रविनन्दन उछल्यौ छोरि धनुष रथ मांही।
तुरत पकरि पुनि तापर छोर्‌यो घोर वज्र उहि ठांही॥

देषि परत निज ऊपर ताकौ तजि रथ रच्छ पलायो।
ताको रथ हरि सूत समेत हि छिन करि भस्म उडायो ॥५६॥

ताहि भस्मकरि बज्र सबनि के देषत धस्यो धरनि मैं।
देषन हार सकल बिसमाए लाघव देषि करन मैं॥
यौं करि काम अमानुष अपने यान चढ्यौ पुनि आई।
तीष नराच रैनचर ऊपर तजे करन दुष दाई ॥५७॥

ता सर बिद्ध निसाचर ता छिन छप्यौ तुरत उहि ठांही।
रूप बिबिध करि घोर कुरुन कौ बडो त्रास उपजाही॥
सिंह व्याघ्र अरु रिक्छ भुजंगम अग्नि जिह्व विष भारे।
लोह तुंड षग दसहि दिसन तें आवत हमैं निहारे ॥५८॥

तुरत करन को भष्षन चाहत एक बार सब दौरे।
उनि पुनि तजि तजि तीषन साइक देह सबनि के फोरे॥
छिनक छार करि राषस माया हने भीम सुत घोरे।
परे धर्न महि कौनप देषत चलत रुधिर के डोरे ॥५९॥

दो०— देष रच्छ निज छलनि को, भ्यो रन माँहि विनास।
देष करन तुम को हनो, यो कहि छप्यो अकास ॥६०॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे भाषायां
घटोत्कच कर्णयुद्ध वर्णनं नाम चतुःपञ्चाशत्तमोऽध्यायः॥

पचपनवां अध्याय

संजय उवाच

स०-ता छिन नाम अलायुध को नृप भूप सुयोधन के ढिग आयो।
राषत वैर बडो चिरकाल ते पंडु के पूतनि साथ रिसायो॥
देषि बडो रन रैन समै नृप ताके हिए आनंद छायो।
द्वै करि जोरि सुयोधन को यह बैन महासुष देन सुनायो॥१॥

दो०— जानत हौ महाराज तुम, जो पहले मम भ्रात।
बक किरमीर हिडंब मुष, हने भीम बहु भांत॥२॥
भूपति और कहा कहौं, किए काम अति घोर।
हरी हिडंबा कन्यका, पौनपूत करि जोर॥३॥
ताते अब इन सबनिकौ, हय गज नर रथ साथ।
आयो मारन हेत ही, मैं आपहि कुरु नाथ॥४॥
कृष्ण सहित पाँडव हनौं, तुमरी सासन पाइ।
षावहिंगे मिलि रैनचर, ताके ताके मास अधाइ॥५॥
होरहु अपनी सैन को, होहु षरो इहि ठांहि।
भूप तमासा देषिए, हमरो रन निस मांहि॥६॥
मीठ रैनचर बैन सुनि, कह्यो सुयोधन राइ।
आगे करि तुम को सबै, लर हैं हम उहि जाई॥७॥
सेन हमारी हठ भरी, क्यौंहू ठहरत नांहि।
मित्त चित्त चाहत सबै, ज्यौं त्यौं बैर निबाहिं॥८॥

[वीरविलासः

बहुत भलो कहि रेनचर, चल्यो कोप धरि चेत।
भूप भीम सौ लरन कौ, निसचर निकर समेत ॥९॥

ताके पुनि धुज धनुष तन, सूत तुरंगम यान।
साज सकल देषे हमैं, भीम तनूज समान ॥१०॥

चले सकल जुरि जुद्ध को, ह्वै हरषित कुरु बीर।
लहि सहाइ निस चरन को, हुतो करन जहँ धीर ॥११॥

कह्यो अलायुध को बचन, दुरयोधन रन जाइ।
देषि मीत यह करन सों, अर्‍यो भीम सुत आइ ॥१२॥

चौ०-देषहु भूप धरन महि परे, भीम तनूज सरनि सौं जरे।
राषस यह बल विक्रम भारो, कियो सबनि मैं भाग तिहारो ॥१३

ताते भीम तनय को मारहु, बडो करन सिर भार उतारहु।
यौ सुनि सीस भूप को नायो, चल्यो अलायुथ अतिहरषायो ॥१४

दारुन रूप अलायुध भयो, दौरि भीमसुत और हि गयो।
आवत लषि भैमी अनषायो, छोरि करन को तापर धायो ॥१५॥

लगे लरन दोनों पुनि रन मैं, बासित हेत दुरद जनु बन मैं।
देषि भीम निज सुत पर भारहि, पर्‍यो जाइ दुहूँ लरत मँझारहि

तब उनि तुरत घटोत्कच छोर्‍यो, भीमसेन सौं आसन जोर्‍यो।
भूप भीम साइक झरलायो, सैन समेत अलायुत घायो ॥१७॥

उन पुनि सेन सहित सरतीषन, तजे भीम को करि रब भीषन।
ता सर बिद्ध भीम पुनि उन को, पाँच पाँच सर तजे सबनि कौ॥

राषस पांडव बाननि घाए, आर्त नाद करि दस दिस धाए।
देषि रच्छ निज सेन पलाई, भीमसेन पर उठ्यो रिसाई ॥१९॥

लग्यो तुरत बरसन सर धारा, तजे भीम पुनि बान अपारा।
भीमसेन जो साइक छोरे, सो कछु रक्ष गहे कछु तोरे ॥२०॥

देषि निसाचर की निपुनाई, भीम वज्र सम गदा चलाई।
ता लषि रक्ष गदा निज छोरी, छिन महि गगन परत वह तोरी।

तजे भीम साइक पुनि तीषे, व्यर्थ होत सिगरे हम दीषे।
फिरे रैनचर भागत सिगरे, आइ बहुत पाँडव सों झिगरे ।।२२।।

हय गज पत्ति भूप पुनि घने, पांडु पंचालन के तब हने।
देषि बढत बल रैन चरन को, कह्यो कृष्ण ऐसे अरजन को ।।२३

सो०- लषि अरजन तुअ भ्रात, भीम रक्ष नृप बस भयो।
करो रैन चर घात, अब कछु विलम न कीजिए ।।२४।।

ढीठदुमन सब फौज, सूर सिषंडी साथ लै।
युधामन्यु उत मौज, ए सब लर है कर्न सों ।।२५।।

हन है निसचर सेन, मीत नकुल सहदेव जुरि।
तू पुनि धरि चित चैन, लरहु जाइ रन द्रोन सों ।।२६।।
यों सुनि गोविंद बैन, चले योध जहँ जहँ पठे।
लग्यो भूप रन रैन, घोर दुहुनि दल चेन धरि ।।२७।।
राषस पुनि सित बान, छोरि समीरन पूत को।
सूत धनुष किंक्यान, हने ताहि देषत तबै ।।२८।।
हरि सुत ह्वै रथ हीन, पाइक निसचर पर गयो।
बिपुल गदा कर लीन, गाजत है गज सत्रु ज्यौं ।।२९।।
तजी तुरत उत जाइ, गदा परत राषस हनी।
अपनी गदा चलाइ, ता लषि सब बिसमत भए ।।३०।।
भूप गदा रन घोर, लग्यो मनुज राषस दुहुनि।
मतवारे करि सोर, लगे लरन पुनि मुठनि सौं ।।३१।।
जो जो आए हाथ, परे धरनि सर छिन्न ह्वै।
तजे परस्पर माथ, आयुध चौविध बल दुहुनि ।।३२।।
चलत रुधिर तन लाल, भूप दोऊ देषे हमैं।
ज्यौं मद माते व्याल, बन महि षेंचत परसपर ।।३३।।
ताहि देषि नंदलाल, कह्यो हिडिंबा पूत सौं।
लषि तुअ पिता बिहाल, भयो अलायुध सौं लरत ।।३४।।

तातें तुरतहि जाइ, पहले निसचर को हनहु।
बहुरो अति जस पाइ, मारहिगो तू करन को ॥३५॥

स०—यौं सुनि पंकज नैन के बैन वृकोदर पूत चल्यो अनषाइ कै।
भूप अलायुध सौं रन रैन मचाइ दियो ततकाल हि जाइ कै ॥
ताके हने सरदार घने सहदेव नकुल्ल और यादव आइकै।
और अनीक हनी कपिकेत तबै तुम्हरी सितबान चलाइ कै ॥३६॥

दो०— लग्यो लरन रन करन पुनि, द्रुपद सुतन सौं जाइ।
पांडव मत्स पंचाल सब, लिये सरनि सौं छाइ ॥३७॥

ताहि देषि पीडित तबै, गयो भीम उहिं धाइ।
यादव यम हनि निस चरिन, अरे करन सों आइ ॥३८॥

भूप बडो करि कोप पुनि, अलायुद्ध ततकाल।
भीम तनय के सीस पर, तज्यौ परघ सुबिसाल ॥३९॥

ताहि लगे कछु मूरछित, आपुन कौ ठहराइ।
तजी तुरत भारी गदा, पांडव सुत अनषाइ ॥४०॥

तासों सूत समेत रथ, भयो छिनक मैं चूर।
भूप उछलि अंबर गयो, तुरत अलायुध सूर ॥४१॥

माया करि बरसन जग्यो, सोणित धार अपार।
स्याम घटा बिजुरी सहित, देषी अति भयकार ॥४२॥

वज्रपात होवन लगे, चट चट सब्द समेत।
ताहि देष पांडव तनय, ग्यो उडि गगन सुचेत ॥४३॥

माया करी माया हनी, छिनक गगन महि जाइ।
भूप अलायुध ताहि लषि, दियो अस्म झर लाइ ॥४४॥

भीम पूत सर तीष तजि, किए अस्म सब छार।
दोनों पुनि लागे लरन, तजि तजि विविध हथ्यार ॥४५॥

लगे उषारि उषारि द्रुम, डारन आपस मांहि।
भूधर सिषर निकर किरत, लषे रक्ष दुहुँ मांहि ॥४६॥

ताहि परत जनु वज्र कौ, भयो सोर अति घोर।
भूप बालि सुग्रीव लौं, लरे रक्ष सिर मौर ॥४७॥

करि करि नृप हथियार रन, परचौ भुजनि महि जोर।
छिन्न छिन्न अँग अँग भए, चलत रुधिर तन घोर ॥४८॥

चौ०-तजि भुज समर षग्ग पुनि धारे, आइ दुहनि आपस महि डारे।
तब करि कोप हिडंबा सुत ही, गहे अलायुध केस तुरत ही ॥४९॥

बहु भरमाइ कृपान चलायो, कट्यो सीस श्रुति भूप सुहायो।
ता हनि भीम तनूज अदीनहि, हरषित होइ सिंह रव कीनहि ॥५०

हन्यो अलायुध लषि हरषाने, पांडव सबनि सिंह रव ठावे।
ता छिन सकल बजंत्र बजाए, देषत लोक सकल बिसमाए ॥५१॥

लगी रैन तब भूप सुहाइ, पांडु सुतन को अति सुषदाई।
देषि परत दीपक चहुँ औरहि, सुनियत ठौर ठौर हरि सोरहि ॥५२

लै वह सीस भीम सुत धायो, दुरयोधन को आन दिषायो।
तू अब देषि अलायुध हन्यो, भीम समथ साँचो करि गन्यो ॥५३॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां रात्रियुद्धे अलायुध वधो नाम
पञ्चपञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

छप्पनवाँ अध्याय

सञ्जय उवाच

स०—ता छिन भूप अलायुध को हनि पांडव पूत भयो रन ठाढो।
नाद करै बहु भांत सुदारुन रेन समै अति ही बल बाढो॥
ता सुनि के सिगरी तुअ सेन को त्रास बढ्यौ चित मैं अति डाढो
ठाढे भए हैं मरू करि कौरव राषि भले चित्त धीरज गाढो॥१॥

देषि दुहूँ रजनीचर हूनि कौ युद्ध जुरे रवि सूनु अताई।
पांडव मच्छ पंचालनि ऊपर दौरि झरी सित सरनि की लाई॥
देषि है भूप भली बिध सौं उन्ह सूरनि के कर की लघुताई।
देषि परे सब के धनु मंडल ज्या धुन आस रही दस छाई॥२॥

त्रिभंगी–करि कोप अपारहिं करन उदारहिं बान हजारहिं छार किए।
उन के सब सूरहिं अँग अँग चूरहिं तजि सर पूरहिं छाइलिए॥
सिगरी वह सेना गत चित चैना सरन लहे ना करन हनी।
तजि बाहन भागे सोणित पागे सूर सु भागे हार मानी॥३॥

स०—तालषि भागत कोप बडो करि पांडब पूत करन्न को धायो।
सोर करे अति घोर ज्यौं केहरि भूप सबै तुअ लोक डरायो॥
लाघव सौं रवि सूनु के ऊपर बान अनेकनिं को झर लायो।
युद्ध बडो अधरात समै जुरि कै नर रच्छ दुहून मचायो॥४॥

छाइ रही सर पात अकास मैं सोहत पुंष रतन्न जराए।
सूर दुहूँ अपने करके अति लाघव लोगनि हूँ को दिषाए॥

ज्यौं तम सूर लगे लरने परभाकर भीम तनूज रिसाए।
घोर विचित्र बडो रन रैन सबै जन देषत ही बिसमाए ।।५।।

छंद – छिप्यो छिनक छन निसचर अंबर माया करि बहु भांत लरे।
अगन गगन ते परत धरनितल करन छांडि तुअ सेन जरै ।।
परत निसत हथयार अपारहि नर बानर हय भूमि परै।
तब करन बान धनहीन पुरुष के मनो मनोरथ भंग करै ।।६।।

भीम तनय सरपूर परत ही सूर सकल रन क्रूर भए।
तब धरत करन की सरनि करनि ते सरनि धनुष पुनि छोर दिए ।।
षरो करन रन डीठ परत इक और मूरछा आनि छए।
तब तजी सक्ति करिकोप करन तिहि लगत असुर असुछूटि गए ।।

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— सूत तबै राषस छप्यो, कहा कुरुन तब कीन।
कहु कैसे लरि करन सौं, भयो असुर असु हीन ।।८।।

संजय उवाच

स०—जानि छप्यो रजनीचर ता छिन, सोर बडो तुअ सैन करचो है।
लोक हसैं सिगरे सुत सूत को, अंतक के मुहिं जाइ परचो है ।।
लाघव सौं तजि तीषन साइक, जाल करन्न अकास भरचो है।
देषि परै न कछू रन मैं कुरु, भूप महा अँधियार परचो है ।।९।।

क०— लोहित पयोद जैसी दारुन अकास मांहि,
देषि परे चहुँ ओर मानो आग भर की।
दामनी की दमक अरु चमक सुर चापन की,
उलका परत डाढी मानी भूमि दर की ॥

सोर जनु दुन्दुभि सहस्रन कौ घोर भयो,
आयुध अनेक तरवारें व्योम कर की।
भूप इहि भांत अधरात समै कौतक सौं,
सोचत ही देषि हमै माया रैन चर की ।।१०।।

चक्कर पषान प्रास परसुध सकत तींषी,
मुद्गर मुसल भारे वज्जर कृपान हैं।
आयुध अनेक और बरसत अकास हूँ ते,
नर गज तुरग तेरे छोरत परान हैं।।

बाननि के ओघ भए मोघ रवि नंदन के,
द्रव्य हीन मानुष मनोरथ समान है।
सरहत तुरग वज्र ताडित मतंगन को,
सिलाहत याननि कौ भयो अति ध्वान है ।।११।।

चौ०-भीमतनूज सरनि कै मारे, भए भूप कौरव अनयारे।
पीडित ह्वै चहुँ ओर भ्रमत है, डरे रैन नहिं चैन धरत है ।।१२।।
केतक सूर रहे उहिं ठाढे, कुल अभिमान किए चित गाढे।
हाहाकार भयो तब दल मैं, भए लीन सेनक भूतल मैं ।।१३।।
माया घोर निसाचर करी, लषि हथियारन की पुनि झरी।
सूर घने अपने भुअ परे, तुअ सुत कुरुपति अति ही डरे ।।१४।।
शिवा करत अति सोर डराने, गाजत रजनीचर हरषाने।
सुनि सुनि कौरव सेनक डरे, अति भयभीत धरनीतल परे ।।१५।।
राषस बिविध रूप नभ ठाढे, अगिनत आयुध डारत डाढे।
पावस घनु जनु डीठ परत है, दीह देह कर सकत धरत है ।।१६।।
सूल सकत गद परिघ सुतीषन, बज्र अस्म गुड चक्र सुभीषन।
सत घनि थूण भुसुंड परत है, मोह सकल कुरु सूर धरत है ।।१७।।
सोवत धरनि कटे अँग अंगहि, कौरव मनुज मतंग तुरंगहि।
यौ हथयार तजत यतु धाना, छलहिं भीम सुतसिरजै नाना ।।१८।।
तजत न भीतन भागत जन कौ, सस्त्र हीन अरु बद्ध करनि कौ।
छोरि धरम बहु सैन सिंहारचौ, क्षत्र नास तब लोक निहारचौ ।।
भागत सूर कहत रन मांही, भागहु यह पुनि राषस नांही।
षांडव हेत देव गन लर हैं, सेन सकल अब भूतल पर है ।।२०।।

स०—यौं विध डूबत युद्ध पयोनिधि कौरव द्वीप कोऊ नहिं पायो।
लीन भए सर छन्न महीतल काइर ह्वै अति सोर मचायो॥
फूटि गई सब सेन बिभागन देषि परे अपनो न परायो।
भूप घटी रन की मरजाद कुरूनि के चित बडो डर आयो॥२१॥

कौरव के गन मैं रन मैं रवि नंदन एक षरो हम देष्यौ।
लाघव सौं करि कोप दसौ दिस छोरत साइक जाल बिसेष्यौ॥
लाज भरचो न टरै रन ते पुनि ठानत काम दुरघ्घट पेष्यौ।
जो अभिमान धरचो रन मैं उनि सौ पुनि वाहि कौ सोचके लेष्यौ॥

भीत तबै तुमरे सब सेनक भूप करन्न के और निहारै।
ताहि सराहत है अति ही रन जीत निसाचर की उर धारै॥
मोह भरे अब भागहु जू अब भागहु जू यह बैन उचारै।
भार ते भागि सकै नहि ता छिन साज सबै धरनी तल डारै॥२३

ऐसे मैं भूप करन्न तुरंग हनै तजि रक्ष शनघ्घन तीषन।
वै रथ छोरि पदाति भयो न डरे जु थए सर मोघ सुभीषन॥
राषस की ढिग मीच भले लषि, लाग्यो है ताहि को लाघव दीषन
ताछिन कौरव यौं रवि सूनु कौ बैन कहै करि काइर ईषन॥२४

कौरव आजु न एक बचे यह मारत है रजनीचर साइ कै।
याहि कौ सूत सपूत हनौ अब बासव दत्त सकत्त चलाइ कै॥
कौन वहै कपिकेत वृकोदर सूर कहा कर है इत आइ कै।
याते बचे सिगरे जुरि कै हम मारिहिंगे उनको रन धाइ कै॥२५

यौं सुनि कौरव सोर बडो अरु देषि घटी अपनी निपुनाई।
होत बिनास बडो लषि सेन कौ तैसे ही रैन महा भय दाई॥
भूप सकत्तिके छोरन की तब मत्त करन्नहूं के चित आई।
मान भरचौ न सकै सहि यौं बिध बैरन की रन मैं अधिकाई॥२६
जो कपि केतहु के बध हेत धरी नित पूजन कै चित लाई।
जो पुरहूतहु सौं अपने बर कुंडल दैकर लीनी बटाई॥

[वीरविलासः

जो नृप आग सिषा सम दारुन मीच की ज्यौं भगनी दुषदाई।
राषस ऊपर छोरन कौ पुनि सो बरछी रबि सूनु उठाई ॥२७॥

सो०— देषत सुरनर ओघ, भूपति अंतक रैन जनु।
यौं पुनि सकति अमोघ, करन भीम सुत को तजी ॥२८॥

देषि करन के हाथ, सक्त सत्रु तन मर्दनी।
रेन चरनि के नाथ, भग्यो बिंध्य सम देह धरि ॥२९॥

छंद करे सोर अति भूत गगन महि बाइलोल समुदाइ वही।
तब भए भूप निरघात बरात हि बज्रपात भय दायक ही ॥

देषन हार गगन भुअ ठाढे उठे कांपि उहि देषत ही।
जब भीम तनय पर छोरन कौ वह सकत कुपित रविसूतु गही ॥

छुटी करन कर ते वह बरछी नाग नार जनु बेग भरी।
सब लोक लषत रजनी चर माया भूप छिनक महि छार करी ॥

भेदि तुरत पांडव सुत उर को जरत नषत मग जाइ चरी।
जतुधान बिबिध रन ठान कुरुन कौ परचो प्रान तजि ताहि घरी ॥

हरिगीतिका--परत परत तन अधिक बढायो तबहि भूप यतु धान धनी
रन मरत मरत पांडव हित ठान्यो अच्छोहन तुअ सेन हनी ॥
केहरि निनद करत जुरि कौरव करि सबनी पुनि संष धुनी।
सब लगे बजन इकबार बजंतर उडी रैनचर माय घनी ॥३२

दो०— मुदित सुयोधन यान चढि, करन बडो जस पाइ।
गयो सुनत निज सेन महि, लोक बचन सुषदाइ ॥३३॥

सञ्जय उवाच

चौ०-देषि भीम सुत मृत भुअ परचो, सोक सबनि पांडव तब कर्यो।
दग जलधार अपार चलत है, रन उत्साह कछू न धरत है ॥३४॥

ता मैं माधव अति हरषायो, लैकर अरजुन कंठ लगायो।
बार बार हरि नाद करत है, नाचत अति परमोद धरत है ॥३५॥

देषि कृष्ण जू को चित उमह्यो, यौं नृप बैन अरज्जन कह्यो।
हम सब सोक पयो निधिपरे, तुम्है हर्ष करि हरि रव करे ।।३६।।

कहो कृष्ण अचरज यह कैसे, मेरु चलन दधि सोषन जैसे।
हो तुम हमरे अति हितकारी, भई क्यौं न अब पीर हमारी ।।३७।।

श्रीकृष्ण उवाच

सुनो मीत मम हर्ष निदाना, हमरो रहसु तुम्है नहि जाना।
तुम विललात घटोत्कच हन्यो, हमै करन हत आजुहि गन्यो ।।३८।।

सक्त हस्त यह हन्यो न जाई, अद्यप लरै अमर गन आई।
भली भई बरछी उन छोरी, काहू पै वह मुरै न मोरी ।।३९।।

या ढिगहु ते कबच अरु कुँडल, दे बरछी वह लिए अषंडल।
ताहि सहित अब जो यह लरतो, तीन लोक संहारहि करतो ।।४०।।

ताते मीत भली यह भई, सक्त रक्ष हनि अंबर गई।
अब निहचिंत करन को मारहु, सांच बचन हमरो उर धारहु ।।४१

तुमरे हेत सूत पुनि घने, मैं करि योग अनेकहि हनै।
जरासंध चेदिप बलवाना, एक लव्य सब सूर प्रधाना ।।४२।।

बक किरमीर घटोत्कच आदिहि, भीत हिडंब बडो पुरुषादहि।
पहले सकल हमै यह मारे, किए काम बहु भांत तिहारे ।।४३।।

जो वह हुते जियत अब भीत, तो न हुती तुमरी रन जीत।
दुर्योधन रन ताहि बुलावत, ह्वै पुनि असुर ताहि सँग आवत ।।४४

या जग मैं उन को जितवार, मैं न गन्यो कोऊ सरदार।
यह पुनि भीम तनय अब मारयो, करन हाथ तुअ काम सँवारयो

वै अति दुष्ट हुतो निसचारी, मैं न हन्यो तुमरो हितकारी।
जा नहि आज घटोत्कच मरतो, जन्म लेन बहुरो मम परतो ।।४६

असुर बिनास सरन की राषी, यह परतज्ञा मम जग भाषी।
ताते अब धरि धीरज लरिए राषस को कछु सोक न करिए ।।४७

मारहुगे तुम मीत करन कौ, भीमसेन पुनि दुरयोधन कौ।
होहु काज तुमरे सब पूरे, यह मम बैन न जानहु क्रूरे ।।४८।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
घटोत्कच वधो नाम षट्पञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

सत्तावनवाँ अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

क०-सूत धरी नित पूज कै कै जुक केतिक बार सिलान सौं जोरी।
राषि अरज्जन के वध चाहत जाके चितै परतीत न थोरी ॥
जो सिरजी सुर नाइक आपु ही काहु पै नेकु मुरै नहिं मोरी।
क्यौं रविनन्दन अर्जुन को वह वासव दत्त सकत्त न छोरी ॥१॥

सैंधव के वध हेत अरज्जन आयो जबै जनु खेलत होरी।
ता छिन क्यौं पुनि सूत सपूत को भूलि गई यह बात करोरी ॥
केतिक बार करन्न अरज्जन आन अरे करि जोरहि जोरी।
क्यौं रवि सूनु अरज्जुन कौ पुनि वासवदत्त सकत्त न छोरी ॥२॥

जानि हुती सब हू निहचै बरछी इकु वीर विदारन हारी।
क्यौं न हँकारी करन्नहु ने रन मैं कपि केतन को वह डारी ॥
जानत हौं निहचै हमरो सुत है विधहीन बडो अँहकारी।
सूर सहाइ घने पुनि ताहि के कोउ नहीं रन मैं हितकारी ॥३॥

दो०— जैसे सुन सूकर समर, होत स्वपच सुषदाइ।
तैसे राषम करन रन, लषि हुलस्यौ यदुराइ ॥४॥

चौ०-श्री जदुनाथ बडो मति माना, दुहूँ भांत पांडव हित जाना।
पठ्यो करन ऊपर निसचारी, मीच दुहनि की हितहि बिचारी ॥५

जो यतुधान करन को हन है, पांडव काज सकल तब बन है।
करन सकत हत जो वह परै, पांडव काज तद्यपि बहु सरै ॥६॥

यौं बिचार करि यादव राई, ता पर सकत अमोघ छुराई।
है पुनि करन बडो परबीना, यह विचार उन क्यौं नहि चीन्हा ॥७

तूँ पुनि सूत चतुर मति माना, लषी होत क्यौं अपनी हाना।
ताते सकल कहो समुझाई, अरजन पर वह क्यौं न चलाई ॥८॥

हरिगीतिका—सूत पूत दुर्योधन सकुनी दुःसासन यह चारहिं।
नित प्रति रैन सिबिर महिं बैठे नृप यह मंत्र विचारहिं॥
कहै करन तजि और सबनि कौ अरजुन कौ तुम मारो।
ताहि हने पुनि सेन सकल यह ह्वै है दास हमारो ॥९॥

अथवा मूल कृष्ण है रन कौ तजहु सकत ता पर ही।
भूप सकल यह ताहि हने ते भूपति तुअ बस पर ही॥
जब लगि कृष्ण जियत जग माही यदु पांडव हितकारी।
तब लगि जान धरन यह सिगरी क्यौंहु न होत तिहारी ॥१०

यह मत ठान भली विध सोवै प्रात लरन कौ जावै।
लरे आइ नित अरजन माधव वै मति चित्त न आवै॥
रह्यो करत अरजुन की राषी वासुदेव रन माही।
होत लरत जिह ठौर करन पुनि बहुधा तितहि न जाही ॥११

जिनि इहि भांति अरज्जुन राष्यो क्यौं वह आप रषै ना।
तीन लोक लरि सके न तासौ कौन अल्प यह सैना॥
यही बात माधव सौं पूछी भूपति सातकि रन मैं।
कहौ कृष्ण किहि कारन बरछी यह न तजी अरजन मैं ॥१२

कह्यो कृष्ण भूपति पुनि तासौ सुन सातकि चितलाई।
ठानि उपाइ हमैं ज्यौं रन मैं अरजन मीच बचाई॥
करे मंत्र कौरव नित नित हो सातकि बैठ सिवर मैं।
काल्हि अवस्य सकत अरजुन पर छोरहु कर्न समर मैं ॥१३

करन जान अरजन के मारे हमैं सत्रु सब जीते।
यौं करि मंत्र प्रतज्ञा करि करि उठे रैन के बीते॥

धरत करन अरजन वध मन महि नित प्रति रन मै आवै ।
जुरै युद्ध हमरी पुनि माया ता मति कौ भर मावै ॥१४॥

ताते उनि बरछी नहि छोरी अरजन पर यदु लाइक ।
जब लगि रही करन ढिग राषी लग्यौ मोहि जनु साइक ॥
लषी परत जब राषस ऊपर बहै सक्त भयकारी ।
गयौ सोक पुनि अर्जुन आन्यौ जनु यम नगर विहारी ॥१५॥

पिता मात अरु भ्रात सकल तुम अपुन अरू जग सारो ।
त्यौं न नेह इन सौ पुनि हमरो ज्यौं अरजन मुहि प्यारो ॥
तीन भुवन को राज न चाहौं यदुनंदन जिन पारथ ।
ताते आज प्रमोद हमारो जानहु सकल सकारथ ॥१६॥

इही हेत रवि नंदन ऊपर राषस हमै पठायो ।
साथ करन समरथ्थ लरन कौ मैं न और लषि पायो ॥
भई अधिक अधरैंन डरारी करन बडो बलवाना ।
ताते मैं वह पठ्यो निसाचर निस महि बल अधिकाना ॥१७

सञ्जय उवाच

याते भूप करन वह बरछी अरजन पर नहि छोरी ।
गन्यो दैव उद्यम ते डाढो करी सकल मति बोरी ॥
रहै करन के पासहि बरछी जब जब रन महि जावै ।
तब तब नृप ईश्वर की माया ताकी मत भरमावै ॥१८॥

धृतराष्ट्र उवाच

हमै सूत अपने सुत जाने भाग्य हीन रन मांहीं ।
भई बिकल बरछी वह जिन की बच्यौ शत्रु उहि ठांही ॥
सेन सकल अपनो अब जान्यो हमै काल बस आयो ।
कहु बरतंत सकल पुनि कैसे दुहूँ दल समर मचायो ॥१९॥

सञ्जय उवाच

सुनहु भूप जब राषस मारचौ कौरव अति हरषाए।
सिंहनाद अति दारुन करि करि गहरे संष बजाए॥
लष्यौ करन जनु अंतक ता छिन मारत सेन तिहारो।
ताहि देष पुनि पाँडव नृप कौ भयो सोक अति भारो ॥२०॥

ढरत नीर दृग धीरज छूट्यौ परचौ भूप रथ मांहीं।
कृष्ण देव पुनि धर्म नृपति कौ समझावत उहि ठांहीं॥
उठहु भूप अब सोक न करिए लरहु भार सब धारो।
कहु नरेस पुनि सोक करन कौ यह नहि समा तिहारो ॥२१

यौं सुनि बैन नैन कर पोछत कहे भूप जदुवर कौ।
सुनौ कृष्ण तुम बात हमारी सोचत हौं निसचर कौ॥
होत ताहि ब्रह्मन वध पातक जो पर कृत्त बिसारै।
या जग मांहि लहै अपकीरत आगे नरक सिधारै ॥२२॥

उनि पुनि माधव दुरघट हमरे कारज बहुत सँवारे।
परी भीर जब जब कछु हमकौ दुरगनि ते सब तारे॥
ताते प्रीत घटोत्कच हूँ सौं गोविंद अधिक हमारी।
सौ पुनि आज सबनि हम देषत भ्यो यम नगर विहारी ॥२३

देष कृष्ण यह सेन हमारी द्रोन करन तें भागत।
हनी कछू कछु घाइल कीनी मोहि अधिक दुष लागत॥
जब इन कृष्ण सबनि जुरि मारचौ अरजन सुत अरिजेता।
रुके सकल हम सैंधव तब उहि रहे न तुम कपिकेता ॥२४॥

तृण जनु जानि समर अब हम कौ मारचौ पूत हमारो।
द्रोण कर्ण हूने पुनि कीनो हमरो परिभव भारो॥
अलप काम अरजन पुनि कींनो तब ही मंत्र बिचारचौ।
छोरि करन द्विज राज बिरोधी व्यर्थ सिंधु पति मारचौ ॥२५

मैं पुनिद्रोन करन वध चाहौं ज्यौं त्यौं केसव सर है।
ताते आप करन पर जावौ भीम द्रोन सों लर है॥
यौं कहि नृपति धनुष पुनि लीनो दारुन संष बजायो।
कुरुपति करि अति कोप तुरत हीं रवि सुत ऊपर धायो ॥२६

यान सहस्र द्विरद सत घोरे लैकर पांच हजारहि।
तीर हजार प्रभद्रक डाढे साथ और सर दारहि॥
बेग द्रुपद कौ पूत सिषंडी गयो भूप के पाछे।
पांडव सेन सकल अति हुलस्यौ बजे बजंतर आछे ॥२७॥

यात धर्म भूपति कौ आगे मिल्यौ व्यास पुनि आई।
हर्यौ सोक उन धर्म नृपति कौ भली भांत समुझाई॥
भली भई नृप बच्यौ अरज्जन हन्यौ क्रूर निसचारन।
अरजन के बध हेतहि राषी करन सक्त वह दारुन ॥२८॥

ताते नृप कछु सोक न करिए वै राकस पर डारी।
भूप आजु ते पंचम दिन महि ह्वै है धरन तिहारी॥
धर्म बिचार चित्त महि राषो जहां धर्म तहां जीतहि।
यौं कहि व्यासदेव नरपति कौ छप्यौ भूप अति प्रीतहि ॥२६

सञ्जय उवाच

व्यास बचन सुनि करन हनन तैं मुरच्यो आप तपराई।
लष्यौ भीम कौरव दल बारत धीर कछू मन आई॥
यौं पुनि धृष्टदुमन कौ सासन करी भूप उहि ठांही।
धृष्टदुमन अब विलँब न कीजै हनहु द्रोन रन मांही ॥३०॥

तू पुनि भूप द्रुपद घर जनम्यो द्रोनहि के बध कारन।
राज तनय तोकौ डर नांही निरभय जाहु महारन॥
और सकल सरदार हमारे साथ तिहारे जैहैं।
पाँडव मत्स्य पँचाल प्रभद्रक मारि द्रोन जस पैहैं ॥३१॥

सासन पाइ नृपति की सिगरे पांडव दल उठि धाए।
सब मन मांहि द्रोन वध चाहत लोचन अरुन दिषाए ॥
बडो बेग करि आवत उन कौ मिल्यौ जाइ द्विज आगे।
त्यौं करि वेग सुयोधन दौरयो आचारज अनुरागै ॥३२॥

सो०— लगे लरन दल दोइ, नींद षेद अति ही भरे।
ठहर सके नहि कोइ, भागि सके नहि लाज तें ॥३३॥

याम सेष बह रैन, छत्र नास करनी भई।
कोऊ लहत न चैन, धर्म जानि रन ना तजै ॥३४॥

नींद भरे सब सूर, लरत लरत आधे भए।
छ्यो धरनि तम भूर, देषि परत कछु न तबै ॥३५॥

हाथनि तें हथियार, छूटि छूटि लागे परन।
सोइ गए असुवार चढे तुरग गज रथन महि ॥३६॥

देषी दुहनि दल मांहि, सूर नींद मोहित सकल।
यौं करि ऊरध बांहि, पारथ बचन ऊँचे कह्यो ॥३७॥

करहु सबै बिसराम, एक महूरत छोरि रन।
रही रैन पुनियाम, लगी नींद सब कौ घनी ॥३८॥

ऊंघत है द्विजराज, निंद षेद या महि तजो।
बहुरचौ आपन काज, आजु समर महि ठानिए ॥३९॥

सुनि अरजन के बैन, लोक सकल हरषित भए।
भूप दोऊ वह सैन, छोरि समर सोए तबै ॥४०॥

अरजन की वह बात, कही कपट तजि सकल हित।
रिषि सुर मानुष जात, हरषित ह्वै पूजि सबनि ॥४१॥

क०— आसिष अनेक भांत देत कपि केतन को,
भूपती अनीक दोऊ नींद बस आए हैं।
घोरनि वै एक एक सूर पुनि यानिनि मैं,
एक गज कांधनि मैं अंधतम छाए हैं।

ठौरि ठौरि भिन्न भिन्न बद्ध हथियार सबै,
सोइ गए याते षेद द्यौस निस पाए हैं।
नींद मत्तमाते ठढे घूमत तुरंग नाग,
ताके दीह स्वासनि तै भूतल सिराए हैं ।।४२।।

दो०— देषि परत सोए सबै, भूप तबै उहि ठांहि।
चतुर चितेरेहुनैं लिषे, मनो चित्र पट मांहि ।।४३।।

उग्यो नैन आनंद कर, चंद उदै गिरि आइ।
प्राची दिस भूषित भई, भूप महा छबि पाइ ।।४४।।

उदयाचल गिरि ते निकरि, चल्यो गगन बन बीच।
अंधकार बारन हरत, बिधु हरि सटा मरीच ।।४५।।

सीत सीतकर कर लगत, जागि उठे दल दोइ।
भयो छोभ जनु सिंधु मैं, उदित छपाकर जोइ ।।४६।।

लगे लरन उठि के बहुरि, द्वै दल अतिहि रिसाइ।
लरत डरत नहिं समर तैं, चहत लोक सुषदाइ ।।४७।।

भूप तबै अमरष करि, दुरजोधन ढिग आइ।
तेज बढावत द्रौन कौ, कहै बचन इम भाइ ।।४८।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां रात्रियुद्धवर्णनं नाम सप्तपञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

अठावनवाँ अध्याय

दुर्योधन उवाच

चौ०–अब द्विजराज उलेर न करिए, षेद हीन सत्रुन सों लरिए।
वै सब बात बढे हम घट हैं, अब श्रमहीन न रन ते हट हैं ॥१॥
उन सौं है नित प्रीति तिहारी, याते भए समर बलकारी।
जो तुम चहो पलक महि मारो, जानत हौं तुअ बिक्रम भारो ॥२॥
शिष्य जान तुम रच्छ करत हो, हमरो हित कछु चित न धरत हौ
अथवा निपट अभाग हमारे, जो बलवान निबल ते हारे ॥३॥
यौं सुनि द्रोन बडो हठ कीनो, कह्यो कोप करि बचन अदीनो।
मैं नृप वृद्ध यथाबल लरहौं, भली बुरी तुअ हेतहि करि हौं ॥४॥
नृप अब सत्य प्रतज्ञा करि हौं, देषहु हाथ षड्ग यहि धरि हौं।
सांच बचन अपनो प्रतिपारों, आजु हि सकल पंचालन मारों ॥५
ताहि हने बिन कवच न षोलों, और बचन सांचो इक बोलों।
जानहु मत अरजन रन षीना, या कौ बिक्रम तुम्है न चीना ॥६॥

स०–है बलवान बडो कपिकेतन ता सम और हमै नहि जान्यौ।
राक्षस जक्ष सुरासुर गंध्रव युद्ध मैं याते पराजय मान्यौ॥
जीति सुरेस को षांडव जारिकै पावक कौ अति ही हित ठान्यो।
और कहा बल ताको कहौं तुम्हैं घोष में जात भली विधि जान्यो ॥७
जाइ सहाइ करचो जिन इन्द्र कौ भूप निबात कबच संहारे।
हेम पुरी बस मान घने जिन दानव मारि महीतल डारे॥

ताहि कौ जीत सकै रन क्योंकर याते सबै तिहुँ लोक मैं हारे।
देषत ही सब कै इत आइ कै भूप घने जिन सूरहि मारे ।।८

सञ्जय उवाच

गीतिका—यौं सुनि भूप सुयोधन बहुरचो कह्यो बचन द्विजवर कौ।
रहौ बिप्र तुम आपु ही रन में मारत हैं हम नर कौ ।।

में अरु करन दुसासन सकुनी जुरिकै रन यह चारहि।
देषत ही तुअ पांडुसुतन कौ छिन मैं करौं सिंहारहि ।।९।।

द्रोन बचन सुनि यौं तुअ सुत को पुनि हसि बचन उचारचो।
व्यर्थ बचन कत भूप कहत हौ अरजन जाइ न मारचो ।।

हरि यम बरुन धनाधिप रन मैं ताको जीत सकै ना।
क्यौं पुनि मनुज अलप बल बीरज तातें हार लहै ना ।।१०।।

काहू की परतीति न तोकौं करे सबनि ते संका।
करत सुजन परतीत हि जग मैं कहा राइ कहा रंका ।।

तूं पुनि है छत्री अभिमानी लरहुँ जाइ अरजन सौं।
द्यूत निपुन तुअ मातुल सकुनी क्यौं अब टरहै रन सौं ।।११।।

तुम्है भूप कीनी परतज्ञा जो धृतराष्ट्र सुनत हीं।
मारहिंगे हम पांडु सुतन कौ तात धीर धरि चित ही ।।

सो निज बचन सांच अब कीजै पांडु पूत हनि रन मैं।
भलो मरन भूपति अब जानहु कीरित होत भुवन मैं ।।१२।।

राज भोग चिर कालहि कीने दिये दान बहुभांतहि।
पढे वेद रिन सकल उतारे भ्यो जस जग अवदातहि ।।

दुरयोधन तू भयो कृतारथ अब कछु डर मत करिए।
जीत हार दोनो गति नीकि जाइ अरिन सौं लरिए ।।१३।।

—
ऐसे कहि द्विजराइ, भूप तबै चुप ह्वै रह्यो।
तुअ सुत क्रूर सुभाइ, कियै द्वै सेन को ।।१४।।

लियो एक निज साथ, दियो एक तब द्रोन कौ ।
ता छिन कौरव नाथ, दारुन रन बहुरो रच्यौ ॥१५॥

उग्यौ ताहि छिन भूप, सूर तहां पुरुहूत दिस ।
भई नंद बिद्ध छांइ, फिरि अरुनाई दरसहिं दिस ॥१३॥

तजि तजि हय गज यान, पांडव कौरव योध सब ।
करि सूरज उपथान, संध्या जप लागे करन ॥१७॥

रच्यौ सबिन पुनि जाइ, प्रात कृत्य करि के समर ।
दुर्योजन द्विजराइ, द्वै दल करि रन को गए ॥१८॥

दौरचो द्रोन रिसाइ, पांडव सोमक ऊपरहीं ।
पांचालन पर धाइ, गयो सुयोधन सैन युत ॥१९॥

कह्यो कृष्ण यह बैन, द्वै दल देषि कुरुन के ।
अरजुन यह कुरुसेन, सव्य समर लहि कीजिए ॥२०॥

माधव कौ मत जानि, कह्यौं भीम कपिकेत कौ ।
अरजन सुनहु सुजान, सावधान अब हूजिए ॥२१॥

सो अब आयो काल, सूरवीर या को चहै ।
करहु अरिन बिहाल, सेन सव्य करि कुरुन की ॥२२॥

नृप अरजुन सुनि बैन, कृष्ण देव अरु भीम के ।
गयो सव्य करि सेन, कर्ण द्रोण मुष छोरि कै ॥२३॥

लग्यो फिरन चहुँ ओर, मारत चौविध सेन कौ ।
करत मृगाधिव सोर, ता सो कोइ न लर सकै ॥२४॥

करन सुजोधन वीर, अरु सकुनी यह तीन जुरि ।
लागे छोरन तीर, अगिनित अरजन को तबै ॥२५॥

तब अरजन लघु पान, ताके सर सब विफल करि ।
दस दिस तीषन बान, तुरत लगाए सबनि कौ ॥२६॥

बान बरस अरु धूरि, छाइ रही भुअ गगन मैं ।
भयो भूप तब भूरि, सोर घोर अति ही सुन्यौ ॥२७॥

देषि परे कछु नांहि, भूप परायो आपनो।
लगे लरन उहि ठांही, नाम गोत कहि कहि सबै ॥२८॥

छपी रुधिर सों धूर, भ्यो नृप निरमरसाद रन।
तब बाहन हय सूर, देषि परत भूतल परे ॥२९॥

ज्यौं निरधूम हुतास, षरो पृथक ह्वै सेन तैं।
द्रोन बढावत त्रास, ता छिन उहि देष्यो हमैं ॥३०॥

स०-लषि ताहि प्रचंड दिवाकर ज्यौं कुरु भुपति पांडव लोक डरे।
मुष पीरे भए पुनि एकन के इकु काँपत भीत ह्वै दूर षरे॥
इकु पीसत हाथ सौं हाथनि कौ इकु चाबत ओठनि कोप भरे।
इकु भागि गए रन ते अभिमान भरे इकु ताहि सौं जाइ अरे॥३१॥

तजि साइक जाल पंचालन कौ दल बिद्ध कियो द्विजराइ रिसाइ कै।
करि कोप विराट द्रुपद्द दोऊ रन आइ जुरे पुनि ताहि को धाइ कै॥
सिब सोमक मच्छ पंचालन के दल भूपति हेत लरे पुनि आइकै।
सब जीत लिए छिन मैं द्विज पुंगव तीषन बान बरात चलाइकै॥३२

सो०— छोरत बान बरात, तीनहि नाती द्रपद के।
रन मैं परम उदार, दौरि द्रोन ऊपर गए ॥३३॥

इकु इकु बान लगाए, तीनहि द्रोनहु ने हने।
परे धरनि महि आइ, तजि असु और घने तहां ॥३४॥

तब करि कोप अपार, दोऊ द्रुपद विराट नृप।
बरसत साइक धार, दौरि पहूँचे द्रोन को ॥३५॥

आवत उन छिन मांहि, छए भूप सरजाल सौं।
रन मुह मोरत नांहि, तदपि बान बरसत घने ॥३६॥

पुनि द्विजराइ रिसाइ, शिला धौत तीषन महा।
द्वै सर भल्ल चलाइ, कटे धनुष वर दुहनि के ॥३७॥

क०— कोपकरि छोरे दस तोमर विराट हूं ने।
सकत दरोन जू कौ द्रुपद चलाइ है॥

साइक चलाइ द्विजराइ अति लाघव सौं।
तोमर समेत संथी छार कै उडाई है ।।
छोरि सर भल्ल दोइ द्रुपद विराट हूँ को।
भूप उहि काल काल नगरी रिषाई है ।।
केवल पंचाल चेदि मच्छ सिब सोमक की।
सेन बहु द्रोनहूं नै भूतल गिराई है ।।३८।।

चौ०–लषि निज सेन भूप भुअ परी, ढीढ दुमन कोप्यो उहिं घरी।
करि अमरष अरु सोक अपारहि, किए समथ दुहूं सेन मंझारहि ।।३९
होहि करम सब विफल हमारे, लगे पाप मोको जग भारे।
जो रन आज जियत द्विज छोरौं, लरत ताहि सौं जो मुष मोरौं ।।४०
यौं करि सौंह सकल जन मांही, ढीठ दुमन रन कौ अवगाहीं।
ताहि साथ हत सेष पँचाला, चले सस्त्र धर लोचन लाला ।।४१
द्विज सर बिद्ध सकल वह सेना, ताहि समर महि वारि सकै ना।
तब करि कोप भीम अँहकारी, ढीठ दुमन को बात उचारी ।।४२
कौन द्रुपद कुल नंदन सूरो, क्षत्र धर्म रन साधन पूरो।
पुत्र पितृ बध देषत पावै, पुनि अरि हनन अबेर लगावै ।।४३।।
द्रोन दाव क्षत्रिय बन जारत, धनुष बान शर कील पसारत।
हनत सकल यह सेन हमारी, रन महि निपुन महा धनु धारी ।।४४
मो भुज बल सब देषहु षरे, द्रोन आद जानहु भुअ परे।
यौं कहि कोप बडो करि भीमा, गयो द्रोन ऊपर रन धीमा ।।४५।।
ढीठ दुमन पुनि अतिहि रिसायो, तुरत द्रोन बल ऊपर धायो।
प्रात होत ऐसे रन ठयो, आगे होइ न पीछे भयो ।।४६।।

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
द्रुपदविराट्‌युयुद्धवर्णनं नामाष्टपञ्चाशत्तमोऽध्यायः।

उनसठवां अध्याय

सञ्जय उवाच

स०-भोर भयै पुनि भूप दुहूँ दल ठौरहि ठौर रची है लराई।
छूटि गई रन की मरजाद लरे तब चौविध सेन रिसाई॥
कुँजर यान तुरंगम पाइक षेद भरे न सकै रन धाई।
सूरज के कर नीष लगे तब भूष पिपास लगी अधिकाई॥१॥

दो०— घोर सोर सब एक ह्वै रह्यो गगन भुअ छाइ।
भयो तुमल रन ताहि छिन, मो पै कह्यो न जाइ॥२॥

भूप पराए आपने, जानि परे कछु नांहि।
षीन उनींदे रात के, लरत मरत रन मांहि॥३॥

हत हय गज रथ नरसि सौं, रही समर भुअ छाइ।
रथ पथ अति दुर्गम भयो, तुरग सकै नहि धाइ॥४॥

बेपमान सर छिन्न तन जवन कुलीन किंक्यान।
धसत चक्र थल थलनि मैं, बहुत मरू करि यान॥५॥

छप्पै— पतित दुरद रथ तीर सस्त्र जल जंतु अपारहि।
घोष दुषित जन सोर, सूर तरु बहत हजारहि॥
रुधिर पलल घन कीच फेन धुज चीर बिराजै।
गिद्ध काग घन घोर हंस सार सपद साजै॥
पुनि कमल वीर पागहि लसैं मज्ज मेद सैकत मही।
इहि भांति भूप सोणित नदी प्रेतराज पुर को बही॥६॥

दो०— लरत सकल भ्याकुल भए, चैन धरे नहि कोइ।
सावधान ता छिन रहे, द्रोन अरज्जन दोइ ॥७॥

दोई वह दुहु सैन के, भए सरन रन मांहि।
बीर बिनास बडो भयो, भूप तबै उहि ठांहि ॥८॥

तबहिं दुसासन कर्ण अरु, दुर्योधन द्विजराइ।
पांडु सुतन पर समर लगि, तुरत पहुँच्यौ आइ ॥९॥

भूप सूत सुत भीम सौं, द्विजवर सौ कपिकेत।
लरयो समर महि यमनि सौं, तुअ सुत अनुज समेत ॥१०॥

उन सूरन कौ समर अति, चित्त अमानुष घोर।
दोऊ दल देषन लगे, तजि रन कौ उहि ठौर ॥११॥

रथ मंडल बहु करि लरे, चित्र समर परबीन।
ता लषि भए महारथी, लाघव आनंद लीन ॥१२॥

स०-आपस मैं वह सूर बडे सर धार घने घन ज्यौं बरसावै।
चाहत जीत अभीत सबै करि कोप अपूरब युद्ध मचावै॥
जानत भेद भले धनुवेद कौ यान चढे अत हीं छवि पावै।
धावत केहरि ज्यौं बर वारन त्यौं मदमत्त लरन्त सुहावै ॥१३॥

ता छिन कौरव पांडव सेन घनी उनके रन मांहि मरी है।
भूषन और हथियारन सौं मुरदा गन सौं रनिभूमि भरी है॥
तारनि सौं पुनि अंबर की उपमा उहिं भूपति डीठ परी है।
आठहि सूर कै कै हरि निस्वन संषन की घुन घोर करी है ॥१४॥

चौ०-तब दुर्योधन अत हि रिसायो, तुरत नकुल के ऊपर धायो।
दोउ दुहुनि अप सव्य करे है, दोइ कुपित रन माहि अरे है ॥१५॥

छोरि नकुल साइक दुष दाई, कियो बिमुष दुर्योधन राइ।
तिष्ठ तिष्ठ भागत को कहै, सिमिरि सिमिरि पूरव दुष दहै ॥१६॥

दुःसासन पुनि अति अनषाई, गयो सहदेव हि ऊपर धाई।
आवत ता सारथि को सीस, द्रुत सहदेव कटयो अवनीस ॥१७॥

चले स्वैर गति चपल तुरंगा, लष्यौ सूत तब हत उतमंगा ।
तब हि दुसासन लाघव करचो, आपहि गहि करि अरिसौं लरचो ॥१८

छिनक छोरि कर बान चलावै, छिनक धनुष तजि रसमि उठावै ।
ता लाघव लषि आनंद लहै, साधु साधु देषत जन कहै ॥१९॥

पुनि सहदेव बान सित छोरे, किए बिद्ध तुअसुत के घोरे ।
पीडित तुरत चले इत उतहि, लाघव करि थांभे तुअ सुत ही ॥२०॥

छिनक छोरि कर बान चलावै, छिनक धनुष तजि रसम उठावै ।
ताहि छिद्र महि माद्रिवती सुत, तजे दुसासन को सर अद्भुत ॥२१

तुअ सुत हेत करन्न उदारहि, अरचो दुहनि के जाइ मँझारहि ।
तब हिं भीम साइक गन छोरचो, करन माद्रि सुत मुहते मोरचो ॥

लगी दुहनि पुनि घोर लराई, मौ पै भूपति कही न जाई ।
लरत मत्त कुंजर जनु दोऊ, भीम करन हारत नहिं कोऊ ॥२३॥

दिव्य अस्त्र सस्त्र झर लाए, गदा युद्ध पुनि दुहुनि मचाए ।
छोद गदा उर भीम उदार हि, कियो करन रथ कूवर छारहि ॥२४

ता पर गदा करन पुनि छोरी आवत भीम गदा सौं मोरी ।
पुनि हरि पूत गदा अति भारी, तुरत आधिरथि ऊपर डारी ॥२५

परत करन बानन सौं मोरी, उलटि षौन सुत ऊपर दौरी ।
हन्यो सूत अरु केतु गिरायो, ता लषि भीम अतहि अनषायो ॥२६

तजि पुनि करन बान अनियारे, चारहि भीम तुरंगम मारे ।
हत हय रथ तजि भीम पलायो, तुरत नकल रथ ऊपर आयो ॥२७

पुनि द्विजवर कपिकेत अदीना, लरे चित्र रन मैं परबीना ।
क्षिप्र हस्त गुरु सेवक दोऊ, मारत समर न हारत कोऊ ॥२८॥

देषि देषि उनकी निपुनाई, साधु साधु सब कहै लुगाई ।
छोरि समर पांडव कुरु वीरा, लगे ताहि देषन धरि धीरा ॥२९॥

जो जो बान द्रोन पुनि छोरे, ताहि ताहि अरजन हसि तोरे ।
जब अरजन सर जित्यो न जाई, रची द्रोन तब अस्त्र लराई ॥३०

दिव्य अस्त्र जो द्रोन चलाए, सो हसि अरजन तुरत हटाए।
लषि निज सेवक बल उतना ही, भूप द्रोन हुलस्यो मन मांही ॥३१

लषि निज सिष्य समर सरसान्यो, द्रोन बडो आपुन को जान्यौ।
देषनहार दसहि दिस षरे, दुहनि सराहत आनँद भरे ॥३२॥

स०—देषे हमै रन दैवत आसुर मानुष और अनेकहिं भारे।
ऐसो न देष्यौ सुन्यौ न कहूँ गुरु शिष्य जहां लरहै अनहारे ॥
देषि परे न बिसेष कछू उनको सर कोरत ही अनियारे।
कौन सके उन की समता करि जो रन जाइ कहूं नहि हारे ॥३३॥

करि कै तन दोइ सदा शिव जो रन मैं पुनि आप सों आप लरैं।
उपमा इन की तब होइ संपूरन लोक में और कहीं न परैं ॥
धनुवेद को भेद भली विधि जानत क्यौं इन सों अरि और अरे।
यह चाहे तो एक घरी महि लील सौं तीनहि लोक संहार करै ॥३४

दो०— यौं परछन्न प्रकास नृप, भूत सकल उहि ठांहि।
लषि अद्‌भुत बल दुहुनि कौ, समर सराहत ताहि ॥३५॥

भूपति अति पुनि कोप करि, भूसुर पति मति मानि।
ब्रह्म अस्त्र परगट करचौ, अरजन वध मन आनि ॥३६॥

धरन धरन धर तरु सहित, कांपि उठी उहि काल।
बह्यो बिषम मारुत भए, क्षुभित पयोनिधि ताल ॥३७॥

डरे लोक सिगरे षरे, लषि द्विजकर वह बान।
प्रलै होत जान्यो तबै, मुष दुति भई मलान ॥३८॥

ब्रह्म अस्त्र छूटत निरषि, अर्जुन समर सुचेत।
वही अस्त्र ता पर तज्यो, परे समित द्वै षेत ॥३९॥

साधारन रन दुहनि कौ, भयो भूप पुनि घोर।
छयो गगन सर जाल सौं, भ्यो घन तम उहि ठौर ॥४०॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
द्रोणार्जुनयुद्धवर्णनं नामैकोनषष्टितमोऽध्यायः।

साठवाँ अध्याय

सञ्जय उवाच

दो०— नृप पुनि दुःसासन लरयो, ढीठ दुमन सों जाइ।
किये बिमुष तुअ सुत छिनक, उहि सर तीषन लाइ ॥१॥
जीति दुसासन को तुरत, ढीठ दुमन बलवान।
दौरि पहूँच्यौ द्रोन कौ, अरजुन को हित मान ॥२॥
कृत बरमा करि कोप अरु, तुअ सुत सोदर तीन।
आइ पृषद सुत सौं अरे, शस्त्र अस्त्र परबीन ॥३॥
पाछे ढीठ दुमन्न के, ताके राषन हार।
गए नकुल सहदेव पुनि, छोरत बान हजार ॥४॥
चार तिहारे तीन वह, लरे धर्म रन ठानि।
चाहत जय अथवा स्वरग, क्यौंहू गनत न हानि ॥५॥
नगर लिप्त अस्थिक अशुचि, नूकरनि नालीक।
धरत सकल रिजु शुद्ध सर, चाहत जस गनि नीक ॥६॥
चारहि पांडव दुहनि सौं, रहे अटक तुअ सूर।
या महि दौरयो द्रोन पर, ढीठ दुमन बल भूर ॥७॥
ढीठदुमन को द्रोन पर, आवत लषि कुरु भूप।
दुरयोधन दौरयो तुरत, बरसत शर अहि रूप ॥८॥
ता कौ ता छिन तुरत हौ, मिल्यौ सातकी आइ।
हसत हसत दोनों जुरे, कुरु यदुलाइक धाइ ॥९॥

[वीरविलासः

तुअ सुत पुनि सिनि पूत कौ, कहन लग्यौ यह बात।
निंदत अपने धर्म कौ, या महि सज्जन घात ॥१०॥

क्रोध लोभ अरु मोह धिक्, धिक् बल छत्रिय रीत।
धृक् अमर्ष या महि सषे, लरत मरत हैं मीत ॥११॥

तूं मम प्यारो प्राण सम, मैं तुमरो जिय तूल।
दोऊ मीत बालकहु ते, रहे सदा अनुकूल ॥१२॥

सिमरो हम तुम जो करी, षेल बालपन मांहि।
सो अब सब जीरन भई, लगे लरन इहि ठांहि ॥१३॥

ऐसे सुनि सातकि हसत, लै कर तीषन बान।
कह्यो भूप तुअ पूत कौ, बचन सूर सुषदान ॥१४॥

यह नृप भूप सभा नहीं, ना गुरुदेव निकेत।
जहाँ षेल हम तुम करी, अब रन लरहुँ सुचेत ॥१५॥

दुर्योधन उवाच

चौ०-कहाँ गई वह षेल हमारी, करी बालपन मैं सुषकारी।
कहा आज यह बनी लराई, काल पलट कछु कह्यो न जाई ॥१६॥

सात्यकिरुवाच

क्षत्र धर्म यह वेद उचारै, जहां सूर गुरुजन कौ मारै।
ताते जो मैं हौं तुअ प्यारो, तो सर तजहु तुरत अनियारो ॥१७॥

तुअ सर हत सुरलोक सिधारौं, मीतन सौं अपनो प्रन पारौं।
जो कछु है रन सक्त तिहारी, सो अब मोह दिषावहु सारी ॥१८॥

यौं कहि सातकि तुरत रिसायो, तुअ सुत ऊपर सरझर लायो।
उनि सर तीषन ताकहुँ छोरे, दुहनि दुहनि के साइक तोरे ॥१६॥

पुनि षुरप्र इक तुअ सुत छोरचौ, बान सहित सातकि धनु तोरचौ
और धनुष सिनि पूत लियो कर, साइक पात तजी तुअ सुत पर ॥

कटी परत सर तुअ सुत पाँतहि, कह्यो साधु तब लोक बरातहि।
हेम पुंष सिलिधौत तिहत्तर, सातकि कौ पुनि तजे निसितसर ॥२१

तब माधव करि कोप अपारहि, तजी सुजोधन पर सर धारहि ।
कट्यो धनुष तन सकल पिरायो, तुअ सुत आन यान महि आयो ॥

भई भूप पुनि दुहनि लराई, भूतल गगन रहे सर छाई ।
भयो प्रबल तामहि यदुबीरा, तजत निसत चहुँ ओर हि तीरा ॥२३

सूत पूत लषि ताहि रिसायो, तुअ सुत राषन हेत सिधायो ।
तब करि कोप भीम उहि आयो, तुरत करन बाननि सौं छायो ॥२४

ता कहुँ बान करन हँसि छोरे, बिध्यो सूत धनु साइक तोरे ।
कर गहि भीम गदा पुनि भारी, दौरि करन रथ ऊपर डारी ॥२५

इकु रथ चक्र धनुष धुज सारथि, किये छार रवि सुतके पारथि ।
एक चक्र स्यंदन महि ठाढो, करन अकंप सैल जनु डाढो ॥२६॥

सूरज कौ तनु ता कौ याना, धरयो भूप चिरकाल किक्याना ।
करि अमर्ष तब करन उदारा, बरसन लग्यौ विविध सरधारा ॥२७

कह्यो बचन तब पांडव राई, मत्स पंचालन कौ इमि भाई ।
यौ मम सीस प्रान सम प्यारे, अरे अरनि सौं सूर हमारे ॥२८॥

तुम ह्वै मूढ कहा इत ठाढो, जाहु लरहु करि कै चित गाढो ।
क्षत्र धर्म करि कै सब आगे, लरहु तुरत पातक सब भागै ॥२९॥

हरिगीतिका—यौं लहि धर्म भूप की सासन चार भाग कर सैना ।
मत्सपंचाल द्रोन पर दौरे कोप अरुन करि नैना ॥

एकत भूप सकल पंचालहि लगे लरन द्विजवर सों ।
एकत पुनि पांडव दल तीनहि कौरव सूर निकर सौं ॥३०॥

संजय उवाच

भयो भूप पुनि पंचम दिन मैं बीर बिनास महाई ।
कियो कदन पंचालन हूँ को द्विजवर अति हि रिसाई ॥

दिव्य अस्त्र तजि मत्स पंचाला किये छीन छिन मांही ।
तेज तपत द्विजवर को ता छि[illegible] कोउ नाहीं ॥३१॥

[वीरविलासः

भये भीत पांडव लषि चौबिध सैन संहार समर मैं।
होत गौन अपना पुनि जान्यो निहचे काल नगर मैं॥
तज जय आस कहन सब लागे भूप परसपर ऐसे।
सकै जीत अरजुन नहिं जा कौ आज बचें हम कैसे ॥३२॥

देषि भीत अति पांडु सुतन कौ पीडित द्रोन सरन सों।
वासु देव उन को हितकारी लग्यो कहन अर्जुन सों॥
मीत द्रोन रथ यूथप यूथप रन कोविद अरि घाइक।
सस्त्र सहित जीत्यो नहिं जाई लरे जदपि सुर लाइक ॥३३॥

न्यस्त सस्त्र या कौ पुनि रन मैं मनुज मरूकरि जीतै।
छोर धरम याके बध कारन करहु योग निरभीतै॥
नातर मीत बचत नहिं कोऊ याते आज समर मैं।
होत पात ब्राह्मन के मारे यौं तुअ चित मत भरमैं ॥३४॥

द्रोन अश्वथामनि के मारे जानहु छिनक न लर है।
हत अश्वत्थाम कहो कोउ या सों सुनि यह सस्त्रन धर है।
माधव को यह मत बिन अर्जुन भूप सबन मन भायो।
बडे कष्ट सों भूपति मान्यो अध्नरम ते डर पायो॥३५॥

तब नृप जाइ तुरत तुअ दल मैं भीमसेन बलवाना।
कुंजर एक गदा सों मारचो अश्वथाम अभिधामा॥
इंद्रबरम मालव नरपति को हुतो ष्यात वह हाथी।
सैल समान देह अति ऊंचो शत्रु सेन परमाथी॥३६॥

ता हनि भीम सलज जनु ता छिन आचारज ढिग आयो।
हत अश्वधाम सबद यौं ऊँचे ताको जाइ सुनायो॥
द्रोन पूत समनाम दुरद हनि झूठो बचन उचारचो।
सुनि कटु भीम बचन अति दारुन द्रोन सोक उर धारचो॥३७

भयो सिथिल तन द्विजवर मन मैं ज्यौं सैकत जल मांही।
सिमरि स्वसुत परभाव बचन वह गन्यो सांचकर नांही॥

धरि धीरज द्विजराज तुरत पुनि ढीठदुमन पर धायो।
भूपति ता बध हेत सुतीषन बान सहस्र चलायो ।।३८।।

बीस हजार पंचाल महारथ आचारज पर धाए।
चहूं ओर करि सोर सुतीषन बान जाल बरसाए ।।
ज्यौं घन छन्न दिवस कर ता छिन छयो बान द्विज देष्यौ।
छिन महि छार बान वह कीने द्विज करि कोप विसेष्यौ ।।३९

ब्रह्म अस्त्र तब ब्राह्मन छोरचो पंचालन वध हेतहि।
अंग अंग युत भूषन काटे लगे परन बहु षेत हि ।।
बात भग्न पादप जनु देषे हय गज परत धरन मैं।
बीस हजार पंचाल पलक महि भए छार सब रन मैं ।।४०।।

धूम रहित पावक जनु सो है ता हनि द्रोन सुदारुन।
षट सहस्र सृंजय पुनि मारे अयुत अयुत हय बारन ।।
हनै मत्स पंचासत काट्यो सिर वसुदान नृपति कौ।
यौं विध कुपित हमैं तब देष्यो द्विजवर धाम सुमति कौ ।।४१

ता लषि नास करत छत्रिन कौ रिष मुनि गंध्रप सुरगन।
भारद्वाज गौतम अरु कश्यप अत्रि वसिष्ठ तपोधन ।।
विश्व मित्र जमदग्नि गर्ग मुनि बालषिल्ल तप भारे।
ब्रह्मलोक द्विजवर गति चाहत ता ढिग तुरत सिधारे ।।४२।।

कह्यो सबनि अधरम रन कीनो द्रोन तुम्है अविचारो।
जो यह तज्यौ अजानत ऊपर ब्रह्मशस्त्र अति भारो ।।
भयो काल अब पूरन तुमरो सास्वत मग पग धारहु।
ऐसो सरम बहुरि मत करिए शस्त्र सकल भुअ डारहु ।।४३।।

द्रोन मीच तुमरे धिग आई अब कछु बिलम न कीजै।
सो पुनि क्यौं हू टरत नहिं टारी योग युगत चित दीजै ।।
यौं सुनि द्रोन बचन मुनि जन कौ भीम बचन चित करिकै।
ढीठदुमन आगे लषि ठाढो भयो विमन दुष धरि कै ।।४४।।

तबै द्रोन यह मतो बिचारचौ है तप सुत सत भाषी ।
पूछो ताहि अहत हत वा सुत वही हमारो साषी ॥
इन पुनि झूठ कबहूँ नहिं बोल्यो बालक लगि अबताई ।
ताते तप सुत पूछन लाइक और सकल दुषदाई ॥४५॥

समझि कृष्ण यह मत द्विजवर कौ कह्यो नृपति को बैना ।
जो दिन आध और द्विज लरहै बचै न नृप तुअ सैना ॥
अब मन मांहि करी द्विज नाइक चाहत धरन अपारथ ।
ताते एक बचन कहि झूठो करहु भूप परमारथ ॥४६॥

शस्त्र सहित जीत्यो नहिं जाई द्विजवर समर प्रबीना ।
बिन अश्वथाम हनै नहि छाडौं सस्तर इन प्रन कीना ॥
सो तुम आजु सबनि कौ राषहु झूठो बचन उचरि कै ।
हत असुथाम कहो जब बूझै भूप धीर चित धरि कै ॥४७॥

झूठ कहत पातक नहिं लागै जीवत राषन हेत हि ।
कह्यो बेदमहि निहचे जान हु कारज करहु सुचेतहि ॥
यौं बिध कहत दुहुनि के ता छिन भीमसेन ढिग आयो ।
सुनि उपाइ ब्राह्मन बधहूँ कौ नृप यह बैन सुनायो ॥४८॥

इंद्र बरम मालव नर पति कौ अश्वथाम अभिधाना ।
कुंजर आजु हमै इकु मारचो दुर्धर सैल समाना ॥
ता हनि जाइ कह्यो द्विजवर सौं हमै हन्यौ असुथामा ।
लरत बचन हमरो गनि झूठो द्रोन तेज बल धामा ॥४९॥

कहत कृष्ण हमरो हितकारी मानहु नृप अबिचारहि ।
हत अश्वथाम कहौ तुम द्विज सौं पूछे समर मंझारहि ॥
साच बैन तुमरो यह मानत तुम प्रसिद्ध सतभाषी ।
यौं सुनि भूप कहन मन धारचो होनी जात न राषी ॥५०॥

कह्यौ भूप द्विज ने जब पूछचो हत अश्वथाम प्रगट ही ।
कुंजर सबद कह्यो पुनि नीचै तदपि धर्मकछु घट ही ॥

भूप यान चतुरंगुल ऊँचो पहिले हुतो धरन तें।
सो तब चलन धरन महि लाग्यो ताके झूठ बचन तें ॥५१॥

सुनि द्विजराज बचन तप सुत कौ अति सुत सोक सँतायो।
तजी भूप जीवन की आसा रिषी बचन मन आयो ॥

देषि द्रुपद सुत को रन ठाढो भयौ बिकल मन मांही।
घटयो तेज बल बीरज ता छिन द्विजवर कौ उहि ठांहीं ॥५२

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
द्रोणयुद्धवर्णनं नाम षष्टितमोऽध्यायः ।

इकसठवां अध्याय

सञ्जय उवाच

हरिगीतिका—पुत्र सोक व्याकुल लषि ताको ढीठदुमन ढिग आयो।
सरप समान बान सित छोरत द्रोन अधिक संतायो ॥
द्रोन हनन कौ धनु सौं जोरयो और घोर इकु बाना।
जुरयो धनुष सौ ज्यों परिवेषी सूर लष्यो वह बाना ॥१॥

ता सर देषि द्रोन ढिग आयो अपनो काल बिचारयौ।
तदप जतन करि कै वह साइक तजि सर तीष निवारयौ ॥
कटे केतु धुज ढीठदुमन के सारथि धरन गिरायौ।
लै उनि और धनुष द्विज के उर इक सर तीष लगायौ ॥२॥

ता सर विद्ध द्रोन पुनि ताको धनुष भल्ल सौं तोरयो।
गदा षड्ग बिन आयुध सिगरे कटे तुरत रथ फोरयो ॥
नृप सुत को जिय धाइक साइक बडो कोप करि छोरे।
तुरत ता हि छिन आनि गडाए ता घोरन सों घोरे ॥३॥

रले भूप रन मांहि दुहन के सेत सोण हरि सो हैं।
बारि वाह जनु सारद गाजत बिजुरी युत नभ जो है ॥
ईषबंध रथ बंधन चक्कर बंध कटे इक बारहि।
ह्वै रथ हीन गदा लै धायो द्विज कौं द्रुपद कुमारहि ॥४॥

तजि सर तीष गदा वह दारुन द्विजवर कटी परत ही।
ता हि देषि नृप नंदन कूद्यौ लै असि चरम तुरत ही ॥

जाइ द्रोन रथ ऊपर ठाढो करत षड्ग मग देष्यो।
देषन हार सकल लषि ताको सिछ्याभ्यास बिसेष्यो ॥५॥

तजि सहस्त्र साइक द्विज काटे ताके चरम कृपाना।
हुते द्रोन के पास निसित अति वै ढिग योधीबाना॥
बिन कृप कर्न द्रोन कपिकेतन सिनिनंदन परदुम्मन।
औरु पास वह साइक नांही हुते अवर ढिग अभिमन ॥६॥

लै सर और घोर पुनि द्विजवर सिष्य हनन कौं छोर्यो।
आवत करन सुयोधन देषत वै सर सातकि तोर्यो॥
ग्रस्यौ द्रुपद सुत द्विज वर हूं ने सातकि आइ छुडायो।
फिरे करत रथ मंडल माधव द्रोन करन मध आयो ॥७॥

ता लषि भूप सराहन लागे अरजन अरु गिरधारी।
होइ मुदित कपिकेतन हरि कौ पुनि यह बात उचारी॥
देष कृष्ण यह सिक्ष हमारो सूरन मांहि लरत है।
देषि देषि याकौ रन बिक्रम मो मन हर्ष धरत है ॥८॥

देषि करम यह सातकि हूँ कौ भूपति तनय तिहारे।
ले कर साथ सेन अति भारी ता पर तुरत सिधारे॥
तब हि जुधिष्ठिर भूप वृकोदर माद्री सुत बलवाना।
तीषन बान तजत उहि धाए लियो राषि युयुधाना ॥९॥

मच्यो समर पुनि घोर परस पर भयो सोर अति दारुन।
लगे परन हत बान धरन मैं हय गज रथ नर बारन॥
दिव्य अस्त्र अरु सस्त्र कुरुन कै सातकि तुरत निवारे।
कौरव सेन करी सब घाइल तजि तजि सर अनियारे ॥१०॥

हाथ सीस धनु छत्र धुजन के पुंजन सौं भुअ छाई।
सरन बिद्ध पुनि सेन दुहन के भगे लोक अकुलाई॥
ठौर ठौर इहि भांति निहार्यौ सेन परी हत धरनी।
भई भूप रन भूम भयानक मो पै जात न बरनी ॥११॥

वर्तमान लषि यौं रन दारुन ता छिन पांडवराई।
कह्यो बचन निज सूरनि हूं कौ भली भांत समुझाई।।
सब जुरि द्रोन अचारज ऊपर जाहु तुरत रन हेतहि।
यथा सकत या वध चाहत नृपसुत लरत सुचेत हि।।१२।।

यौं लहि धरम नृपति की सासन सबै द्रोन पर धाए।
धरे हाथ हथियार अपारहि हटे न नेकु हटाए।।
ताहि देषि अति बेगहि आवत भर्यो कोप द्विजराई।
ठानि मरन रन मैं तब नीको गयो ताहि पर ध।।१३।।

कियो गौन जब द्रोन अरिन पर कांपि उठी नृन धरनी।
वहै बात निरघात सहित ही छयो धूर सौं तरनी।।
परी उलक रवि मंडल हूं ते डरी सकल तुअ सैना।
उठी अगन हथियारन मांही ढर्यो सलिल हरि नैना।।१४।।

फुरे अंग भय सूचक सगरे छुट्यो तेज द्विजवर कौ।
देषि द्रुपद सुत कौ पुनि आगे भयो भूप उर धरकौ।।
सिमर बचन सतवाददि रिषिन के सुर पुर गमन विधाइक।
धर्म जुद्ध सों प्रान तजन कौ कियो जतन द्विज नाइक।।१५।।

लग्यौ फिरन चहुँ ओर हनत हीं द्रोन द्रुपद की सैना।
लाष सूर छिन मांहि सिंहारे तजि तजि साहक पैना।।
देषि बिरथ पुनि ढीठ दुमन कौ ता ढिग भीम सिधायो।
आयुध हीन दीन ही ठाढो निज रय आन चढायो।।१६।।

कह्यौ भीम यह द्रोन अचारज तो बिन हन्यो न जाई।
हमैं भाग तुमरो यह कीनो करहु काम सुषदाई।।
द्रोन हनन महि बिलम न कीजै नृप नंदन रन मांही।
यौं सुनि ढीठ दुमन रथ चढिकै तुरत समर अबगाहीं।।१७।।

ब्रह्म दिव्य अस्तर तजि भूपति अरु अगनित सर तीषन।
सेन सहित द्विज नाइक छायो करि करि हरिरव भीषन।।

तब करि कोप विप्रवर ताको तुरत सरासन छेद्यो।
तजि तजि तीषन बान द्रुपद कौ पूत मर्म महि भेद्यो ॥१८॥

भीम सेन लषि पीडित ताकौ तुरत द्रोन ढिग आयो।
यौं करि कोप भूप द्विजवर कौ नीचे वचन सुनायो ॥
दया विप्रवर भूत निकर मैं बडो धर्म श्रुति भाष्यो।
ता कौ मूल विप्रजग माहीं, सो तुम्है चहियत राष्यो ॥१९॥

इक सुत हेत अनेक जियन को हने स्वपच जनु रन मैं।
अधरम सौ अब क्यौं न अचारज लाज धरत हौ मन मैं ॥
जाके हेत सस्त्र तुम धारे जाके हेत जियत हौ।
सो हत परयो धरम नृप भाषन क्यौं पुनि झूठ भनत हौ ॥२०॥

स०–यौं सुनि भूप दरोन अचारज ता छिन बेग सरासन डारयौं।
छोरे चहै हथयार सबै यह बैन महारज मांहि उचारयौ ॥
मैं अब छोरत हौं हथयार चहे तुम को संगराम सम्हारयौ।
मैं दुरजोधन बासर पांच भले लरि तुम सौं प्रन पारयौ ॥२१॥

दो०—
पांडु सुतन को होहु शिव, छोरत हौं हथियार।
यौं कहि ऊंचे सस्त्र सब, छोरे समर मंझार ॥२२॥
छोरि सस्त्र द्विजबर तबै, बैठ रह्यो रथ मांहि।
अभय देत सब जियन कौ, योग युक्त मन मांहि ॥२३
ढीठ दुमन लहि छिद्र वह तजि रथ मैं धनु बान।
कूप परयो द्विजराय पर, लैकर तुरत कृपान ॥२४॥
त्यौं गति देष दुहुन की करयो सबन हाहाकार।
धृग धृग नृप सुत कौ कहै, नृप सब देषन हार ॥२५॥

स०–धरि ध्यान हिये पर पूहष हूँ कौ रह्यो द्विजराज समाध लगाइकै।
करि के थिर इंद्रिन कौ दृग मीलत आनन नेक धरयो है उठाइकै ॥
इक अक्षर ब्रह्म ओंकार उचारत नाक चढयौं अति आनंद पाइकै।
द्विज पुंजव के मुष तै उढि अंबर जोति गई हम कौ बिसामाइकै ॥२६

दो०— हरषित ह्वै सुरगन करचो, तबै किलकला सोर।
गौन करत लषि ब्रह्म पुर, द्रोन विप्र सिरमोर ।।२७।।

लष्यौ पंच मनुजनिहि मैं, भूसुर सुरपुर जात।
मैं हरि अरजन धरम सुत, द्विजसुतहूँ ने तात ।।२८।।

ब्रह्म भुवन गति बिप्रवर, महिमा परम अनून।
रहे सकल देषत षरे, लष्यौ और किन हूं न ।।२९।।

मौनी सोणित सिक्ततन, त्यक्त सस्त्र सर भिन्न।
द्विजवर सिर पुनि षड्ग सौं, करचो द्रुपद सुत छिन्न ।।३०।।

ताहि समै अरजन कही, ढीठ दुमन सौं बात।
आनहु जियत अचारज ही, करिये मत तन घात ।।३१।।

मत मारहु मत मारहू, सब जन कह्यौ पुकार।
तद्यप कटचो सिर द्रोन कौ, कोप बडो उर धार ।।३२।।

हनि दुज कौ नृप सुत करचो, हरषित ह्वै हरि सोर।
सूरज जनु भूतल परचौ, रथ तै द्विज सिरमोर ।।३३।।

पलित सकल कच स्याम तन, बयक्रम पांच असीस।
बरस लरचौं तुम हेत नृप, ज्यौं जुवान निरभीत ।।३४।।

स०—यौं विध भूप हन्यौ द्विजराज परचौ भुअ मैं सब हूँ ने निहारचौ।
ले सिर ताहि को ढीठ दुमन्न तबै तुअ सेन के मध्यहि डारचौ ।।
ता लषि द्रोन को सेन सबै डर पाइ बडो रन छोरि सिधारचौ।
कौरव चैन लहे न कोऊ पुनि ता छिन सोक बडो उर धारचो ।।३५।।

दो०— पांडब लहि जस जीत रन, हरि रव धनु टंकार।
लगे करन अति मुदित ह्वै, नचि नचि समर मंझार ।।३६।।

ठीढ दुमन अरु भीम गर, लगे परस्पर धाइ।
ह्वै हरषित नृप पूत कौ, कह्यौ भीम इम भाइ ।।३७।।

बहुरचो मीत अमीत हनि, करन सुयोधन आद।
यौं हि तुअ गर लागिहों, हरषित कर हरि नाद ।।३८।।

यौं कहि भीम कर्‌यो तबै, बाहु शब्द अति घोर।
कांपि उठी भुअ सैल युत, भागे कुरु करि सोर ॥३६॥

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
द्रोणवधो नाम एकषष्टितमोऽध्यायः।

वासठवां अध्याय

सञ्जय उवाच

चौ०–भूपति तव द्विजवर के मारे, भए सकल कौरव दुषियारे।
बिलष बदन दृग नीर बहत है, भरे त्रास अति सोक धरत है ॥१॥
हत उतसाह तेज बलहीना, गत जिय आस भए सब दीना।
जुरि सब तुअ सुत के ढिग आए भग्यौ चहत रन तैं अकुलाए ॥२॥
सेन सहित तुमरे सरदारा, चले समर तजि लषि द्विज मारा।
अरचज भयो सकल जन कहै, भूप कोऊ तब चैन न लहै ॥३॥
भई धूप भूपति अति डाढी, भूष प्यास सब कौ पुनि बाढी।
ताते अति रन व्याकुल भए चले छोरि रन सोक संतए ॥४॥
सूर सकल दुरजोधन आदिहि, भगे भीत हिय धरत विषादहि।
रथ गज तुरग कबच हथयारा, छोरि सबनि भागन मन धारा ॥५॥

दो०– बापन कौ तजि सुत चले, पूतन कौ तजि बाप।
भ्यो प्यारो तब सबनि कौ, भूपति अपनो आप ॥६॥

चौ०–द्रोन पुत्र पुनि समर उदारा, हुतो लरत कहिं न्यारहि न्यारा।
ता छिन नृप उहि ठौर सिधायो, सेन देषि भागत बिसमायो ॥७॥
गयो तुरत तुअ सुत के नेरे, छुभित सकल तुमरो दल हेरे।
दुरजोधन को पूछन लाग्यो, क्यौं तुअ सैन भूप यह भाग्यौ ॥८॥
तू पुनि क्यौं ठहरावत नांही, कहा सोक तुमरे मन मांही।
कहो सकल मोसो समझाई, क्यौं करि हारी तुम्है लराई ॥९॥

जानत हौं तुमरे सिरदारा, कोऊ आज संगर मैं मारा।
यौं विध सेन कबहुँ नहिं भागी, रही लरत तुअ हित अनुरागी ॥१०

यौं सुनि द्रोन तनय के बैना, ढरचो सलिल दुरजोधन नैना।
अप्रिय बचन सके कहि नाँही, भयो सोक व्याकुल मन मांहीं ॥११

तब अति सोक सहित कृप बोल्यो, ज्यौं द्विजराज समर महिं डोल्यो।
सुनो बहिनि सुत जो कछु बीत्यौ, अधरम सौं पांडव रन जीत्यौ ॥१२

भयो प्रबल अति द्रोन समर मैं, बहुत पठाए अरि जमघर मैं।
ता लषि पांडव को जदुराई, अधरम की यह बात बताई ॥१३

द्रोन समर कोविद अरिजेता, जीत्यो जाइ न सस्त्र समेता।
ताते कोऊ याके ढिग जाबहु, झूठहि हत असुथाम सुनावहु ॥१४

होत अधरम संक मत करिए, ज्यौं ज्यौं लोकन को हित करिए।
सुनि सुत मृत यह सस्त्र न धरहै, काज सकल तुमरे तब सरहै ॥१५

ता छिन यह यदुवर की बानी, बिन कपिकेत सबनि हित मानी।
भूप धर्म संकट महि आयो, कृष्ण मरूकरि ताहि मनायो ॥१६

गंज असुथाम नाम इक मारचो, भीम द्रोन ढिग जाइ पुकारचो।
हत असुथाम कहा अब लरहौ, काके हेत सस्त्र पुनि धरहौं ॥१७

झूठ मानि उन तप सुत बूझ्यौ, सत्य वचन बादी वह सूझ्यौ।
हत असुथाम कहो नृप ऊंचे, कुंजर सब्द उचारचौ नीचे ॥१८

दो०— यों सुनि भूपति कौ बचन, द्रोन सूर सरदार।
रह्यो समाधि लगाइ कै, छोरि सकल हथियार ॥१९॥

चौ०-ढीठ दुमन तब तापर धायो, काढि तुरत समसेर चलायो।
ताकौ सब जन होरत रह्यो, जीवत आन अरज्जन कह्यो ॥२०॥

काहू कौ उन कह्यो न मान्यो, देषत द्रोन मीच बस आन्यो।
ताते भागत सेन हमारी, हत उतसाह सोक अति भारी ॥२१॥

सञ्जय उवाच

दो०— भूपति यौं विध सुनत ही, द्रोन गौन सुरधाम।
गूढ चरन जनु चरन हत, भयो कुपित असुथाम ॥२२॥

चौ०–हाथ सों हाथ दसन सों दंदा, पीसन लाग्यो अधिक रिसवंता।
सुनि द्विजराज कपट सों मारयो, बढ्यो सोक दृगजल भुअ डारयो
तब असुथाम अतिहि दुष लागे, लग्यो कहन दुरयोधन आगे।
जानत हौ नृप बाप हमारो, न्यस्त सस्त्र धृत ध्यान उदारो ॥२४॥
इन छुद्रनि करिके छल मारयो, अधरम धरम कछू न विचारयो।
जीत हार रन होत सबन को, नीत मुए दुष होत न मनकौ ॥२५
बीर लोक पहुँच्यौ द्विज नाइक, ता कौ सोक न करिवे लाइक।
तदपि न जो हम ता रिन हर है, पुत्र चाह जग क्यौं पुनि कर है॥
पाप कर्म द्रूपद सुत कीनो, जीवत हौं तृन सम नहिं चीन्हो।
झूठ बचन कहि पांडव राई, दिए तुरत हथियार छुराई ॥२७॥
मैं अब ना अधर्म तैं डरौं, भूपति धरन अपारथ करौं।
सपथ करौं अब तुमरे आगे, इष्टपूर्त फल हाथ न लागे ॥२८॥

दो०— जो न पँचालन सबन को, हनो न तजि सित बान।
भूपति सांची जानिए, तौ नहि धरौं परान ॥२९॥

चौ०–ज्यौं त्यौं ढीठदुमन को मारों, सकल पँचालन कौ भुअ डारों।
कल न परत मुहि चित बिन हनै, इही हेत जग पूतनि जनै ॥३०॥
जीवत मोहि बाप दुष पायो, ज्यौं अनाथ सुरलोक सिधायो।
धिग मम बल पौरष हथयारा, या कौ बाप केस गहि मारा ॥३१॥
सो मैं भूप करों अब तैसे, होवौं अरिण बाप सौं जैसे।
आरज पुरुष न आप सराहै, जो मन धरै सोइ निरबाहै ॥३२॥
तद्यप मैं निज बीरज कहौं, बाप मरन क्यों हू नहि सहौं।
सेन संहार प्रलय जनु करि हौं, काल रूप रन मैं नृप धरि हौं ॥३३
कृष्ण सहित पांडव अब देषहिं, हमरो बल लघु हस्त विसेषहिं।
तीन लोक ऐसो कोउ नांही, लरे आजु मो सों रन मांही ॥३४॥
पावस घन जनु सर बरषावौं, देषहु दसनि दिसन को छावौं।
निहचै आजु हनौं अरिजन को, ज्यौं प्रचंड समीर तरुन कौं ॥३५॥

अस्त्र बडो मो ढिग इकु रहै, ताको भेद कोऊ नहिं लहै।
भूपति पुनि इनके दल मांही, कोऊ ताहि को जानत नांही ।।३६।।

दो०— पहिले बापहुने भज्यो, नारायन चितलाइ।
ता कौ देव प्रसन्न ह्वै, दीनो वर ढिग आइ ।।३७।।

चौ०-तो सम सूर और जग मांही, ह्वै है द्रोन समर कोउ नांही।
लेहु दिव्य यह अस्त्र हमारो, है अमोघ सब्र हूं ते भारो ।।३८।।
फिरत न बिन अरिजन को मारे, बचत न कोऊ अवध्य सँहारे।
समित होत सस्तर रथ छोरे, परै सरन अरु अंजलि जोरे ।।३९।।
यौं विध नारायण ते लीयो, मो को बाप दयाकरि दीयो।
पांडव केकय मत्स पँचालहिं, ता अस्तर तजि करों बिहालहि ।।४०
मैं पुनि जो जो अस्त्र धियावों, ताहि ताहि रन मैं बरसावौं।
ताते नारायण सर छोरों, अगनित सीस अरिन के तोरौं ।।४१।।

दो० - मित्र ब्रह्म गुरुदेव द्रुह, निजकुल कलुष अलाज।
द्रुपद पूत रन मोहि तें, जीवत छुटै न आज ।।४२।।

सञ्जय उवाच

भूप द्रोन सुत बैन सुनि, वौं विध तुमरी सैन।
लहि सहाइ भागत फिरे, धरचो सबनि मन चैन ।।४३।।

चौ०-भूप सबनि मिलि संष बजाई, बाजन लगे बजंत्र सुहाई।
थई मुदित सब सेन तिहारी, करत सिंह निस्वन भयकारी ।।४४।।
द्विज सुत सलिल आचमन लीनो, अस्त्र तजन कौ उद्यम कीनो।
घन गरजन जनु सोर अपारा, सुनि पांडव मिलि मंत्र विचारा ।।४

संजय उवाच

नारायण द्रोन तनूजहि, करचौ प्रगट जब करिकै पूजहि।
बह्यो पवन भूतल थरहरचौ, बडो छोभ उदधि महि परचौ ।।४६।।

छप्यौ धूर रबि भई अंधेरी, उलटि चलत सरिता जनु हेरी।
फूटे सैल सिषर उहि घरी, पांडु सैन मृग अपसव्य करी ।।४७।।
जो कोई लोक हुते उत षरे, देषि नरायण शस्त्र डरे।
कहा होत अब यौं नृप कहै, बढ्यौ त्रास मन चैन न लहै ।।४८।।

इति श्री महाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
द्रोणवधो नाम द्विषष्टितमोऽध्यायः ।

त्रेसठवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

चौ०–जब मम सेन द्रोन सुत फेरी, परी सूत रन मांहि अंधेरी।
ढीठदुमन के राषन हेतहि, कर्‌यो कौन मत पांडव षेतहि ॥१॥

सञ्जय उवाच

पहिले भजत देषि तुअ सेना, सुनि पुनि सोर अधिक भय देना।
धर्मराइ मन संसा पर्‌यो, अर्जुन को यह बैन उचर्‌यो ॥२॥

अर्जुन देष द्रोन भुअ पर्‌यो, औरव सेन सकल तब डर्‌यो।
भागि गयो बहुभांत बिहालहि, कहु पुनि किन फेर्‌यो ततकालहि ॥

हय गज यानन रन को सोरहि, सुनियतु ज्यौं दधि गर्जन घोरहि।
जानत हौं उत वासव आयो, करत कुरुन को समर सहायो ॥४॥

सुनि धुनि घोर दसहि दिस छ्यो, रौम हर्ष हमरे तन भयो।
भजत दीन कुरु किन ठहराए काको बल लहि अति हरषाए ॥५॥

अर्जुन उवाच

जाको पाइ सहाइ सुडाढो, गाजत कुरुदल रन महि ठाढो।
जाके जनम समै द्विजराई, दई द्विजन को दस सत गाई ॥६॥

अश्व शब्द जिन जन्म ते कर्‌यो, द्रोन नाम अश्वथामहि धर्‌यो।
जा को बाप हन्यो गहि केस, सो गाजत असुथाम नरेस ॥७॥

राज लोभ मन मैं तुम कर्‌यो, गुरुदेवन सों झूठ उचर्‌यो ।
जानि तुम्है नृप अधरम कीनो, अपजस बडो जगत महि लीनो ॥८॥

भूपति सकल धरम गति लहिई, है मम सिक्ष झूठनहिं कहिई ।
पूछे तुम यौं करि परतीतहि, कह्यो झूठ तुम ही निरभीतहि ॥९॥

उनि पुनि सस्त्र निकर भुअ डार्‌यो, नृप करि कपट तुम्है गुरु मार्‌यो
हौं पुनि होरि रह्यो बहु बारहि, ढीठ ढुमन नहिं कियो विचारहि

दो०— ताकौ सुत अश्वथाम यह, रन मैं गरज्यौ आइ ।
लियो समर ग्रसि द्रुपद सुत, भूपति लेहु छुराइ ॥११॥

चौ०—ताको राषि सकैं हम नाहीं, गुरुसुत अति कोप्यो रन माहीं ।
हमै पाप दारुन अति कीनो, मार्‌यो गुरु रन आयुध हीनो ॥१२॥

वै पुनि हम को सुत सम जानै, ज्यौं त्यौं नित हित हमरो ठानै ।
सो हम देषत ही अब हन्यो, कर्‌यी कपट पातक नहि गन्यौ ॥१३

हुतो द्रोन सबहूँ को धनी, मो सँग करै प्रीत अति घनी ।
सो करि कपट हमहि रन मार्‌यो, अलप राज सुष नित्य बिचार्‌यो

ताते बास नरक महि करि हौं, ताते भूप कबहु नहिं तरि हौं ।
हनि गुरुदेव पाप करि भारो, भले मरन रन मांहि हमारो ॥१५॥

सञ्जय उवाच

यौं सुनि बैन अरज्जन कहै, और सकल जन चुप ह्वै रहै ।
भीम कोप करि बैन उचर्‌यो, नृप कपि केतन निंदत कर्‌यो ॥१६

बन गत मुनि जनु बैन कहत हौ, त्रत्र धर्म की गति न लहत हौ ।
होत पाप यामैं पुनि घने, क्षत्रिन को यह कहत न बनै ॥१७॥

कौरव हम सों अधरम कीनो, कियो कपट सरबस हरि लीनो ।
आनी सभा द्रुपद की बेटी, पुष्पवती इक बसन लपेटी ॥१८॥

बरस त्रयोदश बन मैं बास, हम कौ दियौ कियौ जनु नास ।
सो दुष सकल हमै पुनि सहै, सिमरत हौं धरि धर्म हि रहे ॥१९॥

छत्र धर्म रन मैं अब धार्यो, लरत दरोन समर महि मार्यो।
अर्जुन अप्रिय बचन तिहारे, काटत है सब मर्म हमारे ॥२०॥

जदुवर पांडव सब गुन पूरे, है अरजन द्विज सुतते सूरे।
ताकी अस्तुति कहा करत हौ, क्यौं ताते भय चेत धरत हौ ॥२१॥

अपनी उस्तुत कहत न बने, यद्यप आप सुरनाइक बने।
फारौं धरन करौं गिरि छारहि, डारौं द्रुमकरि गदा प्रहारहि ॥२२

तीन लोक अपने बस ल्यावौं, बान जाल जब मैं बरसावौं।
अरजन यह बल जानि हमारो, द्विज सुत तै डर मत उर धारो ॥

अथवा देषहु सब तुम षरे, गदा विद्ध कुरु भूतल परे।
मैं अब एक सबनि सौं लरि हौं, छिन महि नास कुरुन को करिहौं ॥

सञ्जय उवाच

दो०— ता छिन भूपति द्रुपद सुत, अरजन कौ समुझात।
कहन लग्यौ नृप बचन पुनि, डरत डरत इहि भांत ॥२५॥

चौ०-अरजुन क्यौं मुहि निंद करत हौ अधरम ते तुम कहा डरत हौ।
पहिले द्रोनहि अधरम करचौ, छोरि धरम निज रन महि लरचो॥

श्रुति षट करम द्विजन को कहै, ता तजि द्रोन धनुष सर गहे।
ब्रह्म अस्त्र तजि मनुज अजानत, हने द्रोन सुधरम रन ठानत ॥२७

जो न लरत रन धर्म विचारे, दोष कहा ताके पुनि मारे।
मो को कह्यो तुम्है गुरु घाती, हुतो हमारो द्रोन अराती ॥२८

ता वध हेत द्रुपद धर लीनो, मैं अबतार पाप नहिं कीनो।
सो न विप्र क्षत्रिय पुनि नाहीं, जो करि कपट लरे रन लाहीं ॥२९

दो०— सो पुनि सकल उपाइ करि, क्यौं नहि मारन जोग।
ब्रह्म अस्त्र तजि जिन हने, अरजन यमरे लोग ॥३०॥

चौ०-औरन को तजि भ्रात हमारे, जिन करि कोप समर महि मारे।
जद्यपि ताको सिर कटि लयो, तद्यप मो मन तोष न भयो ॥३१

तातें निंद न करो हमारी, मैं निज शत्रु हन्यो दुष कारी।
अरजन हौं मैं स्याल तिहारो, राषत क्यौं नहि मान हमारो ॥३२

मो को बचन कटुक तुम कहै, द्रौपदि पीछे सब मैं सहै।
कुल क्रम आगत बैर हमारो, जानत है पुनि यह जग सारो ॥३३

ना तप नंदन झूठ उचर्‌यो, मैं पुनि पाप कछू नहिं कर्‌यो।
ताते तुम धरि धीरज लरौ, जीत समर मैं निजकर धरौ ॥३४

संजय उवाच

यौं सुनि ढीठ दुमन के बैना, चुप ह्वै रहे नृपति अरु सेना।
अर्जुन धृग धृग बचन उचार्‌यो, ढीठ दुमन करि कोप निहार्‌यो ॥३५

भूपति पांडव सलज भए जबै, सातकि पुनि यह बैन कह्यो तबै।
पुरुष नहीं कोऊ पास हमारे, जो या षल कौ तुरतहि मारे ॥३६

मूरष करत सब निंद तिहारी, ज्यौं पतितनकी विप्र अचारी।
पंचन मैं पुनि बैन कहत हौ, क्यौं न पतित तुम लाज धरत हौ ॥३७

नीच करम इक गुरुवध कीनो, दूजो उन को अपजस दीनो।
ताते है बध जोग तिहारो, तो सो सरत न काज हमारो ॥३८

फूटत क्यौं नहि जीभ तिहारी, होत सीस क्यौं नहिं सत फारी।
जो गुरु सीस केस गहि कस्यौ, होरि रहे सब तूं नहिं हस्यौ ॥३९

जो फिर मो ढिग ऐसी बानी, मूढ कहे गौ तू अभिमानी।
तो तुअ सीस गदा सौ दरिहौं, काहू की अब संक न करि हौं ॥४०

दो०— देषि पतित सब लोक यह, तुअ मुष पाप निकेत।
सूरज दर्शन करत है, पाप समन के हेत ॥४१॥

चौ०—यौं सुनि यादब की कटु बानी, ढीड दुमन मन मैं रिस आनी।
हसत हसत अरु अरुने नैना, लग्यो कहन सातकि को बैना ॥४२॥

धृष्टद्युम्न उवाच

पहले अपनी आप सम्हार हू, पाछे मोको परुष उचारहु।
तू नष नष पापन सों भर्‌यो, पाप करत पुनि क्यों नहि डर्‌यो ॥४३

जब भुज छिन्न प्रायगत हन्यौ, भूरिश्रबा तब पाप न गन्यौ ।
तुही मूढ पातकि सरदारा, लरत धरम सौ क्षत्रिय मारा ॥४४॥

मैं पुनि अधरम क्या अब कीन्हो, करत अधर्म सत्रु हनि लीनो ।
स्वपच करम तुम ही रन ठान्यो, भली भांत सब ही जग जान्यो ॥

आप पाप मूरत तुम बन्यो, क्यौं कटु बचन मोहु को भन्यो ।
ऐसो बचन फेर मत कहो, लषि अघ अपने चुप ह्वै रहौ ॥४६॥

जो जम नगर बिहारहिं चहौ, तो फिर मोकों यौं विध कहौ ।
कौन अधर्म किनहू नहि कीनो, भार तुम्है जो मो सिर दीनो ॥४७

सुनो सबन के पाप बषानों, मैं सब बात भली विध जानौं ।
ठग्यो भूप द्रोपदि कच गहै, परुष वचन पंचन मैं कहै ॥४८॥

छल करि पांडब अतिहि दुषाए, हरि सरबस वन मांही पठाए ।
अधरम मौ पुनि अभिमन मार्‌यौ, कौन धर्म कौरव उर धार्‌यो ॥४९

कौन धर्म पांडव रन गन्यौ, भीषम भूप जयद्रथ हन्यौ ।
यौं बिध पाप सबन बहु कीने, क्यौ सब भए धरम ते हीने ॥५०॥

मूढ धर्म की सूक्षम गत है, जाहि न पंडित लोक लहत है ।
ताते जुद्ध कुरुन सौ करौ, चाह पितर घर की मत धरौ ॥५१॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
सात्यकिधृष्टद्युम्नसंवादो नाम
त्रिषष्टितमोऽध्यायः ।

चौसठवाँ अध्याय

सञ्जय उवाच

चौ०-यौं सुनि सातकि उठ्यो रिसाई, सूँकत गूढ चरन की न्याई।
लै करि भूप गदा इकु भारी, ढीठ दुमन कौ बात उचारी ॥१॥

मैं न परुष अब बैन कहत हौं, देष तुरत तुअ सीस हरत हौ।
यौं कहि अंतक जनु युयुधाना, ता पर दौरचो अति बलवाना ॥२॥

ता लषि भीमसेन हरिमत सों, छिनमहि उतरि परचो भुअ रथ सों
तुरतहि जाहि भुजन महि आन्यो, तदपि न ताको पग ठहरान्यो ॥

भीमसेन अति ही बल लायो, मरुकरि षटपग मैं ठहरायो।
तब सहदेव कह्यो यह बैना, भूप सबनि कौ अति सुष दैना ॥४॥

दो०— परममीत है परसपर, यदु पांडव पंचाल।
ताते कोप न कीजिए, आपस मैं इहि काल ॥५॥

चौ०-सिनि पुंगव अति कोप न करिए, भूपति हेत छमा चित धरिए।
मैं पुनि गहौं दुहनि के चरना, करहु क्षमा करि मो पर करुना ॥६०

तब नृप द्रूपद सुत यौं भाषी, है यह जादव रन अभिलाषी।
भीम याहि कौ आवन दीजै, हमरो भुज बीरज लषि लीजै ॥७॥

याकी चाह समर महि डाढी, जीव सहित अब देषहु काढी।
तीषन बान गडों उर मांहीं, फिर अभिमान धरे रन नाहीं ॥८॥

दो० — याकौ सिर कटि सरनि सौं, डारौं रन भुअ बीच।
मानत मो कौ छिन्न भुज, भूरिश्रवा यह नीच ॥९॥

चौ०-है समरथ अर्जुन कुरु जेतहि, या सो काम सरत नहिं षेतहि ।
छोर भीम या सौ रन धारौं, यह मुहि हनै कि मैं इहि मारौं ॥१॥

सञ्जय उवाच

नृप सुत बैन सुनत युयुधाना, भयो कुपित धरि अति अभिमाना ।
छुटत न भीम भुजन महि आयो, क्रोध दुहनि को भयो सवायो ॥११

आइ कृष्ण तप सुत समुझाए, ढीठदुमन युयुधान रिसाए ।
पांडव पुनि नृप सब गुन भरे, लरन अरिन सों तुरत हि ढरे ॥१२॥

सञ्जय उवाच

सो०— द्विज नंदन धरि धीर, पांडव सेन घनो हन्यो ।
तुअ सुत कौ कुरुवीर, कहन लग्यौ तब बचन यह ॥१३॥

दुर्जोधन चित लाइ, परतज्ञा हमरी सुनो ।
पहले देहुँ बहाइ, अरि दल पाछे अरिन कौ ॥१४॥

जो इन हमरो बाप, रन महि मारचौ कपट करि ।
कीनो दारुन पाप, जो न कोई जग करि सकै ॥१५॥

ताते भूपति देष, पांडव दल अव भुअ परत ।
निज कुल काजर रेष, द्रुपद पूत क्यों हू न बचै ॥१६॥

जो न भगे रन मांहि, तो सब मारे जान यह ।
कहौं झूठ कछु नांहि, फेरहु अपनी फौज को ॥१७॥

सुनि द्विज नंदन बैन, मुदित भयो तुअ पूत नृप ।
फेरी सब निज सैन, करि करि केहरि नाद तब ॥१८॥

बहुरचौ द्वै दल आइ, जुरे युद्ध अति कोप करि ।
मो पै कह्यो न जाइ, जो तब रन कौतक भयो ॥१९॥

ठौर ठौर हरि सोर, संष भेरि अगनित बजे ।
उदधिन को जनु घोर, भयो सोर दुहुँ दलन मैं ॥२०॥

द्रोनतनय उहि काल, तज्यौ नरायन सस्त्र वह ।
तुरत कुपित जनु व्याल, बान पांडु दल मैं परै ॥२१॥

दस दिस साइक जाल, छाइ रहै रवि किरन ज्यौं।
लगे परन भुअ पाल, अगनित सस्त्र अकास ते ॥२२॥

लाग्यो होन बिनास, ता छिन पाँडव सैन को।
पांडव भए उदास, ताहि देष अद्भुत महा ॥२३॥

ज्यौं ज्यौं धरि धरि धीर, पांडव रिस करि करि लरे।
त्यौं त्यौं कौरव वीर, बढन लग्यौ अति सस्त्र वह ॥२४॥

भागी पांडव सैन, जरत सस्त्र की आगन सौं।
रह्यो न चित कछु चैन, त्रास धरम सुत कौ भयो ॥२५॥

स०-देषि उलेर अरज्जन की अरु भागत आपनी फौज निहारी।
ह्वै के उदास धरम्म नरेस महीपत यौं विध बात उचारी॥
जाहु घरे सिगरे सरदार न होत है कैसेहु जीत हमारी।
मैं पुनि सोदर साथ हि पावक में जरि होत हौं नाक बिहारी ॥२६॥

सो०— भागहु लै निज सैन, ढीठदुमन तुम सदन कौ।
सातकि जाहु सुषेन, तुमरो दोस कछू नहीं ॥२७॥

माधव समर सुचेत, ज्यौं ज्यौं आप बजाइगौ।
औरनि कौ सिष देत, क्यौं न करे हित आपनो ॥२८॥

भीषम द्विज संग्राम, सागर तरि पहले भले।
अब सब हम अश्वथाम, गोपद मैं बूढन लगे ॥२९॥

होहु संपूरन काम, अर्जुन को हमरे मुए।
जो कहि हत अश्वथाम, धर्मवंत द्विज मैं हन्यो ॥३०॥

स०—राषे नहीं हम जात अरण्य कौ देषि सभा जिन द्रूपद जाई।
पाप सौ पूत हन्यौ कपि केत को दीनि पंचाल की फौज बहाई॥
दिव्य हि बान अजानत ऊपर छोरि घनी जिन सैन जुराई।
पर उपकार किए जिन मो पर ताबध मो को भयो दुषदाई ॥३१

सो०— भूप तुरत जदुराइ, यौं विध तपसुत कहत ही।
रन मैं हाथ उठाइ, कह्यो बचन ऊँचे स्वरहि ॥३२॥

भागत मत अकुलाइ, तजहु सस्त्र बाहन सबै।
या कौ समन उपाइ, यही और नहि देषिए ॥३३॥

जो लर है इहि साथ, सो पुनि क्यौंहु बचे नहीं।
आयुध बाहन साथ, छोरि दिए कछु डर नहीं ॥३४॥

यौं सुनि भए षुसाल, माधव को हित कर बचन।
चह्यो त्याग ततकाल, सबन सस्त्र बाहननि कौ ॥३५॥

ता लषि भीम उदार, कह्यो बचन सब सेन कौ।
छोरहु मत हथियार, मैं बारहूँ या अस्त्र कौ ॥३६॥

मो भुज बीरज आज, देषहु सब रन मैं षरे।
अस्त्र निवारन काज, करौं प्रगट बल आपनो ॥३७॥

मो सम बल नहिं कोई, और जोति जनु सूर सम।
देषहु मम भुज दोइ, गज कर सम गिरि दरन यह ॥३८॥

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
नारायणास्त्रमोक्षो नाम चतुःषष्टितमोऽध्यायः।

पैंसठवां अध्याय

सञ्जय उवाच

सो०— यौ कहि भीम रिसाइ, गयो दौरि द्विज तनय पर।
केहर नाद सुनाइ, बान जाल बरसन लग्यो ॥१॥

ता को पुनि सर पैन, अहि जनु हसि द्विज सुत तजे।
लगे अधिक दुषदेन, जरत जरत तन भीम के ॥२॥

बान निचित सब गात, भीमसेन भूपति तबै।
मैं देष्यो जनु रात, परबत जगनू गन छयो ॥३॥

बाढे अस्त्र अपार, भीमसेन ज्यौं ज्यौं लरे।
बिन इकु भीम उदार, ता लषि पांडव सब ढरे ॥४॥

तब बाहन हथयार, छोरि गए सब धरन मैं।
परचो अस्त्र को भार, भीम सेन सिर मैं सबै ॥५॥

देषि परे नहिं भीम, अस्त्र तेज सों अति छयो।
बाढचौ अगन असीम, सब थल ते एकत भयो ॥६॥

द्विज सुत बान सुहात, भीम सेन उर मैं परत।
ज्यौं भूपति परभात, अस्त शैल में नषत गन ॥७॥

भीम सैन को यान, सारथि केतु तुरंग धनु।
भए कृसानु समान, अस्त्र तेज सौं मिलि गए ॥८॥

हरि अरजन तिहि देषि, दौरि गए ढिग भीम के।
अस्तर तेज बिसेषि, गाहत अपने तेज सौं ॥९॥

अस्त्र समन के हेत, नर नारायन दुहनि जुरि।
भूपति सस्त्र समेत, भीमसेन रथ ते षिच्यौ ॥१०॥

रथ ते उतरत नांहि, षैंच्यो यद्यपि जोर करि।
भीम सेन नर नाह, सिंहनाद करि करि लरै ॥११॥

कह्यो कृष्ण उहि ठांहि, ता छिन भूपति भीम कौ।
वरज्यौ मानत माहिं, भीमसेन कत लरत हौ ॥१२॥

देषो लरत न कोइ, सबन सस्त्र बाहन तजे।
जो अब लरि जै होइ, क्यौं न सकल पांडव लरे ॥१३॥

सरत उपाय न और, ताते उतरो यान तैं।
भीम सूर सिर मोर, अब कछु करो संकोच मत ॥१४॥

यौं कहि यादव राइ, पांडव आन्यो धरन महि।
दीने अस्त्र छुराइ, भयो समित तब अस्त्र वह ॥१५॥

बह्यो पवन सुषदाइ, दसहिं दिस निर्मल भई।
पांडव दल कुरु राइ, हुलस्यौ अस्तर समन तैं ॥१६॥

बाहन भए सुचेत, पंछी मृग अति मुदित मन।
भीम षरो इहि षेत, लसै सूर जनु सबनि मैं ॥१७॥

तब दुर्योधन राइ, देषि बचे अरि सस्त्र सौं।
द्विज सुत के ढिग जाइ, भूपति यौं लाग्यो कहन ॥१८॥

द्विज नंदन तुम फेर, छोरहु याही अस्त्र कौ।
अब मत करहु उलेर, हत शेषनि अरि हनन मैं ॥१९॥

तब द्विज तनय उदार, कह्यो बचन तुअ पूत कौ।
चलत न दूजी बार, भूप अस्त्र यह अरिन पर ॥२०॥

जो कोऊ दूजी बार, तजे मूढ या अस्त्र कौ।
भूपति करे सिंहार, यह पुनि छोरति को तबै ॥२१॥

यह पुनि क्यौं हू नांहि, फिरत समर बिन अरि हनै।
फेरचो यादव नाह, या को समन उपाइ कर ॥२२॥

जो न करत प्रतिघात, कृष्ण देव या अस्त्र कौ।
बचत न बैरि बरात, क्यौंहू हमरे अस्त्र सौं ।।२३।।

दुर्योधन उवाच

द्विज सुत दूजी वार, जो न चलत यह अस्त्र पुनि।
परचौ सीस तुअ भार, ज्यौं ज्यौं गुरुधन मारिए ।।२४।।

तुअ ढिग अस्त्र अपार, संकट के जनु दिव्य हैं।
तो को सकल सुमार, अश्वथाम तिहुँ लोक मैं ।।२५।।

सञ्जय उवाच

द्रोन तनय सुन बैन, भूपति यौं तुअ पूत कौ।
कोप अरुन करि नैन, दौरचो द्रुपद तनूज पर ।।२६।।

जाड़ तुरत सर बीस, छोरे ढीठ दुमन्न कौ।
नृप सुत पुनि अबनीस, साठ द्रोन के पूत कौ ।।२७।।

तजि तजि तीषन तीर, लगे लरन रन मैं तबै।
दोनो धरि चित धीर, चाहत हैं बध परस पर ।।२८।

द्विज सुत पुनि दस बान, सिमरि बान वध दग्ध हिय।
तीषन उरग समान, तजे द्रुपद के पूत कौ ।।२९।।

तजि तीषन क्षुर आन, काटे द्रुपद तनूज के।
द्रोन पूत बलवान, केतु धनुष रथ छिनक महि ।।३०।।

पुनि अश्वथाम रिसाइ, ढीठ दुमन घाइल कियो।
तीषन बान चलाइ, अरु ताके अनुचर विधे ।।३१।।

ताहि देषि युयुधान, दौरि परचो अश्वथाम पर।
आठ निसत अतिबान, जाइ लगाए ताहि कौ ।।३२।।

पुनि करि अति अभिषंग, सातकि छोरे बीस सर।
धुज धनु सूत तुरंग, डारे भुअ द्विज पूत के ।।३३।।

द्रोन तनय रथ हीन, बिद्ध मर्म सित सरनि सौं।
भूपति मोहि अधीन, भयो समर सुधि ना रही ।।३४।।

दुर्जोधन लषि ताहि, कृप करनदिक साथ लै।
दौरि गयो रन मांहि, बान जाल बरसत घने ॥३५॥

दुर्जोधन वृष सेन, दुःसासन अरु कर्न कृप।
हार्दिक अरि दुष दैन, लरै आइ युयुधान सौं ॥३६॥

सातकि सब छिन मांहि, किए बिमुष रन बिरथ करि।
आयो तब उहि ठांहि, द्रोन तनूज सचेत ह्वै ॥३७॥

बरसै साइक जात, द्रोन पूत युयुधान पर।
उन पुनि कर्‌यौ बिहाल, त्यौं ही रन द्विज को तनय ॥३८॥

बहुरि भग्यौ अस्वथाम, बिमुष बिरथ ह्वै समर तैं।
पांडव पाइ आराम, सिंह नाद लागे करन ॥३९॥

यौं भूपति युयुधान, द्रोन तनय कौ विमुष करि।
त्रिशत सत महायान, हनै तुरत वृष सेन के ॥४०॥

दश शत मत्त मत्तंग, ता छिन गौतम के हने।
सुबल तनूज तुरंग, पांच अयुत सिनि सुत समर ॥४१॥

पुनि भूपति चढि यान, सावधान ह्वै समर मैं।
दौरि गयो युयुधान पर ॥४२॥
द्विज़ सुत धरि अभिमान, सिनि सुत सत साइक तजे।
फिरि आवत लषि ताहि, द्रोन पूत हसि यौं कह्यो ॥४३॥
ह्वै पीडित रन माहि, करौं सौंह साचे समर।
सुन सातकि चित लाइ, जो न द्रुपद दल को हनौं ॥४४॥
मम तप सब घटि जाइ, जो लौं सकल न वै हनौं।
कल न परत मम चेत, तुम सब जुरि तद्दपि हनौ ॥४५॥
यदपि लरौ तिहि हेत,

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते भाषायां
अश्वत्थामसात्यकियुद्धं नाम
पञ्चषष्टितमोऽध्यायः।

छयासठवां अध्याय

सञ्जय उवाच

सो०— यौं कहि तीषन बान, तज्यौ एक सिनि पूत कौ ।
भेद तुरत तन त्रान, धस्यौ धरत जनु उरगबिल ॥१॥
तब यादव सरदार, ता सर सौं अति विद्ध ह्वै ।
चलत रुधिर की धार, तजि सर धनु रथ मैं परचो ॥२॥
लै रथ तुरत हि सूत, गयो दूर अश्वथाम तै ।
उन पुनि द्रूपद पूत, हन्यौ अलिक महि बान सौं ॥३॥
प्रथमहि पीडित गात, हुतो द्रुपद सुत सरनि सों ।
ताहि लगे मुरझात, भयो सिथल तन यान मैं ॥४॥
अति षीडित लषि ताहि, पांडव दल तै पांच रथ ।
दौरि परे रन मांहि, द्विज सुत ऊपर कोप करि ॥५॥
भीम बिजय बलवान, क्षत्र वृद्ध पौरव नृपति ।
सुभ दरसन अभिधान, मालव चेदप युव नृपति ॥६॥
पांचहि द्विज सुत घेरि. लियो आइ चहुँ ओर हि ।
करि हरि रव इकु बेरि, पाँच पाँच साइक तजे ॥७॥
तब द्विजपूत रिसाइ, कटेबान वह सबनि के ।
तीषन बान लगाइ, किये बिद्ध छिन मैं सबै ॥८॥

स०-पारथ कौ षट माधव कौं दस भीम को पाँच नराच लगाए ।
भूप षरे युवराज को चार चहूनि सो मालव पौरव घाए ॥

भीम को सूत बिध्यो षट सों धनु केतु दुहूनि सौं भूमि गिराए।
केहरि नाद कै कै पुनि भीम के ऊपर वान घने बरसाए ॥९॥

ताहि समै द्विज नंदन के सर जाल रहे दस हीं दिस छाइ कै।
या महि मालव के भुज सीस कटे सर तीन सौ हांक लगाइ कै ॥
पौरव को रथ छार कियो छिन, तीषन यान सकत्त चलाइ कै।
ताहि को बाहु समेतहि सीस दियो कट भल्ल सौ भूमि गिराइकै ॥

सूत तुरंग समेत हन्यो हठ सौ पुनि चेदिप वे युबराई।
आगे हने अपने लषि ताहि कौ बिरकोदर के मन मैं रिस आई ॥
छोरि के सांप समान हि बान दरोन कौ पूत लियो नृप छाई।
ज्यौं द्विज पूत वृकोदर ऊपर बानन की बरषा बरसाई ॥११॥

कोप दुहून बडो करि आपस मांहि तबै रन घोर मचाओ।
आयुध बान दुहून दुहूनि के काटे घने लघु हाथ दिषायो ॥
या मैं वृकोदर सूत लिलार दरोन के पूत नराच लगायो।
ताहि लगै तजि घोरनि के कर सारथि यानहि मैं मुरझायो ॥१२॥

ता छिन स्वैर भगै रन छोरि कै भीम तुरंग सरन्नि के मारे।
पांडव सूर पँचाल सबै डरि ढीठदुमन्न को छोरि सिधारे ॥

भागत ताहि की पीठ मैं वान दरोन के पूत तजे अनियारे।
यौं अश्वथाम अरीन को जीतिकै केहर नाद करे अति भारे ॥१३॥

भागत आपनी सेन को पारथ होरि रह्यो पै हटे न हटाई।
एक अरज्जन किंचित सोमक मच्छ समेत रह्यो ठहराई ॥

जाइ दरोन के नंदन के ढिग यौ नृप ताहि को बात सुनाई।
मोहि दिषावहु आज भले रन मैं अपने कर की निपुनाई ॥१४॥

दो०— जो कछु बीरज शक्ति तुअ, पौरष ज्ञान विसेष।
जो पुनि नेह कुरून सों, जो है हमरो द्वेष ॥१५॥

सो सब मोहि दिषाइए, धरि मन मांहि हुलास।
मैं अथवा सुत द्रुपद कौ, करौं गर्व तुअ नास ॥१६॥

[वीरविलासः

धृतराष्ट्र उवाच

मान योग गुरु सुत हुतो, अर्जुन को अति भीत।
तो को अर्जुन ना कह्यो, कबहुँ बचन विपरीत ॥१ ॥

लषि पछतायो धरन गत, द्रोन सूर सिर मोर।
कहु अरजन पुनि क्यों कह्यो, ता को बचन कठोर ॥१८॥

सञ्जय उवाच

स०—देषि हने रन मालव पौरव चेदिप भूप भले जनु भाई।
ढीठ दुमन्न वृकोदर सातकि हारे कै कै अति घोर लराई॥
पाछले दुःष सबै करि याद हिये नृप बैन ज्यौं सूल गडाई।
द्रोन तनूज के ऊपर भूप अरज्जन को अति ही रिस आई ॥१६॥

दो०— कह्यौ परुष गुरु पूत कौ, ताते अरजन सूर।
होन हार कैसे मिटे, गई प्रीत उडि दूर ॥२०॥

स०—सुनि बैन कठोर अरज्जन के गुरु पूत कौ रोस बड्यो मन मैं।
जल प्रासन कै उन भूपत रुद्र को अस्त्र तज्यौ हठ सौ रन मैं॥
वह दृश्य अदृश्य अरीन को नासन जाइ लग्यो उनके तन मैं।
जनु डीठ परै परभंजन मीत बढ्यो तप काल महावन मैं ॥२१॥

बानन की बरषा पुनि व्योम ते टूटि परे उलका भयदाई।
छाइ रही दस ही दिस तेज सौं आग अरज्जन को लपटाइ॥
दानव जक्ष पिसाच निसाचर एकत ह्वै रन धूम मचाई।
बात प्रचंड बहे अति दारुन सूरज कौ भई सीतलताई ॥२२॥

तीन हु लोक तपै जुर सौं जनु नाग छये भुअ चैन न पावै।
त्यौं जल जीवत ए जल मैं निरघात बडे अति तेज वढावै॥
पांडव चौबिध सेन परै भुअ सूर घने रन मैं अकुलावै।
भूतनि को भयो भूप युगांत मैं पांडव सैन को आग जरावै ॥२३॥

यौं लषि पीडित पांडव सेन प्रसन्न भए नृप पूत तिहारे।
संष वजावत है गहरे पुनि केहरि नाद करे अति भारे॥

बाजत ठौरहिं ठौर बजंतर भेरि मृदंग हजार नगारे।
सेन समेत परे हरि पारथ आग छए किन हूँ न निहारे ।।२४।।

दो०—

मैं न लष्यो न सुन्यो कहूँ, ऐसो रन अति घोर।
रुद्र अस्त्र तजि जो करयो, द्विज नंदन उहि ठौर ।।२५।।

ब्रह्म अस्त्र ता छिन तज्यौ, होइ कुपित कपिकेत।
वही बिरंचिहु ने करयो, ताहि निवारन हेत ।।२६।।

भयो समित सर रुद्र कौ, भूप महूरत माहि।
भई बिमल दस दिस वही, शीत बाइ उहि ठांहि ।।२७।।

देष्यो इकु अचरज तहां, पांडु सुतन की सेन।
दही अषूहन अस्त्र सौं, लषी छिन्न सर पैन ।।२८।।

लषे प्रगट कपि केत हरि, तब भूपति रन मांहि।
हरत अस्त्र तम तेज सौं, सोहत सब जन मांहि ।।२९।।

जानै हरि अर्जुन हनै, दुहनि सेन उहि काल।
देषि बचे पुनि अस्त्र सौं, पांडव भए बिहाल ।।३०।।

ह्वै प्रसन्न पांडव हुने, भेरि संष धुनि कीन।
भयो किल किना शब्द अरु, हरि रव करै अदीन ।।३१।।

भए दुषित कौरव तबै, पांडव बचे निहार।
द्रोन पूत दुःषित भयो, बडो सोक उर धार ।।३२।।

भयो बिफल मम अस्त्र क्यौं, यों मन करत बिचार।
रह्यो महूरत ध्यान धरि, द्रोन पूत लहि हार ।।३३।।

द्वैक घरी धरि ज्यान यौं, भयो बिमन अकुलाइ।
स्वास उष्ण दीरघ तजत, रह्यो सोक सौं छाइ ।।३४।।

धृग धृग सब यह झूठ है, यौं कहि गहि धनु हाथ।
द्रोन पूत रन तें चल्यो, छोरि यान कुरु नाथ ।।३५।।

छोरि गयो रन को जबै, बिमन द्रोन तनु जात।
व्यास देव आगे मिल्यो, मानहु धरम सक्षात ।।३६।।

ताहि देषि परनाम करि, गद गद गिर अति दीन ।
कहन लग्यौ अश्वथाम पुनि, यौं नृप चैन बिहीन ।।३७।।

स०–सांच कहौ यह है छल काहू कौ कै कछु है यह भूल हमारी ।
जीवत छूट गये अरिजात सु जानहूँ काल की है गति न्यारी ।।
देव अदेव पिसाच निसाचर गंध्रप यक्ष बडे अहँकारी ।
कोइ न वारि सके इहि अस्त्र को सौ इन सैन अषूहन मारी ।।३८।।

बीस बिसै अरि पुंज हनै यह यौं हमै जान अरीन को छोरचो ।
मोको प्रतीत बडी हुती याहि की जो यह जात न काहू पै होरचो ।।
क्यौं न जरे हरि पारथ याहि सौं याते न आग भले झुक झोरचो ।
रुद्र कौ अस्त्र अमोघ बडो पुनि ए मुनिराज कहो किन मोरचो ।।३९

व्यास उवाच

दो०— बडी बात पूछी तुम्है, द्रोन पूत इत आइ ।
याको बिस्तर सो कहौं, सुनहु भले चित लाइ ।।४०।।
जो नारयण देन यह, लोगनि के हित हेत ।
आद सबनि को आइके, अवत्र्यो धरम तिकेत ।।४१।।
सो पुनि जाइ पिनाक गिरि, लग्यो करन तप घोर ।
ऊरध भुज ठाढो भयो, एक चरन के जोर ।।४२।।
साठ सहस्सर वरष लगि, रह्यो बात आहार ।
यदपि देह सूक्यो तऊ, बाढचो तेज अपार ।।४३।।
ध्यान धरत हिय रुद्र कौ, ताको उहि पुनि देषि ।
लाग्यौ मति अनुसार सौं, अस्तुति करन बिसेषि ।।४४।।

स०–श्री भगवान दयाल सदा शिव ताको प्रतच्छ दरस्सन दीनो ।
देषि नरायण संकर को परनाम भली विध सौं नृप कीनो ।।
यौं वरदान नरायण कौ सिव तूठि दियो तप दारुन चीनो ।
होइ न कोइ नरायन तो सम मेरे प्रसाद तें जुद्ध अदीनो ।।४५।।

देव अदेव पिसाच निसाचर गंध्रप यक्ष बडे बलकारी।
कोइ न जीति सकै तुम कौ तिहूं लोक मैं थावर पाद संचारी।।
तोहि हने न समीर न पावक सस्त्र असस्त्र महा भयकारी।
मेरे प्रसाद ते क्यौंहू नरायन काहु पै होइ न हार तिहारी।।४६।।

दो०— लै बरदान महेश सौं, मुनिवर भए अजीत।
वाही कै पुनि अंस तैं, उपज्यौ नर निरभीत।।४७।।

सो नर नारायण दोऊ, अब त्रिभुवन महि आइ।
भूरि धरन भर हरन कौ, यदु कुरु कुल सुषदाइ।।४८।।

जान नरायण कृष्ण को, अरजुन नरु अवतार।
दोनो पुनि यह एक हैं, मोहत फिरत सँसार।।४९।।

ताते द्विज सुत समरमहि, भए विफल तुअ बान।
जानहु शिव परसाद तें, होत न इन कौ हान।।५०।।

युग युग मैं अवतार यह, आइ धरनि महि लेत।
दुष्टन को निग्रह करत, निज जन राषन हेत।।५१।।

पूजत है यह शंभु कौ, इन चंद लिलार।
द्रोन पूत दोनों वडे, शिव अरु कृष्ण मुरार।।५२।।

ताते कोप न कीजिए, हो मत समर उदास।
धरि हरि कौ ध्यान चित, पूजहु नित अनयास।।५३।।

सञ्जय उवाच

व्यास बचन सुनि यौं तबै, द्रोन पूत महायानि।
नमस्कार शिव कौ करचो, लियो कृष्ण बहु मानि।।५४।।

रोम हर्ष तन मैं भयो, मुनि कौ करचो प्रनाम।
तब अबहार चह्यो चितै, देषि सेन अस्वथाम।।५५।।

भूपति सेन दुहून कौ, भयो तुरत अवहार।
द्रोन अचारज के हने, भ्यो कुरुदल दुष भार।।५६।।

पांच दिवस रन राचिकै, करि अरि दल बल हानि।
ब्रह्म लोक द्विजवर गयो, पूरन बेद निधान ।।५७।।

इति श्रीमहाभारते द्रोणपर्वणि दत्तविरचिते वीरविलासे
भाषायां सदाशिपवरप्रसादनं नाम
षट्षष्टितमोऽध्यायः।

सतसठवां अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

दो०— अतिरथ द्विजवर कै हनै, कहु संजय परबीन।
हमरे सुत अरु पांडवनु, कौन मंत्र पुनि कीन ॥१॥

सञ्जय उवाच

भूपति द्रोनहुँ के हनै, कुंती सुत कपिकेत।
लषि अचरज निज जीत मँहिं, भ्यो बिसमित अतिचेत ॥२॥
स्वैर बिहार करत तहाँ, ता छिन निकस्यो आइ।
व्यासदेव मुनिबर वरद, दरस परस सुषदाइ ॥३॥
सो पूछ्यो अरजन हुँ ने, जोरि हाथ इम भाइ।
मुनिबर मैं अचरज लष्यो, सो मुहि देहु वताइ ॥४॥
हनत अरिन सित सरनि सौं, हमैं करत रन गौन।
लष्यो पुरष आगै चलत, सो मुनिवर है कौन ॥५॥
ज्वलित अगनि कौ पुंज जनु, धृत कर दारुन शूल।
हनत हमारे अरिन कौ, मो सों रन अनुकूल ॥६॥
जाहिं जाहिं दिस मुँह धरै, सो पुनि पुरुष रिसाइ।
तहां तहां मम अरिन कौ, होत बिनासहिं जाइ ॥७॥
पाइन सों न छुअत धरन, करतै शूल तजै न।
निकरत ताके शूल तैं, शूल हजार सुपैन ॥८॥

[वीरविलासः

कहै लोक अरजन हनत, ता हत अरिजन सैन।
मैं पुनि ता हत अरिन को, हनौं समर धरि चैन ॥९॥

कहु मुनिवर वह कौन है, पुरुष दिवस कर तूल।
जो हमरो हित कर सदा, रहत समर अनुकूल ॥१०॥

व्यासदेव उवच

छप्पय— हे अरजन वह पुरुष देव संकर जग साईं।
बडो सबनि ते आद भजत बांछित वरदाई ॥
चीर बसन भुज दीह तीन द्दग पिंग जटाधर।
देव देव भुवनेश जगत परधान विसंभर ॥
जग जोनि जगतगति बीज जग जगत नाथ जग करम कर।
कपिकेत जाहु उहि सरणि नित वही देव सब दुष हर ॥११॥

ताके गन पुनि दिव्यरूप धारत बहु भांतहिं।
मुंड जटिल बिकराल वेष दीरघ लघु गातहिं ॥
ताहि सहित धरि शूल शंभु रन मैं तुअ आगै।
चलत हनत अरिसेन तुमहि कछु षेद न लागै ॥
कुरु सेन करन कृप द्रोन जुरि राषी यतन करि कै घने।
विन महादेव सित शूल घर कौन ताहि रन मै हनै ॥१२॥

ता समान तिहुँलोक और धनु धर नहिं कोई।
ता सनमुष रन माँहिं कोऊ नहिं सकै षरोई ॥
देषि कुपित अति ताहि शत्रु काँप भुअ पर है।
ता कहुँ करत प्रनाम देव गन आनँद धर है ॥
अरजन प्रनाम ताकौ करहु धरहु ध्यान दिन रैन मन।
हरि सहित सिंधुपति हननि कहि जो तुमहू देष्यो सुपन ॥१३॥

नमो नमो सितिकंठ वरद हर्यक्ष जटा धर।
व्यक्त केस सुभ वृत्त शंभु संकर करुना कर ॥

नमो नमो हरि केश मुंड कृश पुरुष सथावर।
नमो नमो हरि नैन भानु सम तेज परावर॥
धृत चीर बसन अति शांत तन नमो हिरन भुज उग्र हर।
दिश भूत बृक्ष गोपित नमो नमो देव धृत धनुषवर॥१४॥

नमो नमो बहुरूप विश्वपति सहस नैन सिर।
नमो सहस भुज पाद कर्म धृत रूप चलत थिर॥
श्वेत तुरग तुम जाहु शरन पुनि ताहि भुबन पति।
उमानाथ दृगपिंग दक्ष मष हरन भूत पति॥
बृष अंक बृषाकपि बृष वरद बृषभनैन बृषकेतु सर।
बृष भूत महोदर महातन द्वापि चर्म अंबर सुधर॥१५॥

ताके पुनि गुन कर्म बिजय तुअ साथ बषानौ।
अति अदभुत जो सुने कहत अति ही सुष मानौ॥
कियो दक्ष बरयाग भाग शिव कौ नहि दीनौ।
उनि पुनि करि अति कोप सशर धनु कर महि लीनो॥
भयो सकल जग क्षोभ अति ही तम दस दिस छायो।
सुर गंध्रप मुनि यक्ष मनुष मन अधिक संतायो॥
तजि दिव्य बान हनि दक्ष को यज्ञ नाश पल मैं कियो।
तब डरत सुरनि सिब पूजिकै यज्ञभाग ताको दियो॥१६॥ ❀

लोह रजत शतकुंभ रचित पुर तीन अभेदहिं।
ताहि तीन सरदार इन्द्र उहिं सकै न छेदहिं॥
तारक अरु कमलाक्ष असुरबर विद्युत माली।
रहै सकल सुर हारि समर महि भई बिहाली॥
तब देव सकल जुरि रुद्र कौ गए शरन अस्तुत करत।
कर जोरि शंभु आगे लगै कहन बचन यौं ह्वै प्रनत॥१७॥

❀ १६वें पद्य में ८ पद हैं, ६ चाहिए थे। यही मूल पाठ है।

ब्रह्मदत्त वर प्रबल असुर वर त्रिपुर निवासी।
लोकनि अति दुष देत करत हमरी रन हासी ।।
तो बिन शिव जितवार और उन को कोऊ नाहीं।
ताको करहु सँहार बान तजि इक छिन माँहीं ।।
इहि भांति बचन सुनि सुरन को भली भांत शंकर कह्यो।
हित चाहि सकल सुरलोक को अदभुत रथ रन को नह्यो ।।१८।।

करयो धरन रथ चारु सारथि बिरँचि बनायो।
चाप धरन धर राइ चक्र शशि सूर सुहायो ।।
किये बंश धुज बिंध्य गंध मादन धरनीधर।
यूप मलय, अवनाह तहां पुनि तक्षक विषधर ।।
श्रुति चार चपल घोरे किए उपवेदन पल्य न करि।
सुर और साज रथ के किये छरी प्रणव शर तीष हरि ।।१६।।

सकल देव मय यान प्रवर चढि महादेव तब।
त्रिपुरन के बध हेत देव हित यतन करत सब ।।
करि माहेश्वर थान एक थल भयो सुडाढो।
बीते बरस हजार शंभु हिय धीरज गाढो ।।
तब तीनहि पुर इकठे भए आइ गगन तिहिं देषि हर।
इकबार तुरत तीनहिं भिदे पुर महेश शित छोरि शर ।।२०।।

लियो बाल इक गोद पंच शिख परबत जाई।
होई कौन यह बाल सुरन कौ पूछत आई ।।
कियो इन्द्र अपमान बाल पर वज्र उठायो।
भुज थंभित ह्वै गयो नेकु नहिं हिले हिलायो ।।
तब हारि सकल सुरपति सहित ब्रह्म सदन प्रापत भये।
कर जोरि करत परनाम तिहि सीस सबनि हूँ के नये ।।२१।।

चले चतुरमुष साध कहत पुनि यों बिध बानी।
लष्यो अपूरब बाल अंक महि लियो भवानी ।।

ताहि देषि परनाम हमहिं किन हूँ नहि कीनो।
है बालक यह कौन जीति जिनि सुर दल लीनो ।।
इहिं भाँत बचन सुनि सुरन के लग्यो कमल आसन कहन।
धरि ध्यान जानि उहिं बाल शिव याकी गति अतिहीं गहन ।।२२

है बालक यह संभुदेब थावर चर साईं।
भयो पारबति हेत बाल अद्‌भुत सुषदाई ।।
तातै परतर और देव जग मैं कोउ नाहीं।
जो गिरि सुता समेत तुमहिं देष्यो उहिं ठाँही ।।
पुनि चलो सकल जुरि जाइ तहां परै शरन ताकी अबै।
करि कै बिचार इहिं भांति सब गए तुरत ता ढिग तबै ।।२३।।

तहां जाइ परनाम कमल भव शिव कौ कीन्हो।
लाग्यो अस्तुत करन प्रेम अति ही चित भीनो ।।
तुही तुहीं बरुन तुहीं गति तुहीं परायन।
महा देव है तुहीं तुहीं भव आदि नरायन ।।
तुही परम धाम पद परम है तुमहिं सकल यह जग धरचो।
करिए प्रसाद अब इन्द्र पर इन अजान तुअ अघ करचो ।।२४।।

यौं सुनि के बिधि बैन संभु परसन्न भयो है।
ह्वै सनमुष हसि प्रीति सुरन कौ तोष दियो है ।।
षुल्यो इंद्र भुज तुरत भयो सिगरे क्रम लाइक।
ताते अरजन बडो देब जानहु पशु नाइक ।।
सब वही रूप बहुधा कियो देषि परत कछु जो जगत।
शिव गुन अनंद तिहि कहत पुनि थकै जीभ बरसहिं लगत ।।२५।।

दो०— गुण अनंत भगबंत के, कर्म जन्म जग माँहि।
बीते युग यद्यपि घने, मो पै कहै न जाँहि ।।२६।।
हरत बही ग्रह पीर कौ, अघ तैं लेत छुराइ।
पावत है बहु भांत सुष, परै सरन जो जाइ ।।२७।।

तूठो वांछित देत फल, रूठो हरि पुनि लेत।
है विभूति सब ताहि की, सुरपति आदि निकेत ॥२८॥

अरजन अर्थ समेत पुनि, ताके सुन अभिधान।
जो शत रुद्रिय रुद्र को, श्रुति में करचो वषान ॥२९॥

सब बिध पारत पसुनिकौ, क्रीडित पुनि उंहि साथ।
है अधिपति शिव ताहि कौ, ताते कहि पशु नाथ ॥३०॥

पूजत है सब ताहि कौ, लिंग बिजित नितकाम।
ताते पारथ कहत है, लोक महेश्वर नाम ॥३१॥

धरत रूप बहु भांत यह, तीनहिं काल अनूप।
याको नाम प्रसिद्ध है, ताते जग बहु रूप ॥३२॥

एक नैन बहु नैन वह, करत सकल जग लोप।
सर्वनाम तातै कह्यो, अरजन अदभुत कोप ॥३३॥

धूर्जटि धूसर रूप तै, ताहि कहत सब कोइ।
विश्व रूप वह विश्व सुर, धारन तै पुनि होइ ॥३४॥

तीन नयन ते कहत हैं, त्र्यम्बक ताको नाम।
चाहत है शिव सवनि कौ, तातै शिव अभिराम ॥३५॥

विश्व महत कौ पालई, अगिनत लोचन देव।
महा देव ताते कह्यो, करत सकल जन सेब ॥३६॥

बडो एक ठाढो भयो, आदि मध्य अरु अंत।
स्थानु नाम तातै कहै, ता थिर लषि सब संत ॥३७॥

शशि सूरज के किरन कौ, कहत सकल जगकेश।
ताके धारन तै कह्यो, व्योम केश भूतेश ॥३८॥

स्त्रेष्ठ नाम कपि जानियै, वृष पुनि धर्म बषान।
तातै कहत वृषाकपि, श्री शिव कौ अभिधान ॥३९॥

निग्रह करि सब सुरन कौ, हरत सकल संसार।
तातै हर अभिधान कहि, ताको परम उदार ॥४०॥

शिव की जाग परासिद्धि है, द्वै तनु घोर अघोर।
घोर संहारत जगत कौ, राषत ताहि अघोर ॥४१॥

जो पुनि याके लिंग कौ, पूजत है करि प्रीति।
सो पावै थिर इन्द्रहिं, रहत सदा निरभीत ॥४२॥

वही देव रन मैं चलत, तुअ आगे कपिकेत।
अरिगन मारत सूल धर, तुअ हितकरत सुचेत ॥४३॥

जब सैंधव बध मैं तुम्हैं, किये सपथ रिस मानि।
कृष्ण दिषायो सुपन मैं, वही देव यह जान ॥४४॥

ह्वै प्रसन्न पुनि तिनि दियो, तुम कौ अस्त्र अमोघ।
जाइ समर जिन सौं तुम्है, मारे दानव ओघ ॥४५॥

यह शत रुद्रिय रुद्र कौ, कह्यो विजय तुअ साथ।
सुने सुनावै याहि ते, तूठत है पशु नाथ ॥४६॥

यस धन आयु बढावई, हरत महा अघ जात।
चौविध रुद्रस्तव यही, पठ्यो प्रयत परभात ॥४७॥

याको जो पुनि पढत है, क्षत्रिय रन मैं जाइ।
ताकी हार न होत है, आवत घर यश पाइ ॥४८॥

ताते अरजन जाहु तुम, लरहु समर धरि धीर।
है तुमरो सारथि बडौ, देव देव युदवीर ॥४९॥

सञ्जय उवाच

यौं कहि अरजन कौ नृपति, द्वैपाइन रन मांहि।
गयो यथागत मुदित ह्वै, दै आसिस निज ठांहि ॥५०॥

स०–यौं विध भूप लर्‌यो दिन पांच दरोन महाबल बाह्मन राई।
प्रान दिये तुअ पूत के हेत बिरंचि निकेत हूँ मैं गति पाई॥
याके पढैते बढे अति पुण्य सुनैते घटे पुनि पाप महाई।
चारों बरन्न लहैं मन बांछित होत प्रसन्न भलै यदुराई ॥५१॥

दो०— यह रन सर सुति सों रच्यो द्रोन परब कवि दास।
नाम धरचो पुनि श्रुति सुषद याको वीर विलास ।।५२।।

विक्रम संवत् राम द्दग वसु धरनी तप मास।
सित गिरिजा तिथि वार रवि पूरचो वीर विलास ।।५३।।

श्री गुरु पद परसाद तें रच्यो सुमति अनुसार।
वीर विलास गरंथ यह सुनि रीझैं रिझवार ।।५४।।

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्त्र्यां वैयासिक्यां संहितायां
द्रोणपर्वणि कविसेकानुसेकदत्तविरचिते
वीरविलासे भाषायां शतरुद्रियं
नाम सप्तषष्टितमोऽध्यायः।

समाप्तोऽयं ग्रन्थः

शुभं भूयात्

परिशिष्ट (क)

अथ ब्रजराज पंचासिका को प्रमुख शब्दानुक्रमणिका
अकारादि क्रम से ❀=डोगरी

अजमतदे मनकोटिआ
अज्जे कल्ले मंझ ❀
(अ) दीनाबेग खां
अभिराज सिंह
असुवार (अश्ववार)
असें बखी ❀
आइकै ❀
(इ) राकी
उन्हां कन्ने ❀
उलेर ❀
कटोच
कल्हूर
कलेसर
कागद ❀
काहनसिंह
किलेदार
कुस ❀
कैसकी ❀
खबलीथल
खराब
खरी ❀
खुस्सया ❀
गडाइकै ❀
गरूर
गाहणै ❀
गुमान ❀
गुलेर
गुहासन
गोपी चन्द
घमण्डाजू
चनौर
चंब्याल
चंब्यालवला ❀
चांगर
छाइकै ❀
छिनाई ❀
छैल ❀
जगमाइ ❀
जम्बूनगर
जमुआल ❀
जय देव ❀
जयसिंह बंद्राल
जलंधर
जसखंभ
जसुआल
जहलूँ ❀
जहाज
ज्वालामुखी
झलाइकै ❀
डफ ❀
डडुआल ❀
डढवाल
डुग्गर
तकी ❀

तदां ❀
तवै ❀
तिद्धे मन ❀
तूठी
तूरज ❀
तौहिया ❀
थिर
देवल हार
देवी चंद
देहरे
नकीब
नदौन
नाइकै ❀
नातर ❀
नारायन चंद
नौंए ❀
पगार हि ❀
पठान की छूट
पठानिया
पठ्यार
पतिआं ❀
पिअराई ❀
पृथीपुर सार
पृथिसिंह महीपति
पंजल
प्रवल पुंडीर ❀
पाइक ❀
पालम
पुआध महाराज
पौसी ❀
फरकी ❀
फिराकी ❀
फिरी ❀
फौज
बझूरा ❀
बनात ❀
बप्पड़े ❀
बरसांत
बसन
बियासा
बुत्त ❀
बुंदे ❀
ब्रजराज दे
भाउंदा ❀
भूप गोवर्धन चंद
भेव
मण्डयाल
माछिभौन
मिलिवै को ❀
मिली लैण्हसां ❀
मियां रतन दे
मीयां बलवंत
मीआं अमृतपाल
मिआं ब्रजराज दे
मूरचे
मैल्हमौरियां
मोरछर ❀
रकेब ❀
रतन दे जसरोटिआ
रनजीत देव भूपति
राज के ताल
राजपुरा
राजसिंह
रिसाइ
रुसायो ❀
रैन दिन
लगाइके ❀
लाइक
लुगाई
लूटवै को
सबैया = सब
सरे ❀
सम्सेरचंद हंताल
सझ ❀
साहान की सान
सांत ❀
साईं ❀
सिरी ❀
सिबैए ❀
सीबा मुलष
सुषदाइक
सैल ❀
हजूर
हद्द
हरिपुर
हरिमंदर
हरौल
हार
हुण ❀
हूल ❀
होवन लागै ❀

परिशिष्ट (ख)

अकारादि क्रम से बारामाह में आए प्रमुख शब्द

❀=डोगरी

असूज
इन्द्रसरासन
उसीर ❀
करनाल ❀
कवि प्रोहत
कहावहुगे
कातक
गैर ❀
गौन
चेत
जुन्हाई
जेवै
जोन्ह
ठानो
तुलाई ❀
तुषार
दत्त सुजान
दर छादन छन्न
धुंधरुसार
नगारची
नवरात
निसिद्यौसु
पोह
फाग
बखारी ❀
बहार
बाग
बारह माह
बारा मासन
बारी ❀
बिछाई ❀
बीजनवाइ
बूटन ❀
ब्रेस ❀
भादर ❀
(अ) भिलाख ❀
मघेर ❀
मांह ❀
वितान ❀
विशाख
सरन्हाई
सराधु ❀
सरैं ❀
सीर ❀
सावन
सुदाई ❀
सुरचाप
हार ❀ आषाढ़
हेत

परिशिष्ट (ग)

अकारादि क्रम से वीरविलास में आए डोगरी भाषा के शब्द

अवेर (अवेर)
आने
आपनी
उनींदे
उलेर
करतूत
कितेक
केरो
खरोई
छुरकाई
छैल
झिगरे
डाढो
ताउरी
ताड़े (तारे)
तां ते
ते
थौनी
नकारे
नेरे
डोरे
पनारे
परछी
पराया
पल्यन
पलेस
पिछांह
पैना
फारी
बटाई
बरोबरी
मरूकरि
मत्त
मसोसत
मास
राखी
रागस
लान लगे
लाये (लगाये)
सने
सल्या
सारत
सामुहे
सरे
सुरत
सोह
साजना
सरस

समाप्तोऽयं ग्रन्थः

शुभं भूयात्

JAMMU AND KASHMIR
ACADEMY OF ART, CULTURE & LANGUAGES